અહો શ્રુતજ્ઞાનમ્ ગ્રંથ જીર્ણોદ્ધાર – સંવત ૨૦૬૬ (ઈ. ૨૦૧૦)

શ્રી આશાપૂરણ પાર્શ્વનાથ જૈન જ્ઞાનભંડાર - સંયોજક– બાબુલાલ સરેમલ શાહ

હીરાજૈન સોસાયટી, રામનગર, સાબરમતી, અમદાવાદ-૦૫. (મો.) ૯૪૨૬૫૮૫૯૦૪ (ઓ) ૨૨૧૩૨૫૪૩ (રહે.) ૨૭૫૦૫૭૨૦

પ્રાયઃ જીર્ણ અપ્રાપ્ય પુસ્તકોને સ્કેન કરાવીને સેટ નં.-૨ ની ડી.વી.ડી. (DVD) બનાવી તેની યાદી

આ પુસ્તકો www.jainelibrary.org વેબસાઇટ પરથી પણ ડાઉનલોડ કરી શકાશે.

ક્રમ	પુસ્તકનું નામ	ભાષા	કર્તા-ટીકાકાર-સંપાદક	પૃષ્ઠ
055	श्री सिद्धहेम बृहद्वृत्ति बृहद्न्यास अध्याय-६	सं	पू. लावण्यसूरिजीम.सा.	296
056	विविध तीर्थ कल्प	सं	पू. जिनविजयजी म.सा.	160
057	ભારતીય જૈન શ્રમણ સંસ્કૃતિ અને લેખનકળા	ગુજ.	पू. पूण्यविजयजी म.सा.	164
058	सिद्धान्तलक्षणगूढार्थ तत्त्वलोकः	सं	श्री धर्मदत्तसूरि	202
059	व्याप्ति पञ्चक विवृत्ति टीका	सं	श्री धर्मदत्तसूरि	48
060	જૈન સંગીત રાગમાળા	ગુ.	श्री मांगरोळ जैन संगीत मंडळी	306
061	चतुर्विंशतीप्रबन्ध (प्रबंध कोश)	सं	श्री रसिकलाल हीरालाल कापडीआ	322
062	व्युत्पत्तिवाद आदर्श व्याख्यया संपूर्ण ६ अध्याय	सं	श्री सुदर्शनाचार्य	668
063	चन्द्रप्रभा हेमकौमुदी	सं	पू. मेघविजयजी गणि	516
064	विवेक विलास	सं/ગુજ.	श्री दामोदर गोविंदाचार्य	268
065	पञ्चशती प्रबोध प्रबंध	सं	पू. मृगेन्द्रविजयजी म.सा.	456
066	सन्मतितत्त्वसोपानम्	सं	पू. लब्धिसूरिजी म.सा.	420
067	ઉપદેશમાલા દોઘટ્ટી ટીકા ગુર્જરાનુવાદ	ગુજ.	पू. हेमसागरसूरिजी म.सा.	638
068	मोहराजापराजयम्	सं	पू. चतुरविजयजी म.सा.	192
069	क्रियाकोश	सं/हिं	श्री मोहनलाल बांठिया	428
070	कालिकाचार्यकथासंग्रह	सं/ગુજ.	श्री अंबालाल प्रेमचंद	406
071	सामान्यनिरुक्ति चंद्रकला कलाविलास टीका	सं.	श्री वामाचरण भट्टाचार्य	308
072	जन्मसमुद्रजातक	सं/हिं	श्री भगवानदास जैन	128
073	मेघमहोदय वर्षप्रबोध	सं/हिं	श्री भगवानदास जैन	532
074	જૈન સામુદ્રિકનાં પાંચ ગ્રંથો	ગુજ.	श्री हिम्मतराम महाशंकर जानी	376
075	જૈન ચિત્ર કલ્પદ્રૂમ ભાગ-૧	ગુજ.	श्री साराभाई नवाब	374
076	જૈન ચિત્ર કલ્પદ્રૂમ ભાગ-૨	ગુજ.	श्री साराभाई नवाब	538
077	સંગીત નાટ્ય રૂપાવલી	ગુજ.	श्री विद्या साराभाई नवाब	194
078	ભારતનાં જૈન તીર્થો અને તેનું શિલ્પસ્થાપત્ય	ગુજ.	श्री साराभाई नवाब	192
079	શિલ્પ ચિન્તામણિ ભાગ-૧	ગુજ.	श्री मनसुखलाल भुदरमल	254
080	બૃહદ્ શિલ્પ શાસ્ત્ર ભાગ-૧	ગુજ.	श्री जगन्नाथ अंबाराम	260
081	બૃહદ્ શિલ્પ શાસ્ત્ર ભાગ-૨	ગુજ.	श्री जगन्नाथ अंबाराम	238
082	બૃહદ્ શિલ્પ શાસ્ત્ર ભાગ-૩	ગુજ.	श्री जगन्नाथ अंबाराम	260
083	આયુર્વેદના અનુભૂત પ્રયોગો ભાગ-૧	ગુજ.	पू. कान्तिसागरजी	114
084	કલ્યાણ કારક	ગુજ.	श्री वर्धमान पार्श्वनाथ शास्त्री	910
085	विश्वलोचन कोश	सं./हिं	श्री नंदलाल शर्मा	436
086	કથા રત્ન કોશ ભાગ-1	ગુજ.	श्री बेचरदास जीवराज दोशी	336
087	કથા રત્ન કોશ ભાગ-2	ગુજ.	श्री बेचरदास जीवराज दोशी	230
088	હસ્તસઞ્જીવનમ્	सं.	पू. मेघविजयजीगणि	322
089	એન્દ્રચતુર્વિંશતિકા	सं.	पूज. यशोविजयजी, पू. पुण्यविजयजी	114
090	સમ્મતિ તર્ક મહાર્ણવાવતારિકા	सं.	आचार्य श्री विजयदर्शनसूरिजी	560

“અહો શ્રુતજ્ઞાનમ્” ગ્રંથ જીર્ણોદ્ધાર ૭૩

મેઘમહોદય વર્ષપ્રબોધ

: દ્રવ્યસહાયક :

પ.પૂ.તપા.ગચ્છાધિપતિ આ.ભ.શ્રી રામસૂરીશ્વરજી મ.સા.(ડહેલાવાળા)ના
સમુદાયના પ.પૂ. ગચ્છાધિપતિ આ.ભ.શ્રી અભયદેવસૂરીશ્વરજી મ.સા.ના
આજ્ઞાનુવર્તિની પૂજ્ય સાધ્વીજી શ્રી ચંદ્રયશાશ્રીજી તથા
પૂજ્ય સાધ્વીજી શ્રી અમિપ્રજ્ઞાશ્રીજી મ.સા.ના શિષ્યા
પૂજ્ય સાધ્વીજી શ્રી મૌલીકરત્નાશ્રીજી મ.સા. તથા
પૂજ્ય સાધ્વીજી શ્રી પુનિતપ્રજ્ઞાશ્રીજી મ.સા.ની પ્રેરણાથી
ચન્દ્ર-ગુણ-અમિ આરાધક ટ્રસ્ટ,
જીનાલય એપાર્ટમેન્ટ, સાબરમતીના જ્ઞાનખાતાની ઉપજમાંથી

: સંયોજક :

શાહ બાબુલાલ સરેમલ બેડાવાળા
શ્રી આશાપૂરણપાર્શ્વનાથ જૈન જ્ઞાનભંડાર
શા. વિમળાબેન સરેમલ જવેરચંદજી બેડાવાળા ભવન
હીરાજૈન સોસાયટી, સાબરમતી, અમદાવાદ-૩૮૦૦૦૫
(મો.) ૯૪૨૬૫૮૫૯૦૪ (ઓ.) ૨૨૧૩૨૫૪૩ (રહે.) ૨૭૫૦૫૭૨૦

સંવત ૨૦૬૬ ઈ.સ. ૨૦૧૦

ॐ

श्री वीतरागाय नमः।

श्रीमन्महामहोपाध्यायश्रीमेघविजयगणिविरचित–

मेघमहोदय-वर्षप्रबोध

अनुवादक व प्रकाशक—

पण्डित भगवानदास जैन

वीरनिर्वाणसं० २४५२ विक्रमसं० १९८३ ई० स० १९२६

प्रथमावृत्ति १००० मूल्य ४) रुपिया

इस ग्रंथके सर्वाधिकार प्रकाशकने स्वाधीन रखे हैं।

दी सेठिया जैन प्रिंटिंग प्रेस बीकानेर 9-4-26

"Aho Shrutgyanam"

विज्ञापन—

जैनाचार्यों के बनायें हुए ज्योतिष गणित सामुद्रिक शिल्प शकुन वैद्यक और कल्प आदि विज्ञान विषयों के प्राचीन ग्रंथरत्न शीघ्रही प्रकाशित हो रहे हैं। जो महाशय इनका स्थायी ग्राहक बनना चाहे वे एक रुपिया भेजकर स्थायी ग्राहक श्रेणी में अपना नाम लिखवा लें, जिससे उनको मेरी तरफसे छपनेवाली हरएक पुस्तकें पौनी किमतसे मिल जायँगी।

शीघ्र ही प्रकाशित होंगे—

गणितसारसंग्रह— श्रीमहावीराचार्य विरचित, इसका हिन्दी अनुवाद, उदाहरण-समेत खुलासा वार किया गया है।

भुवनदीपक सटीक— श्रीपद्मप्रभसूरिप्रणीत मूल और श्रीसिंहतिलकसूरिकृत टीका के साथ हिन्दी अनुवाद समेत। यह प्रश्न—कुंडली परसे अनेक प्रकारके शुभाशुभ फलजाननेका अत्युत्तम ग्रंथ है।

X **वास्तुसार (शिल्पशास्त्र)**— परमजैन श्रीठक्कर-फेरु विरचित प्राकृतगाथा बद्ध और हिन्दी अनुवाद समेत इसमें मकान मंदिर प्रतिमा(मूर्ति) आदि बनानेका अधिकार विवेचन पूर्वक किया गया है।

त्रैलोक्यप्रकाश— श्रीहेमप्रभसूरि प्रणीत यह जातक ताजक तथा समस्त वर्ष में सुकाल दुष्काल आदि जानने का बहुत विस्तार पूर्वक खुलासावार है।

इनसे अतिरिक्त उपरोक्त विषयके ग्रंथ तैयार हो रहे हैं।

पुस्तक मिलनेका पता—

पं. भगवानदास जैन

सेठिया जैन प्रिंटिंग प्रेस.

बीकानेर (राजपूताना)

"Aho Shrutgyanam"

समर्पण

बीकानेर-निवासी श्रीमान् दानवीर उदारहृदय साहित्यप्रेमी-

सेठ भैरोंदानजी जेठमलजी सेठिया की सेवामें.

माननीय महोदय !

आपने अपनी उदारता से धर्म और समाज के अभ्युदय के लिये ग्रन्थालय (लायब्रेरी) विद्यालय और कन्यापाठशाला आदि पारमार्थिक जैन संस्थाओं की स्थापना करके श्रीमानों के सामने सुंदर आदर्श खड़ा कर दिया है । इतना ही नहीं किन्तु धर्म और समाज की सेवाके लिये आपने अपने आपको अर्पित कर दिया है । इत्यादि प्रशंसनीय कार्यों से आकर्षित होकर यह छोटीसी भेंट आपके कर कमलोंमें सादर समर्पित करता हूँ ।

भवदीय—

भगवानदास जैन.

"Aho Shrutgyanam"

प्रस्तावना.

हरएक मनुष्य को प्रायः यह वर्ष कैसा होगा? वर्षा कब और कितनी बरसेगी? सुकाल होगा या दुकाल? अन्न सस्ता होगा या महँगा? इत्यादि जानने की बहुत उत्कंठा रहा करती है अतः इनके भावी शुभाशुभ को जानने के लिये प्राचीन आचार्यों ने ज्योतिष- फलादेश के अनेक ग्रंथों का निर्माण किया हैं, उनमेंसे अनेक प्राचीन ग्रंथों का साररूप संग्रह कर के रचा हुआ यह ग्रंथ सुभिक्ष दुर्भिक्ष वृष्टि आदि जानने का अत्युत्तम साधन हैं।

प्रस्तुत ग्रंथ के रचयिता प्रवरपंडित महामहोपाध्याय-श्री मेघविजयगणि हैं। ये अठारहवीं शताब्दीमें तपागच्छगणनायक जगद्गुरु श्री हीरविजय सूरीश्वरजी के पट्टपरंपरा आये हुए जैनाचार्य श्रीविजयप्रभसूरि और जैनाचार्य श्रीविजयरत्नसूरि के शासनमें विद्यमान थे। इन्होंने अपनी वंशपरंपरा अपने बनाये हुए शान्तिनाथचरित्र-महाकाव्य के अंतमें इस प्रकार लिखी है—

" तदनु गणधरालीपूर्वदिग्भानुमाली
विजयपदमपूर्वं हीरपूर्वं दधानः ॥६६॥
कनकविजयशर्माऽस्यान्तिषत् प्रौढधर्मा
शुचितरवरशीलः शीलनामा तदीयः।
कमलविजयधीरः सिद्धिसंसिद्धितीर-
स्तदनुज इह रेजे वाचकश्रीशरीरः ॥६७॥
चारित्रशब्दाद् विजयाभिधान-
स्त्रयी सगर्भा धृतशीलधर्मा।
एषां विनयाः कवयः कृपाद्याः
पद्मास्वरूपाः समयाम्बुराशौ ॥६८॥
तत्पादाम्बुजभृङ्गमेघविजयः प्राप्तस्फुरद्वाचक-
ख्यातिः श्रीविजयप्रभाख्यभगवत्सूरेस्तपागच्छपात्।
तुन्नोऽयं निजमेरुपूर्वविजयप्राज्ञादिशिष्यैरिमां
चक्रे निर्मलनैषधीयवचनैः श्रीशान्तिचक्रिस्तुतिम् ॥६९॥ "

"Aho Shrutgyanam"

ग्रंथकर्त्ता का वंशवृक्ष—

हीरविजय
।
कनकविजय
।
शीलविजय
।
कमलविजय   सिद्धिविजय   चारित्रविजय
।
कृपाविजय
।
मेघविजय

मेघमहोदय (वर्षप्रबोध) आदि ज्योतिषग्रंथोंके अतिरिक्त न्याय व्याकरण काव्य आदि विषयों के भी अनेक ग्रंथ रचे हैं—

१ देवानन्दाभ्युदय-महाकाव्य[1]   २ शान्तिनाथचरित्र-महाकाव्य[2]

---

१ यह माघकाव्य की पादपूर्तिरूप सप्तसर्गीय महाकाव्य संवत् १७६० में रचा हुआ है। इसमें जैनाचार्यश्रीविजयदेवसूरीश्वरजीका आदर्श जीवनचरित्र वर्णित है। यह यशोविजयजैनग्रंथमाला में प्रकाशित हो गया है।

२ इसमें श्रीहर्षकवि विरचित नैषधीय महाकाव्य की पादपूर्तिरूप श्रीशान्तिनाथजिन चरित्र बड़ा मनोहर लालित्य श्लोकोंमें वर्णित है। इसका कुछ श्लोक पाठकों के सामने उद्धृत करता हूँ—

" श्रियामभिव्यक्तमनोऽनुरक्तता विशालसालाञ्चितर्याश्रया स्फुटा ।
तया बभासे स जगत्त्रयीविभु-र्ज्वलत्प्रतापावलिकीर्त्तिमण्डलः ॥१॥
निपीय यस्य क्षितिरक्षिणः कथाः सुराः सुराज्यादिसुखं बहिर्मुखम् ।
प्रपेदिरेऽन्तः स्थिरतन्मयाशयाः सदा सदानन्दभृतः प्रशंसया ॥२॥
यथाश्रुतस्येह निपीततत्कथा-स्तथाद्रियन्ते न बुधाः सुधामपि ।
सुधाभुजां जन्म न तन्मनःप्रियं भवेद् भवे यत्र न तत्कथा प्रथा ॥३॥
यदीयपादाम्बुजभक्तिनिर्भरात् प्रभावतस्तुल्यतया प्रभावतः ।
नलः सितच्छत्रितकीर्त्तिमण्डलः क्षमापतिः प्राप यशः-प्रशस्यताम् ॥४॥
द्विधापि धर्मानुगतिर्महीपति-र्दयावधेः शैशवः एष शैववित् ।
क्रमेण चक्री विजये दिशां जिनः स राशिराशीन्महसां महोज्ज्वलः ॥५॥

यह जैन विविध साहित्य शास्त्रमाला का ७ वां पुष्प रूपसे मुद्रित है ।

"Aho Shrutgyanam"

३ दिग्विजयमहाकाव्यं	४ मेघदूतसमस्यालेख
५ चंद्रप्रभा	६ मातृकाप्रसाद
७ युक्तिप्रबोधनाटकं	८ विजयदेवमाहात्म्यविवरणं
९ सप्तसंधनामहाकाव्यं	१० हस्तसंजीवनं

३ यह त्रयोदश सर्गीय महाकाव्य में जैनाचार्य श्री विजयप्रभसूरि का आदर्श जीवन विस्तार पूर्वक वर्णित है।

४ ग्रंथकर्त्ता दक्षिण देश में औरंगाबाद नाम के नगर में चातुर्मास रहे थे, वहां से सोरठ देश में द्वीपबंदर नामके नगर में चातुर्मास रहे हुए गच्छाधीश्वर श्रीविजयप्रभसूरिजी के पास विज्ञप्तिपत्रिकारूप भेजा हुआ श्री कालीदास विरचित मेघदूत महाकाव्य की पाद-पूर्त्तिरूप यथार्थ नामवाला यह ग्रंथ नगरादि का वर्णन सरस सुंदर श्लोकों से वर्णित है। यह आत्मानंद जैन ग्रंथमाला का २४ वां रत्न रूपसे प्रकाशित हो गया है।

५ यह व्याकरणविषय का ग्रंथ श्रीहेमचंद्राचार्य- विरचित सिद्धहेमव्याकरण के सूत्रों को अष्टाध्याय क्रमसे हटाकर सूत्रोंको प्रयोग सिद्धि की परिपाटी रूप रखकर रचा है। इस लिये पाणिनीय व्याकरण की कौमुदी की तरह इसको भी सिद्धहेमव्याकरण की 'हैम-कौमुदी' या 'चन्द्रिका' कहते हैं। यह पांच हजार श्लोक प्रमाण है और गोपालगिरि नगर में विक्रम संवत् १७५५ में रचा है।

६ अध्यात्म विषय का ग्रंथ है, इसमें 'ॐ नमः सिद्धम्' इस वर्णाम्नाय का विस्तार पूर्वक विवेचन करके ॐ शब्द का रहस्य को अच्छी तरह स्फुट किया है। धर्म-नगर में विक्रम संवत् १७४७ में रचा है।

७ यह भी मुख्यतया अध्यात्म विषय का ग्रंथ है।

८ पन्यास श्रीवल्लभविजयगणि ने रचा है, इसमें कितनेक प्रयोगों का इस ग्रंथकार ने स्फुटतया विवेचन किया है।

९ इसमें जैनदर्शन के कथनानुसार श्रीऋषभनाथ, श्रीशान्तिनाथ, श्री पार्श्वनाथ, श्री-नेमिनाथ और श्री महावीरस्वामी इन पांच तीर्थंकरों का तथा श्रीकृष्णवासुदेव और श्री-रामचंद्र इन सात उत्तम पुरुषों का माहात्म्य वर्णित है। इन महान् पुरुषों का पवित्र जीवन सदृश न होने पर भी सदृश शब्दों से भिन्न २ घटनाओंका वर्णन करके 'सप्तसंधान' नाम यथार्थ किया। तथा अनुप्रास श्लेष यमक इत्यादि शाब्दिक और आर्थिक अलंकार युक्त श्लोकों से वन विहार आराम ऋतु नगर आदि का वर्णन यथास्थित करके महाकाव्य की पंक्ति में इसको उत्तम बनाया है। यह जैन विविध साहित्य शास्त्रमालामें ३ गां पुष्प रूपमें प्रकाशित हुआ है।

१० सामुद्रिक विषय का ग्रंथ है, इसमें हस्त की रेखाओं पर से भविष्य का शुभा-

"Aho Shrutgyanam"

११ प्रश्नबोध[11] १२ लघुत्रिषष्टि चरित्र[12]
१३ भक्तामरस्तोत्र टीका[13]

इत्यादि उपलब्ध ग्रन्थरत्नों से आपके न्याय व्याकरण साहित्य विषयक प्रखर पाण्डित्य का पता लगता है। इसके अतिरिक्त गुजराती भाषामें भी कईएक रासा आदि जोड़कर गुजराती भाषा साहित्य की वृद्धि की है इससे साफ मालूम होता है कि आप का ज्ञान परिमित नहीं-अत्यन्त विशाल था।

प्रस्तुत ग्रंथ तेरह अधिकारोंमें अनेक विषयोंसे पूर्ण हुआ है। जैसे-उत्पात प्रकरण, कर्पूरचक्र,पद्मिनीचक्र,मण्डल प्रकरण, सूर्य और चन्द्रमा के ग्रहण फल, प्रत्येक मासमें वायुका विचार, वर्षा को बरसानेका और बंध करनेका मंत्र यंत्र, साठ संवत्सरोंका मतमतान्तर-पूर्वक विस्तार से फल, ग्रहों का राशियों पर उदय अस्त या वक्री हो उनका फल, अयन मास पक्ष और दिन का विचार, संक्रांति फल, वर्षके राजा मंत्री आदि का विचार, वर्षा के गर्भ का विचार, विश्वाविचार, आय और व्ययका विचार, सर्वतोभद्रचक्र और वर्षा जानने का शकुन, इत्यादि उपयोगी विषयोंका अनेक मतमतान्तरोंसे विस्तार पूर्वक विवेचन किया गया है। इसका प्रतिदिन अनुशीलन किया जाय तो अगले वर्ष में दुष्काल होगा या सुकाल, वर्षा कब और कितनी कितने दिन बरसेगी, धान्य, सोना चांदी आदि धातु, कपास, सूत और क्रयाणक वस्तु, इन सब का तेजी होना या मंदी ये अच्छी तरह जान सकते है। सारांश यही है कि भावी वर्ष का शुभाशुभ जानने के लिए कोई भी विषय इसमें नहीं छोड़ा है।

वर्षप्रबोध के नाम से हिन्दी भाषा के साथ दो संस्करण और हो गये हैं। एक मुरादाबाद निवासी पं. ज्वालाप्रसादजी मिश्र अनुवादित ज्ञानसागरप्रेस बम्बईसे और दूसरा जयपुर निवासी पं. हनूमानजी शर्मा अनुवादित श्री वेङ्कटेश्वरप्रेस बम्बई से प्रकट हुआ हैं। पहले अनु-

---

शुभ फलादेश जानने के लिये अत्युत्तम है। यह 'सिद्धज्ञान' नाम से भी प्रसिद्ध है।

११ आध्यात्मिक विषय का ग्रंथ है।

१२ चौबीस तीर्थंकर, बारह चक्रवर्ती, नव वासुदेव, नव प्रतिवासुदेव और नव बलदेव ये तेसठ महान् उत्तम पुरुषों का चरित्र ५००० श्लोक प्रमाण है और विस्तारसे कलिकाल सर्वज्ञ श्री हेमचन्द्राचार्य ने ३६००० श्लोक प्रमाण रचा है।

१३ श्रीमान् मानतुंगसूरि विरचित भक्तामर स्तोत्रकी विस्तार पूर्वक टीका है।

"Aho Shrutgyanam"

बाद के विषय में दूसरे अनुवादक पं हनूमानजी शर्मा लिखते हैं कि—"(यह ग्रंथ) सद्व्यवस्था रूपसे अब कहीं मिलता भी नहीं है यद्यपि भाषा टीका सहित एक मिलता है किंतु वह ऐसा है मानों खुले पत्रोंकी पुस्तक आंधीमें उड़ गई हो और उसीको ढूँढ ढांढ कर बिना नम्बर देखे ही ज्यों की त्यों छाप दी हो, क्योंकि उस में एक ही विषय के दश दश अंगोंमेंसे आठ २ अंग जाते रहे हैं। और कईएक विषय इधर उधर छिन्न भिन्न होकर खंडित हो रहे हैं"। यह दशा तो पहले संस्करण की है। परंतु दूसरा संस्करण और भी एकदम विचित्र है। समस्त ग्रंथ का प्रमाण ३५०० श्लोक है, पर दूसरे में भी लगभग २००० श्लोक नदारद हैं। इसमें भी हमे अत्यन्त आश्चर्य तो तब होता है जब यह देखते हैं कि पं. हनुमानजी शर्माने अपनी ओर से कईएक जहां तहां के श्लोक घुसेड कर प्रथम मंगलाचरण से ही पूर्ण ग्रंथ का बिलकुल परिवर्त्तन कर दिया है। अतः मुझे दुःख पूर्वक कहना पड़ता है कि अच्छा होता यदि पं. महाशयने इतिहास और प्राचीन साहित्य में क्षति पहूँचाने के लिये कलम ही न चलाई होती, अथवा अन्त में ग्रंथकर्त्ता श्री मेघविजयजी की प्रशस्ति न देकर अपने नाम से ही प्रकट किया होता। इस पर भी अनुवादक तुर्रा यह लिखते हैं कि "...... इसे अन्य कोई छापनेका दुस्साहस न करें" धन्य महाशय! न जाने किस हेतु से आपके संस्करण में ग्रंथ का सारा स्वरूप बदला गया है, और उसे असली हालत में जनता के उपकारार्थ प्रगट करनेवाले का साहस दुस्साहस होगा? अस्तु।

ऐसे अनुवादकों को मेरी प्रार्थना है कि प्राचीन साहित्य का इस तरह दुरुपयोग न कीजिये। यों ही संस्कृत साहित्य कहीं भण्डारों में पड़ा हुआ दीमक या चूहों का आहार बन रहे हैं। जो कुछ प्राप्त हो सकता है उसे इस तरह विकृत कर डालना बड़ी अप्रशंसा की बात है।

उक्त दोनों अनुवादकों और प्रकाशकोंने यदि उदारता से इस ग्रंथ की पूरी खोज की होती तो शायद मुझे इस नवीन अनुवाद को लेकर न उपस्थित होना पडता। परंतु हमारे दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हुआ। इसलिए इसका प्रकाशित होना न होना लगभग बराबर ही था। इसी कारण मैंने इस ग्रंथको व्यवस्थित ढंगसे पूरे पाठकी खोज करके और प्राचीन टिप्पणियोंसे युक्त करके पाठकोंके समक्ष रखनेका दुस्साहस(?)

"Aho Shrutgyanam"

किया है। निःसंदेह इसमें बहुतसी त्रुटियां अब भी मौजूद होगी। इस के कई कारण है— प्रथम तो मेरी मातृभाषा हिन्दी नहीं, गुजराती है। दूसरा कारण वश इसे बहुत शीघ्रतासे प्रकाशित किया है फिर भी यह कहनेमें कोई हर्ज नहीं है कि मैंने ग्रंथको अधूरा नहीं रक्खा है।

इस ग्रंथ की पूर्ण प्रेसकोपी जयपुर निवासी राज्यज्योतिषी पं. गोकुलचन्द्रजी भावन द्वारा ज्योतिषशास्त्री पं. श्यामसुन्दरलालजी भावन ने पूर्ण परिश्रम लेकर सुधार दी है। तथा मुद्रितफॉर्म पाली (मारवाड) निवासी दैवज्ञभूषण ज्योतिषरत्न पं. मीठालालजी व्यास ने सुधार दिये है। इस लिये उन सबका आभार मानता हूँ।

इसको शुद्ध करनेके लिए निम्न लिखित सज्जनों ने मेघमहोदय की हस्त लिखित प्रतियें भेजने की कृपा की है. इसलिये मैं उनका भी पूर्ण उपकार मानता हूँ।

१ श्रीमान् पूज्यपाद शास्त्रविशारद जैनाचार्य श्रीविजयधर्मसूरीश्वरजी के शास्त्रभंडार भावनगर से श्रीयुत अक्षयचन्द भगवानदास गांधी द्वारा प्राप्त।

२ श्रीमान् महोपाध्याय श्री वीरविजयजी शास्त्रसंग्रह वडोदा से श्रीयुत पं. लालचन्द भगवानदास गांधी द्वारा प्राप्त।

३ श्रीमान् मुनि महाराज श्री अमरविजयजी से प्राप्त।

४ जयपुर निवासी राज्यज्योतिषी पं. मुकुन्दलालजी शर्मा से प्राप्त।

५ पाली निवासी दैवज्ञभूषण ज्योतिषरत्न पं. मीठालालजी व्यास से प्राप्त।

उक्त पांच प्रति प्रायः इसी शताब्दीमें लीखी हुई अशुद्ध थी, इनमें जयपुरवाले पंडितजी की प्रति में कहीं २ प्राचीन टिप्पणी भी थी वह मैंने यथा स्थान लगा दी है। किंतु यही प्रति पं. श्यामसुन्दरलालजी भावनके पास प्रेसकोपी सुधारने के लिये रह जाने से विलंबसे मिली. जिस से जो बाकी रही गई टिप्पणियें मैंने ग्रंथ के अंतमें लीख दी है, आशा है– पाठक गण वहां से देख लेंगे।

विद्वान् जनों से सविनय प्रार्थना है कि मेरी मातृभाषा गुजराती होने से हिन्दी अनुवाद में भाषा की तो बहुतसी त्रुटियां अवश्य होंगी; परंतु कहीं श्लोकों का गूढ आशय में भूल देखने में आवे तो उसे सुधार कर पढने की कृपा करें और मेरेको सूचित करेंगे तो दूसरी आवृत्ति में सुधार दी जायगी। जैसे—

"Aho Shrutgyanam"

पृष्ठ ३६६ श्लोक१६१"नवम्यां स्वातिसंयोगे भाद्रमासे सिते यदा" इत्यादि श्लोकोंका मैंने प्रथम "भाद्रपद शुक्ल नवमी के दिन स्वातिनक्षत्र हो" ऐसा अर्थ किया था, किंतु पीछेसे प्राचीन (स्वोपज्ञ?)टिप्पणी युक्त प्रति मिलनेसे इसका गूढ आशय "भाद्रपद शुक्ल नवमी या स्वातिनक्षत्र के दिन शुक्रवार हो" ऐसा समझनेमें आनेसे सुधार दिया है। पूर्ण आशा है कि पाठक गण इससे विशेष लाभ उठाकर मेरा परिश्रम को सफल करेंगे। इत्यलं सुज्ञेषु.

सं १९८३ द्वितीय चैत्र
शुक्ल १३ रविवार
(श्री महावीरजिन जयंती)

आपका कृपापात्र—
भगवानदास जैन

हिन्दी अनुवाद समेत—

जोइसहीर (ज्योतिषसार)

यह प्रारंभिक शिक्षा के लिये अत्युत्तम है, इसमें मुहूर्त्त आदि देखने की संक्षिप्त पूर्वक बहुत सरल रीति बतलाई है। साथ कुछ स्वरोदय ज्ञान भी दिया गया है। पृष्ठ संख्या ८८ किमत पांच आना. किंतु स्थायी ग्राहकोंके लिये भेंट.

विषयानुक्रमणिका ।

विषय	पृष्ठांक
मंगलाचरण	१
उत्पातप्रकरण	५
पद्मिनीचक्र या कूर्मचक्र	११
शनिदृष्टिचक्र	१२
सर्वतोभद्रचक्रसे दिग्विचार	१२
कर्पूरचक्र से देशान्तरों में वर्ष का शुभाशुभ ज्ञानके लिये प्रथम चक्र न्यास प्रकार	१३
प्रकारान्तरसे कर्पूरचक्रका दूसरा पाठ	१८
शुक्र का उदय से देशों में वर्ष का ज्ञान	२२
शुक्रास्तसे देशोंमें वर्षका ज्ञान	२४
मण्डलप्रकरण में प्रथमाग्नेय मण्डल	२६
वायुमण्डल	२७
वारुणमण्डल	२८
माहेन्द्रमण्डल	२८
मण्डल कब फलदायक होते हैं?	२९
उत्पातभेद	३१
गन्धर्वनगर	३३
विद्युत्लक्षण	३४
केतुफल	३४
चंद्र और सूर्य ग्रहणका फल	३६
वर्षाके गर्भ लक्षण	३९

विषय	पृष्ठांक
दूसरा वाताधिकार—	
वायु के भेद	४३
वायुचक्र	४७
चैत्रमासमें वायुविचार	४९
वैशाखमासमें वायुविचार	५०
ज्येष्ठमासमें वायुविचार	५२
आषाढमासमें वायुविचार	५५
आषाढ पूर्णिमाके दिनका वायु	५६
मार्गशीर्षमासमें वायुविचार	६०
पौषमासमें वायुविचार	६०
माघमासमें वायुविचार	६१
फाल्गुनमासमें वायुविचार	६२
तीसरा देवाधिकार—	
वर्षा करनेवाले देवोंका वर्णन	६५
वर्षा होनेके मंत्र और यंत्र	७२
वर्षास्तंभनके मंत्र और यंत्र	७७
चौथा संवत्सराधिकार—	
वर्षके द्वार	७९
शुभाशुभ वर्ष	७९
षष्टि (साठ) संवत्सर	८५
सैद्धांतिक पांच संवत्सर	८७
षष्टि संवत्सर लाने का प्रकार तथा उनका फल रामविनोद के मतसे	९९

"Aho Shrutgyanam"

विषय	पृष्ठांक
त्रैलोक्यमेघमाला के षष्ठि संवत्सर फल	१००
दुर्गदेवमुनि कृत षष्ठि संवत्सर फल	१०८
प्राचीन वचनों से विस्तार पूर्वक षष्ठि संवत्सर फल	११६
गुरु (बृहस्पति) चार फल	१५०
गुरुके वर्षका विचार	१५२
मेषराशिस्थ गुरुफल	१५४
वृषराशिस्थ गुरुफल	१५६
मिथुनराशिस्थ गुरुफल	१५८
कर्कराशिस्थ गुरुफल	१५६
सिंहराशिस्थ गुरुफल	१६०
कन्याराशिस्थ गुरुफल	१६२
तुलाराशिस्थ गुरुफल	१६३
वृश्चिकराशिस्थ गुरुफल	१६४
धनराशिस्थ गुरुफल	१६५
मकरराशिस्थ गुरुफल	१६७
कुंभराशिस्थ गुरुफल	१६६
मीनराशिस्थ गुरुफल	१७०
गुरु (बृहस्पति) वक्रविचार—	
मेषराशिसे मीनराशि तक बारह राशियों में स्थित वक्री गुरु का फल	१७२से१७६
गुरु के भोग नक्षत्र का फल	१७७
गुरु के चतुष्कफल	१७६
पुनःगुरुके भोगनक्षत्रका फल	१८१
राशियों पर गुरुका उदयफल	१८३
गुरूदय का मासफल	१८४
राशियों पर गुरुका अस्तफल	१८५
मेघों का विचार	१८६
पांचवां अधिकार—	
संवत्सरशरीर	१६४
राशियों पर शनिचारविचार	१६४
नक्षत्रोपरी शनिफल	२०६
सप्त यमजिह्वा	२०८
शनिका उदय विचार	२०८
शनिका अस्त विचार	२०६
कूर्मचक्र या पद्मचक्र	२११
राहुचार का फल	२१८
राहुका राशिग्रहण फल	२२३
नक्षत्रग्रहणफल	२२५
केतुचार का फल	२२७
छट्ठा अधिकार—	
अयनफल	२३१
मास फल	२३३
अधिकमासफल	२४१
तिथि क्षय या वृद्धिका फल	२४४
दिनविचार	२५४
रोहिणी परसे वर्षाका दिनमान	२५४
वर्षमें वृष्टिकी दिनसंख्या	२५५
तिथि और वारमें रोहिणीफल	२५६
प्रथम वर्षाके दिनफल	२५७
सातवां अधिकार—	
अगस्तिचार	२५६
वर्षराज मंत्री आदिका विचार	२६१
वर्षाधिपति का फल	२६६

"Aho Shrutgyanam"

विषय	पृष्ठांक
वर्षमंत्री फल	२६७
सस्याधिपति फल	२६६
मन्तान्तरों से वर्षराजादि का विचार	२७१
रामविनोद के मत से वर्षराज फल	२७२
वशिष्ठमतसे वर्षमंत्री फल	२७३
धान्येश फल	२७४
मेघाधिपति फल	२७६
रसेश फल	२७७
सस्याधिपति फल	२७८
नीरसाधिपति फल	२७९
तिथियोंमें आर्द्रा प्रवेशफल	२८०
वारोंमें ..	२८१
नक्षत्रोंमें ..	२८१
आर्द्रा प्रवेशके समयफल	२८३
वर्ष जन्मलग्न विचार	२८३
अभ्र (बादल) द्वार	२८८
चैत्रमासमें बादल विचार	२८९
वैशाखमासमें ..	२९१
ज्येष्ठमासमें ..	२९३
आषाढमासमें ..	२९५
श्रावणमासमें ..	२९८
भाद्रमासमें ..	३०१
आश्विनमासमें ..	३०२
कार्त्तिकमासमें ..	३०३
मार्गशीर्षमासमें ..	३०४
पौषमासमें ..	३०५
माघमासमें ..	३१०
स्वातियोग	३१२
फाल्गुनमासमें बादलविचार	३१५
आठवां अधिकार—	
मेघगर्भलक्षण	३१७
मार्गशीर्षकृष्णादि के गर्भ	३२३
मेघचक्र	३२७
तात्कालिक गर्भलक्षण	३२९
गर्भविनाश तथा प्रसुति का लक्षण	३३१
शीघ्र वर्षाका लक्षण	३३४
नववां अधिकार—	
वर्षस्तंभ चतुष्टय	३३९
विंशोपकालानेका प्रकार	३४१
रामविनोद के मतसे क्षुधादि के विश्वा	३४५
चैत्रमासमें तिथिफल	३४७
वैशाखमासमें ..	३४८
ज्येष्ठमासमें ..	३५०
आषाढमासमें ..	३५१
कालीरोहिणी विचार	३५२
आषाढ पूर्णिमा विचार	३५४
श्रावणमासमें तिथिफल	३६०
श्रावण अमावसका विचार	३६२
भाद्रमासमें तिथिफल	३६५
भाद्रपद अमावसका विचार	३६६
आश्विनमासमें तिथिफल	३६९
कार्त्तिकमासमें तिथिफल	३७२
मार्गशीर्षमासमें ..	३७५

"Aho Shrutgyanam"

विषय	पृष्ठांक
पौषमासमें तिथिफल	३७७
माघमासमें "	३७८
फाल्गुनमासमें "	३८०
बारह पूर्णिमाका विचार	३८२
वर्षा दिन संख्या	३८४
अकालवर्षा	३८५
दशवां अधिकार—	
संक्रांति प्रकरण	३८६
संक्रांतिसंज्ञा और वारफल	३८७
चंद्रमंडलोंमें संक्रांतिका फल	३८७
दिन और रात्रि विभागसे संक्रांति फल	३८८
करणद्वारा संक्रांतिकी स्थिति	३८८
संक्रांति मुहूर्त्त विचार	३८६
संक्रांतिके वाहन आदि	३६०
बारह संक्रांतिके फल	३६२
नक्षत्र वार के योग से संक्रांति फल	४०८
योगचक्र	४०६
बारह संक्रांतियों में वर्षा का विचार	४१०
ग्याहरवां अधिकार—	
चन्द्रचार	४१६
रोहिणी शकटयोग	४१६
चन्द्रकी आकृति	४२१
चन्द्रके वस्त्र	४२१
गोकुल क्रीडा	४२२
चन्द्रसे अर्घज्ञान	४२२

विषय	पृष्ठांक
सप्तनाडीचक्र	४२३
चन्द्रोदयफल	४३०
चन्द्रास्तफल	४३१
चन्द्रमा नक्षत्र और तिथि योग के फल	४३३
आय व्यय चक्र	४३६
मंगलचारफल	४३७
मंगलवक्रीफल	४४०
ग्रहवक्रीफल	४४३
अतिचार (शीघ्र गति) फल	४४४
मंगलका उदयफल	४४५
मंगल का अस्तफल	४४६
बुधचार फल	४४७
बुधका उदयफल	४४६
बुधका अस्तफल	४५२
शुक्रचार	४५३
शुक्रचतुष्क	४५३
शुक्रद्वार	४५५
शुक्रोदयमासफल	४५६
शुक्रोदयराशिफल	४५७
शुक्रोदयनक्षत्रफल	४५७
शुक्रोदय तिथिफल	४५८
शुक्रास्त मासफल	४५६
शुक्रास्त राशिफल	४६१
ग्रहयोग फल	४६२
बारहवां अधिकार—	
नक्षत्रद्वार	४६८
रोहिणीचक्र	४६६

"Aho Shrutgyanam"

विषय	पृष्ठांक
दिनार्ध और मासार्ध	४६६
आर्द्रा प्रवेश	४७२
नक्षत्रद्वार	४७२
सर्वतोभद्रचक्र	४७३
नक्षत्र क्रम से देश और वस्तु के नाम	४७५
देशकाल और पण्यका निर्णय	४८०
देश आदिके स्वामीका ज्ञान	४८०
बलद्वारा स्वामी का निर्णय	४८१
वक्रोदय फल	४८१
उच्चबल	४८२
स्वामी द्वारा वेधफल	४८२
वर्ण आदि पर दृष्टि ज्ञान	४८३
वेध द्वारा विश्वा निर्णय	४८४
जलयोग	४८६
सूर्य चंद्र कृत जलयोग	४८८
पुंस्त्रीनपुंसक ग्रह	४८६
तेरहवां अधिकार—	
पृच्छा लग्न	४६०
वृष्टि पृच्छा	४६१
अक्षय तृतीया विचार	४६२
रक्षापर्व विचार	४६३
आषाढ पूर्णिमा विचार	४६५
कुसुम लता फल	४६८
कौएंके अराडेका फल	५०१
टिट्टिभके अराडे का फल	५०१
कौएं के घोंसले का फल	५०२
काकपिराडफल	५०६
गौतमीय ज्ञान से वर्ष का शुभाशुभ ज्ञान	५०७
ग्रंथकार प्रशस्ति	५०६
अवशिष्ट टिप्पणियें	५११

"Aho Shrutgyanam"

पाली (मारवाड) निवासी श्रीमान् ज्योतिषरत्न पं-मीठालालजी व्यास ने नीचे लिखे हुए श्लोकों का अर्थ सूधार कर भेजा है—

पृष्ठ- ५३ श्लोक ४६- ४७- ४८ — ज्येष्ठशुक्ल अष्टमी आदि चार दिन तक मृदु (सुखस्पर्श)वायु, शुभ(पुर्व उत्तर या ईशान का) वायु चले तथा स्निग्ध और विना-गतिके वादल हो तो धारणा शुभ होती है, इससे संवत्सर श्रेष्ठ होता है ॥४६॥ इन्हीं दिनोंमें स्वाति आदि चार नक्षत्रोंमें वर्षा हो जाय तो धारणा परिश्रुत हो जाती है इस-लिये क्रमसे श्रावणादि चार महीनोंमें वर्षा न हो ॥४७॥ अष्टम्यादि चारों दिन उपर के श्लोक ४६ के अनुसार एकसे (यथार्थ) निकले तो सुभिक्ष तथा सुखकारक जानना। यदि यथार्थ न निकले तो वर्ष अच्छा न हो और चौर तथा अग्नि का भयदायक हो॥४८॥

पृष्ठ-१५६ श्लोक- ३६— उदग्वीथी याने आकाशमें उत्तरमार्गके माने हुए नव नक्षत्रों पर गुरु हो तो सुभिक्ष और कल्याण कारक है तथा मध्यमार्ग के नक्षत्रों पर हो तो मध्यम फल कहना ।

पृष्ठ- २५२ श्लोक- ११९—' मिगसर वाय न वाइआ' याने सूर्य के मृगशिर नक्षत्रमें वायु न चले ।

पृष्ठ२८४— श्लोक १३७—मेष प्रवेश लग्नमें तथा वर्षप्रवेश लग्नमें यदि सप्तम स्था-नमें पापग्रह हो तो धान्यका विनाश हो ॥१३७॥

पृष्ठ २९५ श्लोक- २०८— मूलनक्षत्र के चरणों में क्रमसे वर्षा हो तो आषाढादि चार महीनोंमें क्रम से वर्षा का अवरोध हो । इसी प्रकार श्रवण और धनिष्ठा के चरणोंमें वर्षा न हो तो क्रमसे आषाढादि चार मासमें वर्षाका अभाव हो ॥२०८॥

पृष्ठ ३३९ श्लोक. ३— आषाढशुक्ल प्रतिपदाको पुनर्वसु नक्षत्र हो तो धान्य की प्राप्ति हो ।

पृष्ठ. ३६४ श्लोक १५२— ' आखा रोहिण नवि मिले पोसी मूल न होय' याने अक्षय तृतीया को रोहिणी और पौष अमावस को मूल न हो तो-

पृष्ठ ३७२ श्लोक १९८— 'आश्विन अमावस' के स्थान पर कोई भी मास की अमा-वस समझना .

पृष्ठ ३७६ श्लोक २२५— मार्गशीर एकादशी को पुनर्वसु नक्षत्र हो तो कपास रूई सूत आदि का संग्रह करने से वैशाखमासमें लाभदायक होगा ॥२२५॥

"Aho Shrutgyanam"

॥ श्रीं वीतरागाय नमः ॥

॥ श्रीमेघमहोदयो-वर्षप्रबोधः ॥

(भाषाटीकासमेतः)

ग्रन्थकारस्य मंगलाचरणम् ।

श्री तीर्थनाथवृषभं प्रभुमाश्वसेनिं,
शङ्खेश्वरं नतसुरेन्द्रनरेन्द्रचन्द्रम् ।
ध्यायन् समेघविजयं सुखमावबुद्ध्यै,
शास्त्रं करोमि किल मेघमहोदयार्थम् ॥ १ ॥
येनायं प्रभुपार्श्वमाप्तवृषभं विश्वैकवीरं हृदि
स्मारंस्मारमहर्निशं पटुधिया ग्रन्थः समभ्यस्यते ।
त्रेधा तस्य सुवर्णसिद्धिकमला मेधाबलात् प्रैधते,
राजद्राजसभासु भासुरतया कीर्तिर्नरीनृत्यते ॥ २ ॥

नत्वा जिनेन्द्रं प्रभुपार्श्वनाथं, देवासुरैरर्चितपादपद्मम् ।
वर्षप्रबोधस्य करोमि टीकां, बालावबोधाय सुभाषयाहम् ॥ १ ॥

भावार्थ---देवेन्द्र नरेन्द्र और चन्द्र आदि जिन को नमस्कार करते हैं, ऐसे धरणेन्द्र पद्मावती सहित तीर्थंकर श्री शंखेश्वरपार्श्वनाथ प्रभु का ध्यान करता हुआ, मेघ के उदय के अर्थ को सुखपूर्वक जानने के लिये मैं (महामहोपाध्याय श्रीमेघविजयगणि) मेघमहोदय है अर्थ जिस का ऐसे मेघमहोदय नाम के ग्रन्थ को बनाता हूं ॥१॥

श्रेष्ठों में श्रेष्ठ और जगत् में एक वीर ऐसे श्रीपार्श्वनाथप्रभु को हृदय में निरंतर स्मरण करके जो बुद्धिमान् इस ग्रन्थ का अभ्यास करता है, उसको तीन प्रकार की विद्या, सिद्धि और लक्ष्मी बुद्धिबल से प्राप्त होती है, और बड़ी २ शोभायमान राजसभाओं में विशेष प्रकाश रूप से उसकी कीर्त्ति भी अत्यन्त नाचती है याने फैलती है ॥ २ ॥

"Aho Shrutgyanam"

दीपोत्सवदिने प्रात-र्ग्रन्थः प्रारभ्यते मया।
अस्मिन् जगद्गुरोर्भक्त्या भूयाद् वाक्सिद्धिसन्निधिः ॥३॥
स्थानाङ्गे दशमस्थाने न्यवेदि सुषमोदयः।
श्रीमद्वीरजिनेन्द्रेण सर्वलोकहितैषिणा ॥ ४ ॥
वृष्टेः कालाकालरूप-स्थानाद्यर्थनिरूपणात्।
सौत्रं विवरणं स्पष्टं, ग्रन्थेऽस्मिन्नभिधीयते ॥ ५ ॥

यदागमः—दसहिं ठाणेहिं ओगाढं सुसमं जाणिज्जा, तंजहा—अकाले न वरिसइ १, काले वरिसइ २, असाहू न पूइज्जंति ३, साहू पूइज्जंति ४, गुरूहिं जणो सम्मं पडिवन्नो ५, मणुण्णा सद्दा ६, मणुण्णा रूवा ७, मणुण्णा रसा ८, मणुण्णा गंधा ९, मणुण्णा फासा १०, इति ॥

ग्रन्थस्याभ्यसनादस्य सिद्धान्तप्रतिपादनम्।
तद्वाचनेऽस्य तत्त्वज्ञै-र्निश्शङ्कत्वं विधीयताम् ॥ ६ ॥

दिवाली के दिन प्रातःकाल के समय मैंने इस ग्रन्थ का प्रारम्भ किया। इस जगत् में जगद्गुरु (श्री हीरविजयसूरि) की भक्ति से मेरी वचनसिद्धि का विस्तार हो ॥३॥ स्थानांगसूत्र के दशवें स्थान में सर्वलोक के हितेच्छु श्रीमहावीर-जिनवर ने सुखम नाम के आरा (युग) का वर्णन किया है ॥४॥ वर्षा का काल अकाल रूप और स्थान आदि के अर्थ को जानने के लिये इस ग्रन्थ में सूत्रों का विवेचन स्पष्ट रूप से कहा जाता है ॥५॥

स्थानांगसूत्र के दशवें स्थान में उत्कृष्ट सुखमकाल का वर्णन इस प्रकार है—अकाल में वर्षा न बरसे १, काल में बरसे २, असाधु को न पूजे ३, साधु को पूजे ४, गुरु का अच्छे भाव से विनय करें ५, अनुकूल (मनोज्ञ) शब्द ६, अनुकूल रूप ७, अनुकूल रस ८, अनुकूल गंध ९, और अनुकूल स्पर्श १० ये दश सुखमकाल में होते हैं ॥ इस ग्रन्थ के अभ्यास करने से सिद्धान्त प्रतिपादन किया जा सकता है, उस

"Aho Shrutgyanam"

वृष्टिहेतोः शुभं वर्षं तेन तावत् स उच्यते ।
देशो वातश्च देवादिर्वृष्टिहेतुस्त्रिधामतः ॥ ७ ॥

यदागमः—तिहिं ठाणेहिं महावुट्ठीकाए सिया, तंजहा--तंसिंच णं देसंसि वा पएसंसि वा बहवे उदगजोणिया जीवा य पोग्गला य उदगत्ताए वक्कमंति विउक्कमंति चयंति उववज्जंति ॥१॥ देवा नागा जक्खा भूता सम्ममाराहिता भवंति, अन्नत्थ समुट्ठितं उदगपोग्गलं परिणायं वासिउकामं तं देसं साहरंति ॥ २ ॥ अब्भवद्दलगं च णं समुट्ठितं परिणयं वासिउकामं णो वाउआओ विहुणंति ॥ ३ ॥

टीका—वर्षणं वृष्टिरधःपतनं वृष्टिप्रधानः कायो--जीवनिकायो व्योमनि पतदप्काय इत्यर्थः । वर्षणधर्मयुक्तं वोदकं वृष्टिस्तस्याः कायो राशिर्वृष्टिकायः । महांश्चासौ वृष्टिकायश्च महावृष्टिकायः स ' स्याद् ' भवेत् । तस्मिंस्तत्र मालवकुङ्कणादौ । च शब्दो महावृष्टिकारणान्तरसमुच्चयार्थः । णमित्यलंकारे । देशे जनपदे प्रदेशे तस्यैव एकदेश-

---

को बांचने में विद्वानों को निःशंक रहना चाहिये ॥६॥ वर्षा होने से वर्ष अच्छा होता है, इसलिये प्रथम वर्षा के हेतु कहते हैं— देश वायु और देव ये तीन वर्षा के कारण माने हैं ॥७॥

तीसरे स्थानांग में वर्षा होने का कारण तीन प्रकार से कहा है, जिस देश में जलयोनि के जीवों के पुद्गलों का विनाश और उत्पत्ति हो उस समय वहाँ बहुत वर्षा होती है ॥१॥ जहाँ नागकुमार यक्ष और भूत आदि देवों की अच्छी तरह पूजा की जाती हो वहाँ दूसरे देश में मेघ बरसने लगे वहाँ से लेआ कर वे देव बरसावें ॥२॥ वर्षा के बादल उदय होकर बरसने लगें उस समय वायु नाश न करें ॥३॥ इन तीन स्थानों में वर्षा अच्छी होती है ।

"Aho Shrutgyanam"

रूपे। वाशब्दौ विकल्पार्थौ, उदकस्य योनयः परिणामकारणभूता उदकयोनयस्त एवोदकयोनिका उदकजननस्वभावाः। व्युत्क्रामन्ति उत्पद्यन्ते, व्यपक्रामन्ति च्यवन्ते, एतदेव यथायोग्यं पर्यायत आचष्टे च्यवन्ते उत्पद्यन्ते, वारं वारं क्षेत्रस्वभावादित्येकम् ॥ १ ॥ तथा देवा वैमानिका ज्योतिष्का नागा नागकुमारा भवनपत्युपलक्षणमेतत्, यक्षा भूता इति व्यन्तरोपलक्षणम्, अथवा देवा इति सामान्यं, नागादयस्तु विशेषः। एतद् ग्रहणं च प्राय एषामेवंविधे कर्मणि प्रवृत्तिरिति ज्ञापनाय विचित्रत्वाद् वा सूत्रगतेरिति सम्यगाराधिता भवन्ति। विनयकरणाज्ज्ञानपदैरिति गम्यते ततोऽन्यत्र मरुस्थलादौ देशे प्रदेशे वा तस्यैव समुत्थितमुत्पन्नं, उदकप्रधानं, पौद्गलं पुद्गलसमूहो मेघइत्यर्थः। उदकपौद्गलं तथा परिणतं उदकदायकावस्थां प्राप्तम्, अत एव विद्युदादिकरणाद् वर्षितुकामं सत् तं देशं मगधादिकं संहरन्ति नयन्तीति द्वितीयम् ॥ २ ॥ अभ्राणि मेघास्तैर्वर्दलकं-दुर्दिनमभ्रवर्दलकं तस्मिन् देशे समुत्थितमुत्पन्नं वायुकायः प्रचण्डवातो नो विधुनोति न विध्वंसयतीति तृतीयमिति तद्वृत्तिः ॥ ३ ॥ इति स्थानाङ्गसूत्रे ॥

अनूपो[1] जाङ्गलो[2] मिश्र[3]-स्त्रिधा देशो बुधैर्मतः।
तत्तत् स्वभावं विज्ञाय जलवृष्टिर्निवेद्यते ॥ ८ ॥
तस्मान् मालवदेशादौ समानेऽपि ग्रहोदये।
वृष्टिः स्यादेव नियता कालात् क्षेत्रे बलिष्ठता ॥ ९ ॥

जलमयदेश, जांगलदेश और मिश्रदेश, ये तीन प्रकार के देश बुद्धिमानों ने माने हैं, उनके स्वभाव को पहिचानने से जलवृष्टि जानी जाती है ॥८॥ इसी कारण से मालवा आदि अनूपदेशों में समानग्रह याने कष्टकारी करने वाला दुष्ट ग्रह के उदय होने पर भी जलवृष्टि नियम से

"Aho Shrutgyanam"

तदा दुष्टे ग्रहादीनां योगे दुर्भिक्षता नहि
किन्तु विग्रह-मार्यादिस्तत्कृतं वैकृतं भवेत् ॥ १० ॥
एवं मरुस्थलादौ स्याद् यदा शुभो ग्रहोदयः ।
तथाप्यवग्रहो वृष्टे-र्वाच्यः स्वल्पोऽपि धीमता ॥ ११ ॥
ज्ञेयं वाताभ्रयोगेन देशे वर्षशुभाशुभम् ।
तेनायं बलवान् सर्व-ऽन्तर्योगेभ्य इष्यते ॥ १२ ॥
देशे स्वभावादुत्पातः कदाचिद् तत्त्वतो बली ।
तस्माद् वर्षाविबोधाय लक्षयेत् तं विचक्षणः ॥ १३ ॥

यदुक्तं विवेकविलासे उत्पातप्रकरणम्——

स्ववासदेशक्षेमाय निमित्तान्यवलोकयेत् ।
तस्योत्पातादिकं वीक्ष्य त्यजेत् तं पुनरुद्यमी ॥ १४ ॥

होती है, क्योंकि काल की अपेक्षा क्षेत्र (देश) में बलिष्ठता है ॥९॥ इसलिये वहां ग्रहों का दुष्टयोग होने पर भी दुष्काल नहीं होता, किंतु संग्राम प्लेग आदि उपद्रवों के कारण से विपरीत भी हो जाता है ॥१०॥ उसके अनुसार मारवाड़ आदि जांगल देशों में अधिक वर्षा करने वाले शुभ ग्रहों का उदय होने पर भी बरसात का अभाव होता है, क्योंकि इस देश में बुद्धिमानों ने कम वृष्टि का योग बतलाया है ॥११॥ देश में वायु और बादल के योग से वर्ष का शुभाशुभ जानना । यह योग सब वृष्टियोगों से बलवान् कहा है ॥१२॥ देश में कभी स्वाभाविक उत्पात हो तो वास्तविक बलवान् होता है । इसलिये विद्वान् लोग वर्षफल जानने के लिये उस उत्पात को जानें ॥१३॥

अपने रहने के स्थान के और समग्र देश के कल्याण के लिये निमित्त (शकुन) आदि देखना चाहिये, उन में उत्पात आदि को देख कर अपने स्थान का और देशका उद्यमी पुरुष त्याग कर दें ॥१४॥ जो पदार्थ जिस स्वरूप में सर्वदा रहता है, उस में कुछ फेरफार मालूम

"Aho Shrutgyanam"

प्रकृतेश्चान्यथा भावे उत्पातः स त्वनेकधा ।
स यत्र तत्र दुर्भिक्षं देशराज्यप्रजाक्षयः ॥ १५ ॥
देवानां वैकृतं भङ्गं चित्रेष्वायतनेषु च ।
ध्वजश्चोर्ध्वमुखो यत्र तत्र राष्ट्राद्युपप्लवः ॥ १६ ॥
राजादिः कृषिजीवी चेद् विधर्मी पशुपालकः ।
देवताप्रतिमाभङ्गो लिङ्गिविप्रवधस्तथा ॥ १७ ॥
ऋतौ विपर्ययो यत्र तत्र देशभयं भवेत् ।
देवध्वंसः प्रजापीडा दुर्भिक्षं विप्रघातकः ॥ १८ ॥
जलस्थलपुरारण्य-जीवान्यस्थानदर्शनम् ।
शिवाकाकादिकाक्रन्दः पुरमध्ये पुरच्छिदे ॥ १९ ॥
छत्रप्राकारसेनादि-दाहाद्यैर्नृपभीः पुनः ।
अस्त्राणां ज्वलनं कोशान्निर्गमः स्वयमाहवे ॥ २० ॥

हो तब उसको उत्पात कहते हैं, वह अनेक प्रकार के हैं। उत्पात जहाँ होता है वहाँ दुष्काल पड़ता है, तथा देश राज्य और प्रजा का नाश होता है ॥१५॥ जहाँ रंगीन तसवीरों में और देव मंदिरों में देवों की मूर्त्तिओं के स्वरूप में फेरफार या भंग हो और ध्वजा ऊंची उड़ती देखपड़े तो राष्ट्र (देश) आदि में उपद्रव होते हैं ॥१६॥ राजा आदि खेती करने लगें, विधर्मी लोग पशु पालने लगें, देव की प्रतिमा का भंग हो, तब लिंगी (सन्यासी) और ब्राह्मण का नाश होता है ॥१७॥ जहां ऋतु में फेरफार हो वहां देशमें भय, देवालय का नाश, प्रजा को दुःख, दुष्काल और ब्राह्मण का नाश होता है ॥१८॥ जिस नगर में जलचर जीव भूमि पर और भूचर जीव जल में, नगरके जीव जंगल में, और जंगल के जीव नगर में स्वाभाविक रीति से देखने में आवे, गीदड़ (शिआल) और कौवे बहुत शब्द करते देखपड़े तो उस नगर का नाश होता है ॥१९॥ छत्र किला और सेना

"Aho Shrutgyanam"

अन्यायकुसुमाचारो पाखण्डाधिकता जने ।
सर्वमाकस्मिकं जातं वैकृतं देशनाशनम् ॥ २१ ॥
प्रावृष्यैन्द्रं धनुर्दुष्टं नाह्नि सूर्यस्य सन्मुखम् ।
रात्रौ दुष्टं सदा शेष-काले वर्णव्यवस्थया ॥ २२ ॥
सित-रक्त-पीत-कृष्णं सुरेन्द्रस्य शरासनम् ।
भवेद् विप्रादिवर्णानां चतुर्णां नाशनं क्रमात् ॥ २३ ॥
अकाले पुष्पिता वृक्षाः फलिताश्चान्य भूभुजे ।
अल्पेऽल्पं महति प्राज्यं दुर्निमित्तैः फलं वदेत् ॥ २४ ॥
अश्वत्थोदुम्बरवट-प्लक्षाः पुनरकालतः ।
विप्रक्षत्रियविट्शूद्र-वर्णानां क्रमतो भिये ॥ २५ ॥

आदि में अग्नि का उपद्रव हो तो राजा को भय उत्पन्न होता है, और शस्त्र ज्वलायमान देखपड़े या स्वयं म्यान में से बाहर निकल पड़े तो संग्राम होता है ॥२०॥ जब लोगों में अन्याय दुराचार और धूर्तता अधिक देखपड़े और अकस्मात् सब रीति रिवाज विपरीत होजाय, तब देश का नाश होता है ॥२१॥ वर्षाकाल में इन्द्रधनुष दिन में सूर्य के संमुख देखपड़े तो दोष नहीं है, मगर वह रात्रि में देखपड़े तो अशुभ जानना, और बाकी के समय देखपड़े तो रंग के अनुसार शुभाशुभ जानना ॥२२॥ वह इन्द्र-धनुष सफेद, लाल, पीला और कृष्ण रंग के समान देखपड़े तब क्रम से ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य और शूद्र इन का विनाश होता है ॥२३॥ यदि अकाल में [बिना ऋतु] वृक्षों में फल फूल आजाय तो राज्य परिवर्तन होता है । दुष्ट निमित्त अल्प हो तो अल्प और अधिक हो तो अधिक फल कहना ॥२४॥ पीपल, गूलर, बरगद (बड़), प्लक्ष ये चार वृक्ष अकाल में फल फूल दें तो क्रमसे ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र, इन चार वर्णों को भय होता है ॥२५॥ वृक्ष के उपर वृक्ष, पत्र के उपर पत्र, फल के उपर फल और फूल के उपर फूल लगा हुआ देख

"Aho Shrutgyanam"

वृक्षे पत्रे फले पुष्पे वृक्षः पुष्पं फलं दलम् ।
जायते चेत् तदा लोके दुर्भिक्षादिमहाभयः ॥ २६ ॥
गोध्वनिर्निशि सर्वत्र कलिर्वा दर्दुरः शिखी ।
श्वेतकाकश्च गृध्रादिभ्रमणं देशनाशनम् ॥ २७ ॥
अपूज्यपूजा पूज्याना-मपूजा करिणीमदः ।
शृगालोऽह्नि लवन् रात्रौ तित्तिरश्च जगद्भिये ॥ २८ ॥
खरस्य रसतश्चापि समकालं यदा रसेत् ।
अन्यो वा नखरी जीवो दुर्भिक्षादिस्तदा भवेत् ॥ २९
मांसाशनं स्वजातेश्च विनौतून् भुजगांस्तिमीन् ।
काकादेरपि भक्षस्य गोपनं सस्यहानये ॥ ३० ॥
अन्यजातेरन्यजाते-र्भाषणं प्रसवः शिशोः ।
मैथुनं च खरीसूति-दर्शनं चापि भीप्रदम् ॥ ३१ ॥

पड़े तो जगत में बड़ा भय देनेवाले दुष्काल आदि उपद्रव होते हैं ॥२६॥ सब जगह रात्रि में गौओं का शब्द सुनने में आवे, जहाँ तहा कलह हो, शिखा वाले मेडक देखपड़े, सफेद कौवा कुत्ता और गीध पक्षी इन का घूमना अधिक देखपड़े तो देश का नाश होता है ॥२७॥ जहाँ पूजनीय पुरुषों की पूजा न हो, अपूजनीय पुरुषों की पूजा हो हथिणी के गंडस्थल-मेंसे मद झरने लगे, शियाल [गीदड़] दिन में शब्द करे और रात्रि में तीतरपक्षी बोले तो जगत् में भय उत्पन्न होता है ॥२८॥ जिस समय गदहा [गधा] रेंकता हो उस समय उसके साथ कोई भी नखवाला जीव भौंकने लगे तो दुष्काल आदि उपद्रव होते हैं ॥२९॥ बिल्ली, सर्प और मच्छी ये तीन जीवों को छोड़कर बाकी के जीव अपनी अपनी जाति के जीवों का मांस भक्षण करें, और कौवा आदि अपना भक्ष्य [खोराग] छुपा दे तो धान्य का नाश होता है ॥३०॥ अन्य जाति के जीव अन्य जति के जीवों के साथ भाषण या मैथुन करें, अन्यजाति

"Aho Shrutgyanam"

अन्तःपुरपुरानीक-कोशयानपुरोधसाम् ।
राजपुत्रप्रकृत्यादे-रपि रिष्टफलं भवेत् ॥ ३२ ॥
पक्षमासत्रुषण्मास-वर्षमध्ये न चेत् फलम् ।
रिष्टं तद् व्यर्थमेव स्यादुत्पन्ने शान्तिरिष्यते ॥ ३३ ॥
दौस्थ्ये भाविनि देशस्य निमित्तं शकुनाः सुराः ।
देव्यो ज्योतिषमन्त्रादिः सर्वं व्यभिचरेच्छुभम् ॥ ३४ ॥
प्रवासयन्ति प्रथमं स्वदेवान् परदेवताः ।
दर्शयन्ति निमित्तानि भङ्गे भाविनि नान्यथा ॥ ३५ ॥
एवमुत्पातसंयोगान् ज्ञात्वा शास्त्रान्तरादपि ।
वर्षे शुभाशुभं देशे ज्ञेयं सूरिपाठकैः ॥ ३६ ॥
सुगमाज्ञापकं सूत्रं स्थानाङ्गे वीरभाषितम ।
तदुत्पातपरिज्ञानात् सुज्ञानं सुधिया स्वयम् ॥ ३७ ॥

में अन्यजाति के बच्चे का प्रसव हो और गदही बच्चा प्रसवती देखपड़े तो भय उत्पन्न होता है ॥३१॥ अन्तःपुर, नगर, सेना, भंडार, वाहन, [हाथी, घोड़ा, पालखी आदि] राजगुरु, राजा, राजपुत्र, और मंत्री आदि को उत्पात का फल होता है ॥३२॥ एक पक्ष, एक मास, दो मास, छः मास या एक वर्ष इन में उत्पात का फल न मिले तो वह उत्पात व्यर्थ समझना । उत्पात होने पर शान्ति कराना अच्छा है ॥३३॥ जब देश की खराब दशा होने वाली होती है तब निमित्त, शकुन, देवता, देवी, ज्योतिष और मंत्र आदि शुभ हो तो भी विपरीत फल देते हैं ॥३४॥ जब भविष्य में देश आदि का नाश होने वाला हो तब ही दूसरे देवता अपने देश के देवता को निकाल देते हैं और दुष्ट उत्पात दिखलाते हैं । जब नाश न होने वाला हो तब ऐसे उत्पात नहीं होते हैं ॥३५॥ इसी तरह दूसरे शास्त्रों से भी उत्पात योगों को जानकर देश में वर्ष का शुभाशुभ ज्योतिषियों को जानना चाहिये ॥३६॥ स्थानांग सूत्र में सुगमाज्ञापक सूत्र

"Aho Shrutgyanam"

अनुगातं स्वभावेन देशे स्युर्जलयोनिकाः ।
बहवः पुद्गला जीवा महावृष्टिस्तदा भवेत् ॥ ३८ ॥
एवं च जाङ्गलेऽपि स्यु-र्भूयांसो जलयोनिकाः ।
शुभग्रहप्रसङ्गेन महावृष्टिविधायिनः ॥ ३९ ॥
अनूपेऽपि यदा क्रूर-ग्रहवेधो हि सम्भवेत् ।
तदा जीवाः पुद्गलाश्च स्वल्पाः स्युर्जलयोनिकाः ॥ ४० ॥
अनावृष्टिस्तदादेश्याः स्वभावस्य विपर्ययात् ।
ततो यथोदितं वीक्ष्य सर्वदेशेषु वार्दलम् ॥ ४१ ॥

यदाह मेघमालाकारः—

मेषसंक्रान्तिकालात्तु नवस्वपि दिनेष्वथ ।
यत्राभ्र वातो विद्युद् वाप्यार्द्रादौ तत्र वर्षति ॥ ४२ ॥
यद्वात्र नवयामेषु वाताभ्रादिविनिर्णयः ।
यस्यां दिशि यत्र यामे दिग्भिख्यये तत्र वर्षति ॥ ४३ ॥

को श्री वीरजिन ने कहा है कि उन उत्पात को जानने से बुद्धिमान् स्वयं अच्छे ज्ञान को प्राप्त कर सकते हैं ॥३७॥

जब देश में बहुत से जलयोनि के पौद्गलिक जीव स्वभाव से ही उत्पन्न होते हैं, तब बड़ी वर्षा होती है, उसको उत्पात नहीं कहना चाहिये ॥३८॥ इसी तरह जांगल देश में भी बहुत से जलयोनि के जीव हैं वे शुभग्रह के प्रसंग से बड़ी वर्षा करने वाले हैं । ॥३९॥ जलमय प्रदेश में भी जब क्रूरग्रह का वेध हो तब जलयोनि के जीव और पुद्गल थोड़े होते हैं ॥४०॥ स्वभाव में जब कुछ फेरफार देख पड़े तब अनावृष्टि कहना, इसलिये सब देश में बद्दल को देखकर भी यथायोग्य कहना ॥४१॥ मेषसंक्रांति के समय से नव दिनमें जब बद्दल, वायु और विजली हो तब क्रमसे आर्द्रादि नव नक्षत्रों में वर्षा होती है ॥४२॥ वैसे नव प्रहर में भी वायु-बद्दल आदि का निर्णय करना,

"Aho Shrutgyanam"

किंवा नवसु यामेषु वाताभ्रादिशुभं भवेत् ।
यस्यां दिशि च सम्पूर्णं तद्देशे विपुलं जलम् ॥ ४४ ॥

लौकिकमपि—

आर्द्रा थका नक्षत्र नव, जो वरसे मेह अनंत ।
भड्डली सुणे भरडो भणे, रहिजे होइ निचिंत ॥ ४५ ॥
जिण दिसि आभो अधिक हुई, सा दिसि साची जाण ।
सा धण धान्न रसाउली, भड्डली भली वखाण ॥ ४६ ॥

अथ पद्मिनीचक्रं कूर्मचक्रं वा—

अथ तस्मात् प्रवक्ष्यामि ग्रहयोः क्रूरसौम्ययोः ।
वेधज्ञानाय देशानां चक्रं पद्माह्वयं यथा ॥ ४७ ॥
अष्टपत्रं लिखेच्चक्रं पद्माकारं मनोहरम् ।
कर्णिका नवमीमध्ये तत्र देशांश्च विन्यस्येत् ॥ ४८ ॥
कृत्तिकादीनि भानीह त्रीणि त्रीणि यथाक्रमम् ।
संस्थाप्य वीक्ष्यते चक्रं तत्कूर्मापरनामकम् ॥ ४९ ॥
यत्र ऋक्षे स्थितः सौरि-स्तद्दिशो देशमण्डले ।
दुर्भिक्षं यदि वा युद्धं व्याधिदुःखं प्रजायते ॥ ५० ॥

जिस दिशा में और जिस प्रहर में हो, उस दिशा और उसी ही नक्षत्र में वर्षा होती है ॥४३॥ यदि नव प्रहर में वायु-बद्दल आदि होतो अच्छा है जिस दिशा में संपूर्ण हो उस देश में बहुत वर्षा होती है ॥४४॥ लोक भाषा में विशेष कहा है कि आर्द्रा से नव नक्षत्रों में वर्षा होतो निश्चित रहना ऐसा ब्राह्मण कहता है और भडली सुनती है ॥४५॥ जिस दिशा में बादल अधिक हो वह दिशा सची जानना, वह धन धान्य से पूर्ण करें।४६।

देशों में शुभाशुभ ग्रहों का वेध जानने के लिये पद्म नामके चक्र को मैं कहता हूं, जैसे—मनोहर आठ पांखडी वाला कमल का आकार सदृश चक्र बनाकर इसमें देशों के नाम और कृत्तिकादि तीन२ नक्षत्र अनुक्रम

"Aho Shrutgyanam"

पद्मिनीचक्रस्थापना यथा—

अथ शनिदृष्टिचक्रम्—

मेषादित्रितये प्राच्यामपाच्यां कर्कटत्रये ।
तुलात्रये पश्चिमायामुदीच्यां मकरत्रये ॥ ५१ ॥
शनैश्चरः क्रमात् पश्यन् तत्तद्देशान् प्रपीडयेत् ।
दुर्भिक्षदेशभङ्गाद्यै-र्विग्रहो राजविड्वरैः ॥ ५२ ॥

अथ सर्वतोभद्रचक्रे दिग्विचारः—

याम्यां भगाग्निदैवत्ये पुष्यं पैत्र्यं द्विदैवतम् ।
पूर्वभाद्रपदं याम्यं मासानष्टौ प्रपीडयेत ॥५३॥
ब्राह्मैन्द्रराधाश्रवणो-त्तराषाढाश्च वासवम् ।
पूर्वस्यां सप्तदिवसान् यावच्छुभकरं भवेत् ॥५४॥
मृगादित्याश्विनीहस्तास्वाष्ट्रमुत्तरफाल्गुनी ।
उत्तरस्यां च पीडाकृद् यावन्मासद्वयं भवेत् ॥५५॥

से लिख कर चक्र को देखना चाहिये । इस पद्म नाम के चक्र को कूर्मचक्र भी कहते हैं । जिस नक्षत्र पर शनिश्चर रहा हो उसी दिशा के देशमंडल में दुष्काल, युद्ध, रोग, और दुःख आदि उपद्रव होते हैं ॥४७ से ५०॥

मेष वृष और मिथुन राशिका शनिश्चर पूर्वदिशा को, कर्क सिंह और कन्या राशि का दक्षिणदिशा को, तुला वृश्चिक और धन राशि का पश्चिमदिशा को, मकर कुम्भ और मीन राशिका उत्तरदिशा को देखता है । तो उन उन दिशा के देशों में दुष्काल देशभंग विग्रह और परचक्र आदि उपद्रवों से दुःखी करता है ॥५१॥५२॥

दक्षिणदिशा में पूर्वाफाल्गुनी, कृत्तिका, पुष्य, मघा, विशाखा, पूर्वाभाद्रपदा और भरणी ये नक्षत्र आठ मास दुःख कारक हैं । पूर्वदिशा में रोहिणी, ज्येष्ठा, अनुराधा, श्रवण, उत्तराषाढा और धनिष्ठा ये सात दिन शुभ कारक हैं । उत्तरदिशा में मृगशीर्ष, पुनर्वसु,

"Aho Shrutgyanam"

आर्द्राश्लेषामूलपौष्णा-वारुणोत्तरभाद्रपात् ।
मासं यावत् पश्चिमायां शुभाय कथितं बुधैः ॥५६॥
चक्रे श्रीसर्वतोभद्रे शुभवेधे शुभं मतम् ।
क्रूरवेधे भवेत् पीडा तत्तद्देशेषु निश्चयात् ॥५७॥

अथ कर्पूरचक्रेण देशान्तरेषु वर्षे शुभाशुभज्ञानं यथा तत्र प्रथमं चक्रन्यासप्रकार:—

गाथा—पणमिय पयारविंदं, तिलुक्कनाहस्स जगपरिवुढस्स ।
वुच्छामि लोगविजयं, जंतं जंतूण सिद्धिकए ॥५८॥
सिरिरिसहेसरसामिय, पारणप्पगारब्भ (?) गणिय धुवं ।
दस उयरेहिं ठवियं, जं तं देवाण सारमिणं ॥५९॥
नवकोणए सुद्धं, इगसय पणयाल १४५ अंक गणियव्वं ।
इक्किक होई वुड्ढी, तिपन्नसयं वियाणाहि ॥६०॥

अश्विनी हस्त चित्रा और उत्तराफाल्गुनी ये दो मास दु:ख कारक हैं । पश्चिमदिशा में आर्द्रा, आश्लेषा, मूल, रेवती, शतभिषा और उत्तराभाद्रपदा ये एक मास शुभकारक हैं । इस सर्वतोभद्रचक्र में जिस देश में शुभग्रह का वेध हो तो शुभ और क्रूरग्रह का वेध होतो दु:ख निश्चय कर के होता है ॥५३ से ५७॥

त्रिलोक के नाथ और जगत् के स्वामी के चरणकमल को नमस्कार करके प्राणीमात्र की सिद्धि के लिये लोकविजय को कहता हूं ॥ ५८ ॥ श्री ऋषभदेवस्वामी का पारणा के दिन याने अक्षय तृतीया को बादल का निश्चय करें । [जो देवों के साररूप दश अंक हैं वे बिच में रखें] ॥५९॥ नवकोण वाला चक्र बनाकर बीच में १४५ अंक लिखें, पीछे उसमें एक एक अंक १५३ तक बढ़ाकर उत्तर ईशान पूर्व इत्यादि क्रम से आठों ही दिशा में लिखें ॥६०॥ देश के ध्रुवांक, दिशा के ध्रुवांक और अश्विन्यादि से जिस नक्षत्र पर शनि हो उतना अंक, ये तीनों मिला

"Aho Shrutgyanam"

निहिभत्ते जं सेसं, तमंकसारेण गणिय जो देसी ।
संवच्छररायाओ, आरम्भं दसाक्कमे भणिया ॥६१॥
जो जंको जं देसे, बोधव्वो देसगामनगरस्स ।
आइच्चाइगहाणं, फलं च पभणंति गीयत्था ॥६२॥
जं जम्मि देसनयरे, गामे ठाणे वि नत्थि मूल धुवो ।
तं नामेण य रिक्खं, रुद्दकं करिय तम्मिस्सं ॥६३॥
निहिभत्ते जं सेसं, धुवगणियं देसनयरगामाणं ।
मूलदसाक्कमगणियं, दुवुत्तकम्मं वियाणाहि ॥६४॥
मेहवुट्ठी अणवुट्ठी, सपरचक्कं च रोगभयं ।
अन्नसुपत्ती नासो, रायाकट्ठं चमूद्दवं च ॥६५॥
संवच्छररायाओ, गणियव्वं देसी [स ?] कमेण फलं ।
आइच्चाइग्गहाणं, सुहासुहं जाणए कुसले ॥६६॥

कर नवका भाग देना, जो शेष बचे वह वर्त्तमान संवत्सर के राजा से विंशोत्तरी दशा क्रम से गिनकर फल कहना ॥६१॥ जो जो अंक जिस जिस देश में हैं वे देश गांव नगर के अंक जानना। इनसे विद्वानों ने रवि आदि ग्रहों का फल कहा है ॥६२॥ जो जो देश नगर गांव या स्थान का मूल ध्रुवांक न हो तो उनके दिशा के १४५ आदि मूल अंक, वर्ष के राजा का विशोत्तरी दशा का मूलवर्षांक, शनि जिस नक्षत्र पर हो उस नक्षत्र से गांव के नक्षत्र तक के अंक और दिशा के अंक ये सब इकठे कर ग्यारह से गुणा करना, पीछे उसमें नवका भाग देना, शेष रहे उस ग्रह के अनुसार देश नगर गांव का मूल दशाक्रम से फल कहना ॥६३, ६४॥ मेघवृष्टि, अनावृष्टि, स्वचक्र और परचक्र का भय, रोगभय, अन्नाज की उत्पत्ति तथा विनाश, राजकष्ट, सेना में उपद्रव ये सब संवत्सर के राजा से देशक्रम से सूर्य आदि ग्रहों का शुभाशुभ फल को कुशल पुरुष जानें ॥ ६५, ६६ ॥

"Aho Shrutgyanam"

आइचे आरोगी लोयाणं हवइ समप्पत्ती ।
रायासुतेअसुओ अ सविंतीयं किंचिवि भयं ॥६७॥
चंदेहि नरवराणं आरुग्गा सुहं च धणवुड्ढी ।
थोवजला अन्ननिप्पत्ती अमियरसो होइ पुढवीए ॥६८॥
दुभिक्खं रायदुक्खं हयहाणपजीवणा महाघोरा ।
जुज्झंति रायपुरिसा भूमे अरिभयं गणियं ॥६९॥
रहू रिद्धिविणासो ठाणभंसं च रायपज्जाणं ।
महदुक्ख पुरेहि भंगो नयरदेसस्स संहारो ॥७०॥
बहुदुद्धा गोमहिसी सस्सनिप्पत्ती च बहुमेहा ।
रायसुहं नत्थि भयं उत्तमत्रणिग्घासु जीवेण ॥७१॥
मंदे नरवरमरणं उवद्दवं सयलजोयमज्झम्मि ।
दिय दूसगाय लोया घरि घरि भमंति कुलवहूआ ॥७२॥
बालत्थीसिसुमरणं धणनासं च रोगसंभवो ।
ठाणे ठाणे रायाणं संहारं च बुहे नर ॥७३॥

सूर्यफल—लोक सुखी, धान्य की समान प्राप्ति, राजाओं में पराक्रमता और ब्राह्मणों को कुछ भय हो ॥ ६७ ॥ चन्द्रफल—राजा प्रजा सुखी और आरोग्य हो, धन की वृद्धि हो, जल थोड़ा, अनाज की प्राप्ति और पृथ्वी अमृत रसवाली हो ॥६८॥ मंगलफल—दुर्भिक्ष, राजा को कष्ट, हाथी घोड़ा का विनाशकारक बड़ा भयंकर राजपुरुषों का युद्ध हो, और शत्रु का भय हो ॥६९॥ राहुफल—ऋद्धि का विनाश, राजा प्रजा के स्थान का विनाश और उसको महादुःख, पुर का भंग और देश नगर का विनाश हो ॥७०॥ गुरुफल—गौ भैंस बहुत दूध दें, धान्य की उत्पत्ति हो, वर्षा बहुत हो, राजाओं को सुख हो और भय न हो ॥७१॥ शनिफल—राजा का मरण, सारा लोक में उपद्रव, लोकों में दुषण तथा घर घर कुलवधूएँ भटकती फिरे ॥७२॥ बुधफल—बालक स्त्री का मरण, धन का

"Aho Shrutgyanam"

रायाण ठाणभंसो पयासुहं च बहुघणावुट्ठी ।
संवच्छरपत्थाओ वासापुन्नो हवइ देसो ॥७४॥
सुक्के मिच्छाण जसं बहुवस्सा मेहसंकलियं ।
उत्तम जाई पीडा धणधन्न समाउला पुहवी ॥७५॥
पुनः—पुव्वाइ दिसा चउरो जाया विचरंति चउसु विदिसासु ।
अंगारयनमसणिया सा परचक्कं भयं घोरा ॥७६॥
कूरा कुणंति दुक्खं सेसा सव्वे सुहंकरा नेया ।
संमुह दाहिणवामा दिट्ठीए सुहयरा हुंति ॥७७॥
सूरो वि हरइ तेयं संमुहा हवइ रायलोयाणं ।
सोमो करइ सामं भोमो अग्गी अइसारो ॥७८॥
बुद्धिकरो वुड्ढिकरो बहुअ लोयाण बहुय केकहरो ।
कोसं कोट्ठागारं पूरेई सुरगुरू उड्ढो ॥७९॥

नाश, रोग का संभव और स्थान स्थान पर राजाओं का संहार हो ॥७३॥ केतुफल——राजाओं का स्थान भ्रष्ट हो, प्रजा सुखी, बहुत मेघवर्षा, और देश संवत्सर तक वर्षा से पूर्ण हो ॥७४॥ शुक्रफल——म्लेच्छों का यशः हो, मेघों से आच्छादित बहुत वर्षा हो, उत्तम जन को पीड़ा और धन धान्य से समाकुल (पूर्ण) पृथ्वी हो ॥ ७५॥ फिर भी—— पूर्वादि चार दिशा और चार विदिशा में जो ग्रह विचरते हैं, उनमें मंगल राहु और शनि ये क्रूरग्रह परचक्र का भयकारक हैं ॥७६॥ क्रूरग्रह दुःख कारक हैं तथा बाकी के सब ग्रह सुखकारक हैं, और ये संमुख दक्षिण और बाँयी दृष्टि से सुखदायक हैं ॥७७॥ सूर्य संमुख हो तो राजलोगों के तेज का नाश करता है । चंद्रमा--शांतिदायक है । मंगल—अग्नि और रोग करता है ॥७८॥ बुध—बहुत वर्षाकारक, तथा केकयदेश के लोगों का बहुत विनाश कारक है । गुरु—खजाना और कोठार को समस्त प्रकार से पूर्ण करें ॥७९॥ शुक्र——राजा प्रजा की वृद्धि याने उन्नतिकारक और

"Aho Shrutgyanam"

सुक्को रायपयाणं वुड्ढिकरो जणियजणमाणंदो ।
मंदो नरवइकट्ठं दुब्भिक्खभयंकरो घोरो ॥ ८० ॥
राहू खप्पर रज्ज धूव विणासेइ उत्तमवहूणं ।
दुप्पयपसुसंहारो अइअरित्तनासकरो केऊ ॥ ८१ ॥
अक्कजराहू मिलिया कत्तरिजोगेण एगए ससिट्ठिया ।
जं जं नक्खत्तं वेधइ तत्थेव करोय (करेइ) संहारं ॥ ८२ ॥
अंगारो अग्गिकरो अन्नविसलाखे जंतुपिट्ठिचरो ।
तत्थ विदिसाविभागो दुक्खं वणियाणं निवमरणं ॥ ८३ ॥
तिहिआविमी सियपक्खे भद्दवयपोसमाहमासाणं ।
निवमरणं दुब्भिक्खं विहिकुलहाणं च मासेसु ॥ ८४ ॥
मासक्खओ पुन्निमहीणा तुल्लिआ अहिआ अहियत्तरी ।
दुब्भिक्खं होइ महग्घं समग्घं होइ सुब्भिक्खं ॥ ८५ ॥

मनुष्यों को आनंददायक है। शनि—राजा को कष्ट और भयंकर दुर्भिक्षकारक है ॥ ८० ॥ राहु-खप्पर राज्य का और उत्तम वधूओं का विनाशकारक है। केतु—मनुष्य और पशुओं का विनाशकारक है ॥ ८१ ॥ कर्त्तरीयोग-से शनि राहु मिल जाय और साथ चंद्रमा होकर जो जो नक्षत्र को वेधे उनका नाश करें ॥ ८२ ॥ मंगल अग्निकारक है, रवि अन्ननाशक है, इसी तरह विदिशा विभाग में व्यापारी को दुःख और राजा का मरण हो ॥ ८३ ॥ भाद्रपद पौष और माघ महीने के शुक्लपक्ष की तिथि का क्षय हो तो राजा का मरण, दुर्भिक्ष, विधिकुल (ब्रह्मकुल) की हानी हो ॥८४ ॥ क्षयमास हो या पूर्णिमा का क्षय हो तो दुर्भिक्ष हो, पूर्णिमा समान हो तो समान भाव और अधिक या विशेष अधिक हो तो सुभिक्ष होता है । ८५ ॥

"Aho Shrutgyanam"

पुनः प्रकारान्तरेण कर्पूरचक्रस्य द्वितीयपाठः—

दिशश्चतस्रो विदिशश्चक्रे न्यस्य तदन्तरे ।
पुरी उज्जयिनी स्थाप्या मालवस्था पुरातनी ॥ ८६ ॥
भूमध्यरेखाविश्रान्ता लङ्कातो मेरुगामिनी ।
तेन श्रीऋषभेणेयं पुरीमध्ये निवेशिता ॥ ८७ ॥
अन्येद्युरस्या भूपेन विक्रमार्केण चिन्तितम् ।
ज्ञायते सुखदुःखानि कथञ्चित् पार्श्ववासिनाम् ॥ ८८ ।
परं न दूरदेशानां सुखदुःखादि वेद्यते ।
अत्रान्तरे मनोऽभिज्ञः कर्पूरः प्राह भूपतिम् ॥ ८९ ॥
कर्पूरचक्रं मम वर्त्तते पुरा, तस्य प्रमाणेन समस्तभूतले ।
ज्ञेयानि वाताम्बुदराजविग्रह-प्रजासुखावृष्टिभयाभयानि च॥९०।
विक्रम उवाच–किं तच्चक्रं कृतं केन कथं तस्मान्निवेद्यते ।
सुखदुःखे अवृष्टिर्वा वृष्टिर्लोके शुभाशुभम् ॥ ९१ ॥

चक्र में चार दिशा और चार विदिशा रखकर बीच में मालवा देश में आई हुई प्राचीन उज्जयिनी नगरी को स्थापन करना ॥८६॥ वह नगरी लंकासे मेरु तक गई हुई भूमध्यरेखा के प्रदेश में है, तथा श्रीऋषभदेव का निवास (मंदिर) से युक्त है ॥ ८७ ॥ एक दिन विक्रमादित्य राजा ने विचार किया कि समीप रहे हुए देशों का शुभाशुभ सुख दुःख कुछ जान सकते हैं ॥ ८८ ॥ परंतु दूर रहे हुए देशों का सुख दुःख नहीं जान सकते, इस अवसर पर मन के अभिप्राय को जाननेवाला कर्पूर नाम का दैवज्ञ राजा को कहने लगा ॥ ८९ ॥ कि मेरे पास कर्पूर चक्र है, उसके प्रमाण से समस्त भूतल पर वायु, वर्षा, राजविग्रह, प्रजाओं का सुख दुःख, अवृष्टि, भय और निर्भय इत्यादि सब जान सकते हैं ॥ ९० ॥ राजा बोला— वह चक्र क्या है ? किसने बनाया ? और उससे जगत में सुख दुःख, अवृष्टि, वृष्टि, और सब शुभाशुभ कैसे जाने जाते हैं ? ॥ ९१ ॥

"Aho Shrutgyanam"

कर्पूर उवाच—एतच्चक्रं नृपश्रेष्ठ ! गर्गाचार्येण भाषितम् ।
सर्वज्ञशासनादेशाद् ज्ञानं यन्त्रे प्रकाशितम् ॥ ९२ ॥
पुरग्रामाकरस्था वा नदीपर्वतवासिनः ।
तेषां शुभाशुभं सर्वं ग्रहयोगेन बुध्यते ॥ ९३ ॥
अवन्त्यादौ मण्डलान्ते योजनानां शतद्वये ।
लोके दुःखं सुखं सर्वं ज्ञायते चक्रचिन्तनात् ॥ ९४ ॥
अवन्तीतः समारभ्य सृष्टिमार्गे निरूपयेत् ।
अङ्कानां च लिपिर्लेख्या नवभिर्भाज्यतेऽथ सा ॥ ९५ ॥
शेषाङ्के वर्षराजाङ्कं योजयित्वा दशाक्रमात् ।
शुभाशुभं च विज्ञेयं ग्रहवासेन मण्डले ॥ ९६ ॥
कश्चित्तु तद्दिशास्त्वङ्के योज्यते ग्रामतो ध्रुवः ।
संमील्य शनिनक्षत्रं नवभिर्भागमाहरेत् ॥ ९७ ॥
शेषाङ्कसंख्यया वर्ष-राजतो गणने कृते ।
विंशोत्तरीदशारीत्या ग्रहाणां फलमूचिरे ॥ ९८ ॥

कर्पूर बोला—हे नृपश्रेष्ठ ! यह चक्र गर्गाचार्य ने कहा, इसने सर्वज्ञ प्रणीत आगमों का ज्ञान इस यन्त्र द्वारा प्रकाशित किया ॥ ९२ ॥ पुर गांव किला नदी पर्वत आदि स्थानों में रहने वालों का शुभाशुभ सब ग्रह योग से इस चक्र द्वारा जाना जाता है ॥ ९३ ॥ इस चक्र को जानने से उज्जयिनी से चारों तरफ के देशों में दो सौ योजन तक सुख दुःख सब जान सकते हैं ॥ ९४ ॥ उज्जयिनी से प्रारम्भ कर सृष्टिमार्ग द्वारा निरूपण किए हुए १४५ आदि अंकों की लिपि लिखना, उसमें नव का भाग देना ॥ ९५ ॥ शेष बचे उसमें वर्ष के राजा का अंक जोड़ कर विंशोतरी दशाक्रमसे ग्रहों का देशों में शुभाशुभ फल जानना ॥ ९६ ॥ कोई इस तरह भी कहते हैं — उस दिशा के अंक में गाँव का ध्रुवांक मिलाकर, फिर उसमें शनि नक्षत्र को मिला दें और पीछे उसमें नव का भाग दें ॥ ९७ ॥

"Aho Shrutgyanam"

यत्र ग्रामे ध्रुवो न स्यात् संदिग्धो वा लिपेर्वशात् ।
तस्य ग्रामस्य नक्षत्रे दिशोङ्कान् मीलयेद् बुधः ॥९९॥
ततो रुद्राङ्कयोगेन क्रियतेऽथ नवो ध्रुवः ।
प्राग्वत् सर्वं ततःकृत्वा ग्रहाणां फलमिष्यते ॥१००॥
रवौ गावो बहुक्षीरा बहुवर्षाः प्रजासुखम् ।
निधानं भूपतेः सौख्यं ब्राह्मणानां महाबलम् ॥१०१॥
सोमवासे प्रजासौख्यं बहुपुण्यं धनागमः ।
राजाऽऽरोग्यं तृणोत्पत्तिः स्वल्पमेघाः सुखी जनः ॥१०२॥
भौमवासे च दुर्भिक्षं राज्ञः कष्टं महद्भयम् ।
वह्निभीतिः प्रजापीड़ा सस्यनाशो न संशयः ॥१०३॥
बुधवासेऽनलव्यासिर्बालरोगस्य सम्भवः ।
राज्ञो दुःखं पुरे भङ्ग उपद्रवपरम्परा ॥१०४॥

जो शेष बचे इससे वर्त्तमान राजा से गीन कर विंशोत्तरी दशाक्रम से ग्रहों का फल कहैं ॥९८॥ जिस गांव का ध्रुवांक न हो या लिपिवश से अशुद्ध (शंकाशील) हो तो उस गाँव का नक्षत्रांक में उसी दिशा के अंक मिलाना ॥९९॥ पीछे रुद्रांकयोग से याने पहिले (गाथा-९३-९४) की तरह करके नवीन ध्रुवांक बनाना, इससे ग्रहों का फल कहना ॥१००॥ रविफल—गौ बहुत दूध दें, बहुत वर्षा, प्रजा सुखी, राजा का मरण और ब्राह्मणों को बहुत सुख हो ॥१०१॥ चन्द्रफल—प्रजा सुखी, बहुत आनन्द, धन की प्राप्ति, राजा आरोग्य, तृण की उत्पत्ति, वर्षा थोड़ी और मनुष्य सुखी हो ॥१०२॥ मंगलफल—दुर्भिक्ष, राजा को कष्ट, बड़ा भय, अग्नि का भय, प्रजा को पीडा, और धान्य का विनाश हो ॥१०३॥ बुधफल—अग्नि का उपद्रव, बालकों को रोग की उत्पत्ति, राजा को दुःख, पुर का भंग और बहुत उपद्रव हो ॥१०४॥ गुरुफल—गौ बहुत दूध दें, वर्षा अच्छी हो, राजा और प्रजाको सुख और बहुत

"Aho Shrutgyanam"

जीववासे बहुक्षीरा धेनवो मेघसम्भवः ।
प्रजानां भूपतेः सौख्यं सस्योत्पत्तिस्तु भूयसी ॥ १०५ ॥
शुक्रवासे सुखी राजा धर्मी लोको धनागमः ।
प्रजारोग्यं महालाभः पुत्रोत्पत्तिर्जयो नृणाम् ॥ १०६ ॥
सौरिवासे नृपध्वंस उपलिङ्गाज्जनक्षयः ।
दुर्भिक्षं सभया विप्रा धर्महानिः कुतः सुखम् ॥ १०७ ॥
राहुवासे प्रजापीडा भूपयुद्धं महाभयम् ।
वह्निचौरभयं दुःखं राज्ञां मृत्युः प्रजायते ॥ १०८ ॥
केतुवासे सर्वनाशः स्थानभ्रष्टा जनाः किल ।
गृहे गृहे महद्वैरं देशभङ्गः क्रमाद् भवेत् ॥ १०९ ॥
चतुर्दिक्षु स्थिताः खेटास्तत्र ज्ञेयं शुभाशुभम् ।
पूर्वादिक्रमतो ज्ञेया वर्षराजादयः किल ॥ ११० ॥
सौरिर्भौमस्तथा राहुर्बुधः केतुश्च यद्दिशि ।
तत्र भङ्गो भवेद्धानिः सौम्येषु सुखसम्पदः ॥ १११ ॥

धान्य प्राप्ति हो ॥ १०५ ॥ शुक्रफल — राजा सुखी, लोक धर्मी, धन प्राप्ति, प्रजा आरोग्य, महान् लाभ, पुत्रोत्पत्ति अधिक, और राजाओं का जय हो ॥ १०६ ॥ शनिफल — राजा का विनाश, पाखंडियों से मनुष्यों का विनाश, दुर्भिक्ष, ब्राह्मणों को भय, धर्म की हानि होनेसे सुख भी नहीं ॥ १०७ ॥ राहुफल — प्रजा को पीडा, राजा का युद्ध, महान भय, अग्नि और चोरका भय, दुःख और राजाओं का मरण हो ॥ १०८ ॥ केतुफल — समस्त विनाश, लोग स्थान भ्रष्ट, घर घर अधिक क्लेश और क्रमसे देशभंग हो ॥ १०९ ॥ पूर्वादिक्रमसे चारों ही दिशा में रहे हुए वर्ष के राजा के जो रवि आदि ग्रह हैं, उनसे शुभाशुभ जानना ॥ ११० ॥ शनि मंगल राहु बुध और केतु जिस दिशा में हो वहां हानि हो, और सौम्यग्रह हो तो सुख संपति हो ॥ १११ ॥ संमुख दक्षिण पीछाड़ी और बाँयी तरफ रहे हुए ग्रहों के पृथक् २

"Aho Shrutgyanam"

सम्मुखे दक्षिणे पृष्ठे वामपार्श्वे यदा ग्रहाः ।
तदा तदा पृथग् भावो ज्ञातव्यश्च मनीषिभिः ॥११२॥
सम्मुखे च रवौ हानिः सोमे राज्ञां सुखं भवेत्।
भौमे भूपस्य लोकानां वह्निजातं भयं भवेत् ॥११३॥
बुधे धर्मरतो राजा प्रजादुःखं महाभयम् ।
गुरुणा वर्द्धते कोशः प्रजाः सर्वान्नपूरिताः ॥११४॥
शुक्रे भूपप्रजावृद्धिर्द्विजलोकः सुखी भवेत् ।
शनौ चतुष्पदे पीडा प्रजा दुर्भिक्षपीडिता ॥११५॥
राहौ च म्रियते राजा प्रजा च क्रमपीडिता ।
केतौ शरीरदुःखं च प्रजा देशात् प्रवासिता ॥११६॥ इति ॥

अथ भृगुसुतोदयतो देशेषु वर्षज्ञानं यथा—

भृगुसुतः कुरुतेऽभ्युदयं यदा, सुरगणर्क्षगतः खलु सिन्धुषु ।
सकलगुर्जरकर्बटमण्डले, भवति सस्यविनाशमहारुजे ॥११७॥

भाव विद्वानों को जानना चाहिये ॥११२॥ संमुख रवि हो तो हानि, सोम हो तो राजा को सुख, मंगल हो तो राजा तथा प्रजा को अग्नि का भय हो ॥११३॥ बुध हो तो राजा धर्म में तत्पर हो और प्रजा को दुःख, तथा महान् भय हो । गुरु हो तो खजाना की वृद्धि हो और प्रजा समस्त अन्नसे पूर्ण हो ॥११४॥ शुक्र हो तो राजा और प्रजा की वृद्धि, तथा ब्राह्मण लोक सुखी हो, शनि हो तो पशुओं को पीडा और प्रजा दुर्भिक्ष से दुःखी हो ॥११५॥ राहु हो तो राजा का मरण, प्रजा दुःखी, केतु हो तो शरीर को दुःख और प्रजा अपने देश से प्रवास करे याने परदेश जाय ॥११६॥

यदि शुक्रका उदय देवगण[1] के नक्षत्रमें हो तो सिंधु गुजरात कर्बट देशोंमें खेती का नाश और महारोग हो ॥११७॥ जालन्धरमें दुर्भिक्ष

---

१ देवगण— अश्विनी, मृगशिर, रेवति, हस्त, पुष्य, पुनर्वसु, अनुराधा, श्रवण और स्वाति ।

"Aho Shrutgyanam"

जालन्धरेऽपि दुर्भिक्षं विग्रहो रणसम्भवः ।
मनुष्यगणभे शुक्रो-दये सौराष्ट्रविग्रहः ॥११८॥
कलिङ्गदेशे स्त्रीराज्ये मध्यमं वर्षमुच्यते ।
मरुस्थले च दुर्भिक्षं घृतधान्यमहर्घता ॥११९॥
स्वर्णं रूप्यं महर्घं स्यात् पीडा गोमहिषीव्रजे ।
कार्पासतूलसूत्रादेर्महर्घत्वं प्रजायते ॥१२०॥
नक्षत्रे राक्षसगणे शुक्रस्याभ्युदये सति ।
गुर्जरे पुद्गलभयं दुर्भिक्षं द्रव्यहीनता ॥१२१
पञ्चवर्णं पट्टसूत्रं मूल्येनापि च दुर्लभम् ।
श्रीफलं दुर्लभं मृत्युः श्रेष्ठपुंसश्च कस्यचित् ॥१२२॥
उत्पातश्चीनदेशे स्यात् सिन्धुदेशेऽतिविग्रहः ।
दिनत्रयमवाणिज्यं विग्रहो मालवादिके ॥१२३॥

विग्रह और लडाई हो । यदि शुक्र उदय [1]मनवगण के नक्षत्र में हो तो सौराष्ट्र देशमें विग्रह हो ॥११८॥ कलिंग देश और स्त्रीराज्यमें यह वर्ष मध्यम रहे, मारवाड देश में दुर्भिक्ष, घी और धान्य महँगे हो ॥११९॥ सोना चांदी की तेजी हो, गौ भैंस की जाती में पीड़ा हो, कपास रुई सूत आदि महँगे हों ॥१२०॥ यदि शुक्र का उदय [2]राक्षसगण के नक्षत्र में हो तो गुर्जर (गुजरात) देश में पुद्गल भय, दुर्भिक्ष और द्रव्यहीन हों ॥१२१॥ पंचवर्ण के पट्टसूत्र (रेशमी वस्त्र) मोल से भी मिले नहीं अर्थात् बहुत तेज हों, श्रीफल का अभाव हो और कोई श्रेष्ठ-उत्तम पुरुष की मृत्यु हो ॥१२२॥ चीन देश में उत्पात, सिन्धु देश में विग्रह, तीन दिन व्यापार बंद रहे और मालवा आदि देशमें विग्रह हो ॥१२३॥

---

१ मानवगण नक्षत्र—तीनों पूर्वा, तीनों उत्तरा, रोहिणी आर्द्रा और भरणी ।

२ राक्षगण नक्षत्र—कृत्तिका, मघा, आश्लेषा, विशाखा, शतभिषा, चित्रा, ज्येष्ठा धनिष्ठा और मूल ।

"Aho Shrutgyanam"

शुक्रास्ततो देशेषु वर्षज्ञानं यथा---

सुरगणे भृगुजास्तगतिर्यदा, हबसगुर्जरमालवमण्डले ।
भवति देशभयं नृपविग्रहः,प्रथमतोऽपि च धान्यमहर्घता॥१२४॥
पश्चात् समर्घता किञ्चिन्मासमेकं प्रवर्तते ।
खुरसाने महोत्पातो द्रव्यनाशोऽतिदण्डतः ॥ १२५ ॥
प्रबला जलवृष्टिश्च मासषट्कात् परं भवेत् ।
हेमरूप्यमहार्घत्वं निद्रालुः सकलो जनः ॥ १२६ ॥
मरुस्थलेषु दुर्भिक्षं दिल्ल्यां राजविवर्त्तनम् ।
गोपालगिरिदेशे स्यान्मरको नरकोपमः ॥ १२७ ॥
खर्परे हरमजेऽपि व्यापारः कोऽपि नो भवेत् ।
भृगुकच्छेऽथ चम्पायां धूलिपातश्च शून्यता ॥ १२८ ॥
रोगबाहुल्यमथवा परचक्रपराभवः ।
व्यापारे बहुला लक्ष्मीः सुभिक्षमुत्तरापथे ॥ १२९ ॥

यदि देवगण के नक्षत्र में शुक्र का अस्त हो तो हबशी गुर्जर मालवा इन देशों में भय और राजविग्रह हों प्रथम से धान्य महँगा हो ॥१२४॥ पीछे एक मास तक सस्ते विकें। खुरासान में उत्पात, द्रव्य का नाश और दंड बहुत हों ॥ १२५ ॥ छः मास पीछे बहुत जलवर्षा हो , सोना चांदी तेज हों और मनुष्यों में आलस्य अधिक हो ॥ १२६ ॥ मरुस्थल (मारवाड) देश में दुर्भिक्ष, दिल्ली में राज्यपरिवर्तन, गोपालगिरिदेश में महामारी(प्लेग)हो ॥१२७॥ खर्पर,हरमज देश में कोई व्यापार भी नहीं हो, भृगुकच्छ (भरूच) और चंपानगरी में धुल की वृष्टी और शून्यता हो ॥ १२८ ॥ उत्तर दिशा में बहुत रोग हो या शत्रु का पराभव हो, व्यापार में बहुत लक्ष्मी की प्राप्ति हो और सुभिक्ष सुकाल हो ॥ १२९ ॥

"Aho Shrutgyanam"

मनुष्यगणशुक्रास्ते वह्निभी रोमपत्तने ।
देशत्रासः कोङ्कणे च लाटे सिन्धौ तु शून्यता ॥१३०॥
दुर्भिक्षमुत्तरे देशे विग्रहो द्रविडाश्रये ।
गुर्जरे च सुभिक्षं स्याद्वनस्पतिफलोदयः ॥१३१॥
मासमेकं महर्घं स्यात् ततो धान्ये समर्घता ।
घृततैलान्ननिष्पत्तिः पट्टसूत्राणि सर्वतः ॥१३२॥
राजानः सुखिनः सर्वाः प्रजा रोगविवर्जिताः ।
सर्वत्र वसतिर्देशे दुर्गेष्वानन्दनन्दिताः ॥१३३॥
शुक्रास्ते राक्षसगणे हिन्दूदेशेषु विग्रहः ।
खर्प्परे राजयुद्धानि मिश्रदेशेऽन्नविग्रहः ॥१३४॥
मरुस्थले सिन्धुदेशे दुर्भिक्षं मध्यमं भवेत् ।
असिया उडभङ्गः स्याद् गुर्जरे मुद्गलाद् भयम् ॥१३५॥
यानपात्रविनाशोऽब्धौ फिरङ्गाणां च विग्रहः ।

यदि मनुष्यगण के नक्षत्र में शुक्रका अस्त होतो रोमदेश में अग्नि का भय हो, कोंकण देशमें भय, तथा लाट और सिंधु देशमें शून्यता हो ॥ १३० ॥ उत्तर देशमें दुर्भिक्ष, द्रविड देशमें विग्रह , गुर्जरदेशमें सुभिक्ष हो, और वनस्पतियों में फलफूल आवें ॥ १३१ ॥ एक महीना अनाज तेज रहें और पीछे समभाव रहें, घी, तेल, अन्न और पट्टसूत्र इन की विशेष उत्पत्ति हो ॥ १३२ ॥ सब राजा सुखी रहें, प्रजा रोग रहित हों, वसति (वास) देश और किला आदि सब जगह आनन्द रहें ॥ १३३ ॥

यदि शुक्र का अस्त राक्षसगण नक्षत्र में होतो हिन्दू देशमें विग्रह हो, खर्पर देशमें राजयुद्ध हो और मिश्रदेशमें अन्न की तंगी रहे ॥ १३४ ॥ मरुस्थल और सिंधुदेशमें सामान्य दुर्भिक्ष हो, असिया और उडदेश का भंग हो, गुर्जरदेशमें जंतु आदि के उपद्रव का भय हो ॥ १३५ ॥ समुद्र में जहाजों का विनाश और फिरंगियों का विग्रह हो, विराट, ढुंढ , पांचाल

"Aho Shrutgyanam"

विराटकुण्डपाञ्चालसौराष्ट्रेषु च रौरवम् ॥१३६॥
तथा राज्यपरावर्त्तो मालवेषु जनक्षयः ।
जीर्णदुर्गे भयं भङ्गः पत्तनेऽन्नमहर्घता ॥१३७॥
नव्यमुद्राप्रकाशः स्याद् दक्षिणे सुखसम्पदः ।
द्रव्यक्षेत्रकालभावा-भ्यासादेष विनिश्चयः ॥१३८॥
॥इति शुक्रास्तगणेन देशवर्षज्ञानम् ॥

अथ मण्डलविचारणया उत्पातेन देशेषु वर्षज्ञानम् । तत्र प्रथमाग्नेयमण्डलं यथा—

कृत्तिका भरणी पुष्यं द्विदैवं पूर्वफाल्गुनी ।
पूर्वाभाद्रपदं पैत्र्यं स्मृतमाग्नेयमण्डलम् ॥१३९॥
यद्यस्मिन् धूलिवर्षादेर्विकारः कोऽपि जायते ।
भूमिकम्पोऽशनेः पात उल्कापातोऽन्धकारिता ॥१४०॥
दर्शनं धूमकेतोश्च ग्रहणं चन्द्रसूर्ययोः ।
रक्तवृष्टिर्ज्वलद्वृष्टिरन्यद्वा किञ्चिदद्भुतम् ॥१४१॥
तदाग्निमण्डलात् प्राज्ञो जानीयाद् भावि लक्षणम् ।

और सौराष्ट्र इन देशों में महाकष्ट हों ॥ १३६ ॥ तथा मालवा देश में राज्य-परिवर्तन हो और मनुष्यों का विनाश हो। जीर्ण किले को टूटने का भय तथा पट्टन में अन्न महँगा हो ॥ १३७ ॥ नवीन सिक्का चले और दक्षिण में सुख संपदा हो। इसी तरह शुक्र का विचार द्रव्य क्षेत्र काल और भाव के अनुकूल करना चाहिये ॥ १३८ ॥

कृत्तिका भरणी पुष्य विशाखा पूर्वाफाल्गुनी पूर्वाभाद्रपद और मघा ये आग्नेयमण्डल के नक्षत्र हैं ॥ १३९ ॥ यदि इनमें धुलीवर्षादिका कोई विकार हो, भूमिकंप, वज्रपात, उल्कापात, अन्धकार ॥ १४० ॥ धूमकेतु का दर्शन, चन्द्र सूर्य का ग्रहण, रक्तवृष्टी अग्निवृष्टि अथवा कोई अद्भुत वार्ता हो ॥ १४१ ॥ तो इस अग्निमण्डल से बुद्धिमान् भावी होनहार को जानें—नेत्रों का रोग,

"Aho Shrutgyanam"

नेत्ररोगमतीसारं देशेऽग्निप्रबलोदयम् ॥१४२॥
गवां दुग्धघृताल्पत्वं द्रुमे पुष्पफलाल्पताम् ।
अर्थनाशं च चौरेभ्यः स्वल्पां वृष्टिं समादिशेत् ॥१४३॥
क्षुधया पीडिता लोका भिक्षाखर्प्परधारिणः ।
सैन्धवा यमुनातीर-घृताटंकोजबाल्हिकाः ॥१४४॥
जालन्धराश्च काश्मीराः समस्तश्चोत्तरापथः ।
एते देशा विनश्यन्ति तस्मिन्नुत्पातदर्शने ॥१४५॥

वायुमण्डलम्—

मृगादित्याश्विनीहस्ता-श्चित्रास्वातिसमन्विताः ।
उत्तराफाल्गुनी वायो-रिदं मण्डलमुच्यते ॥१४६॥
यद्येषु जायते किञ्चित् पूर्वोक्तोत्पातलक्षणम् ।
महावातास्तदा वान्ति महद्भयमुपस्थितम् ॥१४७॥
उन्नीता अपि पर्जन्या न मुञ्चन्ति तदा जलम् ।
विनाशो देवविप्राणां नृपाणां विन्ध्यवासिनाम् ॥१४८॥

अतीसार, देशमें अग्नि का विशेष लगना ॥ १४२ ॥ गायों के दूध घी की अल्पता, वृक्षों में फल फूल थोड़े, चोरों से अर्थ का नाश और थोड़ी वर्षा जाननी ॥ १४३ ॥ लोग क्षुधा से दुःखी होकर भिक्षा और खर्प्पर (खप्पड़) धारण करने वाले हों। सिंधुदेश, यमुनाके तट के देश, घृताटंकोज, बाल्हिक ॥ १४४ ॥ जालंधर, काश्मीर और समस्त उत्तर प्रदेश, इन देशों में यदि उत्पात देखने में आवे तो उनका विनाश होता है ॥ १४५ ॥

मृगशीर्ष पुनर्वसु अश्विनी हस्त चित्रा स्वाती और उत्तराफाल्गुनी ये वायु मण्डल के नक्षत्र हैं ॥ १४६ ॥ यदि इन नक्षत्रों में पूर्वोक्त कोई उत्पात हो तो महावायु चले, बड़ा भय उपस्थित हो ॥ १४७ ॥ उदय हुए भरे बादल भी जल न छोड़, देव ब्राह्मणों का विनाश हो, विन्ध्यवासी राजाओंमें कलह हो ॥ १४८ ॥ परकोट किला पर्वतों के शिखर और तोरण के स्थान की

"Aho Shrutgyanam"

प्राकारगिरिशृङ्गाणि तोरणस्थलभूमिकाः ।
वायुवेगविधूतानि वनानि निपतन्ति हि ॥१४९॥

वारुणमण्डलम्—

आर्द्राश्लेषोत्तराभाद्र-पदं पौष्णं च वारुणम् ।
पूर्वाषाढा मूलमेतद् वारुणं मण्डलं स्मृतम् ॥१५०॥
एषूत्पातोदये पूर्वं गदिते स्यात् प्रजासुखम् ।
बहुक्षीरघृता गावो बहुपुष्पफला द्रुमाः ॥१५१॥
बहुधान्या मही लोके नैरुज्यं बहु मङ्गलम् ।
धान्यानि च समर्घाणि सुभिक्षं प्रबलं भवेत् ॥१५२॥
कीटका मूषकाः सर्पाः शलभा मृगकुक्कुटाः ।
मारिः पिपीलिकाकाण्डं स्थलदेशे प्रजायते ॥१५३॥

माहेन्द्रमण्डलम्—

ज्येष्ठानुराधारोहिण्यो धनिष्ठा श्रवणास्तथा ।
अभिजिच्चोत्तराषाढा शुभं माहेन्द्रमण्डलम् ॥१५४॥
एषूत्पातोदये लोकाः सर्वे मुदितमानसाः ।

भूमि ये सब वायु वेग से भंग हो जाय और वन के वृक्ष गिर पड़ें ॥१४९॥

आर्द्रा आश्लेषा उत्तराभाद्रपद रेवती शतभिषा पूर्वाषाढा और मूल ये वारुणमण्डल के नक्षत्र हैं ॥ १५० ॥ यदि इनमें पूर्वोक्त कोई उत्पात हो तो प्रजा को सुख हो, गायों में दूध बहुत हों, वृक्षों में फलफूल बहुत हों ॥ १५१ ॥ पृथ्वी पर बहुत धान्य उत्पन्न हों, निरोगता और मंगल हों, धान्य सस्ते और सर्वत्र सुभिक्ष हो ॥ १५२ ॥ कीड़े मूसें सर्प शलभ मृग कुक्कुट मारी (प्लेग) और चींटी ये स्थल प्रदेश में अधिक हो ॥ १५३ ॥

ज्येष्ठा अनुराधा रोहिणी धनिष्ठा श्रवण अभिजित् और उत्तराषाढा ये माहेन्द्रमण्डल के नक्षत्र हैं ॥ १५४ ॥ इनमें पूर्वोक्त कोई उत्पात हो

"Aho Shrutgyanam"

सन्धिं कुर्वन्ति भूमीशाः सुभिक्षं मङ्गलोदयः ॥ १५५ ॥

कस्मिन् समये मण्डलानि फलदायकानि ?—

उल्कापातादय. सर्वेऽमीषु स्वस्वफलप्रदाः ।
वर्षाकालं विना ज्ञेया वर्षाकाले तु वृष्टिदाः ॥ १५६ ॥
माहेन्द्रं सप्तरात्रेण सद्यो वारुणमण्डलम् ।
आग्नेयमर्धमासेन फलं मासेन वायवम् ॥ १५७ ॥
सुभिक्षं क्षेममारोग्यं राज्ञां सन्धिः परस्परम् ।
अन्त्यमण्डलयोर्ज्ञेयं तद्विपर्ययमाद्ययोः ॥ १५८ ॥
माहेन्द्रे वारुणे चैव हृष्टा भवन्ति धेनवः ।
उत्पाताः प्रलयं यान्ति धरणी वर्द्धते शिवैः ॥ १५९ ॥

अर्घकाण्डे तु—

त्रिमासिकं तु चाग्नेयं वायव्यं च द्विमासिकम् ।

तो सब लोग आनन्दसे रहें, राजा परस्पर संधि करें, सुभिक्ष और मङ्गल हों ॥ १५५ ॥

उल्कापातादिक जो उत्पात हैं, वे इन मण्डलों में अपने २ फल को वर्षाकाल के विना दूसरे समय में देते हैं और वर्षाकाल में तो वृष्टि करने वाले होते हैं ॥ १५६ ॥ माहेन्द्रमण्डल का फल सात दिन में, वारुण-मण्डल का फल शीघ्रही, अग्निमण्डल का फल आधे मास में और वायु-मण्डल का फल एक मास में होता है ॥ १५७ ॥ सुभिक्ष क्षेम (कल्याण) आरोग्य और राजाओं की परस्पर सन्धि ये सब अन्त्य के दो मण्डलों में जानना, और आदि के दो मण्डलों में इससे विपरीत जानना ॥ १५८ ॥ माहेन्द्र और वारुणमण्डल में गौ प्रसन्न होती हैं, उत्पात नष्ट हो जाते हैं, और पृथ्वी पर मांगलिक होते हैं ॥ १५९ ॥ अर्घकांड में कहा है कि—तीन महीने में आग्नेय, दो महीने में वायव्य, एक महीने में वारुण और सात

"Aho Shrutgyanam"

मासमेकं च वारुण्यं माहेन्द्रं सप्तरात्रिकम् ॥ १६० ॥
पुनः विवेकविलासे—
मण्डलेऽग्नेरष्टमासै-र्द्वाभ्यां वायव्यके पुनः ।
मासेन वारुणे सप्त-रात्रान्माहेन्द्रके फलम् ॥ १६१ ॥
रुद्रदेवः प्राह—वायव्यं मासयुग्मेन माहेन्द्रं सप्तरात्रिकम् ।
आग्नेयमर्द्धमासेन वारुणं शीघ्रवारिदम् ॥ १६२ ॥
वारुणाग्नेययोर्भौमानिलयोः फलमन्दता ।
अन्योऽन्यमभिघातेन तद्विमृश्य वदेत् फलम् ॥ १६३ ॥
भूमिकम्परजोवर्षदिग्दाहाकालवर्षणम् ।
इत्याद्याकस्मिकं सर्वमुत्पात इति कीर्त्यते ॥ १६४ ॥
ईत्यनीतिप्रजारोगरणाद्युत्पातजं फलम् ।
मण्डलाख्यासमं प्रायो वह्निवाष्पादिकं तथा ॥ १६५ ॥

रात्रि में माहेन्द्रमण्डल का फल होता है ॥ १६० ॥ विवेकविलास में लिखा है कि –अग्निमण्डल आठ महीने, वायु का दो महीने, वरुण का एक महीना और महेन्द्र का सात दिन, इतने समय मंडलों का फल रहता हैं ॥ १६१ ॥ रुद्रदेवने कहा है कि—वायु का दो महीने, महेन्द्र का सात दिन, अग्नि का आधा महीना याने पंद्रह दिन और वरुणमण्डल शीघ्र ही जल देने वाला हैं ॥ १६२ ॥ वरुण और अग्निमण्डल के मिलने से तथा माहेन्द्र और वायुमण्डल के मिलने से फल की मंदता होती है । ऐसे परस्पर मण्डल के मिल जाने से विचार पूर्वक इन का फल कहना ॥ १६३ ॥ भूमिकंप, धूलि की वर्षा, दिग्दाह, अकाल में वर्षा इत्यादि उपद्रव अकस्मात् हों तो उनको उत्पात कहते हैं ॥ १६४ ॥ टीड्डी मूसें आदि के उपद्रव, अनीति, प्रजा को रोग और लडाई ये सब उत्पात के फल जानने चाहिये । प्राय: करके मण्डल के नाम सदृश अग्नि वायु आदि के उत्पात होते हैं ॥ १६५ ॥ अग्निमण्डल में दक्षिण दिशा, वायुमण्डल में

"Aho Shrutgyanam"

आग्नेये पीड्यते याम्या वायव्ये पुनरुत्तरा ।
वारुणे पश्चिमा चात्र पूर्वा माहेन्द्रमण्डले ॥ १६६ ॥

॥ इति मण्डलोपरि उत्पातेन देशो वर्षज्ञानम् ॥

अथ प्रसंगात उत्पातभेदा यथा—

भूमिकम्पे प्रजापीडा निर्घाते तु नृपक्षयः ।
अनावृष्टिस्तु दिग्दाहे दुर्भिक्षं पांशुवर्षणे ॥१६७॥
क्षयकृत्पांशुवृष्टिश्च नीहारश्च भयङ्करः ।
दिग्दाहोऽग्निभयं कुर्यान्निर्घातो नृपभीतिदः ॥१६८॥
झञ्झावायुश्चण्डशब्दश्चौरभीतिप्रदायकः ।
भूकम्पो दुःखदायी च परिवेषश्च रोगकृत् ॥१६९॥
ग्रहयुद्धे राजयुद्धं केतौ दृष्टे तथैव च ।
ग्रहणान्ते महावृष्टिः सर्वदोषविनाशिनी ॥१७०॥
उल्कापाते श्रेष्ठनाशो द्रुमच्छिन्ने धनक्षयः ।

उत्तर दिशा, वारुणमण्डल में पश्चिम दिशा और माहेन्द्रमण्डल में पूर्व दिशा पीडित होती है ॥ १६६ ॥

भूमिकंपसे प्रजा को पीड़ा, वज्र गिरने से राजा का नाश, दिग्दाह से अनावृष्टि, धूल की वर्षा होने से दुर्भिक्ष होता है ॥ १६७ ॥ धूल की वर्षा क्षय करती है, कुहर (बरफ) गिरे तो भयदायक है, दिग्दाह हो तो अग्नि का भय करता है और वज्र गिरने से राजा को भय होता है ॥ १६८॥ झंझावायु और तीक्ष्णशब्द ये दोनों चोरों का भय करता है, भूकम्प होना दुःखदायक है, चन्द्रसूर्य का परिवेष (घेरा) रोग करता है ॥ १६९ ॥ ग्रहों के युद्ध से, तथा केतु के दर्शन से राजाओं में युद्ध होता है । यदि ग्रहण के अंत में अधिक वर्षा हो तो सब दोषों का विनाश हो जाता है ॥ १७० ॥ उल्कापातसे श्रेष्ठ पुरुष का नाश, वृक्ष के टूटने से धन का नाश और प-

"Aho Shrutgyanam"

पाषाणवर्षणे ज्ञेया सर्वधान्यमहर्घता ॥१७१॥
विद्युत्पाते जलाभावः प्रजानाशोऽन्धकारिते ।
ऋतूनां व्यत्यये रोगः सर्वजन्तुषु जायते ॥१७२॥
जन्तूनां विकृतोत्पत्ती राजविघ्नकरी मता ।
विग्रहो जायते घोरश्चन्द्रसूर्यविपर्यये ॥१७३॥
ग्रहयुद्धे भवेद् युद्धं युतौ चैव महर्घता ।
सूर्येन्दुपरिवेषाणां फलं वक्ष्ये स्वरूपतः ॥१७४॥
दूरस्थे मण्डलेऽन्यत्र स्वदेशे मध्यवर्त्तिनि ।
प्रत्यासन्ने फलं ज्ञेयं मण्डलाधिपतेर्महत् ॥१७५॥
श्वेतवर्णे भवेद् भव्यं पीतवर्णे रुजाकरः ।
रक्तवर्णे भवेद् युद्धं कृष्णवर्णे नृपक्षयः॥१७६॥
नीलवर्णे महावृष्टि-धूम्रवर्णे च धूमरी ।

त्थर की वर्षा होनेसे सब अन्न महँगे होते हैं ॥ १७१ ॥ विद्युत् के उत्पात में जल का अभाव, अंधकार से प्रजा का नाश, ऋतुओं की विपरीतता से सब प्राणियों में रोग होता है ॥ १७२ ॥ जन्तुओं की विकृत (विरूप) उत्पत्ति राजा को विघ्नकारी होती है, चन्द्रसूर्य की विपरीतता से बड़ा संग्राम होता है ॥ १७३ ॥ ग्रहों के युद्ध से युद्ध और ग्रहयुति से धान्य की महर्घता होती है । सूर्यचन्द्रमा के मण्डल का फल अपने रूप के अनुसार कहना चाहिये ॥ १७४ ॥ दूरदेश स्वदेश और मध्यदेश इन में जहां मण्डल का अधिपतित्व हो वहां विशेष फल जानना ॥ १७५ ॥ श्वेत वर्ण का मण्डल हो तो कल्याण कारक, पीत वर्ण का रोग कारक, रक्त वर्ण का युद्ध कराने वाला, कृष्ण वर्ण का राजा का क्षय कारक ॥ १७६ ॥ निल वर्ण का हो तो महावर्षा, धूम्र वर्ण होनेसे धूमस, थोडा वर्ण होने से थोडा और अधिक होने से अधिक फल दायक होता है ॥

"Aho Shrutgyanam"

स्वल्पे स्वल्पफलं सर्वं बहूनां तु फलं महत् ॥१७७॥
जलार्द्रत्वे महावृष्टिर्बिम्बनाशे नृपक्षयः ।
अकाले फलपुष्पाणि सस्यनाशकराणि च ॥१७८॥
यस्य राज्ये च राष्ट्रे च देवध्वंसः प्रजायते ।
सपरिवारभूपस्य तस्य ध्वंसः प्रजायते ॥१७९॥
सूर्येन्द्वोः सर्वथा ग्रासे सर्वस्यापि महर्घता ।
भौमादिग्रहवर्गस्य वक्रे च प्राक्तनं फलम् ॥१८०॥

अथ गन्धर्वनगरम्—

कपिलं सस्यघाताय माञ्जिष्ठं हरणं गवाम् ।
अव्यक्तवर्णं कुरुते बलक्षोभं न संशयः ॥१८१॥
गन्धर्वनगरं स्निग्धं सप्राकारं सतोरणम् ।
सौम्यां दिशं समाश्रित्य राज्ञस्तद्विजयङ्करम् ॥१८२॥

---

१७७ ॥ मण्डल में से जल के कण का स्राव हो, या मण्डल जल से भीगा हुआ मालुम पड़े तो अत्यन्त वर्षा होती है । बिम्ब के नाश से राजा की मृत्यु होती है । अकाल में फल पुष्पों का होना खेती का विनाश कारक है ॥ १७८ ॥ जिस के राज्य या देश में देवता का विनाश हो उस देश के राजा का परिवार सहित नाश होता है ॥ १७९ ॥ सूर्य चन्द्रमा का पूर्ण ग्रास हो तो सब चीजों का भाव तेज हो। मङ्गलादि ग्रह वक्री हो तो उनका पूर्वोक्त ही फल कहना ॥ १८० ॥

गंधर्वनगर कपिल वर्ण याने भूरा दीखे तो खेती का विनाश हो, मजीठ रंग का दीखे तो गायों को पीड़ा कारक है, अप्रकट रंग का देख पड़े तो बल का क्षोभ करता है ॥ १८१ ॥ यदि गंधर्व नगर स्निग्ध परिकोट (किला) और ध्वजा सहित पूर्व दिशा में देख पड़े तो राजा का विजय होता है ॥ १८२ ॥

"Aho Shrutgyanam"

विद्युल्लक्षणाम्—

कपिलाविद्युदनिलं कुर्यात् पीता तु वृष्टये।
लोहिता आतपाय स्यात् सिता दुर्भिक्षहेतवे ॥१८३॥

केतुफलम्—

श्रावणे भाद्रमासे च केतवो वारुणा दश।
जलवृष्टिकरा लोके तदा धान्यसमर्घता ॥१८४॥
आश्विने कार्त्तिके ते स्युः सूर्यपुत्राश्चतुर्दश।
कुर्युश्चतुष्पदे मृत्युं दुर्भिक्षं देशनाशनम् ॥१८५॥
वह्निपुत्राश्चतुस्त्रिंशत् केतवो मार्गपौषयोः।
अग्निदाहं चौरभयमनावृष्टिं दिशन्त्यमी ॥१८६॥
केतवो यमपुत्राः स्युर्माघफाल्गुनयोर्नव।
धान्यं महर्घं दुर्भिक्षं कुर्युर्भूपमहारणम् ॥१८७॥
केतवोऽष्टादश सुता धनदस्य वसन्तके।

कपिल वर्ण की (भूरी) बिजली चमके तो पवन चले, पीले रंग की चमके तो बहुत वर्षा हो, लाल रंग की चमके तो गरमी अधिक पडे और श्वेत वर्ण की चमके तो दुर्भिक्ष पड़े॥ १८३ ॥

श्रावण और भादौ महीने में दश केतु वरुण के पुत्र हैं, ये लोक में उदय होनेसे जल की वृष्टि और अनाज सस्ता करते हैं॥ १८४॥ आसोज और कार्तिक में चौदह केतु सूर्य के पुत्र हैं, ये पशुओं का विनाश, दुर्भिक्ष और देश का नाश करते हैं॥ १८५ ॥ मार्गशिर और पोष मास में चौतीस केतु अग्निके पुत्र हैं, ये अग्निदाह चोरभय और अनावृष्टि करते हैं॥ १८६ ॥ माघ और फाल्गुन मास में नव केतु यम के पुत्र हैं, ये धान्य की महर्घता दुष्काल और राजाओं में विग्रह करते हैं॥ १८७ ॥ चैत्र और वैसाखमें अठारह केतु कुबेर के पुत्र हैं, ये लोक में उदय होनेसे सुख मंगल और सुभिक्ष करते हैं

"Aho Shrutgyanam"

लोके सुखं मङ्गलानि सुभिक्षं कुर्युरुद्यताः ॥१८८॥
ज्येष्ठाषाढोदिता वायोः पुत्रा विंशतिकेतवः ।
सवातजलवर्षायै तरुप्रासादभञ्जदाः ॥१८९॥
एवं पञ्चोत्तरं शतं कश्चिदष्टोत्तरं शतम् ।
केश्चिदेकोत्तरं शतं केतूनां स्यान्मतत्रयात् ॥१९०॥
दशैव रविजा गण्याः शतमेकोत्तरं ततः ।
त्रयोविंशा वायुजाताः शतमष्टोत्तरं तदा ॥१९१॥

अथ १०४ केतूदयफलम्——

एषां कदा फलमिति ज्ञेयमृक्षं विलोकयेत् ।
महोत्पातहते ऋक्षे देशेऽनावृष्टिसम्भवः ॥१९२॥
यदुक्तम्—उल्कापातो दिशां दाहो भूकम्पो ब्रह्मवर्चसम् ।
दृष्ट्वा ऋक्षे भवेद् यत्र तादृक्षं पीडितं भवेत् ॥१९३॥
लौकिकमपि—भूकंपगा तारापडगा रगतपाहाणवुट्ठि ।

॥ १८८ ॥ जेठ और अषाढ़में वीस केतु वायु के पुत्र हैं, ये उदय होने से वायु और जल वर्षा करते हैं, तथा वृक्ष और महल का विनाश करते हैं ॥ १८९॥ इस प्रकार एकसो पांच केतु हैं, कोई एकसौ आठ और कोई एकसौ एक, एसे तीन मत से केतुओं की संख्या मानते हैं ॥ १९० ॥ जो सूर्य के पुत्र दश केतु माने तो एक सो एक और वायु के पुत्र तेईस केतु माने तो एकसौ आठ संख्या होती है ॥ १९१ ॥

इनका फल देखने के लिये नक्षत्र को देखे, यदि नक्षत्र का महोत्पातसे आघात हो तो देशमें अनावृष्टि होती है ॥ १९२ ॥ उल्कापात, दिग्दाह भूकंप और ब्रह्मतेज आदि को देख कर विद्वान् विचार करें, जो नक्षत्र उस दिन हो वही नक्षत्र पीडित होता है ॥ १९३ ॥ भूकंप, तारे का गिरना, रक्त और पाषाण की वृष्टि, केतु का उदय, सूर्य और चन्द्रमा का ग्रहण, इनमेंसे

"Aho Shrutgyanam"

केतुगामण रविससिगहण इक्कमि होइ उकिट्ठि ॥१६४॥
जिण नक्खत्ति भड्डली कांई होइ अनिट्ठ ।
तिण नवि वरसे अंबुधर जाणे गब्भविणट्ठ ॥१६५॥

अथ प्रसक्तानुप्रसक्तचन्द्रसूर्यग्रहणफलम्——

सूर्याचन्द्रमसोर्ग्रहः शुभकरो मार्गे तथा कार्त्तिके,
पौषे धान्यमहर्घता जनभयं वर्षं पुरो मध्यमम् ।
माघे वाञ्छितवृष्टिरन्नविगमः स्यात् फाल्गुने दुःखकृ-
चैत्रे चित्रकरादिलेखकमहापीडा समा मध्यमा ॥१९६॥
वैशाखे तिलतैलमुद्गरुतं कार्पासकं नाशयेद्,
ज्येष्ठेऽवर्षणधान्यनाशनकरं स्याद् भाविवर्षं शुभम् ।
आषाढे क्वचिदेव वर्षति घनो रोगोऽन्नलाभः क्वचिद्,
वृक्षे मूलफलानि हन्ति सहसा वर्षं शुभं सम्भवेत् ॥१६७॥

एक भी हो तो कष्ट देने वाला होता है ॥ १६४ ॥ भड्डली का कहना है कि जिस नक्षत्र पर अनिष्ट (उत्पात) हो, उस नक्षत्र में जल नहीं वरसता है और गर्भ का विनाश होता है ॥ १६५ ॥

सूर्य चन्द्रमा का ग्रहण कार्त्तिक और मार्गशिर मास में हो तो शुभ करता है । पौष मास में हो तो धान्य का भाव तेज, मनुष्यों को भय और अगला वर्ष मध्यम करता है । माघ मास में हो तो इच्छानुसार वृष्टि और अन्न की प्राप्ति विशेष होती है। फाल्गुन मास में हो तो दुःख दायक है । चैत मास में हो तो चित्रकार और लेखक आदि को महा पीडा तथा वर्ष मध्यम हो ॥ १६६ ॥ वैशाख मास में हो तो तिल तैल मूंग रूई और कपास का नाश हो । ज्येष्ठ मास में हो तो वृष्टि न हो और धान्य का नाश और अगला वर्ष शुभ हो । आषाढ में ग्रहण हो तो कहीं जल वर्षे, कहीं रोग और कहीं अन्न का लाभ हो, वृक्षों के मूल फल टूट पड़े, शेष वर्ष शुभ रहे ॥ १६७ ॥ श्रावण मास में हो तो घोडियों के और

"Aho Shrutgyanam"

गर्भाः श्रावणकेऽश्वगर्दभभवास्तूर्णं पतन्त्युल्वणम्,
स्त्रीगर्भान् विनिहन्ति भाद्रपदके सौख्यं सुभिक्षं जने ।
कुर्यादाश्विनकेऽथ सूर्यशशिनोरेकत्र मासे ग्रह-
द्वन्द्वं चेन्नरनायका बहुबला युद्ध्यन्ति कोपोत्कटाः ॥१९८॥
कदाचिदधिके मासे ग्रहणं चन्द्रसूर्ययोः ।
सर्वराष्ट्रभयं भङ्गः क्षयं यान्ति महीभुजः ॥ १९९ ॥
रवेर्ग्रहाच्च पक्षान्ते यदि चन्द्रग्रहो भवेत् ।
तदा दर्शनिनां पूजा धर्मवृद्धिर्महोदयः ॥ २०० ॥
क्रूरसंयुक्तसूर्येन्द्वोर्ग्रहणे नृपतिक्षयः ।
राष्ट्रभङ्ग इति प्राहुर्भद्रबाहुमुनीश्वराः ॥ २०१ ॥
रविवारे ग्रहे वर्षं मध्यमं धान्यसङ्ग्रहः ।
राजयुद्धं च दुर्भिक्षं घृतायस्तैलविक्रयः ॥ २०२ ॥
सोमेऽर्द्धग्रहणे राजविग्रहोऽन्नमहर्घता ।

गदहियों के गर्भ पतित हों, बिजली वा करकादिक पड़े। भाद्रपद में हो तो स्त्रियों के गर्भ पतित हों आसोज मास में हो तो लोग में सुख और सुभिक्ष हो। यदि एक ही मास में सूर्य और चन्द्रमा दोनों का ग्रहण हो तो राजा लोग परस्पर महा क्रोध करके युद्ध करने तत्पर हो ॥ १९८ ॥

कभी अधिक मास में चन्द्र सूर्य का ग्रहण हो तो राष्ट्र भंग और राजाओं का क्षय हो ॥ १९९ ॥ सूर्य के ग्रहण बाद एक ही पक्षान्त में यदि चन्द्रग्रहण हो तो साधु जनों की पूजा, धर्म की वृद्धि और बड़े पुरुषों का उदय हों ॥ २०० ॥ क्रूर ग्रह से युक्त सूर्य चन्द्रमा का ग्रहण हो तो राजाओं का नाश और देश भंग हो, ऐसे भद्रबाहु मुनीश्वर कहते हैं ॥ २०१ ॥ रविवार को ग्रहण हो तो वर्ष मध्यम रहें, धान्य का संग्रह करना उचित है, राजयुद्ध दुर्भिक्ष घृत लोहा और तैल इनका विक्रय करना ॥ २०२ ॥ सोमवार को ग्रहण हो तो राजविग्रह, अनाज के भाव तेज,

"Aho Shrutgyanam"

लाभस्तैलघृतादिभ्यो भौमे वह्निभयं भवेत् ॥ २०३ ॥
भौमवारे ग्रहे भानोरन्योऽन्यं नृपतिविग्रहः ।
इन्दोर्ग्रहे च कर्पासरूतसूत्रमहर्घता ॥ २०४ ॥
बुधे पूगीरक्तवस्त्रसङ्ग्रहो लाभदायकः ।
गुरौ पीतरक्तवस्तुतैलगन्धादिलाभदः ॥ २०५ ॥
शुक्रे सुभिक्षं माङ्गल्यं सर्वलोकशुभंकरम् ।
शनौ युगन्धरीलाभः श्यामवस्तुमहर्घता ॥२०६॥
पीतरक्तवस्त्रताम्रवृषभादिकसङ्ग्रहे ।
मासद्वये तस्य लाभ इत्युक्तं ज्ञानिभिः पुरा ॥२०७॥
अर्द्धेऽर्द्धमासिके लाभस्त्रिभागश्च त्रिमासिके ।
चतुर्भागश्चतुर्मासेऽस्तमिते वर्षसम्भवः ॥२०८॥
ग्रहणाद्ये च सर्वस्मिन्नुत्पातः प्रबलो यदा ।

और तैल घी आदि से लाभ हो । भौमवार को ग्रहण हो तो अग्निभय हो ॥ २०३ ॥ मंगलवार को सूर्य ग्रहण हो तो राजाओं में अन्योऽन्य विग्रह हो । चन्द्र ग्रहण हो तो कपास रूई और सूत महँगे हों ॥ २०४ ॥ बुधवार को ग्रहण हो तो सुपारी तथा लाल वस्तु का संग्रह करना लाभदायक है । गुरुवार को ग्रहण हो तो पीली और लाल वस्तु तथा तैल गंधादिक संग्रह करना लाभ दायक है ॥ २०५ ॥ शुक्र के दिन ग्रहण हो तो सब लोग में शुभकारक सुभिक्ष और मांगलिक होता है । शनिवार को ग्रहण हो तो युगंधरी (जुवार) से लाभ और काली वस्तु महँगी हों ॥ २०६ ॥ पीत तथा रक्त वस्त्र, तांबा, वृषभादिक का संग्रह करने से दो महीने पीछे उनसे लाभ होगा, ऐसा ज्ञानियों ने कहा है ॥२०७॥ अर्द्ध ग्रास से आधे मास में लाभ, तीन भाग से तीन मास में लाभ, चतुर्थ भाग से चौथे मास में लाभ, और अस्त में ग्रहण हो तो एक वर्ष में लाभ होगा ॥ २०८॥ सब (चंद्र या सूर्य) ग्रहण की आदि में उत्पात प्रबल हो किंतु ग्रहण के

"Aho Shrutgyanam"

पश्चात् संजायते मेघोऽरिष्टभङ्गं तदादिशेत् ॥२०९॥
एवमुत्पातरहिते यस्मिन्नुदकयोनिकाः।
जीवा वा पुद्गला दृश्यास्तद्देशे वृष्टिरुत्तमा ॥२१०॥
एतेन गर्भाः सर्वेऽपि सूचिता वातवर्जिताः।
स्थानाङ्गसूत्रकारेण तेषां नीरात् समुद्भवात् ॥२११॥

यदागमः– चत्तारि दगगब्भा पण्णत्ता तंजहा--उस्सा महिया सीया उसिणा। चत्तारि दगगब्भा पण्णत्ता तंजहा–हेमगा अब्भसंथडा सीओसिणा पंचरूविया–

माहे उ हेमगा गब्भा फग्गुणे अब्भसंथडा।
सीओसिणाओ य चित्ते वइसाहे पंचरूविया ॥२१२॥
सप्तमे सप्तमे मासे गर्भान्तः सप्तमेऽहनि।

बाद ही वर्षा हो जाय तो सब उत्पात के फल का नाश हो जाता है ॥२०६॥ इसी तरह जिस देश में उत्पात रहित जल योनि के जीव या पुद्गल देखने में आवे, उस देश में अच्छी वर्षा होती है ॥ २१० ॥ ये सब वर्षा के गर्भ जल से उत्पन्न होने के कारण स्थानांग सूत्रकार ने वायु रहित सूचित किया ॥ २११ ॥

ओस (धूमस) महिका शीत और उष्ण ये चार प्रकार के उदक गर्भ हैं। मतान्तर से– हिम मेघाडंबर (बादल का समूह) शीत और गरमी ऐसे भी चार प्रकार के हैं। इन प्रत्येक के गर्जना विजली जल वायु और बद्दल, इस तरह पांच पांच प्रकार है। माघ मास में हिम का गिरना, फाल्गुन मास में बादल से आकाश आच्छादित रहना, चैत्र मास में शीत और गरमी, तथा वैशाख मास में मेघ गर्जना, बिजली, वर्षा, वायु और बादल ये पांच प्रकार के गर्भ का लक्षण होता है ॥२१२॥ गर्भ सात मास और सात दिन में परिपक्व होता है, जैसा गर्भ हो वैसा फल जानना ॥

"Aho Shrutgyanam"

गर्भाः पाकं नियच्छन्ति यादृशास्तादृशं फलम् ॥२१३॥

हिमं तुहिनं तदेव हिमकं तस्यैते हैमका हिमपातरूपा इत्यर्थः। 'अब्भसंथड' त्ति अभ्रसंस्थितानि मेघैराकाशाच्छादनानीत्यर्थः। नात्यन्तिके शीतोष्णे पञ्चानां रूपाणां गर्जितविद्युज्जलवाताभ्रलक्षणानां समाहारः पञ्चरूपं तदस्ति येषां ते पञ्चरूपिका उदकगर्भा इति। इह मतान्तरमेवं—

पौषे समार्गशीर्षे सन्ध्यारागोऽम्बुदाः सपरिवेषाः।
नात्यर्थं मार्गशीर्षे शीतं पौषेऽतिहिमपातः ॥२१४॥
माघे प्रबलो वायुस्तुषारकलुषद्युती रविशशाङ्कौ।
अतिशीतं सघनस्य च भानोरस्तोदयौ धन्यौ ॥२१५॥
फाल्गुनमासे रूक्षश्चण्डः पवनोऽभ्रसम्प्लवाः स्निग्धाः।
परिवेषाश्च सकलाः कपिलस्ताम्रो रविश्च शुभः ॥२१६॥
पवनघनवृष्टियुक्ताश्चैत्रे गर्भाः शुभाः सपरिवेषाः।
घनपवनसलिलविद्युत्स्तनितैश्च हिताय वैशाखे ॥२१७॥

---

२१३ ॥ मतान्तर से— मागसिर और पौष मास में सन्ध्या रंगवाली हो, और जल के परिमण्डल देख पड़े, मार्गशिर में विशेष शीत (ठंड) और पौष में विशेष हिम न पड़े ॥ २१४ ॥ माघ मास में प्रबल वायु वाय, सूर्य चन्द्रमा तुषार से स्वच्छ देख न पड़े, विशेष ठंड पड़े और सूर्य के उदय अस्त में बद्दल देखनें में आवे तो शुभ है ॥ २१५ फाल्गुन मास में रूखा और तेज पवन चले, बहुत स्निग्ध बादल आकाश में चलते देख पड़ें, परिमण्डल भी हो, सूर्य कपिल (भूरा) और रक्त वर्ण का हो तो शुभ है ॥२१६॥ चैत मास में पवन बद्दल और वृष्टि के साथ परिमण्डल वाले गर्भ हो तो शुभ है। वैशाख मास में बादल वायु वर्षा बिजली और गर्जना वाले गर्भ श्रेयः है ॥ २१७ ॥ ऐसा स्थानांगसूत्र के चतुर्थ स्थानाङ्क में लिखा हैं ॥

"Aho Shrutgyanam"

तानेव मासभेदेन दर्शयति माहेत्यादिरिति ॥ इति स्थानाङ्गसूत्रवृत्तिः ॥

हीरमेघमालायामपि—

परिवेष वाय वद्दल संझारागं च इंदधणु होइ ।
हिम करह गज्ज विज्जु छंटा गब्भो भणिएहिं ॥ २१८ ॥
जीवेभ्यः पुद्गलाः सूत्रे पृथगेव समीरिताः ।
तेन केचिदजीवाः स्युर्महावृष्टेश्च हेतवः ॥ २१९ ॥
जलयोनिकजीवादेः सद्भूतिः प्रच्युतिर्यथा ।
विचार्यते देशतस्ते तथा ग्रामे च मण्डले ॥ २२० ॥
यद्दिनेऽभ्रादिसम्भूतिर्मेघशास्त्रे निरूपिता ।
यथा सा वृष्टिहेतुः स्यात् तथाभ्रादेः परिच्युतिः ॥ २२१ ॥

यदुक्तम्—

आर्द्रादौ दश ऋक्षाणि ज्येष्ठे शुक्ले निरीक्षयेत् ।
साभ्रेषु हन्यते वृष्टिर्निरभ्रे वृष्टिरुत्तमा ॥ २२२ ॥

हीरमेघमाला में कहा है कि परिमंडल, वायु, बादल, संध्याराग, इन्द्रधनुष, करह (ओला), गर्जना, विजली और जल के छींटे ये दश गर्भ के लक्षण जानना ॥ २१८ ॥ आगम में जीवों से पुद्गल पृथक् ही माने हैं, इस लिये कितनैक पुद्गल महावृष्टि के कारण हैं ॥ २१९ ॥ जैसे जलयोनि के जीवों की उत्पत्ति और विनाश का विचार करते हैं, वैसे समग्र देश गाँव (नगर) और देश का भी विचार करना चाहिये ॥२२०॥ जिस दिन बादल की उत्पत्ति मेघशास्त्र में कही है, वह जैसे वृष्टि के हेतु है वैसे बद्दल के नाशक भी है ॥ २२१ ॥ कहा है कि आर्द्रा आदि दश नक्षत्र ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष में देखने चाहिये, यदि वे बद्दल सहित देख पड़े तो वृष्टि के नाशक है और बादल रहित निर्मल देख पड़े तो उत्तम वृष्टि जानना ॥ २२२ ॥

"Aho Shrutgyanam"

एवं देशनिवेशपुद्गलजलप्राण्यादिसंमूर्च्छनाद्,
हेतून् प्रागवगम्य सम्यगुदकासारस्य सारस्यदीन् ।
ब्रूते मेघमहोदयं सविजयं तस्य श्रियो वश्यता-
मुत्कर्षादिव चारुरूप्यकनकैर्वर्षन्ति सिद्धिप्रदाः ॥२२३॥

इति श्रीमेघमहोदये वर्षप्रबोधापरनाम्नि महोपाध्याय श्रीमेघविजयगणिकृते देशाधिकारः ॥

इस प्रकार देश गाँव आदि में पुद्गल जल और प्राणी आदि का संमूर्च्छन से (स्वाभाविक उत्पत्ति और परिवर्त्तन से) प्रथम जल की अच्छी वर्षा के हेतुओं को अच्छी तरह जान करके सफलीभूत मेघ के उदय को जो कहता है, उस को लक्ष्मी आधीन होती है और सुंदर चांदि सोने से सिद्धि कारक वर्षा होती है ॥ २२३ ॥

श्रीसौराष्ट्रराष्ट्रान्तर्गत पादलिप्तपुरनिवासिना पण्डितभगवानदासाख्य जैनेन विरचितया मेघमहोदये बालावबोधिन्याऽऽर्यभाषया टीकितः प्रथमो देशाधिकारः ।

"Aho Shrutgyanam"

अथ वाताधिकारः ।

अथ मरुदभिगम्यः सम्यगाभोगरम्यः,
कृतभुवनविनोदः प्रौढपाथोदमोदः ।
प्रमुदितमरुदेवः श्रीप्रभुः पार्श्वदेवः,
सृजति सरसवर्षं भोगिनां दत्तहर्षः ॥ १ ॥
वातस्त्रिलोक्या आधारः सर्वार्थेभ्यो महाबलः ।
व्याप्तः सर्वत्र लोकेऽपि बादरः शाश्वतः स्वतः ॥ २ ॥
प्राच्योदीच्यादिभेदेन बहुधा वसुधातले ।
वर्षणेऽवर्षणे हेतुः केतुर्वैक्रियरूपभाक् ॥ ३ ॥

यदागमः—रायगिहे णगरे जाव एवं वयासी, अत्थि णं भंते! ईसिंपुरेवाया पच्छावाया मंदावाया महावाया वायंति? हंता, अत्थि। अत्थि णं भन्ते! पुरत्थिमे णं ईसिंपुरेवाया

देवताओं के वंदनीय, अच्छे अच्छे चौतीस अतीशयादि विभूतियों से पूर्ण, जगत् को आनन्द देनेवाले और जिनसे मेघमाली इन्द्र वायुकुमार-देव और नागकुमार देव ये हर्षित हुए हैं, ऐसे श्रीपार्श्वनाथ प्रभु रसवाले वर्षको उत्पन्न करते हैं ॥ १ ॥

वायु तीन लोक का आधार है, सब पदार्थों से महाबली है, सर्वत्र लोकमें व्याप्त है तथा बादर और शाश्वत है ॥ २ ॥ पूर्व पश्चिमादि भेदों से बहुत प्रकार के वायु पृथ्वी पर हैं, ये वृष्टि और अनावृष्टि के कारण भूत हैं और ये वायु वैक्रियशरीर वाले और ध्वजाकार के सदृशरूप वाले हैं ॥ ३ ॥

राजगृहनगर में गौतम स्वामी श्री सर्वज्ञ महावीरप्रभु को इस प्रकार बोले—हे भगवन्! ईषत्पुरोवायु (भीना चलने वाला चिकना वायु) वनस्पति आदि को हितकर पथ्यवायु, मन्द चलने वाला मन्द वायु और

"Aho Shrutgyanam"

पच्छावाया मंदावाया महावाया वायंति ? हंता, अत्थि । एवं पच्चत्थिमेणं दाहिणे णं उत्तरे णं उत्तरपुरत्थिमे णं, दाहिणपुरत्थिमे णं दाहिणपच्चत्थिमे णं उत्तरपच्चत्थिमे णं, जयाणं भन्ते ! पुरत्थिमे णं ईसिं० जाव वायंति । तयाणं पच्चत्थिमे णं वि ईसिंपुरेवाया जयाणं पच्चत्थिमे णं ईसिंपुरेवाया० जाव वायन्ति । तयाणं पुरत्थिमे णं वि ईसिं तयाणं पच्चत्थिमेण वि ईसिं । एवं दिसासु विदिसासु ॥ इति श्रीभगवत्यां पञ्चमशतके द्वितीयोद्देशके ॥

अस्त्ययमर्थो यदुत वाता वान्तीति योगः कीदृशा (शः?) इत्याह:-'ईसिंपुरेवाय'त्ति मनाक् सस्नेहवाताः । 'पच्छावाय त्ति वनस्पत्यादिहिता वायवः । 'मन्दावाय' त्ति शनैः संचारिणो न महावाता इत्यर्थः । 'महावाय' त्ति उद्दण्डवाता अनल्पा इत्यर्थः । 'पुरत्थिमेणं' ति सुमेरोः पूर्वस्यां दिशीत्यर्थः।

ननु सूत्रोक्तरीत्यैवं द्वीपे वातैक्यमापतेत् ।

तेज चलने वाला महावायु चलते हैं ? हे गौतम ! हां, ये वायु चलते हैं । हे भगवन् ! पूर्व दिशा में ईषत्पुरोवायु पथ्यवायु मन्दवायु और महावायु चलते हैं ? हे गौतम ! हां, चलते हैं । इस प्रकार पश्चिम में, दक्षिण में, उत्तरमें, ईशानकोण में, अग्निकोणमें, नैऋत्यकोण में और वायव्यकोण में समझना । हे भगवन् ! जब पूर्व में ईषत्पुरोवायु पथ्यवायु मंदवायु और महावायु चलते हैं तब पश्चिम में भी ईषत्पुरोवायु आदि वायु चलते हैं ? और जब पश्चिम में ये वायु चलते हैं तब ये पूर्व में भी चलते हैं ? हे गौतम ! जब पूर्व में ईषत्पुरोवायु आदि वायु चलते हैं तब ये पश्चिम में भी चलते हैं । और जब पश्चिम में ईषत्पुरोवायु आदि वायु चलते हैं तब ये पूर्व में भी चलते हैं । इसी तरह सब दिशा और विदिशा में भी समझना ।

यह सूत्रोक्त रीति से द्वीप (स्थल) में रहे हुए वायु के समूह का

"Aho Shrutgyanam"

तदैक्याद् वर्षणोऽप्येकं तेन सर्वसमाः समाः ॥ ४ ॥
तदप्यत्तविरोधोऽयं वातभेदात् प्रतिस्थलम् ।
नैतच्छक्यं यतो वातो वाते भेदत्रयस्मृते ॥ ५ ॥

यतस्तत्रैव—कया णं भन्ते ! ईसिंपुरे वाया० जाव वायन्ति ? गोयमा ! जया णं वाउकाए आहारियं रियन्ति, तया णं ईसिंपुरेवाया० जाव वायन्ति ॥ १ ॥ कया णं भन्ते ! ईसिं० जाव वायन्ति ? गोयमा ! जयाणं वाउकाए उत्तरकिरियं करेति तया णं ईसिं० जाव वायन्ति ॥ २ ॥ कयाणं भन्ते ! ईसिंपुरे वाया पच्छावाया ? गोयमा ! जया णं वायुकुमारा वायुकुमारीओ वा, अप्पणो वा, परस्सा वा, तदुभयस्स वा, अट्ठाए वाउकायं उदीरेंति, तया णं ईसिंपुरे वाया० जाव महावाया वायन्ति ॥ ३ ॥

इति 'अहारियं रियंति' त्ति रीतं रीतिः स्वभाव इत्यर्थः । तस्यानतिक्रमेण यथारीतं रीयते गच्छति, यथा स्वाभाविक्या

वर्णन किया, उनमें से एक एक भी वर्षादि के निमित्त है. यदि सब अनुकूल हों तो वर्षा अनुकूल होती है ॥ ४ ॥ वायु के भेद से प्रत्येक स्थल का बड़ा विरोध है, ये जानना सुगम नहीं है। इस लिये वायु को जाननेका अभ्यास करना चाहिये। वायु चलने के तीन कारण आगममें कहे हैं ॥ ५ ॥

हे भगवन् ! ईषत्पुरो वायु आदि वायु कब चलते हैं ? हे गौतम ! जब वायुकाय अपना स्वभाव पूर्वक गति करे तब ये वायु चलते हैं ॥ १ ॥ हे भगवन् ! ये वायु कब चलते हैं ? हे गौतम ! जब वायुकाय उत्तर क्रिया पूर्वक वैक्रिय शरीर बनाकर गति करे तब ये वायु चलते हैं ॥ २ ॥ हे भगवन् ? ये वायु कब चलते हैं ? हे गौतम ! जब वायुकुमार और वायुकुमारियां अपने या दूसरों के लिये या दोनों के लिये वायुकाय को उदीरे (गतिकराते) हैं तब ये वायु चलते हैं ॥ ३ ॥

"Aho Shrutgyanam"

गत्या गच्छतीत्यर्थः । 'उत्तरकिरियं' ति वायुकायस्य हि मूलशरीरमौदारिकं, उत्तरं तु वैक्रियम् । अत उत्तरा उत्तरशरीराश्रया क्रिया गति लक्षणा, यत्र गमने तदुत्तरक्रियं तथ्था-भवतीत्येवं रीयते गच्छति । वाचनान्तरे त्वाद्यं कारणं महावातवर्जितानां, द्वितीयं तु महावातवर्जितानां, तृतीयं तु चतुर्णामप्युक्तमिति तद्वृत्तिः ।

एवं वातविशेषेण वर्षाऽवर्षाविशेषणात् ।
शुभाशुभादियोगेन वातादब्दे विचित्रता ॥६॥
वातस्तु त्रिविधः प्रोक्तो वापकः स्थापकोऽपरः ।
तृतीयो ज्ञापको वृष्टेः स्थानाङ्गे मध्यसङ्ग्रहात् ॥७॥
तुलादण्डस्य नीत्यात्र ग्राह्यावाद्यन्त्यमारुतौ ।
आद्यस्तूत्पादकोऽप्रादेः परो न विशारारुकृत् ॥८॥
तृतीयो भाविनीं वृष्टिं पूर्वमेव निवेदयेत् ।
तत्कालं वृष्टिकृत्कालान्तरे वाप्योऽपि च द्विधा ॥९॥

इस तरह वर्ष में वायुविशेष स वृष्टि या अवृष्टि की विशेषता और शुभाशुभ योगों से वायु की विशेषता ये विचित्रता है ॥ ६ ॥ स्थानांग सूत्रमें वायु तीन प्रकार के कहे हैं-- वापक स्थापक और तीसरा वृष्टिकारक ज्ञापक है ॥ ७ ॥ तुलादण्डनीति के अनुसार यहां आद्य और अन्त्य वायु ग्रहण करना चाहिये, आद्य वायु वर्षा का उत्पादक है। दूसरा वायु विनाश कारक नहीं है ॥ ८ ॥ तीसरा होने वाली वृष्टि को प्रथम से बतलाने वाला है और तत्काल वृष्टि करने वाला या कालान्तर में वृष्टि करने वाला है। इसी प्रकार वर्षा को उत्पन्न करने वाला पहला वापक वायु के भी दो भेद हैं---प्रथम वर्षाकाल में बादलों को उत्पन्न करके तत्काल वर्षा करता है और दूसरा शीत कालमें बादलों को उत्पन्न करके बहुत काल पीछे वर्षा करता है ॥ ९ ॥

"Aho Shrutgyanam"

वातचक्रं सामान्यतः—

पूर्वस्या अथवोदीच्याः पवनः शीघ्रवृष्टये ।
दक्षिणस्या वृष्टिनाशी पश्चिमाया विलम्बकः ॥ १०
आग्नेय्या विग्रहं वह्ने-र्भयं वृष्टिविबाधनम् ।
नैर्ऋतः पवनो यावत् तावत् कुर्यान्महातपम् ॥ ११ ॥
वायव्यवायुः कुरुते वृष्टिं पवनसंयुताम् ।
ततः पीडा मत्कुणाद्या ईतयो जीववर्षणाम् ॥ १२ ॥
ऐशानः पवनो विश्व-हिताय जलवृष्टये ।
आनन्दं नन्दयेल्लोके वायुचक्रमिदं मतम् ॥ १३ ॥

रुद्रोऽपि स्वकृतमेघमालायामाह—

"वायुधारणमेवेदं शृणु तत्त्वेन सुन्दरि ! ।
सुभिक्षं पूर्ववातेन जायते नात्र संशयः ॥ १४ ॥
आग्नेय्यां खण्डवृष्टिश्च जायते गिरिजात्मजे ।

पूर्व और उत्तर दिशा के वायु से शीघ्र वर्षा होती है, दक्षिण का वायु वृष्टि विनाशक है, पश्चिम का वायु विलम्ब से वृष्टि करता है ॥ १० ॥ आग्नेयी दिशा का वायु अग्नि का भयकारक और वर्षा का बाधक है, नैर्ऋत दिशा का पवन जबतक चले तबतक महा ताप-अधिक गरमी पड़े ॥ ११ ॥ वायव्यदिशा का वायु पवन के साथ वृष्टि करता है, खटमल आदि छोटे छोटे जीवों की उत्पत्ति और ईति— (शलभ मूसा टिड्डी आदि) की अधिकता होती है ॥ १२ ॥ ईशान का वायु से जगत का कल्याण होता है, जल की वृष्टि होती है और लोक में आनन्द होता है । यह वायुचक्र है ॥ १३ ॥

रुद्रदेव ने स्वकृत मेघमाला में कहा है कि—हे सुन्दरि ! वायु का धारण तत्व विचार से श्रवण कर—पूर्व के वायु से निश्चय से सुकाल होता है ॥ १४ ॥ आग्नेय कोण का वायु खण्डवृष्टि करता है, दक्षिण का वायु

"Aho Shrutgyanam"

दक्षिणे ईतिर्विज्ञेया नैर्ऋत्यां कुलदान् वहे ॥ १५ ॥
वारुणे दिव्यधान्यं च वायव्यां तप्तिसम्भवः ।
उत्तरायां शुभं ज्ञेय-मीशान्यां सर्वसम्पदः ,, ॥१६॥
हेमन्ते दक्षिणो वायुः शिशिरे नैर्ऋतः शुभः ।
वसन्ते वारुणः श्रेष्ठः फलदायी शरत्सु सः ॥ १७॥
शरत्काले तु पूर्वस्याः समीरः फलनाशनः ।
वसन्ते चोत्तरोवायुः फलपुष्पाणि नाशयेत् ॥ १८ ॥
आग्नेय्यो न कदापीष्ट ऐशानः सर्वदा शुभः ।
नैर्ऋतो विग्रहं रोगं दुर्भिक्षं कुरुते भयम् ॥१९॥
झञ्झावातं विना कश्चिद् यदा प्राच्यादिकोऽनिलः।
स्पष्टभावेन नो वाति तदा वृष्टिः स्थिरा भवेत् ॥२०॥

ईति कारक है , नैर्ऋत्य कोण का वायु कुलवृद्धि कारक है ॥ १५ ॥ पश्चिम का वायु दिव्य धान्य उत्पन्न करता है, वायव्य कोण का वायु ताप उत्पन्न करता है, उत्तर दिशा का वायु शुभ जानना और ईशान कोण का वायु सब सम्पत्ति करता है ॥ १६ ॥

हेमंत ऋतु में दक्षिण दिशा का वायु और शिशिर ऋतु में नैर्ऋत कोण का वायु चले तो शुभ है। वसन्त तथा शरद ऋतु में पश्चिम दिशा का पवन चले तो फलदायक होता है ॥ १७ ॥ शरद ऋतु में पूर्व दिशा का वायु चले तो फल का विनाश करता है। वसंत में उत्तर दिशा का वायु चले तो फल और फूलों का नाश करता है ॥ १८ ॥ आग्नेय कोण का वायु कभी भी शुभ दायक नहीं होता। ईशान कोण का वायु सर्वदा शुभ रहता है। नैर्ऋत कोण का वायु विग्रह रोग दुर्भिक्ष और भय करता है ॥ १९ ॥

झंझावायु को छोडकर यदि कोई पूर्वादि का वायु स्पष्टतया न चलें तो वर्षा स्थिर होती है ॥ २० ॥ श्रावण में मुख्य करके पूर्व दिशा

"Aho Shrutgyanam"

श्रावणे मुख्यतः प्राच्यो नभस्ये चोत्तरोऽनिलः ।
वृष्टिं दृढतरां कुर्याच्छेषमासेषु वारुणः ॥२१॥

चैत्रमासे वायुविचारः—

चैत्राऽसितद्वितीयायां सर्वदिग्भ्रामकोऽनिलः ।
विना मेघं तदा भाद्रपदे वृष्टिस्तु भूयसी ॥२२॥
पूर्वस्या उत्तरस्याश्च वायुश्चैत्रे सितेतरे ।
तृतीयायां तदा लोके सुभिक्षं प्रचुरं जलम् ॥२३॥
चतुर्थ्यां वृष्टियुग्वातस्तदा दुर्भिक्षमादिशेत् ।
चैत्रेऽसितेऽपि पञ्चम्यां तादृगेव फलं भवेत् ॥२४॥
चैत्रद्वितीयादिचतुर्दिनेषु, कृष्णेऽथ पक्षे यदि पूर्ववातः ।
वर्षायुतो नैव शुभः सिते तु, पूर्वोत्तरोवायुरतीवशस्तः ॥२५॥
चैत्रस्य शुक्लपञ्चम्यां वायुर्दक्षिणपूर्वयोः ।

का, भाद्रपद में उत्तर दिशा का और बाकी महीने में पश्चिम दिशा का वायु चले तो बहुत अच्छी वर्षा होती है ॥ २१ ॥

चैत मास में कृष्ण पक्ष की द्वितीया के दिन यदि सब दिशा का वायु चले किंतु वर्षा न हो तो भाद्रपद में बहुत वर्षा होती है ॥ २२ ॥ चैत कृष्ण पक्ष में तृतीया के दिन पूर्व और उत्तर का वायु चले तो लोक में सुभिक्ष हो और जल वर्षा अधिक हो ॥ २३ ॥ चतुर्थी के दिन यदि वर्षा युक्त वायु चले तो दुर्भिक्ष होता है । इसी तरह शुक्ल (कृष्ण) पंचमी का भी यही फल जानना ॥ २४ ॥ चैत कृष्ण पक्ष में यदि द्वितीया आदि चार दिन वर्षा युक्त पूर्व दिशा का वायु चले तो शुभ नहीं होता; किंतु शुक्ल पक्ष में पूर्व और उत्तर का वायु चले तो बहुत शुभ होता है ॥२५॥ चैत्र शुक्ल पंचमी के दिन दक्षिण और पूर्व का वायु चले और साथ वर्षा भी हो तो उस वर्ष भादों में धान्य के त्रिगुणित मूल्य हो याने धान्य बहुत

"Aho Shrutgyanam"

वृष्ट्या सह तदा वर्षे (भाद्रे) धान्ये त्रिगुणमूल्यता ॥२६॥
एवंच–चैत्रोऽयं बहुरूपस्तु दाक्षिणानिलसंयुतः।
सर्वो विद्युत्समा युक्तो वृष्टेर्गर्भहितावहः ॥२७॥
मूलमारभ्य याम्यान्तं क्रमाच्चैत्रं विलोकयेत्।
यावद्दक्षिणतो वायुस्तावद्वृष्टिप्रदायकः ॥२८॥

वैशाखमासे वायुविचारः—

शुक्ला कृष्णापि वैशाखेऽष्टमी यद्वा चतुर्दशी।
एषु चेद्दक्षिणोवातस्तदा मेघमहोदयः ॥२९॥
राधे शुक्लतृतीयायां चिह्नैर्निश्चीयतेऽनिलः।
पूर्वस्या यदि वोदीच्या घनाघनस्तदा घनः ॥३०॥
दक्षिणो नैर्ऋतो वायुर्वृष्टेः स्यात् प्रतिघातकः।
वारुणाद् वृष्टिरधिका परधान्यस्य रोधनम् ॥३१॥
वैशाखशुक्लतुर्येऽह्नि सन्ध्यायामुत्तरानिलः।

महँगे हो ॥ २६ ॥ चैत मास में अनेक प्रकार के दक्षिण दिशा का पवन चले और बिजली चमके तो वर्षा के गर्भ को हितकारक है ॥२७॥ चैत्र मास में मूल नक्षत्र से भरणी नक्षत्र तक क्रमसे देखें, जब तक दक्षिण दिशा का वायु चले तब तक चौमासे में उतनी वर्षा होती है ॥ २८ ॥

वैशाख मास में शुक्ल या कृष्ण पक्ष की अष्टमी या चतुर्दशी के दिन दक्षिण दिशा का वायु चले तो मेघ का उदय जानना ॥ २९ ॥ वैशाख शुक्ल तृतीया के दिन चिह्नों से वायु का निश्चय करें, यदि पूर्व या उत्तर दिशा का प्रचुर वायु चले तो वर्षा हो ॥ ३० ॥ दक्षिण या नैर्ऋत्य दिशा का वायु चले तो वर्षा की रुकावट हो, पश्चिम का वायु चले तो वर्षा अधिक और धान्य का रोध हो ॥ ३१ ॥ वैशाख शुक्ल चतुर्थी के दिन संध्या के समय उत्तर दिशा का वायु चले तो सुभिक्ष करता है। पंचमी के दिन पूर्व

"Aho Shrutgyanam"

सुभिक्षायाथ पञ्चम्यामैन्द्रो धान्यमहर्घकृत् ॥३२॥
उदयास्तंगतो यावत् पूर्वोवायुर्यदा भवेत् ।
सङ्ग्रहीयाच्च धान्यानि प्रचुराणि सुलब्धये ॥३३॥
एवं शुक्लदशम्यां चेत्तदापि धान्यसङ्ग्रहः ।
तथा देशेषु पूर्णायां वायुं सम्यग्विचारयेत् ॥३४॥
प्रातश्चतुर्घटीमध्ये पूर्वो वायुर्यदा भवेत् ।
सूर्यार्द्रासङ्गमे चाद्यदिने मेघमहोदयः ॥३५॥
वृष्टिर्द्वितीयेऽपि वायुर्घटिके पूर्ववायुतः ।
ज्ञेया द्वितीये दिवसे आर्द्रातपनसङ्गमे ॥३६॥
आर्द्राया वासरा एवं चातुर्घटिकसंख्यया ।
ज्ञेयाः सर्वेऽपि सजला निर्जलास्तु विपर्यये ॥३७॥
पूर्णिमातः समारभ्य यावज्ज्येष्ठासिताष्टमी ।
एवमार्द्रादिसूर्यर्क्षनवके वृष्टिरुच्यते ॥३८॥

दिशा का वायु चले तो धान्य महँगे करता है ॥ ३२ ॥ सूर्य के उदय और अस्त के समय यदि पूर्व दिशा का वायु चले तो धान्य का संग्रह करना चाहिये, जिस से बहुत लाभ हो ॥ ३३ ॥ इसी तरह शुक्र दशमी के दिन वायु चले तो भी धान्य का संग्रह करना ! तथा वैशाख पूर्णिमा के दिन देशों में वायु का अच्छी तरह से विचार करें ॥ ३४ ॥ यदि प्रातःकाल चार घड़ी में प्रथम पूर्व का वायु चले तो सूर्य का आर्द्रा नक्षत्र के साथ योग हो तब प्रथम दिन मेघ का उदय जानना याने वर्षा हो ॥ ३५ ॥ दूसरी चार घड़ी में पूर्व का वायु चले तो आर्द्रा और सूर्य के योग के दूसरे दिन वर्षा हो ॥ ३६ ॥ इसी प्रकार चार चार घड़ी से आर्द्रा का प्रत्येक दिन जानना चाहिये । इस क्रम से वैशाख पूर्णिमा से लेकर ज्येष्ठ कृष्ण अष्टमी तक के नव दिन पूर्व का वायु चले तो सूर्य के आर्द्रा आदि नव नक्षत्रों में वर्षा होती है और विपरीत याने पूर्व के वायु से अतिरिक्त

"Aho Shrutgyanam"

सूर्यसौम्यसमायोगे वायुर्वारुणदिग्भवः ।
यदा शरत्सु विज्ञेयो वायुर्धान्यमहाफलम् ॥३९॥
नवमासान् यदा पूर्वो वायुश्चरति भूतले ।
स्वातौ मौक्तिकरूप्यानि बहुधान्यादिमङ्गलम् ॥४०॥

ज्येष्ठमासे वायुविचारः –

ज्येष्ठमासे रविकरास्तपन्ति प्रचुरोऽनिलः ।
लूकासमन्वितो वाति घनगर्भस्तदा शुभः ॥४१॥
ज्येष्ठमासेऽष्टमी कृष्णा तथा कृष्णचतुर्दशी ।
दक्षिणानिलसंयुक्ता परतो वृष्टिहेतवे ॥४२॥
ज्येष्ठस्य यदि पञ्चम्यां दक्षिणः पवनश्चरेत् ।
तदा तिलास्तथा तैलं घृतं क्रयं तदाश्विने ॥४३॥

यदुक्तं मेघमालायाम्—

ज्येष्ठस्य शुक्लपञ्चम्यां गर्जितं श्रूयते यदि ।

वायु चले तो नव नक्षत्रों में वर्षा नहीं होती है ॥ ३७ ॥ ३८ ॥ सूर्य चंद्रमा का योग के समय पश्चिम दिशा का वायु चले तो शरद्ऋतु में धान्य अधिक हो ॥ ३९ ॥ यदि नव महीने बराबर पूर्व का वायु चले तो स्वाति नक्षत्र में सीपों में बहुत मोती हों, धान्य भी बहुत और लोक में मंगल हो ॥ ४० ॥

ज्येष्ठमास में सूर्य के किरण बहुत तपे और बहुत गरम वायु चले तो मेघ के गर्भ अच्छे होते हैं ॥ ४१ ॥ ज्येष्ठ मास में कृष्ण अष्टमी और चतुर्दशी के दिन दक्षिण दिशा का वायु चले तो आगे वर्षा अच्छी होती है ॥४२॥ ज्येष्ठ मास की पंचमी के दिन दक्षिण दिशा का वायु चले तो तिल तेल और घी खरीदना आश्विन महीने में लाभ होता है ॥ ४३ ॥ मेघमाला में कहा है कि–ज्येष्ठ शुक्ल पंचमी

"Aho Shrutgyanam"

दक्षिणस्या भवेद्वायुरभ्रच्छन्नं यदा नभः ॥४४॥
धान्यानां तिलतैलानां सङ्ग्रहः क्रियते तदा ।
द्विगुणास्त्रिगुणो लाभः क्रमान्मासचतुष्टये ॥४५॥
सिताष्टम्यां ज्येष्ठमासे चतस्रो वायुधारणाः ।
मृदुवायुः शुभोवातः स्निग्धाभ्रः स्थगिताभ्रकः ॥४६॥
तत्रैव स्वात्याद्ये वृष्टे भवतुष्टये क्रमान्मासाः ।
श्रावणपूर्वा ज्ञेयाः परिश्रुता धारणास्ताः स्युः ॥४७॥
यदि ता एकरूपाः स्युः सुभिक्षं सुखकारिकाः ।
सान्तरा न शिवायैतास्तस्कराग्निभयप्रदाः ॥४८॥
ज्येष्ठस्य शुक्लैकादश्यां पूजां कृत्वा सुशोभनाम् ।
शुभं मण्डलकं कृत्वा पुष्पधूपैरलङ्कृतम् ॥ ४९ ॥
उच्चस्थाने प्रतिष्ठाप्य दीर्घदण्डे महाध्वजः ।

के दिन मेघ गर्जना हो, दक्षिण का वायु चले और आकाश बादलों से आच्छादित हो तो॥ ४४ ॥ धान्य तिल तेल इनका संग्रह करना, चार महीने पीछे द्विगुणा त्रिगुणा लाभ होता है ॥४५ ॥ ज्येष्ठ शुक्ल अष्टमी के दिन चार प्रकार के वायु माने हैं—मृदुवायु, शुभवायु, स्निग्धाभ्र और स्थगिताभ्रक ॥४६ ॥ इनमें आदि और अंत्य वायु में वृष्टि हो तो संसार को आनंद देने वाली है । ये चार प्रकार के वायु क्रमसे चले तो श्रावण आदि चार महीनों में क्रमसे वर्षा होती है ॥४७॥ यदि ये वायु सब मिले हुए चले तो सुभिक्ष और सुखकारक होते हैं , यदि पृथक पृथक चले तो अच्छा नहीं, चौर अग्नि का भय देने वाले होते हैं ॥ ४८ ॥ ज्येष्ठ महीने की शुक्ल एकादशी के दिन अच्छी तरह पूजा करके, धुप दीप आदि से सुशोभित अच्छा मंडल करके ॥ ४९ ॥ एक बड़े लंबे दंड में बड़ी ध्वजा लगा कर उसको ऊँचे स्थान में रक्खें । इसी प्रकार यत्नपूर्वक

"Aho Shrutgyanam"

एवं कृत्वा प्रयत्नेन शोधयेत् कालनिर्णयम् ॥ ५० ॥
एको वातो यदा वाति चतुर्दिनानानि चोत्तरः ।
तदा त्रिचतुरो मासान् ध्रुवं वर्षति वारिदः ॥ ५१ ॥
विपरीतं यदा वाति यानि चिह्नानि वा पुनः ।
तथारूपः प्रावृषेण्यः पयोभृद्वर्षति क्षितौ ॥ ५२ ॥
प्रथमं पश्चिमो वातश्चतुर्दिनानि वाति चेत् ।
अनावृष्टिं विजानीयाद् दुर्भिक्षं रौरवं तदा ॥ ५३ ॥
उत्तरो हयमार्गेण चतस्रो हन्ति वा दिशः ।
चत्वारो वार्षिका मासा मेघा वर्षन्ति भूतले ॥ ५४ ॥
विपरीतो यदा वातश्चतस्रो हन्ति वा दिशः ।
रविमार्गे परिभ्रष्टो जानीयात्तस्य लक्षणम् ॥ ५५ ॥
शीतकाले तदा वृष्टिर्वर्षाकाले न विद्यते ।
अनयोर्वैपरीत्ये च वृष्टिं वर्षासु निर्दिशेत् ॥ ५६ ॥
वायव्यां पश्चिमायां च नैर्ऋत्यां वाति च क्रमात् ।

करके समय का निर्णय करें ॥ ५० ॥ यदि एकही उत्तर दिशा का वायु चार दिन तक चले तो तीन चार महिने मेघ अवश्य बरसें ॥ ५१ ॥ जो जो चिह्न हैं उनसे विपरीत वायु चले तो पृथ्वी पर चौमासे में उसी प्रकार वर्षा हो ॥ ५२ ॥ पहले चार दिन पश्चिम का वायु चले तो अनावृष्टि दुर्भिक्ष और महा दुःख जानना ॥ ५३ ॥ यदि उत्तर दिशा का वायु चारों ओर चले तो चौमासा के चार महीने पृथ्वी पर वर्षा बरसे ॥५४॥ इस से यदि विपरीत सब ओर का वायु चले तो उसका लक्षण रविमार्ग में परिभ्रष्ट जानना ॥५५॥ शीतकाल में वर्षा हो और वर्षाकाल में वर्षा नहो, और उससे विपरीत हो तो वर्षाकाल में वर्षा हो ॥ ५६ ॥ वायव्य पश्चिम और नैर्ऋत्य दिशा का पवन क्रम से चले तो आषाढ और श्रावण

"Aho Shrutgyanam"

आषाढे श्रावणे क्षिप्रं द्वौ मासौ वृष्टिरुत्तमा ॥ ५७॥
पूर्वस्यां च तथेशान्यामाग्नेय्यां वाति च क्रमात् ।
भाद्रपदाश्विनौ च्छिद्राद्दाद्यन्ते वृष्टिरुत्तमा ॥ ५८॥
अमावास्यां च पूर्णायां ज्येष्ठमासे दिवानिशम् ।
मेघैराच्छादिते व्योम्नि वातो वहति वारुणः ॥ ५९॥
अनावृष्टिस्तदादेश्या क्वचिद्वृष्टिस्तु भाग्यतः ।
मासौ द्वौ श्रावणाषाढौ पूर्णा भाद्रपदाश्विनौ ॥ ६०॥

आषाढमासे वायुविचारः —

आषाढशुक्लपञ्चम्यां पश्चिमो यदि मारुतः ।
वर्षागर्जितसंयुक्तः शक्रचापेन भूषितः ॥ ६१॥
तदा संगृह्यते धान्यं कार्त्तिके तन्महर्घता ।
लाभाय जायते नूनं नान्यथा ऋषिभाषितम् ॥ ६२॥
आषाढशुक्लपक्षस्य द्वितीयायां न वर्षति ।

ये दो महिने में वर्षा उत्तम हो ॥ ५७ ॥ पूर्व ईशान और आग्नेय दिशा का क्रम से वायु चले तो भाद्रपद और आश्विन मास की आदि अंत में उत्तम वर्षा हो ॥ ५८ ॥ यदि ज्येष्ठ महिने की अमावास्या और पूर्णिमा के दिनरात आकाश बादलों से आच्छादित रहें और पश्चिम दिशा का वायु चले ॥ ५९ ॥ तो अनावृष्टि कहना, क्वचित ही भाग्ययोग से वर्षा हो श्रावण आषाढ भाद्रपद और आश्विन ये विना बरसे पूर्ण हो ॥ ६० ॥

आषाढ शुक्ल पंचमी के दिन पश्चिम दिशा का वायु चले, मेघ गर्जना के साथ वर्षा हो और इंद्रधनुष का उदय हो ॥ ६१ ॥ तो धान्य का संग्रह करना अच्छा है, कारण कि कार्त्तिक मास में महँगा हो जाने से लाभ होगा, यह ऋषिभाषित कथन अन्यथा नहीं होता ॥ ६२ ॥ आषाढ शुक्ल द्वितीया के दिन वर्षा न हो और बादल हो तो श्रावण में निश्चय कर

"Aho Shrutgyanam"

यदि मेघस्तदा वृष्टिः श्रावणे जायते ध्रुवम् ॥ ६३ ॥
तृतीयायां पूर्ववायुः पूर्वगामी च वारिदः ।
घना मेघास्तदा भाद्रे वर्षन्ति विपुलं जलम् ॥ ६४ ॥
चतुर्थ्यां दक्षिणो वायुर्मेघः पूर्वे च गच्छति ।
आश्विने च तदा मासे वृष्टिर्भवति निश्चितम् ॥ ६५ ॥
वृष्टे दिनचतुष्केऽस्मिन् वाते पूर्वोत्तरागते ।
अतिवृष्टिः सुभिक्षं च दुर्भिक्षं च तदन्यथा ॥ ६६ ॥
द्वादशीप्रतिपत्पूर्णामावास्यां चेन्महानिलः ।
वृष्टिर्व्योमाभ्रसंछन्नं तदा मेघमहोदयः ॥ ६७ ॥

आषाढपूर्णिमायां वायुविचारः—

आषाढ्यां घटिकां षष्ठ्या मासद्वादशनिर्णयः ।
पूर्णायां पञ्चकाः षष्ठिर्द्वादशेति विभाजनात् ॥ ६८ ॥
पञ्चनाडी भवेन्मासः षष्ठ्या वर्षस्य निर्णयः ।
सर्वरात्रं यदाभ्राणि वातौ पूर्वोत्तरौ यदि ॥ ६९ ॥

के वर्षा होती है ॥ ६३ ॥ तृतीया के दिन पूर्व का वायु चले और पूर्व में ही बादल जाते हो तो भाद्रपद में बहुत वर्षा हो ॥ ६४ ॥ चतुर्थी के दिन दक्षिण का वायु चले और बादल पूर्व में जाते हो तो आश्विन मास में निश्चय कर के वर्षा होती है ॥ ६५ ॥ इस वर्षा के चार दिन पूर्व तथा उत्तर का वायु चले तो बहुत वर्षा और सुभिक्ष हो, अन्यथा दुर्भिक्ष हो ॥ ६६ ॥ द्वादशी प्रतिपदा पूर्णिमा और अमावास्या के दिन बड़ा पवन चले, वर्षा हो और आकाश बादलों से आच्छादित हो तो मेघ का उदय जानना ॥ ६७ ॥ आषाढ पूर्णिमा की साठ घड़ी पर से बारह महीने का निर्णय करें। पूर्णिमा की साठ घड़ी को बारह से भाग दें तो लब्धि पांच घड़ी आवे ॥ ६८ ॥ इन पांच घड़ी का एक मास, इसी तरह वर्ष का निर्णय करें। सारी रात बादल रहें और पूर्व तथा उत्तर का वायु चले ॥ ६९ ॥ तो उस

"Aho Shrutgyanam"

तस्मिन् वर्षे कणाः पुष्टा भवन्ति भुवि मङ्गलम् ।
यदि वाताभ्रलेशः स्याद् वातौ पूर्वोत्तरौ नहि ॥७०॥
न वर्षति यदा देवो दुष्टकालं तदादिशेत् ।
यत्राभ्रे स्वल्पके जाते मध्ये वातेऽल्पवर्षणम् ॥७१॥
यत्र मासविभागे च निर्मलं दृश्यते नभः ।
तत्र हानिश्च वृष्टेश्च विज्ञेयं गर्भपातनम् ॥७२॥
यत्राभ्रं पञ्चनाडीषु वातौ पूर्वोत्तरौ यदि ।
तत्र मासे भवेद्वृष्टिरित्येवं सर्वनिर्णय ॥७३॥
आषाढ्यां रात्रिकालेऽपि पवनः सर्वदिग्गतः ।
अभ्रैरवृष्टैरपि च पूर्णिमा सुखदायिनी ॥७४॥
आद्ये यामे यदाभ्राणि वातौ पूर्वोत्तरौ यदि ।
आद्ये मासे तदा वृष्टिर्वाञ्छितादधिका क्षितौ ॥७५॥
आषाढ्यां च विनष्टायां नूनं भवति निष्कणम् ।

वर्ष में धान्य बहुत पुष्ट हों और जगत् में मंगल हो । यदि लेशमात्र भी पूर्व और उत्तर का वायु न चले ॥ ७० ॥ तो मेघ बरसे नहीं जिससे दुष्काल हो । जहां थोडे बादल हो और मध्यम प्रकार से वायु चले तो थोड़ी वर्षा हो ॥ ७१ ॥ जिस मास विभाग में आकाश निर्मल दीखें, उस मास में वर्षा की हानि और गर्भपात जानना ॥ ७२ ॥ जिस महीने की पांच घड़ी में बादल हो तथा पूर्व और उत्तर का वायु चले तो उस महीने में वर्षा हो । इसी तरह सब का निर्णय करें ॥ ७३ ॥ आषाढ पूर्णिमा को रात्री के समय सब दिशा का वायु चले और बादल भी हो किंतु वर्षा न हो तो सुखदायक है ॥ ७४ ॥ यदि पूर्णिमा को प्रथम प्रहर में बादल हो तथा पूर्व और उत्तर का वायु चले तो प्रथम मास में पृथ्वी पर इच्छा से भी अधिक वर्षा हो ॥ ७५ ॥ यदि पूर्णिमा का क्षय हो तो धान्य की प्राप्ति न हो । ग्रहण वृक्षपात आदि के उपद्रवों से पूर्णिमा का

"Aho Shrutgyanam"

ग्रहणं भूक्षपाताद्यैः सत्यं नश्यति पूर्णिमा ॥७६॥
प्रथमा घटिकाः पञ्च आषाढः पञ्च श्रावणः ।
पञ्च भाद्रपदो मासस्तथा पञ्चाश्विनः पुनः ॥७७॥
यत्राभ्राकुलनाडीषु वातौ पूर्वोत्तरौ स्फुटम् ।
तत्र मासे भवेद्वृष्टिर्वातैरपि शुभैः शुभा ॥७८॥
येषु मासेषु ये दग्धा गर्भाः पौषादिसम्भवाः ।
तन्मासे पञ्चनाडीषु रात्रौ चन्द्रोऽतिनिर्मलः ॥७९॥
पौषादिसम्भवे गर्भे ध्रुवमुत्पातसम्भवः ।
तेनाषाढीदिवारात्रौ द्रष्टव्या वृष्टिहेतवे ॥८०॥
यद्याषाढ्यामहोरात्रमभ्रैर्वातैः शुभैर्युतम् ।
तदा गर्भाः शुभा ज्ञेयाः शीतकालेऽपि धीमता ॥८१॥
एकमेव दिनं प्रेक्ष्यं वर्षज्ञानाय धीधनैः ।

क्षय होता है ॥ ७६ ॥ पूर्णिमा की प्रथम पांच घड़ी आषाढ, दूसरी पांच घड़ी श्रावण, तीसरी पांच घड़ी भाद्रपद और चौथी पांच घड़ी आश्विन महीना समझना ॥ ७७ ॥ इन में जो घड़ी में बादल हो तथा पूर्व और उत्तर का वायु स्पष्टतया चले तो उस महीने में वर्षा होती है, शुभ वायु चले तो शुभ जानना ॥ ७८ ॥ पौष आदि महीनों में उत्पन्न हुए गर्भ जिन महीनों में नष्ट हो, उस महीने की पांच घड़ी में चंद्रमा बहुत निर्मल रहे ॥ ७९ ॥ तो पौषादि मास में उत्पन्न हुए गर्भ में निश्चय कर के उत्पात होता है । इस लिये आषाढपूर्णिमा को वर्षा के लिये दिनरात देखना चाहिये ॥ ८० ॥ यदि आषाढ पूर्णिमा दिनरात बादल और अच्छे वायु से युक्त हो तो विद्वानों को शीत काल में भी वर्षा के गर्भ शुभ जानना ॥ ८१ ॥ यह एक ही दिन वर्षा जानने के लिये बुद्धिमानों को देखना चाहिये । इस दिन आठों ही प्रहर बादल और शुभ वायु हो तो शुभ होता

"Aho Shrutgyanam"

अष्टयाम्यामथाशुभ-वातैर्वर्षं भवेच्छुभम् ॥८२॥
आषाढ्यां निर्मलश्चन्द्रः परिवेषयुतोऽथवा ।
तदा जगत्समुद्धर्तुं शक्रेणापि न शक्यते ॥८३॥
कुहूतः षोडशे चाह्नि लक्षणं चिन्तयेदिदम् ।
अस्तं गच्छति तिग्मांशौ तस्माद्वर्षं शुभाशुभम् ॥८४॥
आषाढ्यां पूर्ववाते च सर्वधान्या मही भवेत् ।
आग्नेयवाते लोकाः स्युरस्थिशेषास्तु रोगतः ॥८५॥
दक्षिणे पवने राज्ञां महायुद्धं परस्परम् ।
नैर्ऋते निर्जला भूमिर्धान्यसङ्ग्रहकारणम् ॥८६॥
वारुणे प्रबला वृष्टिर्धान्यनिष्पत्तिहेतवे ।
वायव्ये मत्कुणास्तीडा मशकाद्यास्तथेतयः ॥८७॥
उत्तरे पवने लोका गीतमङ्गलपूरिताः ।

है ॥ ८२ ॥ आषाढ पूर्णिमा को चंद्रमा निर्मल हो अथवा मंडल सहित हो तो जगत् का उद्धार करने के लिये इंद्र भी शक्तिमान् नहीं होता ॥८३॥ आषाढ पूर्णिमा के दिन सूर्यास्त समय इन लक्षणों का विचार करें, जिस से शुभाशुभ वर्ष जान सकें ॥ ८४ ॥ सूर्यास्त समय पूर्व दिशा का वायु चले तो पृथ्वी सब प्रकार के धान्य वाली हो । आग्नेय कोण का वायु चले तो लोक रोग से अस्थिशेष हो जाय याने रोग अधिक चले ॥ ८५ ॥ दक्षिण का पवन चले तो राजाओं का परस्पर बड़ा युद्ध हो । नैर्ऋत्य कोण का वायु चले तो पृथ्वी जल रहित हो, इस लिये धान्य का संग्रह करना उचित है ॥ ८६ ॥ पश्चिम दिशा का वायु चले तो धान्य की प्राप्ति के लिये बहुत वर्षा हो । वायव्य कोण का वायु चले तो खटमल टीडी मच्छर आदि ईति का उपद्रव हो ॥ ८७ ॥ उत्तर दिशा का वायु चले तो लोगों में गीत मंगल अधिक हों और ईशान कोण का वायु चले तो सब

"Aho Shrutgyanam"

धान्यं घनं तथैशाने सुखं धान्यसमर्घता ॥८८॥
आषाढे घनशिखरं गर्जति यदि वाति चोत्तरः पवनः ।
दशमे मासि तदानीं भुवि मेघमहोदयं कुर्यात् ॥८९॥
अभ्रं विनाषाढपूर्णा वातौ पूर्वोत्तरौ यदि ।
यत्र यामार्द्धके तत्र मासे वृष्टिर्हठाद्भवेत् ॥९०॥
न चेत्पूर्वोत्तरौ वातौ न चाभ्रं नापि वर्षणम् ।
आषाढ्यां तर्हि विज्ञेयं दुर्भिक्षं लोकदुःखदम् ॥९१॥

मार्गशीर्षमासे वायुविचारः—

मार्गमासे सिताष्टम्यां पूर्वो वातः सुभिक्षकृत् ।
अन्यदिक्पवनः कुर्याद् दुर्भिक्षं भावि वत्सरे ॥९२॥

पौषमासे वायुविचारः—

एकादश्यां पौषकृष्णे दक्षिणः पवनो यदा ।
विद्युद्वार्दलसंयुक्तस्तदा दुर्भिक्षकारकः ॥९३॥
पौषस्य शुक्लपञ्चम्यां तुषारः पवनो यदि ।

धान्य और सुखप्राप्ति हो तथा धान्य सस्ते हों ॥ ८८ ॥ आषाढ महीने में मेघगर्जना हो और उत्तर दिशा का वायु चले तो दशवें दिन पृथ्वी पर मेघ का उदय जानना ॥ ८९ ॥ आषाढ पूर्णिमा को जिस यामार्द्ध में बादल न हो किंतु पूर्व और उत्तर का वायु चले तो उस महीना में वर्षा कचित् होती है ॥ ९० ॥ यदि पूर्णिमा को बादल न हो और पूर्व उत्तर का वायु भी न हो तो लोक को दुःख दायक ऐसा दुर्भिक्ष होता है ॥९१॥

मार्गशिर शुक्ल अष्टमी के दिन पूर्व दिशा का वायु चले तो सुभिक्ष करता है और दूसरी दिशा का वायु चले तो अगला वर्ष में दुर्भिक्ष करता है ॥ ९२ ॥

पौष कृष्ण एकादशी को दक्षिण दिशा का वायु चले और बिजली तथा बादल हो तो दुर्भिक्ष कारक जानना ॥ ९३ ॥ पौष शुक्ल पंचमी को

"Aho Shrutgyanam"

तदा गर्भस्य पिण्डः स्याद्वाविवर्षहितावहः ॥ ९४ ॥
पञ्चम्यां व्योमखण्डेऽपि यदाभ्रं शीतलोऽनिलः ।
विद्युन्मेघसमायुक्तस्तदा गर्भोदयो ध्रुवम् ॥ ९५ ॥

माघमासे वायुविचारः—

माघे शुक्लप्रतिपदि वायुर्बादलसंयुतः ।
तैलादिसर्वसुरभि महर्घं जायते भुवि ॥ ९६ ॥
माघस्य शुक्लपञ्चम्यां वृष्टियुक्तोत्तरानिलः ।
अनावृष्टिर्भाद्रपदे कुर्याद्धान्यमहर्घता ॥ ९७ ॥
शुक्ले माघस्य सप्तम्यां वारुण्यां विद्युदभ्रयुक् ।
ऐन्द्रो वातोऽथ कौबेरो दिवानिशं सुभिक्षकृत् ॥ ९८ ॥
माघस्य नवमी कृष्णा दशम्येकादशी तथा ।
सवाता विद्युता युक्ताः कथयन्ति जलं बहु ॥ ९९ ॥
अमावास्यामहोरात्रं हिमो वातस्तु वृष्टियुक् ।
पौर्णमास्यां भाद्रपदे कुर्यान्मेघमहोदयम् ॥ १०० ॥

तुषार युक्त वायु चले तो गर्भ का पिंड अगला वर्ष को हित कारक होता है ॥ ९४ ॥ पंचमी के दिन आकाश में बादल हो, शीत वायु चले, बिजली चमके और वर्षा हो तो निश्चय से गर्भ का उदय जानना ॥ ९५ ॥

माघ शुक्ल प्रतिपदा के दिन वायु और बादल हो तो तैल आदि सुगंधित वस्तु पृथ्वी पर महँगी हो ॥ ९६ ॥ माघ शुक्ल पंचमी को वर्षा युक्त उत्तर दिशा का वायु चले तो भाद्रपद में वर्षा न हो और धान्य महँगे हों ॥ ९७ ॥ माघ शुक्ल सप्तमी को पश्चिम दिशा में बिजली चमके और बादल हो तथा पूर्व और उत्तर दिशा का वायु दिन रात चले तो सुभिक्ष कारक होता है ॥ ९८ ॥ माघ कृष्णा नवमी दशमी तथा एकादशी के दिन वायु चले और बिजली चमके तो बहुत वर्षा हो ॥ ९९ ॥ अमावास्या को दिनरात वर्षा युक्त शीतल वायु चले तो भाद्रपद की पूर्णिमा के दिन महा वर्षा होती है ॥ १०० ॥

"Aho Shrutgyanam"

फाल्गुनमासे वायुविचारः—

फाल्गुनेऽतिखरो वायुर्वाति पत्राणि पातयन् ।
दक्षिणोऽतिमृदुश्चैत्रे मेघगर्भहिताय सः ॥ १०१ ॥
हुताशन्या दीप्तिकाले ऐन्द्रः स्यादतिवृष्टये ।
औदीच्यो धान्यनिष्पत्त्यै दुर्भिक्षं दक्षिणोऽनिलः ॥१०२॥
वारुणो मध्यमं वर्षमुच्चैर्वातो भयङ्करः ।
चतुर्दिक्षु महद्वाते राज्ञां युद्धं प्रजाक्षयः ॥ १०३ ॥

श्रीहीरविजयसूरिकृतमेघमालायां प्रोक्तम्—

रज उच्छवम्मि वाओ उत्तरो वहइ धन्ननिप्फत्ती ।
पुव्वाई नीरबहुलो पच्छिमवाएण करवरयं ॥ १०४ ॥
दक्खिणा वाय दुकालो अहवा वज्जेइ वाउ चउदिसो ।
तह लोय उवद्दवणं जुज्झइ राया खओ लोए ॥ १०५ ॥

यदि फाल्गुन मास में बहुत तीक्ष्ण वायु चल कर वृक्षों के पत्र गिरावें और चैत्र मास में दक्षिण दिशा का बहुत मृदु वायु चले तो मेघ के गर्भ को हित कारक है ॥ १०१ ॥ फाल्गुन पूर्णिमा को होली जलाने के समय पूर्व का वायु चले तो बहुत वर्षा हो । उत्तर का वायु चले तो धान्य की प्राप्ति और दक्षिण का वायु चले तो दुर्भिक्ष हो ॥ १०२ ॥ पश्चिम दिशा का वायु चले तो वर्ष मध्यम रहें, ऊर्ध्व वायु चले तो भय दायक और चारों ही दिशा का महावायु चले तो राजाओं का युद्ध और प्रजा का विनाश हो ॥ १०३ ॥ श्रीहीरविजयसूरिकृत मेघमाला में कहा है कि— रजः उत्सव (होली) के दिन उत्तर दिशा का वायु चले तो धान्य प्राप्ति अच्छी हो। पूर्व दिशा का वायु चले तो बहुत वर्षा हो, पश्चिम का वायु चले तो करवरा (कहीं थोडी वर्षा कहीं वर्षा नहीं) करें ॥ १०४ ॥ दक्षिण का वायु चले तो दुष्काल हो, यदि चारों ही दिशा का वायु चले तो लोक में उपद्रव, राजाओं का युद्ध और प्रजा का क्षय हो ॥ १०५ ॥ कोई ऐसा भी कहते

"Aho Shrutgyanam"

क्वचित्तु-पूर्ववाते तीडशुका मत्कुणा मूषकादयः ।
वारुणे तु युगन्धर्या निष्पत्तिर्बहुला भुवि ॥ १०६ ॥

चैत्रमासे वायुविचारः—

चैत्रस्य शुक्लपक्षे चेच्चतुर्थीपञ्चमीदिने ।
वर्षणं प्राक्शुभं किञ्चित् क्रमादुत्तरतोऽनिलः ॥ १०७ ॥
बार्दलाच्छादितं व्योम एतल्लक्षणदर्शने ।
गोधूमैः श्रावणे मासे त्रिगुणं लाभमादिशेत् ॥ १०८ ॥
इत्येवं ज्ञापको वातः संक्षेपेण समीरितः ।
ग्रन्थान्तराद्विशेषोऽपि विज्ञेयः प्राज्ञपुङ्गवैः ॥ १०९ ॥
ज्ञापकोऽपि स्थापकः स्याद् वृष्टेरुत्पादकोऽपि स ।
क्वचिज्जघन्यगर्भेण सद्यो वृष्टिविधानतः ॥ ११० ॥

यदुक्तं श्रीभगवत्यङ्गे २शतके ५उद्देशके—"उदगगब्भे णं भंते ! उदगगब्भेत्ति कालओ केयच्चिरं होई ? गोयमा !

है कि पूर्व का वायु से टीडी शुक खटमल और चूहें आदि का उपद्रव हो और पश्चिम दिशा का वायु से युगंधरी (जूआर) की प्राप्ति पृथ्वी पर बहुत हो ॥ १०६ ॥

चैत शुक्ल चतुर्थी और पंचमी के दिन कुच्छ वर्षा हो और क्रम से उत्तर दिशा का वायु चलें ॥ १०७ ॥ तथा आकाश बादलों से आच्छादित हो, ऐसे लक्षण देख पड़े तो गेहूँ से श्रावण महीने में त्रिगुणा लाभ हो ॥ १०८ ॥

इस प्रकार ज्ञापक वायु का संक्षेप से वर्णन किया, और विशेष जानना हो तो दूसरे ग्रन्थों से विद्वान् लोग जान शकते हैं ॥ १०९ ॥ ज्ञापक वायु वृष्टि का उत्पादक होने पर भी स्थापक वायु हो जाता है, वह कहीं कहीं जघन्य गर्भ से शीघ्र ही वर्षा का कारण हो जाता है ॥ ११० ॥

भगवती सूत्र शतक दूसरा उद्देशा पांचवां में कहा है कि— हे

"Aho Shrutgyanam"

जहण्णेणं एगं समयं उक्कोसेणं छम्मासा'' इति । उदकगर्भः कालान्तरेण जलप्रवर्षणहेतुः पुद्गलपरिणामः तस्य चावस्थानं जघन्यतः समयः समयान्तरमेव प्रवर्षणात्, उत्कृष्टतस्तु षण्मासाः, षण्मासानामुपरि वर्षणात् । एतेन प्रागुक्ताः स्वस्नेहवाताः पथ्या वनस्पत्यादिहिता वाग्व इति सविस्तरं व्याख्यातम् ।

इति कतिपयवातैर्जातगर्भावदातै-
र्जलधरजलवर्षा रम्यवर्षासिहेतुः ।
प्रथित इह जिनानामागमेषु द्वितीयः,
कथित उचितवृत्त्या मेघमालोदयाय ॥ १११ ॥

इति श्रीमेघमहोदये वर्षप्रबोधापरनाम्नि महोपाध्याय श्रीमेघविजयगणिविरचिते द्वितीयोवाताधिकारः ।

भगवन् ! उदक गर्भ की स्थिति कितने समय की है ? उत्तर – हे गौतम! जघन्य से एक समय और उत्कृष्ट से छः महीने की स्थिति है ॥

इसी तरह गर्भ को उत्पन्न करने वाले अच्छे २ कितनैक वायुओं से मेघ का पानी वर्षना अच्छा वर्ष होने के हेतु हैं । जिनेश्वरों के आगमों में प्रसिद्ध ऐसा दूसरा अधिकार इस ग्रंथ में मेघमाला का उदय के लिये उचित वृत्ति से कहा गया है ॥ १११ ॥

श्रीसौराष्ट्रराष्ट्रान्तर्गत-पादलिप्तपुरनिवासिना पण्डितभगवानदासाख्य जैनेन विरचितया मेघमहोदये बालावबोधिन्याऽऽर्यभाषया टीकितः द्वितीयो वाताधिकारः ।

"Aho Shrutgyanam"

अथ देवाधिकारः ।

देवः सदाभ्युदयतां रससम्पदेव,
श्रीमान्महेन्द्रमहितप्रभुमारुदेवः ।
पुन्नागराजदितिजैः कृतसन्निधानाद्
वामेय एव भगवान् विलसन् महोभिः ॥ १ ॥
परिणामोऽम्बुदादीनां प्रयोगाद् वा स्वभावतः ।
द्विविधश्चागमे प्रोक्तः श्रीवीरेणार्हता स्वयम् ॥ २ ॥
आद्यो मेघकुमारादेरिवान्यः स्वीयकारणात् ।
तथापि प्रतिबोद्धारस्तत्र देवा विराधिताः ॥ ३ ॥
तेन वर्षा विना सर्वेऽप्याराध्यास्त्रिदिवौकसः ।
विशेषाद् वज्रभृत्पाशी नागा भूताश्च गुह्यकाः ॥ ४ ॥
यदुक्तं श्रीभगवत्यङ्गे तृतीयशतके सप्तमोद्देशके—

जैसे मेघ रससंपत्ति से उदय को प्राप्त होता है, वैसे महेन्द्रों से पूजित श्री आदिनाथप्रभु तथा नरेन्द्र नागेन्द्र और असुरों ने जिनका संनिधान किया हैं ऐसे और महान् तेज से शोभायमान है ऐसे पार्श्वनाथ प्रभु सर्वदा अभ्युदय को प्राप्त हों ॥१॥ वर्षा आदि का परिणाम (भाव) प्रयोग से या स्वभाव से ये दो प्रकार के हैं, ऐसा श्री महावीर जिनने स्वयं आगम में कहा है ॥२॥ वर्ष का पहला कारण मेघकुमार आदि देवताओं के प्रयोग से होता है और दूसरा स्वाभाविक है। दूसरा स्वाभाविक है तो भी उसको विराधित देव रोकनें वाले हैं ॥ ३ ॥ इस लिये यदि वर्षा न हो तो सब देवों का पूजन करना श्रेयः है। विशेष करके वज्र को धारन करने वाले इंद्र, पाश को धारन करने वाले वरुण, नागकुमार भूत और यक्ष आदि देवों का पूजन करना चाहिये ॥ ४ ॥

"Aho Shrutgyanam"

सक्कस्स णं देविंदस्स देवरण्णो वरुणस्स महारण्णो इमे देवा आणावयणनिद्देसे चिट्ठंति, तं जहा—वरुणकाइआइ वा, वरुणदेवकाइआइ वा, नागकुमारा, नागकुमारीओ, उदहिकुमारा उदहिकुमारीओ, थणिअकुमारा थणिअकुमारीओ, जे यावण्णे तहप्पगारा सव्वे ते तब्भत्तिआ, तप्पक्खिआ, तब्भारिया, सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो वरुणस्स महारण्णो आणा-उववाय-वयण-निद्देसे चिट्ठंति. जंबुद्दीवेदीवे मंदरस्स पव्वयस्स दाहिणेणं जाइं इमाइं समुप्पज्जंति, तं जहा-अइवासाइ वा, मंदवासाइ वा, सुवुट्ठीइ वा, दुवुट्ठीइ वा, उदब्भेइ वा, उदप्पीलाइ वा, उव्वाहाइ वा, पव्वाहाइ वा, गामवाहाइ वा, जावसन्निवेसवाहाइ वा, पाणक्खया, जणक्खया, धणक्खया, कुलक्खया, वसणब्भूया अणारिया जे यावण्णे तहप्पगारा ण ते सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो, वरुणस्स महारण्णो,

शक्र देवेन्द्र देवराज वरुण महाराज की आज्ञा में ये देव रहने वाले हैं— वरुणकायिक वरुणदेवकायिक, नागकुमार नागकुमारियाँ, उदधिकुमार उदधिकुमारियाँ स्तनितकुमार स्तनितकुमारियाँ और दूसरे भी उस प्रकार के देव, ये सब उन वरुणदेवेन्द्र की भक्तिवाले, उन के पक्ष वाले और उन के तावे में रहने वाले हैं। ये सब देव वरुण की आज्ञा में, उपपात में, कहने में और निर्देश में रहते हैं। जम्बूद्वीप नाम के द्वीप में मेरु पर्वत की दक्षिण तरफ उत्पन्न होने वाले— अतिवृष्टि, मंदवृष्टि, सुवृष्टि, दुर्वृष्टि, उदकोद्भेद (पहाड आदि में से पानी की उत्पत्ति), उदकोत्पील (तलाव आदि में पानी का समूह), अपवाह (पानी का थोडा चलना), पानी का प्रवाह, गाम खिंचाय जाना यावत् सन्निवेश का खिंचाना, प्राणक्षय, जनक्षय, धनक्षय, कुलक्षय, व्यसनभूत, अनार्य (पाप रूप) और इस प्रकार के दूसरे सब भी शक्र देवेन्द्र देवराज वरुण महाराज से अनजान नहीं

"Aho Shrutgyanam"

अन्नाया अदिट्ठा असुया अविण्णाया तेसिं वा वरुणकाइयाणं देवाणं इति ।

नन्वेवमेतेषां देवानां वृष्टिज्ञानित्वमेव न तु तत्कर्तृत्वमिति. किमेषामाराधनेनेति चेद् देवासुरनागानां तु कर्तृत्वं साक्षादागमे श्रूयते. यदुक्तं तत्रैव षष्ठे शतके पञ्चमोद्देशके—

"अत्थि णं भंते! किं देवो पकरेइ, असुरो पकरेइ, णागो पकरेइ? गोयमा! देवो वि पकरेइ, असुरो वि पकरेइ, णागो वि पकरेइ" इति। एवं जम्बूद्वीपप्रज्ञप्त्यां मेघप्रमुखनागकुमारकृता वृष्टिः । ज्ञाताङ्गे सौधर्मदेवकृता वृष्टिः । राजप्रश्नीयोपाङ्गे समवसरणरचनार्थं देवकृता वृष्टिरप्युदाहर्त्तव्या । भगवतः श्रीवर्द्धमानस्य तिलस्तम्बो निष्पत्स्यतीति वचःसिद्ध्यर्थं, यथा सन्निहितैर्व्यन्तरैः कृता वृष्टिः पञ्चमाङ्गेऽपि सूत्रे पठिता। उत्तराध्ययनेऽपि हरिकेशीये—"तहियं गन्धोदयपुप्फवासं,

---

हैं, नहीं देखे हुए नहीं हैं, नहीं सुने हुए नहीं हैं, और अविज्ञात नहीं हैं अर्थात् ये सब वरुणकाइक देवों से अज्ञात नहीं हैं ॥

इस तरह इन देवों को तो वृष्टि जानने वाले बतलाये, किंतु वृष्टि करने वाले नहीं बतलाये तो उसकी आराधना करने से क्या ? साक्षात् आगम में कहा है कि देव असुर और नागकुमार ये वृष्टि करने वाले हैं। भगवतीसूत्र का छठा शतक का पांचवां उद्देशा में कहा है कि —हे भगवन् ! तमस्काय में उदार-बडा-मेघ संस्वेद पाते हैं । संमूर्च्छे हैं ? और वर्षण वर्षे हैं ? हे गौतम ! हाँ ऐसे हैं । हे भगवन् ! क्या उसको देव करते हैं ? असुर करते हैं ? या नागकुमार करते हैं ? हे गौतम ! देव भी करते हैं, असुर भी करते हैं और नागकुमार भी करते हैं। इस तरह जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति सूत्र में मेघकुमार आदि नागकुमारदेवों से की हुई वृष्टि का वर्णन है । ज्ञाताधर्मकथांगसूत्र में सौधर्मदेवसे की हुई

"Aho Shrutgyanam"

दिव्वा तहिं वसुहारा य वुट्ठा । पहयाओ दुन्दुहीओ सुरेहिं, आगासे अहो दाणं च घुट्ठं'' । अत्र देवाद्युपलक्षणाद् योगलब्धिमहातपः कृनापि वृष्टिः प्रयोगजन्या मन्तव्या, प्रतीयते चासौ श्रीमद्भागवते पञ्चमस्कन्धे तुर्याध्याये-'यस्य हीन्द्रः स्पर्द्धमानो भगवद्वर्षे न ववर्ष, तदवधार्य भगवान् ऋषभदेवयोगेश्वरः प्रहस्यात्मयोगमायया स्ववर्षमजनाभं नामाभ्यवर्षीत्' तस्य वर्षे मण्डले इत्यर्थः । एवं च लौकिकलोकोत्तरशास्त्रविरुद्धं देवाः किं कुर्वन्ति ? योगमन्त्रादिप्रभावात् किं स्यात् ? सर्वं स्वकर्मकृत्यमित्यादि मूढवचो न प्रमाणीकार्यमित्यलं विस्तरेण ।

वृष्टि का वर्णन है । राजप्रश्नीयसूत्र में समवसरण की रचना केलिये देवों द्वारा की हुई वृष्टि का वर्णन है । एक समय भगवान् श्री महावीरस्वामी विहार कर रहे थे, तब रास्ता में एक तिलका पौधा (छोड़) देख कर गोशाला ने पूछा कि यह उगेगा या नहीं ? तब भगवान् की सेवा में रहा हुवा सिद्धार्थ व्यन्तर बोला कि यह उत्पन्न होगा और इसमें तिल भी उत्पन्न होंगे, उसका यह बचन मिथ्या करने के लिये गोशाला ने उस पौधे को उखाड़ डाला, उस समय व्यन्तरों ने वहां जल वृष्टि की, जिस से उसकी जड़ कीचड़ में घुस जाने से तिल उत्पन्न हुआ। इत्यादि वर्णन पञ्चमांगसूत्र में है । उत्तराध्ययनसूत्र के हरिकेशीय अध्ययन में कहा है कि—देवों ने सुगंधी जल पुष्प और वसुधारा की वृष्टि की और आकाश में दुंदुभी का नाद करके अहोदानं ! अहोदानं ! ऐसी उद्घोषणा की । यहां देवादि उपलक्षण से योगके लब्धिके और महान् तपके प्रभाव से भी वृष्टि होती है, इसलिये वृष्टि प्रयोगजन्य मानना प्रतीत होता है। भागवत के पंचम स्कंध के चौथे अध्ययन में कहा है कि—भगवान् ऋषभदेव से स्पर्द्धा करके इन्द्र ने वर्षा न वर्षाई, तबऋषभदेव भगवान् ने

"Aho Shrutgyanam"

नास्तिकमतं त्यक्त्वा प्रतिपद्याऽऽस्तिकागमम् ।
देवताराधने यत्नः कार्यः सम्यग्दृशाप्यहो ! ॥ ५ ॥
रेवतीसूर्यसंयोगे वसन्ते समुदीत्वरे ।
महोत्सवाज्जिनस्नात्रं पुण्यपात्रं विधीयते ॥ ६ ॥
प्रकारैः सप्तदशभि-र्वाद्यनिर्घोषपूर्वकैः ।
गौरीणां गीतनृत्याद्यै-र्विधेयं जिनपूजनम् ॥ ७ ॥
दशदिक्पालपूजा च तथा नवग्रहार्चनम् ।
जलयात्रा जनैः कार्या रात्रिजागरणं तथा ॥ ८ ॥
यावतोष्णांशुना भोगे पौष्णस्य क्रियते दिवि ।
तावद्दिनेषु जैनार्चा स्याद् वृष्टेः पुष्टये भुवि ॥ ९ ॥
अवग्रहेऽप्यसौ रीतिः कर्त्तव्या देवतुष्टये ।

अपने आत्मयोग बल से वर्षाद वर्षा कर अपना अजनाभ नाम यथार्थ किया । इस तरह लौकिक लोकोत्तर शास्त्र विरुद्ध देव क्या करते हैं ? योग-मंत्र आदि के प्रभाव से क्या होता है ? सब अपने कर्म से होता है इत्यादि मूढ जनों का वचन प्रामाणिक नहीं मानना चाहिये । इत्यादि विशेष विस्तार करने से क्या ? ।

हे सम्यग्दृष्टि जनो ! उस नास्तिकमत को छोड़कर और आस्तिक मत को स्वीकार कर देवता के आराधन में यत्न करना चाहिये ॥ ५ ॥ रेवती नक्षत्र पर सूर्य आने से वसन्तऋतु में बड़े महोत्सव के साथ पुण्य पात्र ऐसा जिनस्नात्र करना चाहिये ॥ ६ ॥ सत्रह भेदी पूजा गाजे बाजे के साथ और सन्नारियों के गीत नृत्यादि से जिनेश्वर का पूजन करना चाहिये ॥ ७ ॥ साथ में दश दिक्पालों की और नव ग्रहों की भी पूजा करनी और जलयात्रा तथा रात्रिजागरण भी करना चाहिये ॥ ८ ॥ जितने दिन आकाश में रेवती नक्षत्र का भोग सूर्य के साथ हो उतने दिन जिनार्चन करना ये जगत में वृष्टि की पुष्टि के लिये है ॥ ९ ॥ वृष्टि रुक गई हो तो

"Aho Shrutgyanam"

नैवेद्यपूजा भूतानां बलिः कार्योऽन्त्यवासरे ॥ १० ॥
जिनेन्द्रे पूजिते सर्वे देवाः स्युर्भुवि पूजिताः ।
यस्माद् भागवती शक्तिः सर्वदेवेष्ववस्थिता ॥ ११ ॥
विवेचनधिया केचिद् वैष्णवः शाङ्करोऽथवा ।
न करोति जिनार्चां चेत् तेन पूज्याः स्वदेवताः ॥ १२ ॥
वैष्णवो जलशय्यायां मूर्त्तिं पूजयते हरेः ।
शाङ्करो गङ्गया युक्तां हरमूर्त्तिं घटान्विताम् ॥ १३ ॥
यवनोऽपि महीशीतिं परोऽपि स्वस्वदेवताम् ।
पश्चिमायां जलस्थाने पूजयेद् वृष्टिपुष्टये ॥ १४ ॥
सम्पूज्य भोगं निर्माय जपः सूर्यस्य सन्मुखैः ।
विधेयश्चातपे स्थित्वा जनैः स्वस्वगुरूदितः ॥ १५ ॥
क्षुद्रैः कृता जीवहिंसा क्षुद्रदेवस्य तुष्टये ।

भी नैवेद्य पूजा आदि यही रीति देवों को संतुष्ट करने के लिये करना और अन्तिम दिन भूतों को बाकुल देना ॥ १० ॥ एक जिनेन्द्रदेव को पूजने से समस्त देव जगत् में पूजित हो जाते हैं, क्योंकि भागवती शक्ति सब देवों में रही हुई है ॥ ११ ॥ पक्षपातबुद्धि से कोई विष्णुमत वाले या शिवमत वाले जिन पूजा न करे तो उन्हें अपने २ देवों को पूजना चाहिये ॥ १२ ॥ वैष्णव जलशय्या वाली विष्णु की मूर्त्ति को पूजें और शिवमत वाले गंगा युक्त पानी के घडा वाली शिवमूर्त्ति को पूजें ॥ १३ ॥ यवन लोग मसजिद को पूजें, और दूसरे लोग अपने २ देवताओं को पश्चिमदिशा में जल स्थान पर वृष्टि के लिये पूजें ॥ १४ ॥ अच्छी तरह भक्ति से पूजन कर, नैवेद्य चढा कर, सूर्य के संमुख घाम में रह कर अपने २ गुरु से कही हुई विधिपूर्वक जाप जपे ॥ १५ ॥ क्षुद्र जन क्षुद्र देवता की तुष्टि के लिये जीवहिंसा करते हैं उस से क्वचित् दैवानुकूलता से ही वृष्टि होती है ॥

"Aho Shrutgyanam"

तथापि क्रियते वृष्टिः कश्चिद्दैवानुकूल्यतः ॥ १६ ॥
शिष्टैर्न साऽनुमन्तव्या पन्था नाद्रियतेऽपि सः ।
यतः पवित्रा देवेन्द्र-प्रमुखा वृष्टिनायकाः ॥ १७ ॥
हिंसया ते न तुष्यन्ति प्रीयन्ते ते हि पूजया ।
नैवेद्यैर्विविधैर्धूपै-र्गन्धैः स्तोत्रैर्जपैस्तथा ॥ १८ ॥
येऽनभिज्ञा जपार्चासु कृषिकर्मादितत्पराः ।
तैरप्यातपसंस्थानैः कार्यं त्रैरात्रिकं व्रतम् ॥ १९ ॥
चतुर्विद्युत्कुमारीणां माघाऽसिताद्यवासरे ।
द्विसाहस्री जपः कार्य-स्तासां सन्तुष्टये बुधैः ॥ २० ॥
माघशुक्लचतुर्थ्यां तु नागा उदधयस्तथा ।
स्तनिता भवनाधीशा आराध्या जपकर्मभिः ॥ २१ ॥
प्रत्येकं तु द्विसाहस्री गणनं प्रतिवत्सरम् ।
विधेयं प्रीतये तेषां तद्देवीनां तथैव च ॥ २२ ॥

१६॥ यह जीवहिंसादि की विधि सज्जनों को माननीय नहीं है कारण यह राक्षसी मार्ग है, जिस से अनादरणीय है । वृष्टि के नायक तो पवित्र देवेन्द्र आदि देव ही हैं ॥१७॥ ये हिंसा मे संतुष्ट नहीं होते हैं मगर पूजन से अनेक प्रकार के नैवेद्य से, धूप से, सुगंधित द्रव्यों से, स्तुति करने से और उन का ध्यान करने से ही संतुष्ट होते हैं ॥१८॥ जो खेती कार (किसान) आदि लोग ध्यान-पूजन में अनजान हैं, वे सूर्यसंमुख बैठ कर त्रैरात्रिक व्रत (तीन उपवास) करें ॥१९॥ सुज्ञ जन चतुर्विध विद्युत्कुमारियों को संतुष्ट करने के लिये माघ कृष्ण प्रति पदा के दिन दो हजार जाप करें ॥ २०॥ माघ शुक्ल चतुर्थी के दिन नागकुमार, उदधि कुमार, स्तनितकुमार, और भुवनपति देवों की आराधना जप कर्म से करें ॥२१॥ प्रत्येक वर्ष उन प्रत्येक देवों का दो हजार जाप उन को संतुष्ट करने के लिये जपे । इसी तरह उन की देवियों का भी जाप करना ॥२२॥ ऊपर मूल में लिखा हुआ

"Aho Shrutgyanam"

ॐ ह्रीं नमो म्ल्र्व्यूँ मेघकुमाराणां ॐ ह्रीं श्रीँ नमो क्ष्म्ल्व्र्यूँ मेघकुमारिकाणां वृष्टिं कुरु कुरु संवौषट् स्वाहाः । ॐ ह्रीं मेघकुमार आगच्छ आगच्छ स्वाहाः ।

एवं नामानि सर्वेषां जप्यानि वृष्टिहेतवे ।
जपात् सन्तर्पिताः सर्वे देवा वृष्टिविधायिनः ॥ २३ ॥
ये ग्रामदेवता हिंस्रा नागा भूताश्च गुह्यकाः ।
ये चान्ये भगवत्याद्या-स्तान् नैवाशातयेद् बुधः ॥ २४ ॥
जिनार्चान्ते क्षेत्रदेवी कायोत्सर्गाऽऽविधानतः ।
सम्यग्दृशामपि स्मार्या एवं भुवनदेवता ॥ २५ ॥

अथ देवाधिकारे देवयंत्रोद्धारः—

प्रथमं नवकोष्टकयन्त्रं स्वस्तिकाकारं कृत्वा तत्र मध्यकोष्ठके वाग्बीजं ब्रह्मरूपं 'ऐं' विन्यस्य परितो 'नमो अरिहंताणं' इति लेख्यम् । ततो दक्षिणकोष्ठके 'ह्सौं' इति शिवशक्तिबीजं महेश्वररूपं, तदधोऽपि 'अमला' इतिइन्द्राणीनाम लेख्यम् । ततो नैर्ऋतकोष्ठके 'अच्छुरा' इति, पश्चिमकोष्ठके 'शुचिमेघा' इति, वायव्ये 'नवमिका' इति, उत्तरकोष्ठके 'क्लीँ' इति विष्णुबीजं तदधो 'रोहिणी' इति, ऐशानकोष्ठके 'शिवा' इति, पूर्वस्यां 'पद्मा' इति, आग्नेयकोष्ठके 'अंजू'

जाप विधि पूर्वक जपे। उसी तरह सब देवों के नाम का जाप वृष्टि के लिये जपे। उन का ध्यान करने से सब देवता संतुष्ट हो कर वृष्टि के करने वाले होते हैं ॥२३॥ बुद्धिमान जन ग्रामदेवता हिंस्र देवता नागदेवता भूत देवता और यक्ष आदि देवों की और भगवती आदि देवियों की आशातना नहीं करें ॥२४॥ सम्यग्दृष्टि जनो को भी जिनेश्वर के पूजन के बाद कायोत्सर्ग से रही हुई क्षेत्रदेवी का और भुवन देवी का विधि पूर्वक स्मरण करना चाहिये ॥२५॥

"Aho Shrutgyanam"

इति, एता अष्टौ इन्द्राग्रमहिष्यः । ततः स्वस्तिके पूर्वभागे 'नमो सिद्धाणं' दक्षिणस्यां 'नमो आयरियाणं' पश्चिमायां 'नमो उवज्झायाणं' उत्तरस्यां 'नमो लो सव्वसाहूणं' इति पञ्चपदानि लेख्यानि । स्वस्तिकान्तराले अग्निकोणे 'आवर्त्तः' १, नैर्ऋतौ 'व्यावर्त्तः' २, वायव्ये 'नन्दावर्त्तः' ३, ईशाने 'महानन्दावर्त्तः' ४, तदुपरि अग्नौ 'चित्रकनकायै नमः' १, नैर्ऋते 'शतह्रदायै नमः' २, वायव्ये 'सौदामिन्यै नमः' ३, ईशाने 'चित्रायै नमः' ४ इति चतस्रो विद्युत्कुमारिका महत्तराः । ततः स्वस्तिकपूर्ववलनकोष्ठके 'सोमाय नमः' तदग्रे 'अ आ अं अः' त ो द्वितीयवलनकोष्ठके 'द्रोण' तदुपरितनकोष्ठके 'औं' इति । ततो दक्षिणवलने 'यमाय नमः' तदग्रे 'इ ई उ ऊ' ततो द्वितीयवलनकोष्ठके 'आवर्त्तः' तदुपरितनकोष्ठके 'क्रों' इति । ततः पश्चिमवलने 'वरुणाय नमः' तदग्रे 'ऋ ॠ ऌ ॡ' ततो द्वितीयवलनके 'पुष्करावर्त्तः' तदुपरितनकोष्ठके 'ह्रौं' इति । तत उत्तरवलनके 'घनदाय नमः' तदग्रे 'ए ऐ ओ औ' ततो द्वितीयवलनके 'संवर्त्तः' इति तदुपरितनकोष्ठके 'त्रौं' इति । ततः प्राग्दिशि "ॐ ह्रीं नमो भगवओ पासनाहस्स धरणिंदपूइयस्स तस्स भत्तीए ॐ ह्रीं मेघकुमार आगच्छ २ स्वाहा" स्वस्तिकाधो "ॐ ह्रीं नमो वासुदेवाय क्षीरसागरशायिने शेषनागासनाय इन्द्रानुजाय अत्र आगच्छ २ जलवृष्टिं कुरु २ स्वाहा:" एवं स्वस्तिकमापूर्य रेखान्तरे "ॐ ह्रींनमो ह्म्ल्व्र्यूं मेघकुमाराणां ॐ ह्रीं श्रीं नमो द्म्ल्व्र्यूं मेघकुमारिकाणां महावृष्टिं कुरु २ संवौषट् सव्वे णागकुमारा सव्वेणागकुमारीओ उदहिकुमारा उदहिकुमारीओ थणियकुमारा थणियकुमारीओ महा-

"Aho Shrutgyanam"

वृष्टिकरा भवन्तु"। ततो द्वितीयवलये पूर्वादिचतुर्दिक्षु 'गोथुभ १- शिव २- शंख ३- मनशिल ४- नामानश्चत्वारो नागराजाः स्थाप्याः। चतुर्विदिक्षु 'कर्कोटकः २, कर्दमकः २, कैलासः ३, अरुणप्रभाख्यश्च ईशानाग्निरक्षोऽनिलक्रमेण स्थाप्याः। जलबीजमातृका चतुर्दिक्षु देया। तृतीयवलये "ॐ ह्रीं श्रीं नमो भगवते महेन्द्राय मेघवाहनाय ऐरावतस्वामिने वज्रायुधाय अत्रागच्छ वृष्टिं कुरु २ स्वाहा" इति पूर्वदिशि लिखनीयम्। दक्षिणस्यां "ॐ नमो भगवते श्रीसहस्रकिरणाय वरुणदेवाय मकरवाहनाय गभस्ति अर्यमरूपेण अत्रागच्छ वृष्टिं कुरु २ स्वाहा"। पश्चिमायां "ॐ ह्रीं नमो भगवते वरुणदेवाय जलस्वामिने मकरासनाय रोहिणीमदनाचित्राश्यामासहिताय मेघनादाय अत्रागच्छ महाजलवृष्टिं कुरु २ स्वाहा"। उत्तरस्यां "ॐ ह्रीं नमो भगवते चन्द्राय अमृतवर्षिणे सर्वौषधिनाथाय कर्कचारिणे इहागच्छ २ महारस वृष्टिं कुरु २ स्वाहा" इति लेख्यम्। चतुर्थवलये याम्यदिशः प्रारभ्य "ॐ ह्रीं नमो धरणिंदस्स कालवाल-कोलवाल-सेलवाल-संखवालप्पमुहा सव्वे णागकुमारा णागकुमारीओ इह आगच्छंतु महाजलवुट्ठिं कुणंतु" इति पश्चिम दिक् पर्यन्तं लेख्यम्। तत उत्तरदिशः प्रारभ्य "ॐ ह्रीं नमो भूयाणंदस्स कालवाल-कोलवाल-संखवाल-सेलवालप्पमुहा सव्वे णागकुमारा णागकुमारीओ इह आगच्छंतु महाजलवुट्ठिं कुणंतु" इति पूर्वदिक्पर्यन्तं लिखनीयम्। पञ्चमवलये दक्षिणदिशः प्रारभ्य "ॐ ह्रीं नमो जलकंतमहिंदस्स जल जलप्पभ जलकान्त जलप्पहाईया उदहिकुमारा उदहिकुमारीओ य इह आगच्छन्तु" इत्यादि प्राग्वत् पश्चिमदिक्-

"Aho Shrutgyanam"

पर्यन्तं लिखनीयम्। तत्र उत्तरदिशः प्रारभ्य "ॐ ह्रीं नमो जलप्पहिंदस्स जल जलतर जलप्पह जलकंनाइया उदहिकुमारा उदहिकुमारीओ य" इत्यादि प्राग्वत् पूर्वदिक्पर्यन्तं लेख्यम्। षष्ठे वलये दक्षिणदिशः प्रारभ्य "ॐ ह्रीं नमो घोसमहिंदस्स आवत्त वियावत्त नंदियावत्त महानंदियावत्तप्पमुहा सव्वे थणियकुमारा थणियकुमारीओ य इहागच्छन्तु महामेहबुट्ठिं कुणंतु" इति पश्चिमदिक्पर्यन्तम्। तथा उत्तरदिशः प्रारभ्य "ॐ ह्रीं नमो महाघोसमहिन्दस्स आवत्त वियावत्त महानंदियावत्त नंदियावत्तप्पमुहा थणियकुमारा थणियकुमारीओ य इहागच्छंतु महामेहबुट्ठिं कुणंतु स्वाहा" इति पूर्वदिक्पर्यन्तं यावल्लिखनीयम्। अत्र चतुर्थपञ्चमषष्ठेषु त्रिषु वलयेषु सत्यवकाशे 'अल्ला सक्का सतेरा सोदामणी इंदा थणविज्जुयाइणा णागकुमारीओ उदहिकुमारीओ थणियकुमारीओ वा' इति यथास्थानं लिखनीयम्। ततः सप्तमवलये पूर्वदिशः समारभ्य "ॐ ह्रीं मेघंकरा मेघवती सुमेघा मेघमालिनी तोयधारा विचित्रा च वारिषेणा बलाहिका इहागच्छन्तु"। दक्षिणस्यां "ॐ ह्रीं अलीता सोल्का सतह्लदा सौदामिनी ऐन्द्री घनविद्युत्प्रमुखा विद्युतकुमार्य इहागच्छन्तु"। पश्चिमायां "ॐ ह्रीं अब्भिंतरपरिसाए सट्ठिं सहस्सा मज्झिमपरिसाए सत्तरिं सहस्सा बाहिरपरिसाए असीइं सहस्सा नागकुमारा इहागच्छन्तु"। उत्तरस्यां "ॐ ह्रीं सव्वे णागोदहिथणियकुमारा सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो वरुणस्स महारण्णो आणाए महाबुट्ठिकरा भवन्तु"। एवं सप्तमवलयं यंत्रं कृत्वा दिक्षु ह्रींकारयुक्तं, विदिक्षु लाँकितं, सर्वत्र वज्राकारवेष्टि-

"Aho Shrutgyanam"

नम् । 'ॐ ह्रीं सर्वयक्षेभ्यो नमः' १ । 'ॐ ह्रीं सर्वभूतेभ्यो नमः' २ । 'ॐ ह्रीं पूर्णादिसर्वयक्षदेवीभ्यो नमः' ३ । 'ॐ ह्रीं रूपावत्यादिसर्वभूतदेवीभ्यो नमः' ४ । इति पूर्वदक्षिणपश्चिमोत्तरदिक्षु न्यासयुक्तं कार्यम् । एतद्यंत्रं स्थाल्यां भूर्ये वा लिखित्वा आकाशे आलपे धार्यं, धूपः कार्यः, तदग्रे "चउक्कसायपडिमल्लुल्लूरणु, दुज्जयमयणबाणमुसुमूरणू । सरसपिअंगुवण्णु गयगामिउ, जयउ पासु भुवणत्तयसामिउ ॥१॥ जसु तणुकंतिकडप्पसिणिद्धउ, सोहइ फणिमणिकिरणालिद्धउ । नं नवजलहरतडिल्लयलंछिउ, सो जिणु पासु पयच्छउ वंछिउ" ॥२॥ ततः "भित्त्वा पातालमूलं चलचलचलिते व्याललीलाकराले, विद्युद्दण्डप्रचण्डप्रहरणसहितैः सद्भुजैस्तर्जयन्ती । दैत्येन्द्रं क्रूरदंष्ट्रा कटकटघटिते स्पष्टभीमाट्टहासे, माया जीमूतमाला कुहरितगगने रक्ष मां देवि पद्मे" ॥३॥ इतिवृत्तत्रयं प्रतिमणिकं गुणयते यावदष्टोत्तरशतं जापः कार्यः, अगरूत्क्षेपकपूर्वकः मेघकुमाराध्ययनं स्वाध्याय व्याख्यानयोर्वाचनीयम् । इति श्रीमेघाकर्षणबृहद्यंत्रस्थापना ।

लघुयन्त्रस्थापना यथा——

षट्कोणाकयन्त्रं कृत्वा तत्र कोणेषु 'अल्ला सक्का सतेरा सोदामणी इंदा धणविज्जुया एताभ्यो नमः' इति प्रतिकोणं लिखनीयम् । मध्ये तु "ॐ भल्लाभल्ला भिल्लीभ्ला भमहासमुद्दवरसल्ला आभगज्जइ विज्जइ पूरइ गाभघणा धन्नजलतिणरसडाभ" १ । 'ॐ क्रों वरुणाय जलपतये नमः' अयं मन्त्रो लिखनीयम् । षट्कोणोपरि 'ॐ ह्रीं मेघकुमार आगच्छ २ स्वाहा'; षट्कोणस्य चतुर्दिक्षु 'रोहिणीमदनाचित्रा-

"Aho Shrutgyanam"

श्यामाभ्यो नमः ' इति, तदुपरि मायाबीजं प्राकारत्रयवेष्टितम्। प्रान्ते क्रोंकारयुक्तं लेख्यम्। इदं यंत्रं कुंकुमाद्यष्टगन्धेन लिखित्वा आतपे धार्यम्। तदग्रे-" तुह समरणजलवरिससित्त माणवमइमेइणि, अवरावरसुहुमत्थबोहकंदलदलरेहणि। जायइ फलभरभरिय हरिय दुहदाहअणोवम, इय मइमेइणिवारिवाह दिस पास मई मम " ॥१॥ गाथेयम् 'अम्भोनिधौ क्षुभितभीषणनक्रचक्रं-' इत्यादिकं श्रीभक्तामरस्तोत्रकाव्यं वा गणनीयम्। तेनाचाम्लादितपसा सूर्याभिमुखाष्टोत्तरशतजापेन मेघाकर्षणम्।

एवं पुंसां कलामध्ये या मेघाकृष्टिरर्हता।
ऋषभेण समाज्ञायि सा बोध्यागमशास्त्रतः ॥२६॥

अथ प्रसंगान्मेघस्थैर्यनपि--

ॐ ह्रीं वायुकुमार आगच्छ २ स्वाहा। स्थापना यथा--
एतज्जापविधानेन मेघस्तम्भो विधीयते।
यन्त्रं तथेष्टिकायुग्मे लिखित्वा न्यस्यते भुवि ॥ २७ ॥
मेघाकर्षणवर्षणादिकरणी विद्यानवद्याशया,
देया मेघमहोदये रतिभृते छात्राय पात्राय सा।

इस तरह पुरुषों की कलाओं में जो मेघाकृष्टि कला है वह ऋषभदेव ने बतलाई, ऐसा आगम शास्त्र से जानना ॥ २६ ॥

इस का जाप करने से या यंत्र को दो ईंट पर लिखकर भूमि पर स्थापन करने से वृष्टि स्तंभित हो जाती है ॥ २७ ॥

मेघ के आकर्षण तथा वर्षण आदि करने वाली यह विद्या मेघमहोदय में प्रीति रखने वाले योग्य विद्यार्थी को देनी चाहिये। देवों की श्रद्धापूर्वक जपादि शक्ति से उत्पन्न हुआ यही तीसरा हेतु सिद्धिरूप है और शास्त्रविष

"Aho Shrutgyanam"

देवासक्तजपादिशक्तिजनितो हेतुस्तृतीयोऽप्ययं,
सिद्धः शुद्धधियां प्रसिद्धिभवनं शास्त्रे तदायं मुदे ॥२८॥

इति श्री मेघमहोदये वर्षप्रबोधापरनाम्नि महोपाध्याय श्रीमेघविजयगणिविरचिते देवाधिकारस्तृतीयः ॥

यक्र प्रसिद्धि का भवन (स्थान) रूप यह हेतु शुद्ध बुद्धि वाले पुरुषों के आनंद के लिये है ॥ २८ ॥

इतिश्रीसौराष्ट्रराष्ट्रान्तर्गत-पादलिप्तपुरनिवासिना पण्डितभगवानदासाख्य जैनेन विरचितया मेघमहोदये बालावबोधिन्याऽऽर्यभाषया टीकितः तृतीयो देवाधिकारः ।

अथ चतुर्थः संवत्सराधिकारः ।

संवत्सरः सरसधान्यविधिं विधेयाद्,
धाराधरेण धरणेर्भरणेन सद्यः ।
गन्धद्विपेन्द्र इव पुष्करपद्मशालो,
श्रीनाभिसम्भवजिनेश्वरसन्निधानात् ॥१॥
द्रव्यतः क्षेत्रतो भावात् त्रिविधं वृष्टिकारणम् ।
संकलस्याथ कालोऽपि तुर्यो हेतुरुदीर्यते ॥२॥

मदोन्मत्त हाथी के जैसे कमल के सदृश कान्ति वाले श्रीऋषभदेवजिनेश्वर की कृपा से संवत्सर शीघ्र ही पृथ्वी का पोषण करने वाले बरसात से अच्छे रसवाले धान्य को उत्पन्न करें ॥ १ ॥ द्रव्य क्षेत्र और भाव ये तीन प्रकार वृष्टि के कारण हैं, गणना में काल को भी चोथा कारण कहा है ॥ २ ॥ शालिवाहन शक, विक्रम संवत्सर, कर्क मकरादि अयन का आद्य

"Aho Shrutgyanam"

अथ वर्षद्वाराणि—

शाकं वत्सरमायनाद्यदिवसं मासं सपक्षं दिनं,
पीताब्धिं नृपमन्त्रिधान्यपरसादीशाः परे पूर्वगाः ।
अब्दस्यापि च जन्मलग्नमनिलं विद्युद्युताभ्रोदयं,
गर्भं वारिमुचां तिथिं ग्रहगणं वारं सनक्षत्रकम् ॥३॥
कर्पूरसर्वतोभद्रचक्रे योगान् जलोदयान् ।
शकुनांश्च विमृश्यैव ज्ञेयं वर्षशुभाशुभम् ॥४॥
शाकस्त्रिघ्नो युतो द्वाभ्यां चतुर्भागेऽवशेषितः ।
समेऽङ्के स्यादल्पवृष्टिः प्रचुरा विषमे पुनः ॥५॥
राशीश्वरोर्षपयुक् त्रिगुणो, लाभः शराढ्यस्तिथिभक्तशेषः ।
लब्धे त्रिगुणये शरयोजितेऽस्य, बाणेन्दुभागे व्यय एव शिष्टः ॥६

राशिस्वामी वर्षराजस्य दशावर्षध्रुवयुक्तः क्रियते, तत्त्रिगुणीकार्यः, तत्र पञ्चभिर्युक्तः कार्यस्तस्य पञ्चदशभिर्भागे शेषाङ्कत आयः स्यात् । पश्चाल्लब्धाङ्के त्रिगुणीकृते पञ्चभि-

---

दिन, मास, पक्ष, दिन, अगस्त्यतारा, वर्ष का राजा और मन्त्री, धान्येश, रसेश, वर्ष का जन्मलग्न, वायु, बीजली के साथ बद्दल का होना, मेघ का गर्भ, तिथि, ग्रहसमूह, वार, नक्षत्र, कर्पूरचक्र, सर्वतोभद्रचक्र, जल के उदय (वर्षा) का योग और शकुन इत्यादिक का विचार करकेही वर्ष का शुभाशुभ जानना ॥ ३-४ ॥

शालिवाहन शक को त्रिगुणा करके दो मिलाना, उसमें चार का भाग देना, जो समशेष बचे तो अल्पवृष्टि और विषम शेष बचे तो बहुत वृष्टि हो ॥५॥ राशि के स्वामी और वर्ष के स्वामी के अष्टोत्तरी दशा के ये दोनों ध्रुवाङ्क मिलाकर त्रिगुणा करना, इसमें पांच मिलाकर पंद्रह से भाग देना, जो शेष बचे, वह लाभ-आय है और लब्धाङ्क को त्रिगुणा करके पांच मिलाना इसमें पंद्रह से भाग देने से जो शेष बचे वह 'व्यय' है यह वर्ष का आयव्यय है ॥ ६ ॥ कोई बारह राशियों के आय और व्यय का मिलान करते हैं,

"Aho Shrutgyanam"

युक्तस्तस्य पञ्चदशभिर्भागे शेषाङ्कतो व्ययः स्यादित्यर्थः ।

राशिद्वादशकस्यायो व्ययाङ्कोऽपि च योज्यते ।
आयेऽधिके सुभिक्षं स्याद् दुर्भिक्षमधिके व्यये ॥७॥
चतुर्गुणीकृत्य सलब्धमायं, मासैर्हृते स्यादिह मासिकायः ।
एवं हि संयोज्य दिनं विदध्याद् आयव्ययः स्यादिति संक्रमादेः ।८
विक्रमाङ्कः शाकस्याङ्क-युक्तो द्विघ्नो विभाज्य च ।
सप्तभिस्तत्र यल्लब्धं तस्मात् फलमुदीर्यते ॥९॥
एके षट्के च दुर्भिक्षं सुभिक्षं भुजवेदयोः ।
समतां रामशरयोः शून्ये रौरवमादिशेत् ॥१०॥
क्वचित्संवत्सरं शाकं मीलयेत् त्रिगुणोऽधमः ।
पञ्चनामयुतः सप्त-विभक्तोऽस्य फलं क्रमात् ॥११॥
सुभिक्षं भुजवेदाभ्यां दुर्भिक्षं तु त्रिपञ्चके।
शून्ये षट्के रौरवं स्याद् एकेन समता मता ॥१२॥

आय अधिक हो तो सुकाल और व्यय अधिक होतो दुष्काल जानना ॥ ७ ॥ जो वर्ष की आय है उसको और लब्धाङ्क को मिलाकर चार गुणा करना, इसमें बारह से भाग देने से जो शेष रहे वह मासिक आय है । इस तरह मासिक आय को तीस से भाग देने से दिन की आय हो जाती है। यह संक्रान्ति के दिन से आय व्यय का विचार करना ॥ ८ ॥ विक्रमसंवत्सर और शालिवाहन का शकसंवत्सर ये दोनों मिलाकर द्विगुणा करना, इसमें सात का भाग देना, जो शेष बचै उसका फल कहना ॥ ९ ॥ एक या छ बचै तो दुष्काल, दो या चार बचै तो सुकाल, तीन या पांच बचै तो समान (मध्यम) और शून्य शेष बचै तो रौरव (भयंकरदुःख) हो ॥ १० ॥ दूसरा पाठान्तर —संवत्सर और शक को मिलाकर त्रिगुणा करना, उसमें पांच नाम मिलाकर सात से भाग देना, जो शेष बचै उसका फल कहना ॥ ११ ॥ शेष दो या चार हो तो सुकाल, तीन या पांच हो तो दुष्काल, शून्य या छः होतो रौरव

"Aho Shrutgyanam"

पाठान्तरे—संवत्सरसमायुक्ता-स्त्रिगुणाः पञ्चभिर्युताः
सप्तभिस्तु हरेद्भागं शेषं वर्षफलं मतम् ॥१३॥

अत्रापि संवत्सरशब्देन शाकसंवत्सर एव ग्राह्यः स चाषाढादिरेव, य आषाढे संवत्सरो लगति स शाकसंवत्सरो गण्यते इत्यर्थः । उदाहरणं यथा—संवत् १६८७ वर्षे आषाढादि शाकसंवत्सरः १५५२ ततः पञ्चदशत्रिगुणीकरणे जातं पञ्चचत्वारिंशद् ४५, द्विपञ्चाशतस्त्रिगुणीकरणे जातं षट्पञ्चाशदुत्तरं शतं १५६, तस्मिन् पञ्चचत्वारिंशद् योगे जातं २०१ तत्र पञ्चमीलने २०६ सप्तभिर्भागे शेषं त्रयम् । ततो 'दुर्भिक्षं तु त्रिपञ्चके' इतिवचनात् सप्ताशीतिके दुष्काल इति ।
अत्र पाठान्तराणि बहूनि यथा—

शाकं च त्रिगुणं कृत्वा सप्तभिर्भागमाहरेत् ।
शेषं च द्विगुणीकृत्य पञ्च तत्र नियोजयेत् ॥१४॥

और एक शेष हो तो समान फल हो ॥ १२ ॥ पाठान्तर—शकसंवत्सर के (शताब्दी) का और वर्ष को त्रिगुणा कर इकट्ठा करना, उसमें पांच मिलाकर सात से भाग देना, शेष बचै उसका फल कहना ॥ १३ ॥ यहां भी संवत्सर शब्द से शकसंवत्सर ही जानना । आषाढ मास से जो वर्ष प्रारंभ होता है उसको शकसंवत्सर कहते हैं । उदाहरण—विक्रम संवत् १६८७ वर्ष में आषाढादिक शकसंवत् १५५२ है, उसमें सौका (शताब्दी) १५ को तीन गुणा किया तो ४५ हुआ और वर्ष ५२ को त्रिगुणा किया तो १५६ हुआ ये दोनों को मिलाया तो २०१ हुआ इसमें ५ मिलाया तो २०६ हुआ इसमें ७ से भाग देने से शेष २ बचे, इसलिये विक्रमसंवत्सर १६८७ में दुष्काल कहना ।

शक संवत्सर को त्रिगुणा कर के सात से भाग देना, जो शेष रहे, उसको द्विगुणा कर पांच मिला देना ॥ १४ ॥ अन्यत्—संवत्सर को द्विगुणा

"Aho Shrutgyanam"

कचित्-- वत्सरं द्विगुणीकृत्य त्रिभिर्न्यूनं तु कारयेत् ।
सप्तभिस्तु हरेद्भागं शेषं संवत्सरे फलम् ॥१५॥
आदिचतुष्के दुर्भिक्षं सुभिक्षं च द्विपञ्चके ।
त्रिषट्के मध्यमं कालं शून्ये शून्यं विनिर्दिशेत् ॥ १६ ॥

केचित्तु एतत्करणेन उष्णाकालिकधान्यपरिज्ञानं वदन्ति । पुनरप्यस्यैव पाठान्तरं यथा—

वत्सरं द्विगुणीकृत्य त्रिभिर्न्यूने कृते ततः ।
नवभिर्भाज्यते शेषे संवत्सरशुभाशुभम् ॥ १७ ॥
शेषे द्वित्रिचतुष्के च सुभिक्षं वर्षमुच्यते ।
षडेकशून्यैर्मध्यस्थं हीनं पञ्चाष्टसप्तसु ॥ १८ ॥

कचित्— संवत्सराङ्कस्त्रिगुणः सप्तभक्तोऽवशेषिते ।
कृते पञ्चगुणो भागस्त्रिभिस्तेन फलं मतम् ॥ १९ ॥
एकशेषे सुभिक्षं स्याद् द्विशेषे मध्यमा समा ।
शून्ये दुर्भिक्षमादेश्यं वर्षे तत्र शुभाशुभम् ॥ २० ॥

कर तीन घटा देना, इसमें सातका भाग देना जो शेष बचे उससे वर्षफल कहना ॥ १५ ॥ शेष एक या चार हो तो दुष्काल, दो या पांच हो तो सुकाल, तीन या छः हो तो मध्यम समय, और शून्य हो तो शून्यफल कहना ॥ १६ ॥ कितनेक लोग तो इस रीति से उष्णा ऋतु के धान्य के परिज्ञान को कहते हैं। इस का पाठान्तर-- संवत्सर को द्विगुणा कर तीन घटा देना, उस में नव से भाग देकर शेष से वर्ष का शुभाशुभ फल कहना ॥ १७ ॥ शेष दो तीन या चार हो तो सुकाल, छः एक या शून्य हो तो मध्यम, पांच, आठ और सात हो तो हीनफल कहना ॥ १८ ॥ कचित् संवत्सर के अंकों को त्रिगुणा कर सात का भाग देना, जो शेष बचे उस को पांच गुणा कर तीन का भाग देना और शेष से फल कहना ॥ १९ ॥ शेष एक बचै तो सुकाल, दो बचै तो मध्यम और शून्य बचै तो दुष्काल जानना ॥ २० ॥ रुद्रदेव ने कहा है कि—

"Aho Shrutgyanam"

रुद्रदेवस्तु– संवत्सरस्य ये अंका अधोऽधो लिखिताः क्रमात् ।
बेदाङ्कसहिता ये तु मुनिभिर्भागमाहरेत् ॥ २१ ॥
आद्ये चतुष्के दुर्भिक्षं सुभिक्षं द्विकपश्चके ।
त्रिषष्ठे मध्यमः कालः शून्ये शून्यं विनिर्दिशेत् ॥ २२ ॥
तथा– कालो विक्रमभूपतेः प्रथमतस्त्रिस्ताड्यते मीलनात्,
पश्चात्पश्चयुते तुरङ्गमहृते शेषाङ्कमालोचयेत् ।
द्वाभ्यां वह्निभिरिन्द्रियै रसयुतैः कालोत्तमत्वं वदेत्,
शून्येनाधमतां चतुःशशधरे स्यान्मध्यमत्वं सदा ॥ २३ ॥

अत्र यदि पञ्चैव योज्यन्ते तदा सप्तवर्षानन्तरमवश्यं शून्यं समायाति, न च तत्र दुष्कालनियमः, तेन पञ्च योगकरणमिति कोऽर्थः? पञ्च मनुष्योक्ता अङ्काः क्षेप्या इति इष्ट वचनम् ।

संवत्सर के अंक और शताब्दी के अंक ये दोनों नीचे नीचे लिख कर मिला देना, इस में पांच और मिला कर सात का भाग देना, जो शेष बचे उस का फल कहना ॥ २१ ॥ जो शेष एक या चार हो तो दुष्काल, दो या पांच हो तो सुकाल, तीन या छ हो तो मध्यम और शून्य हो तो शून्य फल कहना ॥ २२ ॥ विक्रम संवत्सर की शताब्दी को और वर्ष को त्रिगुणा कर इकट्ठा करना, इस में पांच और मिलाकर सात से भाग देना, जो शेष बचै उस का फल विचारना शेष दो तीन पांच या छ बचै तो उत्तम समय कहना, एक या चार बचै तो मध्यम समय कहना और शून्य शेष बचै तो अधम समय कहना ॥ २३ ॥ यहां यदि पांच मिलावें तो सात वर्ष पर्यंत क्रमशः अवश्य शून्य आती है, इससे यहां दुष्कालका नियम नहीं रहा, इसलिये पंच योग का अर्थ पांच मनुष्योक्त अंको को मिलाना यही इष्ट है ॥ फिरभी संवत्सर के अंकों को द्विगुणा कर एक मिला देना, इसमें सातसे भाग देकर शेषसे वर्ष

"Aho Shrutgyanam"

क्वचित् पुनः—संवत्सराङ्कं द्विगुणीकृत्यैकं मीलयेत्ततः ।
सप्तभिर्भागदानेन बोध्यं वर्षशुभाशुभम् ॥२४॥

यथोदाहरणम्— संवत् १६८७ द्विगुणीकरणे १७४ एकयोगे १७५ सप्तभिर्भागे शून्यं तेन दुर्भिक्षम् ।

संवत्सरे द्विगुणिते त्रिभिरन्वितेऽथ,
नन्दैर्विभाजनमनुष्यफलं तु शेषे ।
युग्मे२ त्रिके३ जलनिधौ४ च सुभिक्षमेके,
षड्६ नन्दयो९ श्च समतापर ५-७-८ तोऽतिदौःस्थ्यः॥२५॥

अत्र संवत्सरशब्देन केचिद् विक्रमराजसंवत्सरं गणयन्ति तन्न युक्तं, सर्वत्र ज्योतिश्चरैः शाकस्यैव गणनात्, तेन विक्रमकाल इति क्वचिद् न भ्रमितव्यं, विक्रमकालस्य कालो विनाश इति। अर्थात्-शाकं त्रिनिघ्नं मुनिभाजितं च, शेषं द्विनिघ्नं शरसंयुतं च। वर्षा च धान्यं तृणशीततेजो-वायुश्च वृद्धिः क्षयविग्रहौ च॥२६॥

का शुभाशुभ कहना ॥ २४ ॥ उदाहरण— संवत् १६८७ है उसको द्विगुणा किया तो १७४ हुए इसमें एक और मिलाया तो १७५ हुए, उसको ७ से भाग दिया तो शून्य शेष रहा। इसलिए उस वर्ष दुष्काल जानना॥ फिर भी— संवत्सरको द्विगुणा कर तीन मिला देना, उसमें नवसे भाग देकर शेष का फल कहना। जो शेष एक दो तीन या चार बचै तो सुकाल, छ या नव बचैतो समान और पांच सात या आठ बचैतो अधम समय जानना॥ २५ ॥ यहां संवत्सर शब्दसे कोई विक्रम संवत्सर गिनते हैं यह योग्य नहीं है, सर्वत्र ज्योतिषियों को शालिवाहन का शक संवत्सर ही जानना चाहिये। इस लिए कहीं विक्रम काल का भ्रम नहीं करना चाहिये। शक संवत्सर को त्रिगुणा कर सातसे भाग देना और शेषको द्विगुणा कर इसमें पांच मिला देना, तो वर्षा धान्य तृण शीत तेजः वायु वृद्धि क्षय और विग्रह होते हैं ॥ २६ ॥ इसका फल — वर्षके विश्वाको त्रिगुणा कर इसमें तीन मिला देना उसको

"Aho Shrutgyanam"

अस्य फलम्- वर्षाविंशोपकाः सर्वे त्रिगुणास्त्रिभिरूनिताः ।
सप्तभिस्तद्विभागेन शेषं संवत्सरे फलम् ॥२७॥
चन्द्रे वेदे च दुर्भिक्षं सुभिक्षं युग्मबाणयोः ।
त्रिषष्ठे मध्यमः कालः शून्यै रौरवमादिशेत् ॥२८॥

अथ षष्टिसंवत्सरम्——

संवद्विक्रमराजस्य न्यूनः शरगुणेन्दुभिः ।
शाकोऽयं शालिवाहस्य भूद्वियुक् षष्टिभिर्भजेत् ॥२६॥
शेषेषु प्रभवादीनां वर्षादौ नाम जायते ।
प्रवृत्तिः षष्टिवर्षाणां गुरोर्मध्यमभोगतः ॥३०॥

अत्र स्थूलमतेन संवत्सरप्रवृत्तिर्यथा

वारे वेदा ४ स्तिथौ शैला ७ घटीषु द्वितयं क्षिपेत् ।
पूर्वसंवत्सराद् भावि-वत्सरागमनिर्णयः ॥३१॥
प्रभवो विभवः शुक्लः प्रमोदोऽथ प्रजापतिः ।
अङ्गिराः श्रीमुखो भावो युवा धाता तथैव च ॥३२॥
ईश्वरो बहुधान्यश्च प्रमाथी विक्रमो वृषः ।

सातसे भाग देकर शेषसे वर्षका फल कहना ॥ २७ ॥ शेष एक या चारहो तो दुष्काल, दो या पांच हो तो सुकाल, तीन या छ हो तो मध्यम काल और शून्य हो तो रौरव (भयानक) हो ॥ २८ ॥ इति शाकः ॥

विक्रमसंवत्सर में से १३५ घटादेने से शालिवाहन का शक संवत्सर होता है । इसमें बारह मिलाकर साठ का भाग देना ॥ २६ ॥जो शेष बचै वह प्रभव आदि वर्ष का नाम जानना । बृहस्पति के मध्यम भोग से साठ वर्षों की प्रवृत्ति होती है ॥ ३० ॥ अथवा वार में चार,तिथि में सात और घडी में दो मिलाने से भावी वर्ष का निर्णय होता है ॥ ३१ ॥ साठ संवत्सरों के नाम-प्रभव, विभव, शुक्ल, प्रमोद, प्रजापति, अंगिरा, श्रीमुख, भाव, युवा, धाता, ईश्वर, बहुधान्य, प्रमाथी, विक्रम, वृष, चित्रभानु, सुभानु

"Aho Shrutgyanam"

चित्रभानुः सुभानुश्च तारणः पार्थिवो व्ययः ॥३३॥
सर्वजित् सर्वधारी च विरोधी विकृतिः खरः ।
नन्दनो विजयश्चैव जयो मन्मथदुर्मुखौ ॥३४॥
हेमलम्बो विलम्बश्च विकारी शर्वरी प्लवः ।
शुभकृच्छोभनः क्रोधी विश्वावसुपराभवौ ॥३५॥
प्लवङ्गः कीलकः सौम्यः साधारणो विरोधकृत् ।
परिधावी प्रमाथी च नन्दाख्यो राक्षसो नलः ॥३६॥
पिङ्गलः कालयुक्तश्च सिद्धार्थो रौद्रदुर्मती ।
दुन्दुभी रुधिरोद्गारी रक्ताक्षः क्रोधनः क्षयः ॥३७॥
स्वनामसदृशं ज्ञेयं फलमत्र शुभाशुभम् ।
माघे गुरुर्धनिष्ठांशे प्रथमे प्रभवोदयः ॥३८॥

यदुक्तं रत्नमालायाम्—

तपसि खलु यदासावुद्गमं याति मासि,
प्रथमलवगतः सन् वासवे वासवेज्यः ।
निखिलजनहितार्थं वर्षवृन्दे गरिष्ठः,
प्रभव इति स नाम्ना जायतेऽब्दस्तदानीम् ॥३९॥

तारण, पार्थिव, व्यय, सर्वजित्, सर्वधारी, विरोधी, विकृति, खर, नन्दन, विजय, जय, मन्मथ, दुर्मुख, हेमलम्ब, विलम्ब, विकारी, शर्वरी, प्लव, शुभकृत् , शोभन, क्रोधी, विश्वावसु, पराभव, प्लवंग, कीलक, सौम्य, साधारण, विरोधकृत् , परिधावी प्रमाथी, नन्द, राक्षस, नल, पिङ्गल, कालयुक्त सिद्धार्थ, रौद्र, दुर्मति, दुन्दुभि, रुधिरोद्गारी, रक्ताक्ष, क्रोधन, और क्षय ॥ ३२--३७ ॥ ये साठ संवत्सरों के नाम हैं उनके नामसदृश शुभाशुभ फल जानना । माघमासमें धनिष्ठा के प्रथम अंश पर बृहस्पति आनेसे प्रभव नामका वर्ष प्रारंभ होता है ॥३८॥ रत्नमालामें भी कहा है कि माघमासमें धनिष्ठा के

"Aho Shrutgyanam"

सिद्धान्ते तु— कति णं भंते ! संवच्छरा पण्णत्ता? गोयमा ! पंच संवच्छरा पण्णत्ता तंजहा- णक्खत्तसंवच्छरे, जुगसंवच्छरे पमाणसंवच्छरे लक्खणसंवच्छरे, सणिचरसंवच्छरे । णक्खत्तसंवच्छरे कइविहे पण्णत्ते ? गोयमा ! दुवालसविहे-- सावणे भद्दवए आसोए कत्तिए मगसिरे पोसे माहे फग्गुणे चित्ते वइसाहे जिट्ठे आसाढे; जं वा बुहप्फइ महग्गहे दुवालस संवच्वछरेहिं णक्खत्तमंडले समाणे इसेणं णक्खत्तसंवच्छरे । जुगसंवच्छरे णं कइविहे पण्णत्ते ? गोयमा ! पंचविहे पण्णत्ते. तंजहा- चंदे चंदे अभिवड्डिए चंदे अभिवड्ढिएचेव सेत्तं जुगसंवच्छरे । पमाणसंवच्छरे णं भंते ! कइविहे पण्णत्ते ? गोयमा! पंचविहे पण्णत्ते. तंजहा णक्खत्ते चंदे उऊ आइच्चे अभिवड्डिए सेत्तं पमाणसंवच्छरे । लक्खणसंवच्छरे कइविहे पण्णत्ते ?

प्रथम अंश पर बृहस्पति का उदय हो तब समस्त मनुष्यों के हित के लिये साठ वर्षोंमेंसे प्रथम प्रभव नाम का वर्ष प्रारंभ होता है ॥ ३६ ॥

हे भगवन् ! संवत्सर कितने हैं ? गौतम ! संवत्सर पांच हैं— -नक्षत्रसंवत्सर १ युगसंवत्सर २, प्रमाणसंवत्सर ३, लक्षणसंवत्सर ४, और शनैश्चरसंवत्सर ५ । चन्द्रमा को पूर्ण नक्षत्र मण्डल भोगनेमें जितना समय व्यतीत हो उसको नक्षत्रमास कहते हैं, यह बारह हैं—श्रावण, भाद्रपद, आश्विन, कार्त्तिक, मार्गशिर, पौष, माघ, फाल्गुन, चैत्र, वैशाख ज्येष्ठ, और आषाढ, इन बारह मासों का एक नक्षत्रसंवत्सर होता है, उसकी दिन संख्या ३२७$\frac{५१}{६७}$ हैं ॥ १ ॥ युगसंवत्सर पांच प्रकारका है-चंद्र, चन्द्र, अभिवर्द्धित, चन्द्र और अभिवर्द्धितसंवत्सर । कृष्ण प्रतिपदा से लेकर पूर्णिमा तक २९$\frac{३२}{६२}$ इतने दिन के प्रमाण वाला एक चन्द्रमास होता है, ऐसे बारह मासों का एक चंद्रसंवत्सर होता है, उसकी दिनसंख्या ३५४$\frac{१२}{६२}$ है । इस तरह ३१$\frac{१२१}{१२४}$ दिन के प्रमाण वाला एक अभिवर्द्धित मास होता है, ऐसे बारह मासों का एक अभिवर्द्धितसंवत्सर

"Aho Shrutgyanam"

गोयमा ! पञ्चविहे तंजहा-- समगं णक्खत्त जोगं जोयंति समगं उऊ परिणमन्ति । णच्चुण्हं णाइसीओ बहूदओ होइ णक्खत्तो ॥१॥ ससिसगलपुण्णमासी जोयंति विसमचारिणक्खत्ता । कडुओ बहूदओआ तमाहु संवच्छरं चंदं ॥२॥ विसमं पवालिणो परिणमंति अणउऊसु देंति पुप्फफलम् । वासं ण सम्म वासइ तमाहु संवच्छरं कम्मं ॥३॥ पुढविदगाणं तु रसं पुप्फफलाणं च देइ आइच्चो । अप्पेण विवासेणं सम्मं निप्फ-

होता है। इन पांच संवत्सरों के समूह को युग कहते हैं और अभिवर्द्धित संवत्सरमें एक अधिक मास होता है ॥ २ ॥ प्रमाणसंवत्सर पांच प्रकार का है ---नक्षत्र, चन्द्र, ऋतु, आदित्य और अभिवर्द्धित। नक्षत्र चन्द्र और अभिवर्द्धितसंवत्सर का लक्षण पहले कह दिया है । ऋतु---तीस अहोरात्र का एक ऋतुमास, ऐसे बारह मास का एक ऋतुसंवत्सर होता है, उसकी दिन संख्या ३६० पूरी है । आदित्य---३०$\frac{१}{२}$ दिन का एक आदित्य (सूर्य) मास । ऐसे बारह मास का एक आदित्य(सूर्य)संवत्सर होता है उसकी दिन संख्या ३६६ है ॥ ३ ॥ लक्षणसंवत्सर---संवत्सर के नक्षत्रादि लक्षण प्रधान को लक्षणसंवत्सर कहते हैं, वह पांच प्रकार का है--- जिस जिस तिथि में जो जो नक्षत्र आने को कहा है उन उन तिथियों में वह आजाय, जैसे कार्तिक की पूर्णिमा को कृत्तिका, माघ की पूर्णिमा को मघा चैत्री पूर्णिमा को चित्रा इत्यादि। किन्तु " जेट्ठो वच्चइ मूलेण सावणो वच्चइ धणिट्ठाहिं । अद्दासु य मग्गसिरो सेसा नक्खत्तनामिया मासा " ॥१॥
अर्थ---ज्येष्ठ पूर्णिमा को मूल, श्रावण पूर्णिमा को धनिष्ठा और मार्गशिर पूर्णिमा को आर्द्रा नक्षत्र होता है और बाकी नक्षत्र के नाम सदृश मास की पूर्णिमा होती है । समकालीन अनुक्रम से ऋतु परिवर्तन हो, कार्तिकपूर्णिमा पीछे हेमंतु ऋतु, पौषपूर्णिमा पीछे शिशिरऋतु, माघपूर्णिमा पीछे वसन्त ऋतु इत्यादि समानपन से रहें । जिस वर्ष में अधिक उष्णता न हो,

"Aho Shrutgyanam"

उज्झए सस्सं ॥४॥ आइच्चतेयतविया खणलवदिवसा उऊ परिणमंति । पूरेइ रेणुथलताइं तमाहु अभिवड्ढियं नाम ॥५॥ सणिच्छरसंवच्छरे कइविहे पण्णत्ते ? गोयमा ! अट्ठावीसइ-विहे पण्णत्ते. तंजहा-- अभिई सवण धणिट्ठा सयभिसया दो अ हुंति भद्दवया रेवइ अस्सिणी भरणी कत्तिया तह रोहिणी चेव जाव उत्तरासाढाओ जं वा सणिच्छरे महग्गहे तीसाहिं संवच्छरेहिं सव्वं णक्खत्तमण्डलं समाणेइ सेत्तं सणिच्छरसंवच्छरे ॥ इति जम्बूद्वीपप्रज्ञप्तिसूत्रे स्थानाङ्गे च ॥

एवं गुरोः पञ्चकृत्वः शनेर्द्विर्भगणभ्रमात् ।

अधिक शीत न हो और वृष्टि अधिक हो उसको नक्षत्रसंवत्सर कहते हैं ? । जिस वर्ष में पूर्णिमा को चन्द्रमा पूर्ण कलायुक्त हो तथा नक्षत्र विषमचारी याने मासकी पूर्णिमा के नाम सदृश न हो और अधिक शीत, अधिक उष्णता अधिक वृष्टि हो उसको चन्द्रसंवत्सर कहते हैं ॥ २ ॥ जिस वर्ष में वृक्ष में फल फूल नवीन पत्ते विना ऋतु के आजाय, वृष्टि अच्छी तरह न हो उस को कर्मसंवत्सर, ऋतुसंवत्सर और सावनसंवत्सर कहते हैं ॥ ३ ॥ जिस वर्षमें पृथ्वी और पानीका रस मधुर तथा स्निग्ध हो, समयानुकूल वृक्षमें फलफूल आवें, थोडी वृष्टि होनेपर भी धान्य अच्छी तरह उत्पन्न हों इत्यादि लक्षणयुक्त संवत्सर को आदित्यसंवत्सर कहते हैं ॥ ४ ॥ जिस वर्षमें सूर्य के तेजसे क्षण मुहूर्त्त श्वासोच्छ्वास प्रमाण का दिवस, दोमास का ऋतु ये सब यथास्थित रहें और पवन रेती(रजः) से खड्डा पूर दे, उसको अभिवर्द्धित संवत्सर कहते हैं ५ ॥ ४ ॥ जितने समयमें शनैश्चर पूर्ण नक्षत्रमण्डल को याने बारह राशियों को तीस वर्षमें भोग करले उसको शनैश्चर संवत्सर कहते हैं, वह श्रवणादि अट्ठाईस नक्षत्र से अट्ठाईस प्रकार का है ॥५॥

इस तरह गुरु पांच वार, शनैश्चर दो वार और राहु तृतीयांश सहित तीन ($3\frac{1}{3}$) वार भगण (पूर्ण नक्षत्र मंडल) में भ्रमण करे इतने समय में

"Aho Shrutgyanam"

वत्सराणां भवेत् षष्टी राहोस्त्रिस्त्र्यंशयुग्क्रमात् ॥ ४० ॥
न संमतं तेन शतं समानां, ज्योतिर्विदां क्वापि च शास्त्ररीत्या।
संवत्सराख्या द्विपविंशकार्थ-ग्रहप्रचारैः फलमत्र चिन्त्यम् ॥४१॥
संवत्सरे स्याद्विषमे प्रायो दुर्भिक्षसम्भवः ।
राजविग्रहमारीणां सम्भवः समवत्सरे ॥४२॥
वर्षेशाः सर्वतोभद्रे जीवार्किशिखिराहवः ।
तेषां चारानुसारेण भवेत् सांवत्सरं फलम् ॥४३॥
सांवत्सरफलग्रन्थान् प्राच्यान्नव्याननेकशः ।
विलोकयेत् सुधीस्तेन ज्ञेयो मेघमहोदयः ॥४४॥
अत्र च वचनप्रामाण्याय रामविनोदग्रन्थ एवम्—
यो निर्गुणो गुणमयं वितनोति विश्वं,
तापत्रयं हरति यस्तपनोऽप्यजस्त्रम् ।
कालात्मको जगति जीवयते च जन्तून्,
ब्रह्माण्डसम्पुटमणिं द्युमणिं तमीडे ॥४५॥

साठ वर्ष पूर्ण होते हैं ॥ ४० ॥ 'षष्टि' ऐसा कहा है इस लिए शास्त्र रीति से किसी भी जगह विद्वानोंका सैंकडे (सौ वर्ष) का मत नहीं है । संवत्सर के नाम की द्विपविंशतिका का फलादेश ग्रहों के चालन से जानना ॥ ४१ ॥ विषम संवत्सर में प्रायः दुर्भिक्ष का संभव रहता है और सम वर्ष में राज में विग्रह या महामारी आदि रोग का संभव रहता है ॥४२॥ सर्वतोभद्रचक्र में वर्षाधिपति - गुरु शनि राहु और केतु कहे हैं, उनकी गति के अनुसार संवत्सर का फल होता है ॥ ४३ ॥ संवत्सरफल सम्बन्धी प्राचीन और नवीन अनेक ग्रन्थों को देखकर उससे विद्वान लोग मेघ महोदय को जानें ॥ ४४ ॥

जो स्वयं गुणरहित होकर भी गुणवाला जगतको रचता है, स्वयं निरंतर तपनवाला होकर भी तीन प्रकारके तापोंका नाश करता है, काल

"Aho Shrutgyanam"

श्रीरामदासरुचिदे गणितप्रबन्धे,
दैवज्ञरामकृतरामविनोदनाम्नि ।
श्रीसूर्यभक्तिमदकब्बरशाहिशाके,
सौरागमानुभजतस्तिथिपत्रमेतत् ॥४६॥

+यातान्दा यम२वर्जिता नग७गुणाः शून्याम्बराङ्गो ६००द्धृता,
भाज्यं लब्धमिताऽब्दनेत्रदहना३२द्व्यंशाब्दशाकेन्दुतः ।
दिग्१०भागासकलायुतं प्रभवतोऽब्दाः षष्टिशेषाः स्मृताः,
शेषांशा रविभिर्हता दिनमुखं मेषार्कतः प्राग्वेत् ॥४७॥

अत्र दाक्षिणात्याः सौरमानेन संवत्सरप्रवृत्तिमाहुः । उक्तं च 'शाके सार्के हृते खाङ्गैः शेषे स्युः प्रभवादयः' । तेषां च फलानि--

स्वरूप होकर भी जगत्के प्राणियोंको जीवन देता है, और जो ब्रह्माण्ड रूपी संपुटका मणिरूप है, ऐसे श्री सूर्यनारायणको प्रणाम करता हूँ ॥ ४५॥ श्री रामदास को आनन्ददायक गणितप्रबंधमें याने रामदैवज्ञविरचित राम-विनोद नामक गणितग्रंथमें सूर्य नारायणके भक्त अकबर बादशाहके शाकमें यह तिथिपत्र सूर्यसिद्धान्तके अनुसार है ॥ ४६ ॥

दक्षिणदेशके रहने वाले सौरमान से संवत्सर की प्रवृत्ति मानते हैं । कहा है कि— शक संवत्सर में बारह मिला कर साठ का भाग देना, जो

+ यह श्लोक बराबर समझने में नहीं आनेसे उसके स्थान पर निम्न लिखित प्रचलित श्लोक लिख देता हूँ—

शकेन्द्रकालः पृथगाकृतिघ्नः, शशाङ्कनन्दाश्वियुगैः समेतः ।
शराद्रिवस्विन्दुहृतः सलब्धः, षष्ट्याप्तशेषे प्रभवादयोऽब्दाः ॥ १ ॥

इष्ट शालिवाहन शक को दो जगह लिख कर एक जगह २२ से गुणें, इस गुणनफल में ४२९१ जोड़ कर १८७५ का भाग दें, जे लब्धि मिले उसको दूसरे स्थान पर लिखा हुआ शकवर्षमें जोडे, इसमें ६० का भाग दें जो शेष रहे वही प्रभव आदि वर्ष जानें। प्रथम जो शेष बचा है उनको १२ से गुणा कर १८७५ से भाग दें तो महीना और इस की शेषमें ३० से भाग दे कर १८७५ से भाग दें तो दिन मिल जाता है ॥

"Aho Shrutgyanam"

निरीतिः सकलो देशः सस्यनिष्पत्तिरुन्नतः ।
सुस्थिता भूभुजाः सर्वे प्रभवे सुखिनो जनाः ॥४८॥
दण्डनीतिपरा भूपा बहुसस्यार्घवृष्टयः ।
विभवाद्बेऽखिला लोकाः सुखिनः स्युर्विवैरिणः ॥४९॥
शुक्लाब्दे निखिला लोकाः सुखिनः स्वजनैः सह ।
राजानो युद्धनिरताः परस्परजयैषिणः ॥५०॥
प्रमोदाब्दे प्रमोदन्ते राजानो निखिला जनाः ।
वीतरोगा वीतभया ईतिवैरिविनाकृताः ॥५१॥
न चलन्त्यखिला लोकाः स्वस्वमार्गात् कथञ्चन ।
अब्दे प्रजापतौ नूनं बहुसस्यार्घवृष्टयः ॥५२॥
अन्नाद्यं भुज्यते शश्वज्जनैरतिथिभिः सह ।
अङ्गिराब्देऽखिला लोका भूपाश्च कलहोत्सुकाः ॥५३॥
श्रीमुखाब्देऽखिला धात्री बहुसस्यार्घसंयुता ।

शेष बचै वह प्रभव आदि वर्ष जानना । उनका फल----

प्रभवसंवत्सरमें समस्त देश ईति रहित हो, खेती (धान्य) की उत्पत्ति अच्छी हो, राजा प्रसन्न रहें और प्रजा सुखी हो ॥ ४८ ॥ विभव संवत्सर में राजा दण्डनीति में तत्पर हों, बहुत धान्य हों, वर्षा अच्छी बरसे, सब लोग सुखी और वैर रहित हों ॥ ४९ ॥ शुक्लसंवत् में स्वजनों के साथ सब लोग सुखी हों, राजा परस्पर जीतने की इच्छा से युद्ध करें ॥ ५० ॥ प्रमोदसंवत् में सब राजा और प्रजा प्रसन्न हों, रोग रहित और भय रहित हों, ईति और शत्रु का नाश हो ॥ ५१ ॥ प्रजापतिवर्ष में मनुष्य अपनी कुलमर्यादा को रेखामात्र भी न त्यागें, खेती और वर्षा अच्छी हो ॥ ५२ ॥ अंगिरावर्ष में मनुष्य निरन्तर अतिथियों के साथ अन्न आदि का उपभोग करें, सब लोक और राजा कलह में उत्सुक हों ॥ ५३ ॥ श्रीमुखवर्ष में समस्त भूमि धन धान्य से पूर्ण हों,

"Aho Shrutgyanam"

अध्वरे निरता विप्रा वीतरोगा विवैरिणः ॥५४॥
भावाब्दे प्रचुरा रोगा मध्याः सस्यार्घवृष्टयः ।
राजानो युद्धनिरता-स्तथापि सुखिनो जनाः ॥५५॥
प्रभूतपयसो गावः सुखिनः सर्वजन्तवः ।
सर्वकामक्रियासक्ता युवाब्दे युवतीजनाः ॥५६॥
धातृवर्षेऽखिलाः क्ष्मेशाः सदा युद्धपरायणाः ।
सम्पूर्णा धरणी भाति बहुसस्यार्घवृष्टिभिः ॥५७॥
ईश्वराब्देऽखिलान् जन्तून् धात्री धात्रीव सर्वदा ।
पोषयत्यतुलं चान्नं फलमाषेक्षुव्रीहिभिः ॥ ५८ ॥
अनीतिरतुला वृष्टि-र्बहुधानाख्यवत्सरे ।
विविधैर्धान्यनिचयैः सम्पूर्णा चाखिला धरा ॥ ५९ ॥
न मुञ्चति पयोवाहः कुत्रचित्कुत्रचिज्जलम् ।
मध्यमा वृष्टिरर्घश्च नूनमब्दे प्रमाथिनि ॥ ६० ॥
विक्रमाब्दे धराधीशा विक्रमाक्रान्तभूमयः ।
सर्वत्र सर्वदा मेघा मुञ्चन्ति प्रचुरं जलम् ॥ ६१ ॥

ब्राह्मण यज्ञकर्म में प्रवृत्त हों रोग और शत्रुता रहित हों ॥ ५४ ॥ भाववर्ष में बहुत रोग हों, धान्य और वर्षा मध्यम हो, राजा युद्ध करें तो भी लोग सुखी हों ॥ ५५ ॥ युवावर्ष में गौ बहुत दूध दें, सब प्राणी सुखी हों और स्त्रीजन कामक्रिया में आसक्त हों ॥ ५६ ॥ धातावर्ष में सब राजा युद्ध के लिये तत्पर हों समस्त पृथ्वी वर्षा द्वारा धन धान्यसे पूर्ण हो ॥ ५७ ॥ ईश्वरवर्ष में पृथ्वी सब प्राणियों को माता की समान फल, माष (उडद), ऊख (इक्षु), चावल (व्रीहि) आदि अनाज से पालन करे ॥ ५८ ॥ बहुधान्यवर्ष में ईति रहित बहुत वर्षा हो, पृथ्वी अनेक प्रकार के अन्न से पूर्ण हो ॥ ५९ ॥ प्रमाथीवर्ष में वर्षा न वरसे, कहीं कहीं मध्यम वर्षा और धान्य पैदा हो ॥ ६० ॥ विक्रमवर्ष में राजा पराक्रम

"Aho Shrutgyanam"

वृषभाब्देऽखिलाः क्ष्मेशा युद्ध्यन्ते वृषभा इव ।
मत्ताः प्रसक्ता विप्रेन्द्राः सततं यजतां सुरान् ॥ ६२ ॥
चित्रार्थवृष्टिसस्याद्यै-र्विचित्रा निखिला धरा ।
निराकुलाखिला लोका-श्चित्रभानोश्च वत्सरे ॥ ६३ ॥
सुभानुवत्सरे भूमौ भूमिपानां च विग्रहः ।
भाति भूर्भूरिसस्याढ्या भुजङ्गमभयङ्करी ॥ ६४ ॥
कथञ्चिन्निखिला लोका-स्तरन्ति प्रतिपत्तनम् ।
नृपाहवे क्षताद् रोगाद् भैषज्यं तारणेऽब्दके ॥ ६५ ॥
पार्थिवाब्दे च राजानः सुखिनः स्युर्भृशं जनाः ।
बहुभिः फलपुष्पाद्यै-र्विविधैश्च पयोधरैः ॥ ६६ ॥
व्ययाब्दे निखिला लोका बहुव्ययपरा भृशम् ।
वीरमत्तेभतुरग-रथैर्भीतिश्च सर्वदा ॥ ६७ ॥
सर्वजिद्वत्सरे सर्वे जनास्त्रिदशसन्निभाः ।
राजानो विलयं यान्ति भीमसंग्रामभूमिषु ॥ ६८ ॥

से भूमिको जीतने वाले हों और सब जगह सर्वदा बहुत वर्षा वरसे ॥ ६१ ॥ वृषभवर्षमें सब राजा मत्त वृषभकी समान युद्ध करें और ब्राह्मण निरन्तर श्रद्धा युक्त होकर देव पूजन करें ॥ ६२ ॥ चित्रभानुवर्ष में अनेक प्रकारकी वृष्टि और धान्यसे समस्त पृथ्वी विचित्रवर्ण वाली हो और सब लोग प्रसन्न हों ॥ ६३ ॥ सुभानुवर्ष में पृथ्वी पर राजाओंमें विग्रह हों, भूमि बहुत धान्यसे पूर्ण हो तो भी काले नागकी जैसी भयंकर लगे ॥ ६४ ॥ तारणसंवत्सर में सब लोक राजाओंके युद्धमें घायल हुए रोगसे मुक्त होकर शहर तरफ जावें ॥ ६५ ॥ पार्थिववर्ष में राजा और प्रजा बहुत फल फूल आदिसे और वर्षासे बहुत सुखी हों ॥ ६६ ॥ व्ययसंवत्सर में सब लोक बहुत खर्च करें और सर्वदा सुभट मदोन्मत हाथी घोडे और रथों से पृथ्वी पर भय हो ॥ ६७ ॥ सर्वजित्संवत्सरमें देवों के समान मनुष्य हों, और राजालोग भयंकर संग्राम भूमिमें प्राण

"Aho Shrutgyanam"

सर्वधार्यब्देके भूपाः प्रजापालनतत्पराः ।
प्रशान्तवैराः सर्वत्र बहुसस्यार्घवृष्टयः ॥ ६९॥
शीतलादिविकारः स्याद् बालानां तस्करा जनाः ।
अल्पक्षीरास्तथा गावो विरोधश्च विरोधिनि ॥ ७० ॥
मुष्णन्ति तस्करा लोकान् तीडाः स्युः शलभाः शुकाः ।
विकारकृद्जलवृष्टि-विकृतेऽब्दे प्रजारुजः ॥ ७१ ॥
स्वल्पा वृष्टिः स्वल्पधान्यं खण्डवृष्टिर्नृपक्षयः ।
छत्रभङ्गः प्रजापीडा खरेऽब्दे खरता जने ॥ ७२ ॥
सुभिक्षं सुखिनो लोका व्याधिशोकविवर्जिताः ।
नन्दनं च धनैर्धान्यै-र्नन्दने वत्सरे भवेत् ॥ ७३ ॥
युध्यन्ते भूभृतोऽन्योऽन्यं लोकानां च धनक्षयः ।
दुर्भिक्षं च क्वचित् स्वस्थं बहुसस्यार्घवृष्टयः ॥ ७४ ॥
जयमङ्गलघोषाद्यै-र्धरणी भाति सर्वदा ।
जयाब्दे धरणीनाथाः संग्रामे जयकाङ्क्षिणः ॥ ७५ ॥

त्यागें ॥ ६८ ॥ सर्वधारीवर्ष में वैररहित होकर राजा प्रजा के पालन में तत्पर हों, बहुत धन धान्य और जलवर्षा हों ॥ ६९ ॥ विरोधीवर्ष में बालकों को शीतलादि का रोग हो, लोक चौरी करें, गौएं थोड़ा दूध दें ॥ ७० ॥ विकृतवर्ष में लोगों को चोर दुःख दें, टीड्डी शलभ शुक आदि विशेष हो, विकार करने वाली जलवर्षा हो और प्रजा को रोग हो ॥ ७१ ॥ खरसंवत्सरमें थोडी वर्षा, थोडा ही धान्य, खण्डवृष्टि, राजाका विनाश, छत्र-भंग, प्रजाको दुःख और मनुष्योंमें क्रूरता हो ॥ ७२ ॥ नन्दनवर्षमें सुभिक्ष, लोक सुखी, व्याधि और शोकसे रहित और धन धान्यसे सुखी हों ॥ ७३ ॥ विजयसंवत्सरमें राजा परस्पर युद्ध करें, लोगोंका धन क्षय हो, दुष्काल पड़े, कहीं शान्तता और धन धान्य हो, वर्षा हो ॥ ७४ ॥ जयसंवत्सरमें जय मंगल के शब्दों से पृथ्वी सर्वदा शोभायमान हो, राजा संग्राम में जय की

"Aho Shrutgyanam"

मन्मथाब्दे जनाः सर्वे तस्करा अतिलोलुपाः ।
शालीक्षुयवगोधूमै-र्नयनाभिनवा धरा ॥ ७६ ॥
दुर्मुखाब्दे मध्यवृष्टि-रीतिचौराकुला धरा ।
महावैरा महीनाथा वीरवारणघोटकैः ॥ ७७ ॥
हेमलम्बे त्वीतिभीति-र्मध्यसस्यार्घवृष्टयः ।
भाति भूर्भूपतिक्षोभः खड्गविद्युल्लतादिभिः ॥ ७८ ॥
विलम्बिवत्सरे भूपाः परस्परविरोधिनः ।
प्रजापीडा त्वनर्थत्वं तथापि सुखिनो जनाः ॥ ७९ ॥
विकार्यब्देऽखिला लोकाः सरोगा वृष्टिपीडिताः ।
पूर्वसस्यफलं स्वल्पं बहुलं चापरं फलम् ॥ ८० ॥
शर्वरीवत्सरे पूर्णा धरा सस्यार्घवृष्टिभिः ।
जनाश्च सुखिनः सर्वे राजानः स्युर्विवैरिणः ॥ ८१ ॥
प्लवाब्दे निखिला धात्री वृष्टिभिः प्लवसन्निभा ।

इच्छा वाले हों ॥ ७५ ॥ मन्मथवर्षमें सब लोक बहुत लोभी और चोर हों, धान्य, ईख, जव, गेंहू आदिसे नेत्रोंको आनंद देने वाली पृथ्वी हो ॥ ७६ ॥ दुर्मुखवर्ष में मध्यम वर्षा हो, ईति और चोरोंसे पृथ्वी आकुल हो, राजा वीर (सुभट) हाथी घोडों से महावैर करें ॥ ७७ ॥ हेमलम्बिवर्षमें ईतिका भय हो, मध्यम वर्षा और थोड़ा धान्य हो, पृथ्वी शोभित हो, और राजा तलवाररूपी लता आदिसे क्षुभित हों ॥ ७८ ॥ विलम्बीवर्षमें राजा परस्पर विरोध करें, प्रजा में पीडा और अनर्थ हो तो भी लोग सुखी हों ॥ ७९ ॥ विकारीवर्ष में समस्त लोग रोग और वर्षासे दुःखी हों, पहले धान्य फल फूल थोड़े हों और पीछे बहुत हों ॥ ८० ॥ शर्वरीवर्ष में पृथ्वी धन धान्य से पूर्ण हो, सब मनुष्य सुखी हों और राजा वैररहित हों ॥ ८१ ॥ प्लववर्ष में समस्त पृथ्वी वर्षा से प्लव (सुगंधिततृणविशेष) सदृश हो, सम्पूर्ण वर्षमें ईतिभय और रोग रहे ॥ ८२ ॥ शुभकृद्वर्ष में पृथ्वी

"Aho Shrutgyanam"

रोगाकुला त्वीतिभीतिः सम्पूर्णे वत्सरे फलम् ॥८२॥
शुभकृद्वत्सरे पृथ्वी राजते विविधोत्सवैः।
आतङ्कचौरा भयदा राजानः समरोत्सुकाः ॥८३॥
शोभने वत्सरे धात्री प्रजानां रोगशोकदा।
तथापि सुखिनो लोका बहुसस्यार्घवृष्टयः ॥८४॥
क्रोध्यब्दे त्वखिला लोकाः क्रोधलोभपरायणाः।
ईतिदोषेण सततं मध्यसस्यार्घवृष्टयः ॥८५॥
अब्दे विश्वावसौ शश्वद् घोररोगाकुला धरा।
सस्यार्घवृष्टयो मध्या भूपाला नातिभूतयः ॥८६॥
पराभवाब्दे राज्ञां स्यात् समरः सह शत्रुभिः।
आमयक्षुद्रसस्यानि प्रभूतान्यल्पवृष्टयः ॥८७॥
प्लवङ्गाब्दे मध्यवृष्टी रोगचौराकुला धरा।
अन्योऽन्यं समरे भूपाः शत्रुभिर्हृतभूमयः ॥८८॥
कीलकाब्दे त्वीतिभीतिः प्रजाक्षोभो नृपाहवैः।

अनेक उत्सवोंसे सुशोभित हो, भयदायक रोग और चोर हो, राजा युद्ध में उत्सुक हों ॥८३॥ शोभनवर्ष में पृथ्वी प्रजा को रोग शोक देने वाली हो तो भी लोक सुखी हो, बहुत धन धान्य और वर्षा हो ॥८४॥ क्रोधीवर्ष में समस्त लोग क्रोध और लोभ परायण हों, ईति दोष से निरन्तर दुःख हो, मध्यम धान्य और वर्षा हो ॥८५॥ विश्वावसुवर्षमें पृथ्वी निरंतर घोररोग से व्याकुल हो, मध्यम खेती और वर्षा हो और राजा सम्पत्ति वाले न हों ॥ ८६ ॥ पराभववर्ष में राजाओं का शत्रु के साथ युद्ध हों, रोग और क्षुद्र धान्य अधिक हो, वर्षा थोडी हो ॥ ८७ ॥ प्लवङ्गवर्ष में थोडी वर्षा हो, पृथ्वी रोग तथा चोरोंसे व्याकुल हो, राजा शत्रुके साथ युद्धमें प्रवृत्त हो ॥ ८८ ॥ कीलकवर्ष में ईतिका भय, प्रजामें क्षोभ, राजा में युद्ध हो तो भी लोक धन धान्य से बढे और वर्षा अच्छी हो ॥८९॥

तथापि वर्द्धते लोकः सत्रधान्यार्घवृष्टिभिः ॥८९॥
सौम्याब्दे निखिला लोका बहुसस्यार्घवृष्टिभिः ।
निर्वैरिणो धराधीशा विप्राश्चाध्वरतत्पराः ॥९०॥
साधारणाब्दे वृष्ट्यर्थं भयं साधारणं स्मृतम् ।
निर्वैरिणो धराधीशाः प्रजाः स्युः स्वच्छचेतसः ॥९१॥
विरोधकृद्वत्सरे तु परस्परविरोधिनः ।
सर्वे जना नृपाश्चैव मध्यसस्यार्घवृष्टयः ॥९२॥
भूपाहवो महारोगो मध्यसस्यार्घवृष्टयः ।
दुःखिनो जन्तवः सर्वे वत्सरे परिधाविनि ॥९३॥
प्रमाथिवत्सरे तत्र मध्यसस्यार्घवृष्टयः ।
प्रजाः कथञ्चिज्जीवन्ति समात्सर्याः क्षितीश्वराः ॥९४॥
आनन्दाब्देऽखिला लोकाः सर्वदानन्दचेतसः ।
राजानः सुखिनः सर्वे बहुसस्यार्घवृष्टयः ॥९५॥
स्वस्वकार्ये रताः सर्वे मध्यसस्यार्घवृष्टयः ।
राक्षसाब्देऽखिला लोका राक्षसा इव निष्क्रियाः ॥९६॥

सौम्यवर्ष में समस्त लोक बहु धन धान्य से सुखी हों, राजा वैर रहित हों और ब्राह्मण यज्ञकर्म में प्रवृत्त हों ॥ ९० ॥ साधारणवर्ष में वर्षा के लिये साधारण भय कहना, राजा वैररहित हों और प्रजा प्रसन्न मनवाली हो ॥ ९१ ॥ विरोधीवर्ष में सब राजा और प्रजा परस्पर विरोधी हों और मध्यम वर्षा हो ॥ ९२ ॥ परिधावीवर्ष में राजाओं में युद्ध, बड़ा रोग, मध्यम वर्षा और धान्य हो, तथा सब प्राणी दुःखी हों ॥९३॥ प्रमाथीवर्षमें मध्यम वर्षा, प्रजा को दुःख और राजाओं में परस्पर ईर्षा हो ॥ ९४ ॥ आनन्दवर्ष में सब लोक प्रसन्न चित रहें, राजा सुखी हों और बहुत धान्य हो, वर्षा अच्छी हो ॥ ९५ ॥ राक्षसवर्ष में सब अपने २ कार्यों में लवलीन हों, मध्यम वर्षा हो और सब लोक राक्षसकी जैसे क्रिया रहित हों

"Aho Shrutgyanam"

नलाब्दे मध्यसस्यार्घं वृष्टिभिः प्रवरा धरा ।
नृपसंक्षोभसंजाता भूरितस्करभीतयः ॥९७॥
पिङ्गलाब्दे त्वीतिभीति-र्मध्यसस्यार्घवृष्टयः ।
राजानो विक्रमाक्रान्ता भुञ्जन्ते शत्रुमेदिनीम् ॥९८॥
वत्सरे कालयुक्ताख्ये सुखिनः सर्वजन्तवः ।
सन्तीतयोऽपि सस्यानि प्रचुराणि तथाऽगदाः ॥९९॥
सिद्धार्थवत्सरे भूपाः शान्तवैरास्तथा प्रजाः
सकला वसुधा भाति बहुसस्यार्घवृष्टिभिः ॥१००॥
रौद्रेऽब्दे नृपसम्भूत-क्षोभक्लेशसमन्विते ।
सततं त्वखिला लोका मध्यसस्यार्घवृष्टयः ॥१०१॥
दुर्मत्यब्देऽखिला लोका भूपा दुर्मतयः सदा ।
तथापि सुखिनः सर्वे संग्रामाः सन्ति चेदपि ॥१०२॥
सर्वसस्ययुता धात्री पालिता धरणीधरैः ।
पूर्वदेशविनाशः स्यात् तत्र दुन्दुभिवत्सरे ॥१०३॥

॥ ९६ ॥ नलसंवत्सर में मध्यम धान्य हो, वर्षासे पृथ्वी श्रेष्ठ हो, राजाओं में क्षोभ पैदा हो और चोरों का बहुत भय हो ॥९७॥ पिङ्गलवर्ष में ईति का भय हो, मध्यम वर्षा बरसे, राजा पराक्रमसे पूर्ण होकर शत्रु की पृथ्वी का भोग करें ॥ ९८ ॥ कालयुक्तवर्ष में सब प्राणी सुखी हों, ईति का उपद्रव हो तो भी धान्य बहुत हों और रोग अधिक हों ॥ ९९ ॥ सिद्धार्थवर्ष में राजा और प्रजा शान्तवैर हों, सब पृथ्वी बहुत धन धान्य की वृद्धि और वर्षा से शोभायमान हो ॥ १०० ॥ रौद्रवर्ष में सब राजा क्षोभित और क्लेश वाले हों, सब प्राणियोंको भी क्लेश हो, मध्यम धान्य और वर्षा हो ॥ १०१ ॥ दुर्मतिवर्ष में सब लोक और राजा दुष्ट बुद्धि वाले हों तो भी सब सुखी हों और संग्राम भी हो ॥ १०२ ॥ दुन्दुभिसंवत्सर में पृथ्वी धान्य से पूर्ण हो, राजा अच्छी तरह पृथ्वीका पालन करें और

"Aho Shrutgyanam"

रुधिरोद्गारिणि त्वाधिः प्रभूताः स्युस्तथाऽऽमयाः ।
नृपसंग्रामसम्भूतव्यापदस्त्वखिला जनाः ॥१०४॥
रक्ताक्षवत्सरे भूपा अन्योऽन्यं हन्तुमुद्यताः ।
ईतिरोगाकुला धात्री स्वल्पसस्यार्घवृष्टयः ॥१०५॥
क्रोधनाब्दे मध्यवृष्टिः पूर्वसस्यविनाशनम् ।
सम्पूर्णमपरं सस्यं भूपाः क्रोधपराः सदा ॥१०६॥
क्षयाब्दे सर्वसस्यार्घ-वृष्टयः स्युः क्षयंगताः ।
तथापि लोका जीवन्ति कथञ्चिद् येन केनचित् ॥ १०७ ॥
एवं प्रायो वत्सराख्यानुसारि, वाच्यं प्राच्यैरुक्तभावं प्रधार्य ।
तत्राऽप्यब्दे जीवराह्वर्किकेतु-चारं वारंवारमन्तर्विमृश्य ॥१०८॥

अथ रुद्रदेवब्राह्मणेन पार्वतीमुद्दिश्य ईश्वरवाक्येन कृता मेघमाला तस्यां विशेषः—

प्रथमा विंशतिर्ब्राह्मी द्वितीया वैष्णवी स्मृता ।

पूर्वदेश का विनाश हो ॥ १०३ ॥ रुधिरोद्गारीवर्ष में राजा युद्ध करें, सब लोक दुःखी हों और बहुत आधि व्याधि फैलें ॥ १०४ ॥ रक्ताक्षि-वर्ष में राजा परस्पर युद्धके लिये तत्पर हों, ईति और रोगसे पृथ्वी व्याकुल हो, थोड़ी खेती और वर्षा हो ॥ १०५ ॥ क्रोधनवर्ष में मध्यम वर्षा हो, पहले धान्यका विनाश हो परन्तु पीछे सम्पूर्ण धान्य पैदा हों, राजा क्रोध में तत्पर हों ॥ १०६ ॥ क्षयसंवत्सरमें समस्त धान्य और वर्षा का नाश हो, तो भी किसी तरह से लोक प्राण धारण करें ॥ १०७ ॥ इस तरह प्राचीन विद्वानों के कहे हुए फलादेश का विचार कर और वर्षमें बृहस्पति राहु शनि और केतु के चालन का वारंवार हृदय से विचार कर वर्षों के नामसदृश फल कहना ॥ १०८ ॥

इति रामविनोदे षष्टिसंवत्सरफलम् ।

रुद्रदेवब्राह्मण ने अपनी मेघमाला में साठ संवत्सर का फल विशेष रूपसे

रौद्री तृतीया ह्यधमा स्वरूपानुसरत्फला ॥ १ ॥
बहुतोया महामेघा बहुसस्या च मेदिनी ।
बहुक्षीरघृता गावः प्रभवेऽब्दे वरानने ! ॥ २ ॥
प्रभवविभवप्रमोद-प्रजापति-अंगिराः ।
श्रीमुख-भाव-युवाख्य-धातृनामानो वत्सराः शुभाः ॥ ३ ॥
देवैश्च विविधाकारै-र्मानुषा वाजिकुञ्जराः ।
पीड्यन्ते नात्र सन्देहः शुक्ले संवत्सरे प्रिये ! ॥ ४ ॥
इतिवचनात् शुक्लोऽशुभः । ईश्वरसंवत्सरे—
सुभिक्षं सर्वदेशेषु कर्पासस्य महर्घता ।
घृतं तैलं मधु मद्यं महर्घं स्यान्महेश्वरि ! ॥ ५ ॥

इयान् विशेषः—बहुधान्यसंवत्सरे सुभिक्षं निरुपद्रवम् । प्रमाथिनि दुर्भिक्षं, राष्ट्रभङ्गः, तस्करपीडा, विग्रहः । विक्रमे शुभं, सर्वधान्यनिष्पत्तिः, लवणं मधु मद्यं च समर्घं। वृषभना-

---

कहा है—प्रथमा ब्राह्मी, दूसरी वैष्णवी और तीसरी रौद्री। ये तीन साठ संवत्सर की वींशतिका (वीसी) हैं, वे अपने नामसदृश फलदायक हैं ॥ १ ॥ हे श्रेष्ठमुखवाली! प्रभववर्ष में पृथ्वी बहुत जलवाली, बहुत वर्षावाली और बहुत धान्यवाली हो। गौएं बहुत घी दूध देनेवाली हों ॥ २ ॥ प्रभव, विभव, प्रमोद, प्रजापति, अंगिरा, श्रीमुख, भाव, युवा और धातृ ये नव वर्ष शुभ हैं ॥ ३ ॥ हे प्रिये ! शुक्लवर्ष में विविध आकार वाले देवों से हाथी और घोड़े वाले मनुष्य पीडित होते हैं, इसमें सन्देह नहीं ॥ ४ ॥ हे महेश्वरि ! शुक्लवर्ष में अशुभ। ईश्वरवर्ष में सब देश में सुकाल हो और कपास घी तैल मधु और मद्य महँगे हों ॥ ५ ॥ बहुधान्यवर्ष में सुकाल हो और जगत् उपद्रव रहित हो। प्रमाथी वर्ष में दुष्काल, देशभङ्ग, चोरों से दुःख और विग्रह हो। विक्रमवर्ष में शुभ हो , सब तरह के धान्य पैदा हों, लूण (नमक) मधु और मद्य सस्ते हों। हे सुलोचने ! वृषभवर्ष में कोद्रवा (कोदों)

"Aho Shrutgyanam"

मसंवत्सरे—"कोद्रवाः शालयो मुद्गाः कंगुलाक्षास्तथैव च ।
परिधानं सुभिक्षं स्यात् सुवृषे च सुलोचने" ! ॥ १ ॥
चणका मुद्गमाषाश्च यवान्नं विदलं प्रिये ! ।
विचित्रा जायते वृष्टि-श्चित्रभानौ न संशयः ॥१॥ इतिवचना-
च्चित्रभानुसुभानू श्रेष्ठौ, तारणः अशुभः, पार्थिवः शुभः ।
व्ययसंवत्सरे स्वल्पवृष्टी रोगपीडा धान्यसमता विग्रहः ।

इति प्रथमा ब्राह्मी विंशतिका ॥

तोयपूर्णा भवेत् क्षोणी बहुसस्यसमन्विता ।
सुभिक्षं सुस्थितं सर्वं सर्वजिद्वत्सरे प्रिये! ॥१॥
जलैश्च प्रबला भूमि-र्धान्यमौषधपीडनम् ।
जायते मानुषं कष्टं सर्वधारिणि शोभने ॥२॥
प्रजा च विकृता घोरा पीडिता व्याधितस्करैः ।
अल्पक्षीरघृता गावो विरोधिवत्सरे प्रिये! ॥३॥
उपप्लवं जगत्सर्वं तस्करैः शलभैस्तथा ।

शालि अर्थात् चावल मूंग कंगु लाख आदि पैदा हों और सुकाल हो ॥ १ ॥ हे प्रिये ! चित्रभानुवर्ष में चणा मूंग उडद यव आदि धान्य पैदा हों और विचित्र वर्षा हो ॥ १ ॥ चित्रभानु और सुभानु ये दोनों वर्ष श्रेष्ठ हैं । तारणवर्ष अशुभ है । पार्थिववर्ष शुभ है । व्ययवर्षमें थोड़ी वर्षा, रोग पीडा, धान्य भाव समान रहे और विग्रह हो ॥ १ ॥ इति प्रथमा ब्राह्मीविंशतिका ॥

हे प्रिये ! सर्वजिद्वर्ष में पृथ्वी जलसे और बहुत धान्य से पूर्ण हो, सब यथास्थित सुकाल रहै ॥ १ ॥ हे शोभने ! सर्वधारीवर्ष में जल से पृथ्वी प्रबल हो, धान्य और औषधियों का विनाश हो, मनुष्यों को कष्ट हो ॥ २ ॥ हेप्रिये ! विरोधीवर्ष में व्याधि और चोरों से प्रजा अत्यन्त दुः-खी हो और गौएं थोड़ा घी दूध दें ॥ ३ ॥ हे पार्वति ? विकृतिवर्ष में समस्त जगत् चोर और शलभादि जन्तुओं से उपद्रवित हों और विकारजनक

"Aho Shrutgyanam"

विकृता जलवृष्टिः स्याद् विकृते हिमवत्सुते ! ॥४॥
अल्पोदकाः पयोवाहा वर्षन्ति खण्डमण्डले।
निष्पत्तिः स्वल्पधान्यानां खरे संवत्सरे प्रिये ! ॥५॥
सुभिक्षं जायते लोके व्याधिशोकविवर्जितम्।
धनधान्येषु सम्पूर्णा नन्दने नन्दति प्रजा ॥६॥
क्षत्रियाश्च तथा वैश्याः शूद्रा वा नटनायकाः।
पीड्यन्ते च वरारोहे ! जये दुर्भिक्षसम्भवः ॥७॥
मानुषाः सर्वदुःखार्त्ता ज्वररोगसमाकुलाः।
दुर्भिक्षं वा क्वचित्सुस्थं विजये वरवर्णिनि ! ॥८॥
तुषधान्यक्षयो देवि ! कोद्रवान्नमहर्घता।
व्यवहारप्रवृत्त्या तु मन्मथे सुखिनो जनाः ॥९॥
पीड्यन्ते सर्वधान्यानि वर्षणेन यथेप्सितम्।
दुर्मुखे चैव दुर्भिक्षं समाख्यातं सुलोचने ! ॥१०॥
तस्करैः पार्थिवैर्देवि! अभिभूतमिदं जगत्।
सस्यं भवति सामान्यं हेमलम्बे नगाङ्गजे ! ॥११॥

जलवर्षा हो ॥ ४ ॥ हे प्रिये ! खरवर्ष में कोई २ जगह ही वर्षा थोड़ी हो और धान्य भी थोड़ा पैदा हो ॥ ५ ॥ नन्दनवर्ष में सुकाल हो, प्रजा व्याधि शोक से रहित हो और धन धान्यसे आनन्दित हो ॥ ६ ॥ हे वरानने ! जयवर्ष में दुष्काल का संभव हो, क्षत्रिय वैश्य शूद्र और नट नायक आदि लोक दुःखी हों ॥ ७ ॥ हे पार्वति ! विजयवर्ष में सब लोक ज्वर आदि रोगों से दुःखी हों और दुष्काल हो, क्वचित्‌ही यथास्थित रहै ॥ ८ ॥ हे देवि ! मन्मथवर्ष में वास और धान्य का विनाश हो, कोदों आदि धान्य महँगे हों और लोग व्यवहार में प्रवृत्त हों ॥ ९ ॥ हे सुलोचने ! दुर्मुखवर्ष में इच्छित वर्षा न होनेसे सब धान्य का विनाश हो इसलिये दुष्काल हो ॥ १० ॥ हे पार्वतीदेवि ? हेमलंबिवर्ष में चोर और राजाओंसे जगत् पराभूत हो और

"Aho Shrutgyanam"

विषमस्थं जगत्सर्वं विविधोपद्रवान्वितम् ।
मूषकैश्च शुकैर्देवि! विलम्बे पीड्यते जनः ॥१२॥
स्वल्पोदका जने मेघा धान्यमौषधपीडनम् ।
दुर्भिक्षं जायते सस्यं विकारिवत्सरे प्रिये ! ॥१३॥
पृथिव्यां जलस्य शोषो धने धान्ये च पीडनम् ।
मेघो न वर्षति प्रायः पीडा स्यान्मानुषी भुवि ॥१४॥
क्वचिच्च धान्यनिष्पत्ति-र्मण्डलं निरुपद्रवम् ।
मेघाश्च प्रबला लोके प्लवे संवत्सरे प्रिये !॥१५॥
सुभिक्षं सर्वदेशेषु तृप्ता गौर्ब्राह्मणास्तथा ।
नन्दति च प्रजा सौख्ये शुभकृद्वत्सरे प्रिये ! ॥१६॥
सुभिक्षं क्षेममारोग्यं विग्रहश्च महद्भयम् ।
क्रूरैर्वक्रगतैर्देवि ! शोभने वत्सरे प्रिये !॥१७॥
विषमस्थं जगत्सर्वं व्याधिरोगसमाकुलम् ।

धान्य सामान्य हो ॥ ११ ॥ हे देवि ! विलम्बवर्ष में सब जगत् अनेक प्रकार के उपद्रवोंसे अव्यवस्थित हो और चूहा टिड्डी आदि से लोक दुःखी हों ॥ १२ ॥ हे प्रिये ! विकारीवर्ष में दुष्काल हो, वर्षा थोडी हो, धान्य और औषधि का नाश हो, और घास पैदा हो ॥ १३ ॥ शार्वरीवर्ष में पृथ्वी में जल सूख जावे । धन धान्य का विनाश हो, प्रायः मेघ न बरसे और जगत् में मनुष्यकृत दुःख हो ॥ १४ ॥ हे प्रिये! प्लववर्षमें कचित् धान्य पैदा हो, देश उपद्रव रहित हो और पृथ्वी पर प्रबल वर्षा वरसे ॥ १५ ॥ हे प्रिये ! शुभकृत्वर्ष में समस्त देश में सुकाल हो, गौ ब्राह्मण तृप्त हों और सुख में प्रजा आनन्द करे ॥ १६ ॥ हे देवि! शोभनवर्ष में सुकाल हो, कल्याण हो आरोग्य हो; यदि क्रूरग्रह वक्रगतिवाले हों तो विग्रह और बड़ा भय हो ॥ १७ ॥ क्रोधिवर्ष में समस्त जगत् आधि व्याधि से व्याकुल हो कर अव्यवस्थ रहै और थोड़ी वर्षा हो ॥ १८ ॥ विश्वावसु वर्ष में सवत्र कल्याण हो, सब धा-

"Aho Shrutgyanam"

अल्पवृष्टिश्च विज्ञेया क्रोधः क्रोधिनि वत्सरे ॥१८॥
सर्वत्र जायते क्षेमं सर्वसस्यमहर्घता ।
निष्पत्तिः सर्वसस्यानां वृष्टिश्च प्रबला पुनः ॥१९॥
विश्वावसौ सुवृष्टिश्च काष्ठलोहमहर्घता ।
पार्थिवाश्च माण्डलिका सामन्ता दण्डनायकाः ॥२०॥
पीडिताश्च प्रजाः सर्वाः क्षुधार्त्ताः स्युः पराभवे ।
धान्यौषधानि पीड्यन्ते ग्रीष्मे वर्षति माधवः ॥२१॥

। इति द्वितीया वैष्णावीविंशतिका ।

प्लवङ्गे पीडिता लोकाः सर्वे देशाश्च मण्डलाः ।
जायन्ते सर्वसस्यानि कुत्रापि निरुपद्रवः ॥१॥
सौम्यदृष्टिर्भवेद् राजा कीलके च शुभं भवेत् ।
सुभिक्षं क्षेममारोग्यं सर्वोपद्रववर्जितम् ॥२॥
सौम्ये राजा प्रजा सौम्या भुवि सौम्यं प्रवर्त्तते ।
तोयपूर्णा मही मेघै-र्महावर्षा दिने दिने ॥३॥

न्य तेज हों, प्रबल वर्षा बरसे और सब धान्य पैदा हों ॥ १९ ॥ पराभववर्ष में अच्छी वर्षा हो, काष्ठ और लोहा तेज हो, देशका राजा माण्डलिकराजा,सामन्त और दण्डनायक आदि दुःखी हों, सब प्रजा क्षुधा से दुःख पावे, धान्य और औषधि का नाश हो और ग्रीष्मऋतु में वर्षा बरसे ॥ २०-२१ ॥ इति द्वितीया वैष्णावी विंशतिका ।

प्लवङ्गवर्ष में सब देशके और प्रान्तके लोग दुःखी हों कोई जगह उपद्रव रहित भी हो और सब धान्य पैदा हों ॥ १ ॥ कीलकवर्ष में शुभ हो, राजा अच्छी नीतिवाले हों सुकाल हो, लोग कल्याणवाले आरोग्यवाले और उपद्रवरहित हों ॥ २ ॥ सौम्यवर्षमें राजा और प्रजा सुखी हों, पृथ्वी पर सुख फैलें, पृथ्वी वर्षा से पूर्ण हो और प्रत्येक दिन बडी वर्षा हो ॥ ३ ॥ साधारण वर्ष में राजा उपद्रव रहित हो, देश और प्रान्त में जल वर्षा हो और

"Aho Shrutgyanam"

निरुपद्रवा भूपालाः सर्वं सस्यं प्रजायते ।
साधारणे मेघवर्षा देशे स्यात् खण्डमण्डले ॥४॥
परस्परं विरोधः स्या-ज्जनानां भूभुजां तथा ।
कान्यकुब्जे त्वहिच्छत्रे कृषिनाशो विरोधिनि ॥५॥
अभिभूतं जगत्सर्वं क्लेशैश्च विविधैः प्रिये !।
मारुतो बहुदाहश्च परिधाविनि सुव्रते ! ॥६॥
निष्पत्तिः सर्वसस्यानां सुभिक्षं जायते तथा ।
प्रमाथिवर्षे वर्षा स्याद् देशे वा खण्डमण्डले ॥७॥
नश्यन्ति सर्वधान्यानि सर्वसस्यमहर्घता ।
घृतं तैलं सममूल्या-दानन्दे नन्दिता प्रजा ॥८॥२००॥
कोद्रवाः शालयो मुद्गाः पीडयन्ते ते वरानने ! ।
सर्वौषधीनां धान्यानि राक्षसे निष्ठुरा जनाः ॥९॥
दुर्भिक्षं जायते देशे धान्यौषधिप्रपीडनम् ।
नश्यन्ति धनधान्यानि देवि ! ख्यातं नलाभिधे ॥१०॥
गोमहिष्यो विनश्यन्ति ये चान्ये नटनर्त्तकाः ।

सब धान्य उत्पन्न हो ॥४॥ विरोधिवर्षमें प्रजाका और राजाका परस्पर विरोध हो, कान्यकुब्ज और अहिच्छत्र देशमें खेतीका नाश हो ॥ ५ ॥ हे सुशीले प्रिये! परिधावीवर्षमें सब जगत् अनेक प्रकारके क्लेशोंसे व्याप्त हो, महा वायु चलै और बहुत दाह हो अर्थात् जगहँ जगहँ आग लगे ॥६॥ प्रमाथिवर्ष में सब प्रकारके धान्य पैदा हों, सुकाल हो, देश या प्रांतमें वर्षा हो ॥ ७ ॥ आनन्दवर्षमें सब धान्य विनाश हों और तेज भी हों, घी तेलका भाव समान रहें, प्रजा आनन्दित रहें ॥ ८ ॥ हे वरानने! राक्षसवर्षमें कोद्रव चावल मूंग सब प्रकारके औषध और धान्यका विनाश हो, मनुष्य क्रूर स्वभाव के हों ॥ ॥ ९ ॥ हे देवि! नलवर्षमें देश में दुष्काल हो, धन धान्य और औषधियों का विनाश हो ॥ १० ॥ पिङ्गलवर्ष में गौ भैंस और नाच करने वाले नट

"Aho Shrutgyanam"

माधवो नैव वर्षेच्च पिङ्गले नात्र संशयः ॥११॥
गोमहिष्यो हिरण्यं च रौप्यं ताम्रं विशेषतः ।
सर्वस्वमपि विक्रीय कर्त्तव्यो धान्यसंग्रहः ॥१२॥
तेन संजायते देवि ! दुर्भिक्षं क्रमतो जने।
पश्चाद् वर्षति मेघोऽपि सर्वधान्यं प्रजायते ॥१३॥
जायन्ते बहुला रोगाः कालसंवत्सरे प्रिये ! ।
अल्पोदकास्तथा मेघा अल्पसस्या च मेदिनी ॥१४॥
तोयपूर्णो भवेद् मेघो बहुसस्या वसुन्धरा ।
निष्ठुराः पार्थिवा देवि! रौद्रे रौद्रं प्रवर्त्तते ॥१५॥
सुभिक्षं समता धान्ये व्यवहारो न वर्त्तते ।
जायते मध्यमा वृष्टिर्दुर्मतौ वत्सरे सति ॥१६॥
सुभिक्षं जायते स्वस्थ-देशाश्च निरुपद्रवाः ।
प्रजानां सुखितारोग्यं जाते दुन्दुभिवत्सरे ॥१७॥
सर्वस्वमपि विक्रीय कर्त्तव्यो धान्यसंग्रहः ।
रुधिरोद्गारिवर्षे च दुर्भिक्षं भविता महत् ॥१८॥

आदिका विनाश हो, वर्षा न बरसे इस में संशय नहीं ॥ ११ ॥ गौ भेंस सोना चांदी और तांबा आदि बेच कर भी धान्य का संग्रह करना चाहिए ॥ १२ ॥ हे देवि! इस से क्रमशः दुष्काल होगा मगर पीछे से वर्षा भी बरसेगी और सब धान्य भी पैदा होगा ॥ १३ ॥ हे प्रिये! कालवर्ष में बहुत प्रकार के रोग फैलें, वर्षा थोडी हो और पृथ्वी पर धान्य भी थोडा हो ॥ १४ ॥ हे देवि! रौद्रवर्ष में जलसे पूर्ण मेघ हो, पृथ्वी बहुत धान्य वाली हो, राजा निष्ठुर हों और घोर उपद्रव हो ॥ १५ ॥ दुर्मतिवर्षमें सुकाल हो, धान भाव समान रहै, व्यापार ठीक न चलै और मध्यम वर्षा हो ॥ १६ ॥ दुन्दुभीवर्ष में सुकाल हो, देश उपद्रव रहित स्वस्थ हो, प्रजा सुखी और आरोग्यवाली रहै ॥ १७ ॥ रुधिरोद्गारीवर्षमें बड़ा दुष्काल हो,

"Aho Shrutgyanam"

धान्यनाशः स्वल्पवर्षा नृपाणां दारुणो रणः ।
तस्करा बहुला रोगा रुधिरोद्गारिवत्सरे ॥१९॥
रोगान्मृत्युश्च दुर्भिक्षं धान्यौषधप्रपीडनम् ।
पापबुद्धिरता लोका रक्ताक्षिवत्सरे प्रिये ! ॥२०॥
ननु रोगाश्च दुर्भिक्षं विविधोपद्रवास्तथा।
क्रोधश्च लोके भूपेषु संजाते क्रोधने प्रिये ! ॥२१॥
मेदिनीचलनं देवि ! व्याकुलाश्च चराचराः ।
देशभङ्गश्च दुर्भिक्षं क्षयाब्दे क्षीयते प्रजा ॥२२॥
सौराष्ट्रे मध्यदेशे च दक्षिणस्यां च कौङ्कणे।
दुर्भिक्षं जायते घोरं क्षये संवत्सरे प्रिये ! ॥२३॥

इति रौद्रीयमेघमाला शिवकृता ।

अथ जैनमते दुर्गदेवः स्वकृतषष्टिसंवत्सरग्रन्थे पुनरेवमाह —

ॐनमः परमात्मानं वन्दित्वा श्रीजिनेश्वरम् ।

जो कुछ भी हो वह बेच कर धान्य का संग्रह करना अच्छा है ॥ १८ ॥ धान्य का नाश हो, थोडी वर्षा हो, राजाओं का बड़ा घोर युद्ध हो, बहुत चोर और रोग हो ॥ १९ ॥ हे प्रिये! रक्ताक्षिवर्ष में रोगसे बहुत प्राणी मरें, दुष्काल हो, धान्य और औषधियों का नाश हो, और लोग पापबुद्धि वाले हो ॥ २० ॥ हे प्रिये! क्रोधनवर्ष में निश्चयसे रोग और दुष्काल हो, अनेक प्रकारके उपद्रव हों, लोगोंमें बहुत क्रोध हो ॥२१॥ हे देवि! क्षयसंवत्सरमें भूकम्प हो, पृथ्वी चराचर व्याकुल हो, देशभङ्ग हो, दुष्काल हो और प्रजा का नाश हो ॥ २२ ॥ सोरठदेश मध्यदेश और दक्षिण में कोङ्कणदेश आदि में बडा दुष्काल हो ॥ २३ ॥ इति रौद्रीयमेघमालायां तृतीया विंशतिका ॥

पञ्च परमेष्ठी के वाचक ॐकार को नमस्कार करके, तथा परमात्मा जिनेश्वरदेव को वन्दन करके और केवलज्ञान का आश्रय लेकर दुर्गदेवमुनि

"Aho Shrutgyanam"

केवलज्ञानमास्थाय दुर्गदेवेन भाष्यते ॥ १ ॥
पार्थ उवाच—भगवन् दुर्गदेवेश ! देवानामधिप ! प्रभो ! ।
भगवन् कथ्यतां सत्यं संवत्सरफलाफलम् ॥ २ ॥
दुर्गदेव उवाच—शृणु पार्थ ! यथावृत्तं भविष्यन्ति तथाद्भुतम् ।
दुर्भिक्षं च सुभिक्षं च राजपीडा भयानि च ॥ ३ ॥
एतद् योऽत्र न जानाति तस्य जन्म निरर्थकम् ।
तेन सर्वं प्रवक्ष्यामि विस्तरेण शुभाशुभम् ॥ ४ ॥

प्रभवविभवौ शुभौ, शुक्लोऽशुभः, प्रमोदप्रजापती शुभौ, अङ्गिरा अशुभः, श्रीमुखभावौ शुभौ, युवा विरुद्धः, धाता समः, ईश्वरबहुधान्यौ शुभौ, प्रमाथी विरुद्धः, विक्रमवृषभौ शुभौ, चित्रभानुर्विरुद्धः, सुभानुतारणौ शुभौ, पार्थिवो विरुद्धः, व्ययः समः ॥ इति प्रथमा विंशतिका ॥

भणियं दुग्गदेवेण जो जाणइ वियक्खणो ।
सो सव्वत्थ वि पुज्जो णिच्छयओ लद्धलच्छी य ॥ १ ॥

कहते हैं ॥ १ ॥ पार्थ उवाच—हे परमपूज्यवर्य्य भगवन् दुर्गदेवेश ! संवत्सर का फलाफल सत्यतापूर्वक कहो ॥ २ ॥ दुर्गदेव उवाच-हे पार्थ ! दुष्काल सुकाल राजपीडा भय अभय आदि होंगे उनका यथार्थ अद्भुत वर्णन सुन ॥ ३ ॥ उसको जो नहीं जानता है उसका जन्म व्यर्थ है, इसलिये मैं सब शुभाशुभ को विस्तार पूर्वक कहता हूँ ॥ ४ ॥ प्रभव और विभववर्ष शुभ हैं, शुक्लवर्ष अशुभ है, प्रमोद और प्रजापति वर्ष शुभ हैं अङ्गिरा अशुभ है, श्रीमुख और भाववर्ष शुभ है, युवावर्ष विरुद्ध है, धाता समान है, ईश्वर और बहुधान्यवर्ष शुभ हैं,प्रमाथी विरुद्ध है, व्यय समान है, ॥ इति प्रथमा विंशतिका ॥

दुर्गदेव मुनि ने जो कहा है, उसको यदि विचक्षण पुरुष जाने तो वह सर्वत्र माननीय होता है और निश्चय से लक्ष्मी को प्राप्त करता है ॥ १ ॥

"Aho Shrutgyanam"

सर्वजित्सर्वधारिणौ शुभौ, विरोधिविकृतखरा विरुद्धाः, नन्दनविजयजयमन्मथाः शुभाः, दुर्मुखो विरुद्धः, हेमलम्बिविलम्बौ शुभौ, विकारी विरुद्धः, शर्वरीप्लवशुभकृच्छोभनाख्याः शुभाः, क्रोधनो विरुद्धः, विश्वावसुः शुभः, पराभवो विग्रही ॥ इति द्वितीयविंशतिका ॥

प्लवङ्गकीलकौ शुभौ, सौम्यः समः, साधारणविरोधिनौ शुभौ, परिधावी विरुद्धः, प्रमाथी आनन्दश्च शुभः, रुधिरोद्गारीरक्ताक्षिक्रोधनक्षयाख्या विरुद्धाः ॥ इति तृतीयविंशतिका ॥

तत्र श्लोका अपि—बहुतोयधरा मेघा बहुसस्या च मेदिनी।
प्रशान्ताः पार्थिवा लोकाः प्रभवे वत्सरे ध्रुवम् ॥१॥
सुभिक्षं क्षेममारोग्यं सर्वव्याधिविवर्जितम्।
हृष्टतुष्टा जनाः सर्वे विभवे च न संशयः ॥२॥

सर्वजित् और सर्वधारीवर्ष शुभ हैं, विरोधी विकृत और खरवर्ष विरुद्ध हैं, नन्दन विजय जय और मन्मथ शुभ हैं, दुर्मुख विरुद्ध है, हेमलम्बि और विलम्ब शुभ हैं, विकारी विरुद्ध है, शर्वरी प्लव शुभकृत् और शोभन ये शुभ हैं, क्रोधन विरुद्ध है, विश्वावसु शुभ है, पराभव विग्रह कारक है ॥ इति दूसरी विंशतिका ॥

प्लवङ्ग और कीलक शुभ हैं, सौम्य समान है, साधारण और विरोधी शुभ हैं, परिधावी विरुद्ध हैं, प्रमाथी और आनन्द शुभ है, रुधिरोद्गारी रक्ताक्षि क्रोधन और क्षय ये वर्ष विरुद्ध हैं ॥ इति तीसरी विंशतिका ॥

प्रभववर्ष में वर्षा अधिक बरसे निश्चयसे पृथ्वी पर धान्यविशेष हो, राजा और प्रजा प्रसन्न रहें ॥ १ ॥ विभववर्ष में सुकाल हो, कल्याण तथा आरोग्य हो, सब व्याधियों से रहित हों और सब लोग प्रसन्न रहें इसमें संशय नहीं ॥ २ ॥ शुक्लवर्ष में मनुष्य घोड़ा और हाथी इनको अनेक

"Aho Shrutgyanam"

रोगाश्च विविधाश्चैव नराणां वाजिदन्तिनाम् ।
पृथ्वीपतिविनाशश्च ध्रुवं शुक्ले प्रजायते ॥३॥
उत्तमं च जगत्सर्वं धनधान्यसमाकुलम् ।
नित्योत्सवः प्रजावृद्धिः प्रमोदे नात्र संशयः ॥४॥
नीरोगाश्च निराबाधाः सर्वदुःखविवर्जिताः ।
बहुक्षीरघृता गावः प्रजासुखं प्रजापतौ ॥५॥
हर्षितं च जगत्सर्वं नरा निर्धनधान्यकाः ।
प्रजाविवाहमाङ्गल्य-मङ्गिराणां तु निश्चितम् ॥६॥
सुभिक्षं कुशलं लोके वर्षाकालेऽतिशोभनम् ।
वृद्धिश्च सर्वसस्यानां श्रीमुखे सति निर्णयात् ॥७॥
बहुक्षीरघृता गावो धान्यं च प्रचुरं स्मृतम् ।
समर्घ्यं च भवेत् सर्वं भावे भावेषु सुस्थता ॥८॥
महर्घं जायते धान्यं घृतं तैलं तथैव च ।
प्रजानां जायते वृद्धिर्युवा युवतिनन्दनः ॥९॥

प्रकार के रोग हों और राजा का विनाश हो ॥ ३ ॥ प्रमोदवर्ष में समस्त जगत् उत्तम धन धान्य से पूर्ण हो, सर्वदा शुभोत्सव हो और प्रजा की वृद्धि हो इसमें संशय नहीं ॥ ४ ॥ प्रजापति वर्ष में सब लोग रोग रहित बाधा रहित और सब प्रकार के दुःख रहित हों, गौएं बहुत घी दूध दें और प्रजा सुखी हो ॥ ५ ॥ अङ्गिरावर्षमें समस्त जगत् आनन्दित हों, मनुष्य धन धान्य से रहित हों और प्रजामें विवाह मङ्गल वर्तें ॥ ६ ॥ श्रीमुखवर्षमें जगत्में सुकाल और कल्याण हों, वर्षाऋतुमें बडी मनोहरता हो और सब प्रकारके धान्यकी वृद्धि हो ॥ ७ ॥ भाववर्षमें गौएं बहुत दुध घी दें, बहुत धान्य पैदा हों और सब वस्तुके भाव सस्ते हों ॥ ८ ॥ युवावर्षमें धान्य तेज हो तथा घी तेल भी तेज हों, प्रजाकी वृद्धि और युवा स्त्री पुरुष प्रसन्न रहें ॥ ९ ॥ धातृसंवत्सरमें गेहूँ चावल आदि सब धान्य

"Aho Shrutgyanam"

जायन्ते सर्वसस्यानि गोधूमा व्रीहिरल्पकाः ।
इक्षुखण्डगुडा रोगा धातृसंवत्सरे क्वचित् ॥१०॥
सुभिक्षं क्षेममारोग्यं कर्पासस्य महर्घता ।
लवणं मधुमद्यं च महर्घमीश्वरे भवेत् ॥११॥
सुभिक्षं क्षेमता मार्गे प्रशान्ताः पार्थिवा यतः ।
तस्करोपद्रवो ग्रामे बहुधान्ये न संशयः ॥१२॥
राष्ट्रभङ्गश्च दुर्भिक्षं तस्करग्रहपीडनम् ।
डामरं विग्रहो मार्गे प्रमाथी जनमन्थनः ॥१३॥
जायन्ते सर्वसस्यानि मेदिनी निरुपद्रवा ।
लवणंमधुमद्याज्यं समर्घं विक्रमे भवेत्॥१४॥महर्घमिति क्वचित्
कोद्रवाः शालयो मुद्गाः कङ्गुमाषास्तिलादयः
सुलभं च भवेत् सर्वं वृषभे वृषभाः प्रियाः ॥१५॥
चणका मुद्गमाषाद्या-स्तथान्यद्द्विदलं ध्रुवम् ।
महर्घं जायते सर्वं चित्रभानौ न संशयः ॥१६॥

पैदा हों, इक्षु और गुड थोड़ा हो और क्वचित् रोगका संभव रहे ॥१०॥ ईश्वरवर्षमें सुकाल हो, माङ्गलिक कार्य और आरोग्य हो, कपास का भाव तेज हो, तथा लूण, मधु और मद्यका भाव भी तेज हो ॥ ११ ॥ बहुधान्यवर्षमें सुकाल हो, मार्गमें कल्याण हो, राजा शान्त रहें, गाँवमें चोरोंका उपद्रव हो इसमें संशय नहीं ॥ १२ ॥ प्रमाथीवर्षमें राष्ट्रभङ्ग और दुष्काल हो, चोरों का उपद्रव हो, घोर विग्रह हो और मार्गमें लोग कष्ट पावें ॥ १३ ॥ विक्रमवर्षमें सब प्रकार के धान्य उत्पन्न हों, पृथ्वी उपद्रव रहित हो, लूण,मधु, मद्य और घी सस्ते हों ॥ १४ ॥ वृषभवर्षमें वृषभ (बैल) प्रिय हो; कोद्रवा, चावल, मूंग, कंगु, उडद और तिल आदि सस्ते हों ॥ १५ ॥ चित्रभानुवर्षमें चणा, मूंग, उडद आदि सब द्विदलधान्य निश्चय से महँगे हों इसमें संशय नहीं ॥ १६ ॥ सुभानुवर्षमें सुकाल हो, बहुत धा–

"Aho Shrutgyanam"

सुभिक्षं बहुधान्यानि स्वस्था देशा नृपाः प्रजाः ।
सर्वेऽपि सुखिनो हर्षा-ज्जाते सुभानुवत्सरे ॥१७॥
अतिवृष्टिः प्रजासौख्यं धान्यौषध्यः प्रपीडिताः ।
सत्यं भवति सामान्यं धान्यं किञ्चित्तु तारणे ॥१८॥
बहुसस्यानि जायन्ते सौराष्ट्रे गौडमण्डले ।
लाटदेशे तथा धान्यं पार्थिवे पार्थिवक्षयः ॥१९॥
दुर्भिक्षं जायते घोरं विविधोपद्रवो जने ।
अल्पवृष्टिः समाख्याता व्यये संवत्सरोदये ॥२०॥

इति प्रथमा विंशतिका ।

वर्षन्ति सोत्तमा मेघाः सर्वसस्यं प्रजायते ।
समर्घं च भवेत् सर्वं सर्वजिद्वत्सरे स्मृतम् ॥२१॥
कोद्रवाः शालयो मुद्गाः कङ्गुमाषादयो घनाः ।
सुभिक्षं सर्वदेशेषु सर्वधारिणि वत्सरे ॥२२॥
ज्वालाग्निप्रबलात्तापाद् धान्यौषध्यः प्रपीडिताः ।

न्य हो, देशमें शान्ति रहै, राजा और प्रजा सब सुखी तथा प्रसन्न हों ॥ १७ ॥ तारणवर्षमें बहुत वर्षा हो, प्रजासुखी धान्य और औषधका नाश तथा धान्य सामान्य हो ॥ १८ ॥ पार्थिववर्षमें सोरठदेश, गोडदेश और लाटदेशमें बहुत धान्य पैदा हों, तथा राजाका विनाश हो ॥ १९ ॥ व्ययसंवत्सरमें घोर दुष्काल हो, मनुष्योंमें अनेक प्रकारके उपद्रव हों और थोडी वर्षा हो ॥ २० ॥ इति प्रथमा विंशतिका ॥

सर्वजित्वर्षमें फलीभूत वर्षा बरसे, सब धान्य पैदा हों और सब चीज वस्तु सस्ती हों ॥२१॥ सर्वधारीवर्षमें कोद्रव, चावल, मूंग, कङ्गु, उडद आदि बहुत धान्य पैदा हों और सर्वत्र सुकाल हो ॥२२॥ विरोधी-वर्षमें अग्निकी ज्वालाका प्रबल तापसे धान्य और औषधियोंका विनाश हो

जायते च नृणां कष्टं विरोधो वा विरोधिनि ॥२३॥
सर्वत्र जनपीडा स्याद् ज्वराद्धान्यमहर्घता ।
शिरोर्त्तिश्चक्षुरोगादि-र्विकृतिर्वैकृते भवेत् ॥२४॥
उपप्लुतं जगत् सर्वं तस्करैः शलभैः शुकैः ।
प्रपीडिताः प्रजा भूपाः खरेऽतिखरता भुवि ॥२५॥
स्वस्थता जायते देशे व्याधिः सर्वोऽपि शाम्यति ।
धनधान्यवती भूमि-र्नन्दने नन्दति प्रजा ॥२६॥
अल्पतोयधरा मेघा वर्षन्ति खण्डमण्डले ।
नश्यन्ति सर्वसस्यानि विजये विजयो रणे ॥२७॥
क्षत्रियाश्च तथा वैश्याः शूद्रा ये नटनायकाः ।
पीड्यन्ते तीडसंक्षोभो जये न्यायपरिक्षयः ॥२८॥
सरोगं जायते विश्वं दाघज्वरादिरोगतः ।
पीड्यन्ते च जगत् सर्वं मन्मथे मन्मथक्रिया ॥२९॥
तुषधान्यक्षयादेव सर्वधान्यमहर्घता ।

और मनुष्योंमें दुःख तथा विरोध हो ॥ २३ ॥ विकृतिवर्षमें सब जगह मनुष्योंको दुःख ज्वररोगसे हो, धान्य महँगे हों, माथेमें तथा आँख में रोग का विकार हो ॥ २४ ॥ खरवर्षमें समस्त जगत् चोर, शलभ और शुकोंसे उपद्रवित हो, राजा तथा प्रजा दुःखी हो और भूमि रसकस रहित हो ॥ २५ ॥ नन्दनवर्षमें देश प्रसन्न हो, सब प्रकारके रोगोंकी शान्ति हो, पृथ्वी धन धान्यसे पूर्ण हो और प्रजा आनन्दित रहे ॥ २६ ॥ विजयवर्षमें देशमण्डलमें वर्षा थोडी बरसे, सब धान्यका विनाश हो और युद्धमें विजय हो ॥ २७ ॥ जयवर्षमें क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र और नट नायक आदिको दुःख हो, टीड्डीका प्रकोप और न्याय नीतिका विनाश हो ॥ २८ ॥ मन्मथवर्षमें जगत् रोग रहित हो, दाह ज्वरादिसे सब जगत् दुःखी हो तथा काम क्रीडा में व्यग्र रहै ॥ २९ ॥ दुर्मुखवर्षमें घास तथा धान्यका विनाश,

"Aho Shrutgyanam"

व्यवहारविनाशश्च दुर्मुखे न सुखं क्वचित् ॥३०॥
क्षीयन्ते सर्वसस्यानि देशेषु च न सुस्थता ।
हेमलम्बे प्रजाहानि-र्दुर्भिक्षं राजपीडनम् ॥३१॥
तस्करैः पार्थिवैर्देवैः पराभूतमिदं जगत् ।
अर्घो भवति सामान्यो विलम्बे तु महद्भयम् ॥३२॥
दुःखितं च जगत् सर्वं बहुधा स्युरुपद्रवाः ।
विकारिवत्सरे सार्पाः वर्षा वर्षेऽत्र पश्चिमा ॥३३॥
पर्वते पर्वते वृष्टि-र्देशेऽपि खण्डमण्डले ।
व्यापारस्य विनाशश्च दुर्भिक्षं शर्वरीकृतम् ॥३४॥
सुभिक्षं जायते लोके मेदिनी तुष्यति ध्रुवम् ।
प्लाव्यन्ते सर्वतो नीरैः पण्डिता अपि मानवाः ॥३५॥
शोभनानि च धान्यानि सुखं लोके चराचरे ।
ब्राह्मणा अपि सन्तुष्टाः शुभकृद्वत्सरे सति ॥३६॥
सुभिक्षं सुखमोत्साह-महीगोब्राह्मणादयः ।

सब प्रकारके धान्य तेज, व्यवहार (व्यापार) का विनाश और सुख क्वचित् ही हो ॥ ३० ॥ हेमलम्बिवर्षमें सब धान्य विनाश हो, देशमें शान्ति न रहे, प्रजाका विनाश हो, दुष्काल पड़े और राजाको कष्ट हो ॥ ३१ ॥ विलम्बवर्षमें चोर, राजा और देवोंसे यह जगत् पराभूत हो, धान्य सामान्य और बड़ा भय हो ॥ ३२ ॥ विकारीवर्षमें सब जगत् दुःखी हो, अनेक प्रकारके सार्पादि उपद्रव हों और पश्चिम में वर्षा हो ॥ ३३ ॥ शर्वरीवर्षमें पर्वत पर्वत पर और देश तथा खंडमें वर्षा हो, व्यापार ठीक न चलै और दुष्काल हो ॥ ३४ ॥ प्लववर्षमें जगत्में सुकाल हो पृथ्वी सब तरह जल से पुष्ट हो, बुद्धिमान् लोग भी प्रसन्न रहें ॥ ३५ ॥ शुभकृतवर्षमें चराचर जगत्में सुख और अच्छे २ धान्य पैदा हों और ब्राह्मण सन्तुष्ट रहें ॥ ३६ ॥ शोभनवर्षमें सुकाल, पृथ्वी सुखमय, गौ ब्राह्मण आदि सुखी, देशमें शान्ति

"Aho Shrutgyanam"

देशाः सुस्थाः प्रजाहर्षो वर्षे स्याच्छोभने जने ॥३७॥
विषमस्थं जगत् सर्वं व्याकुलं दारुणाद् रणात् ।
देशे ज्ञातौ कुटुम्बे च क्रोधी क्रोधपरः परम् ॥३८॥
सर्वत्र जायते क्षेमं सर्वरसमहर्घता ।
विश्वावसौ सस्यवृद्धिः काष्ठलोहमहर्घता ॥३९॥
पार्थिवे मण्डले मुख्यैः सामन्तैः खण्डमण्डले ।
पीडिताश्च प्रजाः सर्वा भयभीताः पराभवे ॥४०॥

इति द्वितीया विंशतिका ।

तुषधान्यक्षयादेव ग्रीष्मे धान्यमहर्घता ।
प्लवङ्गे पीड्यते भूपैः स्वदेशः परमण्डलम् ॥४१॥
जायन्ते सर्वसस्यानि सुस्थता नास्त्युपद्रवः ।
सोमनेत्राश्च राजानः कीलके केलिकिश्चनम् ॥४२॥
भैरवा सौम्यवृष्टिश्च सुभिक्षं निरुपद्रवम् ।
सौम्यदृष्टिर्भवेद् राजा सौम्ये सौम्यं प्रवर्त्तते ॥४३॥

और प्रजा हर्षित हो ॥ ३७ ॥ क्रोधीवर्षमें सब जगत् अव्यवस्थित और घोर युद्धसे व्याकुल हो, देश ज्ञाति और कुटुम्बमें परस्पर क्रोध हो ॥३८॥ विश्वावसुवर्षमें सब जगह कल्याण हो, सब रसवाले पदार्थ महँगे हों, धान्यकी वृद्धि और काष्ठ तथा लोहेकी तेजी हो ॥ ३९ ॥ पराभववर्षमें देश में तथा प्रान्तमें मुख्य अधिकारियोंसे सब प्रजा दुःखी और भयभीत हो ॥ ४० ॥ इति दूसरी विंशतिका ।

प्लवङ्गवर्षमें घास और धान्यका विनाश होनेसे ग्रीष्मऋतुमें तेज भाव हो, राजाओंसे स्वदेश और परदेश दुःखी हो ॥ ४१ ॥ कीलकवर्षमें सब धान्य पैदा हों, उपद्रव सब शान्त हों, राजा शान्त दृष्टिवाले हों और कुछ क्रीड़ा करनेवाले हो ॥ ४२ ॥ सौम्यवर्षमें बहुत अच्छी वर्षा हो, उपद्रव रहित सुकाल हो, राजा शान्त दृष्टिवाले हों और सर्वत्र सुख फैले

"Aho Shrutgyanam"

तोयपूर्णा भुवि मेघा वर्षन्ति च निरन्तरम्।
साधारणे लोकहर्षः सर्वसस्यं प्रजायते ॥४४॥
माधवो वर्षति जने देशेषु खण्डशः क्वचित्।
छत्रभङ्गः कान्यकुब्जे विरोधी स्याद् विरोधिनि ॥४५॥
सन्तुष्टं च जगत्सर्वं क्षेमाणि विविधान्यपि।
मरुतोऽपि वान्ति सौम्याः परिधाविनि वत्सरे ॥४६॥
निष्पत्तिः सर्वसस्यानां सर्वरसमहर्घता।
तैलं घृतं समं याति आनन्दे नन्दिताः प्रजाः ॥४७॥
कोद्रवा शालयो मुद्गाः पीड्यन्ते धान्यरोगतः।
विप्रपीडा राजयुद्धं राक्षसे निष्ठुराः प्रजाः ॥४८॥
दुर्भिक्षं जायते किञ्चिद् धान्यौषधविनाशतः।
आश्विने मरणं वैरं नले तापोद्भुलात् क्षयः ॥४९॥
सुभिक्षं देशभोगश्च रसवस्त्रमहर्घता।

॥ ४३ ॥ साधारणवर्षमें पृथ्वीपर निरन्तर जलसे पूर्ण वर्षा हो, लोक प्रसन्न रहें और सब धान्य पैदा हों ॥ ४४ ॥ विरोधीवर्षमें विरोध हो, देशमें या खण्डमें क्वचित् ही वर्षा हो और कान्यकुब्जमें छत्रभंग हो ॥ ४५ ॥ परिधावीवर्षमें समस्त जगत् प्रसन्न हो, अनेक प्रकारके कल्याण हो, और सुखदायक वायु चलै ॥ ४६ ॥ आनन्दवर्षमें प्रजा आनन्दित रहे, सब तरहके धान्य पैदा हों, सब रसवाले पदार्थ महँगे हों, तथा तैल और घी का समान भाव रहै ॥ ४७ ॥ राक्षसवर्षमें कोद्रव, चावल, मूंग, आदि धान्यका विनाश हो, ब्राह्मणोंको दुःख और राजाओंमें युद्ध हो तथा प्रजा निष्ठुर (क्रूर) हो ॥ ४८ ॥ नलवर्षमें धान्य और औषधियोंका विनाश होजानेसे कुछ दुष्काल हो, आश्विनमें मरण तथा द्वेष हो और तापकी ज्वालासे विनाश हो ॥ ४९ ॥ पिङ्गलवर्षमें बहुत मङ्गल तथा सुकाल हो, रसवाले पदार्थ और वस्त्र महँगे हों और कभी शोक तथा कभी हर्ष हो ॥

"Aho Shrutgyanam"

क्वचिच्छोकः क्वचिन्मोदः पिङ्गले मङ्गलं बहु ॥५०॥
दुर्भिक्षं जायते लोके सर्वरसमहर्घता।
भूम्यां मूषकपीडा च कालयुक्ते कलिर्महान् ॥५१॥
तोयपूर्णाः शुभा मेघा बहुसस्या च मेदिनी
निष्ठुराः पार्थिवा देशे सिद्धार्थे वत्सरे सति ॥५२॥
उपद्रवो रणात् क्षेत्रे मूषकैः शलभैः शुकैः।
दुर्भिक्षं स्वल्पकं रौद्रे क्रमाद्रौद्रं प्रवर्त्तते ॥५३॥
सुभिक्षं भवति प्रायो व्यवहारो न वर्त्तते।
दुर्मतौ मध्यमा वृष्टिः पश्चात् सौख्यं सुखं जने ॥५४॥
सुभिक्षं स्यान्महोत्साहाद् दुन्दुभिर्नन्दति ध्रुवम्।
विप्राणां च गवां वृद्धि-र्दुन्दुभौ सर्वतः शुभम् ॥५५॥
अल्पवृष्टिर्भवेद् दैवात् क्रूररूपाश्च मानवाः।
संग्रामो दारुणो भूपै रुधिरोद्गारिवत्सरे ॥५६॥
मेदिनी पुष्पिता मेघैः सरसा धान्यसम्भवात्।

---

५० ॥ कालवर्षमें जगत्में दुष्काल हो सब रसवाले पदार्थ तेज भाव हों, पृथ्वी पर चूहोंका उपद्रव हो और बड़ा कलह हो ॥५१॥ सिद्धार्थवर्षमें जलसे पूर्ण अच्छी वर्षा हो, पृथ्वी बहुत धान्यवाली हो और देशमें राजा निष्ठुर हों ॥ ५२ ॥ रौद्रवर्षमें देशमें युद्धसे, चूहोंसे शलभोंसे और शुकोंसे उपद्रव हो थोड़ा दुष्काल पड़े बड़ा भयानक हो ॥ ५३ ॥ दुर्मतिवर्षमें प्रायः सुकाल हो, व्यवहार बन्ध रहे, मध्यम वर्षा हो और पीछेसे लोकमें सुखशान्ति हो ॥ ५४ ॥ दुन्दुभीवर्षमें सब ओरसे शुभ तथा सुकाल हो, बड़े उत्सवसे दुंदुभीका शब्द हो और गौ ब्राह्मणोंकी वृद्धि हो ॥ ५५ ॥ रुधिरोद्गारिवर्षमें दैवयोगसे थोड़ी वर्षा हो, मनुष्य क्रूर स्वभावके हों और राजाओंका घोर संग्राम हो ॥ ५६ ॥ रक्ताक्षिवर्षमें भूकम्प हो, प्रायः लोक रोगसे व्याकुल हों और अच्छी वर्षा होनेसे तथा धान्य उत्पन्न होनेसे पृथ्वी

"Aho Shrutgyanam"

प्रायो रोगातुरा लोका रक्ताक्षे भूमिकम्पनम् ॥५७॥
राजडम्बरदुर्भिक्षं विरोधोपद्रवाकुलम् ।
क्रोधने विषमं सर्वं मरको म्लेच्छराजता ॥५८॥
मेदिनी कम्पते सैन्यात् कम्पन्ते च महीधराः ।
देशभङ्गाश्च दुर्भिक्षात् क्षयाब्दे क्षीयते प्रजा ॥५९॥
इति तृतीया विंशतिका ।
क्वचिज्जडविलेखनाद् वचसि विभ्रमाद् वा क्वचिद्
प्रमादपि मतेस्तथा भवति पाठभेदो भुवि ।
तथाप्यवितथा कथा स्फुरतु वार्षिके निर्णये,
विशेषविदुषां मिथः कथनमेकमुत्पश्यतात् ॥ १ ॥
अथ विस्तरतः षष्टिवर्षाणां स्पष्टता फले ।
प्राचीनवचनैरेव गद्यरीत्या निगद्यते ॥ २ ॥
श्रीशङ्खेश्वरपार्श्वार्हद्-वृषभं प्रणमन् स्तुवन् ।
सांवत्सरफलं वच्मि प्रभवादिसमुद्भवम् ॥ ३ ॥

रसवाली और प्रफुल्लित हो ॥ ५७ ॥ क्रोधनवर्षमें राजाओंका आडम्बर और दुष्काल हो; विरोध आदि उपद्रवोंसे व्याकुल ऐसा मरणतुल्य म्लेच्छ राज्य हो और सब विपरीत हो ॥ ५८ ॥ क्षयसंवत्सरमें सैन्यके भारसे पृथ्वी और पर्वत कांपने लगे, दुष्कालसे देशका नाश और प्रजाका विनाश हो ॥ ५९ ॥ इति तीसरी विंशतिका ।

कभी जडबुद्धिवालेके लिखनेसे, कभी वचनमें भ्रम हो जानेसे और कभी बुद्धिका भ्रम हो जानेसे बहुतसे पाठभेद हो जाते हैं, तो भी वर्षसंबंधी निर्णयमें विशेष जाननेवाले विद्वानोंका यथार्थ कथन स्फुरायमान हो और एक ही कथन देखो ॥ १ ॥ अब साठ वर्षोंके स्पष्ट फलको विस्तारसे प्राचीन विद्वानोंके वचनानुसार गद्यरीतिसे कहा जाता है ॥ २ ॥ श्री शङ्खेश्वरपार्श्वनाथ जिनेश्वरको वन्दन और स्तुति करके प्रभव आदि साठ संवत्सरोंके फल-

"Aho Shrutgyanam"

प्रभवनामसंवत्सरे ब्रह्मा स्वामी, चैत्रो वैशाखश्च मन्दः, समस्तवस्तुसमर्घता इत्यर्थः; ज्येष्ठादयो मासास्त्रयस्तत्र धान्यमहर्घता, गोधूमयुगंधरीमुद्गादीनां महर्घता, भाद्रपदोऽपि शुभः, आश्विनश्च क्वचिन्महर्घतापि रोगपीडा महती, सर्वक्रयाणकं महर्घम् ॥१॥ विभवे विष्णुः स्वामी, रोगव्याप्तिः पृथिव्यां, नागपुरीदेवगिरिदुर्गभङ्गः, तिलङ्गमगधचीनदेशे महर्घता, उच्चमुलतानस्थले महाविग्रहः, अन्यत्र समता, चैत्रादिमासास्त्रयो महार्घा आषाढादित्रये मेघवृष्टिः, आश्विने सर्वरसमहर्घता, ततो मेघबाहुल्यं, कार्तिकादयो मासाः पञ्च तेषु सर्ववस्तुमहर्घता गोधूमसमता ॥२॥ शुक्ले रुद्रः स्वामी, छत्रभङ्गो म्लेच्छदेशेषु मन्त्रिणो राज्यं, चैत्रादिमासत्रयं समर्घम्, आषाढादिमासत्रये महामेघः, आश्विने जनरोगः, अन्नघृतं समर्घम्, अ-

---

को मैं कहताहूँ ॥ २ ॥

प्रभवनाम संवत्सरका स्वामी ब्रह्मा है, चैत्र वैशाखमें समस्त वस्तुओं का भाव मंदा रहे, ज्येष्ठादि तीनमास धान्यकी महर्घता, गेहुँ मुंग, जुआर आदिकी महर्घता, भाद्रपदमेंभी महर्घता और शुभ हो, आश्विनमें कभी २ महर्घता, अधिक रोगपीडा और सब क्रयाणकवस्तुओंका भाव तेज हो ॥ १ ॥ विभववर्षका स्वामी विष्णु है, पृथ्वीपर रोग व्याप्ति, नागपुर देवगिरिमें दुर्गभंग हो, तिलङ्ग मगध और चीनदेशमें धान्य महँगे हों, उच्च मुलतानमें महाविग्रह हो, अन्यत्र भाव समान रहे, चैत्रादि तीन मास महँगा हो, आषाढादि तीन मास मेघवर्षा हो, आश्विनमें समस्त रसोंका भाव तेज हो, मेघ बहुल बरसे, कार्तिक आदि पांच मास सब वस्तुके भाव तेज हो और गेहुँका भाव समान रहै ॥२॥ शुक्लवर्षका स्वामी रुद्र है, म्लेच्छदेशमें छत्रभंग हो और मन्त्रियोंका राज्य हो, चैत्रादि तीन मास समान भाव रहै, आषाढादि तीन मास बड़ीवर्षा हो, आश्विनमें मनुष्योंको रोग, अन्न तथा घी समान और दूसरी

"Aho Shrutgyanam"

न्यम् सर्वं महार्घम्, कार्त्तिकादिमासचतुष्टये सर्वं धान्यं समर्घम्, फाल्गुनमासे विड्वरम्, सर्वत्र विग्रहः, लोकग्रामपीडा, देशेषु आकुलता, शून्यत्वं ग्रामेषु ॥३॥ प्रमोदे रविः स्वामी, मध्यमे वर्षम्, अल्पवृष्टिः खण्डमण्डले, मेदपाटपीडा, देशे उद्वसः, म्लेच्छवर्णक्षयः, छत्रभङ्गः, पर्वते तटे स्वल्पा वसतिः, तिलङ्गे राजविड्वरम्, चैत्रे वैशाखे च महर्घता, ज्येष्ठे रोगपीडा, आषाढादिमासत्रयेऽल्पमेघः, आश्विनमासे किञ्चिद्वर्षा, धान्यस्य कलशिका त्रयोदशफदियानाणकैः, कार्त्तिकादिमासपञ्चके महर्घम्, अतिवायुर्वाति, व्यापारिलोकपीडा, खण्डवृष्टिः, पट्टकूलादिमहर्घता, कार्त्तिकादिमासचतुष्टये सर्वरसमहर्घता, फाल्गुने मध्यमः ॥४॥ प्रजापतिवत्सरे चन्द्रः स्वामी, द्वादशापि मासाः शुभाः अल्पमेघवर्षा, आश्विने रोगबाहुल्यम्, धान्यस्य कलशिका पञ्चत्रिंशत्फदियानाणकैः, कार्त्तिकादिमासद्वयं मन्दं, पौषादिमासत्रये-

---

सब वस्तु महँगी हो, कार्तिकादि चार मास सब धान्य समान, फाल्गुनमास में विग्रह, ग्रामीण लोकोंको दुःख, देशमें व्याकुलता और गांवोंमें शून्यता हो ॥ ३ ॥ प्रमोदवर्षका स्वामी रवि है, वर्ष मध्यम, खण्डदेशमें थोड़ीवर्षा मेदपाट में दुःख, देशमें उद्वेग, मलेच्छवर्णका क्षय, छत्रभंग , पर्वतके तटमें थोड़ी वसति, तैलङ्गमें राजविग्रह, चैत्र वैशाखमें तेजी, ज्येष्ठमें रोगपीडा आषाढादि तीन मासमें अलपवर्षा, आश्विनमासमें कुछ वर्षा, तेरह फदियाका कलशी धान्य बिके, कार्तिकादि पांच मास तेजी, बहुत वायु चले, व्यापारी लोगोंको दुःख, खण्डवृष्टि, पट्टकूल (रेशमीवस्त्र आदि) तेज बिके, कार्तिकादि चार मास सब रसवाली वस्तु तेज और फाल्गुनमास में समान भाव रहे ॥ ४ ॥ प्रजापतिवर्षका स्वामी चन्द्र है, बारह महिने श्रेष्ट रहे, थोड़ी वर्षा, आश्विनमें रोगकी अधिकता, पैंतीस फदियाका कलशी धान्य बिके

"Aho Shrutgyanam"

ऽरिष्टम्, क्वचिदुत्पातः, दर्शनिलोकस्य पीडा ॥ ५ ॥ अङ्गिरायां मङ्गलः स्वामी, चैत्रो वैशाखश्च मन्दः, ज्येष्ठे वायुः प्रबलः, आषाढे मेघबाहुल्यं, श्रावणादिमासत्रये रोगपीडा, कार्त्तिके सर्वान्ननिष्पत्तिः, पौषादिमासत्रये करका न मेघवर्षा इत्यर्थः ॥६॥ श्रीमुखे बुधः स्वामी, चैत्रे सर्वधान्यं महर्घम्, आषाढे कृष्णपक्षेऽत्यन्तं मेघवर्षा, श्रावणे गोधूमा महर्घाः, घृते धान्ये च द्विगुणो लाभः, वणिग्लोकपीडा, पश्चिमायां रौरवं, पूर्वस्यां परचक्रभयम्, उच्चमुलतानस्थले प्रजापीडा, भाद्रपदे आश्विने च सर्वधान्यं सुभिक्षम्, कार्त्तिकादिमासत्रये पञ्चके वा सर्वरसानां सर्वधान्यानां महर्घता ॥७॥ भाववत्सरे गुरुः स्वामी, बहुक्षीरा गावो वर्षा बहुला, विंशोपिकाः पञ्चदश, सर्ववस्तुसमर्घता, उच्चमुलतानायोध्यासु राजविड्वरम्, लोकपीडा, घृतगुडाहिफेनपूगीमञ्जिष्ठामरिचदन्तवस्तु महर्घम्,

---

कार्त्तिकादि दो मास मंदा, पौषादि तीन मास अनिष्ट, कभी उत्पात और सन्यासिओंको पीडा हो ॥५॥ अंगिरावर्षका स्वामी मङ्गल है, चैत्र और वैशाख मंदा रहे, ज्येष्ठमें प्रबल वायु चले, आषाढमें वर्षा अधिक, श्रावणादि तीन मासमें रोगपीडा, कार्त्तिकमें सब धान्यकी निष्पत्ति और पौषादि तीन मासमें मेघका अभाव हो ॥ ६ ॥ श्रीमुखवर्षका स्वामी बुध है, चैत्रमें सब धान्यका तेजभाव हो, आषाढकृष्णपक्षमें बहुत वर्षा, श्रावणमें गेहूँ तेज, घी और धान्यमें द्विगुणालाभ, वणिकों को पीडा, पश्चिममें भयंकर पीडा, पूर्वमें परचक्र शत्रुका भय, उच्चमुलतानदेशमें प्रजापीडा, भाद्रपद और आश्विनमें सब धान्य सस्ते, कार्त्तिकादि तीन मासमें या पांच मासमें सब धान्य और रस तेज हो ॥ ७ ॥ भाववर्षका स्वामी गुरु है, गायें अधिक दूध दें, वर्षा अधिक, पन्द्रह विंशोपका, सब वस्तु समान बिके, उच्चमुलतान और अयोध्यामें राजविप्लव, लोकपीडा, घी, गुड, अफीम, सुपारी, मंजीठ, मिरच और दान्त की

"Aho Shrutgyanam"

चैत्रे समता, वैशाखे महर्घं सर्वधान्यं द्विगुणो लाभः, आषाढे श्रावणे किञ्चिद्वर्षा, भाद्रे वर्षा, आश्विने रोगबाहुल्यं, कार्त्तिक उत्तमः, मार्गशीर्षादिमासचतुष्टयं मन्दम्, राजविड्वरं महाजनपीडा ॥८॥ युवावत्सरे शुक्रः स्वामी, भूकम्पजलभयं बहुलं, चैत्रद्वये उत्पातः, ज्येष्ठे रोगः, आषाढे शुक्लपक्षे महान्मेघः, श्रावणे वायुर्वाति, अन्नं महर्घम्, भाद्रपदे दिन १४ महावृष्टिः, व्याकुलता, राजविग्रहः, उत्तरार्द्धदेशे दुर्भिक्षं रौरवं, पूर्वस्यां निष्फला कृषिः, दक्षिणस्यां वैरविरोधो मार्गे विषमता, पश्चिमायां लोकपीडा पश्चाद् दुर्भिक्षं, सर्वरसेषु समता, कार्त्तिकादिमासद्वयमुत्तमम्, पौषो माघश्च मध्यमः, फाल्गुनमासे किञ्चित् क्लेशः, माघादौ मार्गे विग्रहः ॥९॥ धातृवत्सरे शनिः स्वामी, चैत्रे वैशाखे च सर्वधान्यमहर्घता, ज्येष्ठमासे समता, आषाढेऽल्पमेघः घृततैलयुगन्धरीकर्पासमञ्जिष्ठामरिचपूगीमहर्घता, श्रावणे सर्वधान्यसमर्घता, भा-

---

वस्तु ये सब तेज भाव हो, चैत्रमें समान, वैशाखमें सब धान्य महँगा होने से दूना लाभ, आषाढ श्रावणमें कुछ वर्षा, भाद्रपदमें अधिक वर्षा, आश्विनमें रोग अधिक, कार्तिकमें उत्तम, मार्गशीर्षादि चार मास मंदा रहे, राजाओंमें युद्ध तथा महाजनोंको पीडा हो ॥ ८ ॥ युवावर्षका स्वामी शुक्र है, भूकम्प और जलका भय अधिक हो, चैत्र वैशाखमें उत्पात; ज्येष्ठमें रोग, आषाढशुक्लपक्षमें महामेघ, श्रावणमें पवन चले, अन्नका भाव तेज, भादोंमें दिन १४ बड़ी वर्षा, व्याकुलता, राजविग्रह, उत्तरार्द्ध देशमें दुष्काल और दुःख, पूर्वमें खेती निष्फल, दक्षिणमें वैर विरोध, मार्गमें विषमता, पश्चिममें लोकपीड़ा पीछे दुष्काल, सब रसके भाव समान, कार्त्तिकादि दो मास उत्तम, पोष और माघ मध्यम फाल्गुनमें कुछ क्लेश, माघकी आदिमें मार्ग में विग्रह हो ॥ ९ ॥ धातृवर्षका स्वामी शनि है, चैत्र वैशाखमें सब धान्यके भाव तेज, ज्येष्ठमें समान, आषाढमें थोडी

"Aho Shrutgyanam"

द्रपदे पुरुषा नपुंसकानि, पश्चिमायां महती मेघवर्षा, सर्वधान्यं समर्घम्, उत्तरदक्षिणयोर्मध्ये महामेघः परं लोकपीडा, आश्विने रसकसधातुमहर्घता धान्यसमता कार्तिकादयो मासाश्चत्वारस्तत्र सर्वदेशे अन्नं महर्घम् ॥ १० ॥ ईश्वरे राहुः स्वामी, उत्तरस्यां दुर्भिक्षं, पूर्वस्यां सुभिक्षं, पश्चिमायां परस्परं विरोधः, चैत्रे वैशाखेऽन्नमहर्घता, ज्येष्ठाषाढयोरल्पवृष्टिः परं सर्वधान्यमहर्घता, कार्तिके रौरवं दुर्भिक्षं, मञ्जिष्ठामरिचलवंगएलादिपूगीफलवस्तु महर्घता, मार्गशीर्षादिमासचतुष्टयेऽतिदुर्भिक्षं, धान्यं महर्घं, मनुष्याणां रुण्डमुण्डानि भूमिकायां रुलन्ति ॥११॥ बहुधान्ये केतुः स्वामी, पुरुषा निर्वीर्याः, पश्चिमायां सुभिक्षं परं सौख्यं सर्वदेशमध्ये, दक्षिणस्यां विग्रहः परं महाभयं, उत्तरापथे सर्वदेशेषु पीडा, पूर्वस्यां दुर्भिक्षं, अन्नसंग्रहः कार्यः, चैत्रवैशा-

---

वर्षा, घी तेल जुआर कपास मँजीठ मिरच और सुपारी महँगे हों, श्रावणमें सब धान्य तेज, भाद्रपदमें पुरुषोंमें कायरता, पश्चिममें बडी वर्षा, सब धान्य सस्ते; उत्तर दक्षिण के मध्यमें महा वर्षा परन्तु लोकपीडा, आश्विनमें रसकस और धातु तेज, धान्य समान; कार्त्तिकादि चार मास सब देशमें अन्न महँगे हो ॥ १० ॥ ईश्वरवर्षका स्वामी राहु है, उत्तरमें दुष्काल, पूर्वमें सुकाल, पश्चिममें अन्योऽन्य विरोध, चैत्र और वैशाखमें अन्नभाव तेज, ज्येष्ठ और आषाढमें थोड़ी वर्षा पीछे सब धान्य तेज, कार्त्तिकमें बड़ा दुष्काल, मँजीठ मीरच लौंग इलायची सुपारी ये वस्तु महँगी हों, मार्गशीर्षादि चार मासमें बड़ा दुष्काल, धान्य भाव तेज, पृथ्वी पर घोर युद्ध हो जिससे मनुष्योंके रुंड पृथ्वी पर लेटें ॥ ११ ॥ बहुधान्यवर्षका स्वामी केतु है, पुरुष हीनपराक्रमी हों, पश्चिममें सुकाल और सब देशमें सुख, दक्षिणमें विग्रह पीछे महाभय, उत्तरके मार्ग और देशमें पीडा, पूर्वमें दुष्काल, अन्न संग्रह करना चाहिये,

"Aho Shrutgyanam"

खयोरन्ने किञ्चिन्महर्घता, ज्येष्ठमासे चतुर्गुणो लाभः, आ-षाढश्रावणयोर्मेघः, अन्नं सर्वत्र महर्घं, षड्गुणो लाभः, भाद्रपदेऽत्यन्तमेघः, सर्वधान्यसमर्घता, आश्विने मेघः कनकधाराभिः, कार्त्तिकादिमासचतुष्टये समता ॥१२॥ प्रमाथिनि रविः स्वामी, आषाढे श्रावणे चाल्पमेघः, भाद्रपदे पञ्चम्यां किञ्चिन्मेघः, चैत्रे गोधूमयुगंधरीमहर्घता, वैशाखे ज्येष्ठे सर्वत्र धान्यमहर्घता परं कृष्णसप्तम्यमावस्ययोर्महामेघः, परमतोऽरिष्टं कार्त्तिकादिमासपञ्चसु सर्वरसमहर्घता, मञ्जिष्ठापूगीहिङ्गुलकाश्मीरजागरुपट्टसूत्रनालिकेर एतद्वस्तु महर्घता ॥१३॥ विक्रमसंवत्सरे चन्द्रः स्वामी, राजा प्रजा सुखी, अतिमेघः, चैत्रे वैशाखे महर्घम्, अन्ने द्विगुणो लाभः, परं वैशाखे म्लेच्छभयाद् नगर उद्वसत्वम्, अरण्ये वासः, वैशाखे दिनदश महान् वायुर्भूमिकम्पः प्रजापीडा, ज्येष्ठमासे दु-

---

चैत्र और वैशाखमें अन्न कुछ तेज, ज्येष्ठमें चौगुना लाभ, आषाढ श्रावणमें वर्षा, अन्न सर्वत्र महँगे व्यापारियोंको छगुना लाभ, भाद्रपदमें अत्यन्त वर्षा सब धान मंदा, आश्विनमें मेघ, कार्त्तिकादि चार मास समभाव हो ॥ १२ ॥ प्रमाथीवर्षका स्वामी रवि है, आषाढ और श्रावणमें थोड़ी वर्षा, भाद्रपद पञ्चमीको कुछ वर्षा, चैत्रमें गेहूँ जुआर तेज, वैशाख ज्येष्ठमें सब जगह धान्य तेज, पीछे कृष्ण सप्तमी और अमावास्याको महामेघ परन्तु आगे बहुत अरिष्ट, कार्त्तिकादि पांच मास सब रस महँगे, मँजीठ सुपारी हिंगलु केसर अगर वस्त्र और श्रीफल ये वस्तु तेज हों ॥ १३ ॥ विक्रम वर्षका स्वामी चन्द्र है, राजा प्रजा सुखी, अतिवर्षा, चैत्र और वैशाखमें तेजी होनेसे अन्नसे द्विगुना लाभ, वैशाखमासमें म्लेच्छोंके भयसे नगरका विनाश, जंगलमें रहवास, वैशाखमें दश दिन महावायु, भूमिकम्प और प्रजापीडा, ज्येष्ठमासमें दुःकाल, आषाढमें महा उत्पात, श्रावण भादोंमें

"Aho Shrutgyanam"

भिक्षं, आषाढे प्रलयः, श्रावणे भाद्रपदे महामेघः, प्रजासुखं, सर्वधान्यंसमर्घं, सर्ववस्तुसमर्घता, आश्विने रोगः, सर्वरससमता, कार्त्तिकादिमासपञ्चके सर्वान्नसमता ॥ १४ ॥ वृषभे भौमः स्वामी, वर्षा बहुला परं नृपाणां पीडा, छत्रभङ्गः, ज्येष्ठे वैशाखेऽन्नसमर्घता, धान्ये त्रिगुणो लाभः, आषाढेऽन्नमहार्घता, श्रावणे भाद्रपदे महामेघः, आश्विने सर्वधान्यसमता, घृतमहार्घता पश्चिमेऽन्नं महार्घं देशा उद्वसाः पश्चिमायां किञ्चित्सुभिक्षं, आश्विने मेघः सर्ववस्तुसमर्घता, कार्त्तिके किञ्चिदरिष्टं, मार्गशिरसि दौस्थ्यं, पौषादिमासत्रयं महार्घं परं मध्यमः समयः ॥१५॥ चित्रभानौ बुधः स्वामी, लोकः सुखी, पूर्वमल्पमेघः, पश्चान्महती वर्षा, सर्वधान्यघृतसमता वैशाखेऽन्नं समभावेन, ज्येष्ठादित्रये महान्मेघः सर्वधान्यसमर्घता भाद्रादिमासद्वये रोगार्त्तिः, कार्त्तिके मारिभयं, मार्गशिरोद्वयेऽरिष्टं,माघ-

---

बड़ी वर्षा, प्रजा सुखी, सब धान्य सस्ते, सब वस्तुके भाव समान, आसोज में रोग और रस सब समान, कार्त्तिकादि पांच मास सब अन्न समान हो ॥ १४ ॥ वृषभवर्षका स्वामी मंगल है, वर्षा बहुत परन्तु राजाओंको पीडा और छत्रभंग हो, ज्येष्ठ वैशाखमें अन्नभाव समान, व्यापारियोंको अन्न से तिगुना लाभ, आषाढमें अन्नभाव तेज, श्रावण भादोंमें बड़ी वर्षा, आश्विनमें सब धान्य समान, घी तेज, पश्चिममें अन्नभाव तेज, देशका विनाश और कुछ सुभिक्ष, आश्विनमें वर्षा, सब वस्तु सस्ती, कार्त्तिकमें कुछ दुःख, मार्गशीर्षमें दुःख, पौषादि तीन मास अन्नभाव तेज पीछे समय मध्यम हो ॥ १५ ॥ चित्रभानुवर्षका स्वामी बुध है, लोक सुखी, पहले थोड़ी वर्षा पीछे बहुत वर्षा, सब धान्यके और घीके भाव समान, वैशाखमें अन्नका भाव समान, ज्येष्ठादि तीन मास महावर्षा, सब धान्य सस्ते, भाद्रपदादि दो महीने रोग, कार्त्तिक में महामारि का भय; मार्गशीर्षादि दो महीने

"Aho Shrutgyanam"

द्वये सरोगा प्रजा परं सर्वान्नरससमर्घता, क्रयाणकजातिसर्ववस्तुमहर्घता ॥१६॥ सुभानौ गुरुः स्वामी, पूर्वस्यां दुर्भिक्षं लोकः सुखी चैत्रे महर्घता, वैशाखज्येष्ठयो रोगपीडा, आषाढेऽन्नं महर्घं, श्रावणे मेघोऽन्नसमता, भाद्रे महामेघः, आश्विने रोगपीडा गोधूमसमता युगन्धरीमुद्गादिमणं प्रति फदियानाणकानि, धातुसर्ववस्तु महर्घं घृतसमता कार्त्तिकादिमासद्वयं मध्यमं राजपीडिता लोकाः, पौषादिमासत्रये रोगपीडा क्षयंकरः परस्परं विरोधः ॥१७॥ तारणे शुक्रः स्वामी, अतिवायुः परस्परं युद्धं बहुलं. चैत्रः सरोगः, वैशाखे सर्ववस्तु महर्घं, ज्येष्ठे महान् वायुः, आषाढेऽल्पवृष्टिः, श्रावणे सप्तमीतो नवमीतो वा वर्षा, भाद्रपदे एकादश्यामत्यन्तमेघः, आश्विनेऽन्नमहर्घता, एवं सर्वरससंग्रहः कार्यः, कार्त्तिके महर्घता, मार्गे विग्रहो धान्यं महर्घम्. योगिनीपुरे महाभयं राज्ञां विरोधः, म्लेच्छभयं, पौ-

---

अरिष्ट, माघ फाल्गुन में प्रजा में रोग, सब अन्न रस समान और क्रयाणक जातिके सब वस्तुके भाव तेज हो ॥ १६ ॥ सुभानुवर्षका स्वामी गुरु है, पूर्वमें दुष्काल, लोक सुखी, चैत्रमें महँगाई, वैशाख और ज्येष्ठमें रोग पीडा, आषाढ में अन्नभाव तेज, श्रावण में वर्षा और अन्नभाव सम, भादोंमें महावर्षा, आश्विन में रोगपीडा, गेहूँ का भाव सम, जुआर मूंग आदि प्रति फदियाका एक मण, धातु भाव तेज, घी समान, कार्त्तिकादि दो मास मध्यम, प्रजा को राज से दुःख, पौषादि तीन मास विनाशकारक रोगपीडा और परस्पर विरोध हो ॥ १७ ॥ तारणवर्षका स्वामी शुक्र है, महा वायु चलै और परस्पर युद्धकी अधिकता हो, चैत्रमें रोग, वैशाखमें सब वस्तु तेज, ज्येष्ठमें महान् वायु, आषाढमें थोडी वर्षा, श्रावणकी सप्तमी से या नवमीसे वर्षा, भादोंमें एकादशीको बहुत वर्षा, आसोजमें अन्न भाव तेज, सब रस का संग्रह करना कार्त्तिकमें तेज हो, मार्गशीरमें विग्रह, धा-

"Aho Shrutgyanam"

षे युद्धं पश्चिमायां धान्यं महर्घम्. उत्तरापथे महादुर्भिक्षं फाल्गुनमासो मध्यमः, तस्करपाशिकभयं, अन्नं महर्घम्, विग्रहो राजविरोधाद् महत्पातकम्,पूर्वस्यां दक्षिणस्यां वा वने वासः, पश्चिमायां महायुद्धं परं धान्यवस्तु समर्घम्॥१८॥ पार्थिवे शनिः स्वामी, उत्पातबहुलः, अन्नसंग्रहः कार्यः, चैत्रे वैशाखे महार्घता सर्वतो विग्रहः, ज्येष्ठे रोगपीडा यद्वा नृपयुद्धं. आषाढेऽल्पमेघः, धान्यं महार्घं महावायुः, श्रावणे खण्डवृष्टिः, भाद्रपदे नैर्ऋतो वायुः, अन्नमहार्घता, आश्विने वृष्टिः, गोधूमयुगन्धरीमुद्गादि महर्घं परं धातुवस्तु घृतमहर्घता, कार्तिकाद्विद्वये रोगपीडा, पौषमाघयोर्महार्घता, फाल्गुने समता ॥१९॥ व्ययवत्सरे राहुः स्वामी, अनावृष्टिर्दुर्भिक्षं रौरवं, चैत्रो मध्यमः, वैशाखद्वये महार्घता देशविग्रहः, आषाढेऽल्पमेघः परं म-

---

न्य तेज, योगिनीपुरमें बड़ा भय, राजाओंका विरोध, म्लेच्छका भय, पौषमें युद्ध, पश्चिममें धान्य तेज, उत्तरापथमें बडा दुष्काल, फाल्गुन मासमे मध्यम, तस्कर तथा पाशवालेसे भय, अन्नभाव तेज, विग्रह राजाओं के विरोधसे बड़ा पात हो, पूर्वके और दक्षिणके लोक वनवासी हों, पश्चिममें बड़ा युद्ध हो परंतु धान्य और वस्तु सस्ती हों ॥ १८ ॥ पार्थिववर्षका स्वामी शनि है, बहुत उत्पात हो, अन्नका संग्रह करना चैत्र वैशाखमें तेज, सब ओरसे विग्रह, ज्येष्ठमें रोग पीडा अथवा नृपयुद्ध, आषाढ में थोडी वर्षा, धान्य महँगा, वायु अधिक, श्रावणमें खण्ड वर्षा, भादोंमें नैर्ऋत्यका पवन, अन्नभाव तेज, आश्विन में वर्षा, गेहूँ जुआर मूंग आदि तेज, धातु और घी तेज, कार्त्तिक मार्गशीरमें रोग पीडा, पौष माघमें तेज और फाल्गुनमें समान भाव रहे ॥ १९ ॥ व्ययवर्षका स्वामी राहु है, अनावृष्टि दुर्भिक्ष और दुःख हों, चैत्र मध्यम, वैशाख और ज्येष्ठमें भाव तेज, देशमें विग्रह, आषाढमें थोडी वर्षा और तेजी, श्रावणमें दुर्भिक्ष, मध्य देशमें वि-

"Aho Shrutgyanam"

-र्हार्घता, श्रावणे दुर्भिक्षं मध्यदेशे विग्रहः, दक्षिणस्यां प्रजापीडा, भाद्रपदे खण्डवृष्टिरन्नमहार्घता, आश्विने रोगपीडा, पूर्वस्यां विग्रहः गोधूममहार्घता चतुर्गुणो लाभः सर्वरसमहार्घता मध्यमः समयः, कार्तिके रोगपीडा यद्वा विग्रहोपशमः, मार्गमासेऽन्नमहार्घता नवरं युद्धं किञ्चित्, पौषादिमासद्वयेऽतिमहार्घता, फाल्गुने समता परं मार्गस्य वैषम्यमन्नं महार्घम् ॥२०॥ इति उत्तमविंशतिका पूर्णा ।

सर्वजिति वत्सरे ब्रह्मा स्वामी, चैत्रादिमासत्रयं महर्घम्, आषाढेऽल्पमेघः, श्रावणे महामेघः, सर्वधान्यरसवस्तुसमर्घता, नवीनमुद्रोदयः, राजविग्रहः, परस्परमन्नमहर्घता. भाद्रपदे दिनपञ्च पश्चान्महती वृष्टिः, आश्विने रोगार्त्तिः सर्वधान्यसमर्घता. कार्त्तिके राजा राज्यं करोति, प्रजासुखमन्नसमर्घता, मार्गशिरपौषौ उत्तमौ सर्वलोकसुखं, माघमासे

ग्रह, दक्षिणमें प्रजापीडा, भाद्रपद में खण्डवर्षा और अन्न तेज, आश्विन में रोगपीडा, पूर्वमें विग्रह, गेहूं तेज, व्यापारियों को चोगुना लाभ , सब रसकेभाव तेज, मध्यम समय, कार्त्तिकमें रोग पीडा अथवा विग्रहकी शान्ति, मार्गशीर्षमें अन्नभाव तेज, कुछ युद्ध का संभव, पौष माघमें अधिक तेज, फाल्गुनमें समान परन्तु मार्गकी विषमता और अन्न भाव तेज ॥ २० ॥ इति उत्तम विंशतिका ।

सर्वजित्वर्षका स्वामी ब्रह्मा है, चैत्रादि तीन मास तेज, आषाढमें थोड़ी वर्षा, श्रावणमें महामेघ, सर्व धान्य और रसकी वस्तु सस्ती, नवीन मुद्रा (शिक्का) चले, परस्पर राज विग्रह, अन्न महँगा, भाद्रपदमें पांच दिन पीछे बड़ी वर्षा आश्विनमें रोग, सब धान्य सस्ता, कार्त्तिकमें राजा राज्य करै , प्रजा सुखी, अन्न सस्ता, मार्गशीर्ष और पौष उत्तम, सब लोकसुखी, माघमासमें दिन तीन वर्षा हो मँजीठ, मुहरा, मिरच, सोंठ पि-

"Aho Shrutgyanam"

मेघो दिनत्रयः, मञ्जिष्ठामुद्गरामरिचसुंठीपिप्पलीपूगीप्रमुख-महर्घता, फाल्गुने सर्ववस्तुरससमता उत्तमसमयः ॥२१॥ सर्वधारिणि विष्णुः स्वामी, राजा राज्यसुस्थः प्रजासुखमन्नं समर्घम्, मार्गशीर्षः पौषश्च उत्तमः, सर्वलोकसुखं षड्दर्शनमहत्वं पूजा, सर्वनगरदेशासुस्थानवासः। चैत्रे सर्वधान्यसमता, उत्तरापथे दुष्कालः, वैशाखज्येष्ठयोर्महर्घता, ज्येष्ठे महाभयमरिष्टं, आषाढे मेघः, श्रावणेऽल्पवर्षा, अन्नं महर्घं, भाद्रपदे दुर्भिक्षं। आश्विने रोगः, अन्नसमता, राज्ञां परस्परं विरोधोऽन्नमहर्घता ॥२२॥ विरोधिनि रुद्रः स्वामी, चैत्रादिमासत्रये धान्यमहर्घता, आषाढे श्रावणेऽतिवर्षा, भाद्रपदे खण्डवृष्टिः; मासत्रयेऽतिभयं किञ्चिदुत्पातः, राजा सुखी, प्रजा सुखी, क्वचिद्राजयुद्धं, सर्वधान्यमहार्घता, आश्विने सर्वधान्यसमर्घता, कार्तिके मारीरोगबहुलता, मार्गशीर्षादिमासचतुष्टयं गुर्जरे मरुदेशेऽन्नं महार्घम् ॥२३॥ विकृते र-

---

प्पली, सुपारी आदि तेज, फाल्गुनमें सब रस और वस्तु समान तथा उत्तम समय हो ॥ २१ ॥ सर्वधारीवर्षका स्वामी विष्णु है, राजा प्रजा सुखी, अन्न सस्ता, मार्गशीर्ष और पौष उत्तम, सब लोक सुखी, छ दर्शनका महत्व पूजा, नगर का सब देशमें वास, चैत्रमें सब धान्य समान, उत्तरमें दुष्काल, वैशाख ज्येष्ठमें महँगा, ज्येष्ठमें बडा भय, आषाढमें वर्षा, श्रावणमें थोड़ी वर्षा, अन्न तेज, भादोंमें दुष्काल, आश्विनमें रोग, अन्नभाव समान , राजाओंका परस्पर विरोध और अनाज तेज हो ॥ २२ ॥ विरोधी वर्षका स्वामी रुद्र है, चैत्रादि तीन मास धान्य महँगा, आषाढ और श्रावणमें अतिवर्षा, भादोंमें खण्डवृष्टि, तीन मास अधिक भय, कुच्छ उत्पात, राजा तथा प्रजा सुखी, कहीं राजाओंमें युद्ध, सब धान्य तेज, आश्विनमें सब धान्य सस्ता, कार्तिक में महामारीकी अधिकता, मार्गशीर्ष आदि चार मास गुजरात और मारवाड़

"Aho Shrutgyanam"

विः स्वामी, अकाले वर्षा राजविरोधः,देश उद्वसः; मरुधरायां दुर्भिक्षं, चैत्रादिमासचतुष्टयं महार्घता, कणकलशिकां प्रतिफदियानाणकैरेकशतेन लाभः, श्रावणमासद्वये मेघवृष्टिर्नास्ति रौरवं दुर्भिक्षं, आश्विने उत्पातभूमिकम्पाः, कार्त्तिके छत्रभङ्गः, सुवर्णरूप्यताम्रकांस्यसर्वधातुसमर्घता, कणकलशिकाटंकाः२०फदियानाणकानामेकशतं लभ्यते।२४।
खरसंवत्सरे चन्द्रः स्वामी, चैत्रादिमासपञ्चके महती वर्षा, सुभिक्षं प्रजासुखं सर्वलोके गुरूणां महत्त्वं, पश्चिमायां सुभिक्षं। आश्विनेऽन्नसमता रसमहर्घता, मञ्जिष्ठासुहागावस्तुतो मरुधरायां त्रिगुणो लाभः, म्लेच्छक्षयः परं रोगपीडा सर्वधान्यनिष्पत्तिः प्रजासुखं, कार्त्तिकादि मासपञ्चकं मध्यमं सर्वधातुसमर्घता ॥२५॥

नन्दने भौमः स्वामी, प्रजासुखं सर्वधान्यसमता, चैत्रमध्ये करकाः पतन्ति। वैशाखे धान्यं महर्घं प्रचण्डवायुः। ज्ये-

---

में अन्नभाव तेज ॥ २३ ॥ विकृतिवर्षका स्वामी रवि है, अकालमें वर्षा, राजाओंमें विरोध, देशका उजाड़, मरुधरमें दुष्काल, चैत्रादि चार मास तेज, धान्य एक सौ फदियाका कलशी, श्रावण भादोंमें मेघ वर्षा न हो और बड़ा दुष्काल हो, आश्विनमें उत्पात भूमिकंप, कार्तिकमें छत्रभंग, सोना चांदी तांबा कांशा आदि सब धातु सस्ते हो ॥ २४ ॥ खरवर्षका स्वामी चन्द्र है, चैत्रादि पांच मासमें बडी वर्षा, सुकाल प्रजाको सुख, सब लोगोंमें गुरु जनों का सन्मान, पश्चिममें सुकाल। आश्विनमें अनाज समान, रस महँगा, मँजीट सुहागा से मारवाडमें तीगुना लाभ, म्लेच्छका विनाश परंतु रोग पीडा, सब धान्य की निष्पत्ति, प्रजा को सुख, कार्त्तिकादि पांच मास मध्यम और सब धातु सस्ती हो ॥ २५ ॥

नन्दनवर्ष का स्वामी मंगल है, प्रजामें सुख, सब धान्यभाव सम, चैत्रमें

"Aho Shrutgyanam"

ष्ठेऽपि तथैव महर्घं। आषाढे महामेघः। श्रावणेऽल्पवर्षा, भाद्रपदे महावृष्टिः। आश्विने सुभिक्षं राजा राज्यसुस्थः प्रजा सुखं। कार्त्तिके सुभिक्षमन्नसमता, मार्गशीर्षादिमासचतुष्टयं महर्घता, मञ्जिष्ठालवङ्गमरिचमहर्घता ॥२६॥ विजयसंवत्सरे बुधः स्वामी, सर्वदेशेषु महापीडा, राज्ञां परस्परं विरोधः, अन्नं महर्घं तुच्छजलं मही लोहितपायिनी विप्रपीडा, गोमहिषाश्व हस्तिपीडा, चैत्रमध्ये गर्जारववर्षा, वैशाखे ज्येष्ठेऽन्नमहर्घता, आषाढे श्रावणेऽल्पमेघः, कणकलशिका प्रतिफदिया ४०, भाद्रपदे वर्षा न वर्षति. कणकलशिका प्रतिफदिया ०.४; आश्विने वणिग्जनपीडा; अन्नं महर्घं; फाल्गुने समता परं विग्रहो धान्ये षड्गुणो लाभः ॥२७॥ जयसंवत्सरे गुरुः स्वामी। महासुभिक्षं; चैत्रे महार्घता; वैशाखज्येष्ठयोः समर्घता; आषाढे मेघवर्षा अन्नं महर्घं। श्रावणे दिन २४ महामेघः। भाद्रपदे दिन

करका (ओला) गिरें, वैशाखमें धान्य महँगा, बड़ा तेज वायु चले, ज्येष्ठ में भी वैसे ही महँगा, आषाढमें बड़ी वर्षा, श्रावणमें थोड़ी वर्षा, भाद्रपद में महावर्षा, आश्विनमें सुकाल, राज्य में स्वस्थता, प्रजा में सुख, कार्त्तिक में सुभिक्ष, अनाज भाव सम, मार्गशीर्षादि मास ४ महर्घता, मंजिठ, लोंग, मीरच ये महँगे हों ॥ २६ ॥ विजयसंवत्सरका स्वामी बुध है, सब देश में महापीडा, राजाओं का परस्पर विरोध, अनाज महँगा, जल थोड़ा, पृथ्वी लोहीकी प्यासी, ब्राह्मण गौ भैंस घोडा हाथी आदिको पीडा, चैत्र में गर्जनाके साथ वर्षा, वैशाख तथा ज्येष्ठमें अनाजभाव तेज। आषाढश्रावण में थोडी वर्षा। भाद्रपद में वर्षा न वर्षे, फदिया ६ का कलशी धान्य, आश्विन में वणिक्‌जन को पीडा, अनाज तेज, फाल्गुन में समान, और विग्रह तथा धान्यमें छगुना लाभ हो ॥ २७ ॥ जयसंवत्सरका स्वामी गुरु है, बड़ा सुकाल, चैत्रमें तेज, वैशाख और ज्येष्ठमें सस्ता, आषाढमें

"Aho Shrutgyanam"

७ मेघः। आश्विनेऽन्नं समर्घं कणानां मणां प्रतिद्रम्मा ३५ लभ्याः स्वर्णादिधातुसमता। कार्त्तिकादिमासपञ्चकमुत्तममन्नसमता। अन्यवस्तुनि महार्घता भवन्ति। परं मौक्तिकादिप्रवालकं च महर्घं। मार्गशीर्षे रोगबहुलता वणिक्पीडाः उच्चमुलतानदेशे रोगपीडा छत्रभङ्गो लोका दुःखिताः॥२८॥ मन्मथे शुक्रः स्वामी; राजविरोधः, पूर्वदेशे लोकपीडा परं अतिवृष्टिः; रोगबाहुल्यं, धान्यसंग्रहः। चैत्रे वर्षा भूमिकम्पः। वैशाखे समर्घता; ज्येष्ठाषाढयोर्महर्घता धान्ये बहुगुणो लाभः। श्रावणेऽल्पमेघः। भाद्रे महामेघो वृष्टिर्दिन १४। आश्विने रोगपीडा, अन्नं महर्घं; धान्यं मणं प्रतिद्रम्मा ६० लभ्यन्ते; सर्वधातुसमर्घता। कार्त्तिके सुभिक्षं; गुर्जरदेशापेक्षयाऽन्नसमता। मार्गशीर्षादिमासत्रयेऽन्नं समर्घं लोकसुखं राजा सुस्थः सर्वधातुसमर्घः वस्त्रमहर्घता॥२९॥ दुर्मुखे शनिः स्वामी; अन्ना-

जल वर्षा और अनाजके भाव तेज; श्रावणमें दिन २४ अधिक वर्षा; भाद्रपदमें दिन ७ वर्षा, आश्विनमें अनाज सस्ता, सुवर्णादि धातुके भाव सम; कार्त्तिकादि पांच मास उत्तम, अनाज समान भाव, दूसरी वस्तु तेज हो, परंतु मोती प्रवाल (मूंगा) आदि तेज हो; मार्गशीर्षमें रोग अधिक, वणिक जनको पीडा, उच्च मुलतान देश में रोगपीडा छत्रभंग और लोक दुःखी हो॥ २८॥ मन्मथवर्षका स्वामी शुक्र है, राजाओंमें विरोध पूर्व देशमें लोक पीडा परन्तु वर्षा अधिक, रोग अधिक, धान्यका संग्रह करना उचित है, चैत्रमें वर्षा भूमिकंप. वैशाखमें सस्ता, ज्येष्ठ आषाढमें तेज होने से धान्यसे बहुगुना लाभ, श्रावणमें थोड़ी वर्षा, भादोमें दिन १४ बड़ी वर्षा, आश्विनमें रोग पीडा; अनाज महँगा, सब धातु सस्ती, कार्त्तिकमें सुभिक्ष, गुर्जर देशकी अपेक्षा अनाज भाव सम, मार्गशीर्षादि तीन मास अनाज सस्ता, लोक सुखी, सब धातु सस्ती और वस्त्र तेज हो॥ २९॥ दुर्मुख-

"Aho Shrutgyanam"

शुभं; अल्पमेघो महतां लोकानां पीडा; सरोगा लोका उत्तरापथे दुष्कालः; पश्चिमायां महापीडा; पूर्वदेशे सुभिक्षं; अन्नं महर्घं वैरं नकुलसर्पाभ्यां विषं गृह्यते; चैत्रादिमासत्रये समर्घं (४००) ता; आषाढेऽल्पमेघः। श्रावणे प्रचण्डवायुः सर्वधान्यमहर्घता, भाद्रपदे कणानां मणं १ प्रतिद्राम्मा ८५ लभ्यन्ते; खण्डवृष्टिः; आश्विने रोगपीडा सर्वे धातवः समर्घाः कार्त्तिकादिमासा ४ रौरवं दुर्भिक्षं गोब्राह्मणपीडा जीजीयादयाः कराः प्रवर्त्तन्ते माता पुत्रविक्रया पिता पुत्रस्नेहमुक्तः फाल्गुने रोगपीडा; राज्ञां परस्परं विरोधः लोकपीडा ॥३०॥ हेमलम्बे राहुः स्वामी, अतिरौरवं सरोगा लोका भूकम्पादय उत्पाता वणिक्पीडा। चैत्रवैशाखमासयोर्धान्यादिमन्दभावः परचक्रागमः, ज्येष्ठादिमासत्रये धान्यं महर्घं चतुर्गुणो लाभः, भाद्रपदे महामेघः, अन्नसमता मञ्जिष्ठामरिचलवंगदन्तमयवस्तुमहर्घता, अन्नसमता. कार्त्तिके छत्रभङ्गो लोकपीडा

वर्षका स्वामी शनि अशुभ है, थोड़ी वर्षा, बड़े लोगोंको पीडा रोगप्राप्ति, उत्तरमें दुष्काल, पश्चिम में महापीडा, पूर्व देशमें सुकाल, अनाज महँगा, द्वेष भाव, चैत्रादि तीन मास सस्ता, आषाढमें थोड़ी वर्षा, श्रावणमें प्रचण्ड वायु, सब धान्य तेज, भाद्रपदमें धान्य मण एकका द्राम ८५ हो, खण्ड वृष्टि, रोगपीडा, सब धातु सस्ती, कार्त्तिकादि चार मास घोर दुर्भिक्ष, गौ ब्राह्मणको पीडा, माता पुत्रको बेचें, पिता पुत्रस्नेहसे रहित, फाल्गुन में रोगपीडा, राजाओं का परस्पर विरोध और लोकको पीडा हो ॥ ३० ॥ हेमलम्बवर्षका स्वामी राहु है महादुःख, लोगोंमें रोग भूकम्पादि उत्पात, व्यापारियोंको पीडा, चैत्र तथा वैशाखमें धान्यादिका भाव मंदा, शत्रुका आगमन, ज्येष्ठादि तीन मासमें धान्य तेज होनेसे चतुर्गुणा लाभ, भाद्रपदमें महावर्षा, अन्नभाव सम, मँजीठ मिरच लोंग और दांत की वस्तु ये म-

"Aho Shrutgyanam"

अन्नकलशिकां प्रतिफदिया१०२, सवधातुसमघः चतुष्पदपीडा। मार्गशीर्षादिमास४ राजा सुस्थः, लोकाः सुखिनः॥३१॥ विलम्बे वत्सरे रविः स्वामी, चैत्रवैशाखयोर्धान्यमहर्घता, आषाढे श्रावणे धान्यकलशिकां प्रतिटंका ५ फदिया २५ लभ्यन्ते, आषाढे मेघोऽल्पः। श्रावणे महामेघः सुभिक्षं। भाद्रपदे दिन ११ वर्षा बहुला परं गोधूमाश्चणकाश्च महर्घाः पश्चिमायां सुभिक्षं राजविग्रहः पूर्वदेशेऽन्नं दुष्प्रापं, दक्षिणदेशे राज्ञामन्योऽन्यं विरोधः, आश्विनेऽन्नमहर्घता रोगपीडा सर्वक्रयाणकवस्तुमहर्घता, कार्त्तिकादिमासपञ्चके धान्यकलशिकां प्रति फदिया १० लभ्यन्ते ॥३२॥ विकारिवत्सरे चन्द्रः स्वामी, सर्वान्नवस्तुमहर्घता द्विजाः सुखिनः। चैत्रादिमासत्रये धान्यमहर्घता, आषाढे श्रावणे च महान्मेघः सुभिक्षं, भाद्रपदे स्वल्पमेघः, आश्विने सर्पभयं केतूदयः, अन्नकलशिकां १

हँगे हो, अन्नभाव सम, कार्तिकमें छत्रभंग लोकपीडा, दश फदियाका धान्य एक कलशी बिकें, सब धातु सस्ती, पशुओंमें पीडा, मार्गशीर्षादि चार मास राजा शान्त रहे और लोक सुखी हो ॥ ३१ ॥ विलम्बीवर्षका स्वामी रवि, चैत्र वैशाखमें धान्य तेज, आषाढ श्रावणमें २५ फदिया का कलशी धान्य बिकें। आषाढमें वर्षा थोडी, श्रावणमें महावर्षा और सुकाल, भाद्रपदमें दिन ११ वर्षा अधिक परंतु गेहुँ चणा तेज, पश्चिममें सुकाल राजविग्रह, पूर्वदेशमें अन्न दुष्प्राप्त, दक्षिणदेशमें राजाओंमे परस्पर विरोध, आश्विनमें अनाजभाव तेज रोगपीडा, सब क्रयाणकवस्तु तेज, कार्तिकादि पांच मासमें दश फदिया का कलशी धान्य बिकें ॥ ३२ ॥ विकारीवर्षका स्वामी चन्द्र, सब प्रकारके धान्य और वस्तु महँगी हो ब्राह्मणोंको सुख, चैत्रादि तीन मास धान्य तेज, आषाढ श्रावणमें महामेघ और सुकाल, भादोंमें थोड़ीवर्षा, आश्विनमें सर्पका भय, केतुका उदय, फदिया १० का कलशी धान्य बिकें, सब व-

"Aho Shrutgyanam"

प्रतिफदिया १० लभ्यन्ते, सर्ववस्तुसमर्घता, कार्त्तिकादिमास-द्वये धान्यं समर्घं, पौषे रोगपीडा, लोकः सुखी फाल्गुने धान्यमहर्घता ॥३३॥ शर्वरीवत्सरे भौमः स्वामी, वर्षा अल्पा, प्रजाप्रलयः, राजविरोधः, चैत्रादिमासत्रयेऽन्नसमता, आषाढ-द्वये महान् मेघः परं खण्डवृष्टिः, अन्नमहर्घता। भाद्रपदे वर्षा नास्ति, राजपीडा लोकेषु, आश्विने रोगपीडा अन्नं कलशिका एका फदियानाणकै लभ्यते दशभिः, पश्चिमायां दुर्भिक्षं पूर्वस्यां सुभिक्षं, कार्त्तिकादिमासद्वयेऽन्नं महर्घं, पौषादिमासत्रये धान्यं समर्घम् ॥३४॥ प्लवे बुधः स्वामी, वर्षाकाले वर्षा बहुला उत्तमः समयः, चैत्रे धान्यमन्दता, वैशाखे भूमिर्भयङ्करी, ज्येष्ठेऽन्नसमर्घता, तिलङ्गे पूर्वदेशे पीडा, आषाढे महावायुः उत्पाताः, लोकाः सरोगाः श्रावणे महान् मेघः दिन १७ वर्षा, भाद्रपदे घनो घनाघनः, धान्यं समर्घं, कणकलशिका एका फदियानाणकैरष्टभिर्लभ्यते, आश्विने सर्ववस्तु

स्तु सस्ती। कार्तिक मार्गशीर्षमें धान्य सस्ता; पौषमें रोगपीडा; लोक सुखी; फाल्गुनमें धान्य तेज ॥ ३३ ॥ शर्वरीवर्षका स्वामी भौम; वर्षा थोडी; प्रजाका विनाश; राजविरोध; चैत्रादि तीन मास अनाजका भाव सम; आषाढ श्रावणमें महामेघ पीछेसे खण्डवृष्टि; अनाजभाव तेज; भाद्रपदमें वर्षा न वर्षे; देशमें राजपीडा; आसोजमें रोगपीडा; फदिया १० का कलशी धान्य बिके; पश्चिममें दुष्काल; पूर्वमें सुकाल; कार्तिक मार्गशीर्ष में अनाज तेज और पौषादि तीन मास में धान्य सम ॥ ३४ ॥ प्लववर्षका स्वामी बुध; वर्षाकालमें वर्षा अधिक; उत्तम समय; चैत्रमें धान्य मंदा; वैशाखमें पृथ्वी भयकारक; ज्येष्ठमें अन्नभाव सस्ता; तैलंग तथा पूर्व देशमें पीडा; आषाढमें महावायु उत्पात और लोकमें रोग; श्रावणमें महामेघ दिन १७ वर्षा; भाद्रपदमें बहुत वृष्टि; धान्य सस्ता फदिया ८ का एक कलशी धान्य; आ-

"Aho Shrutgyanam"

सर्वधातुसमर्घता, गोधूमानां महार्घता, कार्त्तिकेऽन्नं समर्घं, लोकः सुखी, मण्डपाचले विग्रहः, पौषादिमासत्रयेऽतिसुभिक्षं राजा राज्यसुस्थः ॥३५॥

शुभकृद्वत्सरे गुरुः स्वामी, अतिवर्षा, राजा प्रजा सुखी न वर्त्तते, उत्तरापथे वह्निभयं, चैत्रे वैशाखे समर्घता, धातुसमर्घता, श्रावणे नवमीतिथितो वर्षा, अन्नसमर्घता, भाद्रपदे महामेघः, अन्नकलशिका एका फदियानाणकैरष्टभिः, घृतं तैलं समर्घं, कार्त्तिकादिमासत्रये युगंधरीगोधूमचणकतिलमुद्गचवला इत्याद्यन्नं समर्घं, राज्ञां परस्परं विरोधः, ज्येष्ठादित्रिमासेषु सर्ववस्तु समर्घं, फाल्गुने किञ्चिदुत्पातः, मरुदेशे रोगः परं सुभिक्षम् ॥ ३६ ॥ शोभने त्विदं फलं शुक्रः स्वामी, राज्ञां प्रजानां च सुखं, अतिवर्षा, चैत्रादिमासत्रये धान्यं समर्घं, राजविग्रहः, किञ्चिदुत्पातः, आषाढेऽल्पमेघः, श्रावणेऽतिवर्षा, परं लोकपीडा, भाद्रपदे महान्मेघः,

---

श्विनमें सब वस्तु सस्ती; गेहूँ तेज; कार्तिकमें अनाज सस्ता; लोक सुखी; मंदपाचलमें विग्रह; पौषादि तीन मास सुभिक्ष; राजा प्रजा सुखी ॥ ३५ ॥ शुभकृद् वर्षका स्वामी गुरु, वर्षा अधिक, राजा तथा प्रजा सुखी नहीं, उत्तरमार्ग में अग्निका भय, चैत्र वैशाख में अन्नभाव सस्ता, धातुभाव सस्ता, श्रावणकी नवमी से वर्षा, अन्नभाव सस्ता, भादपद में बड़ी वर्षा, आठ फदिया का कलशी धान्य, घी तेल सस्ता, कार्त्तिकादि तीन मास में युगंधरी गेहूँ चणा तिल मग चवला आदि अन्न सस्ते, राजाओं में परस्पर विरोध, ज्येष्ठादि तीन मास सब वस्तु सस्ती, फाल्गुन में कुछ उत्पात, मरुदेश में रोग परंतु सुभिक्ष हो ॥ ३६ ॥ शोभनवर्ष का स्वामी शुक्र, राजा प्रजा को सुख, वर्षा अधिक, चैत्रादि तीन मास धान्य सस्ता , राजविग्रह, किञ्चित् उत्पात, आषाढमें थोड़ी वर्षा, श्रावण में वर्षा अधिक परंतु लोकपीडा, भादों में महामेघ, आश्विन में

"Aho Shrutgyanam"

आश्विने सुभिक्षं ततोऽपि किञ्चिद्विग्रहः ॥ ३७ ॥ क्रोधिनि वत्सरे शनिः स्वामी, द्वादशमासेषु अन्नं महर्घं, मध्यमः समयः, राज्ञां परस्परं विरोधः, प्रजा पापरता, लोका निर्द्धना व्यापारहीनाः, चैत्रे वा वैशाखे करकापातः, रोगो मारिभयं, ज्येष्ठे धान्यं महर्घं, आषाढे समता, अल्पो मेघः, श्रावणे रौरवं, भाद्रपदे खण्डवृष्टिः, अन्नं महर्घं, आश्विने मेघवर्षा, सर्वत्र रसकससमता, अन्नं वस्तु सर्वं समर्घं, कार्त्तिके समता ॥ ३८ ॥ विश्वावसुवत्सरे राहुः स्वामी, वर्षासमता परं अन्नमहर्घता, चैत्रे राज्ञां विरोधः, धान्यं महर्घं, वैशाखे मण्डपदुर्गे विग्रहः, मरुदेशे दुर्भिक्षं, पश्चिमायां अन्नं महर्घं, ज्येष्ठे विग्रहोऽन्नस्य ४५ फदियानाणकैरेका कलशिका, आषाढेऽल्पमेघः, श्रावणे भाद्रपदे दुर्भिक्षं ५५ फदियानाणकैरेका कणकलशिका, अन्यत्र देशे सुभिक्षं, आश्विने लोकपीडा, रोगबाहुल्यं, गोमहिषघोटकाजामहर्घता, सुवर्णादिधातुमह-

---

सुभिक्ष पीछे कुछ विग्रह हो ॥ ३७ ॥ क्रोधीवर्ष का स्वामी शनि. बारह मास अन्नभाव तेज, मध्यम समय, राजाओं में परस्पर विरोध, प्रजा पाप कार्य में तत्पर, लोक धन रहित तथा व्यापार रहित, चैत्र वैशाखमें करकापात रोग और महामारीका भय, ज्येष्ठमें धान्य महँगा। आषाढ में समभाव, थोड़ी वर्षा, श्रावणमें दुःख, भादोंमें खण्डवृष्टि अनाजभाव तेज, आश्विनमें जलवर्षा, रसकसका भाव समान और कार्त्तिकमें अनाजका भाव समान ॥ ३८ ॥ विश्वावसुवर्ष का स्वामी राहु, समान वर्षा, पीछे अनाज तेज, चैत्रमें राजाओंमें विरोध, धान्य तेज, वैशाखमें मण्डपदुर्गमें विग्रह, मरुदेशमें दुर्भिक्ष, पश्चिममें अनाज भाव तेज; ज्येष्ठमें विग्रह, फदिया ४५ का कलशी धान्य; आषाढमें थोड़ी वर्षा, श्रावण भाद्रपदमें दुष्काल, फदिया ५५ का कणशी धान्य, अन्यत्र देशे सुभिक्ष; आश्विनमें लोकपीडा, रोग अधिक; गौ भैंस घोडा और बकरी

"Aho Shrutgyanam"

र्घता, कार्त्तिकादिमासत्रये समर्घता, कणकलशिका ११ फदि-
याणकैः ॥ ३९ ॥ पराभवसंवत्सरे केतुः स्वामी, द्वादशमा-
सवर्षा, मध्यमवृष्टिः, चैत्रे वैशाखे चान्नं महर्घं, मेघगर्जितवि-
द्युद्वायवः, ज्येष्ठे धान्यसंग्रहः, उद्दण्डवायुः, आषाढेऽल्प-
मेघः, अन्ने द्विगुणो लाभः, श्रावणे महती वर्षा, अन्नसमता,
भाद्रपदे खण्डवृष्टिः परं दुर्भिक्षं, आश्विने किञ्चिद् लोक-
सुखं परं धान्यरसवस्तु महर्घमेव धातुसमर्घता, कार्त्तिका-
दिमासपञ्चके समता, पश्चिमायामन्नसमता, सिन्धुदेशाद् धा-
न्यागमः ॥ ४० ॥ इति मध्यमविंशतिका पूर्णा ॥

प्लवङ्गनामसंवत्सरे ब्रह्मा स्वामी, चैत्रे वैशाखे महर्घता,
ज्येष्ठमध्ये राजपीडा, आषाढेऽल्पमेघः, भूमिकम्पः, हस्ति-
पीडा, तुरङ्गमहर्घता, श्रावणे महामेघो भाद्रपदाष्टमीतो
महामेघः, आश्विने रोगचालकः, रसमहर्घता, फाल्गुने कण-

का भाव तेज; सोना आदि धातु तेज। कार्त्तिकादि तीन मास अनाज के भाव
सस्ता; ११ फदिया का कलशी धान्य ॥ ३९ ॥ पराभववर्षका केतु स्वामी,
बारह मास में मध्यम वर्षा। चैत्र वैशाखमें अनाज तेज, मेघकी गर्जना, बिजली
कडके, वायु चले। ज्येष्ठमें धान्य का संग्रह करना चाहिए। आषाढमें वर्षा थो-
ड़ी अनाज में दूना लाभ। श्रावणमें बड़ी वर्षा, अनाज भाव सम। भाद्रपद में
खण्डवृष्टि पीछे से दुर्भिक्ष। आश्विनमें कुछ सुख पीछे धान्य और रस की व-
स्तु महँगी, धातु सम। कार्त्तिकादि पांच मास सम, पश्चिम में अनाज भाव सम
सिन्धु देश से धान्य का आगमन ॥ ४० ॥ इति मध्यम विंशतिका पूर्णा ॥

प्लवंगवर्षका स्वामी ब्रह्मा, चैत्र वैशाखमें अन्न तेज, ज्येष्ठमें राजपीडा,
आषाढमें थोड़ी वर्षा, भूमिकम्प, हाथीको पीडा, घोड़े तेज, श्रावणमें म-
हामेघ, भाद्रपद अष्टमीसे महामेघ, आश्विनमें रोग, रस महँगे, फाल्गुन में
दश फदियाका कलशी धान्य हो, घोडा और भैसको पीडा, लोक पीडा

"Aho Shrutgyanam"

कलशिका एका फदिया १० प्रमाणैः, अश्वमहिषीपीडा लोकपीडा ॥४१॥ कीलकवत्सरे विष्णुः स्वामी, वर्षा मध्यमा, चैत्रे धान्यं महर्घं, वैशाखे रोगः, मरुदेशे दुर्भिक्षं, पश्चिमायां समर्घता, ज्येष्ठे धान्यसंग्रहः, आषाढे श्रावणेऽल्पमेघः, अन्नं महर्घं, धान्ये द्विगुणो लाभः, भाद्रपदेऽष्टमीतिथेर्मेघः, आश्विने वर्षा, अन्नं महर्घं, राजधानीनगरे उद्ध्वंसं, न रोगा बहुला, गोधूमा महर्घाः, सर्वधान्यं समर्घं, रसाः समर्घाः, घृतं एकमणं प्रति फदिया१८ नाणकैः, कार्त्तिकादिमासत्रये समर्घता, माघमासेऽन्नमहर्घता रोगपीडा महती, फाल्गुनमध्ये राजा राज्यसुस्थः प्रजा सुखं अन्नसमता॥४२॥ सौम्यसंवत्सरे रुद्रः स्वामी, अल्पमेघः, गावोऽल्पक्षीराः, वृक्षा अल्पफलाः, चैत्रे महर्घता, वैशाखे उद्दण्डवायुः, ज्येष्ठे विग्रहः, प्रजापीडा, आषाढेऽल्पमेघोऽन्नं महर्घं, श्रावणे महामेघः,धा-

॥ ४१ ॥ कीलकवर्षका स्वामी विष्णु, मध्यम वर्षा, चैत्र में धान्य तेज, वैशाखमें रोग, मारवाडमें दुर्भिक्ष, पश्चिममें सस्ते, ज्येष्ठमें धान्य संग्रह करना, आषाढ श्रावण में थोड़ी वर्षा, अनाज भाव तेज, धान्यसे द्विगुना लाभ, भाद्रपदमें अष्टमी तिथि से वर्षा, आश्विन में वर्षा, अनाज भाव तेज, राजधानी नगरमें विनाश, रोग अधिक न हो, गेहूँ तेज, सब धान्य सस्ते, रस तेज; फदिया १८ का एक मण घी, कार्तिकादि तीन मास सस्ता, माघ मासमें अनाज तेज, रोग पीडा अधिक, फाल्गुनमें राजा स्वस्थ, प्रजाको सुख और अनाज भाव सम हो ॥ ४२ ॥ सौम्यवर्षका स्वामी रुद्र, अल्पवर्षा, गाय थोडा दूध दें, वृक्षोंमें फल थोड़े, चैत्रमें अनाज भाव तेज, वैशाखमें प्रचंड पवन; ज्येष्ठमें विग्रह, प्रजा पीडा, आषाढमें थोडी वर्षा, अनाज तेज, श्रावणमें वर्षा अधिक, धान्यसे दूना लाभ, गेहूँ ५० फदिया का कलशी बिकें, सब धान्य सम, रस तेज; भाद्रपद में खण्डवृष्टि अनाज

"Aho Shrutgyanam"

न्ये द्विगुणो लाभः, गोधूमानां कलशिका एका फदिया ५० प्रमाणैर्लभ्यते, सर्वधान्यसमता, रसमहर्घता, भाद्रे खण्डवृष्टिरन्नदुर्भिक्षं, आश्विने राजविरोधो लोकपीडा मार्गविषमता अन्नसंग्रहः, धान्ये द्विगुणो लाभः, सर्वरसधातुसमर्घताः कार्त्तिकादिमासा४ तेषु समता परं राजविड्वरं रोगचालकः, देशा उद्ध्वंसाः, देशान्तरे लोकपीडा, फाल्गुने उद्दण्डवायुः, पश्चिमायां सुभिक्षं, सिन्धुदेशे राजविरोधः, अन्नसमता ॥४३॥ साधारणे रविः स्वामी, चैत्रे धान्यमन्दा, वैशाखे ज्येष्ठे च उत्पातो, भूमिकम्पो रोगवृद्धी राजविरोधो धान्यमहर्घतादिः, आषाढे वायुरुद्दण्डो रौरवं क्वचिदल्पमेघः, श्रावणे महती वर्षा, अन्नसमता, भाद्रपदेऽल्पमेघः, आश्विनेऽल्पधान्यनिष्पत्तिः, कार्त्तिकादिमासद्वयं मध्यममरिष्टं भूमिकम्पः, अकस्माद् राजविग्रहः, अन्नमहर्घता, फाल्गुने चतुष्पदः सरोगभावः, भूम्यामल्पफला वृक्षाः संगृहीतधान्ये त्रिगुणो लाभः सर्वधातुमहर्घता सर्वरससंग्रहः परं राजा दुः-

---

का दुर्भिक्ष, आश्विनमें राजविरोध, लोकपीडा, मार्गमें विषमता, धान्यका संग्रह से दूना लाभ, सब रस और धातु सस्ती, कार्त्तिकादि चार मास सम, पीछे राजविप्लव, रोग चाले, देश विनाश, देशान्तर में लोकपीडा, फाल्गुनमें प्रचण्ड वायु, पश्चिममें सुभिक्ष, सिंधुदेश में राजविरोध और अन्नभाव सम ॥ ४३ ॥ साधारणवर्षका स्वामी रवि, चैत्रमें धान्य मंदा, वैशाख ज्येष्ठमें उत्पात, भूमिकम्प, रोगवृद्धि, राजाओंमें विरोध, धान्यकी तेजी, आषाढमें प्रचंड पवन, कभी थोड़ी वर्षा, श्रावणमें बड़ी वर्षा अन्नभाव सम, भाद्रपदमें थोड़ी वर्षा, आश्विन में थोड़ी अन्नप्राप्ति, कार्त्तिक मार्गशीर्षमें मध्यम दुःख, भूमिकम्प, अकस्मात् राजविग्रह, अन्नभाव तेज, फाल्गुनमें पशुओंको रोग, वृक्षोंमें थोड़े फल, संग्रह किया हुआ धान्यमें ती-

"Aho Shrutgyanam"

खी ॥४४॥ विरोधकृद्वत्सरे चन्द्रः स्वामी, मण्डपाचलदुर्गे विग्रहः, कुङ्कणदेशे मेदपाटमण्डले मध्यदेशे महारौरवं, परस्परं राजविग्रहः, मार्गा विषमाः, चैत्रादिमासत्रयेऽन्नसमता, आषाढेऽल्पमेघः, श्रावणे महावर्षा, अन्नसमर्घता, भाद्रपदे मेघः अन्नसमता सर्वधातुमहर्घता, फाल्गुने देशविरोधः, मार्गवैषम्यं, मंजिष्ठासोपारिकापट्टसूत्रदन्तमयवस्तुतुरङ्गमादिमहर्घता ॥४५ परिधाविनि वत्सरे भौमः स्वामी, दुर्भिक्षं, नागपुरे मेदपाटे जालन्धरदेशे च राज्ञां विरोधः, चैत्रादिमासचतुष्टयेऽन्नसमता, तत्र संग्रहः कार्यः, लोके रोगपीडा, मरुदेशे मनुष्येषु मारिभयं, चतुष्पदमहिषीतुरंगहस्तिनां पीडा, श्रावणे भाद्रपदेऽल्पमेघः, खण्डवृष्टिरन्नसमता सर्वरससमर्घता सर्वे धातवः समर्घाः, कार्त्तिकादिमासपञ्चके धान्यसमता राजविड्वरं सिन्धुदेशाद् धान्यागमः॥४६॥प्रमाथिनि वत्सरे बुधः स्वामी, कुंकणे

गुना लाभ, सब धातु तेज, सब रसका संग्रह करना उचित है; राजा दुःखी ॥ ४४ ॥ विरोधकृत्वर्षका स्वामी चन्द्र, मंडपाचलदुर्गमें विग्रह, कुंकण देशमें मेदपाटदेश में और मध्यदेश में महाघोर परस्पर राजविग्रह, मार्ग विषम, चैत्रादि तीन मास अन्नभाव सम, आषाढमें थोड़ी वर्षा, श्रावण में वर्षा अधिक, अन्न सस्ता, भाद्रपद में मेघ, अन्नभाव सम, सब धातु तेज, फाल्गुन में देश में विरोध, मार्ग में विषमता, मँजीठ सोपारी वस्त्र सूत दान्त की वस्तु और घोडा आदि तेज हो ॥ ४५ ॥ परिधावीवर्षका स्वामी मंगल; दुर्भिक्ष, नागपुर मेदपाट और जालंधर देशमें राजाओंमें विरोध; चैत्रादि चार मास अनाजका भाव सम; उसमें अनाजका संग्रह करना; लोकमें रोगपीड़ा; मरुदेशमें महामारीका भय; चतुष्पद भैंस घोड़ा और हाथीको पीड़ा । श्रावण भादोंमें थोड़ी वर्षा; खण्डवर्षा; अनाजका भाव सम; सब रस सस्ते; सब धातु सस्ती; कार्तिकादि पांच मास धान्य सम,

"Aho Shrutgyanam"

दुर्भिक्षं विग्रहः, चैत्रे धान्यमन्दता, वैशाखज्येष्ठयोर्धान्यसंग्रहः, आषाढे नवीनमुद्रा परमल्पमेघः, श्रावणस्यार्द्धे मेघवर्षा, अन्नं महर्घं धान्ये त्रिगुणो लाभः, भाद्रपदे महामेघः, अन्नं समर्घं,आश्विनादिमासाः६ सुभिक्षं, सर्वरसकससमर्घता, लोकसुखी, गुरूणां पूजा महिमवृद्धिः,राजा धर्मी ॥४७॥ आनन्दे गुरुः स्वामी, वर्षा बहुला सुभिक्षं, चैत्रे वैशाखे चान्नं समर्घं, ज्येष्ठाषाढयोर्महावृष्टिः परं नवीनमुद्रा जायते, श्रावणे महान् मेघः, भाद्रपदे खण्डवृष्टिः, गोधूमा महर्घाः, आश्विने समर्घाः रसान्नवस्तुसमता धातुमहर्घता, कार्त्तिकेऽकस्माद् भयं लोकपीडा मार्गशीर्षे लोकानां दक्षिणदिशि गमनम्, पौषे माघे च मेघवर्षा, अन्नं समर्घं, फाल्गुने धान्यं महर्घं ॥४८॥ राक्षसे शुक्रः स्वामी, धान्यसंग्रहः कार्यः, चैत्रे करकाः पत-

---

भाव; राजविप्लव ; सिंधुदेशसे धान्यकी प्राप्ति ॥ ४६ ॥ प्रमाथीवर्षका स्वामी बुध; कुंकणादेशमें दुर्भिक्ष, विग्रह ; चैत्रमें धान्य भाव मंदा; वैशाख ज्येष्ठमें धान्य संग्रह करना; आषाढमें नवीन मुद्रा; थोड़ी वर्षा; आधा श्रावणमें वर्षा; अनाज तेज; धान्यसे तीगुना लाभ; भादोंमें महामेघ; अनाज सस्ता; आश्विनादि छमास सुभिक्ष; सब रसकस सस्ता; लोकसुखी; गुरु जनोंकी पूजा; महिमाकी वृद्धि और राजा धर्मी हो ॥ ४७ ॥ आनन्दवर्ष स्वामी गुरु, वर्षा अधिक , सुभिक्ष; चैत्र वैशाखमें अनाज सस्ता; ज्येष्ठ आषाढमें बडी वर्षा, नवीनमुद्रा , श्रावणमें महावर्षा; भाद्रपदमें खण्डवृष्टि, गेहूँ तेज, आश्विनमें सस्ता, रस अन्न और वस्तु समभाव, धातु तेज, कार्तिकमें अकस्मात् भय, लोकपीडा; मार्गशीर्षमें लोगोंका दक्षिणदिशामें गमन, पौषमें और माघमें वर्षा, अनाजका भाव सस्ता;फाल्गुनमें धान्य तेज ॥ ४८ ॥ राक्षसवर्षका स्वामी शुक्र; धान्य संग्रह करना उचित है, चैत्रमें करा (ओले) गिरे, वैशाख ज्येष्ठमें तेल महँगे, ज्येष्ठ आषाढमें गुड

"Aho Shrutgyanam"

न्ति, वैशाखे ज्येष्ठे तैलं महर्घं, ज्येष्ठे आषाढे गुडखण्डादृद्रव्यं महर्घं, श्रावणेऽल्पमेघः, अन्नमहर्घता, भाद्रपदे महामेघः, अन्नसमर्घता, आश्विने समता, कार्त्तिके रोगार्त्तिः, मार्गशीर्षादिचत्वारो मासाधान्यसमर्घता, राजा सुखी, प्रजा राजमान्या, फाल्गुने समर्घता, वृक्षा नवपल्लवाः, मार्गे सुखं सुभिक्षम् ॥४९॥ नलसंवत्सरे शनिः स्वामी, अल्पमेघः परं समर्घता, चैत्रे रोगपीडा, वार्दलं बहुलं, वायुः प्रबलः, वैशाखेऽरिष्टमन्नसंग्रहकार्यः; ज्येष्ठे राज्ञां परस्परं विग्रहो लोकसुखी, मार्गवैषम्यं क्वचिदाषाढे श्रावणे चाल्पमेघः, धान्ये त्रिगुणश्चतुर्गुणो लाभः, भाद्रपदे खण्डवृष्टिर्दुर्भिक्षं धान्यसंग्रहः आषाढे कार्यः, आश्विने विक्रियः, मार्गशीर्षादिमासत्रयेऽन्नसमता, फाल्गुने रोगत्वालकः, तस्करभयः, उत्तरदेशे दुष्कालः, पूर्वस्यां सुभिक्षम् ॥५०॥ पिङ्गले राहुः स्वामी, उच्चमुलतान नागपुरमरुदेशे दिल्लीमण्डलेषु मथुरायां पूर्वदेशेषु दुर्भिक्षमन्नं महर्घं सर्वधातुसमर्घता

शक्कर तेज, श्रावणमें थोड़ी वर्षा, अनाजका भाव तेज, भाद्रपदमें महामेघ, अनाज सस्ता, आश्विनमें सम, कार्तिकमें रोगपीडा, मार्गशीर्षादि चार मास धान्य सस्ता, राजासुखी, प्रजा राजाका सन्मान करें, फाल्गुनमें सस्ता, वृक्षोंमें नये पत्ते, मार्गमें सुख और सुभिक्ष ॥ ४९ ॥ नलसंवत्सरका स्वामी शनि, थोड़ी वर्षा, अनाजभाव सम, चैत्रमें रोगपीडा, बहुत बादल और प्रबल वायु, वैशाखमें अरिष्ट, अनाज संग्रह करना, ज्येष्ठमें राजाओंमें परस्पर विग्रह, लोकसुखी, मार्गमें विषमता, कभी आषाढ श्रावणमें थोड़ीवर्षा धान्यमें तीगुना चोगुना लाभ, भादोमें खण्डवृष्टि दुर्भिक्ष, आषाढमें धान्य संग्रह करना और आश्विनमें बेचना, मार्गशीर्षादि तीन मास अनाजका भाव सम, फाल्गुनमें रोग और चोरका भय, उत्तरदेशमें दुष्काल और पूर्वमें सुभिक्ष हो ॥ ५० ॥ पिंगलवर्ष का स्वामी राहु, उच्चमुल्तान नागपुर मरुदेश देहलीदेश मथुरा

"Aho Shrutgyanam"

परं सर्वत्र विग्रहः, नगरे वासः, ग्रामभुद्वसनं रोगपीडा राजा सुस्थः प्रजासुखमन्नसमता गुर्जरदेशे समर्घता, सिन्धुदेशाद् धान्यागमनं, चैत्रे धान्यमहर्घता प्रजापीडा, वैशाखादिमासत्रयेऽन्नमहर्घता प्रजाक्षयोऽश्वपीडा, आषाढे श्रावणेऽल्पमेघः, धान्ये चतुर्गुणो लाभः, भाद्रे खण्डवृष्टिः, आश्विने समता, कार्तिकादिमासपञ्चके विग्रहपीडा, अन्नमहर्घता चतुष्पदरोगः ॥ ५१ ॥ कालवत्सरे केतुः स्वामी, अल्पमेघो देश उद्वसनम्, अल्पव्यापारः राजविग्रहः, चैत्रे वैशाखे चात्यरिष्टमुत्तरापथे देशभंगः, ज्येष्ठे धान्यसंग्रहः, धान्ये षड्गुणो लाभः, आषाढेऽल्पमेघः, लोके दुःखं, मार्गविषमाः, श्रावणे महान् मेघोऽन्नसमता, भाद्रपदे खण्डवृष्टिः, धान्यदुर्भिक्षमुत्पातः, आश्विने रोगशीतलादिविकारः, धान्यं फदिया ७५ नाणकैः कणकलशिका एका लभ्यते, सर्वरसमहर्घता सर्वधा-

---

और पूर्वदेशमें दुर्भिक्ष, अन्नभाव तेज, सब धातु सस्ती, सब जगह विग्रह, नगरमें निवास, गांवका विनाश, रोगपीडा, राजा सुखी, प्रजा सुखी, अन्नभाव सम, गुजरात देशमें सस्ता, सिंधु देशसे धान्यका आगमन, चैत्रमें धान्य तेज, प्रजापीडा, वैशाखादि तीन मास अन्न तेज, प्रजाका क्षय, घोडाको पीडा, आषाढ श्रावणमें थोड़ी वर्षा, धान्यसे चौगुना लाभ, भाद्रपद में खण्डवृष्टि आश्विन में सम, कार्तिकादि पांच मास विग्रह और पीडा, अन्न तेज, पशुओंमें रोग ॥ ५१ ॥ कालवर्षका स्वामी केतु, थोडी वर्षा, देशका उजाड़, थोड़ा व्यापार, राजविग्रह, चैत्र वैशाखमें अधिक दुःख, उत्तरमें देशभग, ज्येष्ठमें धान्यका संग्रह करनेसे छगुना लाभ, आषाढमें थोड़ी वर्षा, लोगोंमें दुःख, मार्ग विषम, श्रावणमें महामेघ, अन्नभाव सम भादोंमें खण्डवृष्टि, धान्यकी दुर्भिक्षता, उत्पात, आश्विन में रोग शीतला आदिका विकार, अन्न ७५ फदियाका एक कलशी बिके, सब रस तेज,

"Aho Shrutgyanam"

तुसमर्घता, कार्त्तिकादिमासपञ्चकं यावत् परं राजविद्रवरं, अश्व-चतुष्पदपीडा वृक्षाः सफलाः ॥५२॥ सिद्धार्थे रविः स्वामी, सुभिक्षं सर्वदेशे वसतिर्बहुला अन्नविक्रयः, चैत्रे वैशाखे लोकपीडा, ज्येष्ठाषाढयोरुद्दण्डवायुः, श्रावणे दिनत्रये महावर्षा सर्वान्नमहर्घता, भाद्रपदे खण्डवृष्टिः, आश्विनेऽन्नसमता, कार्त्तिके धान्यनिष्पत्तिर्बहुला अन्नसमर्घता, मार्गादिमासचतुष्टयमन्नं सारं सर्वत्र ग्राहकना उत्पातः क्वचिद् राजविरोधो लोकसुखमश्वमूल्यमहर्घता ॥५३॥ रौद्रे चन्द्रः स्वामी, पृथिवी रोगबहुला, चतुष्पदनाशः, छत्रभङ्गोऽल्पमेघश्चैत्रादिमासत्रये महर्घता, आषाढे श्रावणेऽल्पमेघः, खण्डवृष्टिः, भाद्रपदे महान् मेघोऽन्नसमर्घता, अन्यद्वस्तुमञ्जिष्ठा सौपारिकालविंगसमर्घता लोकसुखी, चतुष्पदसमर्घता हस्तिपीडा ॥५४॥ दुर्मतौ भौमः स्वामी, चैत्रे वैशाखे च धान्यं समर्घं,

---

सब धातु सस्ती, कार्त्तिकादि पांच मास तक राजविद्रोह, घोडा आदि पशुओंमें पीडा, वृक्षोंमें फल ॥ ५२ ॥ सिद्धार्थवर्षका स्वामी रवि, सुभिक्ष, सब देशमें बहुत वसति, अन्नकी विक्री, चैत्र वैशाख में लोकपीडा, ज्येष्ठ आषाढमें उद्दण्ड (प्रबल) वायु, श्रावण में तीन दिन महावर्षा, सब अन्न तेज, भादोंमें खण्डवृष्टि, आश्विन में अन्नभाव सम, कार्त्तिकमें धान्य प्राप्ति, अनाज सस्ता, मार्गशीर्षादि चार मास सब स्थानमें अनाजकी प्राप्ति, कहीं राजविरोध, लोक सुखी और घोडेका भाव तेज हो ॥ ५३ ॥ रौद्रवर्षका स्वामी चन्द्र, पृथ्वीमें रोग अधिक, पशुका विनाश, छत्रभंग, थोड़ी वर्षा, चैत्रादि तीन मास तेजी, आषाढ श्रावणमें थोड़ी वर्षा, खण्ड वृष्टि, भादोंमें अधिक वर्षा, अनाज भाव सस्ता, दूसरी वस्तु मँजीठ सोपारी लौंग आदि सस्ता, लोक सुखी, पशु सस्ते, और हाथियोंको पीडा ॥५४॥ दुर्मतिवर्षका स्वामी भौम, चैत्र वैशाखमें धान्य सस्ते, ज्येष्ठमें अनाज भाव

"Aho Shrutgyanam"

ज्येष्ठेऽन्नसमता, आषाढे उद्दण्डवायुः, श्रावणेऽल्पमेघोऽन्न-समर्घता, भाद्रपदे मेघानां महोदयः, गोधूमाः समर्घाः कण-कलशिका एका फदिया ३५ प्रमाणेन लभ्यते, सर्वधातवः समर्घताः, आश्विने सर्वरससमर्घता धान्यसमता, कार्त्ति-कादिमासद्वयं यावत् सर्ववस्तुसमता राजस्वस्थः ग्रामे ग्रामे नवीना वसतिः सर्वलोकसुखी, अश्वमहर्घता चतुष्पदमह-र्घता, पौषादिमासत्रये समता परं धातुसमर्घता ॥ ५५ ॥ दुन्दुभीवत्सरे बुधः स्वामी, वर्षा बहुला, अन्नसमर्घता र-सकसवस्तुसमता, चैत्रादिमासत्रयेऽन्नसमर्घता, आषाढे द्वि-गुणो लाभोऽल्पमेघः, श्रावणे दिन ११ महावृष्टिः, भाद्रपदे मेघा दिन ९ अन्नं समर्घं, देशा नवीना वसन्ति, आश्विने-ऽन्नं समर्घं, रोगा बहुला मंजिष्ठामरिचानां समर्घता, सर्वर-ससर्वधातुसमर्घता, कार्त्तिके धान्यं समर्घं मेदपाटे लोकपीडा अन्नदुर्भिक्षं, पश्चिमायां शुभं, मार्गशीर्षे समर्घता राज्ञां प-

---

सम, आषाढमें प्रचंड पवन, श्रावणमें थोड़ी वर्षा; अनाज सस्ता; भाद्रपद-में जलवर्षा; गेहूँ सस्ता; ३५ फदियाका कलशी धान्य; सब धातु सस्ती; आश्विन में सब रस सस्ते; धान्यभाव सम; कार्त्तिक मार्गशीर्ष तक स-ब वस्तुका समभाव; राजा स्वस्थ, गांव गांव में नवीन वसति अर्थात् नये नये गांव वसे; सब लोक सुखी; घोडे का भाव तेज; पशु का भाव तेज; पौषादि तीन मास समान परंतु धातु सस्ती ॥ ५५ ॥ दुन्दुभीवर्षका स्वामी बुध, वर्षा अधिक, अनाजका भाव सस्ता, रसकस वस्तुका समान भाव, चैत्रादि तीन मास अनाज सस्ता, आषाढमें दूगुना लाभ, थोड़ी वर्षा, श्रावणमें दिन ग्यारह महावर्षा, भाद्रपदमें दिन नव वर्षा अनाज सस्ता, नवीन गांव वसे, आश्विनमें अनाज सस्ता, रोग अधिक, मँजीठ मिरच सस्ता, सब रस वस्तु धातु सस्ती, कार्तिकमें धान्य सस्ता,

"Aho Shrutgyanam"

रस्परं विरोधः, पौषादिमासत्रये समता अश्वमहर्घता मंजिष्ठा महर्घा ॥५६॥ रुधिरोद्गारिणि वत्सरे गुरुः स्वामी, राज्ञामन्योऽन्यं विरोधः, लोका देशान्तरे यान्ति दुर्भिक्षं द्विजपीडा जीजीयादिकरः प्रवर्त्तते, म्लेच्छराज्ये परदेशाद् धान्यमायाति, आषाढे शुक्लपक्षे महामेघः, श्रावणे दिन १५ महावर्षा, चैत्रादिमासत्रये समर्घता धातवः समर्घाः, उत्तरापथे उच्चमुलतानतिलंगगौडभोटादिदेशेषु दुर्भिक्षं पश्चिमायां सुभिक्षं सिन्धुदेशे धान्यनिष्पत्तिः, भाद्रपदे खण्डवृष्टिः, धान्ये त्रिगुणो लाभः, आश्विने समता रोगचालकः, कार्त्तिकादिमासपञ्चकेऽन्नं समर्घं, मेदपाटे लोकपीडा ॥५७॥ रक्ताक्षे शुक्रः स्वामी, अन्नं समर्घं, मेदपाटे पर्वते वासः, चैत्रादिमासत्रये महर्घता अन्नस्य, सर्वे धातवः समर्घाः, फाल्गुनेऽन्नसंग्रहः, ज्येष्ठेऽन्नमहर्घता शुक्लपक्षे महामेघः। आषाढे महती

मेदपाटदेशमें लोकपीडा, अनाजकी दुर्भिक्षता, पश्चिममें शुभ, मार्गशीर्षमें सस्ता, राजाओंका परस्पर विरोध, पौषादि तीन मास सम, घोडे तेज और मँजीठ तेज ॥ ५६ ॥ रुधिरोद्गारीवर्षका स्वामी गुरु, राजाओं का परस्पर विरोध, लोग देशांतर गमन करें, दुष्काल ब्राह्मणोंको पीडा, म्लेच्छदेशमें जीजीया आदि कर (महसुल) की प्रवृत्ति, परदेशसे धान्यका आगमन, आषाढ शुक्लपक्षमें बड़ी वर्षा, श्रावणमें दिन पन्द्रह वर्षा अधिक, चैत्रादि तीन मास सस्ते, धातु सस्ती, उत्तरमें उच्चमुलतान तैलंग गौड भोट आदि देशोंमें दुर्भिक्ष, पश्चिममें सुभिक्ष, सिंधुदेशमें धान्य निष्पत्ति, भाद्रपदमें खंड वर्षा, धान्यमें तीगुना लाभ, आश्विनमें सम, रोगप्राप्ति, कार्तिकादि पांच मासमें अनाज सस्ता, मेदपाटदेशमें लोकपीडा ॥ ५७ ॥ रक्ताक्षवर्षका स्वामी शुक्र, अनाज सस्ता, मेदपाटदेशमें पर्वत पर वास, चैत्रादि तीन मास में अनाजकी तेजी, सब धातु सस्ती, फाल्गुनमें अनाज संग्रह करना, ज्येष्ठ

"Aho Shrutgyanam"

जलवृष्टिः सौराष्ट्रे ग्रामप्रवाहः, अन्नं समर्घं, श्रावणेऽल्पमेघः, किञ्चिद्विग्रहः, भाद्रपदेऽल्पवर्षा रोगपीडा, आश्विनेऽन्नं समर्घं रसकसवस्तु समर्घं, कार्त्तिकादिमासपञ्चके धान्यं महर्घं विवाहादिकं नास्ति, अश्वपीडा पश्चिमायां सुभिक्षम् ॥५८॥ क्रोधने शनिः स्वामी, रोगा बहुलाः, मन्दवृष्टिः प्रजापीडा, उत्तरापथे दुर्भिक्षं लोका निर्धनाः, चैत्रे वैशाखेऽल्पमेघोऽन्नसमर्घता, ज्येष्ठे मन्दता रोगपीडा, अन्नसमता, आषाढे श्रावणेऽल्पवर्षा, धान्ये द्विगुणलाभः, भाद्रपदे मेघोऽन्नसमर्घं, आश्विने रोगपीडा, कार्त्तिके विग्रहः धान्यं समर्घं, मार्गशीर्षे धान्य समता अकस्माद् उत्पातः, पौषे समर्घता वणिक्पीडा अन्न वस्तु च महर्घम् ॥५९॥ क्षयसंवत्सरे राहुः स्वामी, चैत्रे करकापातः, वैशाखे उत्पातः, भूमिकम्पः, ज्येष्ठाषाढयो रोगचालकः; नवीनमुद्रा उदयोऽल्पमेघोऽन्नं समर्घं, भाद्रपदे ख-

---

में अनाजकी तेजी, शुक्ल पक्षमें महावर्षा, आषाढमें बड़ी जलवर्षा, सोरठदेशमें गांवोंका प्रवाहा (पानीमें खिचाई जाना) अनाज सस्ता, श्रावणमें थोड़ी वर्षा, कुछ विग्रह, भाद्रपदमें थोड़ी वर्षा, रोगपीडा, आश्विनमें अनाज सस्ता, रसकस वस्तु सस्ती, कार्तिकादि पांच मास धान्य तेज, वीवाहादिका अभाव, घोडेको पीडा, पश्चिममें सुभिक्ष ॥ ५८ ॥ क्रोधनवर्षका स्वामी शनि रोग अधिक, मंद वृष्टि, प्रजाको पीड़ा, उत्तरमें दुर्भिक्ष, लोक धन रहित, चैत्र वैशाखमें थोडी वर्षा, अनाज सस्ता, ज्येष्ठमें मंदा, रोगपीडा, अन्न भाव सम, आषाढमें और श्रावणमें थोड़ी वर्षा, धान्यमें दूना लाभ, भाद्रपद में वर्षा, अनाज सस्ता, आश्विनमें रोग पीडा, कार्तिकमें विग्रह, धान्य सस्ता मार्गशीर्षमें धान्य सम, अकस्माद् उत्पात, पौषमें सस्ता, व्यापारियोंको पीडा अनाज वस्तु तेज ॥ ५९ ॥ क्षयसंवत्सरका स्वामी राहु, चैत्रमें ओलेका गिरना, वैशाखमें उत्पात, भूमिकंप, ज्येष्ठ आषाढमें रोग, नवीन मुद्रा, थोड़ी

"Aho Shrutgyanam"

ण्डवृष्टिः, चतुष्पदहानिः, फदिया ५५ नाणकैर्धान्यकलशिका एका, आश्विने रोगः परमन्नसमता सर्वधातुसमता मध्यमसमयः राजविरोधः पश्चिमायां सुभिक्षमन्नं समर्घं सिन्धुदेशात् स्थलदेशाद् वा अन्नागमः पूर्वस्यां विड्वरमन्नसमता ॥६०॥ इत्यधमा विंशतिका पूर्णा

॥ इति संक्षेपतः षष्टिसंवत्सरफलानि ॥

अथ गुरुचारः ।

इयं वाच्या प्राच्यादधिगमबलाद् वत्सरफला,
तृतीयायां राधे जिनवरगवि शुक्लसमये ।
यदा स्यादास्यादेश्वि भवति काचिद् विघटना,
तदा ज्ञेयं ज्ञेयं खललिखितवाचालचरितम् ॥ १ ॥
आद्यप्रभोर्भगवतस्त्रिजगत्समीक्षा,
दीक्षा बभूव मधुमाससिताष्टमाह्ने ।
जातं तपस्तदनुवार्षिकमार्षिकेन्द्र–

वर्षा, अनाज सस्ता, भादोंमें खंडवर्षा, पशुओंकी हानि, ५५ फदिया का कलशी धान्य, आश्विनमें रोग, परंतु अनाज सस्ता, सब धातु समान, मध्यम समय, राजाओंमें विरोध, पश्चिममें सुकाल, अन्नभाव सस्ता, सिंधुदेश अथवा स्थलदेशसे अन्नका आगमन, पूर्वमें उपद्रव और अन्नभाव सम हो ॥६०॥ इत्यधमाविंशतिका पूर्णा । इति संक्षेपतः षष्टिसंवत्सर फलानि ।

वैशाख शुक्ल तृतीयाके दिन यह संवत्सर संबंधी फलादेश प्राचीन शास्त्रके बलसे कहना चाहिये; यदि इस सत्यरूप जिनवरोंके वचनोंमें कोई विघटना मालुम पड़े तो समझना चाहिये कि यह खल पुरुषोंसे लिखा हुआ वाचाल चरित्र है ॥ १ ॥ चैत्र शुक्ल अष्टमीके दिन आदिनाथ भगवान्की तीन जगत्के स्वरूपको देखनेवाली दीक्षा हुई, तभीसे वार्षिक तप

"Aho Shrutgyanam"

श्रीमारुदेवविहितं प्रथमं पृथिव्याम् ॥ २ ॥
तत्पारणादायककारणासे-रभावतः साधिकवत्सरान्ते ।
राधे तृतीयादिवसे वलक्षे, बभूव भूवल्लभवन्दनीया ॥ ३ ॥
तद्वत्सरस्यापि शुभाशुभाद्यं, फलं च तस्मिन् दिवसे विचार्यम्
दानं च कार्यं पुरुषैः सभार्यैः, सत्कार्य साधौ तदुपासके वा ।४।
संवत्सराख्या द्विपविंशिकार्थ-ग्रहप्रचाराद्यधिगम्य सम्यक् ।
यदीक्ष्यतेऽसौ सफला तदोक्तिर्भवेद्विसंवादिकथाऽन्यथाऽस्याः
प्राचां तु वाचां विभवानुदीक्ष्य, चलाचलत्वं च बलाबलत्वम्।
सर्वग्रहाणां बहुसंग्रहेण, विचार्य चार्यं प्रवदेत् फलानि ॥ ६ ॥
व्यक्तोऽतिभक्तः स्वगुरौ च देवे, सक्तः स्वधर्मे हृदये दयालुः ।
यः शास्त्ररीत्या फलमब्दजन्यं, ब्रूते स मेघाद्विजयश्रियाढ्यः॥
वर्षाधिनाथा गुरुशौरिकेतुः स्वर्भाणवस्तेषु गुरुप्रचारात् ।
संवत्सरा द्वादश सम्भवन्ति,प्राच्याथ तेषामभिधाविधानैः।८।

प्रारंभ हुआ, जगत्में यह प्रथमवार ही श्री ऋषभदेवने किया॥ २ ॥ उस व्रतका पारणाके लाभकी प्राप्तिका अभावसे एक वर्षसे कुछ अधिक वैशाख शुक्ल तीजको हुआ, इसलिये यह तीज जगत्को प्रिय और वंदनीय है ॥ ३ ॥ इस दिन वर्षके शुभाशुभ फलका विचार करना चाहिये और स्त्री तथा पुरुष साधुओंको या उनके उपासकोंको सत्कारपूर्वक दान दें ॥ ४ ॥ यदि संवत्सरकी विंशतिकाका अर्थ ग्रहप्रचार आदिका अच्छी तरह विचार कर कहा जाय तो उसका वचन सफल होता है, अन्यथा विसंवाद (असत्य) होता है ॥ ५ ॥ प्राचीन वचनोंका प्रभावको स्वीकार कर और सब ग्रहोंका चलाचल बलाबलका अच्छी तरह विचार कर फल कहना चाहिये ॥ ६ ॥ जो अपने गुरु और देव पर बहुत भक्तिवाला, अपने धर्ममें श्रद्धावान् और हृदयमें दयावान् हो वह शास्त्ररीतिसे वर्षफल कहे तो मेघसे विजय लक्ष्मी को प्राप्त करता है ॥७॥ वर्षका स्वामी गुरु, शनि, केतु,

"Aho Shrutgyanam"

अथ गुरुकृतसंवत्सरनामकनक्षत्रकथनं रामविनोदे—

अथातः सम्प्रवक्ष्यामि गुरुचारमनुत्तमम् ।
अनेन गुरुचारेण प्रभवाद्यब्दसम्भवः ॥ ९ ॥
स्यादूर्जादिमासेषु वह्निभादिद्वयं द्वयम् ।
उपान्त्यपञ्चमान्त्येषु नक्षत्राणां त्रयं त्रयम् ॥ १० ॥
यस्मिन्नभ्युदितो जीवस्तन्नक्षत्राख्यवत्सरः ।
क्वचिद् गुरोरस्तभेऽपि सूर्यसिद्धान्तसंमते ॥ ११ ॥
प्रवासान्ते गृहर्क्षेण सहितोऽभ्युदयेद् गुरुः ।
तस्मात् कालाद्रक्षपूर्वो गुरोरब्दः प्रवर्त्तते ॥ १२ ॥

अथ गुरुवर्षविचारः—

स्यात् पीडा कार्त्तिके वर्षे वह्नि गावोपजीविनाम् ।
शस्त्राग्निक्षुद् भयं वृद्धिः पुष्पकौसुम्भजीविनाम् ॥ १३ ॥
सौम्यवर्षे स्वल्पवृष्टिः सस्यहानिरनेकधा ।

और सूर्यादि हैं उनमेंसे बृहस्पतिका चालनसे बारह संवत्सर होते हैं ॥ ८ ॥

अब यहांसे बृहस्पतिका उत्तम चार (चलन)को कहता हूँ क्योंकि इस गुरुचारसे प्रभव आदि संवत्सर होते हैं ॥ ९ ॥ गुरुके कार्त्तिकादि महीनोंमें कृत्तिका आदि दो २ और पांचवां तथा अंत्यके दो ये तीन महीनों में तीन २ नक्षत्र हैं ॥ १० ॥ जिस नक्षत्र पर बृहस्पतिका उदय हो उसको नक्षत्रसंवत्सर कहते है । कहीं सूर्यसिद्धान्तके मतसे बृहस्पति जिस नक्षत्र पर अस्त हो उसको नक्षत्रसंवत्सर कहते है ॥ ११ ॥ प्रवासके अन्त्यमें जिस राशि के साथ बृहस्पति का उदय हो उस कालसे बृहस्पति का वर्ष होता है ॥ १२ ॥

बृहस्पतिके कार्तिक वर्षमें अग्नि और गौएं से आजीविका करनेवाले को पीडा, शस्त्र और अग्नि आदिका भय तथा कौसुंभ (केसुडा) के फूलों के आजीवियोंकी वृद्धि हो ॥ १३ ॥ मार्गशीर्षवर्ष में थोड़ी वर्षा, अनेक प्रकारसे खेतीकी हानि, राजा लोग एक दूसरेको मारनेकी इच्छासे युद्धमें

"Aho Shrutgyanam"

राजानो युद्धनिरताश्चान्योऽन्यं वधकांक्षिणः ॥१४॥
पौषेऽब्दे सुखिनः सर्वे गुरुपूजारता जनाः ।
क्षेमं सुभिक्षमारोग्यं वृष्टिः कार्षुकसम्मता ॥१५॥
माघः सम्पत्करोऽब्दः स्यात् सर्वभूतहितोदयः ।
सम्यक् वर्षति पर्जन्यः सुभिक्षं च प्रजायते ॥१६॥
फाल्गुनाब्दे चौरभीतिः स्त्रीणां दुर्भगता भृशम् ।
क्वचिद् वृष्टिः क्वचित्सस्यं क्वचिद् भीरीतयः क्वचित् ॥१७॥
चैत्राब्दे भूभुजः स्वस्थाः स्त्रीषु चाल्पप्रजा भवेत् ।
अल्पवृष्टिः सस्यसम्पत् प्रजानां व्याधितो भयम् ॥१८॥
वैशाखेऽब्दे तु राजानो धर्ममार्गरताः क्षितौ ।
क्षेमं सुभिक्षमारोग्यं द्विजाश्चाध्वरतत्पराः ॥१९॥
ज्येष्ठाऽब्दे धर्ममार्गस्थाः पीड्यन्ते सत्क्रियापराः ।
न च वर्षेत्तदा देवो भवेत् सस्यविनाशनम् ॥२०॥
आषाढाब्दे तु राजानः सर्वदा कलहोत्सुकाः ।

तत्पर हों ॥ १४ ॥ पौषवर्षमें सब सुखी, मनुष्य गुरुजनोंकी पूजा करें, क्षेम सुभिक्ष तथा आरोग्य हो और किसानोंके अनुकूल वर्षा हो ॥१५॥ माघवर्ष सब सम्पत्ति दायक है, इसमें अच्छी वर्षा और सुकाल होता है ॥ १६ ॥ फाल्गुनवर्षमें चोरोंका भय, स्त्रियोंको दुर्भग्यता, कहीं वर्षा, कहीं खेती, कहीं भय और कहीं ईतिका उपद्रव होता है ॥ १७ ॥ चैत्रवर्षमें राजा शान्त हो, स्त्री थोड़ी संतानवाली हों, थोड़ी वर्षा, धान्यकी प्राप्ति और प्रजाको रोगसे भय हो ॥ १८ ॥ वैशाखवर्षमें राजाओं पृथ्वीपर धर्म राज्य करें, क्षेम सुभिक्ष और आरोग्य हों, तथा ब्राह्मण यज्ञकर्म में तत्पर हों ॥ १९ ॥ ज्येष्ठवर्षमें धर्ममार्गी और सत्क्रिया करनेवाले दुःखी हों, वर्षा नहीं होनेसे धान्यका विनाश हो ॥ २० ॥ आषाढवर्षमें राजा सर्वदा लड़ाई करनेमें उद्यत हो, कहीं ईति, कहीं भय, कहीं वृद्धि और कहीं जल हो ॥

"Aho Shrutgyanam"

क्वचिदीतिः क्वचिद् भीतिः क्वचिद् वृद्धिर्जलं क्वचित् ॥२१॥
श्रावणाब्दे धरा भाति त्रिदशस्पर्द्धिमानवैः ।
धरा पुष्पफलैर्युक्ता परिपूर्णाध्वरादिभिः ॥२२॥
अब्दे भाद्रपदे वृष्टिः क्षेमारोग्यं क्वचित् क्वचित् ।
सर्वसस्यसमृद्धिः स्याद् नाशमेत्यपरं फलम् ॥२३॥
अब्दे त्वाश्वयुजेऽत्यर्थं सुखिनः सर्वजन्तवः ।
मध्यमं पूर्वसस्यं स्यात् परं पूर्णं विपच्यते ॥२४॥

पाठान्तरं जीर्णग्रन्थेषु । मेषराशिस्थगुरुफलम्—

मेषराशौ यदा जीव-श्चैत्रसंवत्सरस्तदा ।
प्रबुद्धनामा जलदो वर्षा च सर्वतोमुखी ॥२५॥
सुभिक्षं विग्रहो राज्ञां समर्घं वस्त्रकर्पटम् ।
हेमरूप्यं तथा ताम्रं कर्पासं च प्रवालकम् ॥ २६ ॥
मञ्जिष्ठानारिकेलं च पट्टसूत्रे समर्घता ।
कांस्यं लोहं तथैवेक्षु-पूगादीनां च संग्रहः ॥ २७॥
अश्वपीडा महारोगो द्विजानां कष्टसम्भवः ।

२१॥ श्रावणवर्षमें पृथ्वी देवोंकी स्पर्द्धा करनेवाले मनुष्योंसे सुशोभित हो, तथा फल फूल और यज्ञोंसे पूर्ण हों ॥ २२ ॥ भाद्रपदवर्षमें वर्षा हो, कहीं कहीं क्षेम और आरोग्य हों, सब धान्यकी वृद्धि हो परंतु फलकी हानि हो ॥२३॥ आश्विनवर्षमें सब प्राणी बहुत सुखी हों, प्रथम मध्यम खेती हो और पीछे से पूर्ण खेती हो ॥ २४ ॥

मेषराशिमें जब बृहस्पति हो तब चैत्रसंवत्सर कहा जाता है । उसमें प्रबुद्धनामका मेघ सब ओरसे वर्षा करता है ॥ २५ ॥ सुभिक्ष, राजाओंमें विरोध वस्त्र कपड़ सोना चांदी तांबा कपास और मूंगे ये सस्ते हों ॥ २६ ॥ मँजीठ श्रीफल और रेशमीवस्त्र सस्ते, कांसा लोहा ईक्षु और सुपारी आदिका संग्रह करना ॥ २७ ॥ घोड़ोंको पीडा, रोग अधिक; ब्राह्मणोंको कष्ट

"Aho Shrutgyanam"

मासत्रये फलमिदं पश्चाद् भाद्रपदे पुनः ॥ २८॥
गोधूमशालिमाषानःमाज्यस्याग्रे समर्घता।
दक्षिणस्यामुत्तरस्यां खण्डवृष्टिः प्रजायते ॥ २९॥
दक्षिणोत्तरयोर्देशे छत्रभङ्गोऽपि कुत्रचित्।
दुर्भिक्षमपि षण्मासा आश्विने फाल्गुने तथा ॥३०॥
पश्चात् सुभिक्षं द्वौ मासौ नाम्ना मेघो जलेन्द्रकः।
कार्त्तिके मार्गशीर्षे च कर्पासान्नमहर्घता ॥३१॥
मेदपाटे राजपीडा देशभङ्गोऽल्पवर्षणम्।
लोकाः सरोगा दुर्भिक्षं पौषे रसमहर्घता ॥३२॥
वाणिज्ये संशयो लाभे वैशाखे गुर्जरे रणः।
छत्रभङ्गस्तथाषाढे श्रावणे वा भयं पथि ॥३३॥
नवीनो जायते राजा क्वचिन्मेघोऽपि कार्त्तिके।
धान्यानि संग्रहे लाभ-स्त्रिगुणो मासि पञ्चमे ॥३४॥
अब्दमध्ये यदा जीवः क्रमाद् राशित्रयं स्पृशेत्।

यह तीन मास के फल है; पीछे भाद्रपदमें ॥ २८ ॥ गेहूँ चावल उर्द और घी सस्ते हों, दक्षिण तथा उत्तरमें खण्डवृष्टि हो ॥ २९ ॥ दक्षिण तथा उत्तरदेशमें कहीं छत्रभंग और आश्विनसे फाल्गुन तक छ महिने दुर्भिक्ष रहे ॥ ३० ॥ पीछे दो मास सुभिक्ष तथा जलेन्द्र नामका मेघ वरसे। कार्तिक और मार्गशीर्ष मासमें कपास तथा अनाजकी तेजी हो ॥ ३१ ॥ मेदपाटमें राज्यपीडा; देशभंग तथा थोड़ी वर्षा हो; लोकमें रोग और दुर्भिक्ष हो। पौषमें रस तेज ॥ ३२ ॥ व्यापारियोंको लाभमें संदेह, वैशाखमें गुजरात देशमें युद्ध, आषाढ या श्रावणमें छत्रभंग और मार्गमें भय हो ॥ ३३ ॥ नवीन राजा हो; कहीं कार्तिकमें भी वर्षा हो; धान्यका संग्रह करे तो पांचवें मासमें तीगुना लाभ हो ॥ ३४ ॥ एक वर्षमें यदि गुरु क्रम से तीन राशि को स्पर्श करे तो पृथ्वी करोडों सुभटो से रुंडमुण्ड हो ॥ ३५ ॥ जलचर

"Aho Shrutgyanam"

तदा सुभटकोटीभिः प्रेतपूर्णा वसुन्धरा ॥३५॥
उदग्वीथ्यां चरन् जीवः सुभिक्षक्षेमकारकः ।
मध्यमे मध्यमं चाथ-मेवमन्येऽपि खेचराः ॥३६॥
एष एव किल मेषविशेषः, शेषमत्र गुरुगम्यमशेषम् ।
शेषमत्र गुरुचारविचार-संग्रहे भजतु जातु न कश्चित् ।३७।

वृषराशिस्थगुरुफलम् —

वृषराशौ यदा जीवो वैशाखो वत्सरस्तदा ।
नन्दशालो भवेन्मेघः सर्वधान्यसमर्घता ॥३८॥
वैशाखे आश्विने मासे स्त्रीणां रोगाश्च दन्तिनाम् ।
अश्वानां च महापीडा गृहे वैरं परस्परम् ॥३९॥
उत्तरस्यामनावृष्टि-र्दुर्भिक्षं मण्डले क्वचित् ।
पूर्वस्यां च महासौख्यं राजबुद्धिविपर्ययः ॥४०॥
घृतं तैलं च मञ्जिष्ठा मौक्तिकं च प्रवालकम् ।
लवणं रक्तवस्त्रं च नारिकेलं समर्घकम् ॥४१॥

राशि पर गुरु हो तब सुभिक्ष और क्षेम (कल्याण)हो मध्यम में मध्यम फल कहना इसतरह सब ग्रहोंको जानना ॥ ३६ ॥ इसतरह मेषराशिका फल कहा ; और विशेष गुरुगमसे जानना। दूसरा कोई पुरुष गुरुचार के विचारसंग्रहमें कभी शंका नहीं लावें ॥ ३७ ॥इति मेषराशिस्थगुरु का फल ॥

जब वृषराशिमें गुरु हो तब वैशाखवर्ष कहा जाता है । इसमें नन्दशाल नामका मेघ बरसे और सब धान्य सस्ते हों ॥ ३८ ॥ वैशाख और आश्विनमें स्त्री तथा हाथियोंको रोग, घोड़ेको महापीडा और घरों में परस्पर द्वेश हो ॥ ३९ ॥ उत्तरमें अनावृष्टि और देशमें कहीं दुर्भिक्ष हो, पूर्व में बड़ा सुख और राजकी बुद्धिमें विपर्यास हो ॥ ४० ॥घी तैल मँजिठ मोती मूँगा लूण लालवस्त्र और श्रीफल ये सस्ते हों ॥ ४१ ॥ श्रावण में गेहूँ चावल चणा मूँग उर्द और तिल ये महँगे हों; तथा ज्येष्ठमें वर्षाका अधिक

"Aho Shrutgyanam"

गोधूमशालिचणका मुद्गा माषास्तथा तिलाः ।
महर्घाः श्रावणे ज्येष्ठे मेघानां च महाजलम् ॥४२॥
श्रृंगालके मालवे च उत्पातो राजविग्रहः ।
देशभंगाद् भयं शून्यं घृतधान्यमहर्घता ॥४३॥
मेदपाटे ग्रीष्मऋतौ समर्घं धान्यमीरितम् ।
मरौ धान्यं घृतं तैलं महर्घं धातवोऽन्यथा ॥४४॥
सिन्धुदेशे नागपुरे श्रीविक्रमपुरे स्थले ।
धान्यं महर्घं समर्घं मेदपाटे तदा भवेत् ॥४५॥
मासद्वयं संग्रहः स्याद् धान्यानां च ततः शुभम् ।
दुर्भिक्षं मासदशके मार्गरोधः प्रजाक्षयः ॥४६॥
आषाढे श्रावणे वर्षा न वर्षा भाद्रपादके ।
अश्वरोगश्चतुष्पाद-नाशस्तीडागमः क्वचित् ॥४७॥
मुनिवृषभैर्वृषभगते गुरौ फलं सकलमेवमादिष्टम् ।
जिनवृषभध्यानबलादचला सर्वत्र सरसा स्यात् ॥४८॥

पानी बरसे ॥४२॥ श्रृंगालक और मालवा देशमें उत्पात और राजविग्रह हो, देशभंगसे भय, शून्यता तथा घी और धान्य की तेजी हो ॥ ४३ ॥ मेदपाटमें ग्रीष्मऋतुमें सब धान्य सस्ते हों, मारवाड में धान्य घी तेल तेज हो और धातु सस्ती हों ॥ ४४ ॥ सिन्धुदेश नागपुर विक्रमपुर (उज्जयनी) इन स्थानोंमें धान्य भाव तेज और मेदपाटमें धान्य भाव सस्ते हो ॥४५॥ धान्यका दो मास संग्रह करनेसे अच्छा लाभ होगा, दश मास दुर्भिक्ष रहेगा, मार्गरोध (मार्गका बंध) और प्रजाका विनाश हो ॥ ४६ ॥ आषाढ श्रावण में वर्षा हो, भाद्रपदमें वर्षा न हो, घोडेको रोग, पशुओं का विनाश और कहीं टीड्डीका आगमन हो ॥ ४७ ॥ इस प्रकार श्रेष्ठ मुनियों ने वृषभराशि पर गया हुआ बृहस्पतिका फल कहा है। जिनेश्वरदेवका ध्यानके प्रभावसे पृथ्वी सब जगह रसवाली हो ॥ ४८ ॥ इति वृषराशिस्थगुरु का फल ॥

"Aho Shrutgyanam"

मिथुनराशिस्थगुरुफलम्—

मिथुने सङ्गते जीवे ज्येष्ठाख्यवत्सरो भवेत् ।
बालानां दोषमश्वानां खण्डवृष्टिस्तदा वदेत् ॥ ४९ ॥
कर्कोटकस्तदा मेघो गण्डूपदो मतान्तरे ।
तस्करैः पीड्यते लोकः पापोपहतमानसैः ॥ ५० ॥
पश्चिमायां सिन्धुदेशे वायव्ये चोत्तरादिशि ।
चित्रा विचित्रा जायन्ते रोगाः पीडोत्तरापथे ॥ ५१ ॥
श्वेतवस्त्रं तथा कांस्यं कर्पूरं चन्दनादिकम् ।
मञ्जिष्ठं नारिकेलं च पूगी स्वर्णं च रूप्यकम् ॥ ५२ ॥
मासानां पञ्चकं यावत् समर्घं चैत्रतो भवेत् ।
पश्चान्महर्घं पूर्वोक्त-धान्यानां च समर्घता ॥ ५३ ॥
पूर्वाग्निवारुणनैर्ऋत्या-मीशाने च सुभिक्षता ।
श्रावणे तु महत्कष्टं महिषीणां च हस्तिनाम् ॥ ५४ ॥
राजा स्वस्थः प्रजावृद्धिः सुभिक्षं मङ्गलं भुवि ।
समर्घं तैलखण्डादिशर्कराधातवोऽपि च ॥ ५५ ॥

जब मिथुनराशिका बृहस्पति हो तब ज्येष्ठसंवत्सर कहा जाता है, इसमें बालकोंको और घोडेको रोग और खण्डवर्षा हो ॥ ४९ ॥ कर्कोटक नामका या गंडूपद नामका वर्षाद बरसे और लोक पापी मनवाले चोरोंसे पीडित हो ॥ ५० ॥ पश्चिममें सिन्धुदेशमें वायव्य और उत्तर दिशाके देशमें चित्र विचित्र रोग और उत्तर प्रदेशमें पीडा हो ॥ ५१ ॥ श्वेत वस्त्र कांशी कर्पूर चन्दन मँजिठ श्रीफल सुपारी सोना और चांदी आदि ॥ ५२ ॥ चैत्रसे पांच महीने तक सस्ते हो. पीछे पूर्वोक्त धान्यकी तेजी या समानता रहे ॥ ५३ ॥ पूर्व आग्नेय दक्षिण नैर्ऋत्य और ईशानमें सुभिक्ष हो. श्रावणमें भैंस और हाथियोंको बड़ा कष्ट हो ॥ ५४ ॥ राजा स्वस्थ, प्रजामें वृद्धि और पृथ्वी पर सुभिक्ष तथा मंगल हो, तेल खांड

"Aho Shrutgyanam"

शृंगालदेशे चोत्पाताः क्रयाणकेषु मन्दता ।
महावर्षा घृतं धान्यं समर्घं च गुडस्तथा ॥ ५६ ॥
शुंठीमरिचपिप्पल्यो मञ्जिष्ठा जातिकोशलः ।
महर्घमेतद्वस्तु स्यात् फाल्गुने धान्यसङ्ग्रहः ॥ ५७ ॥
कर्पास लवणं गुडतिलगोधूमयुगन्धरीचणकमुद्गान् ।
संगृह्य विक्रयक्रितस्त्रिगुणो लाभस्त्रिमासान्ते ॥ ५८ ॥
गुरुरपि मिथुनानिलीनसारस्यमवश्यतः करोति जने ।
व्यभिचारं चारचर्चाबलात् कश्चिद् देशभङ्गभयम् ॥ ५९ ॥

कर्कराशिस्थगुरुफलम्——

कर्के गुरुस्तदाषाढो वत्सरस्तत्र जायते ।
पूर्वदक्षिणयोर्मेघो मध्यमः कम्बलाभिधः ॥ ६० ॥
महर्घं सर्वधान्यानां कार्त्तिके फाल्गुने तथा ।
पश्चिमायां सिन्धुदेशे वायव्ये चोत्तरादिशि ॥ ६१ ॥

सक्कर और धातु भी सस्ते हों ॥ ५५ ॥ शृंगालदेशमें उत्पात और करियाणामें मंदता हो, महावर्षा हो, घी धान्य और गुड सस्ते हों ॥५६॥ सोंठ मिरच पीपल मँजीठ जायफल कोशल (कंकोल) ये वस्तु महँगी हों, फाल्गुनमें धान्यका संग्रह करना उचित है ॥ ५७ ॥ कपास लूग गुड तिल गेहूँ जुआर चणा और मूंग आदि खरीद कर संग्रह करना तीन मास के पीछे बेचनेसे तीगुना लाभ हो ॥ ५८ ॥ लोकमें मिथुनराशिका गुरु भी व्यभिचार करता है. और कभी उसका चार प्रभावसे देशभंगका भय होता है ॥ ५९ ॥ इति मिथुनराशिस्थगुरुका फल ॥

जब कर्कराशिमें बृहस्पति हो तब आषाढसंवत्सर कहा जाता है. इसमें पूर्व और दक्षिणका कम्बल नामका मध्यम मेघ बरसे ॥ ६० ॥ कार्त्तिक और फाल्गुनमें सब धान्यकी तेजी हो, पश्चिममें सिन्धदेशमें वायव्य में और उत्तर दिशामें ॥ ६१ ॥ पशुओंका विनाश हो, मृगों को दुःख,

"Aho Shrutgyanam"

क्षयश्चतुष्पदानां स्याद् दुर्भिक्षं मृगसैन्यकम् ।
हेमरूप्यं तथा ताम्रं पट्टसूत्रं प्रवालकम् ॥ ६२ ॥
मौक्तिकं द्रव्यमन्नादि लोकोक्त्या लोकविक्रयः ।
मञ्जिष्ठाश्वेतवस्त्राणां समर्घं सुभटक्षयः ॥ ६३ ॥
गोधूमशालितैलाज्यं लवणं शर्करा पुनः ।
माषा महर्घा जायन्ते पापकर्मरतो जनः ॥ ६४ ॥
कार्त्तिकद्वितये धान्य-घृततैलमहर्घता ।
पट्टसूत्रं च वस्त्राणि जातीफललवङ्गकम् ॥ ६५ ॥
मरिचं शीतकालेऽथ संग्राह्याणि वणिग्जनैः ।
वैशाखज्येष्ठयोर्लाभो द्विगुणस्तस्य विक्रयात् ॥ ६६ ॥
वर्षाकाले महावर्षा सर्वधान्यसमर्घता ।
सुभिक्षं तिलकर्पास-चणकानां गुडस्य च ॥ ६७ ॥
गोधूममाषतूवरी-युगन्धरीमुद्गकोद्रवादीनाम् ।
आषाढे संग्रहतो लाभः पुनरूष्मागमे द्विगुणः ॥ ६८ ॥

सिंहराशिस्थगुरुफलम् --

दुर्भिक्षता. सोना चांदी वस्त्र सूत मूंगा ॥ ६२ ॥ मोती द्रव्य और अन्न आदि चतुराई की बातोंसे बिकें. मँजीठ और श्वेतवस्त्र सस्ते हों. और सुभटोंका नाश हो ॥ ६३ ॥ गेहूँ चावल तेल घी लूण सक्कर और उर्द ये महँगे हों और मनुष्य पापकर्मोंमें लीन हों ॥ ६४ ॥ कार्तिक मार्गशीर्षमें धान्य घी तेलकी तेजी, रेशम वस्त्र जायफल लोंग ॥ ६५ ॥ मिरच ये व्यापारीयोंको शीतकालमें संग्रह करना उचित हैं, उसको वैशाख ज्येष्ठमें बेचनेसे दूना लाभ होगा ॥ ६६ ॥ वर्षाऋतुमें बड़ी वर्षा हो, सब धान्य सस्ते हों. सुभिक्ष हो. तिल कपास चणा गुड गेहूँ उर्द तुंवरी जुआर मूंग और कोद्रआ आदि आषाढमें संग्रह करनेसे ग्रीष्मऋतुमें दूना लाभ होगा ॥ ६७ ॥ ६८ ॥ इति कर्कराशिस्थगुरुका फल ॥

"Aho Shrutgyanam"

सिंहे जीवे श्रावणाख्यवत्सरे वासुकिर्घनः ।
बहुक्षीरभृता गावो जलपूर्णा च मेदिनी ॥६९॥
देवब्राह्मणपूजा स्यान्नराणां मान्यता सताम् ।
रोगा विवादश्चान्योऽन्यं चतुष्पदमहर्घता ॥७०॥
म्लेच्छदेशे महायुद्धं छत्रभङ्गश्च विद्रवम् ।
उद्वसः क्रियते लोकाः पश्चिमोत्तरवायुषु ॥७१॥
गोधूमतिलमाषाज्य-शालीनां च महर्घता ।
सुवर्णरूप्यताम्रादेः प्रवालानां समर्घता ॥७२॥
सभिक्षं सर्पदंशश्च मेघोऽप्याषाढभाद्रयोः ।
श्रावणे वृष्टिरल्पैव सुकालः कार्त्तिके स्मृतः ॥७३॥
सोपारीटोपरा डोडा-मजीठसुंठिखारिका ।
पट्टकुलं जातिफलं कर्पूरं सुमहर्घकम् ॥७४॥
उष्णाकाले गुडः खण्डा हिंगुमीश्री च शर्करा ।
महर्घमेतद् वस्तु स्याद् धान्यस्यातिसमर्घता ॥७५॥

जब सिंहका बृहस्पति हो तब श्रावणसंवत्सर कहा जाता है। इसमें वासुकी नामका मेघ वर्षता है, गौ बहुत दूध वाली हों, और पृथ्वी जलसे पूर्ण हो ॥ ६९ ॥ देवब्राह्मणोंकी पूजा और सत्पुरुषोंका सत्कार हो, रोग परस्पर कलह और पशुओंकी तेजी हो ॥ ७० ॥ म्लेच्छदेशमें महायुद्ध छत्रभंग और विद्रव हो, पश्चिमोत्तरवायु चलने से लोगोंका विनाश हो ॥ ७१ ॥ गेहूँ तिल उर्द घी और चावल ये महँगे हों तथा सोना रूपा तांबा मूंगा आदि सस्ते हों ॥ ७२ ॥ सुभिक्ष हो, सर्पदंशका भय, आषाढ और भाद्रपदमें वर्षा, श्रावणमें थोड़ी वर्षा, कार्तिकमें सुकाल ॥ ७३ ॥ सुपारी खोपरा मक्कइ मँजीठ सोंठ खारिक रेशमीवस्त्र जायफल और कपूर आदि सस्ते हों ॥ ७४ ॥ ग्रीष्मऋतुमें गुड खांड हींग मीश्री सक्कर ये वस्तु तेज हों, और धान्य सस्ता हो ॥ ७५ ॥ ज्येष्ठमें आठ स्कन्दोंसे एक

"Aho Shrutgyanam"

ज्येष्ठेऽष्टस्कन्दकैर्धान्यं लभ्यते मणमानतः ।
स्कन्दकैः पञ्चविंशत्या घृतं तैलं तु विंशतेः ॥७६॥
स्कन्दकैर्दशभिर्लभ्या गोधूमा मणसंमिताः ।
धान्यकर्पासतैलादि-रससंग्रहणं शुभम् ॥७७॥
फाल्गुनेऽत्र ततो ज्येष्ठाद् लाभो द्विगुणतः परम् ।
गुरौ सूर्यगृहप्राप्ते सर्वत्र धार्मिकोदयः ॥७८॥

कन्याराशिस्थगुरुफलम् —

अनेक शास्त्रोंसे विचार कर शनैश्चर का फलको शीघ्र ही जाननेके लिए गद्यरीतिसे विस्तार पूर्वक कहा जाता है ॥ १ ॥ मेषराशि का शनि हो तो पश्चिममें राजविग्रह, वस्तु महँगी, राजाका भय, गुजरात गोड और सोरठ देशमें धान्यभाव तेज, धान्य का व्यापारमें दूना लाभ, राशिके १५ अंश भोगने के पीछे छत्रभंग, पृथ्वीमें बहुत उत्पात, महीनदीके तटपर दुःखपीडा, राजाओंका उपद्रव, वर्षा अधिक, जुआर आदि सात धान्यका संग्रह करना उचित है चार मास पीछे बेचनेसे दूना लाभ हो, गुजरात देशमें अफीम गुड सक्कर खांड गेहूँ बाजरा चौला आदि बेचनेसे लाभ, सोना रूपासे लाभ, पहले शनैश्चर सातमास तक राशि भोगने बाद उत्पात चाले, कहीं भूकंप गर्जना हो, फाल्गुमें उपद्रव हो तो वस्तु तेज, व्यापारमें जय, मालवादेशमें घी सक्कर तेल टोपरा रायण (खीरी) ये तेज भाव, आठमास कटक (सैना) चाले ।

"Aho Shrutgyanam"

शनैश्चरप्रचारेण ज्ञातव्यं वर्षहेतवे ॥ १ ॥

वृषे यदा शनिस्तदा विग्रहो दक्षिणदिशि परचक्रभयम्, वराडदेशेऽस्वस्थता , पश्चिमापतिर्दक्षिणस्यां याति, देशा उद्वसा अन्नं महर्घं, गोधूमचणकलवणव्यापारे लाभः, सुवर्णरूप्यपित्तलकांश्यलोहव्यापारे लाभो मासषट्कं यावत्, आषाढादिमासत्रये लाभः, आशोरदेशे युद्धं म्लेच्छहिन्दुकयोः क्षयः, हिन्दुराजस्य जयः, भाद्रपदे अहिफेनाल्लाभः, देवगढदेशे विग्रहः, दुर्गभङ्गः , शनैश्चरस्य राशिभोगे एकवर्षानन्तरं वस्तुमहर्घता तन्मध्येऽजमकस्तस्य माघमासे विक्रये लाभः । ' इत्येवं गौतमस्वामि, इत्यादि पूर्ववत् ॥ २ ॥

मिथुने शनिस्तदा पश्चिमायां दुर्भिक्षं, राजविग्रहः, मालवदेशे विरोधः, राशिभोगान्मासपञ्चकतः पश्चादुज्जयिन्यामुत्पातः , दुर्गभंगः मासद्वयात् परं दुर्भिक्षं मासैकयावत् ततो वत्सरे शुभं धान्यनिष्पत्तिः पूर्वदेशे उत्पातः, गुडे

इस तरह राशिमण्डल गौतमस्वामी ने कहा, वह शनैश्चर चालनसे वर्षा के लिये जानना चाहिये ॥ १ ॥

जब वृषराशिका शनि हो तब विग्रह हो, दक्षिणदिशामें शत्रुका भय, वराडदेशमें अशान्ति, पश्चिमका पति दक्षिण चले जाय, देशका उजाड , अन्नभाव तेज, गेहूँ चणा नमक के व्यापारमें लाभ, सोना चांदी पित्तल कांसी लोहाका व्यापारमें छमास तक लाभ, आषाढादि तीनमास लाभ, आशोरदेशमें युद्ध, म्लेच्छ और हिन्दूका विनाश, हिन्दूराजका विजय, भादोंमें अफीमसे लाभ, देवगढदेशमें विग्रह, दुर्गभंग, शनि का राशिभोगमें एकवर्ष होनेबाद वस्तु महँगी, उसमें अजवायन को माघमासमें बेचनेसे लाभ हो ॥ २ ॥

जब मिथुनराशिका शनि हो तब पश्चिममें दुर्भिक्ष, राजाओंका विग्रह, मालवादेशमें विरोध, राशिभोगसे पांचमास जानेबाद उज्जयिनीमें उत्पात,

"Aho Shrutgyanam"

समता, लविंगकेसरएलापारदहिंगुपानडीरेशमकथीरशुंठि एतानि महर्घाणि, क्षत्रियाणां मालवदेशे खण्डे जयः, दुर्गरोधः, उच्चवस्तुविक्रयः। 'इत्येतद् गौतमस्वामि' इत्यादिपूर्ववत्॥३॥

कर्कराशौ शनिस्तदा मेदपाटदेशे मालवसीमान्तं उद्ध्वंसता, छत्रभंगो महीपतेः, राजयुद्धं सबलं, मालपदे मुगलकटकं, तापीनदीतीरं यावद् विग्रहः परं कुशलं, दक्षिणदिशि लोकनाशः, ग्रामभंगः, श्रावणे धान्यं महर्घं, भाद्रपदे जलोपद्रवः, मेघा बहवः, आश्विने वर्षा, अहिफेन महर्घता, मासद्वये पुनः समर्घता, वस्तु महर्घं घोटकमहिषमहर्घता व्यापारे लाभः। 'इत्येद् गौतमस्वामि' इत्यादि पूर्ववत् ॥ ४ ॥

सिंहराशौ शनिस्तदाऽन्नं सर्वत्र निष्पद्यते, जलवृष्टि बहुलता, मालवदेशे व्यापारे लाभः, राशिभोगानन्तरं मासदेशगमनं पातिसाहि चलाचलत्वं परमन्नं समर्घं शाकबन्धतुल्याः

दुर्गभंग, दो मासके पीछे एक मास तक दुर्भिक्ष, एक वर्षके पीछे धान्य प्राप्ति अच्छी हो, पूर्वदेशमें उत्पात, गुडभाव सम, लौंग केसर ईलाईची पारा हिंगलु पानडी रेशम कथीर और सोंठ ये सब तेज, क्षत्रियोंका मालवादेशमें जय, दुर्गरोध, उच्च वस्तुका व्यापार ॥ ३ ॥

जब कर्कराशिका शनि हो तब मेदपाटदेशमें मालवाके सीमा तक देश का विनाश, राजका छत्रभंग, घोर राजयुद्ध, मालपददेशमें मोगलोंके सेनाका उपद्रव, तापीनदीके तट तक विग्रह और आगे कुशल हो, दक्षिणदिशामें लोकका नाश, गाँवका भंग, श्रावणमें धान्यभाव तेज, भादोंमें जलका उपद्रव, वर्षा अधिक, आसोजमें वर्षा, अफीम तेज, दो मास पीछे सस्ता, घोडा भैंस महँगे, व्यापारमें लाभ हो ॥ ४ ॥

जब सिंहराशि का शनि हो तब सब जगह अन्न पैदा हो, जलवर्षा विशेष, मालवादेशमें व्यापारमें लाभ, राशिभोगका एक मास के पीछे देशमें

"Aho Shrutgyanam"

संग्रामाः प्रतिग्रामं गुडगोधूमचणकतंदुलशालिमसूरान्नघृता दिवस्तुव्यापारे लाभः, पूर्वं सुभिक्षं परं मारिभयं सर्वदेशेषु पीडा व्याकुलता, अशुभं संवत्सरफलं मरिचशुंठिप्रमुखक्रयाणकाल्लाभः, ताम्रपित्तलमहर्घता घृततैलादिरसमहर्घता, कुंकणदेशे तृणमहिषीसमर्घता मालवमध्ये उपद्रवः परं राज्यसुखं कटकविग्रहः पूर्वदेशे वस्त्रलाभः सर्ववस्तु समर्घम् । 'इत्येतद् गौतमस्वामि' इत्यादि ॥५॥

कन्यायां यदा शनिस्तदा दुर्भिक्षं चतुर्दिशासु पिता पुत्रं विक्रीणाति, अन्ननाशः, जलवर्षा नास्ति, मरुदेशे शिवपुर्यां द्राविडदेशे राजपीडा छत्रभंगः, शेषाः सर्वे देशाः शुभाः, अर्बुदे सुभिक्षं, शीरोहीमध्येऽन्नलाभः, सर्वधान्यसंग्रहे द्विगुणो लाभः, मासनवकं यावद् धान्यं रक्षणीयं पश्चाद्विक्रयः, धातुवस्तुसमर्घं, उत्तमवस्तु महर्घं, अन्नभयं, महावृष्टिः, त्रीणि क्रयाणकानि स-

---

गमन, पातशाहीपन चलविचल हो परंतु अनाज सस्ता हो, शाकबंधके सदृश संग्राम हो, प्रत्येक गाँवमें गुड गेहूँ चणा चावल मसुर अनाज घी आदि वस्तु का व्यापारमें लाभ हो, पहले सुभिक्ष पीछे महामारीका भय, सब देशमें पीडा व्याकुलता हो, संवत्सर का फल अशुभ, मिरच सोंठ आदि क्रयाणकसे लाभ, तांबा पित्तल तेज, घी तेल आदि तेज, कोंकणदेशमें तृण भैंस सस्ते, मालवामध्ये उपद्रव परन्तु राजसुख, सैना में विग्रह, पूर्वदेश में वस्त्रसे लाभ, सब वस्तु सस्ती ॥ ५ ॥

जब कन्याराशिका शनि हो तब दुर्भिक्ष, चारों दिशामें पिता पुत्र को बेचें, अन्न का नाश, जल वर्षा न हो, मारवाड शिवपुरी और द्राविडदेशमें राजपीडा छत्रभंग हो, बाकीके सब देश सुखी रहें, आबुमें सुभिक्ष, शीरोहि मध्ये अन्नका लाभ, सब धान्यका संग्रह से दूना लाभ, नव मास तक धान्य संग्रह करना पीछे बेचना, धातु वस्तु सस्ता, उत्तम वस्तु तेज, मालवादेश

"Aho Shrutgyanam"

मर्घाणि। 'इत्येतद् गौतमस्वामि' इत्यादि ॥६॥

तुलाराशौ यदा सौरिः सुभिक्षं स्याच्चराचरे।
प्रजानां सुखसौभाग्यं धनं धान्यं च सम्पदः ॥१॥

बंगालदेशे विग्रहस्तत्रैव प्रजापीडा, रोगबहुलता, कार्त्तिके महाजनत्रये कष्टं बहुलं, बंगाले उत्पातः, छत्रभङ्गः, अर्द्धराशिभोगात् परमुत्पातः, दक्षिणदिशि उपद्रवः, गोधूमचणकचोखा (चावल) मारुंगी कांगुणी उडिद एते महर्घाः, ज्येष्ठमासाद् विक्रये द्विगुणो लाभः, अन्ये सर्वे देशाः सुभिक्षवन्तः सुस्थाः। 'इत्येद् गौतमस्वामि' इत्यादि ॥७॥

वृश्चिके यदा शनिस्तदा हस्तिनागपुरे तद्देशे वैराटदेशे च विग्रहः, मालपदमेदपाटवागडगुर्जरसौराष्ट्रउत्तरार्द्धदेशेषु कटकचालकः, अन्नाल्लाभः, गोधूमकार्पासमसूरान्नतिलकापडादिव्यापारे लाभः, मासनवकात् परमुपद्रवः राजराणाम्ले-

---

में परस्पर विरोध, राजभय, पृथ्वीमें किञ्चित् उत्पातादि अशुभ हो, गुडभाव सम, धान्यभाव तेज, अन्न का भय, महावर्षा, तीन बड़ा ग्राहक वस्तु सस्ती ॥६॥

जब तुलाराशिका शनि हो तब जगत्में सुभिक्ष, प्रजाको सुख सौभाग्य और धन धान्यादि संपदा हो, बंगालमें विग्रह प्रजापीडा, रोग अधिक, कार्त्तिक में ब्राह्मण क्षत्रिय और वैश्य को कष्ट, उत्पात, छत्रभंग, राश्यर्द्ध भोगसे पीछे उत्पात, दक्षिण दिशामें उपद्रव, गेहूँ चना, चावल मारुंगी कांगुल और ऊर्द ये तेजभाव हों, ज्येष्ठ मासमें बेचनेसे दूना लाभ, अन्य सब देश सुभिक्षवाले और शान्त हो ॥ ७ ॥

जब वृश्चिकराशिका शनि हो तब हस्तिनापुर और विराट देशमें विग्रह, मालवा मेदपाट वागड गुजरात सोरठ और उत्तरार्द्ध देशमें सैना का उपद्रव, अनाजसे लाभ, गेहूँ कपास मसूर अन्न तिल और कपडा आदिका व्यापारमें लाभ, नव मास पीछे उपद्रव, राजा राणा और म्लेच्छोंका परस्पर

"Aho Shrutgyanam"

च्छ्रानां परस्परं युद्धं, पातिसाहिगृहे क्लेशः, मालवदेशे तीडा आयान्ति, सर्ववस्तुमूल्यवृद्धिः, अहिफेनाल्लाभः, ज्येष्ठमासि वृद्धिः, अजमोदमेथी प्रमुखविक्रयः, रोगचालकः, वर्षा बहुला । 'इत्येतद् गौतमस्वामि'इत्यादि ॥८॥

धने शनिस्तदा सर्वत्र महर्घता लोकदुर्बलः पिता पुत्रं विक्रीणाति, अन्ननाशः, पृथिव्यां निर्जलता, लोका व्याकुलाः, राशिभोगाद् मासषट्कानन्तरं फलं धान्यसंग्रहः, अहिफेनाल्लाभः, तैलतिलदाणा गोधूमचणकचोखा खण्डालुंगडोडाअसालिओअजमोद मेथी घृतं एतानि वस्तूनि महर्घाणि । श्रावणादिमासचतुष्टये मारीपीडा राजसुखं उत्तरापथे कटकचालकः । 'इत्येतद् गौतमस्वामि' इत्यादि ॥९॥

मकरे शनिस्तदाऽऽनन्दः सर्वत्र सुभिक्षं राजा निर्भय आरोग्यं समाधानं तथा कर्पूरपारदजातिफललुंगटोपराहिंगुजीरकसोआविरहालीघृतलवणमहर्घता मूल्यवृद्धिराषाढादि-

---

युद्ध, पातशाही घरमें कलह, मालवादेशमें टीड्डीका उपद्रव, सब वस्तु के मूल्यकी वृद्धि, अफीमसे लाभ, ज्येष्ठमें वृद्धि, अजवायिन मेथी आदि का व्यापारसे लाभ रोग फैले, वर्षा अधिक हो ॥ ८ ॥

जब धनराशिका शनि हो तब सब जगह तेज भाव, लोक दुर्बल, पिता पुत्रको बेचे, अन्नका नाश, पृथ्वी जलरहित, लोक व्याकुल, राशि भोग से छमास पीछे धान्यका संग्रहसे लाभ, अफीमसे लाभ, तेल तिल गेहूँ चणा चावल खांड लोंग डोडा असालिया अजवाइन मेथी घी ये सब वस्तु तेज हो, श्रावणादि चार मास महामारीकी पीडा, राजसुख, उत्तरापथमें सैनाका उपद्रव ॥ ९ ॥

मकरराशिका शनि हो तब सब जगह आनंद और सुभिक्ष हो, राजा भयरहित, रोगरहित, कपूर पारा जायफल लोंग टोपरा हिंग जिरा सोआ

"Aho Shrutgyanam"

माससप्तकं यावद्, अहिफेन महर्घता, चोरभयं देशान्तरे महाजनपीडा, प्रथमं वर्षा भवति ततो मासमेकं न वृष्टिः महर्घता पश्चात् सुभिक्षं, लवणे मूल्यवृद्धिर्दिनानि पञ्चदश यावत्, चित्रकूटदुर्गे कटके युद्धं च मनुष्यपीडा धनहानिः शास्त्रप्रमाणेन, मालपददेशे रोगपीडा, प्रथमं वर्षं भयङ्करं पश्चात् शुभं देशभङ्गो राशिभोगान्ते। 'इत्येतद् गौतमस्वामि' इत्यादि।१०

कुंभे शनिस्तदा दक्षिणकुङ्कणादेशे महाविग्रहः, राजक्षय, प्रजाभयं धनप्रलयः, राशिभोगान्माससप्तकं यावत् सर्वधान्यमहर्घता, आषाढादिमासपञ्चकं यावद् 'गोधूमचणईचिणामसूरयुगन्धरी चोखा उड़द वटलातुवरी कांगणी चउलाबाजरो' एतानि महर्घाणि, दुष्कालः, माघवृष्टिप्रबला ततो धान्यविनाशश्छत्रभंगः, फाल्गुनचैत्रतो वस्तुधान्यसंग्रहः, अनम्राजना नमन्ति, अमार्गगा मार्गयन्ति, धान्यद्विगुणलाभः। 'इत्येतद् गौतमस्वामि' इत्यादि ॥११॥

सोंप घी नमक ये महँगे हो इनकी मूल्यमें वृद्धि आषाढादि सात मास तक, अफीम तेज, परदेशमें चोर भय, महाजनको पीडा, पहले वर्षा हो पीछे एक मास वर्षा न हो, पहले महँगा पीछे सुभिक्ष, नमकमें मूल्य वृद्धि पन्द्रह दिन तक चित्रगढदुर्ग में युद्ध, मनुष्यको पीडा, धनकी हानि, मालवा में रोगपीडा, पहला वर्ष भयंकर पीछे शुभ और राशिभोगके अन्तमें देशका नाश ॥ १० ॥

जब कुंभराशिका शनि हो तब दक्षिण कुंकणादेशमें बडा विग्रह, राजा का क्षय, प्रजाको भय, धनका नाश, राशिभोगसे सातमास तक सब धान्य तेज, आषाढादि पांच मास तक गेहूँ चणा मसूर जुवार चावल उर्द, वटाना, तुअरी, कांगणी चौला बाजरी आदि तेजभाव, दुष्काल, माघमें प्रबल वर्षा जिससे धान्यका विनाश, छत्रभंग, फाल्गुन चैत्रसे वस्तुका और धान्यका

"Aho Shrutgyanam"

मीने शनिस्तदा दुर्भिक्षं लोके दुर्बलता, माता पुत्रं विक्रीणाति, मालपदे महर्घता, उत्पातः 'कांगणी गेहुं चणा ज्वार माषगुडलवणवस्त्रनालिकेरटोपरा सुंठिकर्पूरजातिफल' एषां मासपञ्चकात् परतो विक्रयो द्विगुणलाभः, धान्याल्लाभः, दक्षिणस्यां धान्यं महर्घं मालपदे राजविरोधः, प्रजा वसति, वाषरवस्तुमहर्घता धातुवस्तुसुवर्णरूप्यताम्रत्रपुलोहं महर्घं सर्ववस्तुवाणिज्ये लाभः। इत्येतद् गौतमस्वामि'भाषितं राशिमण्डलम्। शनैश्चरप्रचारेण ज्ञातव्यं वर्षहेतवे ॥१२॥

शनैः शनैश्चारफलं विचिन्त्यं, राशीशमैत्रीगृहचिन्तनाद्यैः।
शुभस्य वेधोऽर्द्धफलं शनेः स्यात्, क्रूरस्यवेधे कथितातिरिक्तम्॥१
देशांश्च वस्तूनि शनिस्वमित्र-राशीनि किञ्चित् परिपीडयेत।
राशो रिपूणां बहुधा विनाश्य, ददाति दुःखानि रहस्यमेतत्॥२

अथ शनिनक्षत्रभोगफलम्----

संग्रह करना, अभिमानी लोग नम्र हो, धान्यसे दूना लाभ ॥ ११ ॥

जब मीनराशिका शनि हो तब दुर्भिक्ष, लोकमें दुर्बलता, माता पुत्रको बेचे, मालवामें महँगाई, उत्पात, कांगणी गेहूँ चणा जुआर उर्द गुड नमक वस्त्र श्रीफल टोपरा सोंठ कपूर जायफल इनको पांच मास पीछे बेचनेसे दूना लाभ हो, धान्यसे लाभ, दक्षिणमें धान्य भाव तेज, मालवामें विरोध, प्रजा का वास, वस्तु तेज, धातु वस्तु सोना रूपा तांबा रांगा लोहा तेज, सब वस्तु का व्यापारमें लाभ ॥ १२ ॥

राशिका स्वामी और ग्रह मैत्रि आदिका विचार कर शनैश्चरका चालन फल विचारना चाहिये. शुभ ग्रहका वेध हो तो शनिका अर्द्ध फल और क्रूर ग्रहका वेध हो तो अनिष्ट फल है ॥ १ ॥ शनि अपनी या मित्र ग्रहकी राशिका हो तो देश और वस्तुको किंचित् पीडा करे. यदि शत्रु राशिका हो तो बहुत विनाश और बहुत दुःख दें. यह शनिका फल है ॥ २ ॥

"Aho Shrutgyanam"

पूर्वाभाद्रपदा पौष्ण्यं मघा मूलं पुनर्वसु ।
पुष्यं शनिर्यदा भुंक्ते प्रयुंक्तेऽकारणं रणाम् ॥ १ ॥
छत्रभङ्गं देशभङ्ग–मुर्वीं कुर्वीत चाकुलाम् ।
चतुष्पदां रोगयोगं शनिर्व्यसनिनो जनात् ॥ २ ॥
उत्तरात्रितयं पैत्र्यं रोहिणी रेवती तथा ।
शनिः श्रयति यद्यत्र भूमिकष्टं भवेत्तदा ॥ ३ ॥
मूल मघा ने रोहिणी रेवइ, हस्त पुनर्वसु जो शनि सेवइ ।
चउपद मरे दुपद संतावइ, सघली पृथवी चक्र चढावइ ॥ ४ ॥
लोके पुनः– माहमासि वक्रे शनि, तो भड्डली सुणि वत्त ।
पश्चिम वरसे आघ हुइ, एगह मुसल तत्तः ॥ ५ ॥
श्रावणे कृष्णपक्षे च शनिर्वक्री यदा भवेत् ।
उत्पातस्तु तदा ज्ञेयो मासमध्ये न संशयः ॥ ६ ॥
श्रवणानिलहस्तार्द्राभरणीभाग्योपगः सुतोऽर्कस्य ।
प्रचुरसलिलोपगूढां करोति धात्रीं यदि स्निग्धः ॥७॥

पूर्वाभाद्रपदा रेवती मघा मूल पुनर्वसु और पुष्य इन नक्षत्र पर शनि हो तो विना कारण युद्ध हो ॥ १ ॥ छत्रभंग और देशभंग हो, पृथ्वी आकुल व्याकुल हो; पशुओंको और व्यसनी मनुष्योंको रोग हो ॥ २ ॥ तीनों उत्तरा मघा रोहिणी और रेवती इन नक्षत्र पर शनि हो तो भूमिपर कष्ट हो ॥ ३ ॥ मूल मघा रोहिणी रेवती हस्त और पुनर्वसु इन नक्षत्र पर शनि हो तो पशुमें अधिक मरण हो, मनुष्योंको कष्ट हो, और समस्त पृथ्वी उपद्रव वाली हो ॥ ४ ॥ यदि माघ मासमें शनि वक्री हो तो पश्चिम में मेघका उदय होकर मुसलधार वर्षा हो ॥ ५ ॥ श्रावण कृष्ण पक्षमें यदि शनि वक्री हो तो एक मास के भीतर उत्पात हो इस में संशय नहीं ॥ ६ ॥ श्रवण स्वाति हस्त आर्द्रा और भरणी इन नक्षत्र पर शनि हो तो बहुत जलसे पूर्ण पृथ्वी होती है ॥ ७ ॥

"Aho Shrutgyanam"

अथ शनिभोगादिनफलं या सप्तयमजिह्वा—

शनिभं दिनभे योज्यं तदङ्कं सप्तभिर्भजेत् ।
अन्नं वातं तथा युद्धं दुर्भिक्षं छत्रपातनम् ॥८॥
शून्यता रौरवं प्रोक्तं फलं ज्ञेयं विचक्षणैः ।
एता सप्ताप्यभिजिह्वा यमजिह्वा प्रकीर्त्तिता ॥९॥
पाठान्तरे—सूर्यभादिनभं यावत् सप्त भागे जलं कलिः ।
रोगोऽग्निर्वायुः पशु-पीडा दुर्भिक्षकृच्छनिः ॥१०॥

अथ शनेरुदयविचारः ।

मेषे शनेरुदयने जलवृष्टिरुच्चैः,
सौख्यं जने वृषभगे तृणकाष्ठकष्टम् ।
अश्वेषु रोगकरणं च महर्घमिक्षु—
जन्यं गुडादि मिथुनेऽतिसुभिक्षमेव ॥ ११ ॥
वृष्टिर्न कर्कगृहगे सरसां च शोषः,
सर्वत्र मारिभयमाशु जनेऽतिपीडा ।
तिड्डागमः क्वचन सिंहगते शिशूनां,

शनिनक्षत्रको दिननक्षत्रमें जोड़ कर सातसे भाग देना, शेष बचे इनका क्रमसे फल कहना— अन्नप्राप्ति, वायु अधिक, युद्ध, दुष्काल, छत्रभंग, शून्यता और दुःख ऐसा फल विद्वानोंने कहा है । इस सातोंको अभिजिह्वा या यमजिह्वा कहते है ॥८॥९॥ पाठान्तरसे—सूर्यनक्षत्र से दिननक्षत्रतक गिनकर सातसे भाग देना, शेष बचे उसका फल कहना— वर्षा, कलह, रोग, अग्नि, वायु, पशुपीडा और दुर्भिक्ष कारक हो ॥ १० ॥

मेषराशिमें शनिका उदय हो तो जलवर्षा और मनुष्योंमें सुख हो । वृषराशिमें शनिका उदय हो तो तृण काष्टका कष्ट, घोडाओं में रोग और इक्षु (गन्ना) से उत्पन्न होनेवाली गुड आदि वस्तु महँगी हो । मिथुनराशिमें शनिका उदय हो तो अधिक सुभिक्ष हो ॥ ११ ॥ कर्कराशिमें शनि

"Aho Shrutgyanam"

नाशः प्रकाशनमधार्मिकशासनस्य ॥ १२ ॥
कन्याशनेरुदयतः किल धान्यनाशः,
पृथ्वीशसन्धिरतुलस्तुलया न वर्षा ।
गोधूमवर्जितमही तदसौ फलं स्या-
दस्वस्थता धनुषि मानुषजातिरोगम् ॥ १३ ॥
स्त्रीणां शिशोश्च विपदोऽखिल धान्यनाशः,
सौरेर्मृगेऽभ्युदयने नृपयुद्धबुद्धिः ।
नाशश्चतुष्पदकुले कलशेऽथ मीने,
दीने जने ननु शनेरुदयान्न धान्यम् ॥ १४ ॥

अथ शनेरस्तविचारः—

मेषेऽस्तं गमने शनेर्भुवि जने धान्यं महर्घं वृषे,
सर्वत्रापि गवादिपीडनमहो पण्यांगना मैथुने ।
दुःखार्त्ता पथि कर्कटे रिपुभयं कार्पासधान्यादिषु,

का उदय हो तो वर्षाका अभाव, रसों में शुष्कता, सब जगह महामारी का भय, मनुष्योंमें अतिपीडा और कहीं टीड्डीका आगमन हो। सिंहराशिमें शनि का उदय हो तो बालकोंका नाश और राजाका अधर्मशासन प्रगट हो ॥ १२॥ कन्याराशिमें शनिका उदय हो तो धान्यका नाश और पृथ्वीमें संधि हो। तुला और वृश्चिकराशिमें शनिका उदय हो तो वर्षा न वरसे, गेहूँ आदिसे रहित पृथ्वी हो। धनराशि में शनि का उदय हो तो अस्वस्थता, मनुष्य जातिमें रोग ॥ १३ ॥ स्त्री और बालकको दुःख, समस्त धान्य का नाश हो। मकरराशिमें शनिका उदय हो तो राजाओं में युद्ध करने की बुद्धि हो और पशुओंका नाश हो। कुंभ और मीनराशिमें शनिका उदय हो तो मनुष्योंमें दीनता और धान्य न हो ॥ १४ ॥

मेषराशिमें शनि का अस्त हो तो पृथ्वीमें धान्यभाव तेज हो। वृषराशिमें शनिका अस्त हो तो सर्वत्र गौ आदि को पीडा। मिथुनराशिमें वेश्या

"Aho Shrutgyanam"

दौर्भिक्ष्यं जलदेष्ववर्षणविधिः सिंहे तुरङ्गव्यथा ॥१५॥
धातूनां च महर्घतान्नविगमः कन्यास्थितावस्ततो,
लोकेऽन्येऽपि तुलाबलेन सततं निष्पत्तिरानन्दतः ।
स्वल्पं धान्यमलौ जने नृपभयं पीडापि तीडादिजा,
चापे लोकसुखं मृगेऽपि पवनेऽनावृष्टिनारीमृतिः ॥१६॥
कुंभे शीतभयं चतुष्पदपरिग्लानिश्च हानिर्गवां,
मीने हीनतया घनस्य न जलं क्वापीह वापीस्थले ।
सन्तापी नृपतिः स्वधर्मविमुखः पापी जनः पीडया,
मन्दंमन्दममन्दभूपतिरणो मन्देऽस्तमप्याश्रिते ॥१७॥
कन्यायां मिथुने मीने वृषे धनुषि वा स्थितः ।
शनिः करोति दुर्भिक्षं राज्ञां युद्धं परस्परम् ॥१८॥
आग्नेयेऽपि च वायव्ये वारुणे वा महेन्द्रके ।
वक्री शनिर्मण्डले स्यात् फलं देशेषु तादृशम् ॥१९॥

घोड़ोंको दुःख हो । कर्कराशिमें शत्रुका भय, कपास धान्यादि दुर्लभ, बादलोंसे जल न बरसे । सिंहराशिमें घोड़ोंको दुःख हो ॥ १५ ॥ धातुभाव तेज और अनाजका अभाव । कन्याराशिमें शनिका अस्त हो तो दूसरे लोकमें भी विरोध हो । तुलाराशिमें सर्वदा आनंद हो, धान्य थोड़ा हो । वृश्चिकराशिमें मनुष्योंमें राजाका भय, टीड्डी आदिकी पीडा । धनराशिमें शनि अस्त हो तो लोकमें सुख हो । मकरराशिमें पवन अधिक, अनावृष्टि और स्त्रियोंकी मृत्यु अधिक हो ॥१६॥ कुंभराशिमें शीतका भय, पशुओंमें ग्लानि, और गौओंकी हानि हो । मीनराशिमें शनिका अस्त हो तो वर्षा की हानि होनेसे कोई बावडी में भी पानी न मिले, राजा अपने धर्मसे विमुख तथा दुःख देनेवाले हों, मनुष्य पीडा से पापी हो और राजाओंमें युद्ध हो ॥ १७ ॥

कन्या मिथुन मीन वृष और धनु इन राशि पर शनि हो तब दुष्काल तथा राजाओंमें परस्पर युद्ध हो ॥१८॥ आग्नेय वायव्य वारुण और महेन्द्र

"Aho Shrutgyanam"

अथ शनिनक्षत्रफलज्ञानाय कूर्मापरनामकं पद्मचक्रं प्रागुक्तं तस्य विवरणम्—

आकाशोपरि वायुर्घनोदधिस्तदुपरि प्रतिष्ठानः ।
तस्मिन्नुदधौ पृथिवी प्रतिष्ठिताधिष्ठिता जीवैः ॥१॥
कठिनतया घनतयाऽष्टदिग् विभागेन पद्मिनी ।
पृथिवी उदधेर्मध्यभवत्वाद् भूचक्रं पद्मिनीचक्रम् ॥२॥
जलधिशयत्वात् कूर्मोऽप्यसौ निवेद्या परैर्द्विजन्माद्यैः ।
सर्वसहापि वज्रादि-काण्डयोगेन कठिनतरा ॥३॥
इवादीनामप्रयोगा-दुपमापि च रूपकम् ।
भ्रममूलमलङ्कार-स्तेषां जज्ञे धियान्ध्यतः ॥४॥
ऐन्द्रीबुद्धिः पयोवाहे रामादौ भुवनेशधीः ।
दुष्टे जने दैत्यमति-रुपचारेऽपि तात्त्विकी ॥५॥

इन चार मण्डलोंमें शनि वक्री हो तो इनके नामसदृश देशमें फल होता है ॥ १६॥

आकाशमें सर्वत्र तनवात और घनवात रहा हुआ है, उसके ऊपर घनोदधि नामका वायुमिश्रित जल है और उसके उपर पृथ्वी ठहरी हुई है यही जीवोंका आधार है ॥ १ ॥ वह पृथिवी कठीन और गोल है, उसका आकार आठ दिशाओंकी अपेक्षासे आठ पांखडीवाले कमलके सदृश होता है। कमल उदधि (समुद्र) में होता है और पृथिवी भी घनोदधि (वायु मिश्रित सघन जल)में है इसलिये भूचक्रको पद्मिनीचक्र कहा जाता है ॥ २॥ किसीके मतसे पद्मिनीचक्रको कूर्मचक्र भी कहते हैं, क्योंकि कूर्म (कछुवा) भी वज्रदंडके जैसे कठिन, सब सहन करनेवाला और जलधिशायी (जलाशयमें रहनेवाला) है ॥ ३ ॥ 'इव' आदि शब्दोंका प्रयोग नहीं करने से उपमा और रूपक भी भ्रममूलक है. और बुद्धिका विपर्ययसे अलंकाररूप हो जाते हैं ॥ ४ ॥ जैसे मेघमें इंद्रकी कल्पना, राम आदिमें जगदीश्वरकी कल्पना, दुष्ट पुरुषोंमें दैत्यकी कल्पना और उपचारमें भी तात्त्विक कल्पना करना ॥ ५ ॥ तथा अर्हन्तोंकी प्रतिमामें कछुवा बनाना या उसके उपर

"Aho Shrutgyanam"

पिम्बस्थानेऽर्हतां तेन कूर्मनामापि लिख्यते ।
नागेन्द्रः शेषनामापि तस्यैवोच्चैः प्रतिष्ठितः ॥६॥
महाशिरा महीपालः प्रागभूच्छूकराननः ।
अन्यायात् पृथिवीखण्डं स्राव्यमानं महाब्धिना ॥७॥
ररक्ष रक्षसां नाशात् कृत्वा वाराहविद्यया ।
तादृग्रूपं दंष्ट्रयैवो-द्धरणेन भुवस्तदा ॥८॥
ततो मिथ्यादृशामेषा निर्निमेषा व्यजृम्भता ।
मनीषा यद्वराहेण दंष्ट्राग्रेण धृता मही ॥९॥

यदुक्तं रुद्रदेवेन स्वकृतमेघमालायाम्——

कूर्मचक्रं प्रवक्ष्यामि यदुक्तं कौशलागमे ।
येन विज्ञानमात्रेण ज्ञायते देशनिर्णयः ॥१०॥
त्रयस्त्रिंशत्कोटिदेवाः कूर्मैकदेशवासिनः ।
सुमेरुः पृथिवीमध्ये श्रूयते न च दृश्यते ॥११॥
तादृशाः पर्वताश्चाष्टौ सागरा द्वीपदिग्गजाः ।
सर्वेते विधृता भूम्या सा धृता येन सोऽत्र कः ॥१२॥

शेषनाग का स्थापन करना ॥ ६ ॥ पहले शूकर के मुखवाला महाशिर नामक नृपति हुआ था, उसने अन्यायसे समुद्रसे बहती हुई पृथिवी का रक्षण किया ॥ ७ ॥ तथा वाराही विद्यासे वाराह सदृशरूप करके तथा राक्षसोंका नाश करके दांतसे पृथिवीका उद्धार किया ॥८॥ इसलिए अन्य दर्शनीयोंका ज्ञान मिथ्या है कि वाराहने दांतके अग्रभाग पर पृथिवीको धारण किया ॥ ९ ॥

जैसा आगममें कहा है वैसा कूर्मचक्रको मैं कहता हूँ, जिसके जानने से देशका शुभाशुभ फल मालुम पड़ता है ॥ १० ॥ तेतीस कोटि देवता कूर्मके एक देशमें रहे हुए हैं. पृथिवीके मध्य भागमें मेरु पर्वत है, ऐसा सुना जाता है मगर देखनेमें नहीं आता ॥ ११ ॥ ऐसे मेरु पर्वत आठ

"Aho Shrutgyanam"

दंष्ट्रायां सा वराहेण विधृतास्ति वसुन्धरा: ।
मुस्ताखननतो यस्यां शोभते मृत्तिका यथा ॥१३॥
ईदृशोऽपि महाकायो वाराहः शेषमस्तके ।
तस्य चूडामणेरूर्ध्वे संस्थितो मशकोपमः ॥१४॥
एवंविधः स शेषोऽपि कुण्डलीभूय संस्थितः ।
कूर्मपृष्ठैकभागेन सूत्रे तन्तुरिवाबभौ ॥१५॥
वपुः स्कन्धः शिरः पुच्छं मुखांघ्रिप्रभृतीनि च ।
माने मानेन कूर्मस्य कथयन्ति च तद्विदः ॥१६॥
कोशाः शतसहस्राणि योजनानि वपुः स्थितम् ।
तदर्द्धेन भवेत् पुच्छं पुच्छार्द्धेन तु कुक्षिके ॥१७॥
ग्रीवा चायुतकोटिस्था मस्तकं सप्तकोटिभिः ।
नेत्रयोरन्तरं तस्य कोटिरेका प्रमाणतः ॥१८॥
मुखं कोटिद्वयं तस्य द्विगुणेन तु पादयोः ।

हैं वैसे सागर (समुद्र) और द्वीप भी आठ आठ हैं. वे सब पृथिवी पर हैं, ॥१२॥ ऐसी पृथिवी को वराहावतारने दांतके अग्रभाग पर ऐसे धारण किया है, जैसे वराह मुस्ता (नागरमोथा) खोदनेसे दांत पर मिट्टी शोभती है ॥१३॥ इतना बड़ा शरीरवाला वराह शेषनागके मस्तक पर मशक (मच्छर) के सदृश रहा हुआ है ॥ १४ ॥ इस प्रकार वह शेष नाग भी वर्तुलाकार (गोल) होकर रहा है, जिससे कि कूर्मके पीठके एक भागमें ऐसा शोभता है जैसे सूतमें रहा हुआ तंतु शोभा पाता है ॥१५॥ उसका माप, कूर्म का शरीर स्कंध मस्तक पुच्छ मुख और चरण आदिके मानसे ज्योतिर्विदोंने इस प्रकार कहा हैं— ॥१६॥ उसका एक लाख योजनका शरीर है, शरीर से आधा पुच्छ है, पुच्छ से आधा पेट है ॥ १७ ॥ दश हजार करोड योजन लंबी ग्रीवा (गला) है, सात करोड़ योजनका मस्तक है, दोनों नेत्रों का अंतर एक करोड़ योजनका है ॥ १८ ॥ दो करोड़ योजनका मुख है,

"Aho Shrutgyanam"

अङ्गुलीनां नखाग्रे तु योजनाऽयुतसंख्यया ॥१९॥
एवं कूर्मप्रमाणं च कथितं चादियामले ।
तस्योपरि स्थिता चेयं सप्तद्वीपा वसुन्धरा ॥२०॥
कूर्माकारं लिखेच्चक्रं सर्वावयवसंयुतम् ।
पूर्वभागे मुखं तस्य पुच्छं पश्चिममण्डले ॥२१॥
पूर्वापरं लिखेद्वेधं वेधं वा दक्षिणोत्तरम् ।
ईशानरक्षसोर्वेधं वेधमाग्नेयमारुतम् ॥२२॥
नाभिशीर्षचतुष्पाद-पुच्छकुक्षिषु संस्थिते ।
तारात्रयाङ्के ह्येतस्मिन् सौरिं यत्नेन चिन्तयेत् ॥२३॥
कृत्तिका रोहिणी सौम्यं कूर्मनाभिगतं त्रयम् ।
पृथिव्यां मिथिला चम्पा कौशाम्बी कौशिकी तथा ॥२४॥
अहिच्छत्रं गया विन्ध्या अन्तर्वेदिश्च मेखला।
कान्यकुब्जं प्रयागश्च मध्यदेशोऽयमुच्यते ॥२५॥

चार करोड़ योजनका पाद (पैर) है, दश हजार योजनके अंगुलियोंके नख है ॥ १९ ॥ इस तरह कूर्मका प्रमाण आदियामल शास्त्र में कहा है, उसके ऊपर सप्त द्वीपवाली पृथिवी रही हुई है ॥ २० ॥ सब अवयवों वाले कूर्मके आकार सदृश चक्र बनाना चाहिए, उसका पूर्वमें मुख तथा पश्चिममें पुच्छकी कल्पना करनी चाहिये ॥२१॥ पूर्व और पश्चिम,उत्तर और दक्षिण, ईशान और नैर्ऋत्य, आग्नेय और वायव्य इन दिशाओं में अन्योऽन्य वेध होता है ॥२२॥ नाभि, मस्तक, चार पैर,पुच्छ और दोनों कूखोंमें कृत्तिकादि तीन तीन नक्षत्र लिखकर शनैश्चरका विचार करना चाहिए ॥ २३ ॥

कूर्मकी नाभि (मध्य) भागमें कृत्तिका रोहिणी और मृगशिर ये तीन नक्षत्र लिखना चाहिए और पृथ्वीके मध्यभागमें मिथिला, चंपा, कौशांबी, कौशिकी प्रदेश ॥ २४ ॥ तथा अहिछत्र, गया, विन्ध्याचल, अंतर्वेदी (प्रयागसे हरिद्वार तक गंगा यमुना का मध्य प्रदेश), मेखला (नर्मदा प्रदेश), का-

"Aho Shrutgyanam"

रौद्रं पुनर्वसुः पुष्यं कूर्मशिरसि संस्थितम् ।
रामाद्रिर्हस्तिबन्धश्च पञ्चतालश्च कामरुः ॥२६॥
बरेलीसरयूगङ्गा पूर्वदेशोऽयमुच्यते ।
आश्लेषा च मघा पूर्वा आग्नेयपादगोचरे ॥२७॥
अङ्गवङ्गकलिङ्गाख्या पञ्चकूटं च कौशलाः ।
डाहलाश्च जलेन्द्रश्च हुगलीवल्लभेश्वरम् ॥२८॥
उड्डीशारचस्तिलङ्ग–श्चाग्निदेशोऽयमुच्यते ।
उत्तरा हस्तश्चित्रा च त्रयं दक्षिणकुक्षिगम् ॥२९॥
दर्दुरं च महीध्रं च वनं सिंहलमण्डलम् ।
तापी भीमरथी लंका त्रिकूटो मलयाचलः ॥३०॥
स्वातिर्विशाखा मैत्रं च पादे नैर्ऋतिगोचरे ।
नाशिक्यं बगलाख्यं च धृतमालवकस्तथा ॥३१॥
बुड्डीलिका प्रकाशं च भृगुकच्छं च कुंकणम् ।

न्यकुब्ज (कनौज) और प्रयाग ये देश है, इन सबको मध्यदेश कहते हैं ॥२५॥ आर्द्रा पुनर्वसु और पुष्य ये तीन नक्षत्र कूर्मके मस्तक पर लिखना चाहिए। रामाद्रि, हस्तिबंध, पंचताल, कामरु ॥ २६ ॥ बरेली, सरयूनदी और गंगा ये पूर्वदेश हैं । आश्लेषा मघा पूर्वाफाल्गुनी ये तीन नक्षत्र कूर्मके आग्नेयपाद पर लिखना चाहिए ॥२७॥ और अंग, बंग, कलिंग, पंचकूट, कौशल, डाहल (त्रिपुर नामका देश), जलेन्द्र, हुगली, वल्लभेश्वर ॥२८॥ उडीसा, और तैलंग ये अग्निदिशाके देश हैं । उत्तराफाल्गुनी हस्त और चित्रा ये तीन नक्षत्र कूर्मकी दक्षिण कुक्षि (बगल) में लिखना॥ २९ ॥ दर्दुर, महीध्रवन, सिंहलदेश, तापी, भीमरथी, लंका, त्रिकूट, मलयाचल, ये दक्षिणदेश हैं ॥ ३० ॥ स्वाति विशाखा और अनुराधा ये तीन नक्षत्र नैर्ऋत्यपैर पर लिखना । नाशिक, बगलाणा, धारमालव ॥ ३१ ॥ बुड्डी, लखा, प्रकाश, भृगुकच्छ (भरूच), कुंकण, विद्यापुर और मोढेर ये देश

"Aho Shrutgyanam"

विद्यापुंस्त्वमोढेरदेशा नश्यन्ति तादृशाः॥३२॥
ज्येष्ठा मूलं पूर्वाषाढा पुच्छमूले च संस्थिताः।
पर्वता अर्बुदं कच्छ-मवन्तीपूर्वमालवः॥३३॥
पारसीबर्बरौ द्वीपौ सौराष्ट्रं सैन्धवं तथा।
जलस्थानानि नश्यन्ति स्त्रीराज्यं पुच्छपीडने॥३४॥
उत्तरादित्रिनक्षत्रं पादे वायव्यगोचरे।
गुर्जरश्चामहीदेशो मरुदेशो विनश्यति॥३५॥
जालन्धरस्तथाऽऽभीरो दिल्लीदेशोदधिस्थलम्।
मेरुशृङ्गं विनश्यन्ति ये चान्ये कोणसंस्थिताः॥३६॥
वारुणादित्रिनक्षत्र-मुत्तराकुक्षिसंस्थितम्।
नेपालकीरकाश्मीर-गर्जनीखुरासाणकम्॥३७॥
मथुरा म्लेच्छदेशाश्च खरकेदारमण्डले।
हिमालयश्च नश्यन्ति देशा ये चोत्तराश्रिताः॥३८॥
रेवती चाश्विनीयाम्यं पादे ईशानगोचरे।

नैऋत्य दिशाके देश हैं ॥ ३२ ॥ ज्येष्ठा मूल और पूर्वाषाढा ये तीन नक्षत्र कूर्मके पुच्छ पर लिखना. अर्बुद, कच्छ, अवन्ती, पूर्वमालवदेश॥ ३३ ॥ पारसी (इरान देश) बर्बरद्वीप, सौराष्ट्र, सिंध, जलस्थान और स्त्रीराज्य ये पश्चिम देश हैं, पुच्छ पीडनसे उनका नाश होता हैं ॥ ३४ ॥ उत्तराषाढा श्रवण और धनिष्ठा ये तीन नक्षत्र वायव्य पैर पर लिखना। गुजरात, महीदेश, मरुदेश, जालंधर, भीर, देहली, उदधिस्थल और मेरुशृंग ये वायव्य कोणके देश हैं उनका विनाश हो ॥३६॥ शतभिषा, पूर्वभाद्रपदा और उत्तराभाद्रपदा ये तीन नक्षत्र कूर्मकी उत्तर कुक्षि (बगल)में लिखना। नेपाल कीर, काश्मीर, गर्जनी, खुरासाण ॥३७॥ मथुरा, म्लेच्छदेश, खर, केदारनाथ, हिमालय ये उत्तर प्रदेश हैं उनका नाश हो ॥३८॥ रेवती अश्विनी और भरणी ये तीन नक्षत्र कूर्मके ईशान पैर पर लिखना। गंगाद्वारा, कुरुक्षेत्र, श्रीकंठ,

"Aho Shrutgyanam"

गंगाद्वारं कुरुक्षेत्र श्रीकण्ठं हस्तिनापुरम् ॥३९॥
अश्वचक्रैकपादश्च गजकर्णस्तथैव च ।
एते देशा विनश्यन्ति परेऽपीशानसंस्थिताः ॥४०॥
यत्र देशे स्थितः सौरि-स्तत्र दुर्भिक्षविग्रहः ।
परदेशस्थितिः कुर्याद् विग्रहं पृथिवीभुजाम् ॥४१॥
नरपतिजयचर्याग्रन्थे पुनः—
पृथ्वीकूर्मः समाख्यातः कृत्तिकादियमान्तकः ।
देशादिस्वस्वऋक्षादि वीक्ष्य कूर्मचतुष्टयम् ॥४२॥
पूर्ववच्चक्रमालिख्य देशनामर्क्षपूर्वकम् ।
देशकूर्मे भवेत्तत्र यत्र सौरिः क्षयस्ततः ॥४३॥
नगरे नागरं धिष्ण्यं कृत्वादौ विलिखेत् ततः ।
क्षेत्रजे क्षेत्रमान्यादौ कुर्यात् कूर्मं यथास्थितम् ॥४४॥
कूर्माख्यया चक्रमवक्रबुद्ध्या,

हस्तिनापुर ॥३९॥ अश्वचक्र, एकपाद, गजकर्ण ये ईशान कोण के देश हैं उनका विनाश हो ॥४०॥ जिस नक्षत्र पर शनि हो उस नक्षत्र की दिशाके देश का विनाश हो, या उसमें दुर्भिक्ष पड़े, विग्रह हो, परदेश स्थिति हो, और राजाओंमें परस्पर विग्रह हो ॥ ४१ ॥

कृत्तिकासे भरणी नक्षत्र तक के नक्षत्रों का पृथ्वीकूर्मचक्र कहा, उसमें अपने अपने देश आदिके नक्षत्रका विचार कर शुभाशुभ फल कहना। कूर्मचक्र विद्वानोंने चार प्रकारके माने हैं—देश नगर क्षेत्र और गृह ॥४२॥ ये चार प्रकारके कूर्मचक्रमें पूर्ववत् देशके नाम और नक्षत्र पूर्वक याने कूर्म के नक्षत्र और देश आदि मध्यके हो तो मध्यमें और दिशा विदिशाके हो तो दिशा और विदिशामें लिखना चाहिए। इसमें जिस पर शनिका वेध हो या स्थित हो उसका विनाश होता है ॥४३॥ कूर्मचक्रमें नगर संबंधी नक्षत्र नगरमें और देश संबंधी नक्षत्र देशमें यथास्थित लिखना चाहिये ॥४४॥ विद्वान जन कूर्मनामके चक्र

"Aho Shrutgyanam"

शनैश्चरैकार्द्रं विदुषोऽधिगम्य ।
शुभाशुभं देशगतं मनीषी,
जानाति पद्माकृतिनामतः स्यात् ॥४५॥
॥ इति कूर्मचक्रविवरणम् ॥

अथ राहुविचारः ।

राहुमाहुरिह वार्षिकमीशं, पूर्वजा हि सुधयः प्रियबोधाः ।
तेन तस्य भुवि चारविचारं, ब्रूमहे परिविमृश्य विकारम् ॥१॥
मीनमेषगते राहौ सुभिक्षं राजविड्वरम् ।
तुलाकुम्भे महावृष्टि-र्महर्घं मकरे वृषे ॥२॥
धनुर्वृश्चिकयो राहौ प्रजायेत प्रजाक्षयः ।
ईतयोऽनीतयो राज्ञां घोरचोरभयं पथि ॥३॥
दुर्भिक्षं सिंहगे राहौ कर्कटे नृपतिक्षयः ।
देशभङ्गश्छत्रपातो यत्र दृष्टिः शनेर्जने ॥४॥

को सरलबुद्धिसे समझ कर, शनैश्चरसे देशमें होनेवाले शुभाशुभ फलादेश को जानते हैं। यह कूर्मचक्र पद्म (कमल) के सदृश आकारवाला है, इसलिये उसको पद्मिनीचक्र भी कहते है ॥४५॥

अच्छे बोधवाले बुद्धिमान् लोग, इस राहुको वार्षिक (वर्षसंबंधी) स्वामी कहते हैं, इसलिये इसके विकारका विचार कर जगत्में उसके चार (गति) के विचारका वर्णन करते हैं— ॥१॥ मीन या मेष राशि पर राहु हो तो सुकाल तथा राजाओंमें विग्रह हो। तुला या कुंभराशि पर हो तो वर्षा अधिक, मकर या वृषराशि पर हो तो धान्यादि महँगा हो ॥ २ ॥ धनु या वृश्चिकराशि पर राहु हो तो प्रजाका नाश करे, ईतिका उपद्रव हो, राजा कुटिल नीतिवाले हों और रास्तेमें चोरोंका बड़ा भय हो ॥३॥ सिंह राशि पर राहु हो तो दुष्काल, और कर्क पर राहु हो तो राजाका विनाश हो. जहां शनिकी दृष्टि हो वहां देशका भंग तथा छत्रभंग होता है ॥४॥ मंगल

"Aho Shrutgyanam"

भौमगृहे सति राहौ राजविरोधप्रजाभवनदाहौ ।
बालगणे कृतकालः शशिसुतभवनस्थिते तमसि ॥५॥
गुरुभवने द्विजपीडा रोगा बहुलाः परस्परं वैरम् ।
शुक्रगृहे विपुलं जलं समर्घताऽन्ने सुभिक्षं च ॥६॥
शनिभवने युद्धभयं सरोगता वस्तुनो महर्घत्वम् ।
शनिवच्छेषं वाच्यं प्रायस्तमसः प्रकृतिसाम्यात् ॥७॥

पुनर्विशेषः—

यस्मिन् संवत्सरे राहु-र्मीनराशौ प्रजायते ।
तस्मिन् मासे भयं विद्यात् प्राघूर्णिकसमागमः ॥८॥
एवं ज्ञात्वा कर्त्तव्यो यवाद्यस्यास्तिसंग्रहः ।
संग्रहः सर्वधान्यानां लाभो द्वित्रिचतुर्गुणः ॥९॥
वर्षमेकं तु दुर्भिक्षं रौरवं परिकीर्त्तितम् ।
मासे त्रयोदशे मासे सुभिक्षमतुलं भवेत् ॥१०॥

के घरमें राहु जानेसे राजाओंमें विरोध, प्रजा तथा घरमें अग्निका उपद्रव, बुधके घरमें राहु हो तो बालकोंको कष्ट हो ॥ ५ ॥ गुरुके घरमें राहु हो तो ब्राह्मणोंको कष्ट, रोग अधिक और परस्पर द्वेष हो। शुक्रके घरमें राहु हो तो वर्षा अधिक, अन्नभाव सस्ता और सुकाल हो ॥ ६ ॥ शनिके घरमें राहु हो तो युद्धका भय रहे, रोग हो और वस्तुका भाव तेज हो। विशेष इसका फलादेश शनिकी तरह समझना, क्यों कि राहुकी और शनि की प्रकृति समान है ॥ ७ ॥

जिस वर्षमें राहु मीनराशिका हो उस महीनेमें भय हो, किसी अतिथिका आगमन हो ॥ ८ ॥ ऐसा जानकर यव आदि सब धान्योंका संग्रह करना चाहिये, इससे दूना तीगुना या चौगुना लाभ हो ॥ ९ ॥ एक वर्ष तक बड़ा दुष्काल तथा दुःख रहे, और तेरहवें मासमें खूब सुकाल हो ॥ १० ॥ जब कुंभराशि पर राहु हो और यदि उसके संग मंगल भी हो तो

"Aho Shrutgyanam"

कुंभे राशौ यदा राहु-र्दैवाद् भौमोऽपि सङ्गतः ।
तदालोक्य विधातव्यः शणसूत्रादिसङ्ग्रहः ॥११॥
भाण्डानि च समस्तानि कांस्यादीनि विशेषतः ।
संगृह्यन्ते मासषट्कं विक्रेतव्यानि सप्तमे ॥१२॥
लाभश्चतुर्गुणो ज्ञेयो भौमराहुद्वयस्थितौ ।
नान्यथेति च वक्तव्यं यावद्भुक्तिस्थिताविमौ ॥१३॥
सैंहिकेयो यदा याति राशिं मकरनामकम् ।
तदा संवीक्ष्य कर्त्तव्यः पट्टसूत्रस्य सङ्ग्रहः ॥१४॥
धृत्वा मासत्रयं यावत् पट्टसूत्रं विषं तथा ।
मासे चतुर्थके मासे लाभः स्यात् त्रिकपञ्चकः ॥१५॥
सैंहिकेयो यदा याति धनराशौ क्रमात् ततः ।
महिष्यादेस्तदा कार्यः सङ्ग्रहो वसुधातले ॥१६॥
हयानां च गजानां च गन्धादीनां विशेषतः ।
लाभश्चतुर्गुणः प्रोक्तो मासे द्वितीयपञ्चमे ॥१७॥
वृश्चिकस्थो यदा राहु-र्दैवाद् भौमज्ञसङ्गमः ।
तदा ज्ञात्वा च कर्त्तव्यः सङ्ग्रहो घृतवाससाम् ॥१८॥

शण और सूत्र आदि का संग्रह करना चाहिए ॥ ११ ॥ सम्पूर्ण कांसा आदि के बर्तन विशेष करके छः महीने तक संग्रह कर सातवें मासमें बेचें ॥ १२ ॥ इन राहु और मंगल की स्थितिमें चौगुना लाभ हो, इसमें कुछ अन्यथा नहीं है ॥ १३ ॥ जब मकरराशि पर राहु आवे तब रेशमी वस्त्र तथा सूत का संग्रह करना उचित है ॥ १४ ॥ यह वस्त्र सूत तथा विष तीन मास संग्रह कर चौथे मासमें बेचनेसे तीगुना पांचगुना लाभ होता है ॥ १५ ॥ जब धनराशि पर राहु आवे तब भैंस घोड़े हाथी और सुगंधी द्रव्य का संग्रह करने से दूसरे और पांचवें मासमें चौगुना लाभ हो ॥ १६ ॥ १७ ॥

जब वृश्चिकराशिका राहु हो और दैवयोगसे मंगल तथा बुध उसके

"Aho Shrutgyanam"

पञ्चमासान् व्यतिक्रम्य षष्ठे कार्योऽस्य विक्रयः ।
लाभश्च द्विगुणो ज्ञेयो निश्चितं शास्त्रभाषितम् ॥१९॥
तुलाराशिं यदा राहुः संस्थितः संक्रमे रवेः ।
तदा भवति दुर्भिक्षं पितुः पुत्रस्य विक्रयः ॥२०॥
वार्षिकं सङ्ग्रहं कुर्याद् व्रीहीणां च विशेषतः ।
नाणकानां तथा लोके लाभः कम्बलकांश्यतः ॥२१॥
कन्यागतो यदा राहुः सम्भवेन्मासपञ्चके ।
तदा विज्ञाय संग्राह्यं धातकीपिप्पलीद्वयम् ॥२२॥
मासमेकं च संग्राह्य धातकीपुष्पविक्रयः ।
मासद्वयान्ते पिप्पल्या लाभो भवति वाञ्छितः ॥२३॥
सिंहराशौ क्रमाद् वक्रो यदा राहुः प्रवर्त्तते ।
अवश्यं सङ्ग्रहः कार्य-स्तदा चोष्येषु वस्तुषु ॥२४॥
आदौ धान्यकमादाय शुंठीमरिचपिप्पली ।

साथ हों तो कपड़ेका और घीका संग्रह करना चाहिये ॥ १८ ॥ पांच मास के बाद छठे मासमें बेचनेसे दूना लाभ निश्चयसे हो ऐसा शास्त्रमें कहा है ॥ १९ ॥ जब तुलाराशि का राहु सूर्यकी संक्रान्ति के दिन हो तो महा दुष्काल पड़े, यहां तक कि पिता पुत्र को और पुत्र पिता को भी बेच डाले ॥ २० ॥ ऐसे समय में विशेष कर चावलों का संग्रह करना उचित है, उससे तथा कंबल (ऊनीवस्त्र) और कांसे से लोकमें द्रव्यका लाभ हो ॥ २१ ॥ यदि कन्याराशि का राहु हो तो धातकी तथा पीपल ये दोनों पांच महीने तक संग्रह करना उचित है ॥ २२ ॥ धातकी पुष्प को एक मास संग्रह कर पीछे बेचे और पीपल को दो मास पीछे बेचे तो इच्छित (मन चाहा) लाभ होता है ॥ २३ ॥ यदि सिंहराशि में राहु वक्री हो तो चोष्य वस्तु (चूसने योग वस्तु) का संग्रह करना उचित है ॥ २४ ॥ प्रथम धनिया सौंठ मिर्च पीपल जीरा लवण, कालानोन, सेंधानमक और खैर इनका इस

"Aho Shrutgyanam"

जीरकं लवणं सौवर्चलसैन्धवखादिरम् ॥२५॥
धृत्वा संवत्सरं यावत् षण्मासान्तेऽस्य विक्रयः ।
लाभश्चतुर्गुणास्तस्य यदि सौम्येन वेध्यते ॥२६॥
कर्कटे तु यदा राहु-स्तिष्ठत्येव महाबलः ।
अवश्यं तस्कराः सर्वे लोकपीडां प्रकुर्वते ॥२७॥
अल्पतैव भवेद् व्रीहेः समर्घं स्वर्णरूप्यकम् ।
कांस्यं ताम्रं च संग्राह्यं षण्मासे लाभदायकम् ॥२८॥
मिथुने च यदा राहुः स्वोच्चस्थानवशात्तदा ।
घृतधान्यं समर्घं स्यान्माणिक्यानां समर्घता ॥२९॥
सैंहिकेयो यदा याति भौमग्रहनिरीक्षितः ।
वृषराशौ क्रमेणैव निधानं लभते जनः ॥३०॥
संग्रहस्सर्वधान्यानां घृतं तैलं विशेषतः ।
कुंकुमं गन्धद्रव्यं च कार्पासश्च गुडस्तथा ॥३१॥
मासषट्कं च धृत्वैवं विक्रेयं सप्तमे पुनः ।
ज्ञेयश्चतुर्गुणो लाभः सत्यमेव हि नान्यथा ॥३२॥

वर्षमें संग्रह करके पीछे छः महीने बाद बेचे, यदि शुभग्रह (चंद्र, बुध, गुरु, और शुक्र) से राहु का वेध हो तो चौगुना लाभ हो ॥२५॥२६॥

जब कर्कराशिमें राहु सबल हो तो अवश्य चोर लोकों प्रजाको पीडा करें ॥२७॥ व्रीहि (चावल) थोडे हो, सोना रूपा कांसी और तांबा ये सस्ते हों, इनका संग्रह करने से छः मासमें लाभ हो ॥२८॥ जब मिथुनराशिमें राहु उच्च स्थानमें होनेसे घी धान्य और माणिक मोती मूँगा आदि सस्ते हो ॥ २९ ॥ यदि वृषराशिका राहु भौमकी दृष्टियुक्त हो तो लोग धन को प्राप्त करें ॥ ३० ॥ सब धान्यका संग्रह करना, विशेष करके घी तैल कुंकुम सुगंधीद्रव्य कपास और गुड इनका संग्रह छह महीनेतक करके सातवें महीनेमें बेचने से चौगुना लाभ निश्चयसे होता है उसमें संदेह नहीं ॥ ३२ ॥ और

"Aho Shrutgyanam"

कांस्यं च लाक्षा मञ्जिष्ठा शुंठीमरिचहिंगवः ।
एषां संग्रहणं कार्यं षण्मासावधिनिश्चितम् ॥३३॥
मेषराशौ यदा राहुः संस्थितश्चन्द्रसूर्ययोः ।
दैवाद् ग्रहणसंयोगे दुर्भिक्षं भवति ध्रुवम् ।३४। इतिराहुः ।

द्वादशराशिषु ग्रहणेन राहुफलम्---

उपरागो यदा मेषे पीडयतेऽयं तदा जनः ।
काम्बोजांध्रि किराताश्च पाञ्चालाश्च तैलङ्गकाः ॥ ३५ ॥
वृषे च ग्रहणे गोपाः पशवः पथिका जनाः ।
महान्तो मनुजा ये च तेषां पीडा गरीयसी ॥ ३६ ॥
सूर्यचन्द्रमसोर्ग्रासो मिथुने च वराङ्गना ।
पीडयन्ते बाल्हिका वत्सा (लोका) यमुनातटवासिनः ॥३७॥
कर्कटे ग्रहणे पीडा गर्दभानां च जायते ।
आभीरबर्बराणां च पीडा च महती मता ॥ ३८ ॥
सिंहे च ग्रहणे पीडा सर्वेषां वनवासिनाम् ।
नृपाणां नृपतुल्यानां मनुजानां धनक्षयः ॥ ३९ ॥

कांसी लाख मँजीठ सोंठ मिर्च और हिंगु (हींग) इनका भी छः महीने तक अवश्य संग्रह करना चाहिए ॥ ३३ ॥ जब मेषराशिमें राहु हो, तब दैवयोगसे सूर्य या चन्द का ग्रहण भी हो तो निश्चयसे दुष्काल हो ॥ ३४ ॥

मेषराशिके ग्रहणमें मनुष्योंको पीडा, तथा कंबोज, अंध्र, किरात, पांचाल और तैलंगदेशमें पीड़ा हो ॥ ३५ ॥ वृषराशिके ग्रहणमें गोप (गौ पालक), पशु, मुसाफिर लोग और बड़े लोगोंको पीडा हो ॥३६॥ मिथुनराशिमें सूर्य चन्द्रमाका ग्रहण हो तो वेश्या, बाल्हिक देशके और यमुना नदीके तट पर वसनेवाले लोगोंको पीड़ा हो ॥ ३७ ॥ कर्कराशिमें ग्रहण हो तो गर्दभों (गदहों) को तथा आभीर और बर्बरोंको बड़ी पीड़ा हो ॥ ३८ ॥ सिंहराशिके ग्रहणमें सब वनवासी दुःखी हों. राजा और

"Aho Shrutgyanam"

कन्यायां ग्रहणे पीडा त्रिपुटाशालिजालिषु ।
कवीनां लेखकानां च गायकानां धनक्षयः ॥ ४० ॥
तुलायामुपरागे च दशार्णवंककाहवः ।
मरवश्चापरान्तश्च पीड्यन्ते येऽलिसाधवः ॥ ४१ ॥
वृश्चिके ग्रहणे दुःखं सर्वजातेः प्रजायते ।
यदुम्बरस्य मन्द्रस्य चौलयोधेयकस्य वा ॥ ४२ ॥
यदोपरागश्चापे स्यात् तदामात्याश्च वाजिनः ।
विदेहमल्लपाञ्चालाः पीड्यन्ते भिषजो विशः ॥ ४३ ॥
मकरे ग्रहणे पीडा नीचानां मन्त्रवादीनाम् ।
स्थविराणां नटानां च चित्रकूटस्य संक्षयः ॥ ४४ ॥
कुम्भोपरागे पीड्यन्ते गिरिजाः पश्चिमा जनाः ।
तस्करा द्विरदाभीरा वैश्याश्च वैदिकादयः ॥ ४५ ॥
मीनोपरागे पीड्यन्ते जलद्रव्याणि सागराः ।

धनवानोंका धन नाश हो ॥ ३९ ॥ कन्याराशि के ग्रहण में त्रिपुट और शालिजालके लोगोंको पीडा हो तथा कवि लेखक और गानेवालोंके धन का नाश हो ॥ ४० ॥ तुलाराशिके ग्रहणमें दशार्ण वंक काहव मरुभूमि और अपरान्त इन देशोंके लोगोंको तथा साधु जनोंको पीड़ा हो ॥४१॥ वृश्चिकराशिके ग्रहणमें सब जातिवालोंको पीडा हो. यदुंबर मंद्र चौल और यौधेय जातिके लोग दुःखी हों ॥ ४२ ॥ धनराशिके ग्रहणमें मंत्रिवर्ग को तथा घोड़े को विदेह मल्ल पांचाल देशवासी वैद्य और वैश्योंको पीड़ा हो ॥४३॥ मकरराशिके ग्रहणमें नीच मंत्रवादियोंको पीड़ा हो. स्थविर (वृद्ध) और नट दुःखी हों, चित्रकूटका नाश हो ॥ ४४ ॥ कुंभराशिके ग्रहणमें पश्चिमदेशके पर्वतवासी लोग दुःखी हों, चोर द्विरद आभीर वैश्य और वैद्य आदि दुःखी हों ॥ ४५ ॥ मीनराशिके ग्रहणमें सागरके जलद्रव्य में पीड़ा हो तथा जलसे आजीविका करनेवाले मल्लाह आदि लोग और भाट तथा

"Aho Shrutgyanam"

जलोपजीविनो लोका भट्टाद्या ये च पण्डिताः ॥ ४६ ॥

इति राशिग्रहणेन राहुफलम्

अथ नक्षत्रपीडाफलम्—

यन्नक्षत्रे स्थितश्चन्द्र-स्तत्र चेद् ग्रहणं भवेत् ।
पीडितं तद् बुधाः प्राहु-स्तत्फलं प्रोच्यतेऽधुना ॥४७॥
अश्विन्यां पीडितायां स्यान्-मुद्गादीनां महर्घता ।
भरण्यां श्वेतवस्त्रेभ्यो लाभं मासत्रये भवेत् ॥४८॥
कृत्तिकायां हेमरूप्य-प्रवालमणिमौक्तिकम् ।
सङ्गृहीतं लाभदायि मासे च नवमे स्मृतम् ॥४९॥
रोहिण्यां सूत्रकार्पास-सङ्ग्रहो लाभदायकः ।
दशमासान्तरे प्रोक्तः सोमवेधो न चेदिह ॥५०॥
मृगशीर्षेऽपि मञ्जिष्ठा लाक्षा क्षारः कुसुम्भकम् ।
महर्घं दशमासान्ते लाभदं च यथोचितम् ॥५१॥
घृतं महर्घमार्द्रायां लाभदं मासपञ्चके ।
तैलाल्लाभः पुनर्वस्वोर्मासः पञ्चकतः परम् ॥५२॥

पंडित आदि पीडित हों ॥ ४६ ॥

जिस नक्षत्र पर चन्द्रमा स्थित हो उसमें यदि ग्रहण हो तो विद्वान लोग उस नक्षत्र को पीडित मानते हैं उसका फलादेश को अब कहता हूँ ॥ ४७ ॥ अश्विनीमें ग्रहण हो तो मूंग आदि का भाव तेज हो । भरणीमें ग्रहण हो तो सफेद वस्त्रोंसे तीन मासमें लाभ हो ॥ ४८ ॥ कृत्तिकामें हो तो सोना चाँदी प्रवाल (मूंगा) मणि और मोती इनका संग्रह करनेसे नव वें महीने लाभ हों ॥ ४९ ॥ रोहिणी में हो तो सूत कपास का संग्रह करनेसे दश महीने पीछे लाभ हो, यदि चन्द्रमा वेधित न हो तो ही लाभ होता है । ॥ ५० ॥ मृगशीर्षमें हो तो मँजीठ लाख क्षार और कुसुंब आदिका संग्रह करनेसे दश महीने पीछे उचित लाभ हो ॥ ५१ ॥ आर्द्रा में हो तो घी

"Aho Shrutgyanam"

पुष्ये मासैस्त्रिभिर्लाभो भवेद् गोधूमसङ्ग्रहे ।
आश्लेषायां तु मुद्गेभ्यः प्राप्तिः स्यान्मासपञ्चके ॥५३॥
मघाचतुष्टये चोला चणकाः खलु तुष्टये ।
चित्रायां च युगन्धर्या मासो लाभद्वयात्यये ॥५४॥
त्रिपञ्चनवभिर्मासैः स्वातौ लाभस्तथा तथा ।
विशाखायां कुलित्थेभ्यः षण्मासे लाभसम्भवः ॥५५॥
राधायां कोद्रवाल्लाभो मासैर्नवभिराप्यते ।
ज्येष्ठायां गुडखण्डादेः पञ्चमासे धनोदयः ॥५६॥
तन्दुलेभ्यस्तथा मूले पूषायां श्वेतवस्त्रतः ।
उषायां श्रीफलात् पूग्याः सर्वत्र मासपञ्चकम् ॥५७॥
श्रवणे तुवरीलाभो धनिष्ठायां तु माषतः ।
चणकेभ्योऽपि वारुण्यां तेभ्यः पूभानि पीडने ॥५८॥
लाभस्त्रिमासे निर्दिष्ट-मुभाभ्यां लवणादितः ।

महँगा हो, पांचवें महीनेमें लाभ हो । पुनर्वसुमें पांच मास पीछे तेल से लाभ हो ॥५२॥ पुष्यमें गेहूँ के संग्रहसे तीन महीने में लाभ हो। आश्लेषामें पांचवें महीनेमें मूंगसे लाभ ॥५३॥ मघा पूर्वाफाल्गुनी उत्तराफाल्गुनी और हस्त इन चार नक्षत्रोंमें ग्रहण हो तो चोला और चणा आदिसे लाभ हो । चित्रामें ज्वार से दो मास पीछे लाभ हो ॥५४॥ उससे स्वातिनक्षत्रमें तीसरे पांचवें या नववें महीने में लाभ हो । विशाखामें कुलथीसे छट्ठे महीनेमें लाभ हो ॥ ५५ ॥ अनुराधामें कोद्रव (कोदों) से नौ महीनेमें लाभ हो । ज्येष्ठामें गुड खांड आदिसे पांचवें महीने लाभ हो ॥ ५६ ॥ मूलमें चावलोंसे, पूर्वाषाढामें श्वेत (सफेद) वस्त्रोंसे, उत्तराषाढामें श्रीफल और सोपारी से पांचवे महीने लाभ हो ॥ ५७ ॥ श्रवणमें तुवर (अरहर) से, धनिष्ठामें उडद से, शतभिषा और पूर्वाभाद्रपदमें चनोंसे लाभ हो ॥ ५८ ॥ उत्तराभाद्रपदमें लवणसे तीसरे महीनेमें लाभ हो । रेवती नक्षत्रमें ग्रहण हो तो मूंग और उड़दसे छट्ठे महीनेमें

"Aho Shrutgyanam"

मासषट्का्द् भवेल्लाभो रेवत्यां मुद्गमाषतः ॥५९॥
प्रागुक्तोत्पातयोगेऽपि नक्षत्रफलमीदृशम् ।
ज्ञात्वैव सङ्ग्रही यः स्याद् वश्यास्तस्याशु सम्पदः ॥६०॥

अथ केतुविचारः।

रविमण्डलवदेवाग्नौ प्रविष्टाः केतवः सदा ।
वहन्ते तेजसा पूर्णा दृश्यन्ते ते कदाचनः ॥६१॥
रविरस्ताचले प्राप्तौ पश्चिमायां निरीक्ष्यते ।
यदा वह्निशिखाकार-स्तदा केतूदयो वदेत् ॥६२॥
प्रातस्तद्दर्शने लोके शिखालतारकोदयः ।
स पुच्छस्तारकः सोऽय-मित्येवोक्तिः प्रवर्त्तते ॥६३॥
जातिर्मासवशादेषा-मुत्पातान्तनिरूपिता ।
फलं यत् प्रतिनक्षत्रं विचित्रं तदथोच्यते ॥६४॥
अश्विन्यामुदितः केतु-र्हन्यादश्मकपालकम् ।

लाभ हो ॥ ५९ ॥ इस तरह पहले उत्पात प्रकरणमें नक्षत्रोंके फल कहे हैं वे सब जानकर कोई संग्रह करे तो लक्ष्मी उसके वशीभूत (प्राप्त) होती है ॥ ६० ॥

केतु हमेशा रविमण्डलकी तरह अग्निमें रहते हैं, अर्थात् केतु अग्नि के समान चमकदार हैं और तेज करके पूर्ण हैं, वे कभी कभी दिखाई पडते हैं ॥ ६१ ॥ सूर्य जब अस्ताचलको प्राप्त हो तब पश्चिम दिशामें देखना, यदि अग्निकी शिखाके सदृश आकार मालूम हो तो केतु का उदय कहना चाहिए ॥ ६२ ॥ उस शिखावाले ताराके उदयका लोक में प्रातः समय दर्शन हो तो उसे पुच्छडिया तारा कहते हैं ऐसी प्रथा चल रही है ॥ ६३ ॥ महीनेके कारणसे उसकी जाति उत्पातके अन्तसे निरूपण की गई, अब उसके प्रत्येक नक्षत्रके विचित्र विचित्र फलको कहते हैं ॥६४॥

"Aho Shrutgyanam"

भरण्यां च किरातेशं कृत्तिकायां कलिङ्गपम् ॥६५॥
रोहिण्यां शूरसेनेशं मृगे चोशीनराधिपम् ।
आर्द्रायां जालणाधीश-मश्मकेशं पुनर्वसौ ॥६६॥
पुष्ये च मगधाधीशं सार्पे केरलका(काशिका)धिपम् ।
मघायामङ्गनाथं च पूफायां पाण्ड्यनायकम् ॥६७॥
उज्जयिन्यां नृपं हन्या-दुत्तराफाल्गुनीं गतः ।
दराडकाधिपतिं हस्ते चित्रायां कुरुभूपतिम् ॥६८॥
स्वात्यां काश्मीरकम्बोज-भूपतीनां विनाशकः ।
इक्ष्वाकुकुरलेशानां विशाखायां च घातकः ॥६९॥
मैत्रे पौण्ड्रमहीनाथं सार्वभौमं तथैन्द्रभे ।
अन्ध्रमद्रकनाथं च मूलस्थो हन्ति निश्चितम् ॥७०॥
पूर्वाषाढा काशिराज-मुत्तरा हन्ति कैकयम् ।

अश्विनीमें केतुका उदय हो तो अश्मक देशके राजाको कष्ट हो (या उसका विनाश हो) भरणीमें किरातदेशके और कृत्तिकामें कलिंग देशके राजाको कष्ट हो ॥ ६५ ॥ रोहिणीमें सूरसेन देशके राजाको, मृगशिरमें उशीनर देशके राजाको, आर्द्रामें जालण देशके राजाको, पुनर्वसुमें अश्मक देशके राजाको कष्ट हो ॥ ६६ ॥ पुष्यमें मगधदेशके अधिपति को, आश्लेषामें केरलयाधिपतिको, मघामें अंगनाथको, पूर्वाफाल्गुनीमें पाण्डुदेश के राजाको कष्ट हो ॥ ६७ ॥ उत्तराफाल्गुनीमें उज्जयिनीके राजाको, हस्त में दराडकदेशके पतिको, चित्रामें कुरुदेशके राजाको कष्ट हो ॥६८॥ स्वातिमें उदय हो तो काश्मीर और काम्बोज देशके राजाओंको, विशाखामें इक्ष्वाकु और कुरलदेशके राजाओंको कष्ट हो ॥६९॥ अनुराधामें पौंड्रदेशके राजाको ज्येष्ठामें सार्वभौम (चक्रवर्त्ती) को कष्ट हो मूलमें अंध्र तथा भद्रदेशके राजाओंको कष्ट हो ॥ ७० ॥ पूर्वाषाढामें काशीदेश के राजाको, उत्तराषाढामें कैकयदेशके राजाको, अभिजित्‌में शिबिपवेदीदेशके राजाको, श्रवणमें कै-

"Aho Shrutgyanam"

यौधे शिविपवेदीशं श्रवणे कैकयेश्वरम् ॥७१॥
वासवे पञ्चजन्येशं वारुणे सिंहलेश्वरम् ।
पूर्वभायामङ्गनाथं नैमिषेशमुभागतो ॥७२॥
रेवत्यामुदितः केतुः किराताधिपघातकः ।
धूम्राकारः सपुच्छश्च केतुर्विश्वस्य पीडकः ॥७३॥
करत्रयीवैष्णवरोहिणीषु, मृगे तथादित्ययुगाश्विनीषु ।
कुर्याच्छिशूनां नृपतेश्च चूडामन्दोलितास्ते शिखिनो भवन्ति ॥
वाराहसंहितायाम्—
शतमेकाधिकमेके सहस्रमपरे वदन्ति केतूनाम् ।
बहुरूपमेकमेव प्राह मुनिर्नारदः केतुम् ॥७५॥
केतुग्रहणविचारः—
आदित्यग्रासकाले च दुर्भिक्षं प्रायसः पुनः ।

कयदेशके राजाको कष्ट हो ॥७१॥ धनिष्ठामें पांचालदेशके अधिपति को, शतभिषामें सिंहलदेशके राजाको, पूर्वाभाद्रपदमें अंगदेशके राजाको, उत्तराभाद्रपदमें नैमिषदेशके अधिपतिको कष्ट हो ॥ ७२ ॥ रेवतीमें केतुका उदय हो तो किरातदेशके राजाको कष्ट हो । यदि केतु धूम्राकार और बड़ी पुच्छवाला हो तो वह जगत्को दुःख देता है ॥७३॥

हस्त, चित्रा, स्वाति, श्रवण, रोहिणी, मृगशीर्ष पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा और अश्विनी इन नक्षत्रोंमें बालकोंका तथा राजाओंका चूडा कर्म करना चाहिए, चूडाकर्मसे संस्कार किये हुए वे लोग शिखावाले होते हैं ॥ ७४ ॥

वाराहसंहिता में कहा है कि— कोई पंडित कहते हैं कि केतु की संख्या एकसौ एक हैं, कोई कहते है कि एक हजार हैं, नारदमुनि कहते है कि केतु एकही है मगर यह एकही बहुरूपी है ॥ ७५ ॥

केतुका सूर्य के साथ ग्रहण हो तो दुष्काल हो और उस के तिथि

"Aho Shrutgyanam"

तत्तिथिधिष्ण्यवाच्यानि महर्घाणि भवन्ति हि ॥७६॥
आषाढयोर्द्वयोर्मध्ये यदा पर्वत्रयं भवेत् ।
क्षितौ भवेन्महायुद्धं नृपमृत्युं समादिशेत् ॥७७॥
यत्र राशौ भवेत् पर्व, तस्य वाच्यं क्रयाणकम् ।
अत्यर्घं लभते मूल्यं पीड्यमानं च राहुणा ॥७८॥
लोकेऽपि–सीसे गुरुने पूछीओ हीइ इस्यो विचार ।
मागसिर ससिगहण हुई प्रजा करेसी भार ॥७९॥
कत्तियमासे रविगहण जइ हुइ धरणिसुएण ।
अंगणागणना विना मरे सुभटनी सेण ॥८०॥
एवं वर्षाधिपपरिणते-र्वत्सरः श्रीगुरोः स्याद्,
नक्षत्राख्यः सकलजगति वर्षबोधस्य बीजम् ।
मन्दस्यापि प्रकटमहिमा वत्सरः स्वीयनाम्ना,
मत्वा तत्त्वाद् द्वयमिदमितो भाविवर्षं विचार्यम् ॥८१॥

नक्षत्र के नाम सदृश वस्तुओंका भाव तेज हो ॥ ७६ ॥ आषाढादि दो मासमें यदि तीन पर्व (ग्रहण) हो तो पृथ्वीमें बड़ा युद्ध हो और राजाओं का विनाश हो ॥ ७७ ॥ जिस राशि पर ग्रहण हो उस राशिवाली बेचनेकी वस्तु बहुत महँगी हों किंतु राहुसे वेधित हो तो उससे द्रव्यप्राप्ति हों ॥७८॥ शिष्यने गुरुको ग्रहणका विचार पूछा है मार्गशीर्षमें चन्द्रमा का ग्रहण हो तो प्रजाके पर भार (कष्ट) रहे ॥७९॥ यदि कार्त्तिक मासमें सूर्य ग्रहण हो और मंगल साथ हो तो गृहकुटुंब बिना सुभट (योद्धा) की सेनाका विनाश हो ॥ ८० ॥

इस प्रकार वर्षाधिपकी परिणतिसे नक्षत्रनामका बृहस्पतिका संवत्सर है वह समस्त जगत् में वर्षबोध का बीजरूप है और अपने नाम सदृश प्रगट प्रभाववाला शनिका वर्ष है, ये दोनों तत्वोंसे मानकर भाविवर्ष का विचार करना चाहिये ॥ ८१ ॥

"Aho Shrutgyanam"

इति श्रीमेघमहोदयसाधने वर्षबोधग्रन्थे तपागच्छीयमहोपाध्याय श्रीमेघविजयगणिविरचिते शनैश्चरवत्सरनिरूपणनामा पञ्चमोऽधिकारः ।

अथ अयनमासपक्षादिननिरूपणनामषष्ठोऽधिकारः ।

अयनम्—

यदि कर्कार्कसंक्रातौ कुजार्कशनिसोमजाः ।
अल्पनीरं रणं घोरं स्यात् तदा नीचबुद्धिदः ॥१॥
मेघाधिकारे विज्ञेयं प्रथमं दक्षिणायनम् ।
ऋतवः प्रावृडाद्याश्च मासा हि श्रावणादयः ॥२॥
वारेष्वर्कार्किभौमानां संक्रान्तिर्मृगकर्कयो: ।
यदा तदा महर्घं स्या-दीतियुद्धादिकं तदा ॥३॥
कर्कार्के सप्तरव्यादि-वारेषु दश विंशतिः ।
अष्टार्काश्च धृतिद्वौ च शून्यं विश्वास्त्रयोऽथवा ॥४॥

सौराष्ट्रराष्ट्रान्तर्गत-पादलिप्तपुरनिवासिना पण्डितभगवानदासाख्यजैनेन विरचितया मेघमहोदये बालावबोधिन्याऽऽर्यभाषया टीकितः शनैश्चरवत्सरनिरूपणनामा पञ्चमोऽधिकारः ।

यदि कर्कसंक्रांति के दिन मंगल रवि शनि या बुधवार हो तो थोड़ी वर्षा, घोरयुद्ध तथा नीचबुद्धि दायक हो ॥ १ ॥ मेघका अधिकारमें प्रथम दक्षिणायन वर्षादि ऋतु तथा श्रावण आदि मास जानना ॥ २ ॥ यदि मकर और कर्क संक्रांति के दिन रवि शनि या मंगलवार हो तो धान्य तेज हो, ईति का उपद्रव तथा युद्ध हो ॥ ३ ॥ विश्वा साधन—कर्कसंक्रान्ति के दिन रविवार हो तो दश विश्वा, सोमवार हो तो वीस विश्वा, मंगल हो तो आठ विश्वा, बुध हो तो बारह विश्वा, गुरु और शुक्रवार हो तो अठारह, शनिवार हो तो शून्य विश्वा, किन्तु देश विशेषता से अथवा अन्य शुभग्रह का योगसे तीन विश्वा माना हैं ॥ ४ ॥ कहीं ऐसा भी कहा है—गुरुवार को सोलह और शुक्र-

"Aho Shrutgyanam"

अत्रायमर्थः— कर्कसंक्रान्तौ रविवारे दश विंशोपका वर्षे, चन्द्रे विंशतिः, मङ्गलेऽष्टौ, बुधे द्वादश, द्वौ-गुरुशुक्रवारौ तयोरष्टादश, शनौ शून्यम्, यद्वा देशविशेषेऽन्यस्मिन् शुभयोगे वाऽन्यो विंशोपकाः।

क्वचित्—गुरौ षोडश शुक्रे स्यु-रष्टादशविंशोपकाः।
दीपोत्सवे वारवशात् केचिदाहुर्विंशोपकान् ॥५॥
दिशो नखाश्च विश्वाख्या सप्त रुद्रा नवाम्बरम्।
वर्षविंशोपकानेवं जानीयात् कर्कसंक्रमे ॥६॥

अन्यत्र—कार्त्तिके शुक्लपक्षे च पञ्चम्यां वारवीक्षणात्।
वर्षे वर्षा च धान्यार्थं त्रीण्येतानि विचारयेत् ॥७॥
रवौ चन्द्रे कुजे सौम्ये गुरौ शुक्रे शनैश्चरे।
दिग्विंशतीभाश्वनृप-कलाष्टादश विश्वकाः ॥८॥

लौकिकास्तु— मङ्गल आठ बुधे वलि बारह,
सोम शुक्र गुरु करे अठारह।
काकडि सङ्क्रमि रवि शनि बेठो,

वार को अठारह विश्वा हैं। कोई दीवाली के दिन जो वार हो उससे विश्वा गिनते हैं ॥ ५ ॥ कर्कसंक्रान्ति के दिन रविवारादि का अनुक्रमसे दश वीस तेरह सात ग्यारह नव और शून्य विश्वा हैं ॥ ६ ॥ अन्यत्र कहा है कि— कार्तिक शुक्र पंचमी के वारसे भी विश्वा गिनना। वर्ष वर्षा और धान्य के लिये कर्कसंक्रान्ति, दीवाली और कार्तिक शुक्र पंचमी इन तीनों ही दिनों का विचार करना चाहिये ॥ ७ ॥ उन दिनों में रविवार हो तो दश, सोमवार हो तो वीस, मंगलवार हो तो आठ, बुधवार हो तो सात, गुरुवार हो तो सोलह, शुक्रवार हो तो सोलह और शनिवार हो तो अठारह विश्वा कहे हैं ॥ ८ ॥ लौकिक भाषामें—कर्कसंक्रांति के दिन मंगलवार हो तो आठ, बुधवार हो तो बारह, सोम शुक्र तथा गुरुवार को अठारह, शनि तथा रविवार

"Aho Shrutgyanam"

निश्चय सुंदरि! समो विणठो ॥९॥
शनि आइच्चइ मंगलइ जो कक्कडसंक्रंति ।
तीडा मूसा कातरा त्रिहुं मांहे एक हुवंति ॥१०॥
मेषकर्कमकरेऽर्कसंक्रमे, क्रूरवारसहिते जलं नहि ।
धान्यमल्पतरमेव वत्सरे, विग्रहो विपुलरोगतस्कराः ॥११॥

अथ मासाः—

चैत्रे च श्रावणे मासे पञ्चजीवो यदा भवेत् ।
दुर्भिक्षं रौरवं घोरं छत्रभङ्गं विनिर्दिशेत् ॥१२॥
द्वादश्यां यदि वा कृष्णे शनिवारो यदा भवेत् ।
ततश्चतुर्दशे मासे पञ्चार्कवारसम्भवः ॥१३॥
पञ्चार्कवासरे रोगाः पञ्चभौमे भयं महत् ।
दुर्भिक्षं पञ्चमन्देषु शेषा वाराः शुभप्रदाः ॥१४॥
यदुक्तम्—एकमासे रवेर्वाराः पञ्च न स्युः शुभावहाः ।
अमावास्यार्कवारेण महर्घत्वविधायिनी ॥१५॥

हो तो निश्चयसे शून्यता हो ॥ ९ ॥ यदि कर्कसंक्रांति शनि रवि और मंगल वार को हो तो टीड्डी चूहा या कातरा इन तीनमें से एक का उपद्रव हो ॥ १० ॥ जो मेष कर्क तथा मकर संक्रांति क्रूरवारको हो तो जल न बरसे, धान्य थोड़ा, विग्रह रोग और चोरोंका बहुत उपद्रव हो ॥ ११ ॥

चैत्र और श्रावणमासमें जो पांच बृहस्पति हों तो दुर्भिक्ष महा घोर दुःख तथा छत्रभंग हो ॥ १२ ॥ यदि कृष्ण द्वादशी को शनिवार हो तो उससे चौदहवें महीने में पांच रविवार आते हैं ॥ १३ ॥ जिस मासमें पांच रविवार हो तो रोग, पांच मंगलवार हो तो भय अधिक, पांच शनिवार हो तो दुर्भिक्षता और इनसे अतिरिक्त दूसरा वार पांच हो तो शुभदायक होता है ॥ १४ ॥ एकमासमें पांच रविवार शुभ फलदायक नहीं है । अमावास्या रविवारको हो तो अन्न महँगा हो ॥ १५ ॥ चैत्र और श्रावणमास में पांच रविवार हो तो

"Aho Shrutgyanam"

चैत्रे च श्रावणे मासे भवेद् यद्यर्कपञ्चकम् ।
दुर्भिक्षं तत्र जानीयात् छत्रनाशो न संशयः ॥१६॥
मङ्गले म्रियते राजा प्रजावृद्धिस्तु भार्गवे ।
बुधे रसक्षयो भूम्यां दुर्भिक्षं तु शनैश्चरे ॥१७॥
लोकेऽपि– पांच शनिश्चर पांच रवि, पांचे मङ्गल होय ।
चकि चहोडे मेदिनी, जीवे विरलो कोय ॥१८॥
मासाद्यदिवसे सोम-सुतवारो यदा भवेत् ।
धान्यं महर्घं त्रीन् मासान् भाविवर्षेऽपि दुःखकृत् ॥ १९ ॥
यतः–बुधश्चेत् प्रथमं वारः सर्वमासाद्यवासरे ।
ततः परं त्रिभिर्मासै-महर्घं राजविड्वरः ॥२०॥
पञ्चार्कयोगे वैशाखे वृष्टिगर्भविनाशिनी ।
पञ्चभौमे भयं वह्ने-वृष्टिरोधाय कुत्रचित् ॥२१॥
प्रतिपत्सर्वमासेषु बुधे दुर्भिक्षकारिणी ।

दुर्भिक्ष तथा छत्रभंग जानना इसमें संशय नहीं ॥ १६ ॥ पांच मंगल हो तो राजा का मरण हो, पांच शुक्र हो तो प्रजाकी वृद्धि हो, पांच बुध हो तो पृथ्वीमें रस का क्षय हो, पांच शनैश्चर हो तो दुष्काल हो ॥ १७॥ लोकभाषा में भी कहा है कि–पांच शनैश्चर, पांच रवि और पांच मंगल हों तो भयंकर युद्ध हो ॥१८॥ जिस महीनेका पहला दिन बुधवारसे प्रारंभ हो तो तीन महीना धान्य महँगा रहें और अगला वर्ष भी दुःख कारक हो ॥ १९ ॥ महीनेका प्रारंभमें प्रथम बुधवार हो तो उस मास से तीन मास तक धान्य महँगा रहें और राजमें उपद्रव हों ॥ २० ॥ वैशाख मास में पांच रविवार हों तो वर्षा और गर्भका विनाश हों, पांच मंगल हो तो अग्निका भय तथा कहीं वर्षा का भी रोध (रूकावट) हों ॥ २१ ॥ बुधवार की पडवा सब महीनों में दुर्भिक्ष करने वाली है, और विशेष कर यदि ज्येष्ठ मासमें हो तो

"Aho Shrutgyanam"

ज्येष्ठमासे विशेषेण वर्षभङ्गाय जायते ॥२२॥
चित्रास्वातिविशाखासु यस्मिन् मासे न वर्षणम् ।
तन्मासे निर्जला मेघा इति गर्गमुनेर्वचः ॥२३॥
ग्रहाणां यन्मासे ननु भवति षण्णां निवसति-
स्तदा गोलो योगः प्रलयपदमिन्द्रोऽपि लभते ।
नृपाणां नाशः स्याज्ज्वलति वसुधा शुष्यति नदी,
भवेल्लोको रंकः परिहरति पुत्रं च जननी ॥२४॥
मार्गादिपञ्चमासेषु शुक्लपक्षे तिथिक्षये ।
दौस्थ्यं वा छत्रभङ्गोऽपि जायते राजविड्वरः ॥२५॥
मार्गादिपञ्चमासेषु तिथिवृद्धिर्निरन्तरम् ।
कृष्णपक्षे तदाऽसौस्थ्यं प्रजामारिः प्रवर्त्तते ॥२६॥
मासे मासे ऽमावास्याप्रमाणं प्रविलोक्यते ।
तिथिवृद्धौ कणवृद्धिः ऋक्षवृद्धौ कणक्षयः ॥२७॥

वर्षा का नाश करे ॥ २२ ॥

जिस महीनेमें चित्रा स्वाति और विशाखामें वर्षा न हो उस महीने में मेघ निर्जल रहें ऐसा गर्गमुनिका वचन है ॥ २३ ॥ जिस महीने में छह ग्रह एक राशि पर हों तो वह गोल योग कहा जाता है, इसमें इंद्र भी प्रलयपद को प्राप्त होता है, राजाओं का विनाश हों, पृथ्वी गरमी से प्रज्वलित हो, नदी सूख जाय और लोक ऐसे निर्धन हो जाय कि माता पुत्रको भी त्याग कर दें ॥ २४ ॥ मार्गशीर्षादि पांच महीनेके शुक्लपक्षमें तिथि का क्षय हो तो अस्वस्थता छत्रभंग और राजविग्रह हों ॥ २५ ॥ मार्गशीर्षादि पांच महीन्के कृष्णपक्षमें तिथिकी वृद्धि हो तो अस्वस्थता तथा प्रजामें महामारी हो ॥ २६ ॥ प्रत्येक मासकी अमावास्याका प्रमाण देखें, यदि उसमें तिथिकी वृद्धि हो तो धान्यकी वृद्धि और नक्षत्रकी वृद्धि हो तो धान्य का क्षय हो ॥ २७ ॥ महीनेके नक्षत्र से पूर्णिमा न्यून, समान या

"Aho Shrutgyanam"

मासर्क्षात् पूर्णिमा हीना समाना यदि वाधिका ।
समर्घं च समार्घं च महर्घं कुरुते क्रमात् ॥२८॥
पूर्णिमायाममावास्यां संलग्नस्तारकाद्वयः ।
महर्घं तत्र पूर्वार्घाद् मासमध्येऽपि जायते ॥२८॥
अमावास्यां यदा चन्द्र उदयास्तं करोति चेत् ।
महद्दक्षे तदा मासे भवेन्नूनं समर्घता ॥३०॥
कर्कसंक्रमणे मन्दो मकरार्के बृहस्पतिः ।
तुलार्के मङ्गलो वर्षे तत्र दुर्भिक्षसम्भवः ॥३१॥
आषाढे कार्त्तिके मासे फाल्गुनेऽपि च दैवतः ।
आयन्ते पञ्चभौमाश्चेत् पञ्चमासास्तदाऽशुभाः ॥३२॥
अर्द्धं विदेशगमनेऽप्यर्द्धं शोणितदूषितम् ।
सार्द्धं म्रियते दुर्भिक्षात् सार्द्धमर्द्धं च तिष्ठति ॥३३॥
नक्षत्रान्तरगे सूर्ये षष्ठश्च चन्द्रमास्थितः ।
मासमध्ये महर्घत्वं तदा धान्येऽस्ति निर्णयात् ॥३४॥

अधिक हो तो अनुक्रम से सस्ता समान तथा महर्वता हो ॥२८॥ पूर्णिमा और अमावास्या में बराबर तारापात हो तो धान्य का भाव पहले से एक महिने तक महँगा हो ॥ २६ ॥ यदि चन्द्रमा अमावास्या के दिन उदय और अस्त बृहद्नक्षत्रमें हो तो उस मासमें निश्चयसे अन्न सस्ता हो ॥३०॥ यदि कर्कसंक्रांतिके दिन शनि, मकरसंक्रांतिके दिन बृहस्पति और तुलासंक्रांतिके दिन मंगल हो तो उस वर्षमें दुर्भिक्ष हो ॥ ३१ ॥ आषाढ, कार्त्तिक और फाल्गुन मासमें यदि दैवयोगसे पांच मंगल आ जाय तो पांच मास अशुभ हों ॥ ३२ ॥ चार भागमेंसे अर्द्धभाग का नाश तो विदेश गमनसे, अर्द्ध भागका नाश रुधिर विकारसे और देढ भाग का नाश दुर्भिक्षसे हो जाता है । इस प्रकार ढाई भागका नाश हो कर देढ भाग शेष रह जाता है ॥ ३३ ॥ यदि सूर्यनक्षत्र के दिन चन्द्रमा छट्ठा हो तो एक महीना धान्यभाव

"Aho Shrutgyanam"

रक्तमुत्पलवर्णाभं यद्याकाशं तु कार्त्तिके ।
तदा शुभं भाविवर्षं सन्ध्यायां तन्न शोभनम् ॥३५॥
यतः—कत्तियमासह गयणलौ जइ रतुप्पलवन्न ।
तो जाणिजे भड्डुली जलहर वरसै पुन्न ॥३६॥
हीरमेघमालायां विशेषोऽपि—
कातीमासे देखिये, रविरत्तडो विशाल ।
तो जाणिजे पंडिया, वरसह आलोमाल ॥३७॥
तुषारपतनं मार्गे पौषे हिमसमुद्भवः ।
माघमासेऽतिशीतं च फाल्गुने दुर्दिनं शुभम् ॥३८॥
फाल्गुने कालवातोऽपि चैत्रे किञ्चित्पयोहितम् ।
वैशाखः पञ्चरूपः स्या-ज्ज्येष्ठो घर्मान्वितः शुभः ॥३९॥
मासाष्टकनिमित्तेना-मुना मासचतुष्टयम् ।
आषाढाद्यं शुभं ज्ञेयं यतो मेघमहोदयः ॥४०॥

तेज हो ॥३४॥ यदि कार्त्तिकमासमें आकाश कोंपल (नवीन कोमल पत्ती) के सदृश रक्त वर्ण हो तो आगमिवर्ष शुभ होता है मगर वह संध्या समय हो तो अच्छा नहीं ॥ ३५ ॥ कहा है कि— कार्त्तिक मासमें आकाश यदि कोंपल सदृश रक्तवर्ण वाला हो तो हे भडलि! वरसाद पूर्ण वरसे ॥३६॥ हीरमेघमालामें भी कहा है कि— कार्त्तिक मासमें सूर्य रक्त वर्णवाला दिखाई दे तो हे पंडित! वर्ष बहुत उत्तम जानना ॥ ३७ ॥ मार्गशीर्ष में तुषार (ओस) का गिरना, पौषमें हिम (बर्फ) का गिरना, माघमास में अत्यन्त शीत और फाल्गुनमें दुर्दिन होना शुभ है ॥३८॥ फाल्गुन में तीव्र पवन, चैत्रमें कुछ बादल, वैशाखमें पंचरूप (वायु, बादल, वर्षा, गाज और बीज) और ज्येष्ठमें गर्मी अधिक ये चिह्न हों तो शुभ जानना ॥ ३९ ॥ इन आठ मासमें कहे हुए शुभ निमित्त हों तो आषाढादि चार मास शुभ जानना, इनमें वर्षा अच्छी हो ॥ ४० ॥

"Aho Shrutgyanam"

चैत्रे मेघमहारम्भो वर्षस्तम्भविनाशकः ।
मूलाद् भरणीपर्यन्तं खं निरभ्रं सुभिक्षकृत् ॥४१॥
चैत्रे वृष्टिकरो मेघोऽथवा मेघाः सुनिर्मलाः ।
वैशाखे पञ्चवर्णाः स्यु-स्तदा निष्पत्तिरुत्तमा ॥४२॥

अत्रेदं विचार्यते—ननु चैत्रे निर्मलता शुभा साभ्रता वा-ताच्चैत्रे किञ्चित् पयोहितमिति वचनम् । स्थानांगवृत्तौ 'प-वनघनवृष्टियुक्ताश्चैत्रे गर्भाः शुभाः सपरिवेषा' इत्यागमा-च्च । उक्तं च लोके—

चैत्रमास जो वीज विलोवे, धूरि वैशाखे केसू धोवे ।
जेठमास जो जाई तपंतो, कुण राखे जलहर वरसंतो ॥४३॥

न बादलं विना विद्युद् न द्वितीयं नैर्मल्यस्य बहुधा व-चनात् । यतः—

चैत्रमास जइ हुई निरमलो, बारमास वरसे गलगलओ ।
जिहां २ बादल तिहां २ विणास, मानव धाननीमेल्हे आस ।४४।

चैत्रमासमें अधिक वर्षा हो तो गर्भका विनाश हो । मूलसे भरणी पर्यन्त आकाश बादल रहित निर्मल दीखे तो सुभिक्ष कारक होता है ॥४१॥ चैत्रमासमें वृष्टिकारक बादल हो या अच्छे निर्मल बादल हो और वैशाखमें पंच वर्णवाले बादल हो तो उत्तम जानना ॥ ४२ ॥ चैत्रमास निर्मल हो तथा बादल सहित हो, वायु चले और कुछ वर्षा हो तो शुभ समय होता है । स्थानांगसूत्रकी वृत्तिमें पवन बादल और वर्षावाला तथा परिमंडलवाला गर्भ चैत्रमासमें शुभमाना है । लौकिक भाषामें कहा है कि—चैत्रमास में बि-जली चमके, वैशाखमें किंशुकपुष्प की धूलि धो जाय याने वरसाद के द्वारा किंशुकपुष्पका रंगसे धूलि रंगवाली हो जाय और ज्येष्ठमास बहुत तपे तो बहुत अच्छी वर्षा हो ॥४३॥ चैत्रमासमें बादल तथा बिजली न हो और आकाश निर्मल हो, इत्यादि बहुत प्रकारके मत भेद हैं । जैसा कि— चैत्र

"Aho Shrutgyanam"

चैत्रे खळहळि नहुकरे, मलयपवन नहु होय ।
तो जाणे तुं भडुली, गब्भविणास न कोय ॥४५॥

अत्रोच्यते– स्याद्वाद एव प्रमाणं, विद्युतोऽभ्राणि वा न दोषाय; जलप्रवाहे तु दोष एव महावृष्टिरूपात्। चैत्रे हि मीने सूर्ये सति विद्युदभ्रं वा उक्तमेव, यतस्त्रैलोक्यदीपके–

मीनसंक्रान्ति काले च पौष्णभोग्यदिने भवेत् ।
यत्र विद्युच्छुभो वात-स्ततो गर्भो ध्रुवं भवेत् ॥४६॥

जलच्छटानां गर्भरूपादेव न दोषः । अथ यदि मेषे सूर्यः कदापि तत्राभ्रमप्युक्तं प्राक् । तदेवश्रीहीरसूरयोऽप्याहुः-

चित्तस्य बीय तइया चउत्थि तह पञ्चमीसु अब्भाई ।
पुव्वोत्तरवायओ महासुभिक्खं वियाणाहि ॥४७॥

स्थानांगे घनवृष्टिरुक्ता सा तु बिन्दुमात्रैव चैत्रे किञ्चित्

मास यदि निर्मल हो तो चार मास बहुत अच्छी वर्षा हो। जहां २ बादल हों वहां २ वर्षाकी हानि और मनुष्य धान्यकी आशा छोड दें ॥ ४४ ॥ चैत्रमें जलप्रवाह न चले और मलयाचल का पवन न चले, तो गर्भ का नाश न हों; ऐसा भडलीका वाक्य है ॥४५॥ यहां स्याद्वाद ही प्रमाण माना है– चैत्र में बिजली या बादल हों तो दोष नहीं, किंतु अधिक वर्षा हो कर जलप्रवाह चले तो दोष है । चैत्र मास में मीन के सूर्य होने पर बिजली और बादलका होना श्रेयः माना जाता है । जैसे त्रैलोक्यदीपकमें कहा है कि– मीन संक्रान्तिमें रेवतीनक्षत्र के भोग्य दिनों में जहां बिजली और वायु हो वहां निश्चयसे गर्भ होता है ॥ ४६ ॥ गर्भ के कारण यदि जलके छींटा गिरे तो दोष नहीं । मेषके सूर्य में किसी समय बादल होना पहले कहा उसको श्री हीरविजयसूरि भी कहते है– चैत्र मास की दूज, तीज, चौथ और पंचमी के दिन बादल हों और पूर्व या उत्तर दिशा का पवन चले तो बड़ा सुकाल जानना ॥ ४७ ॥ स्थानांगसूत्र में जो वर्षा होना

"Aho Shrutgyanam"

पयोहितमित्युक्ते । यदुक्तम्—

घनावृष्टौ यदा माघ-श्चैत्रो निर्मलतां गतः ।
बहुधान्या तदा भूमि-र्वृष्टिश्चैव मनोरमा ॥४८॥

पुनरपि—

चित्तस्स कसिण पञ्चमी नहु वरसइ दुद्दिणं पुणो ।
फुणइ गहिऊण उच्चभूमिं ता वावह सयल धन्नाणि ॥४९॥

'चैत्रे च गौरिसंक्रान्तौ' इत्यादिनाग्रे वृष्टिर्वक्ष्यते । तथापि—

चैत्रमासे च देवेशि! शुक्ले च पञ्चमीदिने ।
सप्तम्यां च त्रयोदश्यां यदा मेघः प्रवर्षति ॥५०॥
तारकापतनं चाब्द-गर्जनं विद्युता सह ।
वर्षाकालस्तदासन्नो नात्र कार्यविचारणा ॥५१॥
ततश्चैत्रे यथायोग्यं साभ्रता वा निरभ्रता ।
शुभाय चोभयं लोके विपरीतं न सौख्यदम् ॥५२॥

तत एव वृष्टिनिषेधे दिननियमः—

पंचमिरोहिणी सत्तमिअद्दा, नवमिपुष्फ नइ पुनमचित्ता।

लिखा है वह बिन्दुमात्र होना श्रेयस्कर कहा है । यदि माघ मासमें अधिक वर्षा हो और चैत्रमास निर्मल हो तो भूमि पर अच्छी वर्षा हो और धान्य बहुत हों ॥ ४८ ॥ फिर भी कहा है कि— चैत्रकी कृष्ण पंचमीके दिन वर्षा न हो मगर दुर्दिन हो तो अच्छी भूमि देखकर सब प्रकारके धान्य बोना चाहिये ॥ ४९ ॥ हे पार्वति! चैत्र मासकी शुक्ल पंचमी सप्तमी और त्रयोदशीके दिन वर्षा हो ॥ ५० ॥ तारा गिरे और बिजलीके साथ मेघ गर्जना हो तब वर्षा काल समीप आया जानना इसमें संदेह नहीं ॥५१॥ चैत्र मासमें यथायोग्य बादल का होना या बादलका न होना ये दोनों लोक में शुभ माने हैं और उससे विपरीत हो तो सुखकारी नहीं होता ॥५२॥ इसलिये ही वर्षाके निषेधके नियम दिन बतलाते हैं- चैत्रमासमें पंचमीके दिन

"Aho Shrutgyanam"

चैत्रमास वरसंता दिट्ठा, तौ सीयालू गब्भ विणट्ठा ॥५३॥
आषाढं रोहिणी हन्ति रौद्रं च श्रावणं हरेत् ।
पुष्यो भाद्रपदं हन्या-च्चित्राप्याश्विनवृष्टिहृत् ॥५४॥

साभ्रता तूक्ता—

चैत्रस्य शुक्लपञ्चम्यां रोहिण्यां यदि दृश्यते ।
साभ्रं नभस्तदाऽऽदेश्या गर्भस्य परिपूर्णता ॥५५॥
वैशाखे गर्जितं भूमिः सजला पवनो घनः ।
उष्णो ज्येष्ठो विशिष्टः स्यात् किमन्यैर्गर्भचेष्टितैः ॥५६॥
खं पञ्चवर्णं वैशाखे विद्युत्पाते खटत्कृतिः ।
तदातिवर्षा नभसि धान्यनिष्पत्तिरुत्तमा ॥५७॥

अथाधिकमासः—

शाके बाणकराङ्कके विरहिते नन्देन्दुभिर्भाजिते,
शेषाग्नौ च मधुश्च माधवःशिवे ज्येष्ठस्तु खे चाष्टके ।

रोहिणी, सप्तमी के दिन आर्द्रा, नवमी के दिन पुष्य और पुर्णिमाके दिन चित्रा वर्षता हुआ देख पड़े याने उस दिन वर्षाद हो तो गर्भका विनाश हो ॥५३॥ रोहिणी युक्त पंचमी के दिन वर्षा हो तो आषाढ मास में वर्षा न हो, इसी तरह आर्द्रा श्रावणमासमें, पुष्य भाद्रपदमासमें और चित्रा आश्विन मासमें वर्षाका नाश कारक है ॥५४॥ चैत्रशुक्ल पंचमीके दिन रोहिणी हो और उसी दिन आकाश बादल सहित देखनेमें आवे तो गर्भकी पूर्णता जाननी ॥ ५५ ॥ वैशाख में मेघ गर्जना हो, भूमि जलवाली हो, वर्षा हो, पवन चले और ज्येष्ठ मासमें अधिक गरमी पड़े तो श्रेष्ठ है ॥ ५६ ॥ वैशाख मास में आकाश पंच वर्णवाला हो, बिजली गिरे, तो बहुत वर्षा हो और धान्यकी उत्पत्ति उत्तम हो ॥ ५७ ॥

वर्त्तमान शकसंवत्के अंकोंमें से ९२५ घटा दो, जो शेष बचे उसमें १९ का भाग दो. जो तीन शेष रहे तो चैत्रमास अधिक जानना, ग्यारह शेष

आषाढो नृपती नभश्च शरके भाद्रश्च विश्वांशके,
नेत्रे चाश्विनकोऽधिमास उदितो शेषेऽन्यके स्यान्नहि ।५८
द्वात्रिंशत् संमितैर्मासैर्दिनैः षोडशभिस्तथा ।
चतुर्नाडीसमेतैश्च पतत्येकोऽधिमासकः ॥५९॥
यस्मिन् मासे सिते पक्षे पञ्चम्यामेव भास्करः ।
संक्रामत्यधिको मासः स स्यादागामि वत्सरे ॥६०॥
असंक्रान्तिमासोऽधिमासः स्फुटः स्याद्,
द्विसंक्रान्तिमासः क्षयाख्यः कदाचित् ।
क्षयः कार्त्तिकादित्रये नान्यतः स्यात्,
तदा वर्षमध्येऽधिमासद्वयं च ॥६१॥

यथा संवत् १७३८ वर्षे पौषमासक्षयः, आश्विनचैत्रौ वृद्धौ । न चैवं द्वात्रिंशन् मासेभ्योऽर्वागपि मलमाससम्भवः । यदा एकस्मिन् वर्षे अमावास्यान्तमासद्वये संक्रान्तिरहितत्वं स्यात्, तदा तयोरेक एव मलमासो यो द्वात्रिंशन् मासेभ्य उप-

---

रहे तो वैशाख, शून्य या आठ शेष रहे तो ज्येष्ठमास, सोलह बचे तो आषाढ, पांच बचे तो श्रावण, तेरह बचे तो भाद्रपद और दो शेष रहे तो आश्विन अधिक मास जानना। किंतु इन से अन्य शेष रहे तो कोई मास अधिक नहीं होता ॥ ५८ ॥ ३२ मास, १६ दिन और ४ घडी बीतने पर अधिक मासका संभव होता है ॥ ५९ ॥ जिस महीनेकी शुक्ल पक्षकी पञ्चमीके दिवस सूर्यसंक्रांति हो वही महीना आगेके वर्षमें अधिक मास होगा ॥ ६० ॥जिस महीनेमें सूर्यसंक्रान्ति न हो वह अधिक मास कहा जाता है । और जिसमें दो संक्रांति हो वह क्षय मास कहलाता है । प्रायः क्षयमास कार्त्तिकादि तीन महीनोंमें ही होता है और जब कभी क्षय मास होता है तो उस वर्षमें अधिकमास दो होते हैं । परन्तु यहां चान्द्र-माससे गणना करना चाहिये। अर्थात् अमावास्यासे अमावास्या पर्यन्त॥६१॥

"Aho Shrutgyanam"

रि जायते । अपरः संक्रान्तिरहितोऽपि न मलमासः, अकालाधिक्यात् कालाधिकस्यैव मलमासत्वात्, पूर्वाद् द्विमासादारभ्य द्वात्रिंशन्मासादर्वाक् यः पूर्वोऽसंक्रान्तिमासः स शुद्धोऽन्यस्तु मलमासः ।

तस्य फलम्— दुर्भिक्षं श्रावणे युग्मे पृथ्वीनाशः प्रजाक्षयः ।
भाद्रपद्वितये धान्य-निष्पत्तिः स्याद् यथेप्सितम् ॥६२॥
आश्विनद्वितये भूम्यां सैन्यचौररुजां भयम् ।
सुभिक्षं केचनाप्याहु-र्दुर्भिक्षं दक्षिणादिशि ॥६३॥
सुभिक्षं कार्त्तिकयुग्मे क्वचिद् दुःखं रणान्नृणाम् ।
मार्गशीर्षयुगे देशे जायते परम सुखम् ॥६४॥
पौषयुग्मे सुभिक्षं च मङ्गलं नृपतेर्जयः ।
राजदण्डपरो लोको लोके मतिविपर्ययः ॥६५॥
माघद्वये भुवि क्षेमं राज्यानां च भयं तथा ।
सुभिक्षं फाल्गुनयुगे क्षत्रियाणां शिवं भवेत् ॥६६॥
चैत्रद्वये शुभं धान्ये वैश्यानामुदयो महान् ।

श्रावण दो हो तो दुष्काल, पृथ्वीका नाश और प्रजाका क्षय हों । दो भाद्रपद हो तो इच्छित धान्यकी प्राप्ति हों ॥ ६२ ॥ दो आश्विन हो तो सैन्य, चोर और रोगका भय हों । कोई कहते है कि सुभिक्ष हो परंतु दक्षिण दिशामें दुर्भिक्ष हो ॥ ६३ ॥ दो कार्त्तिक हो तो सुभिक्ष हो और युद्धसे मनुष्योंको दुःख हो । दो मार्गशीर्ष हो तो परम सुख हो ॥६४॥ पौष मास दो हो तो सुभिक्ष, मंगल और राजाओंका जय हों । तथा लोक में राजदंड हो और मति विपरीत हो ॥६५॥ माघ मास दो हो तो पृथ्वी पर मंगल हो और राजाओंका भय हो । दो फाल्गुन हो तो सुभिक्ष हो और क्षत्रियों को कुशल हो ॥६६॥ चैत्र मास दो हो तो शुभ है, धान्य प्राप्ति हो और वैश्योंका अच्छा उदय हों । दो वैशाख हो तो धान्य की

"Aho Shrutgyanam"

वैशाखयुग्मे धान्यानां निष्पत्तिरशुभं क्वचित् ॥६७॥
ज्येष्ठद्वये नृपध्वंसो धान्यनिष्पत्तिरुत्तमा ।
द्वयाषाढे यथाकिञ्चित् खण्डवृष्टिः क्वचित् पुनः ॥६८॥
मासद्वादशके वृद्धेरेवं फलमुदीरितम् ।
चैत्रादि सप्तके वृद्धि-रित्येतत् प्रायिकं मतम् ॥६९॥
क्वचिद् द्विकार्त्तिके दुःखं द्विमाघेऽप्यशुभं मतम् ।
द्विफाल्गुने वह्निभय-मशुभं माधवद्वये ॥७०॥
उदये कृष्णतृतीया ततश्चतुर्थीह संक्रमो यत्र ।
तस्मादधिको मासश्चतुर्दशे मासि सम्भवति ॥७१॥

तिथिक्षयवृद्धिफलम्—

एकत्र पक्षे द्वितिथिप्रपाते, महर्घमन्नं जनमध्यवैरम् ।
तत्पक्षनाशे मरणं नृपाणां,मासक्षये म्लेच्छवती वसुन्धरा ॥७२॥
त्रयोदशदिनैः पक्षो भवेद् वर्षाष्टकान्तरे ।

निष्पत्ति हो और क्वचित् अशुभ हो ॥ ६७ ॥ ज्येष्ठ मास दो हो तो राजाका विनाश और धान्य की प्राप्ति उत्तम हो । दो आषाढ हो तो कुछ व्यथा और कहीं खंडवृष्टि हों ॥६८॥ इसी तरह अधिक बारह मासका फल कहा, परंतु चैत्रादि सात मास अधिक होते हैं ऐसा बहुत लोगोंका मत है ॥ ६९ ॥ क्वचित्— दो कार्त्तिक हो तो दुःख, दो माघ मास हो तो अशुभ, दो फाल्गुन हो तो अग्निका भय और दो वैशाख हो तो अशुभ ऐसा भी किसीका मत है ॥ ७० ॥ जिस दिन उदयमें कृष्ण तृतीया हो और पीछे चतुर्थी हो उस दिन यदि संक्रान्ति हो तो उस से चौदहवें मास अधिक मासकी संभावना होती है ॥७१॥ इति अधिक मासफल।

यदि एक ही पक्षमें दो तिथिका क्षय हो तो अनाज महँगे हो और लोकमें वैर भाव हों । पक्षका क्षय हो तो राजा का मरण हो और महीना का क्षय हो तो पृथ्वी पर म्लेच्छोंका उपद्रव हों ॥ ७२ ॥ आठ वर्ष के

"Aho Shrutgyanam"

तदा नगरभङ्गः स्या-च्छत्रभङ्गो महर्घता ॥७३॥
मतान्तरे—अनेकयुगसाहस्र्याद् दैवयोगात् प्रजायते ।
त्रयोदशदिनैः पक्ष-स्तदा संहरते जगत् ॥७४॥
यद्यन्धकारपक्षस्य त्रुटिर्मासचतुष्टये ।
निरन्तरं तदा भूम्यां सुभिक्षं विपुलं जलम् ॥७५॥
सम्पत्ते वरिसकाले पढमे पक्खे वि जइ पडेइ ।
तिही तह देसभङ्ग-रोरवं हवइ बहुलोगसंहारो ॥७६॥
पञ्चमी श्रावणे हीना सप्तमी भाद्रपादके ।
आश्विने नवमी नेष्टा पौर्णिमासी च कार्त्तिके ॥७७॥
भाद्रपदे पौषयुगे सितपक्षे पतति या तिथिस्तस्याः ।
द्विगुणदिनैर्नृपमरणं यदि वा दुर्भिक्षमतिरौद्रम् ॥७८॥
यस्मिन् मासे शुक्लपक्षे तृतीया वा चतुर्थिका ।
पतेत्तदा मुद्गघृतमहर्घत्वं भवेद् भुवि ॥७९॥

अन्तर में तेरह दिनका पक्ष होता है इसमें नगर का भंग, छत्रभंग और धान्यकी महर्घता हो ॥ ७३ ॥ मतान्तरसे— अनेक हजारों युग बीत जाने पर दैवयोगसे तेरह दिनका पक्ष होता है, इसमें जगत् का नाश होता है ॥ ७४ ॥ यदि चौमासेके चार मासमें कृष्णपक्षका क्षय हो तो भूमि पर सर्वदा बहुत वर्षा हो और सुभिक्ष हो ॥ ७५ ॥ यदि वर्षा कालमें प्रथम पक्ष याने शुक्लपक्षमें तिथिका क्षय हो तो देशका नाश, घोर उपद्रव और मनुष्योंका संहार हो ॥ ७६ ॥ श्रावणमें पंचमी, भादोमें सप्तमी, आश्विनमें नवमी और कार्त्तिकमें पूर्णिमाका क्षय हो तो अनिष्ट है ॥ ७७ ॥ भाद्रपद, पौष और माघ मासमें शुक्लपक्षकी तिथिका क्षय हो तो उससे दूगुने दिनों में राजा का मरण अथवा महा घोर दुर्भिक्ष हो ॥ ७८ ॥ जिस महीने में शुक्लपक्षकी तृतीया या चतुर्थीका क्षय हो तो उस महीनेमें पृथ्वी पर मूंग और घी महँगे हों ॥७९॥ भाद्रपद पौष और माघ मासमें उपरोक्त तिथिका

"Aho Shrutgyanam"

भाद्रे पौषे तथा माघे विशेषेण महर्घता ।
यन्मासे दशमीच्छेद-स्तदा घृतमहर्घता ॥८०॥
श्वेतपक्षे प्रतिपदा पञ्चमी वा चतुर्दशी ।
वर्द्धिता चेत् सुभिक्षाय छिन्ना दुर्भिक्षकारिका ॥ ८१ ॥
चतुर्दशीत आषाढी हीना वर्षे यदा भवेत् ।
भावाश्रयेण तद्धान्यं महर्घं च समे समः ॥८२॥
आषाढी त्वधिका तस्या समर्घं तु तदा मतम् ।
संवत्सरस्य वर्त्तिन्याः शून्यमाने तु निष्कणम् ॥ ८३ ॥
चैत्राद् भाद्रपदं याव-च्छुक्लपक्षे यदा त्रुटिः ।
तदा क्वचिन्नोपपत्ति-रल्पधान्योदयः क्वचित् ॥ ८४ ॥
आर्द्रा ज्येष्ठे नष्टचन्द्रे प्रथमायां पुनर्वसुः ।
द्वितीया पुष्यसंयुक्ता जलं धान्यं तृणं न च ॥ ८५ ॥
कृष्णपक्षे श्रावणस्यैकादश्यां रोहिणी च भम् ।
यावद् घटीप्रमाणं स्याद् धान्ये तावद् विशोपकाः ॥८६॥
आदित्याद् वारगणनात् प्रतिपत्प्रमुखा तिथिः ।

क्षय हो तो विशेष करके अन्नादिककी तेजी हो । जिस मासमें दशमी का क्षय हो तो घी महँगा हो ॥८०॥ शुक्लपक्षमें प्रतिपदा, पंचमी या चतुर्दशी बढे तो सुभिक्ष और घटे तो दुर्भिक्ष करें ॥ ८१ ॥ जिस वर्षमें यदि चतुर्दशीसे आषाढ पूर्णिमा हीन हो तो अन्न महँगा हो और सम हो तो समान भाव रहे ॥ ८२ ॥ यदि अधिक हो तो अन्न सस्ते हों और क्षय हो तो धान्य प्राप्ति न हो ॥८३॥ यदि चैत्रमाससे भाद्रपद तक शुक्लपक्षमें तिथि का क्षय हो तो कचित् ही थोड़ी धान्य प्राप्ति हो ॥ ८४ ॥

ज्येष्ठ मासकी अमावस के दिन आर्द्रा, पड़वा के दिन पुनर्वसु और द्वितीयाके दिन पुष्य नक्षत्र हो तो तृण, धान्य और जलका अभाव हो ॥ ८५ ॥ श्रावण मासकी कृष्ण एकादशीके दिन रोहिणी नक्षत्र जितनी घडी हो, उतने ही प्रमाण धान्य का विशोपका (विश्वा) जानना ॥८६॥

"Aho Shrutgyanam"

अश्विन्यादि च नक्षत्रं संमील्य द्विगुणीकृतम् ॥ ८७ ॥
त्रिभिर्भागैर्द्वयं शेषं तदा सुभिक्षमादिशेत् ।
शून्ये भवति दुर्भिक्ष-मेकशेषे शुभाशुभम् ॥ ८८ ॥
आषाढमासे प्रथमे च पक्षे, दृष्टे निरभ्रे रविमण्डले च ।
नैवाशनिर्नैव भवेच्च वर्षा, मासद्वयं वर्षति वासवस्तु ॥ ८९ ॥
षष्ठी यदर्कवारेण यन्मासे यत्र पक्षके ।
अन्नं घृतं महर्घं स्याद् न्यूने न्यूनं तिथौ ततः ॥ ९० ॥
आश्विने च सिते पक्षे दशम्यादिदिनत्रये ।
गर्जितं विद्युतं कुर्यात् तद्गोधूमविनाशकम् ॥ ९१ ॥
ज्येष्ठे मूलं पूर्णिमायां शुभं वर्षं हिताय तत् ।
मध्यमं प्रतिपद्योगे द्वितीयायां तु दुःखकृत् ॥ ९२ ॥
उक्तम्—ज्येष्ठे मूलं द्वितीयायां सर्वबीजविनाशकृत् ।
अवृष्ट्या चातिवृष्ट्या वा इत्येवं मुनिरब्रवीत् ॥ ९३ ॥

रविवारसे वार प्रतिपदा आदि गत तिथि और अश्विनी आदि गत नक्षत्र, इनको जोड़कर दूना करो ॥ ८७ ॥ पीछे इसमें तीन का भाग दो, यदि दो शेष बचे तो सुभिक्ष, शून्य शेष बचे तो दुर्भिक्ष, और एक शेष बचे तो शुभाशुभ (समान) जानना ॥ ८८ ॥ आषाढ मासके शुक्लपक्ष में रवि मण्डल यदि बादल रहित हो तथा गाज वीज या वर्षा न हो तो आगे दो महीने तक वर्षा हो ॥८९॥ जिस महीनेमें जिस पक्षमें षष्ठी यदि रविवार युक्त हो तो घी और अन्न महँगे हों, तिथि थोड़ी हो तो थोड़ा और अधिक हो तो अधिक तेज हो ॥९०॥ आश्विन मासके शुक्लपक्ष में दशमी आदि तीन दिन गर्जना और बिजली हो तो गेहूँ का नाश हो ॥ ९१ ॥ ज्येष्ठ मासकी पूर्णिमाके दिन मूल नक्षत्र हो तो वर्ष भर शुभ करे, प्रतिपदा के दिन हो तो मध्यम और द्वितीया के दिन हो तो दुःखकारक होता है ॥ ९२ ॥ कहा है कि— ज्येष्ठ मासकी दूज के दिन मूलनक्षत्र हो तो

"Aho Shrutgyanam"

अत्रेदं विचार्यं मासः शुक्लादिः कृष्णादिर्वा, यदि शुक्लादिस्तदा-

यदि भवति कदाचित् कार्तिके नष्टचन्द्रे,
शनिकुजरविवारे ज्येष्ठमासेऽपि दर्शे।
त्रिगुणगुणविलकोद्‌ रत्नतुल्यं च धान्यम्,
बुधगुरुभृगुचन्द्रे मृत्तिकातुल्यमन्नम् ॥९४॥

ग्रन्थान्तरे—

यदि भवति कदाचित् कार्तिके नष्टचन्द्रे,
शनिकुजरविवारे स्वातिनक्षत्रयोगः।
इहभवति तथायु-ष्माश्च योगस्तृतीयः,
क्षयविलयविपत्तिः छत्रभङ्गस्त्रिपक्षे ॥९५॥

लोकेऽपि—काती वदि अमावसी, रवि शनि मङ्गल होय।
स्वाति आयुष्मान् जो मिले, दुरभिख छत्रभंग जोय।।९६॥
श्रावणे प्रथमे पक्षे ह्यश्विन्यां जलं भवेत्।

सब प्रकारके बीजोंका नाश करे, वर्षा न हो या अतिवृष्टि हो, ऐसा मुनियों ने कहा है ॥ ९३ ॥ यहां शुक्लादि या कृष्णादि मास का विचार करना, यदि शुक्लादि हो तो— कार्तिक मासकी अमावस के दिन शनि मंगल या रविवार हो ऐसे ज्येष्ठ मासकी अमावस के दिवस भी शन्यादि हों तो रत्नके तुल्य धान्य बिके अर्थात् बहुत महँगे हों। यदि बुध, गुरु, शुक्र और चन्द्र वार हो तो मृत्तिका तुल्य अर्थात् अत्यन्त सस्ता धान्य बिके ॥९४॥ अन्य ग्रन्थमें— यदि कार्तिककी अमावस शनि, मंगल या रविवार को हो तथा स्वाति नक्षत्र और आयुष्मान् योग भी हो तो क्षय, प्रलय, विपत्ति हो और तीन पक्षमें छत्रभंग हो ॥९५॥ लोक भाषामें भी कहा है कि— कार्त्तिक कृष्ण अमावास्या रवि, शनि या मंगलवार को हो तथा साथ में स्वातिनक्षत्र और आयुष्मान् जोग भी हो तो दुर्भिक्ष तथा छत्रभंग हो ॥९६॥ श्रावणके प्रथम पक्षमें यदि अश्विनी नक्षत्रके दिन जल बरसे तो दुर्भिक्षकारी

"Aho Shrutgyanam"

तदातीव सुभिक्षं स्यादपयोगेषु च सत्स्वपि ॥९७॥

शुक्लस्य प्रथमत्वेऽश्विन्या असम्भव एव । 'आषाढां धुरि अष्टमी' इत्यग्रे वक्ष्यमाणमपि न मिलति । कृष्णाष्टम्या लक्षणे 'धुरि' इति शब्दवाच्यस्यादरभावात्। अन्यदपि आषाढकृष्णपक्षस्य तिथिवाराभ्रादिसर्वं चतुर्मासमध्ये वीक्षणीयं स्यात् । ज्येष्ठामावासीचिह्नं चाषाढपूर्णिमायाः प्राक् षोडशदिने च ।

एतेन ज्योतिःशास्त्रोक्तं मासश्चैत्रः सितादिति ।
कथितं तत्प्रमाणं स्यान्मेघमालाविदां पुनः ॥९८॥

यद्यपि लोके–

धुरि अजुआलो पक्खडो, पिछै अंधारो होइ ।
इणपरि जोइसगणि सदा, मकरिस सांसो कोइ ॥९९॥

तथा मेघमालायामपि—

पौषस्य कृष्णसप्तम्यां यद्यभ्रैर्वेष्टितं नभः ।

दुष्ट योगों के होने पर भी अत्यन्त सुभिक्ष होता है ॥ ९७ ॥ यहां पहला शुक्लपक्ष में अश्विनी नक्षत्र का असंभव होता है । आषाढ कृष्ण अष्टमी का फल जो आगे कहेंगे वह भी नहीं मिलता । कृष्णाष्टमी लक्षण में धुरि शब्द है वह शब्द वाचक है । दूसरी जगह भी आषाढ कृष्णपक्ष से चतुर्मास माना जाता है । तिथि वार और बादल आदि सब चातुर्मास में देखना चाहिये । ज्येष्ठ अमावस आषाढ पूर्णिमा के पहले सोलह दिन पर माना है । यही ज्योतिश्शास्त्रों में मास की गणना चैत्र शुक्लपक्ष से माना है और यही प्रमाण मेघमाला के जानकार भी कहते हैं ॥९८॥ लोकभाषा में भी कहा है कि पहला शुक्लपक्ष और पीछे कृष्णपक्ष होता है, इसमें ज्योतिषियोंको शंका नहीं करना चाहिये ॥९९॥ मेघमालामें भी कहा है कि पौष मास की कृष्ण सप्तमी के दिन आकाश

"Aho Shrutgyanam"

अष्टमासवशाद् युक्तो दिव्यगर्भः प्रजायते ॥१००॥
श्रावणे शुक्लपक्षे स्यात् स्वातीऋक्षेण सप्तमी ।
तत्र वर्षति पर्जन्यः सत्यमेतद् वरानने ! ॥१०१॥

अत्र शुक्लादिमासपक्ष एव गर्भपाकस्तत्फलं चोक्तम्, तथा कृष्णपक्षादिमासमतेऽपि । अष्टमासवशादिति कथनादेव तन्मतं दृढीकृतं पौषकृष्णपक्षादित्वेन श्रावणशुक्लेऽष्टमासीभावात् । अत एव चैत्रस्यान्ते कृष्णपक्षमाश्रित्य चैत्रोऽयं बहुरूप इत्युक्ति-र्ज्योतिर्मतेन, तदा कृष्णपक्षादिमतेन वैशाखात्, तत्र पञ्चरूपताया युक्तत्वात्, तेनैव कार्त्तिकामावास्यां वीरनिर्वाणात् । सिद्धान्ते कृष्णपक्षादिर्मासः । पूर्णो मासो यस्यां सा पौर्णमासीति सत्योक्तिः । अत्रापि सम्मतिर्यथा–

पौषे मूलाद् भरण्यन्तं चन्द्रचारेण साभ्रके ।

बादलों से घेरे हुए हो तो आठ मासका सुंदर गर्भ होता है ॥ १०० ॥ हे श्रेष्ठ मुखवाली! श्रावण मासका शुक्ल पक्षमें सप्तमीके दिन स्वाति नक्षत्र हो तो अवश्य वर्षा होती है ॥ १०१ ॥

यहां जैसे शुक्लादि मास और पक्ष में गर्भ पाक का फल कहा वैसे कृष्णादि मासमें भी यही मत (अभिप्राय) समझना । आठ मास ऐसा कहा है जिससे पौष कृष्ण पक्षसे श्रावण शुक्ल पक्ष तक आठ मास हो जानेसे यही मत निश्चय किया । इसलिये चैत्रमास के अंत में कृष्ण पक्ष आश्री 'चैत्रोऽयं बहु रूप' ऐसी युक्ति ज्योतिष मतसे है, क्योंकि ज्योतिष सिद्धान्तों में शुक्लादि मास माना है और कृष्ण पक्षादिके मतसे वैशाख माससे वर्षा के गर्भ पंच रूप (वायु, गर्जना, विद्युत आदि) समझना । कार्त्तिक अमावास्याके दिन श्रीमहावीरजिनवरका निर्वाण होनेसे सिद्धान्तमें कृष्णादि मास की प्रवृत्ति है. जिस समय महीना पूर्ण हो उसको पूर्णमासी कहते है यह सत्य उक्ति है । पौष मास में मूलसे भरणी तक चन्द्रनक्षत्रों में आकाश

"Aho Shrutgyanam"

आर्द्रादौ च विशाखान्तं रविचारेण वर्षति ॥१०२॥
न चैवं शुक्लपक्षाद्यैः पौषेऽपि मूलसङ्गतिः ।
तया गर्भोदयो ज्ञेय इति वाच्यं वचस्विना ॥१०३॥
मूलादि गर्भहेतुः स्याद् नक्षत्रं धन्वगे रवौ ।
सम्बन्धाद् धनुषः पौषे कृष्णादौ चापगो रविः ॥१०४॥

उक्तं मेघमालायाम्—

धन्वराशौ स्थिते सूर्ये मूलाद्या गर्भधारणाः ।
गर्भोदयाद् ध्रुवं वृष्टिः पञ्चोनत्रिशतिदिनैः ॥१०५॥
दिनसंख्यानुसाराच्च वर्षत्यत्र न संशयः ।
मूलाद् वर्षति चार्द्राभं पूषायाश्च पुनर्वसुः ॥१०६॥
उषाया गर्भतः पुष्यं श्रवणात् सर्पदैवतम् ।
धनिष्ठाया मघावृष्टि-र्वारुणात् पूर्वफाल्गुनी ॥१०७॥

बादलोंसे घेरा हुआ हो याने बादल सहित हो तो आर्द्रासे विशाखा तक सूर्यनक्षत्रों में वर्षा हो ॥१०२॥ यहां शुक्ल या कृष्ण पक्षका विचार नहीं करना, पौष मासमें जबसे मूल नक्षत्र पर सूर्य हो तबसे गर्भकी वृद्धि समझना ऐसे विद्वान् लोग कहते हैं ॥१०३॥ धनुराशि पर सूर्य आने से मूलादि नक्षत्र गर्भके हेतु होते हैं । पौष मासमें धनुराशि का संबंध से कृष्णादिमें धनुः संक्रान्ति आती है ॥ १०४ ॥

धनुराशि पर सूर्य आनेसे मूल आदि नक्षत्र गर्भको धारण करनेवाले होते हैं । गर्भका उदय होनेसे १९५ दिनोंमें निश्चयसे वर्षा होती है ॥१०५॥ दिन संख्या तुषार (हीम) गिरने लगे वहां से गिनना, उपरोक्त दिन पर अवश्य वर्षा होती है इसमें संशय नहीं । मूल नक्षत्रका गर्भसे आर्द्रा नक्षत्र में वर्षा होती है, ऐसे पूर्वाषाढाका गर्भसे पुनर्वसुमें ॥१०६॥ उत्तराषाढा का गर्भसे पुष्य नक्षत्रमें, श्रवणका गर्भसे आश्लेषा में, धनिष्ठाका गर्भ से मघामें, शतभिषा का गर्भसे पूर्वाफाल्गुनी में वर्षा होती है ॥१०७॥ पूर्वाभाद्रपदका

"Aho Shrutgyanam"

पूर्वभद्रपदागर्भाद् वृष्टिरार्यमदैवते ।
उभायां हस्तवर्षा स्याद् रेवत्यां त्वाष्ट्रवर्षणम् ॥१०८॥
आश्विन्यां स्वातिवर्षा स्याद् भरण्यां तु द्विदैवतम् ।
पूर्णगर्भे भवेद् वृष्टिः सर्वलोकाः सुखावहाः ॥१०९॥
एवं च गर्भपूर्णत्वं कृष्णपक्षक्रमाद् भवेत् ।
पौषादिज्येष्ठमासान्ता षण्मास्यर्द्धं शुचेः पुनः ॥११०॥

अत्रोदाहरणं–संवत् १७३७ वर्षे पौषकृष्णचतुर्थ्यां धनुष्यर्कः ५४, ततः संवत् १७३८ वर्षे कृष्णपक्षादिके आषाढे अमावास्यां रौद्रे रविः १४ । इति गर्भसम्पूर्णता ।

वृष्टौ चार्द्राया एव मुख्यत्वं तथा चोक्तं प्राक् 'मेषसंक्रान्तिकालात्तु' इत्यादि । लोकेऽप्याह—

मिगसर वाय न वाइआ अद्द न वूठा मेह ।
तो जाणेवो भड्डली, वरसइ आयो वेह ॥१११॥

ग्रन्थान्तरेऽपि—

मेषराशिगते सूर्ये अश्विनीचन्द्रसंयुता ।
यदा प्रवर्षति देवि ! मूलगर्भो विनश्यति ॥११२॥
भरण्याः सर्पदेवान्तं क्रमेण वर्षणे प्रिये ! ।

गर्भसे उत्तराफाल्गुनिमें, उत्तराभाद्रपदाका गर्भसे हस्तमें, रेवती का गर्भ से चित्रामें वर्षा होती है ॥ १०८ ॥ अश्विनीका गर्भसे स्वातिमें और भरणी का गर्भसे विशाखामें गर्भकी पूर्णता से वर्षा होती है, और सब लोग सुखी होते हैं ॥१०९॥ इसी तरह कृष्ण पक्षादिका क्रमसे पौषसे ज्येष्ठ तक छ महीने और आधा आषाढ मासमें गर्भकी पूर्णता होती है ॥ ११० ॥

मार्गशिरमासमें वायु न चले और आर्द्रा में वर्षा न हो तो वर्ष अच्छा न हो ॥१११॥ मेषराशि पर सूर्य हो तब चंद्रमा का अश्विनी [illegible] में यदि वर्षा हो तो मूलनक्षत्रके गर्भका विनाश होता है ॥ ११२ ॥ [illegible] भरणी (नक्षत्रों में आ

पूर्वाषाढादि पौष्णान्तं गर्भश्चैवं विनश्यति ॥११३॥
पञ्चमे पञ्चमे स्थाने गर्भः पतति चाव्ययात् ।
आर्द्राप्रवर्षणं देवि ! गर्जने वा कथञ्चन ॥११४॥
सर्वे गर्भाश्च विज्ञेया तत्रैव वृष्टिकारकाः ।
आर्द्रादिपञ्चके दृष्टे छिद्रं वर्षति माधवः ॥११५॥

न चैवं गर्भनियमः स्यान्मासाष्टकनिमित्तेन चतुष्टयमभीष्टदमिति मेघमालावचनात्, निमित्तरूपगर्भसंख्यायां न्यूनाधिकत्वस्यापि दर्शनात् । यदाहुः श्रीहीरविजयसूरयः स्वमेघमालायाम्—

कत्तिय बारसि गब्भा छाया, आसाढां धुरि बरसे आया ।
मिगसिर पञ्चमि मेघाडंबर, तो बरसे सघलो संवच्छर ।११६।

इति कृतं प्रसङ्गेन प्रकृतमनुस्त्रियते—

पूर्वात्रयं रोहिणी च हस्तश्च प्रतिपद्दिने ।
पक्षादौ वारुणं नेष्टं सर्वधान्यमहर्घकृत् ॥११७॥
आग्नेयं पौष्णयुगलं मूलश्चेत् प्रतिपद्दिने ।

नक्षत्रसे आश्लेषा तक नक्षत्रोंमें किसी भी दिन वर्षा हो तो क्रमसे पूर्वाषाढा से रेवती नक्षत्र तकके गर्भका विनाश होता है ॥ ११३ ॥ पांचवें २ मास में स्थिरगर्भका पात हो जाता है । कभी आर्द्रा में वर्षा हो या गर्जना हो तो गर्भपात होता है ॥ ११४ ॥ जहां गर्भ हो वहां सब वृष्टि करनेवाले जानना। आर्द्रादि पांच नक्षत्रोंमें वर्षा बरसती है ॥ ११५ ॥ कार्त्तिकमासकी द्वादशी के दिन गर्भ आच्छादित हो तो आषाढ में निश्चयसे वर्षा हो और मार्गशीर्ष पंचमीके दिन भी वर्षाका आडंबर हो तो सम्पूर्ण वर्षमें वर्षा हो ॥ ११६ ॥

पक्षकी आदिमें प्रतिपदा के दिन यदि तीनों पूर्वा, रोहिणी, हस्त और शतभिषा [illegible] त्र हो तो सब प्रकारके धान्य तेज हों ॥ ११७ ॥ कृत्तिका, रेवती, [illegible] और मूल ये नक्षत्र हों तो समान भाव रहे और बाकी के

"Aho Shrutgyanam"

तदा धान्ये समार्घत्वं शेषऋक्षे समर्घता ॥११८॥

अथ दिनविचारः—

बावन्ने दुब्भिक्खं तेवन्ने होइ मज्झिमं कालं ।
चउवन्ने समभावं पञ्चावन्ने य सुभिक्खं ॥११९॥
द्विपञ्चाशद् युते वर्षे दिवसानां शतत्रये ।
सुभिक्षं केचिदप्याहुः परं देशेषु विग्रहः ॥१२०॥
बाणेषुत्रिदिनैः कालो मध्यमोऽद्रिशरत्रिभिः ।
वर्षे खषट्त्रिभिः श्रेष्ठं सुभिक्षं तत्र निश्चितम् ॥१२१॥

अथ रोहिणीवृष्टौ दिनमानवर्षणस्य—

रविणा भुज्यमानायां रोहिण्यां मेघवर्षणे ।
द्वासप्ततिदिनान्यब्द-वृष्टिर्नाद्यदिने तदा ॥१२२॥
द्वितीयदिवसे वृष्टा-वष्टपञ्चाशता दिनैः ।
वृष्टिरोधस्तृतीयेऽह्नि चत्वारिंशन्नवोत्तराः ॥१२३॥

नक्षत्र हों तो सस्ते हों ॥ ११८ ॥

यदि ३५२ दिनका वर्ष हो तो दुर्भिक्ष, ३५३ दिनका वर्ष हो तो मध्यम, ३५४ दिनका समान और ३५५ दिनका हो तो सुकाल जानना ॥ ११९ ॥ कोई ऐसा भी कहते हैं– ३५२ दिनका वर्ष हो तो सुकाल हो, परंतु देश में विग्रह हो ॥ १२० ॥ ३५५ दिनका वर्ष हो तो काल, ३५७ दिनका मध्यम और ३६० दिनका वर्ष श्रेष्ठ तथा निश्चयसे सुभिक्ष कारक होता है॥ १२१ ॥

जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र का भोग कर रहे हो अर्थात् जितने समय रोहिणी नक्षत्र पर सूर्य रहे, इतने समयमें कभी वर्षा हो तो उसका फल कहते है– यदि प्रथम दिन वर्षा हो तो उसके पीछे ७२ दिन तक वर्षा न बरसे बादमें बरसे ॥ १२२ ॥ दूसरे दिन वर्षा हो तो ५८ दिन तक वर्षा न बरसे । तीसरे दिन वर्षा हो तो ४९ दिन तक वर्षा न बरसे ॥ १२३ ॥ चौथे दिन वर्षा हो तो ४२ दिन वर्षा न हो । पांचवें दिन वर्षा,

"Aho Shrutgyanam"

त्रिचत्वारिंशत् तूर्येह्नि वृष्टौ वृष्टिर्न जायते ।
पञ्चमे त्रिंशदेवात्र नवाहम्सहिता मता ॥१२४॥
चतुस्त्रिंशद्दिनानां हि षष्ठेऽह्नि नहि वर्षणम् ।
एकत्रिंशत् सप्तमेऽह्नि नवमे चाष्टविंशतिः ॥१२५॥
दशमेऽह्नि चतुर्विंश-त्येकादशदिनेऽम्बुदे ।
दिनानामेकविंशत्या षोडशद्वादशेऽहनि ॥१२६॥
त्रयोदशदिने वृष्टौ दिनद्वादशके पुनः ।
वृष्टिरोधः पयोदस्य ततो मेघमहोदयः ॥१२७॥

मतान्तरे—

पहिले चरण पहोत्तर दीह, बीजे बासट्ठि न टले लीह ।
तीजे बावन्न चोथ बयाल, रोहिणी खंच करे तिणकाल ॥१२८

अथ वृष्टिसर्वोमदिनसंख्या—

पञ्चाशद्दिवसा वृष्टि-र्वर्षदीपोत्सवे रवौ ।

हो तो ३६ दिन वर्षा न हो ॥ १२४॥ छट्ठे दिन वर्षा हो तो ३४ दिन वर्षा न हो । सातवें दिन वर्षा हो तो ३१ दिन वर्षा न हो । नववें दिन वर्षा हो तो २८ दिन वर्षा न हो ॥ १२५॥ दशवें दिन वर्षा हो तो २४ दिन वर्षा न हो । ग्यारहवें दिन वर्षा हो तो २१ दिन बाद वर्षा हो । बारहवें दिन वर्षा हो तो १६ दिन बाद वर्षा हो ॥ १२६ ॥ तेरहवें दिन वर्षा हो तो १२ दिन तक वर्षा न हो, बादमें वर्षा हो ॥ १२७॥ प्रकारान्तरसे—रोहिणीके प्रथम चरण पर सूर्य रहने पर वर्षा हो तो ७२ दिन नहीं बरसे बाद वर्षा बरसे । दूसरे चरणमें वर्षा हो तो ६२ दिन बाद वर्षा हो । तीसरे चरणमें वर्षा हो तो ५२ दिन और चौथे चरणमें वर्षा हो तो ४२ दिन तक वर्षा न हो बाद वर्षा बरसे ॥ १२८॥

यदि दीपमालिका (दीवाली) के दिन रविवार हो तो उस वर्षमें ५० दिन वर्षा हो । सोमवार हो तो १०० दिन, मंगलवार हो तो ४० दिन

"Aho Shrutgyanam"

सोमे दिनशतं वृष्टिश्चत्वारिंशाच मङ्गले ॥१२९॥
बुधे षष्टिदिनैर्वृष्टि-रशीति दिवसा गुरौ।
शुक्रे दिनानां नवतिः शनौ विंशतिरेव च ॥१३०॥

तिथिवारमध्ये रोहिणीदिनफलम्—

पक्षान्तः प्रतिपद्दिने भवति चेद् ब्राह्मो तदा चिन्तितः,
कालस्तत्परतः सुभिक्षमशनं स्तोकं तृतीयादिने।
धान्यं भूरितरं तुरीयदिवसे किञ्चिन्न किञ्चित् पुनः,
पञ्चम्यां गगनेऽतिवार्दलघन-च्छायाथ षष्ठीदिने ॥१३१॥
सप्तम्यां जलशोष उत्तरदिशि स्यादन्ननाशोऽष्टमी-
तिथ्यां कष्टमतीव वाणिजकुले भूम्यां नवम्यां भवेत्।
सौभिक्ष्यं दशमीदिने जनभयं धान्यं महर्घं तथै-
कादश्यां वणिजां भयं परिभवः स्याद् द्वादशीसङ्गमे।१३२।
वृष्टिः स्वल्परसा त्रयोदशादिने वर्षा पुनर्भूयसी,
नूनं भूततिथौ जलं नभसि न स्यात् पूर्णिमादर्शयोः।

वर्षा हो ॥१२९॥ बुधवार हो तो ६० दिन, गुरुवार हो तो ८० दिन, शुक्रवार हो तो ९० दिन और शनिवार हो तो २० दिन वर्षा बरसे ॥१३०॥

पक्षके अन्तमें एकमके दिन रोहिणी नक्षत्र पर सूर्य आवे तो दुष्काल, दूजके दिन रोहिणी हो तो सुभिक्ष, तीजके दिन हो तो थोड़ी अन्न प्राप्ति, चोथके दिन हो तो अधिक अन्न प्राप्ति, पंचमीके दिन हो तो कुछ भी अन्न न हो या थोडासा हो, छठके दिन हो तो आकाश मेघाडंबरसे आच्छादित रहे ॥ १३१ ॥ सप्तमीके दिन रोहिणी हो तो उत्तर दिशा में जल सूख जाय, अष्टमीके दिन हो तो अन्नका नाश हो, नवमीके दिन रोहिणी हो तो भूमि पर वणिक् कुलको अधिक कष्ट पड़े। दशमीके दिन हो तो सुकाल, एकादशीके दिन हो तो धान्य महँगे और मनुष्योंको भय हो, द्वादशीके दिन हो तो वैश्योंको भय और परिभव हो, तेरसके दिन हो तो थोडा रसवाली

"Aho Shrutgyanam"

दुर्भिक्षं च सुभिक्षमग्निदहनं रोगाः शिशूनां मृति-
र्वृष्टिः काल इति क्रमात् प्रथमतो वृष्टे घनेऽर्कादिषु ।१३३।
ज्येष्ठमासे तथाषाढे गाढे वृष्टे घनाघने ।
फलमेतदुपाख्यायि मेघोदयनिवेदिभिः ॥१३४॥

प्रथमवृष्टिदिनफलम् —

चैत्रस्य कृष्णपञ्चम्या आरभ्य दिवसा नव ।
खे नैर्मल्यं तदार्द्रादि-नवके विपुलं जलम् ॥१३५॥
अत्र पक्षे विनिर्णयः स्वदेशव्यवहारतः ।
मरौ फाल्गुनपूर्णायाः परश्चैत्रः सितेतरः ॥१३६॥
गूर्जरत्रादिषु पुनः स्वपूर्णायाः परोऽसितः ।
सर्वमासफलं चैवं यथायोग्यं विचार्यते ॥१३७॥
सितपक्षादिके चैत्रे मीने सूर्यसमागमे ।

वर्षा हो, चौदशके दिन हो तो बहुत वर्षा, पूर्णिमा और अमावस के दिन रोहिणी हो तो आकाशमें जल प्राप्ति न हो । सूर्यादि वारों में रोहिणी पर सूर्य आवे तो क्रमसे दुष्काल, सुकाल, अग्निदाह, रोग, बालकों की मृत्यु, वर्षा और दुष्काल ये फल हों ॥१२३॥ ज्येष्ठ तथा आषाढमें रोहिणी नक्षत्र पर जिस दिन सूर्य आवे उस दिन यदि घनघोर वृष्टि हो जाय तो पूर्वोक्त समग्र फल मेघमहोदयको जाननेवालेने कहा है ॥ १२४ ॥

चैत्रमासमें कृष्ण पंचमीसे नव दिन तक आकाश निर्मल हो तो आर्द्रा आदि नव नक्षत्रोंमें वर्षा अच्छी हो ॥१३५॥ यहां अपने अपने देशके व्यवहार से पक्षका निर्णय करना— मारवाड आदि देशोंमें फाल्गुन पूर्णिमा के पीछे चैत्र कृष्णपक्ष मानते हैं ॥ १३६ ॥ और गुजरात आदि देशों में अपने मास की पूर्णिमा के पीछे कृष्णपक्ष माना जाता है, इसी तरह यथायोग्य व्यवहारके अनुकूल समस्त मासका फल विचारना ॥१३७॥ चैत्र शुक्लपक्ष में मीनराशि पर सूर्य आने से मूल आदि नव नक्षत्र निर्मल हो तो वर्षा

"Aho Shrutgyanam"

मूलादिनवनक्षत्र-नैर्मल्ये वत्सरः शुभः ॥१३८॥

'मेषसंक्रान्तिकालात्तु' इत्यादि । लोके पुनर्विशेषः–

चैत्र अजुआली चउथथी, मेस थका नव दीह ।
जल आभु विज्जु लवे, तो कुडंबी मम बीह ॥१३९॥

वैशाखमासे प्रतिपद्दिनाच्चे-न्मेघोदयः सप्तदिनानि यावत् ।
अभ्रेषु गर्जो घनविद्युदादि, तदा सुभिक्षं मुनयो वदन्ति ।१४०।

माघमासस्य सप्तम्यां पञ्चम्यां फाल्गुनस्य च ।
चैत्रस्यापि तृतीयायां वैशाखे प्रथमेऽह्नि ॥१४१॥

मेघस्य गर्जितं श्रुत्वा जलदस्य तु दर्शने ।
चतुरो वार्षिकान् मासान् जलवृष्टिं तदा वदेत् ॥१४२॥

हीरसूरयस्त्वाहुः—

कत्तियमासह बारसइ, मगसिर दसमी भाल ।
पोसहमासि पंचमी, सत्तमी माह निहाल ॥१४३॥

जइ वरसे विज्जु लवे, अह उन्नमण करेय ।
मासा च्यारे पावसह, धाराधरवरिसेय ॥१४४॥

अच्छा होता है ॥ १३८ ॥ चैत्र मासकी शुक्ल चतुर्थीके बाद मेष संक्रान्ति से नव दिन वर्षा हो या बिजली चमके तो हे कृषिकार ! तुम डर नहीं ॥ १३९ ॥ वैशाख मासमें प्रतिपदासे सात दिन तक मेघ का उदय हो, गर्जना हो, वर्षा और बिजली आदि हो तो सुभिक्ष होता है ऐसा मुनियों ने कहा है ॥ १४० ॥ माघमासकी सप्तमी, फाल्गुनकी पंचमी, चैत्र की तृतीया और वैशाखका प्रथम दिन ॥१४१॥ इनमें मेघकी गर्जना हो और उनका दर्शन भी हो तो चौमासेके चार मासमें वर्षा अच्छी होती है ॥१४२॥ श्रीहीरविजयसूरिने भी कहा है कि— कार्त्तिक मासकी बारस, मार्गशीर्षकी दशमी, पौष मासकी पंचमी और माघ मासकी सप्तमी ॥१४३॥ इन दिनों में यदि वर्षा हो, बिजली चमके तो चौमासेमें धाराबंध वर्षा हो ॥१४४॥

"Aho Shrutgyanam"

एवं शाकसमायनादिसमयं ज्योतिर्विदां वाङ्मयाद्,
नित्याभ्यासवशाद् विमृश्य सुदृढं प्राज्यप्रभाभासुरः ।
श्रीमन्मेघमहोदयं सविजयं जानाति नातिश्रमाद् ,
भूपानामनुरञ्जनात् स लभते सिद्धिं सदा सम्पदाम् ॥१४५॥

इति श्रीमेघमहोदयसाधने वर्षबोधे तपागच्छीय-महोपाध्याय-श्रीमेघविजयगणिविरचितेऽयनमासपक्षनिरूपणनामा षष्ठोऽधिकारः ।

अथ वर्षराजादिकथने सप्तमोऽधिकारः ।

अथ अगस्तिद्वारम्—

अथ यदि समुदेति चेतिमानं दधानः,
सकलकलशजन्मा सिन्धुपानप्रधानः ।
भगवति भगदैवे भे स्थिते पद्मिनीशे,
निशि दिशि दिशि लक्ष्म्यै स्यादयं सप्तमेऽह्नि ॥१॥

इस प्रकार शकसंवत्सर अयन आदि समयको ज्योतिर्विदों के शास्त्रों से और हमेशाके अभ्यासवशसे प्रभावशाली ज्योतिषी अच्छी तरह विचार कर के सफलीभूत ऐसा मेघमहोदय को थोड़ा परिश्रम से जानता है, और वह राजाओंको खुश करके हमेशा सिद्धि और संपदाको प्राप्त करता है ॥ १४५ ॥

सौराष्ट्रराष्ट्रान्तर्गत-पादलिप्तपुरनिवासिना पण्डितभगवानदासाख्यजैनेन विरचितया मेघमहोदये बालावबोधिन्याऽऽर्यभाषया टीकितोऽयन-मासपक्षनिरूपणनामा षष्ठोऽधिकारः ।

जब सूर्य पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र पर आवे तब उससे सातवें दिन रात्रि में प्रकाशको धारण करनेवाला और समुद्रको पीजानेमें प्रधान ऐसा अगस्ति ऋषिका उदय हो तो चारोंही दिशामें लक्ष्मीके लिये शुभ होता है ॥ १॥

"Aho Shrutgyanam"

यद्युदेति दिने प्रातः पीताब्धिर्मुनिपुङ्गवः ।
दुर्भिक्षं रौरवं घोरं राष्ट्रभङ्गं तदादिशेत् ॥२॥
रवौ च पूर्वफाल्गुन्यां प्राप्ते चेदष्टमेऽहनि ।
अगस्तेरुदयो लोके न शुभाय क्वचिन्मते ॥३॥
कृत्तिकायां रवौ जाते सप्तमे वाष्टमेऽहनि ।
ऋषेरस्तंगतिः श्रेष्ठा दिवसे यदि जायते ॥४॥
रात्रावुदयनं श्रेष्ठं नेष्टश्चास्तङ्गमो मुनेः ।
दिवसेऽस्तङ्गमः श्रेष्ठो नेष्टश्चाभ्युदयस्तदा ॥५॥

लोकेऽपि—

सिंहा हुंती भड्डली, दिन इकवीसे जोय ।
अगस्ति महाऋषि उगीया, घन बहु वरसे लोय ॥६॥

हीरसूरयोऽप्याहुः—

दुब्भिक्खं वीस दिणे इगवीसे होइ मज्झिमं समयं ।

यदि अगस्त्यका उदय प्रातःकालमें हो तो दुर्भिक्ष, घोर उपद्रव और राज्य भंग हो ॥२॥ सूर्य जब पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र पर आवे तब उस से आठवें दिन अगस्त्यका उदय हो तो लोकमें शुभ नहीं होता ऐसा किसीका मत है ॥३॥ सूर्य जब कृत्तिका नक्षत्र पर आवे तब उससे सातवें या आठवें दिन अगस्त्यका अस्त यदि दिनमें हो तो श्रेष्ठ होता है ॥४॥ अगस्त्यका उदय रात्रि में श्रेष्ठ माना जाता है और अस्त अशुभ माना है । दिन में अस्त होना श्रेष्ठ और उदय होना श्रेष्ठ नहीं ॥५॥ लोक भाषामें बोलते है कि— सिंह राशि पर सूर्य आवे तबसे इक्कईस दिनोंमें अगस्त्यका उदय होता है तब भूमि पर वर्षा बहुत होती है ॥६॥ श्रीहिरविजयसूरि ने भी कहा है कि— सिंहराशि पर सूर्य आवे तबसे वीस दिन पर अगस्त्य का उदय हो तो दुर्भिक्ष हो, इक्कईस दिन पर उदय हो तो मध्यम समय हो और बाईस दिन पर उदय हो तो सुकाल हो ॥७॥ जिस महीनेमें बुधसे

"Aho Shrutgyanam"

बावीसे य सुभिक्खं सिंहाओ महारिसी उदए ॥७॥
दसे दिहाडे बुध थकी, ऋषि उगे जिणमास ।
धार न खंडे वरसतो, परजा पूगे आस ॥८॥
ग्रन्थान्तरे तु–जो वीसे तो वाणिओ, इकवीसे तो विप्र ।
बावीसे जो उगमे, मालीघरे जनम ॥९॥
वणिग्मुनिः खण्डवृष्ट्यै दुर्भिक्षाय द्विजो मुनिः ।
मालाजीवी सुभिक्षाय सिंहे सूर्यात् परं फलम् ॥१०॥
यश्चैत्रशुक्लप्रतिपद्दिनस्य, भुंक्ते कलां च प्रथमां स वारः ।
वर्षस्य राजा खलु मेषसूर्ये, दिनस्य वारः स हि तत्र मंत्री ॥११॥
मिथुनार्केऽह्नि यो वारः स स्यात् सर्वरसाधिपः ।
सस्याधिपः कर्करवौ दिनवारो हि धान्यकृत् ॥१२॥
मतान्तरे पुनः—
"ज्येष्ठार्कः प्रथमो मन्त्री तच्चतुर्थः कणाधिपः ।

दशवें दिन अगस्त्यका उदय हो तो धाराबंध वरसाद वरसे और प्रजा की आशा पूर्ण करे ॥८॥ ग्रन्थान्तरसे– सिंह संक्रान्तिसे यदि वीस दिन पर अगस्त्य उदय हो तो वैश्य, इक्कईस दिन पर उदय हो तो ब्राह्मण और बाईस दिन पर उदय हो तो माली, इनके घर क्रमसे अगस्त्य का जन्म समझना ॥९॥ यदि वैश्य मुनि हो तो खंडवृष्टि करता है, ब्राह्मण मुनि हो तो दुर्भिक्ष करता है और मालिके घर जन्म हो तो सुभिक्षकारक होता है ऐसा अगस्त्य का फल सिंहराशिपर सूर्य आने से जानना चाहिये ॥१०॥

जो चैत्रमासके शुक्लपक्षमें प्रतिपदाकी प्रथम कला में जो वार हो वह वर्षका राजा होता है और मेषसंक्रान्तिके दिन जो वार हो वह मंत्री होता है ॥११॥ मिथुनसंक्रान्तिके दिन जो वार हो वह सब रस का अधिपति होता है । कर्कसंक्रान्तिके दिन जो वार हो वह धान्यका अधिपति होता है ॥१२॥ मतान्तरसे– ज्येष्ठा के पर सूर्य आवे उस दिन जो वार हो वह

"Aho Shrutgyanam"

फाल्गुनान्ते च यो वारः सोऽब्दपः परिकीर्त्तितः' ॥१३॥
आषाढे रोहिणी सूर्ये दिनवारो जलाधिपः।
आर्द्रार्कदिनवारो यः स मेघानामधीश्वरः ॥१४॥
दिनवारो वृषे सूर्ये कोट्टपालः प्रकीर्त्तितः।
एते वर्षस्य पूर्वार्द्धे प्रोक्ता वार्षिकधान्यदाः ॥१५॥
कश्चित्तु–चैत्रमासादिवारो यः स धनाधिपतिर्मतः।
चैत्रे मेषार्कवेलायां लग्ने वर्षे प्रजायते ॥१६॥
खरतगच्छीय-मेघजीनामोपाध्यायास्तु—
चैत्र अमावसिवार नृप, मन्त्री मेषरविवार।
मिथुनरवौ सो रसधणी, कर्क सस्याधिपवार ॥१७॥
आषाढे रोहिणऋषे, जलाधिपति जो वार।

मंत्री और उस से चौथा जो वार हो वह धान्य का अधिपति होता है। फाल्गुन मासके अंतमें जो वार हो वह वर्षका राजा कहा जाता है ॥१३॥ आषाढ मासमें जब रोहिणी नक्षत्र पर सूर्य आवे उस दिन जो वार हो वह जलका अधिपति है और आर्द्रार्क के दिन जो वार हो वह मेघ (वर्षा) का अधिपति है ॥१४॥ वृषसंक्रान्ति के दिन जो वार हो वह कोटवाल होता है। ये सब वार्षिक धान्यको वर्षका पूर्वार्द्धमें देनेवाले कहें ॥१५॥ किसी का ऐसा मत है कि– चैत्र मासकी आदिमें जो वार हो वह धनका अधिपति माना है और चैत्र मासमें मेष संक्रान्तिके समय लग्नेशको वर्षका अधिपति माना है ॥ १६ ॥ खरतरगच्छीय श्री मेघजी नामके उपाध्याय कहते हैं कि– चैत्र मास की अमावसके दिन जो वार हो वह राजा, मेष संक्रान्ति के दिन जो वार हो वह मंत्री, मिथुन संक्रान्तिके दिन जो वार हो वह रस का अधिपति, कर्कसंक्रान्तिके दिन जो वार हो वह धान्यका अधिपति हैं ॥१७॥ आषाढमें रोहिणी नक्षत्र पर सूर्य आवे उस दिन जो वार हो वह जल का अधिपति है और कार्त्तिक मासमें मूल नक्षत्र पर सूर्य आवे उस दिन

"Aho Shrutgyanam"

कात्ति माहि मूलदिन, कोटवाल जो चार ॥१८॥

एते वर्षराजादयः पूर्वधान्यनिष्पत्तये ।

बिजयदशम्यां वारो यः स राजाग्रभागपः ।
मकरार्केऽस्य मन्त्री स चैत्रमासाद्यपो धनी ॥१९॥
तुलार्कें दिनवारो यः स हि सर्वरसाधिपः ।
धनुष्यर्केऽह्नि वारस्तु स सस्याधिपतिर्मतः ॥२०॥
कार्तिके मूलनक्षत्रे वारः स कोट्टपालकः ।
एते राजादयश्चाथ-कालिकं धान्यमादधुः ॥२१॥

अत्रापि मतान्तरे–

धनमन्त्री कुम्भ सस्यपति, फागुण अंतिवार ।
निश्चयराजा परखीइ, एहि जोस विचार ॥२२॥

केवलकीर्त्ति-दिगम्बरकृतमेघमालायां पुनरेव–

आगच्छति यथा भूपे गेहे गेहे महोत्सवः ।

जो वार हो वह कोटवाल होता है ॥ १८ ॥ ये सब वर्ष के राजा आदि धान्य निष्पत्तिके लिये पहले कहें ॥

बिजयदशमी के दिन जो वार हो वह राजा, मकरसंक्रान्तिके दिन जो वार हो वह मंत्री और चैत्रकी प्रतिपदा के दिन जो वार हो वह धन का अधिपति है ॥ १९ ॥ तुलासंक्रान्तिके दिन जो वार हो वह सब रसका अधिपति और धनुसंक्रान्तिके दिन जो वार हो वह धान्यका अधिपति है ॥ २० ॥ कार्तिक में मूलनक्षत्र के दिन जो वार हो वह कोटवाल है । ये सब राजा आदि धान्य को देनेवाले हैं ॥ २१ ॥ मतान्तरसे–धनुसंक्रान्ति के दिन जो वार हो वह मंत्री, कुंभसंक्रान्ति के दिन जो वार हो वह धान्याधिपति और फाल्गुनमास का अंतिम दिन जो वार हो वह निश्चय करके वर्षका राजा है, यही ज्योतिषियों का विचार है ॥ २२ ॥ केवलकीर्त्ति–दिगंबराचार्यने अपनी मेघमालामें कहा है कि– जैसे नवीन राजा आते हैं तब घर घरमें बड़ा

"Aho Shrutgyanam"

तथा वर्षाधिपे लोके दीप्तदीपोत्सवः स्मृतः ॥२३॥
श्रीहीरविजयसूरिकृतमेघमालायां तु—
कार्त्तिके शुक्लद्वितीया-दिने यो वार ईक्षितः।
ज्ञेयः स वर्षपः स्वामी तत्फलं वक्ष्यते ध्रुवः ॥२४॥

'एतत्तु वृष्टिगर्भकालिकत्वाद् वृष्टिनाथपरम्' अत्रैवं वितर्कश्चान्द्रवर्षस्य प्रतिपदादिक्षणे प्रवेशात् तत्रत्य एव वारो वर्षेशस्तेन प्रतिपत्तिथिः, प्रतिपत्तिथिः प्रथमां कलां भुंक्ते स वारो वर्षपतिरिति। तथा फाल्गुनान्ते कुहुः राजेति मतद्वयेन कोऽपि भेदः। एतत्तु प्राचुर्येण गुर्जरदेशे प्रवर्त्तते। दाक्षिण्यात्या औदयिकप्रतिवासरमेव राजानमाहुः। पठन्ति च—

चैत्रस्य शुक्लप्रतिपत्तिथौ यो, वारः स उक्तो नृपतिस्तदब्दे।
मेषप्रवेशः किल भास्करस्य,यस्मिन् दिने स्यात् स तु तस्य मंत्री २५
कर्कप्रवेशो दिनपः स उक्तः, प्राक्सस्यनाथो मुनिभिः पुराणैः।

उत्सव होता है वैसे वर्ष का राजा लोकमें बड़ा प्रकाशमान-दीपोत्सव माना है ॥ २३ ॥ श्री हीरविजयसूरिकृत मेघमालामें कहा है कि—कार्त्तिक शुक्ल द्वितीयाके दिन जो वार हो वह वर्षका स्वामी जानना उसका फल आगे कहेंगे ॥ २४ ॥

मेघाधिपति वर्षा का गर्भकालिक होनेसे उसका विचार करना—चान्द्र वर्षका चैत्रशुक्ल प्रतिपदा का प्रथम क्षणमें जो वार हो वह वार वर्षका अधिपति होता है, इसलिये प्रतिपदादि तिथि हैं। प्रतिपद् तिथिकी प्रथम कला में जो वार हो वह वर्षका स्वामी होता है। तथा फाल्गुनमासकी अमावस के दिन जो वार हो वह वर्ष का राजा है ऐसा भी किसी का मत होने से दो मत माने हैं। यह बहुत करके गुजरातदेशमें माना है। दक्षिणदेश के लोग तो उदयकालिक प्रतिपदा के वार को ही राजा मानते हैं। कहा है कि—चैत्रशुक्ल पडवा के दिन जो वार हो वह वर्षका राजा है। मेषसंक्रांति के दिन जो वार हो वह मंत्री होता है ॥ २५ ॥ कर्कसंक्रान्ति के दिन जो

"Aho Shrutgyanam"

आर्द्राप्रवेशे दिननाथ उक्तो, मेघाधिपः प्राक्तनविप्रमुख्यैः।२६।
तुलाप्रवेशेऽहनि यस्य वारो, रसाधिपोऽयं नियतः प्रदिष्टः।
चापप्रवेशे दिवसाधिनाथो, धान्याधिनाथः कथितो मुनीन्द्रैः।२७।
केचित्तु–चैत्रस्य शुक्लप्रतिपत्तिथ्यादौ स्युर्नृपादयः।
चैत्रादिवत्सरमते फलन्तीत्येवमूचिरे ॥२८॥
विजयदशम्यां वार इत्यादिमतं स्वतन्त्रमतिफलदम्।
स्यात् कार्त्तिकादिवत्सरमतेऽब्दगर्भोद्भवात् तत्र ॥२९॥

फाल्गुनान्तकथनात् फाल्गुनामावस्यां चैत्रशुक्लप्रतिपत् संयोगस्य प्रायसो बाहुल्याद् दर्शदिने यो वारः स अब्दपः। उत्तरार्द्धे तु "विजयदशम्यां यो वारः स राजा, तुलार्कवारो मन्त्री, वृश्चिकार्कवारो हि कोट्टपालः, धनुष्यर्के यो वारश्च रसाधिपः, मकरे सस्याधिपः, ज्येष्ठार्कवारो जलाधिपः, कार्त्तिके

वार हो वह प्राचीन मुनियोंने धान्याधिपति कहा है। आर्द्रा नक्षत्रमें जब सूर्य प्रवेश करे उस दिन जो वार हो वह मेघाधिपति प्राचीन विद्वानोंने कहा है ॥ २६ ॥ तुलासंक्रान्तिके दिन जो वार हो वह रसका अधिपति माना है। धनुसंक्रांतिके दिन जो वार हो वह मुनियोंने धान्याधिपति कहा है ॥२७॥ कोई ऐसा कहते है कि–चैत्रशुक्ल पडवाके आदिमें जो वार हो वह राजा है वह चैत्रादि वर्षके मत से फलदायक होता है ॥ २८ ॥ विजयदशमीके वार का जो मत है वह स्वतंत्र मति से फलदायक है यह कार्त्तिकादि वर्षके मत से जानना ॥ २९ ॥ फाल्गुनमासकी अमावस्या के दिन चैत्रशुक्ल प्रतिपदाका संयोग बहुत करके होता है, इसलिये 'फाल्गुनान्त' ऐसा कथन किया गया है। उत्तरार्द्धमें तो "विजयदशमी के दिन जो वार हो वह राजा, तुलार्कके दिन जो वार हो वह मंत्री, वृश्चिकसंक्रान्ति के दिन जो वार हो वह कोटवाल, धनुसंक्रान्ति के दिन जो वार हो वह रसका अधिपति, मकरसंक्रान्तिके दिन जो वार हो वह धान्याधिपति, ज्येष्ठार्क के दिन जो वार हो वह जलाधि-

"Aho Shrutgyanam"

मूलनक्षत्रदिनवारो मेघाधिप'' इति मतं सम्यक् प्रतिभाति । परेषां मताभिप्रायः प्रायो ज्योतिर्विदां गम्यः । वस्तुतस्तु अब्दपमन्त्रिसस्याधिपानां त्रयाणामेवोपयोगः । तत्फलं त्वेवं गिरधरानन्दे—

यत्र वर्षे नृपो मन्त्री धान्यपश्चैक एव हि ।
तद्वर्षे युद्धदुर्भिक्षं प्रजामार्यादि जायते ॥३०॥

ग्रन्थान्तरे—स्वयं राजा स्वयं मन्त्री स्वयं सस्याधिपो यदा ।
तदा तोयं न पश्यामि वर्जयित्वा महोदधिम् ॥३१॥

वर्षाधिपतिफलम्—

सूर्ये नृपे स्वल्पजलाः पयोदाः, धान्यं तथाल्पं फलमल्पवृक्षाः ।
अल्पप्रयोगेषु जनेषु पीडा, चौराग्निशङ्का च भयं नृपाणाम् ।३२।
सोमे नृपे शोभनमङ्गलानि, प्रभूतवारिप्रचुरं च धान्यम् ।

पति, कार्त्तिकमें मूल नक्षत्र के दिन जो वार हो वह मेघाधिपति'' ऐसा कहा है वह मत यथार्थ प्रतिभास होता है और दूसरों के मतोंका अभिप्राय बहुत करके ज्योतिषियों को जानने योग्य है । वास्तवमें तो वर्ष का स्वामी, मंत्री और धान्याधिपति इन तीनोंका ही विशेष उपयोग पड़ता है । इनका फल गिरधरानन्दमें इस तरह कहा है—जिस वर्षमें राजा, मंत्री और धान्याधिपति ये तीनों एकही हो तो उस वर्षमें दुष्काल पड़े और प्रजामें महामारी आदि हों ॥ ३० ॥ ग्रथान्तरमें भी कहा है कि—जिस वर्षमें राजा, मंत्री और धान्याधिपति ये एकही ग्रह हो तो समुद्र को छोड़कर कहीं भी जल देखनेमें नहीं आवे अर्थात् वर्षा न हो ॥ ३१ ॥

जिस वर्षमें सूर्य राजा हो तो बादल थोड़ा जल बरसावे, धान्य थोड़े, वृक्षोंमें थोड़े फल हों, मनुष्योंमें किंचित् पीड़ा, चोर और अग्नि की शंका रहे और राजाओं का भय हो ॥ ३२ ॥ चन्द्रमा राजा हो तो अच्छे २ मांगलिक कार्य हों, वर्षा अधिक हो, धान्य बहुत हों, मनुष्यों की व्याधि

"Aho Shrutgyanam"

प्रशाम्यति व्याधिवरो नराणां सुखं प्रजानामुदयो नृपाणां।३३
भौमे नृपे वह्निभयं जने स्या-च्चौराकुलत्वं नृपविग्रहश्च ।
दुःस्थाः प्रजा व्याधिवियोगपीडा, क्षिप्रं जलं वर्षति भूमिखण्डे ॥
बुधस्य राज्ये सजलं महीतलं गृहे गृहे तूर्यविवाहमङ्गलम् ।
सौख्यं सुभिक्षं धनधान्यसङ्कुलं, वसुन्धरायां नृपनन्दगोकुलम् ॥
गुरौ नृपे वर्षति सर्वभूतले, पयोधराः कामदुघाश्च धेनवः ।
सर्वत्र लोका बहुदानतत्पराः, पराभवो नैव सदैव नन्दनम्।३६।
शुक्रस्य राज्ये बहुधान्यसम्पदो, वृक्षाः फलाढ्या बहुगोप्रसूतयः।
प्रभूततोयं मधुराम्रपाचनं, प्रसन्नदैन्यं सजलं भुवस्तलम्।३७। ।
शनौ घनो वर्षति खण्डशः क्षितौ, जनास्तु रोगा उदिताःप्रभञ्जनाः
करा नृपाणां विषमाश्च तस्करा, भ्रमन्ति लोका बहुधा क्षुधातुराः ॥
वर्षमन्त्रिफलम्——

शान्त हों प्रजाको सुख और राजाका उदय हो ॥३३॥ मंगल राजा हो तो अग्निका भय, मनुष्योंमें चोरोंकी आकुलता, राजाओंमें विग्रह, प्रजा व्याधि और वियोगकी पीडा से दुःखी हो और पृथ्वी पर शीघ्र ही जलवर्षा हो ॥३४॥ बुध राजा हो तो भूमितल जलमय हो याने वर्षा अच्छी हो, घर घरमें विवाह मंगलके बाजे बजें, सुख सुभिक्ष और धन धान्यसे भूमि पूर्ण हो तथा राजा और गौ आनंदित हो ॥३५॥ बृहस्पति राजा हो तो समस्त पृथ्वी पर वर्षा हो, गौ इच्छानुसार दूध दें, सब जगह लोग दान देने में तत्पर हों, पराभव न होकर सदा आनंद रहे ॥ ३६ ॥ शुक्र राजा हो तो धान्य बहुत हों, वृक्ष फलोंसे पूर्ण हों, गौ बहुत दूध दे, वर्षा अधिक हो, अच्छे मीठे आम बहुत हों, प्रसन्नता रहे और भूमितल पर वर्षा अच्छी हो ॥ ३७ ॥ शनि राजा हो तो पृथ्वी पर खंडवृष्टि हो, मनुष्य रोगोंसे पीडित हों, महान् वायु चले, राजाओंके कर (टेक्स) असह्य हो, चोरोंका उपद्रव और लोक क्षुधासे व्याकुल होकर भ्रमण करते फिरें ॥३८॥

"Aho Shrutgyanam"

रवावमात्ये भुवि रोगपीडा, देशेषु सर्वत्र चरन्ति तीडाः ।
रसेषु धान्येषु महर्घता स्या-च्छलानि लोके च सुरा विनाश्याः ॥
सुधाकरे भूः सचिवेऽन्नपूर्ण-फलैरसाढ्यास्तरवश्च गावः ।
पुत्रप्रसूतिर्बहुला वधूनां, जनेषु वाणी जयिनी मधूनाम् ॥४०॥
निदानतः स्याद् गुरुदेवनिन्दा, भूमावतीसारगदस्य भूमा ।
धूमाकुला भूर्जननेत्ररोगाः, कुजे भवेन्मन्त्रिणि युद्धयोगः ।४१।
राज्ञां सुदृष्टिर्बहुलान्नवृष्टिः सच्छास्त्रवृद्धिर्धनिनां समृद्धिः ।
पत्यावतिस्नेहरतिर्युवत्या, बुधे पुनर्मन्त्रिणि रागसिद्धिः ॥४२॥
मन्त्रित्वमाप्ते सुरमन्त्रिणि स्यात्, प्रजासु सौख्यं धनधान्यवृद्धिः ।
विवाहमांगल्यकला जनानां, नानारसैर्मेघमहोदयः स्यात्। ४३।
जाते कवौ मंत्रिणि गोषु दुग्धं, बहुक्षितौ धान्यसमर्घता च ।
वृक्षाः फलाढ्या जनतासु रोगो, भिषक्प्रयोगः क्वचीदीतिभीतिः ॥

जिस वर्षमें मंत्री सूर्य हो तो पृथ्वीमें रोगपीडा, सर्वत्र देशमें टिड्डीका उपद्रव, रस और धान्य महँगे हों, मनुष्योंमें कपटता और देवों का प्रभाव नाश हो ॥३९॥ चंद्रमा मंत्री हो तो पृथ्वी धान्यसे और वृक्ष फलोंसे पूर्ण हों, गौ अधिक प्रसन्न करें और वधूओंकी वाणी मनुष्योंमें प्रिय हो॥४०॥ मंगल मंत्री हो तो भूमि पर गुरु और देव की निंदा, अतीसार रोग का उपद्रव, धूम से पृथ्वी आकुल, मनुष्यों को नेत्ररोग की पीडा और युद्ध का योग हो॥४१॥ बुध मंत्री हो तो राजा प्रसन्न दृष्टिवाले हों, धान्य और वर्षा अधिक, अच्छे २ शास्त्र और धनी लोगोंकी समृद्धिकी वृद्धि हों, स्त्री पति से प्रेम करनेवाली हों ॥ ४२ ॥ बृहस्पति मंत्री हो तो प्रजामें सुख, धन धान्यकी वृद्धि, मनुष्यों का विवाह आदि मंगल हो, और अनेक प्रकार के रसोंसे मेघका उदय हो याने अच्छी वर्षा हो ॥४३॥ शुक्र मंत्री हो तो गौ अधिक दूध दें, पृथ्वीमें धान्य सस्ते हों, वृक्षोंमें फलोंकी अधिकता, मनुष्यों में रोग, वैद्यका प्रयोग चले और कहीं ईतिका भय हो॥४४॥ शनि मंत्री

"Aho Shrutgyanam"

मान्द्यं जनानां व्यवहारनाशः, क्रूरा नृपास्तस्करवह्निदुःखम्।
गवां विनाशोऽतिमहर्घधान्यं, शनैश्चरे मंत्रिणि राज्ययुद्धम् ॥

सस्याधिपतिफलम्——

क्वचित् पचन्ति सस्यानि क्वचिन्नश्यन्ति भूतले ।
व्याधिर्दुःखं महायुद्धं धान्यानामधिपे रवौ ॥४६॥
समर्घं जायते धान्यं सर्वत्र जलवर्षणम् ।
सर्वधान्यानि जायन्ते यत्र सस्याधिपः शशी ॥४७॥
ईतिभूतं जगत्सर्वं व्याधिरोगप्रपीडितम् ।
महर्घाणि च धान्यानि सस्यानामधिपे कुजे ॥४८॥
सजला वसुधा सर्वा भयनाशः सुखी जनः ।
चणकादीनि धान्यानि धान्यानामधिपे बुधे ॥४९॥
आनन्दः सर्वलोकानां सुवृष्टिस्तु प्रजायते ।
निष्पत्तिर्बहुधान्यानां यत्र सस्याधिपो गुरुः ॥५०॥

हो तो मनुष्योंके व्यवहारका नाश, राजाओं क्रूर स्वभाववाले हों, चोर और अग्निका दुःख, गौ जातिका विनाश, धान्य महँगे हो और राजाओं में युद्ध हो ॥ ४५ ॥

जिस वर्षमें धान्याधिपति रवि हो तो भूमिपर कहीं धान्य पकें, कहीं विनाश हों, व्याधि दुःख और महायुद्ध हों ॥ ४६ ॥ चंद्रमा सस्याधिपति हो तो धान्य रस्ता हों, सब जगह जलवर्षा हो और सब प्रकारके धान्य उत्पन्न हों ॥ ४७ ॥ मंगल सस्याधिपति हो तो सब जगत् ईति का उपद्रव से और व्याधि-रोगसे पीडित हो, तथा धान्य मँहगे हों ॥ ४८ ॥ बुध धान्याधिपति हो तो समस्त पृथ्वी जलवाली याने वर्षा अच्छी हो, भयका नाश और मनुष्य सुखी हों, चने आदि धान्य अधिक हों ॥ ४९ ॥ बृहस्पति धान्याधिपति हो तो सब लोगोंमें आनंद हो, वर्षा अच्छी हो और धान्य प्राप्ति अधिक हो ॥ ५० ॥ शुक्र धान्याधिपति हो तो समस्त जगत् रोग

"Aho Shrutgyanam"

रोगैर्मुक्तं जगत्सर्वं भयमुक्ता भवेन्मही ।
पच्यन्ते सर्वधान्यानि यत्र सस्याधिपः कविः ॥५१॥
अग्निचौराकुला पृथ्वी महा व्याधिप्रपीडिता ।
मृत्युरोगभयं युद्धं वर्षे सस्याधिपे शनौ ॥५२॥

गिरधरानन्दे पुनः सस्याधिपफलम्—

वर्षेश्वरश्च भूपो वा सस्येशो वा दिनेश्वरः ।
तस्मिन्नब्दे नृपाः क्रूराः स्वल्पसस्याल्पवृष्टयः ॥५३॥
अब्दपो वा चमूपो वा सस्यपो वा त्तपाकरः ।
तस्मिन् वर्षे करोति क्ष्मां पूर्णां धान्यार्थवृष्टिभिः ॥५४॥
अब्देश्वरश्चमूपो वा सस्येशो वा धरासुतः ।
अवृष्टिवह्निचौरेभ्यो भयमुत्पादयत्ययम् ॥५५॥
अब्दाधिपश्चमूपो वा सस्येशो वा शशाङ्कजः ।
न करोति कलिं कष्ट-मवृष्टिमतिमारुतम् ॥५६॥
चमूपो वाथ सस्येशो वर्षेशो वा गिरांपतिः ।

रहित हो और पृथ्वी भय रहित हो, तथा सब प्रकारके धान्य उत्पन्न हों ॥ ५१ ॥ शनि सस्याधिपति हो तो अग्नि और चोरोंसे पृथ्वी आकुल हो, महा व्याधि से पीडित हो. मृत्यु और रोगका भय, तथा युद्ध हो ॥ ५२ ॥

विद्युन्मेघो धनुर्मत्स्यो यद्येकमपि नो भवेत् ।
न ऋक्षं वर्षति तदा चिह्नकाले तु वर्षति ॥२८०॥
अनेन ज्ञायते सर्वं वर्षणं वाप्यवर्षणम् ।
एतद्धि परमं गुह्यं गर्भाधानस्य लक्षणम् ॥२८१॥
विद्युत्संयोगजं चिह्नं न देयं यस्य कस्यचित् ।
गुरुभक्तस्य बोधाय तथापि किञ्चिदुच्यते ॥ २८२ ॥
नभःप्रदीपं प्रच्छाद्य गर्जेदैरावतानिलः ।
विद्युत्कुमारीसंयोगाद् देवेन्द्रो गर्भकारकः ॥ २८३ ॥
उत्तरस्यां यदा विद्युत्-स्वर्णवर्णा प्रदीप्यते ।

वाला मेघका गर्भ स्थिर हो ॥२७७॥ एकादशी, षष्ठी, पूर्णिमा और अमा-वास्याके दिन वर्षा न हो तो आषाढ मासमें मेघ बरसे ॥२७८॥ पौष शुक्ल चतुर्दशीको बिजली चमके तो अच्छा है, ऐसा हो तो आषाढ कृष्णपक्ष में मेघकी प्राप्ति हो ॥२७९॥ बिजली, बादल, धनुष्, मत्स्य आदि एक भी चिह्न देखने में न आवे तो आर्द्रादि नक्षत्रों में वर्षा न हो और ये चिह्न हो तो वर्षा हो ॥२८०॥ इन चिह्नोंसे वर्षा होना या नहीं होना ये सब जाने जाते हैं। यही मेघका गर्भाधानके लक्षण जो बिजलीसे उत्पन्न हुए हैं वे अत्यन्त गुप्त हैं ये जैसे तैसेको देने योग्य नहीं तो भी गुरुकी भक्तिवाले शिष्योंके बोध के लिये कुछ कहते हैं ॥२८१॥२८२॥ आकाशमें बादल सूर्यको छिपाकर गर्जना करे बिजली चमके तो मेघका उदय (गर्भकारक) जानना ॥२८३॥ उत्तर दिशामें सुवर्ण रंग की बिजली चमके तो वह बिजली जलदायक है,

"Aho Shrutgyanam"

सा विद्युज्जलदा ज्ञेया शीघ्रं मेघमहोदयः ॥ २८४ ॥
ऐन्द्री च जलदा विद्युदाग्नेयी जलनाशिनी ।
याम्या चाल्पजला प्रोक्ता वातं करोति वायवी ॥२८५॥
प्रभूतजलदा ज्ञेया वारुणी सस्यसम्पदे ।
नैर्ऋतिर्निर्जला प्रोक्ता कौबेरी क्षिप्रवर्षिणी ॥२८६॥
ऐशानी लोकशुभदा विद्युद्भेदा इति स्मृताः ।
यत्र देशे सुभिक्षं स्याद् विद्युत्तत्रैव गच्छति ॥२८७॥
दिक्षु भूता स्थिरितुसा मेघानां मार्गदर्शिनी ।
विद्युद्धीना न गर्जन्ति न वर्षन्ति जलं विना ॥२८८॥
अनिलश्च निर्वातश्चात्युष्णमनुष्णता ।
अत्यभ्रं च निरभ्रं च षडेते वृष्टिलक्षणाः ॥२८९॥
चतुःकोटिसहस्राणि चतुर्लक्षोत्तराणि च ।
मेघमालामहाशास्त्रं तन्मध्यादेतदुद्धृतम् ॥२९०॥

शीघ्र ही मेघका उदय जानना ॥ २८४ ॥ पूर्व दिशामें विजली चमके तो जलदायक है । आग्नेय दिशामें चमके तो जलका नाशकारक है । दक्षिण में चमके तो थोड़ा जल बरसे । वायव्य दिशा में चमके तो वायु चले ॥ २८५॥ पश्चिम दिशामें बिजली चमके तो बहुत वर्षा हो और धान्य संपत्ति अच्छी हो । नैर्ऋत्य दिशामें चमके तो जलवर्षा न हो । उत्तर दिशा में चमके तो शीघ्र ही जल बरसे ॥२८६॥ ईशान दिशामें बिजली चमके तो मनुष्य को सुखदायक है , ये बिजली के लक्षण कहे । जिस देश में सुभिक्ष हो वहां ही बिजली जाती है ॥२८७॥ यह दिशाओंमें स्थिर रह कर मेघों को मार्ग दिखाती है । बिजली के विना गर्जना नहीं होती और जलके विना वर्षा नहीं होगी ॥२८८॥ वायु का अधिक चलना या नहीं चलना, अधिक उष्णता या ठंढी, अधिक बादल या बादल रहित, ये छः वृष्टिके लक्षण हैं ॥२८९॥ चार क्रोड़ हजार और चार लाख अधिक जो

"Aho Shrutgyanam"

अश्वप्लुतं माधवगर्जितं च, स्त्रीणां चरित्रं भवितव्यतां च ।
अवर्षणं चाप्यतिवर्षणं च, देवो न जानाति कुतो मनुष्यः ॥
पौषमासे श्वेतपक्षे ऋक्षं शतभिषग् यदा ।
वाताभ्रविद्युत्पञ्चम्यां गर्भश्चैवं प्रजायते ॥२९२॥
स चाषाढे कृष्णपक्षे चतुर्थ्यां वर्षति ध्रुवम् ।
द्रोणसंज्ञस्तत्रमेघः सप्तरात्रं प्रवर्षति ॥२९३॥
सप्तम्यादित्रये पौषे शुक्ले पौष्णादिभत्रयम् ।
विद्युत्तुषारवाताभ्र-हिमैर्गर्भसमुद्भवः ॥२९४॥
एकादशी पौषशुक्ले सहिमा विद्युता युता ।
सजला रोहिणीयोगाच्छुभाऽऽदेश्या विचक्षणैः ॥२९५॥
मतान्तरे तु–एकादश्यामहोरात्रं कृत्तिकाभोगसम्भवे ।
पौ॰ शुक्ले साभ्रतायां रक्तवस्तुमहर्घता ॥२९६॥
पौषे मूलाऽर्कके दर्शे विद्युदभ्रातिगर्जितम् ।

मेघमाला नामका सहा शास्त्र है उसमेंसे यह उद्धृत किया है ॥२९०॥ घोडे का कूदना, मेघका गर्जना, स्त्रियों के चरित्र, भवितव्यता (होनहार), वर्षा का होना या न होना ये देव भी नहीं जान सकता तो मनुष्य क्या है! ॥२९१॥ पौष शुक्लपक्षमें शतभिषा नक्षत्र पंचमीके दिन हो और उस दिन वायु, बादल, बिजली हो तो वर्षाका गर्भ होता है ॥ २९२ ॥ वह गर्भ आषाढ कृष्णपक्षकी चतुर्थीके दिन अवश्य बरसता है । उस समय द्रोण नामका मेघ सात दिन तक बरसता है ॥२९३॥ पौष शुक्ल सप्तमी आदि तीन दिन और रेवती आदि तीन नक्षत्र इनमें बिजली, तुषार, वायु, बादल और हिम हो तो वर्षा के गर्भकी उत्पत्ति जानना ॥ २९४ ॥ पौष शुक्ल एकादशी हिम और बिजली सहित हो, रोहिणीका योग हो और कुछ वर्षा भी हो तो विद्वानोंने शुभ कहा है ॥२९५॥ पौष शुक्ल एकादशी को दिन रात कृत्तिका नक्षत्र हो और बादल भी हो तो लाल वस्तु महँगी हों ॥

"Aho Shrutgyanam"

वर्षायां चतुरो मासान् दत्ते मेघमहोदयम् ॥२९७॥
पौर्णमासी द्वितीया च विद्युता वा हिमान्विता ।
वर्षा निष्पत्तिरादेश्या मेघैश्छन्नैस्तथाम्बरे ॥२९८॥
आषाढस्य त्वमावास्यां प्रबलं जलमादिशेत् ।
निष्पत्तिः सर्वसस्यानां प्रजानां च निरुपद्रवाः ॥२९९॥
गावः पयोण्यः सर्वत्र सर्वाप्यामोदिता प्रजा ।
प्रथमे श्रावणस्यापि पक्षे द्रोणं समादिशेत् ॥३००॥
नागदेवो द्वितीयायां किञ्चित् सर्पभयं भवेत् ।
अमावास्यामर्कवारे भौमे वा मेघवर्षणात् ॥३०१॥
पूर्णिमास्यां यदा पौषे चन्द्रमा नैव दृश्यते ।
उत्तरस्यां दक्षिणस्यां यदा विद्युत्प्रदर्शनम् ॥३०२॥
अभ्रच्छन्नं नभो वापि महावृष्टिं तदादिशेत् ।
अमावास्यां श्रावणस्य नूनं भाविनि वत्सरे ॥३०३॥

२९६॥ पौषकी अमावसको मूल नक्षत्र हो और उस दिन बिजली, बादल और अधिक गर्जना हो तो वर्षाके चारों मास मेघका उदय जानना ॥२९७॥ पौषकी पूर्णिमा और द्वितीयाके दिन बिजली चमके, हिम पड़े, तथा आकाश बादलों से आच्छादित रहे तो वर्षा अच्छी होती है ॥२९८॥ यह चिह्न हो तो आषाढ अमावास्याको प्रबल जलवर्षा हो, सब प्रकारके धान्य की प्राप्ति और प्रजा उपद्रव रहित हो ॥२९९॥ सब जगह गौ दूध देनेवाली हों तथा समस्त प्रजा आनंदित हो । श्रावणके प्रथमपक्षमें द्रोणनामक मेघ बरसे ॥३००॥ द्वितीयाके दिन आश्लेषा हो तो कुछ सर्पका भय हो। अमावास्या को रविवार या मंगलवार हो और उस दिन मेघ बरसे तो ॥ ३०१॥ तथा पौषकी पूर्णिमा के दिन बादलों से चन्द्रमा न दीखे, उत्तर दक्षिणमें बिजली चमके ॥३०२॥ और आकाश बादलोंसे आच्छादित रहे तो आगामी वर्षमें श्रावणकी अमावास्याको निश्चयसे महावर्षा हो ॥३०३॥

"Aho Shrutgyanam"

पौषस्य कृष्णसप्तम्यां* स्वातियोगे जलं यदा ।
सुभिक्षं क्षेममारोग्यं जायते नात्र संशयः ॥३०४॥
अभ्रच्छन्ने जलं स्वल्पं जलपाते महाजलम् ।
त्रयोदशीत्रये कृष्णे पौषे विद्युच गर्भदा ॥३०५॥
ऐन्द्री विद्युदमावस्यां दर्शनं वा हिमस्य चेत् ।
अभ्रच्छन्नं नभो वापि सुभिक्षं जायते तदा ॥३०६॥

माघमासफलम्—

न माघे पतितं शीतं ज्येष्ठे मूलं न रक्षितम् ।
नार्द्रायां पतितं तोयं तदा दुर्भिक्षमादिशेत् ॥३०७॥
सप्तम्यादित्रये माघे शुक्ले वार्दलयोगतः ।
धनधान्यसमृद्धिः स्याद् विवाहाद्युत्सवा जने ॥३०८॥

पौष कृष्णसप्तमीके दिन स्वाति नक्षत्रका योग हो और उस दिन जल बरसे तो सुभिक्ष, क्षेम और आरोग्य हो इसमें संदेह नहीं ॥३०४॥ उस दिन बादल आच्छादित रहे तो थोड़ा जल और जल बरसे तो महावर्षा हो । पौष कृष्ण त्रयोदशी आदि तीन दिन बिजली चमके तो गर्भदायक जानना ॥३०५॥ पौषकी अमावसको पूर्वदिशामें बिजली चमके, हिम गिरे और आकाश बादलोंसे आच्छादित रहे तो सुभिक्ष होता है ॥ ३०६ ॥ इति पौषमासफलम् ॥

माघमासमें शीत न पड़े, ज्येष्ठमास में मूल गर्भकी रक्षा न हो यानें ज्येष्ठमासमें गरमी नहीं पडे परंतु वर्षा होकर ठंडक रहे, और आर्द्रानक्षत्रके दिन वर्षा न हो तो दुर्भिक्ष होता है ॥३०७॥ माघ शुक्ल सप्तमी आदि तीन दिन बादल हो तो धन धान्यकी वृद्धि और प्रजा में विवाह आदि उत्सव

---

*टी— अत्र प्राचां वाचा लिखितमिदं न चेत् स्वातेरसम्भवः पौषकृष्णैकादश्यामिति पाठः, यद्वा पौषकृष्णसप्तमीदिने जलाच्छुभं तथा पौषे स्वातिनक्षत्रदिनेऽपि जलाच्छुभमित्यर्थः । एवं च नात्र तिथिनक्षत्रयोगः किन्तु तिथिमध्ये उदये नक्षत्रदिने च लक्षणयोगः ।

"Aho Shrutgyanam"

अष्टम्यां चन्द्रनैर्मल्ये राज्ञां राज्यपरिक्षयः ।
अभ्राच्छादितसूर्यस्यो-दयस्त्रासाय देहिनाम् ॥३०९॥
यतः-अहवा सत्तमि निरमलो, अट्ठमि बादल होय ।
तो आषाडे कट्ठ करी, श्रावण पायस होय ॥३१०॥
माघनवम्यां शुक्ले परिवेषः शशिनि दृश्यतेऽवश्यम् ।
आषाढे वर्षायास्तदान्तरायो भवेदग्रे ॥३११॥
माघे दशम्यां हि शुभाय वर्षा, नवम्यां यदि चेद्वर्षा ।
हर्षाय वर्षातिशयो न कश्चिद्, वर्षागमे मेघमहोदयेन ॥१२॥
माघमासे चतुर्दश्यां प्रहरे यत्र बार्दलम् ।
वर्षाकाले तत्र मासे न वर्षति पयोधरः ॥३१३॥

श्रीहीरसूरिकृतमेघमालायाम्—

माहमासे जो हिमपडे, वरसे विज्जु लवेइ ।
तो जाणिजे डोहला, पुरे पुन्न करेइ ॥३१४॥

हो ॥३०८॥ अष्टमीके दिन चन्द्रमा निर्मल हो तो राजाओंमें विग्रह हो। और सूर्य बादलोंसे आच्छादित उदय हो तो मनुष्यों को भयके लिये हो ॥३०९॥ अथवा सप्तमी निर्मल हो और अष्टमीको बादल हो तो आषाढमें वर्षा न बरसे और श्रावणमें वर्षा हो ॥३१०॥ माघ शुक्ल नवमीको चंद्रमा का परिवेष मंडल अवश्य हो तो आगे आषाढ मासमें वर्षाका रोध (रूकावट) हो ॥ ३११ ॥ माघकी दशमीको वर्षा हो और नवमीको वर्षा न हो तो शुभ प्रसन्नताके लिये हो और वर्षाऋतुमें मेघका महा उदय हो इसमें कुछ अतिशयोक्ति नहीं है ॥३१२॥ माघमासकी चतुर्दशी के दिन जिस प्रहरमें जिस दिशामें बादल हो तो वर्षाकालके उस मासमें मेघ नहीं बरसे ॥३१३॥ श्रीहीरसूरिकृत मेघमाला में कहा है कि - माघमास में हिम पडे, वर्षा हो, बिजली चमके तो गर्भका पूर्ण उदय जानना ॥३१४॥ माघमासकी कृष्ण

"Aho Shrutgyanam"

माहे बहुली * सत्तमी फग्गुण पंचमी य चित्त बीयाए ।
वइसाह पढम पडिवय हवइ मेहाओ सुभिक्खं ॥३१५॥
नवमी दसमी इगारसी माहे किसणम्मि जइ हवइ विज्जू ।
भद्दवय सुद्ध नवमी दसमी एगारसी य पउरजलं ॥३१६॥
महासुभिक्षमादेश्यं राजानो निरुपद्रवाः ।
सप्तमी निर्मला नेष्टा श्रेष्ठा वृष्टिबलान्नु ॥३१७॥

केवलकीर्त्तिदिगम्बरोऽप्याह—

माघस्य शुक्लसप्तम्यां यदाभ्रं जायतेऽभितः ।
तदा वृष्टिर्घना लोके भविष्यति न संशयः ॥३१८॥

स्वातियोगः—

माघे च कृष्णसप्तम्यां स्वातियोगेऽभ्रगर्जितम् ।
हिमपाते चण्डवाते सर्वधान्यैः प्रजासुखम् ॥३१९॥
तथैव फाल्गुने चैत्रे वैशाखे स्वाति योगजम् ।

सप्तमी, फाल्गुन मासकी पंचमी, चैत्र मास की दूज और वैशाख मास की प्रथम प्रतिपदा इनमें वर्षा हो तो सुभिक्षकारक है ॥ ३१५ ॥ माघ कृष्ण नवमी, दशमी और एकादशीको बिजली चमके तो भाद्रमासकी शुक्लपक्षकी नवमी, दशमी और एकादशीको बहुत वर्षा हो ॥ ३१६ ॥ तथा अत्यन्त सुकाल और राजाओं उपद्रव रहित हों । सप्तमी निर्मल हो तो अच्छा नहीं, बरसे तो श्रेष्ठ है ॥३१७॥ केवलकीर्त्तिदिगम्बर कहते हैं कि– माघ शुक्ल सप्तमीको यदि आकाशमें चारों तरफ बादल हो तो पृथ्वी पर बहुत वर्षा हो इसमें संदेह नहीं ॥३१८॥ माघ कृष्ण सप्तमीको स्वाति योगमें बादल हो, गर्जना हो, हिम गिरे, प्रचंड पवन चले तो सब प्रकारके धान्य प्राप्त हों और प्रजा सुखी हो ॥ ३१९ ॥ इसी प्रकार फाल्गुन, चैत्र और

---

* टी—अत्र वृष्टिरुक्ता सप्तम्यां माघमासे इत्यादिना वराहेणोक्तत्वात् तत्रैव स्वातिसम्भवापि ।

"Aho Shrutgyanam"

विद्युदभ्रादिकं श्रेष्ठ-माषाढेऽपि सुभिक्षकृत् ॥३२०॥
वराहः प्राह—
यद्रोहिणीयोगफलं तदेव, स्वातावषाढासहिते च चन्द्रे ।
आषाढशुक्ले निखिलं विचिन्त्यं,योऽस्मिन् विशेषस्तमहं प्रवक्ष्ये
स्वातौ निशांशे प्रथमेऽभिवृष्टे, सस्यानि सर्वाण्युपयान्ति वृद्धिम्
भागे द्वितीये तिलमुद्गमाषा, ग्रैष्मं तृतीयेऽस्ति न शारदानि ॥
वृष्टेऽह्निभागे प्रथमे सुवृष्टि-स्तद्वद्द्वितीये तु सकीटसर्पाः ।
वृष्टिस्तु मध्याऽपरभागवृष्टे-र्निश्छिद्रवृष्टिर्द्युनिशं प्रवृष्टे ।२३।
समुत्तरेण तारा चित्रायाः कीर्त्यते ह्यपांवत्सः ।
तस्यासन्ने चन्द्रे स्वातेर्योगः शुभो भवति ॥३२४॥ इति ।

वैशाखमें स्वातियोगमें बिजली और बादल आदि हो तो आषाढमें अधिक सुभिक्षकारक है ॥३२०॥ वराहमिहिराचार्य कहते हैं कि— जैसे चंद्रमाके साथ रोहिणीयोग का फल है उसी तरह आषाढ नक्षत्र (पूर्वा-उत्तराषाढा) और स्वातिनक्षत्रके साथ चंद्रमाके योगका फल भी वैसा ही है । आषाढके समस्त शुक्लपक्षमें इसका अच्छी तरह विचार करें, इसमें जो विशेष है उसको कहता हूं ॥३२१॥ स्वाति नक्षत्र के दिन रात्रि के प्रथम अंशमें वर्षा हो तो सब प्रकारके धान्य की वृद्धि हो । दूसरे अंश (भाग) में वर्षा हो तो तिल, मूंग और उड़द की वृद्धि हो । तीसरे अंशमें वर्षा हो तो ग्रीष्मऋतु के धान्य 'यव-गेहूँ आदि' हों, परंतु शरदऋतु के धान्य जुआर, बांजरी आदि उत्पन्न न हों ॥ ३२२ ॥ दिनके प्रथम भागमें वर्षा हो तो आगे अच्छी वर्षा हो । दूसरे भागमें वर्षा हो तो आगे वर्षा अच्छी हो परंतु कीड़े और सर्प आदि अधिक हों । तीसरे भागमें वर्षा हो तो आगे मध्यम वर्षा हो और दिनरात वर्षा हो तो आगे उपद्रव रहित अच्छी वर्षा हो ॥३२३॥ चित्रा नक्षत्रके समसूत्र ठीक उत्तरमें तारा दीख पडता है उसको 'अपांवत्स' कहते हैं, उसके समीप चंद्रमाके साथ स्वातिका योग हो तो शुभ होता हैं ॥३२४॥

"Aho Shrutgyanam"

माह ह काली अट्ठमी, चंदो मेहच्छन्न ।
तो मैं बोल्यो भड्डली, वरसे काल संपन्न ॥३२५॥
माघे कृष्णनवम्यां च मूलनक्षत्रदिनेऽथवा ।
विद्युन्मेघो धनुर्योगे चाभ्रैर्नभसि संवृते ॥३२६॥
एतस्माद् गर्भतो वृष्टि-र्भाविवर्षेऽभिजायते ।
आषाढे वा भाद्रपदे नवमीदिवसे शुभा ॥३२७॥
माघमासे च सप्तम्यां कृष्णे त्रयोदशीद्वये ।
पूर्वस्यामुन्नते मेघे वार्दलैः संकुलेऽपि खे ॥३२८॥
बहूदककरा वृष्टि-राषाढे सप्तरात्रिकी ।
अमावस्यामभ्रयोगाद् भाद्रेऽब्दे पूर्णिमादिने ॥३२९॥
माघे शुक्लप्रतिपदि परं वार्दलैस्तैलगन्धा–
ढ्यानामर्घं परिदिनभवे धान्यवृन्दं महर्घम् ।
सामुद्रं श्रीफलमहिलता-पत्रमुख्यं महर्घं,

माघकृष्णा अष्टमी को चन्द्रमा बादलोंसे आच्छादित हो तो अच्छा समय हो॥ ३२५॥ माघकृष्णा नवमी को तथा मूलनक्षत्र के दिन और धनुसंक्रांति के दिन आकाश बादलोंसे आच्छादित रहे तथा बिजली चमके और वर्षा हो तो ॥ ३२६ ॥ इस गर्भसे अगला वर्षमें आषाढ और भाद्रमासकी नवमी के दिन अच्छी वर्षा अवश्य हो ॥ ३२७ ॥ माघकृष्णा सप्तमी और त्रयोदशी आदि दो दिन पूर्वदिशामें मेघका उदय हो और बादलों से आकाश आच्छादित रहे तो ॥३२८॥ आषाढ मासमें सात दिन तक बहुत जलदायक वर्षा हो । अमावास्याको मेघका उदय हो तो भाद्रमासकी पूर्णिमाके दिन वर्षा हो ॥ ३२९ ॥ माघशुक्ल प्रतिपदा और दूज को बादल हो तो तैल, सुगंधीवस्तु और धान्य तेजभाव हो । यदि तृतीया को वर्षा न हो परन्तु आकाश मेघके बादलों से घिरा रहे तो लवण, श्रीफल और नागरवेल के

"Aho Shrutgyanam"

वर्षाहीनाभ्रनिकरवृता दृश्यते चेत्तृतीया* ॥३३०॥
न वृष्टिर्न गर्जारवो वार्दलेषु,
×चतुर्थ्यां च गोधूमका दुर्लभाः स्युः ।
यदा पंचमी वृष्टिहीनापि साभ्रा,
तदा भाद्रमासे महा वृष्टियोगः ॥३३१॥
कार्पासस्य महर्घता भुवि भवेत् षष्ठी यदा निर्मला,
सप्तम्यामपि चन्द्रनिर्मलतया राज्ञां महान् विग्रहः ।
अष्टम्यां यदि भास्करस्समुदितः प्रातःपरं निर्मलो,
रौद्रे वृष्टिनिरोधकृन्नभसि च प्रायोऽल्पवर्षाकरः ।३३२। इति ।

फाल्गुनमासफलम्—

सप्तम्यादित्रये कृष्णे फाल्गुने घनगर्जितम् ।
संग्रामाय प्रतिग्रामं धान्यानां च समर्घता ॥३३३॥
फाल्गुने मासि वर्षा चेज्जायतेऽष्टमिकादिने ।

पान महँगे हों ॥ ३३० ॥ चतुर्थीके दिन वर्षा या गर्जना न हो तो गेहूं दुर्लभ हो । यदि पंचमीको वर्षा न हो और बादल हो तो भाद्रमासमें अधिक वर्षा हो ॥३३१॥ यदि षष्ठी निर्मल हो तो पृथ्वी पर कपास महँगे हो । सप्तमीको चंद्रमा निर्मल हो तो राजाओंमें बड़ा विग्रह हो ; अष्टमीको प्रातःकालमें सूर्योदय निर्मल हो तो आर्द्रामें वर्षाका निरोध कारक है अर्थात् थोड़ी वर्षा करें ॥ ३३२ ॥ इति माघमासफलम् ॥

फाल्गुनकृष्ण सप्तमी आदि तीन दिन मेघ गर्जना हो तो गांव गांवमें कलह हो और धान्य सस्ते हों ॥ ३३३ ॥ फाल्गुन मासकी अष्टमीके दिन वर्षा

टि— क्वचित्तृतीयाचतुर्थ्योः फले विपर्ययः, यतः—

* माह ज तीज उजली, बादल गाज सुखेइ ।
गेहुं जव संचो करे, मुंहघा होसी बेइ ॥१॥
×माहे चोथ सुनिर्मली, बादल मेह न होय ।
पान अने नालेरडा, मुंहघा हुंता जोय ॥२॥

"Aho Shrutgyanam"

तदा सुभिक्षमादेश्यं देशे क्षेमं सुखं बहु ॥३३४॥
सप्तम्यादित्रये साभ्रे गर्भे कुशलनिश्चयः ।
अमावास्यां भाद्रपदे जलं सुलभमब्दतः ॥३३५॥
फाल्गुने शुक्लसप्तम्यां पौर्णिमास्यां तथा दिने ।
निर्वातं गगनं मेघा विजला विद्युदन्विताः ॥३३६॥
भविष्यद्वत्सरे तत्र सुभिक्षं क्षेममादिशेत् ।
भाद्रेऽसौ कृष्णसप्तम्यां दर्शे गर्भफलं जलम् ॥३३७॥
नव्यास्तु–समये चेद् हुताशन्या ज्वलनस्यास्ति वार्दलम् ।
गोधूमकुंकुमापातान्महर्घं धान्यमादिशेत् ॥३३८॥
दशम्येकादशीशुक्ले फाल्गुनेऽभ्रादिगर्भयुक् ।
तदा चतुर्थपञ्चम्या-माश्विने वृष्टिदायिनी ॥३३९॥ इति॥
पीताब्धेरुदयास्तसङ्क्रमफला-दारभ्य लभ्यंधिया,
मासद्वादशकस्य वार्दलबलं यावन्मया वाङ्मयात् ।

हो तो सुभिक्ष, देशमें कल्याण और सुख अधिक हो ॥ ३३४ ॥ सप्तमी आदि तीन दिन बादल रहें तो मेघके गर्भमें कुशलता जानना ऐसा होनेसे भाद्रमासकी अमावास्याको वर्षा हो ॥ ३३५ ॥ फाल्गुन शुक्ल सप्तमी और पूर्णिमा के दिन वायु रहित आकाश हो, बिजली चमके और वर्षा रहित बादल हो तो ॥ ३३६ ॥ अगले वर्षमें सुभिक्ष और कल्याण हो, यही गर्भ भाद्रकृष्ण सप्तमी और अमावसको जल बरसावे ॥ ३३७ ॥ यदि होली जलने के समय बादल हो तो गेहूं, कुंकुम और धान्य महँगे हो ॥ ३३८ ॥ फाल्गुन शुक्ल दशमी, एकादशी के दिन बादल हो तो गर्भ के निमित्त है यह आश्विनकी चतुर्थी पंचमी के दिन वर्षा को करनेवाला है ॥ ३३९ ॥ इति फाल्गुनमासफलम् ॥

अगस्तिका उदय और अस्तका फलादेशसे प्रारंभकर बारह महीनोंके बादलोंका उदय तक का फल शास्त्रसे और बुद्धिसे मानकर, वायु और वर्षा

"Aho Shrutgyanam"

मत्वासारसमागमोदयविदा-मभ्याससेवाकृता-
प्यादिष्टं ननु वर्षबोधनधनं हर्षाय वर्षार्थिनाम् ॥३४०॥
इति श्री मेघमहोदयसाधने वर्षप्रबोधग्रन्थे तपागच्छीयमहोपा-
ध्याय श्रीमेघविजयगणिविरचितेऽगस्तिवर्षराजादिज-
न्मलग्नाभ्रविद्युदादिकथने सप्तमोऽधिकारः ।

अथ गर्भकथननामाष्टमोऽधिकारः ।

मेघगर्भलक्षणम्—

अथ वायुजलादीनां संघातः स्त्यानपुद्गलः ।
गूढस्स गर्भशब्देन वाच्योऽस्योत्पत्तिरुच्यते ॥१॥
कार्त्तिके प्रतिपन्मुख्या-स्तिथयः कृष्णजाः कलाः ।
अमावसी षोडशीयं ऋतोः षोडशरात्रयः ॥२॥
गर्भादिः कार्त्तिकस्तेन रक्तवर्णनभोधरः ।
कृत्तिकार्के गर्भपाकाद् वृष्टिः कल्याणकृत्तदा ॥३॥

का समागम के उदय को जाननेवालों से अभ्यास करके तथा उनकी सेवा करके वर्षाके अर्थिजनों के हर्षके लिये यह वर्षबोधरूप धनको मैंने कहा ॥३४०॥

सौराष्ट्रराष्ट्रान्तर्गत-पादलिप्तपुरनिवासिना पण्डितभगवानदासाख्यजैनेन
विरचितया मेघमहोदये बालावबोधिन्याऽऽर्यभाषया टीकितोऽग-
स्तिवर्षराजादिनिरूपणनामा सप्तमोऽधिकारः ।

वायु और बादल आदिके इकट्ठे हुए पुद्गलोंके समूहरूप जो गूढ मेघ है उसको गर्भ कहते है । उसकी उत्पत्ति कहते हैं ॥१॥ कार्त्तिक कृष्ण-पक्षकी प्रतिपदासे जो कला संज्ञक तिथि हैं वे ऋतु की सोलह रात्रियें हैं, जिनमें अमावस की रात्रि सोलहवीं है । अर्थात् पूर्णिमा से अमावस पर्यंत सोलह रात्रि कला संज्ञक हैं वे पुष्पवती मानी हैं ॥२॥ कार्त्तिकमें गर्भादि के कारणसे आकाश लाल वर्णवाला होता है । वह गर्भ कृत्तिकाके सूर्यमें

"Aho Shrutgyanam"

माघादिगर्भः सिद्धान्ते मार्गादिर्वार्त्तिके मते ।
कार्त्तिकान्माघपर्यन्तं लौकिकः क्वचिदुच्यते ॥४॥
यतः—गरभ कहिजे माह लगि, फागुण परायो गब्भ ।
जार गब्भ स्त्री जिसो, होइ सकरमण सब्भ ॥५॥
शुक्लजायां कार्त्तिके मासे द्वादश्यां प्रोज्ज्वला निशा ।
सकला निर्मला चेत् स्यात् तदा पुष्पोदयो दिवः ॥६॥
यावत् स्यात् कार्त्तिकीपूर्णा-दिनावधिसुनिर्मलम् ।
दिनानि त्रीणि चत्वारि ऋतुस्नातं तदा नभः ॥७॥
कार्त्तिके पुष्पनिष्पत्तौ मार्गे स्नानं ततो मतम् ।
पौषे तुषारवातोर्मि-र्नित्यं माघो घनान्वितः ॥८॥
लोके तु—काती मासह बारसी, आभा गघण करेय ।
बीज खिवे बरसे सही, तो चार मास बरसेय ॥९॥
अन्यत्रापि—

परिपक्व होता है तब कल्याणकारक वर्षा होती है ॥ ३ ॥ सिद्धान्त में—माघ मासमें, वार्त्तिककारकके मतसे मार्गशीर्षादि माससे और लौकिक मतसे कार्त्तिकसे माघमास पर्यन्त गर्भकी उत्पत्ति मानी है ॥४॥ कार्त्तिक से माघ तक गर्भ पवित्र माना है और फाल्गुनमें जार गर्भ माना है, यह नाम सदृश फलदायक है ॥५॥ यदि कार्त्तिक शुक्ल बारसकी रात्रि समस्त बादल रहित निर्मल हो तो मेघ के गर्भ का पुष्पोदय जानना ॥ ६ ॥ कार्त्तिक शुक्ल द्वादशीसे पूर्णिमा तक तीन या चार दिन आकाश निर्मल रहे तो ऋतुमती कहना ॥७॥ कार्त्तिकमें रजःकी उत्पत्ति, मार्गशीर्षमें स्नान, पौष में तुषार और वायु हो तथा माघमास बादल सहित हो तो वर्षाके गर्भकी पूर्ण प्राप्ति समझना ॥ ८ ॥ लोक भाषामें भी कहा है कि— कार्त्तिक शुक्ल बारस को आकाशमें बादल हों, बिजली चमके और वर्षा हो तो चार मास पूर्ण वर्षा हो ॥९॥ कार्त्तिक शुक्ल बारसके दिन मेघ देखनेमें आवे तो मार्गशीर्षार्कमें

"Aho Shrutgyanam"

काली बारसी मेहा दीसे, निश्चय बरसे मिगसिरसोसइ* ।
पांचमी मेहा चमके दामणि, तो वरसे सघलोई श्रावणि ।१०।

वराहस्तु प्राह—

केचिद्वदन्ति कार्त्तिक-शुक्लान्तमतीत्य गर्भदिवसाः स्युः ।
न तु तन्मतं बहूनां गर्गादीनां मतं वक्ष्ये ॥११॥
मार्गशिरसितपक्षे प्रतिपत्प्रभृतिक्षपाकरे षाढाम् ।
पूर्वां वा समुपगते गर्भाणां लक्षणं ज्ञेयम् ॥१२॥
यन्नक्षत्रमुपगते गर्भश्चन्द्रे भवेत् स चन्द्रवशात् ।
पञ्चनवते दिनशते तत्रैव प्रसवमायाति ॥१३॥

मेघमालायां तु—

वारस्तुर्यस्तृतीयं भं तिथिः सा याऽस्तिगर्भिणी ।
गर्भपातं विना मेघ-स्तत्तत्काले प्रजायते ॥१४॥
दशप्रकाराः प्रागुक्ता गर्भाः शीतर्त्तुसम्भवाः ।

निश्चय से वर्षा हो और पंचमी के दिन मेघ हो या बिजली चमके तो पूर्ण श्रावणमासमें वर्षा हो ॥१०॥ कोई कहते हैं कि कार्त्तिक शुक्लपक्षको लांघ कर गर्भके दिन होते हैं, परंतु ऐसा बहुतोंका मत नहीं है इसलिये बहुतसे गर्गादि ऋषियोंका मत कहता हूँ ॥ ११ ॥ मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष में प्रतिपदा आदि जिस दिन चंद्रमा पूर्वाषाढा नक्षत्र पर होता है, उसी दिन से गर्भ का लक्षण जानना चाहिये ॥१२॥ जिस नक्षत्र पर चन्द्रमा हो उस दिन जो मेघ का गर्भ उत्पन्न होता है वह चन्द्रमा के वश से माना जाता है । यह चन्द्रमाके वशसे उत्पन्न हुआ गर्भ १९५ दिनमें प्रसवता (वर्षा करता) है ॥ १३॥

जिस तिथि को चौथा वार और तीसरा नक्षत्र हो उस तिथिको वर्षा के गर्भ उत्पन्न होते हैं, वह स्थिर हो कर उस २ कालमें वर्षा होती है ॥ १४ ॥ शीतऋतुमें उत्पन्न होनेवाले दश प्रकारके गर्भ पहले कहे हैं, वे

---

* टी—मृगशीर्षशब्देन मृगशीर्षमर्कभोगनक्षत्रं तत्समये वृष्टिरित्यर्थः ।

"Aho Shrutgyanam"

गलन्ति नो चैत्रशुक्ले तदा वर्षा यथास्थिता: ॥१५॥
वसुक्रम्—चैत्रस्यादौ दिवसदशकं कल्पयित्वा क्रमेण ,
स्वात्यन्तार्द्राप्रभृतिमुनिभिर्वृष्टिहेतोर्विलोक्यम् ।
यावत्संख्ये भवति दिवसे दुर्दिनं वाऽथ वृष्टि-
स्तावत्संख्यं भवति नियतं वार्षिकं दग्धमृक्षम् ॥१६॥
करकाधूम्रिकापातो रजोवृष्टिः सधूम्रिका ।
त्रिभिरेतैर्महोत्पातैः सद्यो गर्भो विनश्यति ॥१७॥
कार्तिकाद् राधपर्यन्तं गर्भाः स्युः सप्तमासजाः ।
उत्पत्तेः सार्द्धषण्मासै-विना पातं प्रसूतिदाः ॥१८॥
यदाहुः—गर्भिते कार्तिके मासे मासाश्चत्वार ईरिताः
वृष्टयाकुलाः सुभिक्षं च सस्यसम्पत्तिरुत्तमा ॥१९॥
कृष्णपीतहरिच्छ्वेत-वर्णा मेघास्तदा स्मृताः ।
सिन्दूरताम्रवर्णास्तु क्वचिद्वृष्टिविधायिनः ॥२०॥
अत एव लोकेऽपि—कातीमासह धुरि करवि, वैसाखह पज्जंत ।

यदि चैत्र शुक्लपक्षमें गले (बरसे) नहीं और यथास्थित रहे तो वर्षा होती है ॥ १५ ॥ चैत्र शुक्लपक्ष के दश दिन आर्द्रा से स्वाति नक्षत्र तक क्रम सें वृष्टिके लिये अवलोकन करना चाहिये, इनमें यदि जिस दिन दुर्दिन या वर्षा हो उतनी संख्यावाला वर्षाका नक्षत्र दग्ध होता है ॥ १६ ॥ ओला तथा धूम्रिका का गिरना और धूम्रिका के साथ रजः की वर्षा होना ये तीन महा उत्पात हैं, इनसे गर्भका शीघ्रही नाश होता है ॥ १७ ॥ कार्तिकसे वैशाख तक ये सात मास गर्भ रहते हैं । वे उत्पत्ति से साढ़े छमास बाद प्रसूति दायक होते हैं ॥१८॥ कार्तिक मासमें उत्पन्न हुए गर्भ चार मास वर्षा से परिपूर्ण होता है और सुभिक्ष तथा धान्य की प्राप्ति उत्तम करता है ॥ १९ ॥ कृष्ण, पीला, हरा और श्वेत ये वर्णवाले मेघ वर्षादायक हैं और सिंदूर तथा ताम्रवर्णवाले मेघ क्वचित ही वर्षादायक हैं ॥२०॥ लोकमें भी—कार्तिक

"Aho Shrutgyanam"

रोहिणी पूरि नवि गले, तो पूरओ गब्भंत ॥२१॥
रोहिण्याः शशिनो भोगः कार्तिके वा तदुत्तरे ।
मासे गर्भोदयायैतद् वर्षगे कृत्तिकाद्वयम् ॥२२॥
सूत्रे क्षुत्कर्षनो गर्भः षाण्मासिको निवेदितः ।
अधिकस्याविवक्षात-स्तत्र सूर्यायुरादिवत्* ॥२३॥
बाहुल्यनयतो यद्वा सूत्रं प्रायिकमिष्यताम् ।
गजादिपाठवत् स्वप्ने नवमास्यादिवज्जिने ॥२४॥
मार्गशीर्षादिपक्षे तु कार्तिके पुष्पसम्भवात् ।
कृता भेदविवक्षान्यै-गर्भाष्टमे व्रतादिवत् ॥२५॥

आदिस वैशाख तक रोहिणी नक्षत्रमें वर्षा न हो तो गर्भ की पूर्ण प्राप्ति जानना ॥ २१ ॥ कार्त्तिक और मार्गशीर्षमें चन्द्रमा का रोहिणी नक्षत्रके साथ भोग गर्भका उदय के लिये होता है, वह कृत्तिका आदि दो नक्षत्रोंमें बरसता है ॥ २२ ॥ प्रायः सूत्रोंमें षाण्मासिक गर्भ कहा है क्योंकि अधिककी विवक्षा न होनेसे, जैसे सूर्य आदि को आयुष्य ॥ २३ ॥ अथवा बाहुल्यताके नयसे सूत्रको प्रायिक संज्ञा माना है, जैसे उत्तम स्वप्नोंमें प्रथम गज (हाथी) और जिनेश्वरों की गर्भमें नवमासादि स्थिति ॥ २४ ॥ तथा मार्गशीर्षका आदि (कृष्ण) पक्षमें गर्भके पुष्पकालका संभव है उसको कार्त्तिक मानकर पुष्प का संभव बतलाया, ऐसी अन्य आचार्योंने भेदविवक्षा की, जैसे गर्भ से आठ वर्षमें यज्ञोपवीत आदि व्रत इत्यादि ॥ २५ ॥

*टी— श्रीभगवत्यां लोकपालाधिकारे चन्द्रसूर्ययोरायुः पल्योपमं मात्रमुक्तं च लक्षं सहस्रं वायुरधिकं तस्यापि विद्यमानात् । ऋषभे वार्षिकतपोऽधिकं तत्र विवक्षितम् । हासततिसमायुर्वीर यात्यधिकं । यथा लोके पक्षः पञ्चदशाहोभिर्मासस्तु त्रिंशता, मासैर्द्वादशभिर्वर्षमधिकं न विवक्ष्यते । 'गयवसह' इति स्वप्नगाथा सर्वत्र परं सर्वार्हतां पूर्वं गजदर्शनं नास्ति तथापि बाहुल्यात्पाठः । गर्भेऽपि "नवण्हं मासाणं बहुपडिपुण्णाणं अद्धट्ठमाणं राइंदियाणं" इति पाठः सर्वत्र परं सर्वार्हतां गर्भस्थितिस्तथा नास्ति ।

यदाह वराहः—

सितपक्षभवाः कृष्णे कृष्णाः शुक्ले द्युसम्भवा रात्रौ ।
नक्तं प्रभवाश्चाहनि सन्ध्याजाताश्च सन्ध्यायाम् ॥२६॥
मार्गसिताद्या गर्भा ज्येष्ठाऽसितपक्षके प्रसुवतेऽब्दम् ।
तत्कृष्णपक्षजाता आषाढसिते प्रवर्षन्ति ॥२७॥
पौषसितोत्था गर्भा आषाढस्यासिते च मेघकराः ।
पौषस्य कृष्णपक्षाद् विनिर्दिशेच्छ्रावणस्य सिते ॥२८॥
मार्गसिताद्याः कतिचित् पतन्ति करकानिलादिकोत्पातैः ।
मार्गासितजा गर्भा मन्दफलाः पौषशुक्लजाताश्च ॥२९॥
माघसितोत्था गर्भा श्रावणकृष्णे प्रसूतिमायान्ति ।
माघस्य कृष्णपक्षेण विनिर्दिशेद् भाद्रपदशुक्लम् ॥३०॥
फाल्गुनशुक्लसमुत्था भाद्रपदस्यासिते विनिर्देश्याः ।
तस्यैव कृष्णपक्षोद्भवाः पुनश्चाश्वयुजि शुक्ले ॥३१॥

शुक्लपक्षमें पैदा हुआ गर्भ कृष्णपक्षमें और कृष्णपक्षमें पैदा हुआ गर्भ शुक्लपक्षमें, दिनका गर्भ रात्रिमें और रात्रिका गर्भ दिनमें, तथा सन्ध्याकाल का गर्भ संध्यासमयमें प्रसवता है ॥ २६ ॥ मार्गशीर्ष शुक्लपक्षमें उत्पन्न हुआ गर्भ ज्येष्ठकृष्णपक्षमें प्रसवता हैं और मार्गशीर्ष कृष्णपक्षमें पैदा हुआ गर्भ आषाढ शुक्लपक्षमें प्रसवता है याने बरसता है ॥ २७ ॥ पौषशुक्लमें पैदा हुआ गर्भ आषाढकृष्णपक्षमें और पौषकृष्णपक्षका गर्भ श्रावणशुक्लपक्षमें बरसता है ॥ २८ ॥ मार्गशिरशुक्लपक्षमें पैदा हुआ गर्भ कभी ओला और वायु आदि का उत्पातोंसे गिर जाता है । मार्गशीर्ष कृष्णपक्षमें और पौषशुक्लपक्षमें उत्पन्न हुआ गर्भ मन्दफलदायक है ॥ २९ ॥ माघशुक्लपक्षमें उत्पन्न हुआ गर्भ श्रावणकृष्णपक्षमें और माघकृष्णपक्षका गर्भ भाद्रपदका शुक्लपक्षमें प्रसवता है ॥ ३० ॥ फाल्गुन शुक्लपक्षमें उत्पन्न हुआ गर्भ भाद्रपदका कृष्णपक्षमें और फाल्गुन कृष्णपक्षका गर्भ आश्विनशुक्लपक्षमें बरसता है ॥ ३१ ॥ चैत्रशु-

"Aho Shrutgyanam"

चैत्रसितपक्षजाताः कृष्णेऽश्वयुजस्तु वारिदा गर्भाः ।
चैत्रासितसम्भूताः कार्त्तिकशुक्लेऽभिवर्षन्ति ॥३२॥
तस्मान्मतेऽपि वाराहे पुष्पं स्यात् कार्त्तिकासिते ।
अनुक्ते परिशेषेण निर्णयोऽत्र बहुश्रुतात् ॥३३॥

मार्गकृष्णादिगर्भा यथा—

मार्गशीर्षकृष्णपक्षे मघायां गर्भसम्भवे ।
यद्वा कृष्णचतुर्दश्यां सविद्युन्मेघदर्शने ॥३४॥
आषाढे शुक्लपक्षे तच्चतुर्थ्यां वर्षति ध्रुवम् ।
मार्गकृष्णे चतुर्थ्यादि-त्रयेऽश्लेषात्रयीक्रमात् ॥३५॥
गर्भितेष्वेषु ऋक्षेषु मार्गकृष्णे फलं भवेत् ।
आषाढे पूर्वफाल्गुन्यां त्रिरात्रं वृष्टिसम्भवात् ॥३६॥
उत्तरा हस्तश्चित्रा च सप्तम्यादित्रये यदा ।
मार्गशीर्षे गर्भिता चेद् अभ्रैर्वातैश्च विद्युता ॥३७॥

क्लपक्षमें पैदा हुआ गर्भ आश्विनकृष्णपक्षमें और चैत्रकृष्णपक्षका गर्भ कार्त्तिकशुक्लपक्षमें बरसता है ॥ ३२ ॥ ऐसा वराहमिहराचार्यका मत है इसलिये कार्त्तिक कृष्णपक्षमें मेघ के पुष्प (रजः) की प्राप्ति समझना चाहिये और जो बाकी नहीं कहे हैं उनका निर्णय बहुत से आगमों द्वारा यहां कर लेना चाहिये ॥ ३३ ॥

मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष में मघानक्षत्र के दिन गर्भ उत्पन्न हो या कृष्ण चतुर्दशी को बिजली सहित बादल हो तो ॥ ३४ ॥ आषाढ शुक्लपक्ष में चतुर्थीके दिन अवश्य वर्षा होती है । मार्गशिर कृष्णपक्षकी चतुर्थी आदि तीन तिथि और आश्लेषा आदि तीन नक्षत्र इन में गर्भकी उत्पत्ति हो तो आषाढमासमें पूर्वाफाल्गुनीनक्षत्रके दिन तीन रात्रि वर्षा हो॥ ३५-३६ ॥मार्गशीर कृष्णपक्षमें उत्तराफाल्गुनी हस्त और चित्रानक्षत्र तथा सप्तमी आदि तीन तिथि इनमें गर्भ उत्पन्न हो और बिजलीके साथ बादल तथा वायु हो तो॥ ३७॥ आषाढ

"Aho Shrutgyanam"

आषाढे श्वेतपक्षे तु अष्टम्यां स्वातिभे तथा ।
त्रिरात्रं मेघवृष्ट्या स्याज्जलैरेकार्णवा मही ॥३८॥
दशम्यादित्रये मार्गे कृष्णे चामावसीतिथौ ।
चित्रास्वातिविशाखासु सञ्जाते गर्भलक्षणे ॥३९॥
आषाढे शुक्लपक्षान्त-स्तिथौ तस्यां घनोदयः ।
तस्मिन्नेव च नक्षत्रे जायते नात्र संशयः ॥४०॥
पौषमासे कृष्णपक्षे ऋक्षं शतभिषग् यदा ।
इत्यादिश्लोक दशकं प्रागुक्तमिह भाव्यते ॥४१॥
सप्तम्यादित्रये पौषे कृष्णे गर्भस्य लक्षणात् ।
श्रावणे शुक्लसप्तम्यां स्वातौ स्याद् वृष्टये ध्रुवम् ॥४२॥
त्रयोदशीत्रये कृष्णे विद्युन्मेघैश्च गर्भिते ।
श्रावणे पूर्णिमायां स्याद् वृष्टिः सर्वत्र मण्डले ॥४३॥
माघे कृष्णनवम्यां चेदित्युक्तं प्राक् ।
फाल्गुने शुक्लसप्तम्यां कृत्तिकाऋक्षसङ्गमे ।

शुक्लपक्षमें अष्टमीको तथा स्वातिनक्षत्रको तीन रात्रि मेघवृष्टि हो, पृथ्वी जल से एकाकार हो ॥३८॥ मार्गशिर कृष्णपक्ष की दशमी आदि तीन तिथि और अमावास्या इन तिथियोंमें तथा चित्रा स्वाति और विशाखा इन नक्षत्रों में गर्भ उत्पन्न हो तो ॥३९॥ आषाढ शुक्लपक्षके अन्तकी उन्हीं तिथिओं में और उन्हीं नक्षत्रोंमें वर्षा हो इसमें संदेह नहीं ॥४०॥

पौष मासका कृष्णपक्षमें यदि शतभिषग्नक्षत्रके दिन वायु बादल हो इत्यादि दश श्लोक पहले कहे हैं वहां से यहां विचार लेना ॥४१॥ पौष कृष्णपक्षकी सप्तमी आदि तीन तिथिओं में गर्भका लक्षण होने से श्रावण शुक्ल सप्तमीको स्वातिनक्षत्रके दिन निश्चय से वर्षा होती है ॥४२॥ पौष कृष्ण त्रयोदशी आदि तीन तिथियों में बिजली और बादल सहित गर्भ हो तो श्रावण मासकी पूर्णिमाके दिन सर्वत्र देशमें वर्षा हो ॥४३॥

"Aho Shrutgyanam"

गर्भोदमावसी भाद्रे द्रोणमेघप्रवर्षिनी ॥४४॥
अष्टम्यादिचतुष्के तु चतुर्थ्यादित्रये घनः ।
भवेद् भाद्रपदे मासे जगतः सुखसाधनम् ॥४५॥
पञ्चमी सप्तमी चैत्रे नवम्येकादशी सिता ।
त्रयोदशी पूर्णिमा च दिनेष्वेतेषु वर्षणात् ॥४६॥
करकापाततो विद्युद्दर्शनाद् गर्जितादपि ।
वर्षाकाले जलधर-श्छिद्रादेव प्रवर्षति ॥४७॥
दशा वायुरिव त्रेधा ज्ञापकः स्थापकः पुनः ।
उत्पादकश्च गर्भोऽत्र सार्द्धषण्मासिकोऽन्तिमः ॥४८॥
कार्तिकद्वादशीगर्भो ज्ञापकः शुचिवर्षणे ।
मार्गशुक्लस्य पञ्चम्याः श्रावणादिचतुष्टये ॥४९॥
पौषकृष्णाष्टमीगर्भो सप्तम्यां नभसः सिते ।
पौषकृष्णदशम्यां हि गर्भो भाद्रासितस्य वा ॥५०॥

फाल्गुन शुक्ल सप्तमी कृत्तिका युक्त हो उस दिनका गर्भसे भाद्रपद की अमावसको एक द्रोण जलवर्षा हो ॥ ४४ ॥ फल्गुन में अष्टमी आदि चार दिन गर्भ हो तो भाद्रपदमें चतुर्थी आदि तीन दिन जगत्को सुखकारक वर्षा हो ॥४५॥

चैत्र शुक्ल पंचमी सप्तमी नवमी एकादशी त्रयोदशी और पूर्णिमा इन दिनोंमें वर्षा हो, ओला गिरे, बिजली चमके और गर्जना हो तो वर्षाकाल में छिद्रसे ही वर्षा हो ॥ ४६ ॥ ४७ ॥

जैसे वायु तीन प्रकार के हैं ऐसे गर्भ भी ज्ञापक, स्थापक और उत्पादक ये तीन प्रकार के हैं, इनमें अन्तिम साढ़े छमासका गर्भ उत्तम माना है ॥ ४८ ॥ कार्त्तिक शुक्ल द्वादशीका गर्भ आषाढ में वर्षता है । मार्गशीर्ष शुक्ल पंचमी का गर्भ श्रावण आदि चार मास बरसता है ॥ ४९ ॥ पौषकृष्ण अष्टमी का गर्भ श्रावणशुक्ल सप्तमी को बरसता है । पौषकृष्ण दशमी का

"Aho Shrutgyanam"

पौषस्य शुक्लषष्ठीजो गर्भो भाद्रपदाऽसिते ।
माघे धवलसप्तम्या आश्विनाऽशुक्लशुक्लयोः ॥५१॥
लोकेऽपि—आसाढे सिहरा करे, वज्जे उत्तर वाय ।
तउ जाणे काली थकी, दसमे मास विहाय ॥५२॥
पोस अंधारि आठमि, विणुजल आभा छांह ।
सावण सुदि सातमि, जलधर दीधो थांह ॥५३॥
पोसह छट्ठे हुइ घणसारो, तो वरसे भद्दव अंधारो ।
माही सत्तमी सत्ते जोइ, इण गुण निरतो वरसे आसोइ ॥५४॥
पोसदशमी जो मेह संभारे, तो वरसे भद्दव अंधारे ।
माही सातमी गब्भो दीसे, आसू वरसे दीह बत्तीसे ॥५५॥
छट्ठि इगारसि पूनिम पूरी, पोसअमावसि होइ अनीरी ।
इम जंपे सवि पढिया पंडिय, वरसे मेह असाढ अखंडिय ॥५६॥
पोसअंधारी सातमे, जइ घण नवि वरसेइ ।

गर्भ भाद्रकृष्ण में बरसता है ॥ ५० ॥ पौषशुक्ल षष्ठी का गर्भ भाद्रपदकृष्णपक्षमें बरसता है । माघशुक्ल सप्तमीका गर्भ आसोज कृष्ण और शुक्ल ये दोनों पक्षमें बरसता है ॥ ५१ ॥

आषाढमें गर्जना हो और उत्तरदिशाका वायु चले तो भाद्रपदमें वर्षा हो ॥५२॥ पौष कृष्णअष्टमीको आकाश बादलों से आच्छादित हो किंतु वर्षा न हो तो श्रावण शुक्ल सप्तमीको वर्षा हो ॥५३॥ पौष मासकी षष्ठीके दिन वर्षाका गर्भ हो तो भाद्रपदका कृष्णपक्षमें वर्षा हो । माघ शुक्लसप्तमी को वर्षाके गर्भ हो तो आसोजमासमें निरंतर वर्षा हो ॥५४॥ पौष दशमी को मेघाडंबर हो तो भाद्रपदके कृष्णपक्षमें वर्षा हो । माघ मासकी सप्तमी को वर्षाके गर्भ हो तो आसोज महीनेके बत्तीस दिन वर्षा हो ॥५५॥ पौष मासकी षष्ठी एकादशी पूर्णिमा और अमावास्याके दिन गर्भकी परिपूर्णता हो तो आषाढमासमें अविच्छिन्न मेघ बरसे ऐसे सब पंडित कहते हैं ॥५६॥ पौष

"Aho Shrutgyanam"

तो आद्रा मांहि आदरे, जलथल एक करेइ ॥५७॥
ततः स्युर्ज्ञापके गर्भे मासा षट् सप्त चाष्ट* वा ।
स्थापको ज्येष्ठमूलादि-पूर्वाषाढाम्बुदोदयः ॥५८॥
यतः–गली रोहिणी गली पडिवा, गलिया जेट्ठा मूल ।
पूर्वाषाढ धडुक्किओ, नीपना सातु नूर ॥५९॥
उत्पादकस्तु द्विविधस्तात्कालिकः स लक्षणः ।
सार्द्धषाण्मासिकस्त्वन्यः प्रथमः समयोद्भवः ॥६०॥
द्वित्रिपञ्चादिदिवसमासाद्यन्तजलप्रदाः ।
ते मध्यमाः परिज्ञेया स्तात्कालिकाः पुनस्त्वमी ॥६१॥
मेघचक्रे रौद्रीयमेघमालायाम्—
पूर्वास्यां यदि सन्ध्यायां मेघैराच्छादितं नभः ।

कृष्ण सप्तमीको यदि वर्षा न हो तो आर्द्रानक्षत्रमें वर्षाका आरंभ हो याने जल स्थल एकाकार हो ॥ ५७ ॥

ज्ञापकगर्भ छ सात या आठ मास के बाद बरसता है। स्थापक गर्भ ज्येष्ठ मूल और पूर्वाषाढानक्षत्रमें उदय होता है ॥५८॥ इसलिये कहा है कि– प्रतिपदा तिथि, रोहिणी, ज्येष्ठ और मूलनक्षत्र इनमें वर्षा हो और पूर्वाषाढामें गर्जना हो तो सातों नूर उत्पन्न हों ॥५९॥ उत्पादक गर्भ दो प्रकारके हैं - एक 'तात्कालिक' शीघ्र ही बरसनेवाला और दूसरा समय पर बरसनेवाला साढे छमासिक ॥ ६० ॥ गर्भ होने बाद जो दो तीन पांच आदि दिनोंमें या मासके भीतर ही बरसनेवाला हो यह मध्यम तात्कालिक गर्भ जानना ॥६१॥

पूर्व दिशामें यदि सन्ध्या समय आकाश बादलों से आच्छादित हो

---

* टी— अत्राष्टौ मासाः पौषदशमीत्यादावपि तथैव, माघशुक्लसप्तम्यां गर्भोऽप्याश्विनेऽष्टमासजः, आश्विनकृष्णे सार्द्धाष्टमासजः। पौषपूर्णिमागर्भ आषाढशुक्ले षाण्मासिकः कृष्णे तु सार्द्धषाण्मासिकः कृष्णादिमते, शुक्लादिमते तु आषाढशुक्ले सार्द्धषाण्मासिकः, कृष्णपक्षे सप्तमासिकः ।

"Aho Shrutgyanam"

पर्वताकृतिभिः कैश्चित् कैश्चित्कुञ्जरमूर्तिभिः ॥६२॥
नानाकृतिधरैरभ्र-मातङ्गधवलैर्घनैः ।
पञ्चरात्रात् सप्तरात्रात् सद्यो वृष्टिर्निगद्यते ॥६३॥
उत्तरस्यां च सन्ध्यायां गिरिमालेव विस्तृतः ।
मेघस्तृतीयदिवसे वृष्ट्या तुष्टिकरो नृणाम् ॥६४॥
पश्चिमायां तु सन्ध्यायां घनाः स्युः पर्वता इव ।
श्यामाश्चेऽस्तंगते भानौ सद्यो वर्षाभिलक्षणम् ॥६५॥
दक्षिणस्यां यदा मेघः स कोटीनारसम्भवः ।
त्रिपञ्चसप्तरात्रान्तः किञ्चिद् वृष्टिविधायकः ॥६६॥
आग्नेय्यां बहुतापाय मेघाः स्वल्पजलप्रदाः ।
नैर्ऋत्यामीतिसन्ताप-रोगवर्षाकराः स्मृताः ॥६७॥
वातवृष्टिकराः सद्यो वायव्यामुन्नता घनाः ।
ऐशान्यामशनिव्यक्ता मेघाः सुखकरा जलात् ॥६८॥

और यही बादलोंकी आकृति पर्वत या हाथीके समान देखनेमें आवे ॥६२॥ और अनेक प्रकारके श्वेत हाथियोंके सदृश बादल दीखे तो पांच या सात रात्रिके बाद अवश्य वर्षा हो ॥ ६३ ॥ उत्तर दिशामें संध्याके समय पर्वत-पंक्तिकी समान विस्तृत बादल हों तो तीन दिनमें मनुष्योंको संतुष्ट करनेवाली अच्छी वर्षा हो ॥ ६४ ॥ पश्चिम दिशामें सन्ध्याके समय पर्वतकी समान बादल हों और सूर्यास्तके समय बादल श्याम रंगवाले हो तो शीघ्र ही वर्षा होती है ॥६५॥ दक्षिण दिशामें संध्याके समय जटा या मुकुटकी समान बादल हो तो तीन पांच या सात रात्रिके बाद कुछ वर्षा हो ॥६६॥ आग्नेय कोणमें बादल हो तो गरमी अधिक पड़े और वर्षा थोड़ी हो। नैऋत्य कोणमें बादल हो तो ईतिका उपद्रव हो और रोगकारक वर्षा हो ॥६७॥ वायव्य कोणमें उन्नत बादल हो तो शीघ्र ही वायु और वर्षा करते है। ईशान कोणमें बादल हो बिजली चमके तो सुखकारक जल वर्षा हो ॥६८॥

"Aho Shrutgyanam"

अथ तात्कालिकगर्भलक्षणम्—

चतुर्थी पञ्चमी षष्ठी ह्यमावास्या च सप्तमी ।
आषाढकृष्णतिथयः सद्यो मेघाय लक्षणे ॥६९॥
अभ्रेषु पञ्चवर्णाः स्युः पश्चिमाभिमुखी गतिः ।
पूर्ववातः पुनर्मेघा वर्षालक्षणमीदृशम् ॥७०॥
आषाढपूर्णाविगमाद् यावदायाति पञ्चमी ।
तावद्दिनेषु मध्याह्ने सन्ध्यायां मेघलक्षणे ॥७१॥
सप्तमी दशमी चैका-दशी श्रावणकृष्णगा ।
मेघचिन्हेन सन्ध्यायां त्रिरात्राद् वृष्टिकारिणी ॥७२॥
अमावास्यां श्रावणस्य चित्रादिनेऽथवा सिते ।
सद्य उत्पद्यते गर्भ-स्तद्दिने दुर्दिनोदिता ॥७३॥
पूर्वस्यां बार्दलं धूम्रं सूर्याऽस्ते पीतकृष्णता ।
उत्तरस्यां मेघमाला प्रभाते विमला दिशः ॥७४॥

आषाढ कृष्णपक्ष की चतुर्थी, पंचमी, षष्ठी, अमावस और सप्तमी ये तिथि शीघ्र ही मेघ बरसाती है ॥६९॥ आकाशमें पंच वर्णवाले बादल पश्चिमाभिमुख जा रहे हों और पूर्वदिशाका वायु चलता हो तो यह वर्षाका लक्षण समझना चाहिये ॥ ७० ॥ आषाढ पूर्णिमाके बाद पंचमी तक इन दिनोंमें मध्याह्न समय और संध्या समय मेघके लक्षण हो तो शीघ्र ही वर्षा होती है ॥७१॥ श्रावण कृष्णपक्षकी सप्तमी दशमी और एकादशीको संध्या समय मेघके लक्षण हो तो तीन रातमें वर्षा हो ॥७२॥ श्रावणकी अमावस को या शुक्लपक्षमें चित्रानक्षत्रके दिन दुर्दिन हो तो शीघ्र ही गर्भ उत्पन्न होता है ॥७३॥ पूर्वदिशामें धूम्र वर्णवाले बादल सूर्यास्तके समय पीले या श्याम वर्णवाले हो जाय, उत्तरदिशा में मेघ हो, प्रातःकाल में दिशा स्वच्छ रहे और मध्याह्न समय अधिक गरमी हो तो ये मेघ के लक्षण जानना; यदि ऐसे लक्षण हो तो उसी दिन आधीरात में प्रजा को संतुष्टकारक अच्छी

"Aho Shrutgyanam"

मध्यकाले जनेत्ताप ईदृशे मेघलक्षणे ।
अर्द्धरात्रे गते वृष्टिः प्रजातोषाय जायते ॥७५॥
भाद्रशुक्ले चतुर्थेऽह्नि पञ्चमे सप्तमेऽष्टमे ।
पूर्णिमायां च गर्भेण सद्यो मेघमहोदयः ॥७६॥
पञ्चभिः सप्तभिर्वा स्या-द्दिनैरेकार्णवा मही ।
चतुर्थ्यामपि पञ्चम्या-माश्विने शीघ्रगर्भदा ॥७७॥
दक्षिणः प्रबलो वातः सकृदेव प्रजायते ।
वारुणैश्चैव नक्षत्रैः शीघ्रं वर्षति माधवः ॥७८॥
धूम्रिताः स्युर्दिशः सर्वाः पूर्ववाते वहत्यपि ।
चतुर्याम्यन्तरे मेघः सरांसि परिपूरयेत् ॥७९॥
वराहस्त्वाह–उदयशिखरिसंस्थो दुर्निरीक्षोऽतिदीप्त्या,
द्रुतकनकनिकाशः स्निग्धवैडूर्यकान्तिः ।
तदहनि कुरुतेऽम्भ-स्तोयकाले विवस्वान्,
प्रतिपदि यदि वोच्चैः खं गतोऽतीव तीव्रः ॥८०॥

वर्षा होती है ॥७४-७५॥ भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी, पंचमी, सप्तमी, अष्टमी और पूर्णिमा इन दिनोंमें गर्भ हो तो शीघ्रही वर्षा होती है ॥७६॥ पांचवें या सातवें दिनमें ही पृथ्वी जलसे पूर्ण हो जाय। आश्विन मासकी चतुर्थी और पंचमीको भी शीघ्रही वर्षाकारक गर्भ होते हैं ॥७७॥ शतभिषानक्षत्र के दिन दक्षिण दिशाका प्रबल वायु एकवार भी चले तो शीघ्रही वर्षा होती है ॥७८॥ सब दिशाएँ धूम्र वर्णवाली हों और पूर्वदिशाका वायु चले तो चौथे प्रहर जलकी वर्षा सरोवरको परिपूर्ण करें ॥७९॥ वर्षाॠतु में जिस दिन उदयाचल पर रहा हुआ सूर्य अपनी कान्ति से प्रचंड तेजस्वी हो, पिघले हुए सुवर्णकी समान या स्निग्ध वैडूर्यमणिकी समान चिकनी कान्ति वाले हो तो उस दिन जलवर्षा हो। यदि आकाश में ऊंचे स्थान पर जा कर तीक्ष्ण किरणोंसे तपे तो उसी समय वर्षा हो ॥८०॥

"Aho Shrutgyanam"

गर्भविनाशलक्षणम्—

गर्भोपघातलिङ्गान्युल्काशनिपांशुपातदिग्दाहाः ।
क्षितिकम्पखपुरकीलककेतुग्रहयुद्धनिर्घाताः ॥८१॥
रुधिरादिवृष्टिवैकृतपरिघेन्द्रधनूंषि दर्शनं राहोः ।
इत्युत्पातैरेतैस्त्रिविधैश्चान्यैर्हतो गर्भः ॥८२॥
स्वर्तुः प्रभावजनितैः सामान्यैर्यैश्च लक्षणैर्वृद्धिः ।
गर्भाणां विपरीतैस्तैरेव विपर्ययो भवति ॥८३॥
भाद्रपदाद्वयविश्वाम्बुदैवपैतामहेष्वथर्क्षेषु ।
सर्वेष्वृतुषु विवृद्धो गर्भो बहुतोयदो भवति ॥८४॥
शतभिषगाश्लेषार्द्रास्वातिमघासंयुतः शुभो गर्भः ।
पौष्णांस्तु बहून् दिवसान् हन्त्युत्पातैर्हतैस्त्रिविधैः ॥८५॥
मार्गशिरादिष्वष्टौ षट्षोडश विंशतिश्चतुर्युक्ताः ।

अब गर्भ विनाश कारक लक्षण कहते है— गर्भके समय उलकापात, वज्राघात, धूलिकी वर्षा, दिग्दाह, भूमिकम्प, गन्धर्व नगर, कीलक, केतु, ग्रहयुद्ध, निर्घातशब्द, रुधिर आदिकी वर्षा होनेसे विकारपन, परिघ, इन्द्र-धनुष और राहु का दर्शन इन सब उत्पातों से और दूसरे तीन प्रकार के उत्पातोंसे गर्भका विनाश हो जाता है ॥८१-८२॥ अपने ऋतुके स्वभाव में उत्पन्न हुए गर्भ साधारण लक्षण द्वारा बढते हैं और यही लक्षण विपरीत होनेसे गर्भकी हानि होती है ॥८३॥ पूर्वाभाद्रपदा, उत्तराभाद्रपदा, पूर्वाषाढा, उत्तराषाढा और रोहिणी इन नक्षत्रों में उत्पन्न हुए गर्भ सब ऋतु में वृद्धि पाते हैं और बहुत जलदायक होते हैं ॥८४॥ शतभिषा, आश्लेषा, आर्द्रा, स्वाति और मघा इन नक्षत्रों में उत्पन्न हुए गर्भ शुभ होते हैं और बहुत दिन तक पोषण करते हैं परंतु तीन उत्पातों से हने हुए हो तो नष्ट हो जाते हैं ॥८५॥ मार्गशिरमें शतभिषा आदि पांच नक्षत्रोंमें उत्पन्न हुए गर्भ साढे छः मास बाद आठ दिन तक बरसते हैं । इसी तरह पौष के उत्पन्न

"Aho Shrutgyanam"

निशातिरथदिवहैस्रदमेकतमर्त्तेणा पञ्चभ्यः ॥८६॥
क्रूरग्रहसंयुक्ते करकाशनिवर्षदायिनो गर्भाः।
शशिनि रवौ चापि शुभैर्युतन्दिते भूरि वृष्टिकराः ॥८७॥
गर्भसमयेऽतिवृष्टिर्गर्भाभावाय मित्रखेटकृता।
द्रोणाष्टांशाभ्यधिके वृष्टेगर्भश्च्युतो भवति ॥८८॥
गर्भः पुष्टः प्रसवे ग्रहोपघातादिभिर्यदि न वृष्टः।
आत्मीयगर्भसमये करकामिश्रं ददात्यम्भः ॥८९॥
काठिन्यं याति यथा चिरकालधृतं पयः पयस्विन्याः।
कालातीतं तद्वत्सलिलं काठिन्यमुपयाति ॥९०॥
पञ्चनिमित्तैः शतयोजनं तदर्द्धार्द्धमेकनो हन्यात्।
वर्षति पञ्च समन्ताद् रूपेणैकेन यो गर्भः ॥९१॥

हुए गर्भ छः दिन, माघके सोलह दिन, फाल्गुन के चौबीस, चैत्रके वीस दिन और वैशाखके तीन दिन बराबर वर्षा होती है ॥८६॥ यदि गर्भ का नक्षत्र क्रूर ग्रह युक्त हो तो समस्त गर्भ से ओले और विजली गिरे तथा वर्षाके साथ मच्छली बरसे। यदि चन्द्रमा या सूर्य शुभग्रह से युक्त हो या शुभग्रह से देखे जाते हो तो बहुतही वर्षा करते हैं ॥८७॥ यदि गर्भ के समय विना कारण बहुतसी वर्षा हो तो गर्भका अभाव होता है। द्रोणका अष्टमांशसे अधिक वर्षा हो तो गर्भपात होता है ॥८८॥ जो पुष्टगर्भ प्रसव के समय ग्रहों के उपघात आदिसे न बरसे तो दूसरे गर्भ ग्रहण के समय ओलेका मिला हुआ जल बरसाता है ॥८९॥ जिस प्रकार गायों का दूध बहुत काल तक रहनेसे कठिन हो जाता है, इसी तरह जल भी वर्षने के समय न बरसे तो कठिन ओले बन जाते हैं ॥९०॥ जो गर्भ 'पवन जल बिजली गर्जना और बादल' इन पांच प्रकारके निमित्तसे पुष्ट होता है वह सौ योजन तक बरसता है। चार निमित्तसे पचास, तीन निमित्तसे पचीस, दो निमित्तसे साढे बारह और एक निमितसे पांच योजन तक बरसता है।

"Aho Shrutgyanam"

द्रोणः पञ्चनिमित्ते गर्भे त्रीण्याढकानि पवनेन ।
षड्विद्युता नवाभ्रैः स्तनितेन द्वादश प्रसवे ॥९२॥
सत्सन्ध्यासंलग्नो वर्षति गर्भस्तु योजनं त्वेकम् ।
सद्गर्जितं त्रिगुणितं सार्द्धाष्टयोजनी भवेद् विद्युत ॥९३॥
प्रतिसूर्यकेण वर्षत्येकादश योजनानि गर्भस्तु ।
सत्परिवेशो द्वादश समीरणेनापि पञ्चदश ॥९४॥
पवनाभ्रवृष्टिविद्युद्गर्जितशीतोष्णरश्मिपरिवेषाः ।
जलमत्स्येन सहोक्ता दशधा गर्भप्रसवहेतुः ॥९५॥
पवनसलिलविद्युद्गर्जिताभ्रान्वितो यः,
स भवति बहुतोयः पंचरूपाभ्युपेतः ।
विसृजति यदि तोयं गर्भकाले च भूरि,
प्रसवसमयमित्वा शीकराम्भः करोति ॥९६॥

अर्थात् एक २ निमित्तसे अभावसे सौ योजनके क्रमसे हानि होकर वर्षा होती है ॥ ९१ ॥ पांच निमित्तवाले गर्भ एक द्रोण (२०० पल) जल बरसाता है । प्रसवके समय पवन हो तो तीन आढक (१५० पल) जल बरसाता है । बिजलीके निमित्तवाले गर्भ छः आढक जल बरसता है। मेघ संयुक्त गर्भ हो तो नव आढक, और गर्जना युक्त गर्भ हो तो बारह आढक जल बरसाता है ॥ ९२ ॥ संध्या युक्त गर्भ एक योजन तक बरसता है । गर्जना युक्त गर्भ तीन योजन तक, बिजली युक्त गर्भ साढे आठ योजन तक बरसता है ॥९३॥ उल्कापात युक्त गर्भ ग्यारह योजन तक, परिमंडल युक्त बारह योजन और वायु युक्त पंद्रह योजन तक बरसता है ॥९४॥ पवन, बादल, वर्षा, बिजली, गर्जना, शीत, उष्ण, किरण, परिवेष और जल-मत्स्य, ये दश प्रकार गर्भ प्रसवके कारण हैं ॥९५॥ जो गर्भ पवन, जल, बिजली, गर्जना और बादल इन पांच निमित्तरूपसे युक्त हो तो वह गर्भ बहुत जलदायक होता है । यदि गर्भकालमें बहुत जल बरसे तो प्रसव समय

"Aho Shrutgyanam"

अथ सद्यो वृष्टिलक्षणम्—

बार्दले रात्रिवासश्चेत् खद्योतेषु निशि द्युतिः ।
जलेषु चोष्णता सद्यो मेघवर्षाभिलक्षणम् ॥९७॥
रात्रौ तारा झलत्कारः प्रातश्चात्यरुणो रविः ।
अवृष्टौ शक्रचापश्च सद्यो वृष्टिस्तदा भवेत् ॥९८॥
चढन्ति भुजगा वृक्षे सूर्येन्दोः परिधिस्तथा ।
उर्ध्वा चेद् गङ्कुरी शेते लोहे कीटः पुनः पुनः ॥९९॥
आम्लं च तक्रं तत्कालं मत्स्येन्द्रधनुरुद्गमः ।
धूम्रिता निबिडा शैला-श्चर्मादिषु तथार्द्रता ॥१००॥
प्रभाते पश्चिमायां चे-दिन्द्रचापः प्रदृश्यते ।
वारुणश्चैव नक्षत्रैः शीघ्रं वर्षति माधवः ॥१०१॥
गोमये उत्कराः कीटाः परितापोऽतिदारुणाः ।
चातकानां रवो वृष्टिं सद्यः स सूचयेज्जने ॥१०२॥

को लांघकर जल कण वर्षा करता है ॥९९॥

बादलोंमें अंधकार हो, रात्रिमें खद्योत (उडनेवाले चमकदार जंतु) की प्रकाश अधिक हो और पानिमें उष्णता हो तो शीघ्रही मेघवर्षाका लक्षण जानना ॥ ९७ ॥ रात्रिमें तारा गिरे, प्रातः काल सूर्य लालवर्ण वाला हो, और आकाश में विना वर्षा इन्द्र धनुष दीखे तो शीघ्र ही वर्षा होती है ॥ ९८ ॥ वृक्षके पर सर्प चढे, सूर्य और चंद्रमा को परिधि (परिमंडल) हो, उच्चस्थान पर गङ्कुरी सोवे, लोहे पर बारंबार कीट लगजाय ॥ ९९ ॥ छाशमें खट्टापन शीघ्रही आजाय, जलमत्स्य तथा इन्द्र धनुष का उदय हो, पर्वत धूम्रां वाले होकर घने (इकट्ठे) दीखे, चमडा आदिमें गीलापन हो जाय ॥ १०० ॥ प्रातःकाल पश्चिमदिशामें इन्द्र धनुष दीखे और शतभिषा नक्षत्र हो तो शीघ्रही वर्षा होती है ॥ १०१ ॥ गोबरमें अतिदारुण बहुत प्रकारके कीडे हों तथा चातक पक्षी शब्द करे तो शीघ्रही वर्षा होती है ॥

"Aho Shrutgyanam"

सूर्योदये श्रावणमासि गर्जेद्भ्रमन्ति नीरोपरि वापि मत्स्याः ।
घनस्तदाष्टादश याममध्ये, करोति भूमिं सलिलेन पूर्णाम् ।३।
वराहः–शुककपोतविलोचनसन्निभो,
मधुनिभश्च यदा हिमदीधितिः ।
प्रतिशशी च यदा दिवि राजते,
पतति वारि तदा न चिराद्दिवः ॥१०४॥
स्तनितं निशि विद्युतो दिवा,
रुधिरनिभा यदि दण्डवत् स्थिता ।
पवनः पुरतश्च शीतलो यदि,
सलिलस्य तदागमो भवेत् ॥१०५॥
वल्लीप्रवाला गगनोन्मुखाः स्नानं च पक्षिणाम् ।
जलान्तः पांशुराशौ वा गवामूर्ध्वं खवीक्षणम् ॥१०६॥
मार्जारभूमिखननं गोनेत्रात् पयसः श्रवः ।
नीलिका कज्जलाभं खं शिशुसेतुक्रियाध्वनि ॥१०७॥
पिपीलिकाण्डकोत्सर्पं उन्मुखाः कुक्कुरा गृहे ।

---

१०२ ॥ श्रावणमासमें सूर्योदय के समय मेघ गर्जना हो, और पानीके पर मछली घूमे तो अठारह पहरके भीतर वर्षा होकर जलसे पृथ्वीको पूर्ण करे ॥ १०३ ॥ जिस समय चन्द्रमाका रंग तोते, तथा कबूतरकी आंख समान लालवर्णवाले या मधकी समान रंगवाले हो अथवा आकाशमें चन्द्रमाका दूसरा प्रतिबिम्ब दिखलाई दे तब आकाशसे शीघ्रही वर्षा होती है ॥ १०४ ॥ रात्रिमें मेघ गर्जना हो, दिनमें लालवर्णवाली बिजली दंडके समान सीधी दीखे और पवन आगेसे शीतल हो तो उस समय जलका आगमन होता हैं ॥ १०५ ॥ लताओं के नवीन पत्ते आकाश की ओर उचें उठ जाय, पक्षिगण जल या धूलिसे स्नान करे, गौ ऊँचे मुख करके आकाश को देखे ॥ १०६ ॥ बिल्ली भूमिको खने, गौके आंखसे जल गिरे, नीलिका कज्जल के सदृश आ-

"Aho Shrutgyanam"

रटन्ति वह्नि दिशि वा शिवा शब्दोऽपि वृष्टिकृत् ॥१०८॥
यदा भाद्रपदे मासे प्रतिपद्दशमी तथा ।
सप्तमी पूर्णिमा चैव नवमी च यथाक्रमम् ॥१०९॥
मेघा यदा न दृश्यन्ते पश्चिमां दिशिमाश्रिता ।
तावद्वर्षन्ति सततं बहुनीराः पयोधराः ॥११०॥
सन्ध्याकाले च ये मेघाः पर्वताकारसन्निभाः ।
आदित्यास्तंगते तर्हि चाहोरात्रं प्रवर्षति ॥१११॥
सूर्यास्तगमने व्योम श्रावणे रक्तिमान्विताम् ।

काश दीखे, रास्तामें बालक धूल आदिक पुल याने बांध बांधे ॥१०७॥ पिपीलिका(चींटी)अण्डाको छोड़े, घरमें कुत्ते* ऊंचे मुख कर देखे, शृंगाल दिन या रात्रिमें शब्द करे, इत्यादि इन निमित्तों से शीघ्रही वर्षा होना समझना चाहिये ॥ १०८ ॥ यदि भाद्रपदमास में प्रतिपदा दशमी सप्तमी पूर्णिमा और नवमी इन तिथियों में अनुक्रमसे पश्चिम दिशामें रहे हुए बादल न दीखे तो नीरंतर मेघ बहुत जल बरसावे ॥१०९-११०॥ सूर्यास्तमें सन्ध्याकाल के समय पर्वत के आकार सदृश बादल दीखे तो दिनरात वर्षा हो ॥१११॥ श्रावणमासमें सूर्यास्तके समय आकाश लालवर्ण वाला दीखे तबतक वर्षा ब-

* माणिक्यसूरिकृत शाकुनसारोद्धार में भी कहा है कि—
नीरतीर्थे तटस्थश्चे-दङ्गं कम्पयते शुनिः ।
तत्र देशे घना मेघ-वृष्टिं वदति भाविनीम् ॥ १ ॥
चन्द्रार्कौ प्रेक्ष्य वर्षासु रोत्यूर्ध्ववदनो यदि ।
सप्तरात्रात् वारिपुरं पतिष्यति वदन्यदः ॥ २ ॥
प्रसार्य वक्त्रमाकाशे जृम्भां कुर्वन् निरीक्षते ।
जलपातो भवत्याशु प्रचुरश्चेष्टयानया ॥ ३ ॥
जलाश्रय तीर्थ के तट पर रहा हुआ कुत्ता अंगको कंपावे तो उस देशमें आगामी मेघवर्षा का सूचन करता है ॥ १ ॥ वर्षा कालम कुत्ता चन्द्र सूर्य को देखकर ऊँचा मुखकर रोने लगे तो सात रात्रि के बाद बहुत वर्षा होगी ऐसी सूचना करता है ॥२॥ तथा मुखको आकाशमें पसार कर उबासी करता हुआ देखे तो इस चेष्टासे शीघ्रही बहुत जलवर्षा हो ॥३॥

"Aho Shrutgyanam"

तावद्वर्षति माऽभोद्-स्तत्पायी न वा जनः॥११२॥
वराह:-सन्ध्याकाले स्निग्धा दण्डतडिन्मत्स्यपरिघिपरिवेषाः।
सुरपतिचापैरावतरविकिरणाश्चाशुवृष्टिकराः ॥११३॥
विच्छिन्नविषमविध्वस्तविकृताः कुटिलापसव्यपरिवृत्ताः।
तनुह्रस्वविकलकलुषाः सविग्रहा वृष्टिदाः किरणाः ॥११४॥
उद्योतिनः प्रसन्ना ऋजवो दीर्घाः प्रदक्षिणावर्त्ताः।
किरणाः शिवाय जगतो विमलस्के नभसि भानुमतः ॥११५॥
शुक्लाः करादिनकृतो दिवादिमध्यान्तगामिनः।
स्निग्धा अव्युच्छिन्ना ऋजवो वृष्टिकरास्ते त्वमोघाख्या।११६
गर्भज्ञानमिदं गुह्यं न वाच्यं यस्य कस्यचित्।
सम्यक् परीक्ष्य दातव्यं नोपहासो यथा भवेत् ॥११७॥
चतुर्मासी ज्ञानं लक्षणेन—

ऐसे नहीं, जिससे मनुष्योंको आश पीने को न मिले ॥ ११२ ॥ सन्ध्याकालमें सूर्यके किरण स्निग्ध हों, परिव, बिजली, मत्स्य, परिधि तथा परिवेष वाले हो और इन्द्र धनुषसे घिरे हुए हो तो शीघ्रही वर्षा करनेवाले होते हैं ॥ ११३ ॥ खंड विषम, विध्वस्त, विकारयुक्त, कुटिल, अपसव्यमार्गसे घिरी हुई, तनु, ह्रस्व, विकल और शरीरधारियों की जैसी आकृति वाली सूर्यकी किरणें हो तो वृष्टिकारक होती हैं ॥ ११४ ॥ प्रकाशवाली, प्रसन्न, ऋजु, दीर्घाकार और प्रदक्षिणा के सदृश किरणें स्वच्छ आकाशमें दृष्टिमें आवे तो जगत् का कल्याण के लिये हो ॥ ११५ ॥ उदय, मध्याह्न और सायंकालके समय सफेद, स्निग्ध, अखंड और सरलाकार किरणें देखने में आवे वे अमोघ नामसे कही जाती हैं और वे वर्षा करनेवाली होती हैं ॥ ११६ ॥

यह गुप्त रखने लायक मेघके गर्भका ज्ञान जिस किसीके आगे नहीं कहना चाहिये, शिष्यकी अच्छी तरह परीक्षा करके देवे जिससे उपहास न हो ॥११७॥ दुर्गदेव आचार्यने अपनी षष्टिसंवत्सरमें कहा है कि यदि स्वयं

"Aho Shrutgyanam"

"क्षुद्रपाखण्डधूर्तेषु तथारिक्तोपहासिके ।
ज्ञानं न कथ्यतामेति यदि शम्भुः स्वयं वदेत्" ॥११८॥
कथमपि सविशेषं गर्भसन्दर्भ एषः,
प्रथित इह जिनेन्द्रोक्तिप्रबोधानुरोधात् ।
अधिजलधिजलात् + स्यान्मेघमाला विशाला,
सकलमपि किमस्या सारमाख्यातुं हि शक्यम् ॥११९॥
इति श्रीमेघमहोदये वर्षप्रबोधे तपागच्छीयमहोपाध्याय श्री
मेघविजयगणिविरचिते गर्भकथनोऽष्टमोऽधिकारः ॥

शंभुभी आज्ञा दे तो भी क्षुद्र पाखंड धूर्त तथा व्यर्थ उपहास करनेवाले ऐसे मनुष्योंको यह ज्ञान नहीं कहें ॥ ११८ ॥ श्रीजिनेन्द्रभगवानका परमज्ञानकी सहायतासे किसी भी प्रकार मेघगर्भका विस्तारपूर्वक संग्रह किया । महासमुद्र के जलसे भी अधिक विशाल ऐसी 'मेघमाला' है यह समग्र तो क्या इसके सारको भी कहने को समर्थ है ? ॥ ११९ ॥

सौराष्ट्रराष्ट्रान्तर्गत-पादलिप्तपुरनिवासिना पण्डितभगवानदासाख्यजैनेन
विरचितया मेघमहोदये बालावबोधिन्याऽऽर्यभाषया टीकितो
गर्भकथननामाष्टमोऽधिकारः ।

+टी— समुद्रे सारस्याच्छादलोत्पत्तिर्बहुला तेनैव समुद्राज्जलभरणमिति कश्चिद्वदेदपि । मरुदेशादौ वैरस्यात् क्षारोत्पत्तिरिव तेन लुकावालोऽपि ।

अथ तिथिफलकथननामा नवमोऽधिकारः।

अथ तिथिकथये व्याख्यायते वत्सराणां,
शुभमशुभमशेषं भावि भावं विभाव्य: ।
कथितमपि कथञ्चिन्मासपक्षप्रसङ्गा-
द्विकलफललाभायावशिष्टं विशिष्टम ॥१॥

वर्षस्तम्भचतुष्टयम —

चैत्रे सितप्रतिपदि रेवत्यां बहुलं जलम् ।
वैशाखशुद्धप्रतिपद्भरण्यां तृणसम्भवः ॥२॥
ज्येष्ठशुक्लप्रतिपदि मृगे वातः शुभो भवेत् ।
आषाढशुद्धप्रतिपदादित्ये धान्यसम्भवः ॥३॥
चैत्रशुक्लप्रतिपदि रवौ वायुर्विशेषतः ।
अल्पा वर्षा फलं तुच्छ-मल्पं धान्यं प्रजायते ॥४॥
चन्द्रे बहुजलं धान्यं नृणानां च बहूदयः ।

आगामी भावोंका विचार कर संवत्सरोंका समस्त शुभाशुभको तिथि कथनरूपसे व्याख्यान करते हैं। मास और पक्षके प्रसंग द्वारा कुछ कहा है किंतु बाकिके समस्त फलका लाभके लिये विशेष कहा जाता है ॥१॥

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन रेवतीनक्षत्र हो तो बहुत जलवर्षा हो। वैशाख शुक्ल प्रतिपदा को भरणीनक्षत्र हो तो तृण की उत्पत्ति हो ॥ २ ॥ ज्येष्ठ शुक्ल प्रतिपदा को मृगशिरनक्षत्र हो तो अच्छा वायु चले। आषाढ शुक्ल प्रतिपदाको रविवार हो तो धान्यकी उत्पत्ति हो ॥३॥

चैत्र शुक्ल प्रतिपदाको रविवार हो तो वायु विशेष चले, वर्षा थोड़ी, फल थोड़े और धान्य थोड़े हों ॥ ४ ॥ सोमवार हो तो वर्षा तथा धान्य अधिक हो और मनुष्योंका बहुत उदय हो। मंगलवार हो तो सात प्रकार

"Aho Shrutgyanam"

ईतयः सप्तधा भौमे तीडोन्दुरपराभवः ॥५॥
बुधे च मध्यमं वर्षं सुभिक्षं तु गुरौ भृगौ ।
शनौ धान्यरसतृण-जलशोषः प्रजाक्षयः ॥६॥
चैत्रे शुक्लद्वितीयायां बाजरः प्रतिपद्दिने ।
युगन्धरी तृतीयायां तिला धान्ति महर्घता ॥७॥
चतुर्थ्यां चवला एवं पञ्चम्यामतिरौरवम् ।
सम्प्राप्तायां च रोहिण्यां फलमेतद् बुधोदितम् ॥८॥
दैवाद् रविः कुजो मन्दो वारस्तत्राधिकं फलम् ।
शुभवारे च गुर्वादौ शुभे योगे फलाल्पता ॥९॥

श्रीहीरसूरयस्तु—

चित्तसियपडिवयाए सुक्कससीसुरगुरु च जइ वारो ।
तो धणधन्नसमग्घं होइ संवच्छरं जाव ॥१०॥
बीयदिणे रविवारे रेवई णक्खत्त होइ संजुत्ती ।
तो धणधन्नसमग्घं होइ चउमासियं जाव ॥११॥

की ईति-टीड्डी चूहें आदिका उपद्रव हो ॥५॥ बुधवार हो तो मध्यम वर्षा हो। गुरुवार या शुक्रवार हो तो सुभिक्ष हो। शनिवार हो तो धान्य रस तृण और जलका अभाव हो तथा प्रजा दुःखी हो ॥ ६ ॥ यदि चैत्र शुक्ल द्वितीया को रोहिणीनक्षत्र हो तो बाजरी, प्रतिपदाको हो तो जूआर, तृतीया को हो तो तिल और चतुर्थीको हो तो चवला ये महँगे हों तथा पंचमीके दिन हो तो बड़ा रौरव हो ऐसा फल विद्वानोंने कहा है। परंतु दैवयोगसे उस दिन रवि या मंगल या शनिवार आ जाय तो अधिक अशुभ फल कहा है। और गुरुवार आदि शुभवार या शुभ योग आजाय तो उक्त फल की अल्पता होती हैं ॥७से९॥ श्रीहीरसूरिजी ने कहा है कि- चैत्र शुक्ल पडवाके दिन शुक्र सोम या बृहस्पति वार हो तो सम्पूर्ण संवत्सर में धन धान्य सस्ते हों ॥१०॥ चैत्र शुक्ल द्वितीयाके दिन रविवार रेवतीनक्षत्रके

"Aho Shrutgyanam"

अह तइया सणिवारो नक्खत्तं रोहणी य मिलि य जोगे।
दुहदुक्खयलवरिसं अप्पावुट्ठी तया हवइ ॥१२॥
अत्र चैत्रशुक्लप्रतिपदि वर्षराजफलकथनादेव फलं सुलभम्।
चैत्रे च शुक्लसप्तम्या-मार्द्राभोगे यथोचित:।
त्रिमास्यां धान्यसंक्षेप: श्रावणाज्जलदोदय: ॥१३॥
चैत्रे दशम्यां शनिना युक्ता वारेण चेन्मघा।
तदा धान्यं समर्घं स्याज्जाते मेघमहोदये ॥१४॥
चैत्रे शुभे यथायोग्यं रूतकर्पासबाजरा:।
युगन्धरी च संग्राह्या ज्येष्ठाषाढादिलाभद: ॥१५॥

विंशोपकानयनविचार:—

चैत्रादिप्रथमा यावत् नक्षत्रैरलंकृता।
तत्पिण्डे रविभिर्भक्ते ये लब्धास्ते विंशोपका: ॥१६॥
अत्र विशेषोऽपि— आषाढसितपक्षस्य द्वितीयापुष्यसंयुता।
यावन्मात्रं भवेत् पुष्यं तावन्मात्रा विंशोपका: ॥१७॥

सहित हो तो चार मास तक धन धान्य सस्ते हों ॥११॥ चैत्र शुक्ल तृतीया के दिन शनिवार रोहिणीनक्षत्र के सहित हो तो समस्त वर्ष दु:खदायी हो और थोड़ी वर्षा हो ॥१२॥

चैत्र शुक्ल सप्तमी आर्द्रानक्षत्र से युक्त हो तो तीन मास धान्य थोड़े और श्रावण में मेघ वर्षा हो ॥ १३ ॥ चैत्र शुक्ल दशमी शनिवार के दिन मघानक्षत्र हो तो मेघका उदय होने पर धान्य सस्ते हों ॥१४॥ चैत्र शुक्ल पक्षमें यथायोग्य रूई, कपास, बाजरी और जूआर इनका संग्रह करने से ज्येष्ठ और आषाढ आदि मासमें लाभदायक है ॥१५॥

चैत्रशुक्ल प्रतिपदा जितनी घड़ी हो उसमें उस दिनके नक्षत्र जोड़कर बारहसे भाग दो जो लब्धि मिले वह विंशोपका समझना ॥१६॥ आषाढ शुक्ल द्वितीया के दिन पुष्य नक्षत्र जितनी घड़ी हो उतना विंशोपका जानना

"Aho Shrutgyanam"

पुनरपि श्रीहीरसूरिकृतमेघमालायाम्—

कृष्णपक्षे श्रावणस्यै-कादश्यां रोहिणी च भम ।
यावद्धटीप्रमाणं स्या-द्धान्ये तावद्विंशोपकाः ।१८। इत्युक्तं प्राक् ।
तत्र लोकेऽप्याह—श्रावणकिसन एकादशी, जेती रोहिणी होय ।
तेती अधगिणे पायली, होसी निश्चय सोय ॥१६॥
ग्रन्थान्तरे तु—फग्गुण पहिली पडिवया, जेती सयभिस होय
तित्तिय पायली परठविण, होसी पयडिय लोय ।।२०।।
क्वचित्तु—दीवा वीती पंचमी, जेती घडियां होय ।
तीने भागे दीजइ, सेस भाव सो होय ॥२१॥

अस्यार्थः—कार्तिकशुक्लपञ्चमी घटिकाप्रमाणाः शेरपादाः पल्लिकायाः पादा वा फदीयानाणकस्य पूर्वस्यां प्रतिशकस्य भवन्ति । केचित् पुनर्वदन्ति— घटिकाप्रमाणात् तुर्यांशे रूप्यकस्य मणा देशान्तरे फदीयानाणकस्य घटिकाप्रमाणतु-

---

॥१८॥ श्रावण कृष्ण एकादशीके दिन रोहिणी नक्षत्र जितनी घडी हो उतना धान्यका विशोपका जानना ॥ १८ ॥ श्रावण कृष्ण एकादशी को रोहिणी नक्षत्र जितनी घड़ी हो उससे आधा धान्यका विशोपका जानना ॥१६॥ फाल्गुनशुक्ल प्रतिपदाके दिन जितनी घडी शतभिषानक्षत्र हो उतनी पायली (ढाई शेर धान्यका माप विशेष) धान्य बिकें ॥ २० ॥ कार्त्तिक शुक्ल पंचमी जितनी घड़ी हो उसको तीनसे भागदेना, जो शेष बचे वह भाव समझना ॥ २१ ॥ कार्त्तिक शुक्ल पंचमी जितनी घड़ी हो उतना शेरपाद (पाव) अन्न प्रति फदियाका बिकें । अथवा पल्लिका (ढाई शेर धान्य मापनेका पात्र) का चतुर्थांश प्रमाण अन्न बिकें । दूसरोंका मत है कि- पंचमीकी घडियोंमें ४ से भाग देनेसे जो लब्धि मिले उतने मण धान्य प्रतिरुपया को बिकें । देशान्तरोंमें उसी लब्धि तुल्य अन्न प्रति फदियाका शेर या पल्लिका बिकें ऐसे कहते हैं । कितनेही आचार्योंका यह भी मत है कि—पंचमी की घडियों

यांशप्रमिताः शेराः पल्लिका वा भवन्ति । यद्वा पञ्चम्या घटिकाभ्त्रिभिर्भाज्या यल्लब्धं तदेकोनं तावत्यः पल्लिकाः स्कन्दकस्य लभ्या इति ।

क्वचित्तु—कार्तिके शुक्लपञ्चम्यां दश विंशार्कभास्कराः ।
नृपाः कलाश्च रव्यादेर्वाराद् ज्ञेया हि पल्लिकाः ॥२२॥
दैवयोगाच्छनिवार-स्तदा दुर्भिक्षमादिशेत् ।
महामुद्रिकया लभ्या एकया + धान्यपल्लिका ॥२३॥
मतान्तरे—लभ्यानि धान्यमानानि महामुद्रिकयैकया ।
* रवौ सार्द्धद्वयं सोमे पञ्चमानं द्वयं कुजे ॥२४॥
बुधे त्रीणि च चत्वारि गुरौ सार्द्धानि तान्यथ ।
शुक्रे शनौ च दुर्भिक्षं पञ्चम्यां कार्तिकोज्ज्वले ॥२५॥
विक्रमाद् वत्सरस्याङ्कं त्रिगुणे पंच मीलिते ।

के तृतीयांशमें एक घटा देनेसे जो शेष बचे उसके तुल्य पल्लिका अन्न प्रतिफदियाका विके। कार्त्तिक शुक्ल पंचमी के दिन रविवार आदि जो वार हो उस वार के अनुसार दश, वीश, आठ, बारह, सोलह और सोलह पल्लिका धान्य जानना ॥ २२ ॥ यदि दैवयोगसे शनिवार हो तो दुर्भिक्ष जानना, एक महामुद्रिकासे एक पल्लिका तुल्य धान्य मिले ॥ २३ ॥ प्रकारान्तर से कार्त्तिकशुक्ल पंचमी के दिन रविवार हो तो एक महामुद्रिकासे ढाई पल्लिका तुल्य धान्य मिले । सोमवार हो तो पांच, मंगलवार हो तो दो ॥ २४ ॥ बुध हो तो तीन, गुरुवार हो तो साढ़े चार पल्लिका महामुद्रिकासे मिले । यदि शुक्र वा शनिवार हो तो दुर्भिक्ष जानना ॥ २५ ॥

विक्रम संवत्सरके अंकको तीन गुणा करके पांच मिलाना, पीछे सात

+ टी—क्वचित्तिस्रोऽपि च चतस्रो वा इति बहुवचनात् प्राप्य।

* लोकेऽपि—रवि मंगल चारि मण, सोम पंच बुध तीन । जीव कवि दोइ मण, शनि दुर्भिक्ष समीन ॥ अपुरकीप्रतिमें विशेष है

सप्तभागे शेषधान्य-मणाः स्युरेकरूप्यके ॥२६॥
दशम्या रवियुक्तायां घटिका गणयेत् सुधीः।
षष्टिभक्ते भवेच्छेषं धान्यार्घमणधारया ॥२७॥
पुनः— ज्येष्ठाषाढमासयुग्मे यावत्योऽष्टमिका रवौ।
तावन्मणा रूप्यकस्य केचिदेवं वदन्त्यपि ॥२८॥
यथा— यावत्यः शनिना युक्ता दशम्यो रविणाथवा।
भवन्ति तावन्मानानि स्कन्दकेन क्वचिज्जने ॥२९॥
अथवा— अमावस्यः सोमवत्यो यावत्यस्तिथिपत्रके।
पञ्चम्यः सोमवत्यो वा रूप्यात्तावन्मणाशनम् ॥३०॥
ग्रन्थान्तरे— चैत्र अमावसि जे घडी, वरते टीप्पण माय।
तेता सेर पीरोजीया, काती धान्य बिकाय ॥३१॥
मतान्तरेण नव्याः प्राहुः —
धान्यविंशोपकामध्ये क्षुधाविंशोपका मीलने विहिते।
वर्षाविंशोपकविना कृते धान्यमणजा रूप्यात् ॥३२॥

से भागदेना जो शेष बचे उतने मण धान्य एक रुपियाका समझना ॥२६॥ रविवार युक्त दशमी की जितनी घड़ी हो उसमें साठ से भाग देना जो शेष बचे वह मण धान्यका मूल्य समझना ॥ २७॥ ज्येष्ठ और आषाढ़ ये दोनों मासकी अष्टमी रविवार के दिन जितनी घड़ी हो उतना मण धान्य रुपिये का बिके ऐसे केई बोलते हैं ॥ २८॥ यदि शनि या रविवार के दिन दशमी जितनी घड़ी हो उतने माणा धान्य एक स्कंदसे मिले ॥ २९ ॥ पंचांगमें जितनी सोमवती अमावस हो या जितनी सोमवती पंचमी हो उतना मण धान्य बिके ॥ ३० ॥ चैत्रमासकी अमावस जितनी घड़ी पंचांगमें हो उतना पीरोजियां शेरों से कार्तिकमें धान्य बिके ॥ ३१ ॥ धान्य के विंशोपका में क्षुधाके विंशोपका मिलाकर इसमेंसे वर्षा के विंशोपका घटा देना जो शेष बचे उतना मण धान्य बिके ॥ ३२ ॥

"Aho Shrutgyanam"

क्षुधाविंशोपकानयनं त्वेवं रामविनोदे--

शाकस्त्रिगुण्यो नगभाजितश्च,
शेषं द्विनिघ्नं शरसंयुतं च ।
लब्धेन शाकं च पुनः प्रकल्प्य,
पूर्वोक्तवत् स्युः खलु विश्वकाख्यः ॥३३॥
वर्षाथ धान्यं तृणशीततेजो-
वायुश्च वृद्धिः क्षयविग्रहौ च ।
क्षुधादिकानां करणान्तरेण,
विश्वांशबोधेन फलप्रदास्ते ॥३४॥

तत्करणं त्वेवम्—

शाकं च वेदगुणितं सप्तभिर्भागमाहरेत् ।
शेषं द्विघ्नं त्रिभिर्युक्तं प्रोक्तं विश्वांशसंज्ञकम्॥३५॥
क्षुधा तृषा तथा निद्रा आलस्यमुद्यमस्तथा ।
शान्तिः क्रोधस्तथा दम्भो लोभो मैथुनमेव च ॥३६॥

इष्ट शाक (शक संवत्सर) को ३ से गुणा करके ७ से भाग दो, जो शेष रहे उसको द्विगुणित करके ५ जोड़ दो तो वर्षा के विश्वा हो जाते हैं। पीछे सातका भाग देनेसे जो लब्धि आई है उसिको शाक कल्पना कर के पूर्ववत् विधि से धान्यके विश्वा साधन करें। इसी प्रकार पुनः २ लब्धियोंको शाक कल्पना करके तृण, शीत, तेज, वायु, वृद्धि, क्षय और विग्रह के विश्वा साधन करें। तथा क्षुधा आदि के विश्वा प्रकारांतर से साधन करें। यह विश्वाओंका बोध फलदायक है ॥३३-३४॥

शकसंवत्सरको चारसे गुणा कर सात से भाग देना, जो शेष बचे उसको दोसे गुणा कर इसमें तीन जोड़ देना तो तेरह भावोंके विश्वा हो जाते हैं ॥३५॥ क्षुधा, तृषा, निद्रा, आलस्य, उद्यम, शान्ति, क्रोध, दम्भ, लोभ, मैथुन ॥३६॥ रसनिष्पत्ति, फलनिष्पत्ति, और उत्साह ये लोगों

"Aho Shrutgyanam"

ततस्तु रसनिष्पत्तिः फलनिष्पत्तिरेव च ।
उत्साहः सर्वलोकाना-मेवं भावास्त्रयोदश: ॥३७॥

अन्यदपि प्रासंगिकं यथा—

शाकाब्दं वसुभिर्निघ्नं नवभिर्भागमाहरेत् ।
शेषं तु द्विगुणीकृत्य रूपमत्राभियोजयेत् ॥३८॥
उग्रता पापपुण्ये च व्याधिश्च व्याधिनाशनम् ।
आचारश्चाप्यनाचारो मरणं जन्मदेहिनाम् ॥३९॥
देशोपद्रवसुस्थत्वे चौराकुलभयं तथा ।
चौरोपशमनं चाग्नि-भयं चाग्निशमः पुनः ॥४०॥
शकः पञ्चभिः सप्तभिर्गोभिरीशै-
श्चतुर्द्धाहतः सप्तभक्तावशिष्टम् ।
द्विनिघ्नं त्रिभिर्युक्तमुद्भिज्जराय्व-
ण्डजस्वेदजानां भवेयुर्विशोपाः ॥४१॥
शाकोऽङ्कघ्नोऽङ्कहृच्छेषं द्विघ्नं त्र्याढ्यमवाप्ततः ।

के तेरह भाव हैं ॥३७॥

शक संवत्सर को आठ गुना कर नव से भाग देना, जो शेष बचे उसको दोसे गुणाकर इसमें एक मिला देना तो ॥ ३८ ॥ उग्रता, पुण्य, पाप, व्याधि, व्याधिनाशक, आचार, अनाचार, प्राणियोंका मरण ॥३९॥ तथा जन्म, देशमें उपद्रव तथा शान्ति, चोरभय, चोरोंकी शान्ति, अग्नि-भय और अग्नि की शान्ति, इनके विंशोपका हो जाते हैं ॥ ४० ॥ शक संवत्सरको पांच, सात, नव और ग्यारह इनसे गुणाकर सातसे भाग देना, जो शेष बचे उस को दोसे गुणाकर इस में तीन जोड़ देना तो उद्भिज, जरायु, अंडज और स्वेदज इनके विंशोपका हो जाते हैं ॥ ४१ ॥ शकसंवत्सरको छसे गुणाकर नवसे भाग देना, जो शेष बचे उसको दोसे गुणाकर इसमें तीन जोड़ देना. इस अंकको सात जगह रखना तो शलभा,

"Aho Shrutgyanam"

समस्थाप्यस्तदङ्काश्च शलभा मूषकाः शुकाः ॥४२॥
हेमताम्रं स्वचक्रं च परचक्रमितीतयः ।
अतिवृष्टिरनावृष्टिः क्वचिदाद्यमिदं त्रयम् ॥४३॥

मेघजीकृतग्रन्थे—

तिथि नक्षत्र अरु जोगथी, घटिका करि एकत्र ।
बीसे भागे जे रहे, विश्वा ते गणि मित्र! ॥४४॥

अथ चैत्रमासः—

प्रकृतम्— चैत्रे चेदष्टमीमध्ये बुधोऽथवा भवेत् कुजः ।
विरूपं वर्षं जानीहि नदीतीरे गृहं कुरु ॥४५॥
चैत्रस्य शुक्लपञ्चम्यां रोहिण्यां यदि दृश्यते ।
साभ्रं नभस्तदादेश्या गर्भस्य परिपूर्णता ॥४६॥
द्वितीये दिवसे प्राप्ते चैत्रे वायुश्च सर्वतः ।
न च मेघाः प्रदृश्यन्ते अनावृष्टिर्न संशयः ॥४७॥
पौर्णमास्यां यदा स्वाति-विद्युन्मेघसमन्वितः ।
निर्दोषमपि पूर्वर्क्षे गर्भो गलितमादिशेत् ॥४८॥

मूषक, शुक ॥ ४२ ॥ सोना, तांबा, स्वचक्र, परचक्र, ईति, अतिवृष्टि और अनावृष्टि इन के विशोपका हो जाते हैं ॥४३॥ मेघजीकृत ग्रन्थ में कहा है कि– तिथि नक्षत्र और योग इनकी घड़ी इकट्ठी कर वीससे भाग देना जो शेष बचे वे हे मित्र! विश्वा गिनना ॥४४॥

चैत्र शुक्ल अष्टमी के दिन बुधवार या मंगलवार हो तो वर्षा न हो इसलिये नदीके किनारे ही घर करना पड़े ॥४५॥ चैत्र शुक्ल पंचमी को रोहिणीनक्षत्र हो और उसी दिन आकाश बादलों से आच्छादित हो तो गर्भकी पूर्णता जाननी ॥४६॥ चैत्र शुक्ल द्वितीयाको चारों दिशा के वायु चले और बादल न हो तो अनावृष्टि जानना ॥ ४७ ॥ चैत्र पूर्णमासीके दिन यदि स्वातिनक्षत्र हो और बादलों के साथ बिजली भी चमके तो

"Aho Shrutgyanam"

अथ वैशाखमासः—

वैशाखकृष्णप्रतिप-त्तिथेर्हीने समेऽधिके ।
नक्षत्रेऽल्पजलं भूम्यां सुखं बहुजलं क्रमात् ॥४९॥

यदाहुर्लोके—

चैत्र गयो वैसाख ज आसइ, प्रथमतिथि गणीनइ विमासइ ।
तिथि वधे तो धान्य विणासइ, नक्षत्र वधे तो मेह अगासइ ।५०।

वैशाखकृष्णपक्षस्य पञ्चम्यां जायते रविः ।
आगामि वर्षसंक्रान्तौ तद्दिने वृष्टिबाधकः ॥५१॥

वैशाखशुक्लपञ्चम्यां शनिनार्द्राप्रसङ्गतः ।
सर्वं वस्तु समर्घं स्याद् भाद्रे मेघमहोदयः ॥५२॥

वैशाखमासे सितपञ्चमी सा, सूर्यादिवारैश्चिनुते फलानि ।
मन्दा च वृष्टिस्त्वतिवृष्टियुद्धं, यातं सुभिक्षं कलहान्ननाशनम् ।

वैशाखे यदि सप्तम्यां धनिष्ठा वा श्रुतिर्भवेत् ।
श्यामवस्तुमहर्घं स्यात्, समर्घं धवलं तदा ॥५४॥

प्रथमके नक्षत्रमें निर्दोष हो तो भी गर्भपात हो जाता है ॥४८॥

वैशाख कृष्ण प्रतिपदा के दिन जो नक्षत्र हो वह प्रतिपदासे हीन हो तो भूमि पर थोड़ा जल वरसे, समान हो तो सुख और अधिक हो तो बहुत जल बरसे ॥ ४९ ॥ लोक में भी कहते हैं कि—चैत्र बीतने बाद वैशाख मासकी प्रथमतिथि प्रतिपदा बढ़े तो धान्य का विनाश और नक्षत्र बढ़े तो मेघ आकाशमें रहे ॥ ५० ॥ वैशाख कृष्ण पंचमी के दिन रविवार हो तो आगामी वर्ष संक्रान्तिके दिन वर्षा न हो ॥ ५१ ॥ वैशाख शुक्ल पंचमी शनिवार के दिन आर्द्रा नक्षत्र हो तो सब वस्तु सस्ती हों और भाद्रपदमें मेघका उदय हो ॥ ५२ ॥ वैशाख शुक्ल पंचमी रविवार आदि के दिन हो तो उसका क्रमसे मंदवृष्टि, अतिवृष्टि, युद्ध, वायु, सुभिक्ष, कलह और अन्ननाश ये फल जानना ॥ ५३ ॥ यदि वैशाख सप्तमी को धनिष्ठा या श्रवण नक्षत्र हो

"Aho Shrutgyanam"

+ अक्षयाख्यतृतीयायां सुभिक्षायैव रोहिणी ।
कृत्तिका मध्यमं वर्षं दुर्भिक्षं मृगशीर्षतः ॥५५॥
वैशाखे पञ्चभौमाश्चेद् भयं सर्वत्र जायते ।
क्वचिन्न मेघवर्षा स्याद् धान्यं महर्घमादिशेत् ॥५६॥
वैशाखे धवलाष्टम्यां शनिवारो भवेद् यदि ।
जलशोषं प्रजानाशं छत्रभङ्गस्तदादिशेत् ॥५७॥
रोहिणी चोत्तरास्तिस्रो मघा वा रेवती भवेत् ।
नवम्यां मंगले राधे तदा कष्टं महद् भुवि ॥५८॥
वैशाखस्य चतुर्दश्यां वारौ चेद्गुरुभार्गवौ ।
तदा निष्पद्यते धान्यं विपुलं पृथिवीतले ॥५९॥
अमावास्यां च वैशाखे रेवत्यां च सुभिक्षता ।
रोहिणी लोकदुःखाय मध्यमा चाश्विनी स्मृता ॥६०॥
भरण्यां व्याधितो लोकः कृत्तिकायां जलेऽल्पता ।

तो काली वस्तु महँगी और सफेद वस्तु सस्ती हों ॥ ५४ ॥ अक्षयतृतीया के दिन रोहिणी नक्षत्र हो तो सुभिक्ष, कृत्तिकानक्षत्र हो तो मध्यम वर्ष, और मृगशीर्ष नक्षत्र हो तो दुष्काल जानना ॥५५॥ वैशाखमें यदि पांच मंगल हो तो सर्वत्र भय हो, मेघ वर्षा न हो और धान्य महँगे हो ॥ ५६॥ वैशाख शुक्ल अष्टमी को शनिवार हो तो जलका सूखना, प्रजाका नाश और छत्र-भंग कहना ॥ ५७ ॥ वैशाख मासकी नवमी मंगलवार को रोहिणी, तीनों उत्तरा, मघा या रेवती नक्षत्र हो तो भूमिपर बड़ा कष्ट हो ॥ ५८॥ वैशाख चतुर्दशीके दिन गुरुवार या शुक्रवार हो तो पृथ्वी पर बहुत धान्य उत्पन्न हों ॥ ५९ ॥ वैशाखकी अमावस को रेवती नक्षत्र हो तो सुभिक्ष, रोहिणी हो तो लोगों को दुःख, अश्विनी हो तो मध्यम हो ॥ ६० ॥ भरणी हो तो

+ टी—जो आखा रोहिणी नहि, पोस अमावस नहि मूल।
जो श्रावण राखी नहि, तो माणस मलसी धूल ॥

"Aho Shrutgyanam"

चौरा लुण्ठन्ति मार्गेषु राज्ञां युद्धं परस्परम् ॥६१॥
तृतीयायामक्षयायां रोहिणी गुरुणा सह ।
सर्वधान्यस्य निष्पत्ति-र्भुवि मङ्गलकर्म च ॥६२॥

अथ ज्येष्ठमासः—

ज्येष्ठस्य प्रथमे पक्षे या तिथिः प्रथमा भवेत् ।
आगता केन वारेण तामन्वेषय यत्नतः ॥६३॥
* भानुना पवनो वाति कुजो व्याधिकरो मतः ।
सोमपुत्रेण दुर्भिक्षं खण्डवृष्टिः प्रजायते ॥६४॥
गुरुभार्गवसोमाना-मेकोऽपि यदि जायते ।
वर्षावधि तदा पृथ्वी धनधान्यसमाकुला ॥६५॥
अथवा दैवयोगेन शनिवारो भवेद् यदि ।
जलशोषं प्रजानाशं छत्रभङ्गं विनिर्दिशेत् ॥६६॥
ज्येष्ठशुक्लतृतीयायां द्वितीयायां प्रजायते ।
नक्षत्रमार्द्रा तद्दृष्टौ महा दुर्भिक्षकारणम् ॥६७॥

रोगसे लोक दुःख, कृत्तिका हो तो जल वर्षा थोड़ी, मार्गमें चोर लूंटे और राजाओं में परस्पर युद्ध हो ॥ ६१ ॥ अक्षय तृतीया के दिन गुरुवार और रोहिणी नक्षत्र हो तो पृथ्वी पर सब प्रकार के धान्य की प्राप्ति हो और मंगल हों ॥ ६२ ॥

ज्येष्ठमासके प्रथम पक्षमें जो तिथि प्रथम हो वह कौनसे वार की है उसका विचार करना ॥ ६३ ॥ यदि रविवार की हो तो पवन अधिक चलें, मंगलवार की हो तो व्याधि करे, बुधवार की हो तो दुर्भिक्ष और खंडवर्षा हो ॥ ६४ ॥ गुरु शुक्र या सोमवार की हो तो एक वर्ष तक पृथ्वी धन धान्यसे पूर्ण हो ॥ ६५ ॥ यदि दैवयोगसे शनिवार की हो तो जलका शोष, प्रजाका नाश, और छत्रभंग हो ॥ ६६ ॥ ज्येष्ठशुक्ल द्वितीया और तृतीया आर्द्रा नक्षत्र से

---

* टी— भानुना कृषिनाशः स्यादित्यपि पाठः ।

"Aho Shrutgyanam"

* ज्येष्ठकृष्णप्रतिपदि शनिवारः प्रवर्त्तते ।
जलशोषः प्रजादुःखं छत्रभङ्गोऽपि सम्भवेत् ॥६८॥
ज्येष्ठकृष्णे दशम्यां च रेवती सुखकारिणी ।
एकादश्यां खण्डवृष्टि-र्द्वादश्यां सानुकष्टदा ॥६९॥
शुक्ले ज्येष्ठदशम्यां चे-च्छनिवारः प्रजायते ।
वृष्टिरोधो गवां नाशो महाशोकाकुला प्रजा ॥७०॥
लोकेऽप्याह–जेठी पूनिम मूल रिख, जो थोडो ही दीसंति ।
साख दहो दिसि नीपजे, तदा नीर पलयंति ॥७१॥

अथाषाढमासः—

यावती भुक्तिराषाढे शुक्लायां प्रतिपद्दिने ।
पुनर्वस्वोश्चतुर्मास्यां वृष्टिः स्यात् तावतीस्फुटम् ॥७२॥

कालीरोहिणीविचारः—

आषाढे दशमी कृष्णा सुभिक्षाय च रोहिणी ।

युक्त हो तो बड़ा दुर्भिक्ष होता है ॥ ६७ ॥ ज्येष्ठकृष्ण प्रतिपदा को शनिवार हो तो जलका शोष, प्रजाको दुःख, और छत्रभंग का भी संभव हो ॥ ६८ ॥ ज्येष्ठकृष्ण दशमी को रेवती नक्षत्र हो तो सुख कारक, एकादशी को हो तो खंडवृष्टि और द्वादशी को हो तो कष्टदायक है ॥ ६९ ॥ ज्येष्ठ शुक्ल दशमीको शनिवार हो तो वर्षाका निरोध, गौओं का नाश और प्रजा बड़ा शोकसे व्याकुल हो ॥७०॥ लोकमें भी कहा है कि ज्येष्ठपूर्णिमाके दिन थोड़ासा भी मूल नक्षत्र हो तो दशों ही दिशामें धान्यप्राप्ति हो और जल वर्षा अच्छी हो ॥ ७१ ॥

आषाढ शुक्ल प्रतिपदाके दिन पुनर्वसु नक्षत्र जितना हो उतनी चातुर्मास में वर्षा हो ॥ ७२ ॥ आषाढ कृष्णदशमी के दिन रोहिणीनक्षत्र हो तो

*टी — ज्येष्ठस्य प्रथमपक्षकथनात् शुक्लपक्षभ्रमनिवारणाय ज्येष्ठकृष्णप्रतिपदीत्युक्तम् । ज्येठ मास अमावसे, जो शनिवारी होय । देव न वरसे भण मरे, विरलो जीवे कोय ॥

"Aho Shrutgyanam"

एकादशी मध्यकालं दुर्भिक्षं द्वादशी भवेत् ॥७३॥
त्रयोदश्यां रोहिणी चे-दुत्तमः पवनस्तदा ।
चतुर्दश्यां राजयुद्धं प्रजा शोकाकुला तदा ॥७४॥

अत्र लौकिकमपि दुर्बोधं यथा—

+रोहिणी चंद दिवायरह, एका घडी लहेइ ।
समउ समारे भड्डुली, जोइस काहु करेइ ॥७५॥ इति ।

आषाढमासे सित पञ्चमी दिने, रव्यादिवारः क्रमशः फलानि ।
वृष्टिः सुवृष्टिर्ध्यतिवृष्टिरूर्ध्वं, वातः प्रघातः प्रलयः प्रणाशः ।७६।

आषाढशुक्ल नवमी सानुराधा शनौ यदा ।
क्वचिद्धान्याल्पनिष्पत्तिः क्वचिद्दुर्भिक्षकारिका ॥७७॥
आषाढे प्रथमे पक्षे प्रथमादितिथित्रये ।
श्रवणं वा धनिष्ठा स्यात् तदान्नसङ्ग्रहः शुभः ॥७८॥

सुभिक्ष, एकादशीको हो तो मध्यम समय, द्वादशीको हो तो दुर्भिक्ष हो ॥७३॥ त्रयोदशीके दिन रोहिणी हो तो उत्तम पवन चलें, चतुर्दशीके दिन हो तो राजयुद्ध और प्रजा शोक से आकुल हों ॥ ७४ ॥ रोहिणी और चंद्रमाका योगकी एक भी घड़ी रविवार को हो या रोहिणी और सूर्य का योगकी एक भी घड़ी सोमवारको हो तो हे भड्डुली ! समयको अच्छा करे ॥ ७५ ॥ आषाढ शुक्लपञ्चमी के दिन रविवार आदि वार हो तो उस का अनुक्रमसे वर्षा, अच्छी वर्षा, अतिवर्षा, उर्ध्ववायु, प्रवात, प्रलय और विनाश ये फल होते हैं ॥७६॥ आषाढ शुक्लनवमी शनिवारको अनुराधानक्षत्र होतो कहीं धान्यकी थोड़ी प्राप्ति और कहीं दुर्भिक्ष हों ॥७७॥ आषाढके प्रथमपक्षमें प्रतिपदा आदि तीन तिथियोंमें श्रवण या धनीष्ठानक्षत्र आ जाय तो धान्य संग्रह करना शुभ है ॥७८॥ आषाढ कृष्ण षष्ठीको शनिवार हो तो गेहूँ ग्रहण

+टी—रोहिण्यां चन्द्रे प्राप्ते दिवाकरे रविवारे घटिका एकाप्याषाढे श्रेष्ठा इत्यर्थो यद्वा रोहिण्यां सूर्ये प्राप्ते चन्द्रवारे एका घटिका इति दुर्गममिदम् ।

"Aho Shrutgyanam"

आषाढषष्ठीदिवसे कृष्णपक्षे शनिर्यदा ।
तदा गोधूमका ग्राह्या द्विगुणा यस्तु कार्त्तिके ॥७९॥
आषाढे शनिरेवत्यामष्टम्यां सङ्गमो यदा ।
तदा वृष्टिनिरोधेन कष्टमुत्कृष्टमादिशेत् ॥८०॥
देवसुणी इगारसइ, जे वारि हुइ भीड ।
सनि मूसो रवि कातरो, मंगल भणीइ तीड ॥८१॥
क्वचित्–"धान्यं महर्घं दुर्भिक्षं च"
सोमे शुक्रे सुरगुरुइ, जो पोढे सुरराय ।
अन्न बहुल तो नीपजे, पृथिवी नीर न माय ॥८२॥
सनि आइचइ मंगले, जो सूवइ सुरराय ।
तीडे मुंसे कत्तरे, संतापिजे भाय ॥८३॥
आषाढे कर्कसंक्रान्तौ शनिवारो यदा भवेत् ।
तदा दुर्भिक्षमादेश्यं धान्यस्यापि महर्घता ॥८४॥
चतुर्दश्यां तथाषाढे सोमवारप्रवर्त्तनात् ।
न धान्यं न तृणं लोके किं गवादेः प्रयोजनम् ॥८५॥

करनेसे कार्त्तिकमें दूने मूल्यसे बिकें ॥७९॥ आषाढमें अष्टमी शनिवारको रेवतीनक्षत्र हो तो वर्षा न हो और बड़ा कष्ट हो ॥ ८० ॥ आषाढ शुक्ल एकादशीको शनिवार हो तो मूंसेका, रविवार हो तो कातराका और मंगलवार हो तो टीड्डी का उपद्रव हो। कोई कहते है कि धान्य महँगे हों और दुर्भिक्ष हो ॥८१॥ सोम शुक्र या बृहस्पति वारके दिन देव पोढे याने इन वारों को शुक्ल एकादशी हो तो अन्न बहुत उत्पन्न हो और पृथ्वी जल से तृप्त हो ॥८२॥ यदि शनि रवि या मंगलवारको देव पोढ़े तो टीड्डी, मूंसे और कातरा इनका उपद्रव हो ॥८३॥ आषाढ मासमें कर्कसंक्रान्तिके दिन शनिवार हो तो दुर्भिक्ष हो और धान्य महँगे हो ॥ ८४ ॥ आषाढ में चतुर्दशी के दिन सोमवार हो तो लोकमें धान्य और तृण उत्पन्न न हो,

"Aho Shrutgyanam"

आषाढे प्रथमे पक्षे द्वितीयानवमीतिथौ ।
गुर्विन्दुशुक्रवाराः स्युः श्रेष्ठा नेष्टो बुधः शनिः ॥८६॥
यतः—आषाढा धुरि बीजडी, नवमी निरखी जोय ।
सोमे शुक्रे सुरगुरु च, जल बुंबारव होय ॥८७॥
रवि तत्तो बुध सीअलो, मंगल वृष्टि न होय ।
दैवयोगे शनि हुइ तो, निश्चय रौरव होय ॥८८॥
आषाढशुक्लैकादश्यां शन्यादित्यकुजैः समम् ।
सम्पूर्णस्तिथिभोगश्चेत् तदा दुर्भिक्षमादिशेत् ॥८९॥

आषाढपूर्णिमाविचारः—

'नमिऊण तिलोयरविं जगवल्लह-जलहरं महावीरं' इत्यादि चतुर्मासकुलके—

आषाढपुन्निमाए पुव्वासाढा हविज्ज दिनराई ।
ता चत्तारि वि मासा खेमसुभिक्खं सुवासं च ॥९०॥
अह हेट्ठिमाय पुण्णिममूलेणं जाइ पढम बे पुहरा ।

जिससे गौ आदिका क्या प्रयोजन है ॥ ८५ ॥ आषाढके प्रथम पक्षमें दूज और नवमी तिथिको गुरु, सोम या शुक्रवार हो तो श्रेष्ठ, बुध या शनिवार हो तो अशुभ है ॥ ८६ ॥ आषाढके प्रथमपक्षकी दूज और नवमी सोम, शुक्र या गुरुवारको हो तो जलवर्षा अच्छी हो ॥८७॥ रविवारको हो तो ताप अधिक पड़े, बुधवार हो तो ठंडी अधिक, मंगलवार हो तो वर्षा न हो और दैवयोगसे शनिवार हो तो निश्चयसे दुष्काल हो ॥८८॥ आषाढ शुक्ल एकादशीको शनि रवि या मंगल हो तो वर्ष समान हो, यदि इन वारों को पूर्ण तिथि भोग हो तो दुर्भिक्ष हो ॥८९॥

चतुर्मासकुलकमें कहा है कि— आषाढ पूर्णिमाको दिनरात पूर्वाषाढा नक्षत्र हो तो चारोंही मास क्षेम, सुभिक्ष और मंगलिक हों ॥९०॥ पूनम को पहले दो प्रहर मूल नक्षत्र हो और बाद पूर्वाषाढा नक्षत्र हो तो पहले

"Aho Shrutgyanam"

ता दुन्न वि मासाओ दुभिक्खं उवरि सुभिक्खं ॥९१॥
अह उवरि बे पुहरा पुव्वासाढा हविज्ज नक्खत्तं ।
ता होइ दुण्णि मासा खेमसुभिक्खं वियाणाहि ॥९२॥
अहव पविसिऊण मूलं भुंजइ चत्तारि पुहर जइ कहवि ।
ता चत्तारि वि मासा दुभिक्खं होइ रसहाणि ॥९३॥
अहवा उत्तरसाढा भुंजइ चत्तारि पुहरमवियारं ।
ता जाणह दुक्कालं मासा उत्तरह चत्तारि ॥९४॥
अह भुंजइ बे पुहरा पुव्वाउड्डुम्मि उत्तरासाढा ।
ता उवरिं बे मासा होइ सुभिक्खाओ रसहाणि ॥९५॥
अह भुंजइ बे पुहरा मूलं पुव्वं हविज्ज नक्खत्तं ।
उवरिं पुव्वासाढा दुक्खं पच्छा सुहं होइ ॥९६॥

एवमर्घकाण्डेऽप्युक्तम्—

आषाढ्यां पूर्वाषाढाभं वर्षं यावच्छुभं करम् ।
आवर्षं धान्यनिष्पत्तिः प्रजासौख्यमविग्रहात् ॥९७॥
मूलोत्तरे चार्द्धभिष्ण्ये फलमध्यविधायिके ।

दो मास दुर्भिक्ष रहें बाद सुभिक्ष हो ॥९१॥ अथवा पूर्वाषाढा नक्षत्र उपर के दो प्रहर हो तो दो मास सुभिक्ष और मंगलिक हो ॥९२॥ यदि चारों ही प्रहर मूलनक्षत्र हो तो चारों ही मास दुर्भिक्ष हो और रसकी हानि हो ॥९३॥ अथवा पीछेके चारों ही प्रहर उत्तराषाढानक्षत्र हो तो पीछले चार मास दुष्काल जानना ॥ ९४ ॥ यदि दो प्रहर पूर्वाषाढा हो और बाद में उत्तराषाढा नक्षत्र हो तो पहले दो मास सुभिक्ष हो और रसकी हानि हो ॥९५॥ यदि पहले दो प्रहर मूलनक्षत्र हो और बादमें पूर्वाषाढा नक्षत्र हो तो पहले दुःख और पीछे सुख हो ॥ ९६ ॥ आषाढ पूर्णिमा के दिन पूर्वाषाढा नक्षत्र पूर्ण हो तो एक वर्ष तक शुभ हो, धन्य की निष्पति और प्रजा शान्ति पूर्वक सुखी हो ॥ ९७ ॥ आधा मूलनक्षत्र और आधा पूर्वा-

"Aho Shrutgyanam"

आवर्षमध्यम धान्यं देशे सर्वत्र कथ्यते ॥९८॥
अभ्रं विना यदा रम्यौ वातौ पूर्वोत्तरौ यदा ।
यत्र यामार्द्धके तत्र मासे वृष्टिर्हठाद् भवेत् ॥९९॥
आषाढपूर्णिमा षष्टि-घटीमाना यदा भवेत् ।
मासा द्वादश धान्यानां सुभिक्षं च सुखं जने ॥१००॥
त्रिंशद्घटीभिः षण्मासात् सुखं दुःखं ततः परम् ।
चातुर्मास्यां पञ्चदश-घटीमाने सुभिक्षता ॥१०१॥
न्यूनत्वे तु पञ्चदश-घटीभ्यो दुःखसम्भवः ।
वातवार्दल संयोगात् फले न्यूनाधिकाश्रयः ॥१०२॥
कुहूतः षोडशाहे वा आषाढ्यां यदि वार्दलम् ।
पूर्वाषाढा च नक्षत्रं तदा कालः कणाकुलः ॥१०३॥
यन्नाम्नाख्यायते मास-स्तन्नक्षत्रस्य पूर्णया ।
योगे पूर्णो समर्घत्वं धान्ये न्यूने तथोनता ॥१०४॥

षाढानक्षत्र हो तो मध्यमफलदायक हो, समस्तदेशोंमें वर्ष तक मध्यम धान्य हो ॥ ९८ ॥ यदि पूर्णिमाको जिस प्रहरमें बादल रहित पूर्व और उत्तर दिशाके अच्छे वायु चले तो उस मासमें निश्चयसे वर्षा हो ॥ ९९ ॥ यदि आषाढ पूर्णिमा साठ घड़ी हो तो बारह महीने धान्यकी सुभिक्षता रहे और लोकमें सुख हो ॥ १०० ॥ तीस घड़ी हो तो छह महीने सुख और पीछे दुःख हो । पंद्रह घड़ी हो तो चार महीने सुभिक्ष रहे ॥ १०१ ॥ यदि पंद्रह घड़ीसे भी न्यून हो तो दुःख हो । वायु और बादलोंके संयोगसे फल में न्यूनाधिकता होती है ॥ १०२ ॥ अमावास्यासे सोलहवें दिन आषाढ पूर्णिमाको बादल हो और पूर्वाषाढा नक्षत्र भी हो तो दुष्काल हो तथा धान्य की आकुलता हो ॥ १०३ ॥ जिस नक्षत्रसे मास कहा जाता हो उस नक्षत्र पूर्णिमाके दिन पूर्णतया हो तो धान्य सस्ते हों तथा न्यून हो तो न्यूनता जानना ॥ १०४ ॥

"Aho Shrutgyanam"

यदा त्रैलोक्यदीपके श्रीहेमप्रभसूरयः—

मासाभिधाननक्षत्रं राकायां क्षीयते यदि ।
महर्घत्वं तदा नूनं वृद्धौ ज्ञेया समर्घता ॥१०५॥
मासनामकनक्षत्रं राकायां न भवेद् यदा ।
महर्घं च तदावश्यं तत्तद्योगे विशेषतः ॥१०६॥
धिष्ण्यवृद्धिदिने चन्द्रः क्रूरैर्यदि न दृश्यते ।
समर्घं जायते धान्यं क्रूरदृष्टे महर्घता ॥१०७॥
धिष्ण्यवृद्धिदिने यत्र तिथिपार्श्वाद्गरीयसी ।
दिने तत्र समर्घं स्यात् तिथिवृद्धौ महर्घता ॥१०८॥
ऋक्षवृद्धौ रसाधिक्यं कणाधिक्यं च निश्चितम् ।
योगाधिक्ये रसोच्छेदो दिनार्घप्रत्यहं स्फुटम् ॥१०९॥
षड्भिश्च नाडिकाभिश्च धिष्ण्यवृद्धिः क्रमाद्यदि ।
प्रत्येकं च तिथेर्यत्र समर्घं तत्र जायते ॥११०॥
षड्भिश्च नाडिकाभिश्च तिथिवृद्धिः क्रमाद्यदा ।

यदि महीनेका नक्षत्र पूर्णिमाके दिन क्षय हो जाय तो निश्चयसे अन्न महँगे हो और बढे तो सस्ते हों ॥१०५॥ महीनेका नक्षत्र यदि पूर्णिमाके दिन न हो तो उन २ योगों में विशेष कर अन्न महँगे हो ॥ १०६ ॥ नक्षत्रकी वृद्धिके दिन चन्द्रमा यदि क्रूर ग्रहसे दृष्ट न हो तो धान्य सस्ते हों और क्रूर ग्रहसे दृष्ट हो तो महँगे हो ॥ १०७ ॥ नक्षत्रकी वृद्धि के दिनकी तिथि यदि समीपकी तिथिसे बड़ी हो तो उस दिन अन्न सस्ते हों । और समीपकी तिथि वृद्धि हो तो महँगे हो ॥१०८॥ नक्षत्रकी वृद्धि हो तो निश्चयसे रस और धान्यकी अधिकता हो । योगकी वृद्धि हो तो रस का नाश हो यह प्रतिदिन स्फुट है ॥ १०९ ॥ जहां प्रत्येक तिथि से नक्षत्रकी वृद्धि छह घड़ी अधिक हो तो वहां अन्न सस्ते हों ॥ ११० ॥ यदि प्रत्येक नक्षत्र से तिथि की वृद्धि छह घड़ी अधिक हो तो निश्चय से

"Aho Shrutgyanam"

प्रत्येकं तत्र धिष्ण्याच्च महर्घं विद्धि निश्चितम् ॥१११॥
तिथिनक्षत्रयोर्वृद्धिं विज्ञाय प्रत्यहं द्वयोः ।
सर्वं टिप्पनकं ज्ञात्वा लाभालाभौ विनिर्दिशेत् ॥११२॥
यावन्नाड्य उडोर्वृद्धिः समर्घं तद्विंशोपकाः ।
यावन्नाड्यस्तिथेर्वृद्धि-महर्घं तत्प्रमाणकम् ॥११३॥
मासमध्ये यदा द्वौ तु योगौ च त्रुटतः क्रमात् ।
महर्घे घृततैले द्वे योगवृद्धौ समर्घके ॥११४॥
वर्षाकालत्रिमासेषु नक्षत्रं वर्द्धतेस्फुटम् ।
तिथिहानिस्तु संलग्ना शुभकालस्तदा बहुः ॥११५॥
वर्षाकालत्रिमासेषु नक्षत्रं त्रुटति ध्रुवम् ।
तिथिश्च वर्द्धते तत्र ध्रुवं कालो विनश्यति ॥११६॥
तेन मूलोत्तराषाढे सर्वराकासु वर्जिते ।
आषाढ्यां तु विशेषेण धान्यार्थस्य विनाशके ॥११७॥

यदुक्तं सारसङ्ग्रहे—

महँगे हों ॥१११॥ सब देशके पंचांगोंसे तिथि और नक्षत्रका विचार कर लाभालाभ कहना चाहिये ॥११२॥ जितनी घड़ी नक्षत्रकी वृद्धि हो उतने विशोपके (विश्वे) धान्य सस्ते हों और जितनी घड़ी तिथिकी वृद्धि हो उतने विश्वे अन्न महँगे हो ॥११३॥ यदि एकही मास में योग दो बार क्षय हो तो क्रमसे घी और तैल महँगे हो। और वृद्धि हो तो सस्ते हों ॥११४॥ वर्षाकालके तीन महीनोंमें नक्षत्र बढ़े और तिथिका क्षय हो तो बहुत सुभिक्ष काल जानना ॥ ११५ ॥ यदि वर्षाकाल के तीन महीनोंमें नक्षत्र का क्षय हो और तिथि की वृद्धि हो तो निश्चय से दुष्काल जानना ॥११६॥ इसलिये हरएक मासकी पूर्णिमाको मूल और उत्तराषाढा नक्षत्र नहीं होना चाहिये, इसमें भी आषाढ पूर्णिमाको तो विशेष कर नहीं होना चाहिये, यदि हो तो धान्य का विनाश हो ॥ ११७ ॥ पूर्णिमा के दिन

"Aho Shrutgyanam"

मृगादिपञ्चके राका धान्ये महर्घतां वदेत् ।
मघाचतुष्टये पूर्णा कुर्याद्धान्यसमर्घताम् ॥११८॥
राका चित्राष्टके युक्ता दुर्भिक्षात् कष्टकारिणी ।
श्रवणाद्रोहिणी यावन्नक्षत्रैः पूर्णिमा शुभा ॥११९॥

क्वचित्तु–तुल्यार्घं पूर्णिमायां स्यान्मृगादिधिष्ण्यपञ्चके ।
मघाचतुष्के दुर्भिक्षं कष्टं चित्रादिकेऽष्टके ॥१२०॥
कर्णादिदशके पूर्णा सुभिक्षसुखकारिणी ।
सोमवारेण संयोगे कुर्याद्विग्रहवर्द्धनम् ॥१२१॥

तिथिकुलके विशेषः—
तिय उत्तरा य अद्दा पुणव्वसू रोहिणी य जइ कहवि ।
हुंति किर पुण्णिमाए तम्मासे जाण दुब्भिक्खं ॥१२२॥

ग्रन्थान्तरे–आर्द्राचतुष्टये सूर्य-वारे पूर्णार्थनाशिनी ।

मृगशिर आदि पांच नक्षत्रोंमेंसे कोई नक्षत्र हो तो धान्य महँगे हों। और मघा आदि चार नक्षत्रोंमेंसे कोई एक नक्षत्र हो तो सस्ते हों ॥ ११८ ॥ पूर्णिमाके दिन चित्रा आदि आठ नक्षत्रोंमेंसे कोई नक्षत्र हो तो दुर्भिक्ष तथा कष्टदायक हो। यदि श्रवणसे रोहिणी तकके नक्षत्र हो तो पूर्णिमा शुभदायक हो ॥११९॥ कोई कहते है कि– पूर्णिमा को मृगशिर आदि पांच नक्षत्रोंमें से कोई नक्षत्र हो तो समान भाव रहे। मघादि चार नक्षत्र हो तो दुर्भिक्ष, चित्रादि आठ नक्षत्र हो तो कष्ट हो ॥ १२० ॥ श्रवणादि दश नक्षत्रोंमेंसे कोई नक्षत्र हो तो सुभिक्ष तथा सुखकारक हो, परंतु सोमवार का योग हो तो विग्रहकारक हो ॥१२१॥ तिथिकुलक में इतना विशेष है कि– पूर्णिमाके दिन तीनों उत्तरा, आर्द्रा, पुनर्वसु या रोहिणीनक्षत्र हो तो उस मासमें धान्य महँगे हों ॥१२२॥ अन्य ग्रंथमें– पूर्णिमाके दिन रविवार हो और आर्द्रा आदि चार नक्षत्रोंमेंसे कोई नक्षत्र हो तो अर्थका (लक्ष्मीका) नाश हो। यदि सोमवार हो और मघादि चार नक्षत्रोंमेंसे कोई नक्षत्र हो तो

"Aho Shrutgyanam"

मघाचतुष्टये सोमेऽप्येषा धान्यमहर्घकृत् ॥१२३॥
चित्राष्टके भौमवारे पूर्णिमा व्याधिवर्द्धिनी ।
दुर्भिक्षाय शनौ शेष-वारर्क्षेषु शुभावहा ॥१२४॥
तिथिनक्षत्रयोः साम्ये मृगादिधिष्ण्यपञ्चके ।
पूर्णिमायां विधोर्योगे तुल्यार्घमशनं भवेत् ॥१२५॥
मेषादित्रितये सूर्ये शुभयुक्ते तिथिक्षये ।
कर्णादौ पूर्णिमायोगे समर्घं तु हठाद्भवेत् ॥१२६॥
आषाढस्याप्यमावस्या यदि सोमवती भवेत् ।
सुभिक्षं कुरुतेऽवश्यं नक्षत्रे मृगसप्तके ॥१२७॥

अथ श्रावणमासः —

श्रावणे कृष्णपक्षे च प्रतिपद् गुरुयोगतः * ।
मुद्गा माषास्तिलास्तैलं महर्घं शीघ्रमादिशेत् ॥१२८॥
श्रावणे नवमीयुक्तः शनिः सन्तापकारकः ।

धान्य महँगे हों ॥ १२३ ॥ यदि मंगलवार हो और चित्रा आदि आठ नक्षत्रोंमें से कोई नक्षत्र हो तो व्याधि की वृद्धि हो और शनिवार हो तो दुर्भिक्ष हो । बाकीके वार और नक्षत्र सब शुभकारक हैं ॥१२४॥ तिथि और नक्षत्रकी बराबरीमें पूर्णिमाके दिन मृगशिरादि पांच नक्षत्र और सोमवार हो तो धान्यका समान भाव रहे ॥ १२५ ॥ मेषादि तीन राशि पर सूर्य हो और वह शुभग्रहसे युक्त हो, तिथि का क्षय हो और पूर्णिमा को श्रवणादि दश नक्षत्रोंमेंसे कोई नक्षत्र हो तो निश्चय से धान्य सस्ते हों ॥ १२६ ॥ आषाढ की अमावस सोमवती हो और मृगशिरादि सात नक्षत्रोंमें से कोई नक्षत्र हो तो अवश्य सुभिक्ष होता है ॥१२७॥ इति आषाढमास ॥

श्रावण कृष्ण प्रतिपदाके दिन गुरुवार हो तो मूंग, उडद, तिल और तैल महँगे हों ॥१२८॥ श्रावणकी नवमी शनिवारके दिन हो तो संताप

* एक सनिच्चर बीज रवि, त्रीजो मंगल होय । गेहूं गोरस सालि घीय,चाखे विरलो कोय ॥१॥

"Aho Shrutgyanam"

छत्रभङ्गं विजानीया-दाश्विनान्ते न संशयः ॥१२९॥
दशम्यां श्रावणे सिंहे रविः संक्रमते शनौ ।
मही न दीना जलदै-रनन्ता धान्यसम्पदः ॥१३०॥
कृत्तिका श्रावणे कृष्णै-कादश्यां + मध्यमा समा ।
सुभिक्षं रोहिणी कुर्याद् दुर्भिक्षं मृगशीर्षतः ॥१३१॥
यदुक्तं लोके—सावण बहुल इगारसी, जो रोहिणीया होय
घणुं वरससे बद्दली, आसासइ जिय लोय ॥१३२॥
जइ पुण आवे बारसे, तो मज्झट्ठो काल ।
अहवा आवे तेरसी, तो रौरवदुकाल ॥१३३॥
इति कृष्णादिमासमते कालीरोहिणी ।
श्रावणे शुक्लपक्षे चेद् यदा कश्चित् तिथिक्षयः × ।
तदा कार्त्तिकमासे स्याच्छत्रभङ्गोऽपि निश्चयात् ॥१३४॥

करे, आश्विनमासके अंतमें छत्रभंग हो ॥ १२९ ॥ श्रावणमास में दशमी शनिवारके दिन सिंहसंक्रांति हो तो पृथ्वी मेघों से दुःखी न हो याने पूर्ण वर्षा हो और धान्य संपत्ति बहुत अच्छी हो ॥ १३० ॥ श्रावण कृष्ण एकादशी के दिन कृत्तिका नक्षत्र हो तो मध्यम वर्ष हो; रोहिणी हो तो सुभिक्ष करे और मृगशिर हो तो दुर्भिक्ष करे ॥१३१॥ लोक में भी कहा है कि— श्रावण कृष्ण एकादशी को रोहिणी हो तो वर्षा अच्छी हो और लोक सुखी हों ॥१३२॥ यदि बारसके दिन रोहिणी आ जाय तो मध्यम काल और तेरसके दिन आ जाय तो दुष्काल हो ॥१३३॥ यदि श्रावण शुक्ल पक्षमें कोई तिथिका क्षय हो तो कार्त्तिकमासमें निश्चयसे छत्रभंग हो ॥१३४॥

+ टी—श्रावण किसन एकादशी, तीन नक्खत्र जंत। कृत्तिका तो करवरो, रोहिणी घणुं सुखदंत ॥१॥ इगियारसि मिगसिर हुइ तो अणचिंत्यो काल । काली रोहिणी टीप्पणे, जोसी फल भाल ॥२॥

× संवत् १७४३ वर्षे राखडीपूर्णाक्षयस्तेन कार्तिके विद्यापुरदुर्गभङ्गः । इदं कदाचिदेव संभवति शुक्लपक्षे कदाचिन्न संभवत्यपि ।

"Aho Shrutgyanam"

श्रावणे कृष्णपक्षस्य प्रतिपद्दिवसे धृतौ ।
योगे धृतिः स्याद्धान्यस्य शेषयोगेषु विक्रयः ॥१३५॥
श्रावणे वा भाद्रपदे प्रथमायां श्रुतिद्वयम् ।
कृष्णपक्षे तदा ज्ञेयं सुभिक्षं निश्चयाज्जने ॥१३६॥
द्वादश्यां श्रावणे कृष्णे मघा यद्वोत्तरात्रयम् ।
तत्राभ्रे जलवृष्टौ वा जलयोगस्तदा महान् ॥१३७॥
श्रावणस्य त्रयोदश्यां रेवत्यां रवियोगतः ।
बहुधान्यानि वस्तूनि जायन्ते बहुधान्यकम् ॥१३८॥
शनौ श्रावणसप्तम्यां जलपूर्णा वसुन्धरा ।
श्रावणस्य चतुर्दश्या-मार्द्रायामन्नसङ्ग्रहः ॥१३९॥

अमावस्या विचारः—

श्रावणस्य त्वमावस्यां पुष्याश्लेषा मघा यदि ।
मध्यमं वर्षमादेश्यं वृष्टिर्न महती यदा ॥१४०॥
यतः सारसङ्ग्रहे—विशाखाद्यष्टके दर्शे दुर्भिक्षं बहुधा स्मृतम् ।

श्रावणकृष्ण प्रतिपदा के दिन धृतियोग हो तो धान्यका संग्रह करना उचित है और बाकीके योगमें विक्रय करना उचित है ॥१३५॥ श्रावण या भाद्रपद के कृष्णपक्षकी प्रतिपदा के दिन श्रवण या धनिष्ठानक्षत्र हो तो लोकमें निश्चयसे सुभिक्ष हो ॥१३६॥ श्रावणकृष्ण द्वादशीके दिन मघा या तीनों उत्तरा इनमें से कोई नक्षत्र हो और बादल हो या वर्षा हो तो बड़ा जलयोग जानना ॥१३७॥ श्रावणकी त्रयोदशीके दिन रविवार और रेवती नक्षत्र हो तो बहुत धान्य और धनिया आदि वस्तु उत्पन्न हों ॥१३८॥ श्रावण सप्तमी के दिन शनिवार हो तो पृथ्वी जलसे पूर्ण हो । यदि श्रावण चतुर्दशी आर्द्रा युक्त हो तो धान्यका संग्रह करना उचित है ॥ १३९ ॥

श्रावण आमावस को पुष्य आश्लेषा या मघा नक्षत्र हो तो वर्ष मध्यम हो और वर्षा अधिक न हो ॥ १४० ॥ सारसंग्रह में—अमावास्याके दिन

"Aho Shrutgyanam"

सुभिक्षमेकादशके वारुणाद्ये पुरोहितम् ॥१४१॥
अमावस्यां मध्यवर्षं भवेत् पुष्यचतुष्टये ।
शनिः सूर्यः कुजो दर्शे-ष्वनन्तरमरिष्टकृत् ॥१४२॥
तिन्नि य पूरब कत्तिका, चित्ता अरु असलेस ।
मिलि अमावसि धानरो, अरघ करे सविसेस ॥१४३॥
अमावस्यातिथिर्धिष्ण्यं यदा भवति कृत्तिका ।
ईतिर्घना क्षितौ नूनं वर्षे तत्र भविष्यति ॥१४४॥
पार्वणी यदि रौद्रे स्या-दादित्यं प्रतिपत्तिथौ ।
द्वितीया पुष्यसंयुक्ता जलं धान्यं तृणं न च ॥१४५॥
अमावस्यादिने योगे पुनर्वस्वादिपञ्चके ।
समर्घमथ दुर्भिक्ष-मुत्तरादिचतुष्टये ॥१४६॥
विशाखाद्यष्टके कष्टं वारुणादौ जने सुखम् ।
ऊचिरे केचनाचार्या दर्शनक्षत्रजं फलम् ॥१४७॥

विशाखा आदि आठ नक्षत्रोंमें से कोई नक्षत्र हो तो बहुत करके दुर्भिक्ष हो और शतभिषा आदि ग्यारह नक्षत्रोंमें से कोई नक्षत्र हो तो शुभ हो ॥१४१॥ यदि अमावसके दिन पुष्य आदि चार नक्षत्र हो तो मध्यम वर्ष हो । और शनि रवि या मंगलवार के दिन अमावस हो तो निरंतर दुःखदायक हो ॥ १४२ ॥ यदि अमावसको तीनों पूर्वा, कृत्तिका, चित्रा या आश्लेषा नक्षत्र होतो धान्य महँगे हो ॥१४३॥ यदि आमावसके दिन कृत्तिका नक्षत्र हो तो पृथ्वी पर निश्चयसे उस वर्षमें ईति का उपद्रव हो ॥ १४४ ॥ यदि अमावसको आर्द्रा, प्रतिपदा को पुनर्वसु और द्वितीया को पुष्य नक्षत्र हो तो वर्षा, तृण और धान्य न हों ॥ १४५ ॥ अमावस को पुनर्वसु आदि पांच नक्षत्र हो तो धान्य सस्ते हों, उत्तराफाल्गुनी आदि चार नक्षत्र हो तो दुर्भिक्ष हो ॥ १४६ ॥ विशाखा आदि आठ नक्षत्र हो तो कष्टदायक हो और शतभिषा आदि नक्षत्र हो तो मनुष्यों में सुख हो एसा अमावस

"Aho Shrutgyanam"

यत:—अमावसीइ ति दिया होइ जयारिक्खट्ठ उत्तरातिन्नि ।
रेवइधणिट्ठ पुणव्वसु दुभिक्खं करइ मासम्मि ॥१४८॥
ग्रन्थान्तरे—
अद्दह वारुण चित्तह साई, कत्तिय भरणि अमावसि आई।
इण नक्खत्ते जो तिथि ऊणी, निश्चय अर्घ वधावे दूणी ॥
विरुद्धवारनक्षत्रेऽमावस्यो बह्वोऽशुभाः ।
वार्षिकं फलमादद्युः शेषाः मासफलप्रदाः ॥१५०॥ इति ।
श्रावणे शुक्लसप्तम्यां स्वातियोगसुभिक्षकृत् ।
श्रवणं पूर्णिमायां स्या-द्धान्यैरानन्दिताः प्रजाः ॥१५१॥
यत:—आखा रोहिण नवि मिले, पोसी मूल न होय ।
श्रावणि श्रवण न पामीइ, मही डोलंती जोय ॥१५२॥
ज्येष्ठस्य प्रतिपद्वार-फलं प्राक्कथितं यथा ।

को नक्षत्र का फल कोई आचार्य कहते हैं ॥ १४७ ॥ मेघमालामें कहा है कि— अमावस के दिन तीनों उत्तरा, रेवती, धनिष्ठा या पुनर्वसु नक्षत्र हो तो एक मास दुर्भिक्ष करे ॥ १४८ ॥ ग्रंथान्तरमें— आर्द्रा, शतभिषा, चित्रा, स्वाति, कृत्तिका और भरणी इन नक्षत्रों में यदि अमावस आजाय और इन नक्षत्रोंसे तिथि जितनी न्यून हो उनसे दूना मूल्यसे धान्य बिकें ॥१४६॥ विरुद्ध वार नक्षत्रों में अमावस हो तो बहुत अशुभ होती है। यह श्रावणकी अमावस वार्षिक फलदायक है और बाकी की मासफलदायक हैं ॥ १५० ॥ श्रावण शुक्ल सप्तमी को स्वाति नक्षत्र हो तो सुभिक्षकारक है । श्रावणपूर्णिमा को श्रवणनक्षत्र हो तो धान्य प्राप्ति बहुत हो जिससे प्रजा आनंदित हो ॥ १५१ ॥ कहा है कि - आषाढ पूर्णिमाको रोहिणी, पोषपूर्णिमा को मूल और श्रावण पूर्णिमा को श्रवण नक्षत्र न हो तो पृथ्वी डामाडोल याने दुःखी हो ॥ १५२ ॥ जैसा ज्येष्ठमास की प्रतिपदा का फल पहले कहा है वैसा श्रावणमासकी प्रतिपदाका फल यहां भी समझ लेना

"Aho Shrutgyanam"

श्रावणेऽपि तथा वाच्यं प्राच्याः केचिदिहोचिरे ॥१५३॥

अथ भाद्रपदमासः—

प्रथमायां तिथौ भाद्रे गुरौ श्रवणसंयुते ।
अभङ्गं जायते वर्षं धनधान्यादि सम्पदा ॥१५४॥
भाद्रपदाऽसिताष्टम्यां रोहिणी शुभदायिनी ।
नवमी भाद्रशुक्लस्य रवौ मूले भयङ्करी ॥१५५॥
दुर्भिक्षाय रवौ मूले भाद्रे शुक्ले दशम्यपि ।
योग्योऽयं स्यात् सुभिक्षाय प्रोचुरेवं च केचन ॥१५६॥
एकादशी भाद्रशुक्ले मूले दिनकृता युता ।
मेघेन वत्सरे सौख्यं लोकं व्याधिर्विबाधते ॥१५७॥
भाद्रे कृष्णद्वितीयायां द्वितीयवारयोगतः ।
धान्यनिष्पत्तिरतुला सम्पदः स्युश्चतुष्पदैः ॥१५८॥
शनौ भाद्रपदे कृष्णा चतुर्थी यदि जायते ।
देशभङ्गश्च दुर्भिक्षं मुस्तयोदरपूरणम् ॥१५९॥

चाहिए ॥ १५३ ॥ इति श्रावणमास।

भाद्पद की प्रथम तिथि के दिन गुरुवार और श्रवण नक्षत्र हो तो वर्ष अच्छा हो और धन धान्य की प्राप्ति विशेष हो॥ १५४ ॥ भाद्रकृष्ण अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र हो तो शुभदायक है। भाद्रशुक्ल नवमी को रविवार और मूलनक्षत्र हो तो भयदायक है ॥ १५५ ॥ भाद्रशुक्ल दशमी को रविवार और मूलनक्षत्र हो तो दुर्भिक्ष होता है। परन्तु यही योग को कोई सुभिक्ष कारक कहते हैं ॥ १५६ ॥ भाद्रशुक्ल एकादशी को रविवार और मूलनक्षत्र हो तो वर्षमें वर्षासे तो सुख हो परंतु रोग का उपद्रव हो ॥ १५७ ॥ भाद्रकृष्ण दूजको सोमवार हो तो धान्यकी प्राप्ति बहुत हो तथा पशुओंकी वृद्धि हो ॥ १५८ ॥ भाद्रकृष्ण चतुर्थी को यदि शनिवार हो तो देशभंग और दुर्भिक्ष होने से लोक मुस्ता (मोथा) से उदरपूर्ति करें ॥ १५९ ॥

"Aho Shrutgyanam"

अत्र लोके प्राह—

+आठमी काली पक्खना, सनि असलेसा जुत्त ।
मेह म जोइस महीयले, वरसे एहज वत्त ॥१६०॥

ग्रन्थान्तरेऽपि—+नवम्यां स्वाति संयोगे भाद्रमासे सिते यदा ।
तदा सुखमयी भूमिर्घृतधान्यसमन्विता ॥१६१॥
भाद्रशुक्लचतुर्थ्यां चेद्वारा जीवेन्दुभार्गवाः ।
उत्तराहस्तचित्राभिः सुभिक्षं निश्चयात् तदा ॥१६२॥
भाद्रे धवलपञ्चम्यां स्वातियोगो यदा भवेत् ।
मासैश्चतुर्भिः कर्पास-रूतादेर्लाभसम्भवः ॥१६३॥
भाद्रमासे तृतीयायां भौमे चोत्तरफाल्गुनी ।
तदा वृष्टिकरो नैव प्रोन्नतोऽपि घनाघनः ॥१६४॥

भाद्रपदामावास्याफलम्—

लोक भी कहते है कि भाद्रपद कृष्ण अष्टमी या आश्लेषा नक्षत्र के दिन शनिवार हो तो पृथ्वी पर मेह न वरसे, वार्ता वरसे याने मेह का वृतांत ही सुना जाय ॥ १६० ॥ ग्रन्थान्तरमें भी— भाद्र शुक्ल नवमी या स्वाति नक्षत्र के दिन शुक्रवार हो तो घी और धान्यसे पूर्ण सुखमयी पृथ्वी हो ॥ १६१ ॥ भाद्रशुक्ल चतुर्थी को बृहस्पति सोम या शुक्रवार हो और उत्तराफाल्गुनी हस्त या चित्रा नक्षत्र हो तो निश्चय से सुभिक्ष होता है ॥ १६२ ॥ भाद्रशुक्ल पंचमी को स्वाति नक्षत्र हो तो चार मास कपास रूई आदि से लाभ हो ॥ १६३ भाद्रमास की तृतीया के दिन मंगलवार और उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र हो तो उन्नत मेघ उदय होकर भी न बरसे ॥ १६४ ॥

+ टी— कृष्णादिमासमते इदं घटते, न शुक्लादिमते । अत्रायमर्थः—भाद्रकृष्णे अष्टमी तथा आश्लेषानक्षत्रदिने च एतयोर्दिनयोः शनिवारो न शुभः । भाद्रे शुक्ले स्वातिदिने यद्वा नवम्यां सिते शुक्रवारः शुभः । यथा सूत्रव्याख्यायां योगौ अघटमानौ ।

"Aho Shrutgyanam"

भाद्रमासे अमावस्यां रवौ* घृतमहर्घता ।
धान्यं महर्घं भौमे ज्ञे शनौ तैलं विनिर्दिशेत् ॥१६५॥
यतः—मुद्गर जोग ए भादवे, अमावसि रविवार ।
उजेणी हुंती पश्चिमे होसी हाहाकार ॥१६६॥
अन्यस्मिन्नपि मासे चे-देकैवामावसी रवौ ।
तदा वर्षस्य विश्वांशा मानं पञ्चदश स्मृताः ॥१६७॥
अमावसीद्वयं सूर्य-वारे टिप्पनके यदा ।
दश विंशोपका वर्षे खण्डवृष्ट्यादिनोदिताः ॥१६८॥
रविवारादमावस्या त्रये पञ्च विंशोपकाः ।
छत्रभङ्गोऽथ दुष्कालो रवौ दर्शचतुष्टये ॥१६९॥
इत्यमावास्यारविवारफलम् ।

रुद्रदेवः सप्तवारफलान्याहः—

"अमावास्याः फलं वक्ष्ये वारभुक्तया शृणु प्रिये! ।
येन विज्ञायते कालो वत्सरे मासनिर्णयः ॥१७०॥

भाद्रपदकी अमावसको रविवार हो तो घी महँगे हों, मंगल या बुधवार हो तो धान्य महँगे हो और शनिवार हों तो तेल महँगे हों ॥१६५॥ अमावसको रविवार हो तथा मुद्गरयोग भी हो तो उज्जयणी से पश्चिमदिशा में हाहाकार अनिष्ठ हो ॥ १६६ ॥ इससे दूसर कोई मासकी अमावस को रविवार हो तो वर्षके विश्वा पंद्रह माना गया है ॥१६७॥ पंचांगमें यदि दो अमावस रविवार को हो तो वर्षके दश विश्वा माने हैं और खण्डवृष्टि होती है ॥१६८॥ तीन अमावस रविवार को हो तो पांच विश्वा माने है। यदि चार अमावस रविवार को हो तो छत्रभंग तथा दुष्काल हो ॥१६९॥ रुद्रदेवके मतसे—हे प्रिये! वारानुक्रमसे अमावसका फल कहता हूँ, जिससे

---

* टी—मंगल करे पलेवडुं, बाला बुधे मरंति ।
रविशनि होय अमावसे, अन्न रस मुहंघा हुंति ॥

"Aho Shrutgyanam"

जनानां बहुलाः क्लेशा राजा दुःखैः प्रपीड्यते ।
अमावस्यादिने सूर्यः सन्तापायार्थनाशनात् ॥१७१॥
सुभिक्षं क्षेममारोग्यं वर्षायाः प्रबलोदयः ।
सस्योत्पत्तिः प्रजासौख्यं सोमवारे प्रवर्त्तते ॥१७२॥
राज्यभ्रंशो राज्ययुद्धं क्लेशानां च प्रवर्द्धनम् ।
उपघातोऽल्पवृष्टिश्च क्षयश्चार्थस्य भूमिजे ॥१७३॥
दुर्भिक्षं राज्यनाशश्च प्रजानां दुःखभाजनम् ।
स्थानत्यागो धान्यमल्पं बुधवारे प्रवर्त्तते ॥१७४॥
सदा वृष्टिः सुभिक्षं च कल्याणं दुःखनाशनम् ।
आरोग्यं च प्रजा स्वस्था गुरुवारे समादिशेत् ॥१७५॥
भृशं जलोन्नता मेघाः कृषीणां बहुरुद्भवः ॥
तस्करोपद्रवा नित्यं शुक्रेणामावसीदिने ॥१७६॥
दुर्भिक्षं रौरवं घोरं महादुःखं महद्भयम् ।
पराङ्मुखाः पितुः पुत्रा व्यसनं शनिवासरे" ॥१७७॥

वर्षमें मासका काल जाना जाता है ॥१७०॥ अमावसको रविवार हो तो मनुष्योंको बहुत क्लेश तथा राजा दुःखोंसे पीडित हो और अर्थका विनाश हो ॥ १७१ ॥ सोमवार हो तो सुभिक्ष, कुशलता, आरोग्य, वर्षाका प्रबल उदय, धान्यकी उत्पत्ति और प्रजा सुखी हो ॥ १७२ ॥ मंगलवार हो तो राज्यका विनाश, राजाओंमें युद्ध, क्लेशोंकीवृद्धि, उत्पात, थोडी वर्षा और धन का नाश हो ॥१७३॥ बुधवार हो तो दुर्भिक्ष, राज्यका विनाश, प्रजा को दुःख, स्थान भ्रष्ट और धान्य थोडा हो ॥१७४॥ गुरुवार हो तो अच्छी वर्षा, सुभिक्ष, कल्याण, दुःखका नाश, प्रजा सुखी और आरोग्यता हो ॥ १७५॥ शुक्रवार हो तो जलसे उन्नत मेघ हो, कृषियों का बहुत उदय हो और चोरका हमेशा उपद्रव हो ॥१७६॥ शनिवार हो तो घोर दुर्भिक्ष हो, महादुःख, बडाभय और पुत्र पिता से पराङ्मुख हों ॥१७७॥ अमावास्या

"Aho Shrutgyanam"

अमावस्याधिके ऋक्षे यदा चरति चन्द्रमा ।
अर्थे चा ऽधिको ज्ञेयो हीने हीनत्वमाप्नुयात् ॥१७८॥
प्रकृतम्-भाद्रपदे शुक्लषष्ठ्या-मनुराधा * यदा भवेत् ।
नक्षत्रान्तरदोषेऽपि सुभिक्षं निर्णयाद् वदेत् ॥१७९॥

अथाश्विनमासः—

आश्विने प्रथमायां चे-च्छुक्लायां शनिरागते ।
तदा धान्यं न विक्रेय पुरस्तस्य महर्घता ॥१८०॥
+ शुक्लायां च द्वितीयाया-माश्विने चन्द्रवारतः ।
मूलस्पर्शे पुनो मूलात् तदा धान्यस्य संग्रहः ॥१८१॥
आश्विने हि तृतीयायां यदि भौमः शनैश्चरः ।
तदाग्निः प्रबलो भूम्या-मन्यवारे समर्घता ॥१८२॥
चतुर्थ्यामाश्विने सूर्ये विक्रेतव्यं घृतं जनैः ।

का अधिक नक्षत्र पर चन्द्रमा गमन करे तो धानका भाव सस्ता हो और हीन नक्षत्र पर गमन करे तो धानका भाव तेज हो ॥१७८॥ भाद्रशुक्ल षष्ठी को यदि अनुराधानक्षत्र हो तो दूसरें नक्षत्रोंका दोष रहने पर भी निश्चयसे सुभिक्ष कहना ॥ १७९ ॥ इति भाद्रपदमास ॥

आश्विन शुक्लप्रतिपदाको शनिवार हो तो धान्यका संग्रह करना चाहिये, आगे वह महँगे भाव होंगे ॥१८०॥ आश्विन शुक्लमें धनुराशिका चंद्रमा के समय द्वितीया, और मूल नक्षत्र में सोमवार को धान्य का संग्रह करना चाहिये ॥ १८१ ॥ यदि तृतीयाके दिन मंगल या शनिवार हो तो पृथ्वी पर गरमी प्रबल हो और दूसरे वार हो तो सस्ते हो ॥ १८२ ॥ शुक्ल

---

*टी— भारखडा सब बोलीया कांई सखिता नाह . भारखडो जग रेलसी, जो रूठे अनुराह ॥ इति लोक भाषायां ॥

+टी—इदमपि न संभवति-आश्विने शुक्लद्वितीयायां धनुषि चन्द्रमा प्राप्ते तेन द्वितीयादिने मूलदिने च चन्द्रवारे धान्यसंग्रहः ।

"Aho Shrutgyanam"

संगृह्यन्ते च धान्यानि पुरो लाभाय तान्यपि ॥१८३॥
* आश्विने शुक्लपञ्चम्यां सोमे हस्तसमागमे।
गन्तव्य मालवस्थाने निर्जला जलदायिनी ॥१८४॥
सप्तम्यां शनियुक्तायां सिते पक्षे यदाश्विने।
श्रवणं वा धनिष्ठा चेज्जगतो नाशकारणम् ॥१८५॥
आश्विने च बुधेऽष्टम्यां विधेयो घृतसंग्रहः।
कार्तिके विक्रयात् तस्य सम्पदः स्युः पदे पदे ॥१८६॥
नवम्यामाश्विने शुक्ले कुजवारेण संगतौ।
मुद्गकार्पास चवला-माषादेः संग्रहो मतः ॥१८७॥
द्विगुणस्तु भवेल्लाभो चैत्रमासेऽथ विक्रये।
आश्विने दशमी भौमे भूम्यां व्याधिरबाधितः ॥१८८॥
×एकादश्यां शनौ तस्मिश्छत्रभङ्गोऽथवा भुवि।

चतुर्थी को रविवार हो तो घी बेचना चाहिये और धान्य का संग्रह करना चाहिये जिससे आगे लाभ होगा ॥ १८३ ॥ आश्विन शुक्ल पंचमी सोमवारके दिन और हस्त नक्षत्र पर सूर्य हो तब वर्षा होना अच्छा नहीं, यदि बरसे तो मालव देशमें जाना चाहिये वहां निर्जलाभी जल देनेवाली है ॥ १८४ ॥ आश्विन शुक्ल सप्तमी शनिवार को श्रवण या धनिष्ठा नक्षत्र हो तो जगत् का नाशकारक होता है ॥ १८५ ॥ शुक्लाष्टमीको बुधवार हो तो घी का संग्रह करना चाहिये। उसको कार्तिक में बेचने से विशेष लाभ हो ॥१८६॥ शुक्ल नवमीको मंगलवार हो तो मूंग, कपास, चौला उडद आदिका संग्रह करके ॥ १८७ ॥ उसको चैत्र मासमें बेचनेसे दूना लाभ हो । आश्विन शुक्ल दशमी को मंगलवार हो तो पृथ्वी पर व्याधि (रोग) की पीड़ा हो ॥ १८८ ॥ आश्विन शुक्ल एकादशी को शनिवार हो

---

* टी— अत्रापि आश्विने शुक्लपञ्चम्यां सोमवारे सति सूर्ये च हस्ते समागते वृष्टिर्न शुभा, निर्जला पञ्चमी जलदायिनीत्यर्थः।

×टी-संवत् १७४२ आश्विनसित ११ तिथौ शनिर्विद्यापुरदुर्गभङ्गः।

"Aho Shrutgyanam"

नगरग्रामभङ्गः स्याद्वैरिचौराद्युपद्रवः ॥१८९॥
+तृतीयारोहिणीयोगे वारयोः शनिभौमयोः ।
तदा कार्पासिकं ग्राह्यं फाल्गुने लाभमादिशेत् ॥१९०॥
आश्विने कार्त्तिके वापि द्वितीया मङ्गलेऽसिता ।
लोके दहनजो दाहः प्रतिग्रामं प्रवर्त्तते ॥१९१॥
आश्विने कृष्णपञ्चम्यां रविवारः प्रवर्त्तते ।
माघे मासे ह्यमावस्यां महर्घं निश्चयाद् घृतम् ॥१९२॥
*षष्ठ्यामथाश्विने ज्येष्ठादित्यमूलादिसङ्गमे ।
सङ्ग्रहः सर्वधान्यानां पञ्चमास्यां फलं भवेत् ॥१९३॥
आश्विनैकादशी कृष्णा वारयोर्बुधसोमयोः ।
महिषीणां गवां मूल्यं महत् सञ्जायते जने ॥१९४॥
द्वादशी शनिना युक्ता हस्तचित्रा समन्विता ।
तदा युगन्धरी ग्राह्या चैत्रे च त्रिगुणं फलम् ॥१९५॥

तो पृथ्वी पर छत्रभंग हो, नगर-गांवका भंग हो और चोरोंका उपद्रव हो ॥ १८९ ॥ आश्विन कृष्ण तृतीया और रोहिणी नक्षत्र के दिन शनि या मंगलवार हो तो कपास का संग्रह करना, उस से फाल्गुन में लाभ होगा ॥ १९० ॥ आश्विन या कार्त्तिक कृष्णपक्ष में दूज मंगलवार की हो तो लोक में प्रत्येक गांव में अग्नि का उपद्रव हो ॥१९१ ॥ आश्विन कृष्ण पञ्चमी को रविवार हो तो माघ मासकी अमावसको निश्चयसे घी महँगा हो ॥ १९२ ॥ आश्विन षष्ठीके दिन ज्येष्ठा या मूल नक्षत्र और रविवार हो तो सब धान्य का संग्रह करे तो पांचवें मास लाभदायक हो ॥ १९३ ॥ आश्विन कृष्ण एकादशीको बुध या सोमवार हो तो भैंस और गौका मूल्य अधिक हो ॥१९४॥ द्वादशीको शनिवार हो और हस्त या चित्रा नक्षत्र हो तो युगंधरी (जूआर)का संग्रह करें तो चैत्रमें त्रिगुना लाभ हो ॥१९५॥

+टी-तृतीयायां वा रोहिणीदिने इत्यर्थः ।
*टी-आदित्यवारो ज्येष्ठायां मूले च नक्षत्रे इत्यर्थः ।

"Aho Shrutgyanam"

÷आश्विनस्याप्यमावस्यां शनिवारो यदा भवेत् ।
मध्यम वर्षमथवा दुष्कालः खण्डमण्डले ॥१९६॥
कवि च तु—सनि आइचे मंगले, आसू अमावसि होय ।
बिमणा तिगुणा चउगुणा, कणे कवड्डा होय ॥१९७॥
ग्रन्थान्तरे—
उत्तरतिन्नि धणिट्ठ चउत्थी, अने पुनर्वसु रोहिणी छट्ठी ।
हुइ अमावसि एह संजुत्ती, मास दुभिक्ख करे निरुत्ती ।१९८।
इति सामान्यवचोऽपि आश्विनविषयमुक्तम् ।

अथ कार्त्तिकमासः—

कार्त्तिके प्रथमे पक्षे प्रथमा बुधसंयुता ।
तद्वर्षं मध्यमं वृष्ट्या-नावृष्ट्या च क्वचिद्भवेत् ॥१९९॥
यतः—काती सुदि पडिवा दिने, जो बुधवारि होय ।

आश्विन अमावस को शनिवार हो तो खण्डमंडल में वर्ष मध्यम, या दुष्काल हो ॥ १९६ ॥ कोई कहते है कि— आश्विन अमावस को शनि रवि या मंगलवार हो तो धान्यका दूना तीगुना और चौगुना लाभ हो ॥ ॥१९७॥ ग्रन्थान्तरमें— आश्विन अमावसको तीनों उत्तरा, धनिष्ठा, पुनर्वसु या रोहिणी नक्षत्र हो तो एक मास दुर्भिक्ष हो॥१९८॥ इति आश्विनमास॥

कार्त्तिक शुक्ल प्रतिपदा को बुधवार हो तो कहीं वर्षा और कहीं अनावृष्टि के कारण वर्ष मध्यम फलदायक हो ॥ १९९ ॥ जैसे—कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा को बुधवार हो तो धान्यका दूना तीगुना और चौगुना भाव हो

÷टी-शुक्लादिपक्षे सम्भवति ।
टी— संवत् १७४३ वर्षे कार्त्तिककृष्ण १ तिथौ बुधः कृष्णादिमते ।
टी—संवत् १६८७ वर्षे ज्येष्ठकृष्ण १ तिथौ शनौ, कार्त्तिककृष्ण १ दिने मंगलः, एतद्दिनद्वयेऽपि रखारे दुर्भिक्ष १ ।
टी—कातीमास अंधार पख, पडिवाये शनिवार ।
पडिहुं दुःखकारी ता, जाणो रौरवकार ॥

"Aho Shrutgyanam"

बिमणा तिगुणा चउगुणा, कणे कवड्डा होय ॥२००॥
कार्त्तिके सप्तमी शुक्ला शनौ धान्याघनाशिनी ।
श्वेतवस्तुमहर्घं स्यात् त्रिमासि द्विगुणं फलम् ॥२०१॥
कार्त्तिके रविणा रौद्र-योगे राज्ञां महारणः ।
रोहिण्यां कार्त्तिके सूर्यः पुरो वारिदवारणः ॥२०२॥
कार्त्तिके पञ्चमी रौद्र-योगे स्यात् तृणसङ्ग्रहः ।
चतुष्पदेऽन्यथा दुःखं जायतेऽग्रेऽल्पवृष्टिजम् ॥२०३॥
कार्त्तिके मङ्गले मूलं मङ्गलेऽननुकूलकम् ।
सप्तमी शनिना कृष्णा करोत्यन्नमहर्घताम् ॥२०४॥
कार्त्तिके दशमी कृष्णा शनौ रोगकरी जने ।
रविः कृष्णत्रयोदश्यां यवगोधूममूल्यकृत् ॥२०५॥
कार्त्तिके कृष्णदशमी शनौ मघासमन्विता ।
महर्घं घृतपूगादि चातुर्मासान्तविक्रयः ॥२०६॥
कार्त्तिके चेदमावस्यां शनिश्चाशननाशनः ।

॥२००॥ कार्तिक शुक्ल सप्तमीको शनिवार हो तो धान्य का विनाश और श्वेत वस्तु महँगी हो इससे तीन मासमें द्विगुना लाभ हो ॥२०१॥ कार्तिक में रविवार और आर्द्रा का योग हो तो राजाओंका युद्ध हो । तथा रविवार और रोहिणी का योग तो हो आगे वर्षाका रोध हो ॥२०२॥ कार्तिक पंचमी को आर्द्रा हो तो तृणका संग्रह करना उचित है, नहीं तो पशुओं को दुःख होगा क्योंकि आगे बहुत थोड़ी वर्षा होगी ॥२०३॥ कार्तिकमें मंगलवार को मूलनक्षत्र हो तो मांगलिक कार्यमें अनुकूल नहीं होता । कृष्ण सप्तमी शनिवारको हो तो अन्न महँगे हो ॥२०४॥ कार्तिक कृष्ण दशमी शनिवार को हो तो रोग करें । और कृष्ण त्रयोदशी रविवार को हो तो यव और गेहूँ तेज हो ॥ २०५ ॥ कार्तिक कृष्ण दशमी शनिवार और मघा नक्षत्र युक्त हो तो घी और सोपारी महँगे हो चौथे महीने बेचें ॥२०६॥ कार्तिक

"Aho Shrutgyanam"

भौमे भूम्यां महावह्नी रविर्युद्धाय भूभुजाम् ॥२०७॥
*यतः—होली पोली दीवालीइ, रवि शनि मंगल होय ।
खप्पर लीधे जग भमे, जीवे विरलो कोय ॥२०८॥

चतुर्मासकुलके—

नमिऊण तिलोयरविं जगवल्लह जलहरं महावीरं ।
वुच्छामि अग्घकण्डं जं कहियं जिणवरिंदेण ॥२०९॥
कत्तियपूनमदिवसे कत्तियरिक्खं च होइ संपुन्नं ।
ता चत्तारि वि मासा होइ सुभिक्खं सुहं लोए ॥२१०॥
अह भरणी तद्दिवसे चत्तारि वि पुहर होइ संपुण्णा ।
ता जाणह दुब्भिक्खं मासा चउरो वि सस्साणं ॥२११॥
अह रोहिणी तद्दिवसे हविज्ज चत्तारि पहरसंपुण्णं ।
ता जाणह अग्घहाणी मूलरसाणं च दव्वाणं ॥२१२॥

की अमावसको यदि शनिवार हो तो धान्यका विनाश हो, मंगलवार हो तो पृथ्वी पर अग्नि का उपद्रव हो और रविवार हो तो राजाओं का युद्ध हो ॥ २०७ ॥ होली पोली (विजया दशमी) और दीवालीको रवि शनि या मंगल हो तो लोक खप्पर लेकर जगत् में घूमें याने बड़ा दुष्काल हो कोई विरला बचें ॥ २०८ ॥ चतुर्मास कुलकमें कहा है कि— त्रिलोक के रवि, जगवल्लभ जलधर श्री महावीरजिनको नमस्कार करके जिनेंद्र भगवान ने कहा हुआ अर्द्धकाण्ड को कहता हूँ ॥२०९॥ कार्तिक पूनमको कृत्तिका नक्षत्र पूर्णतया हो तो चारों ही महीने सुभिक्ष रहें और लोक सुखी हो ॥२१०॥ यदि उस दिन भरणी नक्षत्र चार प्रहर पूर्ण हो तो चार महीने धान्य महँगे (दुर्भिक्ष) हों ॥ २११ ॥ यदि उस दिन रोहिणी नक्षत्र चार प्रहर पूर्ण हो तो मूल रस और द्रव्यके अर्घकी हानि हो ॥२१२॥ पूर्णिमा

*टी— स्वाति दीवा नव बले, विशाखा न खेले गाय ।
कै लाख गयंदा रण पडे, कै निष्फल शाखा जाय ॥१॥
वीरोत्सवदिने वारो भौमो वह्निभयावहः ।
संक्रांतीनां च नैकध्यं शुभ मर्घादिके नहि ॥२॥

अह पुन्निमा य दिवसे नक्खत्तं रोहिणी अहोरत्तं ।
ता सव्व धण्णहाणी रसाण लोहाइधाउणं ॥२१३॥
अह भरणी दु पुहरा दुन्निय पुहरा य कत्तिया होइ ।
ता कुणइ अग्घहाणी दो मासा लवणकप्पासे ॥२१४॥
अह कत्तिय दो पुहरा तउपरं रोहिणी उ छ पुहरा ।
दो मासाय सुगालो दो मासा होइ दुक्कालो ॥२१५॥

अथ मार्गशीर्षमासः—

+मार्गशीर्षचतुर्थ्यां चेन्मङ्गलो रेवतीदिने ।
प्रतिग्रामं वह्निभयं जगत्क्लेशव्यथामयम् ॥२१६॥
मार्गशीर्षेऽथवा पौषे फाल्गुने धवलांशके ।
नक्षत्रात् तिथिभोगेऽल्पे गोधूमा लाभदायिनः ॥२१७॥
द्वादश्यां मार्गशीर्षस्य भौमवारेऽर्कसंक्रमे ।
भावि वर्षविनाशाय ग्रहणं शीतगोस्तथा ॥२१८॥

को दिनरात रोहिणी नक्षत्र हो तो समस्त धान्य, रस तथा लोहा आदि धातुओं का विनाश हो ॥२१३॥ यदि दो प्रहर भरणी और दो प्रहर कृत्तिका हो तो दो महीने लवण और कपास तेज हो ॥२१४॥ यदि दो प्रहर कृत्तिका और पीछे छह प्रहर रोहिणी हो तो दो महीना सुकाल याने सस्ता, और दो मास दुष्काल याने महँगा हो॥२१५॥ इति कार्त्तिकमासः ॥

मार्गशीर्ष चतुर्थीको या रेवती नक्षत्रके दिन मंगलवार हो तो प्रत्येक गाँवमें अग्नि का भय और जगत् क्लेश-दुःखमय हो ॥२१६॥ मार्गशिर, पौष या फाल्गुन के शुक्लपक्षमें नक्षत्र के भोगसे तिथि भोग थोड़े हो तो गेहूँसे लाभ हो ॥२१७॥ मार्गशीर्ष द्वादशीको या सूर्य संक्रांतिको मंगलवार हो तथा चन्द्रग्रहण हो तो अगला वर्ष विनाश हो ॥ २१८ ॥ मार्गशीर को रविवार हो तो कपास रूई का सग्रंह करना वैशाख में लाभदायक है

+टी— रेवतीदिने यद्वा चतुर्थीदिने मङ्गलः ।

"Aho Shrutgyanam"

मार्गे नवम्यां रेवत्यां बुधो दुर्भिक्षकारकः ।
पञ्चमी गुरुणा योगात् पञ्चमासान् सुभिक्षदा ॥२१९॥
मार्गशीर्षप्रतिपदि पुष्ये शुष्येच्चतुष्पदः ।
जलवृष्ट्या परं वर्षं गर्भस्रावाद् विनश्यति ॥२२०॥
पुनर्वस्वोस्तथार्द्राया-स्तृतीयायां च सङ्गमे ।
धान्यं समर्घमादेश्यं राजा सुस्थः प्रजासुखम् ॥२२१॥
मार्गशीर्षस्य पञ्चम्यां मघाद्यं पञ्चकं यदा ।
पुरो वर्षविनाशाय जायते जलरोधतः ॥२२२॥
मार्गे नवम्यां चित्रायां धान्यं महर्घमादिशेत ।
*कृष्णा चतुर्दशी स्वातौ श्रावणे जलरोधिनी ॥२२३॥
मार्गशीर्षस्य दशमी मूले वा रविणा युता ।
सङ्ग्राह्याश्च तिलास्तैलं ज्येष्ठान्ते लाभदायकम् ॥२२४॥
मार्गे यदि स्यादादित्य एकादश्यां तिथौ तदा ।

नवमी को रेवती नक्षत्र और बुधवार हो तो दुर्भिक्षकारक है । पंचमी को गुरुवार हो तो पांच मास सुभिक्ष हों ॥ २१६ ॥ मार्गशीर प्रतिपदा को पुष्य नक्षत्र हो तो पशुओं को कष्ट हो और अगला वर्ष का गर्भ जल वृष्टि से विनाश हो ॥ २२० ॥ तृतीया को पुनर्वसु तथा आर्द्रा नक्षत्र हो तो धान्य सस्ते, राजा प्रसन्न रहे, और प्रजा सुखी हो ॥ २२१ ॥ मार्गशीर्ष पंचमी को मघा आदि पांच नक्षत्र हो तो वर्षा न होनेसे अगला वर्ष विनाश हो ॥ २२२ ॥ मार्गशीर नवमीको चित्रा नक्षत्र हो तो धान्य महँगे हो और कृष्णा चतुर्दशी स्वाति युक्त हो तो श्रावण में वर्षा न हो ॥ २२३ ॥ मार्गशीर्ष दशमीको मूलनक्षत्र और रविवार हो तो तिल तैल का संग्रह करना ज्येष्ठके अंतमें लाभदायक है ॥२२४॥ मार्गशीर एकादशी

* टी– मागसिरि चउादीसि अंधारी स्वाति भोग हुई जोउ विचारी। श्रावण ता जो अतिवण करइ, जाओ विदेस के सहुये मरइ ॥१॥
संवत् १७४२ वर्षे चतुर्दश्यां स्वातिभोग्यः।

कार्पासरूतसूत्रादि प्राप्यं वैशाखलाभकृत् ॥२२५॥
अथवा दैवयोगेन शनिवारस्य सङ्गमः ।
जलशोषः प्रजानाशश्छत्रभङ्गस्तदा भवेत् ॥२२६॥

अथ पौषमासः—

पौषमासे शुक्लपक्षे चतुर्थीदिनवासरे ।
यदा शनिस्तदादौस्थ्यं त्रिमास्यं नैव संशयः ॥२२७॥
सप्तमी सोमवारेण पौषमासे यदा भवेत् ।
तदा च महिषीवृन्दं म्रियते रोगपीडितम् ॥२२८॥
यावदार्द्रां व्रजेत् सूर्य- स्तावद् धान्यस्य संग्रहः ।
शनिः पौषे नवम्यां चेत् पुरस्ताल्लाभकारणम् ॥२२९॥
एकादश्यां पौषशुक्ले कृत्तिकाभोगतः स्मृतः ।
रक्तवस्तुमहाँल्लाभः सधान्यात् प्रथमा बुधे (ऽम्बुदे)॥२३०॥
पूर्वाषाढा तथा ज्येष्ठा-ऽमावस्यां + पौषमासके ।

॥ २२५ ॥ यदि दैवयोग से शनिवार हो तो जल का सूखना, प्रजा का नाश और छत्रभंग हो ॥ २२६ ॥ इति मार्गशीर्ष मास ॥

पौष शुक्ल चतुर्थी को शनिवार हो तो तीन मास दुःख रहें इस में संदेह नहीं ॥२२७॥ पौष सप्तमी सोमवारको हो तो भैंस रोग से पीडित होकर मरें ॥२२८॥ पौष नवमीको शनिवार हो तो जब तक सूर्य आर्द्रामें न आवे तब तक धान्य संग्रह करना उचित है आगे लाभदायक है ॥ २२९॥ पौष शुक्ल एकादशीको कृत्तिका हो तो लाल वस्तु से बड़ा लाभ हो और प्रथम वर्षा तक धान्य से लाभ हो ॥ २३० ॥ पौष अमावसको

+ टी— अत्र-पोसह मास अमावसि, पुव्य कृत्ति पूर्वा होय । वार मंगल रवि थावरइ, तो वरस माठो होय ॥१॥ इति पुरातनवचनात् पुष्य उक्तः न चास्य सम्भवः । वृश्चिकादित्रयसूर्ययोगात् एवं कृत्तिकायामपि भाव्यम् । 'पुला जेदठग होइ' इति पाठः शुद्धः । अमावास्यां शनिः पौषे लोकः शोककरः परः । दोषानशेषान् संशोध्य सुभिक्षं कुरुते गुरुः॥

वाराः शनिकुजादित्या भाविवर्षविनाशकाः ॥२३१॥
पौषे मूलममावस्यां वृष्ट्यै लोकतुष्टये।
शन्यादित्यकुजास्तस्यां बहुलाभाय धान्यतः ॥२३२॥
पौषकृष्णदशम्यां स्याद् विशाखा निशि वा दिवा।
भावि वर्षेऽम्बुदः प्रौढ्योऽपरं पार्श्वजिनेश्वरः ॥२३३॥
कुलके—पोसस्स पुन्निमाए णक्खत्त पूसयं सयल दिवसे।
तो रस अन्न समग्घं होइ संवच्छरं जाव ॥२३४॥
पौषकृष्णप्रतिपदि रोहिण्या भोगसम्भवे।
सप्तमासाद् धान्यलाभश्छत्रभंगोऽथवाम्बुदः ॥२३५॥

अथ माघमासः—

माघाद्यदिवसे वारो बुधो भवति चेत्तदा।
मासत्रयं महर्घं स्याद्भावि वर्षं विनश्यति ॥२३६॥
माघाऽसितस्य प्रतिप-द्वितीया वा तृतीयका।
त्रुटिता धान्यसङ्ग्रहे लाभाय वणिजां मता ॥२३७॥

पूर्वाषाढा तथा ज्येष्ठा नक्षत्र हो और शनि रवि या मंगलवार हो तो अगले वर्षका विनाश हो ॥२३१॥ पौष अमावस को मूल नक्षत्र हो और शनि रवि या मंगलवार हो तो वर्षा हो, लोक संतुष्ट हों और धान्य से बहुत लाभ हो ॥२३२॥ पौष कृष्ण दशमीको विशाखा नक्षत्र रात दिन हो तो अगला वर्षका मेघ पुष्ट होता है, जैसे दूसरा श्री पार्श्वजिनेश्वर हो॥२३३॥ कुलक में कहा है कि– पौष पूर्णिमा को पुष्य नक्षत्र समस्त दिन हो तो वर्षभर रस और धान्य सस्ते हों ॥ २३४ ॥ पौष कृष्ण प्रतिपदा को रोहिणी नक्षत्र हो तो सात महीने धान्य से लाभ हो या छत्रभंग हो ॥ २३५॥ इति पौषमास ॥

यदि माघ मासकी प्रतिपदा को बुधवार हो तो तीन महीने तेजी रहे और अगला वर्ष विनाश हो ॥ २३६ ॥ माघ कृष्ण प्रतिपद द्वितीया या

"Aho Shrutgyanam"

सप्तम्यां सोमवारः स्यान्माघे पक्षे सिते यदि ।
दुर्भिक्षं जायते रौद्रं विग्रहोऽपि च भूभुजाम् ॥२३८॥
माघस्यशुक्लसप्तम्यां+रविवारो भवेद्यदि ।
दुर्भिक्षं हि महाघोरं विड्वरं च महाभयम् ॥२३९॥
माघमासप्रतिपदि शनिर्भोगः प्रशस्यते ।
सर्वत्र धान्यनिष्पत्ति-रारोग्यं देशस्वस्थता ॥२४०॥
चतुर्थी माघमासस्य शनिवारेण संयुता ।
दुर्भिक्षं मृत्युचौराग्नि-भयं धान्यविनाशनम् ॥२४१॥
माघे शुक्ले प्रतिपदि वारा जीवेन्दुभार्गवाः ।
सुभिक्षाय रणायार्कः कुजे स्युर्बहुधेतयः ॥२४२॥
माघे शुक्ले यदाष्टम्यां कृत्तिका यदि नो भवेत् ।
फाल्गुने रोलिकापातः श्रावणे वा न वर्षणम् ॥२४३॥
माघे च शुक्लसप्तम्यां सोमवारे च रोहिणी ।

तृतीयाका क्षय हो तो धान्यका संग्रह करनेसे वैश्योंको लाभ हो ॥२३७॥ माघ शुक्ल सप्तमी सोमवार को हो तो बड़ा दुर्भिक्ष और राजाओंमें विग्रह हो ॥२३८॥ माघ शुक्ल सप्तमीको रविवार हो तो बड़ा घोर दुर्भिक्ष, विग्रह और बड़ा भय हो ॥२३९॥ माघ मासकी प्रतिपदाको शनिवार हो तो अच्छा हो सर्व प्रकारकी धान्य प्राप्ति, आरोग्यता और देश सुखी हो ॥२४०॥ माघ की चतुर्थी को शनिवार हो तो दुर्भिक्ष, मृत्यु, चोर और अग्नि का भय, और धान्य का विनाश हो ॥ २४१ ॥ माघ शुक्ल प्रतिपदा को बृहस्पति सोम या शुक्रवार हो तो सुभिक्ष होता है । रविवार हो तो युद्ध और मंगलवार हो तो बहुत ईति (चूहा टिड्डि आदि) का उपद्रव हो ॥ २४२ ॥ माघ शुक्ल अष्टमीको कृत्तिका नक्षत्र न हो तो फाल्गुनमें रोलिका पात या श्रावण में वर्षा न हो ॥२४३॥ माघ शुक्ल सप्तमीको रोहिणी नक्षत्र हो तो

+टी–संवत् १७४३ वर्षे माघसितसप्तम्यां शनिः ।

"Aho Shrutgyanam"

राज्ञां युद्धं प्रजारोगोऽथवा वर्षं तु मध्यमम् ॥२४४॥
एवं निमित्तादेकस्मान्नानाफलविमर्शनम् ।
सिद्धान्ताज्ज्योतिषान् न्यायात् सिद्धं वा वैद्यकादपि ॥२४५॥
माघमासे च सप्तम्यां भरणी यदि जायते ।
रोगनाशस्तदा लोके वसुधा बहुधान्यभृत् ॥२४६॥
माघेन नवम्यां*कृष्णायां मूलर्क्षे सगर्भता ।
भाद्रपदेऽपि नवमी-दिने जलदहेतवे ॥२४७॥

अथ फाल्गुनमासः—

फाल्गुने कृष्णषष्ठी चेच्चित्रानक्षत्रसंयुता ।
त्रिभिर्मासैः सुभिक्षाय स्वात्या दुर्भिक्षसाधनम् ॥२४८॥
फाल्गुने च त्रयोदश्यां शुक्लायां यदि भार्गवः ।
ज्येष्ठे रोगाय नूनं स्याद्भोगो मासत्रयेऽथवा ॥२४९॥
एकादश्यां फाल्गुनेऽर्का-दार्द्रावर्षविडम्बिनी ।

राजाओंका युद्ध, प्रजामें रोग या उत्तम वर्ष हो ॥२४४॥ इसी तरह एक ही निमित्त से अनेक प्रकार के फल विचार पूर्वक कहें ये सिद्धान्त से, ज्योतिषसे न्यायसे और वैद्यकसे सिद्ध है ॥२४५॥ माघ मास की सप्तमी को यदि भरणी नक्षत्र हो तो लोगोंमें रोगका नाश तथा पृथ्वी धान्य से बहुत पूर्ण हो ॥२४६॥ माघ कृष्ण नवमीको मूल नक्षत्र हो तो मेघ गर्भ हो इससे भाद्रपद नवमीको जलवर्षा हो ॥२४७॥ इति माघमासः॥

फाल्गुन कृष्ण षष्ठी को चित्रानक्षत्र हो तो तीन महीने सुभिक्ष हो और स्वातिनक्षत्र हो तो दुर्भिक्ष हो ॥२४८॥ फाल्गुन शुक्ल त्रयोदशी को शुक्रवार हो तो ज्येष्ठमें रोग हो या तीसरे महीने भोग हो ॥ २४९ ॥ फाल्गुन एकादशीको रविवार युक्त आर्द्रानक्षत्र हो तो तीन महीने वर्षा कष्ट

---

*टी—नवमीदिने तथा मूलनक्षत्रेऽस्मिने च रसगर्भयोगोऽस्त्यर्थः । शुक्रादिमते सम्भवः ।

"Aho Shrutgyanam"

त्रिभिर्मासैः सुभिक्षाय सोमवारादसौ जने ॥२५०॥
फाल्गुने प्रथमे पक्षे वारुणं प्रतिपद्दिने ।
भोगानुसाराद्वर्षस्य स्वरूपं च प्ररूपयेत् ॥२५१॥
फाल्गुने कृत्तिकायुक्तं सप्तम्यादिकपञ्चकम् ।
श्वेतपक्षे सुभिक्षाय भाद्रे जलदवृष्टये ॥२५२॥

तिथिकुलके—

फग्गुण पुण्णिमदिवसे पुव्वाफग्गुणि हविज्ज णक्खत्तं ।
चत्तारि वि पुहराओ ता चउरो माससुभिक्खं ॥२५३॥
बे पुहरा अहव महाणक्खत्तं होइ कहवि देववला ।
ता जाणह दुवे मासा होइ महग्घं ण संदेहो ॥२५४॥
अह पुण्णा तद्दिवसे होइ महारिक्खयं जया कहवि ।
चत्तारि वि मासा खलु ता जाणह विड्डुरं कालं ॥२५५॥
अह पुण्णिम दो पुहरा पुव्वाफग्गुणी हविज्ज णक्खत्तं ।
उवरिं उत्तरफग्गुणी दो पुहरा होइ जइ कहवि ॥२५६॥

दायक हो और सोमवार-युक्त हो तो सुभिक्ष हो ॥ २५० ॥ फाल्गुन के प्रथम पक्षमें प्रतिपदाको शतभिषा नक्षत्र हो तो उसके भोगानुसार वर्ष का स्वरूप जानना ॥ २५१ ॥ फाल्गुन शुक्लमें सप्तमी आदि पांच तिथिको कृत्तिका नक्षत्र हो तो सुभिक्ष होता है और भाद्रपद में वर्षा होती है ॥ २५२ ॥ तिथिकुलक में फाल्गुन पूर्णिमा का विचार इस तरह कहा है—फाल्गुन पुर्णिमाके दिन चारोंही प्रहर पुर्वाफाल्गुनी नक्षत्र हो तो चार महीने सुभिक्ष रहें ॥२५३॥ यदि दैवयोगसे दो प्रहर मघा नक्षत्र हो तो दो महीने महँगे हो इसमें सन्देह नहीं ॥२५४॥ यदि उस दिन मघा-नक्षत्र पूर्ण हो तो चारोंही महीने बड़ा काल हो ॥२५५॥ दो प्रहर प्रथम पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र हो और आगे दो प्रहर उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र हो तो पहले दो महीने सुभिक्ष और सुख हो इसमें संदेह नहीं और पीछे के दो

"Aho Shrutgyanam"

ता पढमा दो मासा होइ सुभिक्खं सुहं न संदेहो ।
दो उवरि पुणो मासा सस्सविणासेण दुक्कालो ॥२५७॥
अट्ठ प्पहरा चउरो अहवा जइ होइ उत्तरा जोगो ।
सस्साणं ता हाणी रसाण तह तिल्लदव्वाणं ॥२५८॥

अथ द्वादशपूर्णिमाविचारः---

चैत्रस्य पूर्णिमायां हि निर्मलं गगनं शुभम् ।
तद्दिने ग्रहणं तारा-पातभूकम्पवृष्टयः ॥२५९॥
रजोवृष्टिः परिवेषो विद्युत्केतूदयादिना ।
उत्पातेन च सङ्ग्राह्यं धान्यं धातुव्ययादितः ॥२६०॥
विक्रये सप्तमे मासे भाद्रे द्विगुणलाभदम् ।
वैशाख्यामीदृशे चिह्ने कार्पासस्य महर्घता ॥२६१॥
गोधूममुद्गमाषादेः सङ्ग्रहो लाभकारणम् ।
विक्रयाद्द्विगुणत्वेन मासे भाद्रपदे भवेत् ॥२६२॥
ज्येष्ठस्य पूर्णिमाऽनभ्रा शुभाय कथिता बुधैः ।

महीनेमें धान्यका विनाश होनेसे दुष्काल हो ॥२५६-५७॥ आठ या चार प्रहर तक उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र हो तो धान्य रस तिल आदि द्रव्य इन का विनाश हो ॥२५८॥ इति फाल्गुनमासः ॥

चैत्र मास की पूर्णिमा को आकाश निर्मल हो तो शुभ है, यदि उस दिन ग्रहण हो, तारा का पात, भूकंप, वृष्टि ॥२५९॥ रजः (धूली) की वर्षा, चंद्रमाका परिवेष (घेरा) बिजली चमके, और केतु का उदय, ऐसे उत्पात हो तो धातु आदि बेचकर धान्य का संग्रह करना उचित है ॥ २६० ॥ इस को भाद्रपद में या सातवें महीने बेचने से दूना लाभ हो। वैशाख पूर्णिमा को भी ऐसे चिह्न हो तो कपास महँगे हो ॥२६१॥ गेहूँ मूंग उड़द आदि का संग्रह करनेसे लाभदायक है, भाद्रपद में दूने लाभसे बेचें ॥२६२॥ ज्येष्ठ मासकी पूर्णिमा स्वच्छ हो तो अच्छी है और वर्षा

"Aho Shrutgyanam"

वृष्टया वा परिवेषेण तस्यां धान्यस्य संग्रहः ॥२६३॥
तुर्ये मासेऽथवा पौषे लाभस्तस्यान्नविक्रयात् ।
आषाढी निर्मला नेष्टा बार्दलाच्छादिता शुभा ॥२६४॥
नैर्मल्याद्धान्यसङ्ग्राह्यं पञ्चमे मासि लाभदम् ।
श्रावणी निर्मला श्रेष्ठा साभ्रत्वे घृतसङ्ग्रहः ॥२६५॥
विक्रयाद् घृततैलादे-र्लाभो मासे तृतीयके ।
पूर्णा भाद्रपदे साभ्रा शुभा धान्यस्य विक्रयात् ॥२६६॥
आश्विनी निर्मला पूर्णा शुभाय बार्दलोदये ।
संगृह्यधान्यं विक्रेयं द्वितीये मासि लाभदम् ॥२६७॥
कार्त्तिक्यां बार्दलबलाद् घृतधान्यादिसंग्रहः ।
विक्रयः पञ्चमे मासे चैत्रे वा लाभदायकः ॥२६८॥
पूर्णिमा मार्गशीर्षस्य कार्त्तिकीव विभाव्यताम् ।
पौषी सबार्दला श्रेष्ठा धातुसंग्रहलाभदा ॥२६९॥

या परिवेष (घेरा) हो तो धान्यका संग्रह करना ॥२६३॥ चौथे या पौष मासमें उसको बेचनेसे लाभ होगा । आषाढ पूर्णिमा निर्मल हो तो अशुभ और बादलसे आच्छादित हो तो शुभ है ॥२६४॥ यदि निर्मल हो तो धान्य का संग्रह करने से पांचवें महीने लाभदायक हो । श्रावण पूर्णिमा निर्मल हो तो श्रेष्ठ है, और बादल सहित हो तो घी का संग्रह करना ॥२६५॥ घी और तेल तीसरे महीने बेचने से लाभ हो । भाद्रपद पूर्णिमा को बादल हो तो शुभ है, धान्यको बेच देना चाहिये ॥२६६॥ आश्विन पूर्णिमा निर्मल हो तो अच्छा है, यदि बादल सहित हो तो धान्य का संग्रह कर दूसरे महीने बेचे तो लाभ हो ॥२६७॥ कार्त्तिक पूर्णिमा बादल सहित हो तो घी और धान्य का संग्रह करना, पांचवें महीने या चैत्रमासमें बेचे तो लाभदायक हो ॥ २६८ ॥ मार्गशीर पूर्णिमा कार्त्तिक पूर्णिमाकी तरह विचार लेना । पौष पूर्णिमाको बादल हो तो श्रेष्ठ है धातुका संग्रहसे लाभ

"Aho Shrutgyanam"

साभ्रायां माघपूर्णायां*धान्यसङ्ग्रह इष्यते ।
विक्रयः सप्तमे मासे तस्य लाभाय सम्भवेत् ॥२७०॥
फाल्गुनी पूर्णिमा साभ्रा सवृष्टिर्वा सगर्जिता ।
धान्यसङ्ग्रहणान्मासे सप्तमे लाभदायिनी ॥२७१॥

वर्षादिनसंख्या—

चित्त अमावसि दिणहि सुरगुरुवारेण चित्तमाईहिं ।
तह होइ चित्तवरिसा विसाहि अणुराह वइसाहा ॥२७२॥
जिट्ठा मूले जेट्ठे पूसा उसा य गुरु य आसाढे ।
सवण धणिट्ठा सयभिसि होइ तहा सावणे वरिसा ।२७३।
पूभा उभा य रेवइ भद्दवमासे सुहाइ सह वरिसा ।
अस्सणि अस्सणि भरणीइ कत्तिय रोहिणी य कत्तिए।२७४।

हो ॥२६९॥ माघ मासकी पूर्णिमाको बादल हो तो धान्यका संग्रह करना, सातवें महीने बेचनेसे लाभ हो ॥ २७० ॥ फाल्गुन पूर्णिमा बादल वर्षा और गर्जना सहित हो तो धान्य का संग्रह करनेसे सातवें महीने लाभ हो ॥२७१॥ इति द्वादशपूर्णिमा विचारः ॥

चैत्र मास में अमावस के दिन या चित्रा या स्वाति नक्षत्र के दिन गुरुवार हो तो चित्र (अच्छी) वर्षा हो । इस तरह वैशाख में वि[illegible] या अनुराधा । ज्येष्ठ में ज्येष्ठा या मूल । आषाढ में पूर्वाषाढा या [illegible] षाढा । श्रावण में श्रवण, धनिष्ठा या शतभिषा । भाद्रपद में पूर्वाभाद्रपद उत्तराभाद्रपद या रेवती । आश्विनमें अश्विनी या भरणी । कार्त्तिकमें कृत्तिका या रोहिणी । मार्गशीर्ष में मृगशीर्ष, आर्द्रा या पुनर्वसु । पौष में पुष्य या

---

*टी—श्रीहीरसूरयःप्राहुः—माही पूनिम निरमली, तो सुहंगो आषाढ ।
कण वेची पोतो करे, व्याजे दाम म काढ ॥१॥
अन्यत्रापि—पूनिम माही निरमली, अन्न सुहंगो अठमास ।
जिण पुहरे बादल हुवे, अन्न.............॥२॥.........॥३॥.

"Aho Shrutgyanam"

मिग अद्दा य पुणव्वसु वट्टइ वरिसाओ मिगसिरमासे ।
पुस्स असलेस सुरगुरु वरिसा संभवइ तह पोसे ॥२७५॥
माहे महासु वरिसा पुब्फा उप्फाय हत्थिफग्गुणए ।
वरिसाए इय नाणं भणियं गणहारिहीरेण ॥२७६॥

गिरधरानन्देऽकालवर्षाफलम्—

पौषादिचतुरो मासान् वृष्टिः प्रोक्ता त्वकालजा ।
गर्भयोगं विना नेष्टा नूनं पशुपदाङ्किता ॥२७७॥
यावन्नाकालसम्भूतै-र्विद्युद्गर्जितवर्षणैः ।
त्रिविधैरपि चोत्पातै-र्वृष्टेरासप्तरात्रतः ॥२७८॥
पौषे दिनत्रयं वर्ज्यं माघे त्वात्ययिके द्वयम् ।
फाल्गुने दिनमेकं तु चैत्रे तु घटिकाद्वयम् ॥२७९॥

श्रीहीरसूरिकृतमेघमालायाम्—

माहाइ तिन्नि वासर फग्गुणदिणजुयलं चित्तदिणमेगं ।

आश्लेषा । माघ में मघा । फाल्गुनमें पूर्वाफाल्गुनी, उत्तराफाल्गुनी या हस्त इन प्रत्येक मास के नक्षत्र के दिन अथवा अमावस के दिन गुरुवार हो तो वर्षा अच्छी हो । ऐसा ज्ञान जगद्गुरु गच्छाधिपति श्री हीरविजयसूरिने कहा है ॥२७२से२७६॥

पौष आदि चार महीनोंमें गर्भकारक योगोंके दिन को छोड़कर दूसरे समय पशुओं के चरण अंकित हो जाय ऐसी वर्षा हो तो अकाल वर्षा कही जाती है यह अनिष्टकारक है ॥२७७॥ बिजली गर्जना और वर्षा ये तीन प्रकार के वृष्टि के उत्पातोंसे सात रात्रि तक कुछ भी (शुभकार्य) न करे ॥ २७८ ॥ पौषमें तीन दिन, माघमें दो दिन, फाल्गुनमें एक दिन और चैत्रमें दो घड़ी वर्षा आदि उत्पात होनेके पीछे त्याग दें ॥ २७९ ॥

माघमें तीन दिन, फाल्गुनमें दो दिन, चैत्रमें एक दिन, वैशाखमें दो

"Aho Shrutgyanam"

पहरदुगं वइसाहे जिट्ठेगं अट्ठ आसाढे ॥२८०॥

इत्थं तिथीनां कथिता यथार्हा,
कथा यथार्था वितथा न किञ्चित् ।
सम्यग्वरं वर्त्तनकं विमृश्य,
वर्षस्य वाच्यं सुधिया स्वरूपम् ॥२८१॥

इति श्रीमेघमहोदयसाधने वर्षप्रबोधे महोपाध्याय
श्रीमेघविजयगणिविरचिते तिथिफलकथनो
नाम नवमोऽधिकारः ॥

अथ सूर्यचारकथनो नाम दशमोऽधिकारः ।

संक्रान्तिविचारफलम्—

अथादित्यगत्याधिगत्याब्दरूपं,
यथाप्राप्तरूपैर्न्यरूपि स्वमत्या ।
तथा ब्रूमहे भूमहेशानतुष्ट्यै,
क्रमात् संक्रमाज्जन्यधान्यादिवार्त्ताम् ॥१॥

प्रहर, ज्येष्ठमें एक प्रहर और आषाढमें अर्द्ध प्रहर, इतने मासों में इतने समय ही वर्षा होकर रह जावे तो वह अकाल वर्षा कहीजाती है ॥२८०॥

इसी प्रकार यथायोग कुछ भी असत्य नहीं ऐसी सत्य तिथियों की कथा कही । इसका अच्छी तरह विचार करके विद्वानों को वर्षका स्वरूप कहना चाहिये ॥ २८१ ॥

सौराष्ट्रराष्ट्रान्तर्गत पादलिप्तपुरनिवासिना पण्डितभगवानदासाख्यजैनेन
विरचितया मेघमहोदये बालावबोधिन्याऽऽर्यभाषया टीकितो
तिथिफलकथननामा नवमोऽधिकारः ।

अब सूर्यकी गतिका ज्ञानसे वर्षका स्वरूप जैसा प्राचीन आचार्यों ने अपनी बुद्धिके अनुसार बनाया है, वैसा सूर्य मेषादि राशि पर संक्रमसे उत्पन्न होनेवाले धान्य आदि का फलकथन राजाओं की प्रसन्नता के लिये

"Aho Shrutgyanam"

संक्रान्तिसंज्ञावारफलम्——

घोरार्कवारे क्रूरर्क्षे ध्वांक्षीन्दौ क्षिप्रसंज्ञकैः ।
महोदरी चरैर्भौमे मैत्रे मन्दाकिनी बुधे ॥२॥
ध्रुवैर्गुरौ मन्दा भृगौ मिश्रा तु मिश्रभैः ।
राक्षसी दारुणैर्मन्दे संक्रान्तिः क्रमतो रवेः ॥३॥
शूद्रान् वैश्यांस्तथा चौरान् भूपान् द्विजान् पशूनपि ।
म्लेच्छानानन्दयन्त्येते घोराद्या रविसंक्रमाः ॥४॥
रवौ रसस्य धान्यस्य पीडा सोमे सुभिक्षता ।
कुजे गोधनकष्टं स्याद् बुधे रसमहर्घता ॥५॥
गुरौ सर्वशुभं शुक्रे गजादिवाहनक्षयः ।
शनौ सर्वरसाल्पत्वं संक्रान्तौ वारजं फलम् ॥६॥

चन्द्रमण्डले संक्रान्तिफलम्——

कहता हूँ ॥ १ ॥

क्रूरसंज्ञक नक्षत्र और रविवार को सूर्य संक्रांति हो तो घोरा नामकी संक्रांति कही जाती है । वैसे क्षिप्रसंज्ञक नक्षत्र और सोमवारको संक्रांति हो तो ध्वांक्षी । चरसंज्ञक नक्षत्र और मंगलवार को महोदरी नामकी संक्रांति । मैत्रसंज्ञक नक्षत्र और बुधवारको मन्दाकिनी नामकी संक्रांति होती है ॥२॥ ध्रुवसंज्ञकनक्षत्र और गुरुवारको मन्दा नामकी, मिश्रसंज्ञकनक्षत्र और शुक्रवार को मिश्रा, दारुणसंज्ञक नक्षत्र और शनिवार को राक्षसी नामक संक्रांति होती है ॥३॥ उपरोक्त घोरा आदि सूर्य संक्रांति अनुक्रमसे-- शूद्र, वैश्य, चोर, राजा, ब्राह्मण, पशु और म्लेच्छ इनको सुखदायक होती हैं ॥४॥ सूर्यसंक्रांति रविवारको हो तो रस और धान्य का कष्ट, सोमवारको हो तो सुभिक्ष, मंगलवारको हो तो गौ आदिको कष्ट, बुधवारको हो तो रस महँगे हो ॥ ५ ॥ गुरुवार को हो तो समस्त शुभ, शुक्रवार को हो तो हाथी आदि वाहनों का नाश और शनिवार को हो तो समस्त रसकी अल्पता हो ॥६॥

"Aho Shrutgyanam"

संक्रान्तिदिवसे चन्द्रो दुर्भिक्षायाग्निमण्डले ।
वायौ चन्द्रे चौरभय-मथवा धान्यसंक्षयः ॥७॥
माहेन्द्रमण्डले चन्द्रे महावर्षा प्रजारुजः ।
वारुणे मण्डले चन्द्रे वृष्टिः क्षेमं प्रजासुखम् ॥८॥

दिनरात्रिविभागेन संक्रान्तिफलम्—

पूर्वाह्ने भूपपीडायै मध्याह्ने द्विजजातिषु ।
वणिजामपराह्ने च संक्रान्तिर्दुःखदायिनी ॥९॥
अस्तप्राप्तौ च शूद्राणां गोपानामुदये रवेः ।
लिङ्गिवर्गस्य सन्ध्यायां पिशाचानां प्रदोषके ॥१०॥
नक्तंचरेष्वर्द्धरात्रेऽपररात्रे नटादिषु ।
रोगमृत्युविनाशाय जायते रविसंक्रमः ॥११॥

कीदृशरवेः संक्रमस्तत्फलम्—

सुप्तसंक्रमते नागे तैतिले वा चतुष्पदे ।

सूर्य संक्रांतिके दिन चन्द्रमा अग्निमण्डलमें हो तो दुर्भिक्ष; वायुमण्डल में हो तो चोरका भय या धान्यका विनाश हो ॥७॥ माहेन्द्र मंडल में चंद्र हो तो बड़ी वर्षा हो और प्रजामें रोग हो । वारुणमंडलमें चंद्रमा हो तो अच्छी वर्षा, मंगल और प्रजा सुखी हो ॥८॥

दिनके पहले भागमें संक्रांति हो तो राजाओंको पीडा, मध्याह्नमें हो तो ब्राह्मणोंको और दिनके पीछला भाग में हो तो वैश्यों को दुःखदायक होती है ॥९॥ सूर्यास्त समय हो तो शूद्रोंको, सूर्योदयमें हो तो पशुपालक (गोवाल) को, संध्या समय हो तो लिंगीजन (पाखंडी) को और प्रदोष समय हो तो पिशाचोंको कष्ट करें ॥१०॥ अर्द्धरात्रिमें हो तो राक्षसों को और पीछली रात्रिमें हो तो नट आदिको रोग-मरण-विनाश करती है ॥११॥

नाग, तैतिल और चतुष्पद करण में सुप्त संक्रांति है । वाणिज, वृष्टि, बालव, गर और बव करणमें बैठी संक्रांति होती है । शकुनि किंस्तुघ्न

"Aho Shrutgyanam"

निविष्टो वाणिजे विष्ट्यां बालवे वा गरे बवे ॥१२॥
ऊर्ध्वस्थितः स्याच्छकुनौ किंस्तुघ्ने कौलवे रविः ।
जघन्यमध्योत्कृष्टत्वं धान्यार्घवृष्टिषु क्रमात् ॥१३॥

संक्रान्तिमुहूर्त्तविचारः—

भेषु क्षणान् पञ्चदशैन्द्ररौद्र-
वायव्यसार्पान्तकवारुणेषु ।
त्रिघ्नान् विशाखादितिभध्रुवेषु,
शेषेषु तु त्रिंशतमामनन्ति ॥१४॥
हीने मुहूर्त्तभे हीनं समं साम्येऽधिकेऽधिकम् ।
संक्रान्तिदिनभं ज्ञात्वा बुधो वक्ति शुभाशुभम् ॥१५॥
मृगकर्काजगोमीन-संक्रान्तिर्निशि सौख्यदा ।
शेषाः सप्तदिने श्रेष्ठा अशुभाय विपर्ययः ॥१६॥

करण में रवि हो तो ऊर्ध्व (खड़ी) संक्रांति होती हैं ये तीन प्रकार की संक्रांति अनुक्रम से जघन्य मध्यम और उत्तम है; ये धान्य मूल वर्षा के लिये फलदायक है ॥१२-१३॥

ज्येष्ठा, आर्द्रा, स्वाति, आश्लेषा, भरणी और शतभिषा ये छह नक्षत्र पंद्रह मुहूर्त्तवाले हैं । विशाखा, पुनर्वसु, उत्तराफाल्गुनी, उत्तराषाढा, उत्तराभाद्रपदा और रोहिणी ये छह नक्षत्र ४५ पेंतालीस मुहूर्त्तवाले हैं, और बाकी के— अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिर, पुष्य, मघा, पूर्वाफाल्गुनी, हस्त, चित्रा, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपदा और रेवती ये पंद्रह नक्षत्र तीस ३० मुहूर्त्तवाले हैं ॥ १४ ॥ हीन याने पंद्रह मुहूर्त्तवाले नक्षत्रों में हीन, समान मुहूर्त्तवाले नक्षत्रोंमें समान और अधिक मुहूर्त्तवाले नक्षत्रोंमें अधिक ऐसा संक्रांति दिनके नक्षत्रको जानकर पंडित शुभाशुभको कहें ॥ १५ ॥ मकर, कर्क, मेष, वृष और मीन ये पांच संक्रांति रात्रि में हो तो सुखदायक हैं और बाकी सात संक्रांति दिनमें हो तो श्रेष्ठ

"Aho Shrutgyanam"

संक्रान्तिर्जायते यत्र भास्करारशनैश्चरे ।
तस्मिन्मासे भयं घोरं दुर्भिक्षं वृष्टिचौरजम् ॥१७॥
ऊर्ध्वस्थितः सुभिक्षं करोति मध्यं फलं निविष्टस्तु ।
शयितो भानुरवृष्टिं दुर्भिक्षं तस्करभयं च ॥१८॥

संक्रान्तीनां वाहनादीनि—

सिंहव्याघ्रौ शुकरखरगजमहिषा हयाश्वमेषवृषाः ।
कुर्कुट एवं वाहनमर्कस्य ववादिकरणबलात् ॥१९॥
मतान्तरे–गजो वाजी वृषो मेषो खरोष्ट्रसिंहवाहनाः ।
भानोर्बवादिकरणे शेषे शकटवाहनः ॥२०॥
सितपीतनीलपाण्डुर-रक्तासितधवलचित्रवस्त्रधरः ।
कम्बलवान् नग्नोऽर्कः कृष्णांशुकभृद्ववादौ स्यात् ॥२१॥

हैं, परन्तु इससे विपरीत हो तो अशुभ जानना ॥१६॥ रवि, मंगल और शनिवार को संक्रांति हो तो उस महीनेमें चोरोंसे भय और वर्षासे दुर्भिक्ष हो ॥१७॥ ऊर्ध्व स्थित (खड़ी) संक्रांति सुभिक्ष करती है । बैठी संक्रांति मध्यम फलदायक है और सुप्त संक्रांति अनावृष्टि, दुर्भिक्ष और चोरों का भयदायक है ॥१८॥

बवादि सात चरकरण और शकुनि आदि चार स्थिरकरण ये ग्यारह करणके योगसे संक्रांतिके वाहन, वस्त्र, भोजन, विलेपन, आयुध, जाति, पुष्प आदि अनुक्रमसे जानना चाहिये ।

संक्रांति वाहन – सिंह, व्याघ्र, वराह, गर्दभ, हाथी, भैंसा, घोडा, कुत्ता, बकरा, वृष (गौ), कूकडा ये ग्यारह वाहन हैं ॥ १९ ॥ मतान्तर से– हाथी, घोडा, बेल, बकरा, गर्दभ, ऊंट, सिंह और बाकी के सबको शकट (गाड़ी) का वाहन हैं ॥२०॥

संक्रांति वस्त्र– श्वेत, पीला, हरा, पांडुर, लाल, कृष्ण, कज्जलवर्ण, अनेकवर्ण, कम्बल; नग्न और घनवर्ण ये ग्यारह वस्त्र हैं ॥२१॥

"Aho Shrutgyanam"

ओदनपायसभैक्षक-पक्कान्नं दुग्धदधिविचित्रान्नम् ।
गुडमधुरसखण्डानां भक्ष्याणि रवेर्बधादौ स्युः ॥२२॥
कस्तूरीकाश्मीरजचन्दनमृद्रोचनाख्यालक्तरसः ।
जवादि (रस) निशाकज्जलकृष्णागुरुचन्द्रलेपोऽर्के ॥२३॥
भूशुण्डीगदाखड्गदण्डं धनुश्च, रवेस्तोमरः कुन्तपाशांकुशास्त्रम्।
असिर्बाण एवं बवाद्यायुधानि, क्रमात्संक्रमस्याहि बोध्यानि धीरैः
देवनागभूतपक्षिपशवो मृगसूकराः (भूसुराः) ।
राजन्यवैश्यशूद्राख्या जातयो वर्णसङ्करः ॥२५॥
पुन्नागजातीफलकेसराख्यः,
श्रीकेतकं दौर्विकमर्कबिल्वे ।
स्यान्मालतीपाटलिका जपा च,
जातिः क्रमात् संक्रमणेऽर्कः पुष्पम् ॥२६॥
ग्रन्थान्तरे तु–विष्टयां चतुष्पदे व्याघ्रे महिषे नागतैतिले ।

संक्रांति भोजन— भात, पायस (दूध की मीठाई), भिक्षा (घर २ भिक्षा मांगना), पक्कान्न (मालपूआ आदि), दूध, दही, विचित्र अन्न, गुड, मध, घी और सक्कर ये ग्यारह भोजन हैं ॥२२॥

संक्रांति विलेपन— कस्तूरी, कुंकुम, चंदन, मट्टी, गोरोचन, अलक्त रस, मार्जारमद, हलदर, कज्जल, कालागुरु और कर्पूर ये ग्यारह विलेपन हैं॥ २३ ॥

संक्रांतिके आयुध— भूशुंडी, गदा, खड्ग, दंड, धनुष, तोमर, कुंत, पाश, अंकुश, तलवार, और बाण ये ग्यारह शस्त्र है ॥२४॥

संक्रांति जाति— देव, नाग, भूत, पक्षी, मृग, शूकर क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र, और वर्णसंकर ये ग्यारह जाति हैं ॥२५॥

संक्रांति पुष्प— नागकेसर, जायफल, केसर, कमल, केतकी, दूर्वा, अर्क, बिला, मालती पाडलि, और जपा ये ग्यारह पुष्प हैं ॥ २६ ॥

"Aho Shrutgyanam"

बवे गरे गजारूढो बालवे वणिजे वृषे ॥२७॥
किंस्तुघ्ने शकुनौ जातौ कौलवे करणे तथा।
भास्वानश्वाधिरूढः स्यात् तमसामुपशामने ॥२८॥

संक्रान्तिफलम्—

गजे स्वस्था मही मेघै-र्महिषे मृत्युमादिशेत्।
अश्वारोहे महायुद्धं वृषभे बहुधान्यता ॥२९॥
सिंहे महर्घमन्नं स्याद्देशे चौरभयं महत्।
एवं वस्त्रादयो भावा भावनीया दिशाऽनया ॥३०॥

त्रैलोक्यदीपके—वारे चतुर्थे यदि पञ्चमे वा,
धिष्ण्ये तृतीये यदि पञ्चमे वा।
पूर्वक्रमात् संक्रमते यदार्क-
स्तदा च दौःस्थ्यं नृपविड्वरं च ॥३१॥
संक्रान्तिधिष्ण्याद्यदि षष्ठसंख्ये,जायेत धिष्ण्ये रविसंक्रमश्चेत्।
तदापि दौःस्थ्यं नृपविड्वरश्च, त्रिभागतुच्छा भवतीह भूमिः ॥

प्रथान्तरमें— विष्टि और चतुष्पद करणमें व्याघ्र, नाग और तैतिल करणमें महिष, बव और गर करण में हाथी, बालव और वणिज करण में वृष, ये वाहन हैं ॥ २७ ॥ किंस्तुघ्न, शकुनि तथा कौलव करणमें अंधकार को नाश करने वाले सूर्यका अश्व वाहन है ॥२८॥

संक्रांति का हाथी वाहन हो तो पृथ्वी वर्षा से सुखमय हो। महिष वाहन हो तो मरण, घोड़े का वाहन हो तो बड़ा युद्ध, वृषभ वाहन हो तो धान्य बहुत ॥२९॥ सिंह वाहनसे अनाज महँगे हो और देशमें चोर का बड़ा भय हो। इसी तरह वस्त्र आदिका भी विचार कर लेना ॥३०॥

प्रथम सूर्य संक्रान्तिसे दूसरी सूर्य संक्रान्ति यदि चौथा या पांचवां वार में तथा तीसरा या पांचवां नक्षत्र में प्रवेश हो तो दुःख और राजाओं का विप्लव हो ॥३१॥ छट्ठे नक्षत्रमें संक्रमण हो तो भी दुःख और राजाओं का

"Aho Shrutgyanam"

तुर्ये धिष्ण्ये च पूर्वस्माद् यदि वारे तृतीयके ।
संक्रमो निशि सूर्यस्य सुभिक्षं स्यात् तदोत्तमम् ॥३३॥
लोके तु–जिणवारे रविसंक्रमे, तिणथी चउथे वार ।
अशुभ फेडी शुभ करे, जोसी खरुं विचार ॥३४॥
पांचा होइ करवरो, तिहु रस मुहंघो होय ।
जो आवे दो छठडे, पृथिवी परलय जोय ॥३५॥
बीजे त्रीजे पांचमे, रवि संचारो होय ।
खप्पर हत्थी जग भमे, जीवे विरलो कोय ॥३६॥
सूर्यस्यान्यग्रहाणां वा गुरुभेऽभ्युदयास्तकौ ।
शशिदृष्टौ सुभिक्षं स्याद् दुर्भिक्षं लघुभे पुनः ॥३७॥
तिथिदिनोडुलग्नाना-माद्यकण्टे रविस्थितौ ।
सुभिक्षं जायतेऽवश्यं दुर्भिक्षं तु त्रिकण्टके ॥३८॥

विप्लव हो और पृथ्वीपर मनुष्य तृतीयांश रह जाय ॥३२॥ यदि चौथा नक्षत्र और तीसरा वारमें रात्रिके समय सूर्यसंक्रान्ति हो तो अच्छा सुभिक्ष हो ॥३३॥ लोक भाषामें बोलते है कि—जिस वारमें पूर्वकी संक्रांति हो उससे चौथे वारमें यदि दूसरी संक्रांति हो तो अशुभ को दूर करके शुभ फल करें ॥ ३४ ॥ यदि पाचवां वारमें प्रवेश हो तो करवरा हो । तीसरे वारमें प्रवेश हो तो रस महँगा हो । छट्ठे वारमें प्रवेश हो तो पृथ्वी प्रलय हो याने बहुत से प्राणी मृत्यु प्राप्त हो ॥ ३५ ॥ दूसरे तीसरे या पांचवें वार में सूर्यसंक्रांति हो तो मनुष्य भीक्षा के लिये खप्पड़ लेकर घूमे याने बड़ा दुष्काल हो जिससे बहुतसे प्राणियोंका विनाश हो ॥३६॥ सूर्य या दूसरें ग्रह गुरु (बृहत्) नक्षत्र पर उदय हो या अस्त हो और उस पर चंद्रमा की दृष्टि हो तो सुभिक्ष होता है और लघुसंज्ञक नक्षत्र पर हो तो दुर्भिक्ष होता है ॥ ३७ ॥ तिथि वार नक्षत्र और लग्न इन के आद्य भागमें सूर्य स्थित हो तो सुभिक्ष होता है और अन्त्यभागमें हो तो दुर्भिक्ष हो ॥

"Aho Shrutgyanam"

मित्रस्वगृहतुङ्गस्थः शुभदृष्टयुतो रविः ।
पूर्वचन्द्रे महाधिष्ण्ये पूर्वसंक्रान्तितुर्यके ॥३९॥
तृतीयवारसम्बद्धः सुभिक्षः क्षेमदः स्मृतः ।
सुसोऽरिभे युतो दृष्टो विद्धः क्रूरैस्तु नीचगा; ॥४०॥

अर्घकाण्डे—

संक्रान्तिऋक्षं नयनैश्च वेदैः, सौख्यं सुभिक्षं भवतीह भानोः।
मध्यं हि सौख्यंसह जेषु कुर्याद्, दुर्भिक्षपीडा ऋतुबाणभे च ।४१।
तुच्छे मुहूर्त्तसंक्रान्तः पूर्वस्मात् त्रिकपञ्चके* ।

३८ ॥ मित्रराशि का, अपनी राशि का, या उच्च राशि का सूर्य शुभग्रह से दृष्ट हो या युक्त हो और पूर्व संक्रांति के चन्द्र नक्षत्र से चौथे नक्षत्रमें और तीसरे वारमें संक्रमण हो तो सुभिक्ष और कल्याण करनेवाला होता है । यदि सूर्य उस समय सुप्त हो, शत्रुकी राशिका हो, क्रूर ग्रहों से दृष्ट युक्त या वेधित हो, या नीचका हो तो अशुभ होता है ॥३९-४०॥

पूर्व संक्रांतिके नक्षत्रसे दूसरी संक्रांति दूसरे या चौथे नक्षत्रमें हो तो सुख और सुभिक्ष होता है । तीसरे नक्षत्रमें मध्यम सुख, पांचवें या छट्ठे नक्षत्रमें हो तो दुर्भिक्ष और दुःख हो ॥४१॥ पन्द्रह मुहूर्त्तकी संक्रांति हो परंतु पूर्वकी संक्रांतिसे त्रिक या पंचकनक्षत्र *हो तो धान्यादि सस्ते हों ।

*टी– स्वात्याद्यष्टकमश्विन्यादित्रयं त्रिकसंज्ञम्, मृगादिदशकं धनिष्ठापञ्चकमिदं पञ्चकसंज्ञम् । सर्वनक्षत्रमध्यस्था रोहिणी तत्त्रिकपञ्चके किन्तु सौम्ययोगे शुभा । क्रूरयोगेऽशुभा इत्यर्थः ।

* देखो मेरा अनुवादित श्री हेमप्रभसूरिकृत त्रैलोक्यप्रकाशः—

स्वात्याद्यष्टकसंयुक्तमश्विन्यादित्रयं पुनः ।
त्रिकसंज्ञं बुधैर्वाच्यमर्घकाण्डविशारदैः ॥१॥
मृगादिदशकं चापि धनिष्ठा पञ्चसंयुतम् ।
पञ्चकं नामकं ज्ञेयमर्घनिर्णयहेतुकम् ॥२॥

अर्घकाण्ड में विशारद पण्डितों ने स्वाति आदि आठ नक्षत्र और अश्विनी आदि तीन नक्षत्र ये ग्यारह नक्षत्रकी त्रिकसंज्ञा कही है । तथा मृगशीर्ष आदि दश नक्षत्र और

"Aho Shrutgyanam"

समर्घमथ दुर्भिक्षं चित्राद्यष्टसु दुःखदम् ॥४२॥
कर्णादौ धिष्ण्यदशके सुभिक्षं सततं भवेत् ।
अमावास्या हि नक्षत्रं विमृश्य फलमादिशेत् ॥४३॥
संक्रान्तेः सप्तमे चन्द्रे कर्तव्यो धान्यसङ्ग्रहः ।
द्विमास्यां द्विगुणो लाभ-स्तदूर्ध्वं च विनश्यति ॥४४॥
बृहद्भेषु जायन्ते द्वादशाप्यत्र संक्रमाः ।
तत्र वर्षे समग्रेऽपि शुभकालो भवेद् ध्रुवम् ॥४५॥
ऊर्ध्वं संक्रमणे मित्रे शुभयुक्ते च पूर्वकात् ।
त्रिपारे तूर्यके धिष्ण्ये बृहद्भेऽर्कसंक्रमः ॥४६॥
यदा भवेत् तदा वाच्यं सुभिक्षं सततं क्षितौ ।
रात्रौ सुप्ते च सक्रूरे पापविद्धेक्षितेऽपि वा ॥४७॥
पूर्वात् तृतीयपञ्चर्क्षे लघुभे यदि संक्रमः ।
तदा भवेन्महल्लोके दुर्भिक्षं कष्टकारकम् ॥४८॥

चित्रादि आठ नक्षत्रोंमें संक्रमण हो तो दुर्भिक्ष हो ॥४२॥ और श्रवणादि दश नक्षत्रों में संक्रमण हो तो हमेशा सुभिक्ष होता है ॥४३॥ संक्रांति से चंद्रमा सातवां हो तो धान्यका संग्रह करना चाहिये, दो महीने दुगुना लाभ हो और सातवेंसे अधिक हो तो धान्यका विनाश हो ॥४४॥ यदि बारोंही सूर्यसंक्रांतियें जिस वर्ष में बृहत्संज्ञक नक्षत्रों में संक्रमण हो तो उस वर्ष में निश्चयसे सुभिक्ष होता है ॥४५॥ ऊर्ध्वसंज्ञक संक्रांतिमें सूर्य शुभ ग्रहसे युक्त हो तथा पूर्वकी संक्रांतिसे तीसरा या पांचवां बृहत्संज्ञक नक्षत्रमें संक्रमण हो ॥४६॥ तो पृथ्वी पर निरंतर सुभिक्ष होता है। रात्रि में सुप्त संक्रांति क्रूर ग्रहसे युक्त हो, वेधित हो या दृष्ट हो ॥४७॥ तथा प्रथम संक्रांतिसे तीसरा पांचवां लघुसंज्ञक नक्षत्र में संक्रमण हो तो जगत् में दुःख देनेवाला ऐसा दुर्भिक्ष

धनिष्ठा आदि पांच नक्षत्र ये पंद्रह नक्षत्रोंकी पंचकसंज्ञा कही है। यह वस्तुओंका अर्घ (मूल्य) का निर्णय के लिये बहुत उपयोगी है।

"Aho Shrutgyanam"

महर्क्षे मिश्रसंयुक्तेऽप्युपविष्टेऽपि संक्रमः ।
अर्घसाम्यं तदा वाच्यं सूर्यसंक्रान्तिलक्षणैः ॥४९॥
यदा धनुषि मार्त्तण्डः संक्रामति तदा विधुः ।
विलोक्यते बृहद्धिष्ण्ये किं मध्ये किं जघन्यके ॥५०॥
उत्तमर्क्षे सुभिक्षं स्यान्मध्यमे समता मता ।
जघन्येषु महर्घं स्यादेवं संक्रमणात् फलम् ॥५१॥
चेदर्को याति मेषादौ विधौ सप्तमराशिगे ।
त्रिद्व्येकषट्शराम्भोधिमासेष्वर्घः क्रमाद्भवेत् ॥५२॥
मेषे रवौ तुलाचन्द्रः षण्मासे धान्यलाभदः ।
वृषेऽर्के वृश्चिके चन्द्रस्तुर्यमासेऽन्नलाभदः ॥५३॥
मिथुनेऽर्के धनुश्चन्द्रस्तिलतैलान्नसङ्ग्रहात् ।
मासैश्चतुर्भिर्लाभाय सक्रूरैश्चेन्न विद्यते ॥५४॥

हो ॥ ४८ ॥ यदि उपविष्ट (बेठी हुई) संक्रांति बृहत्संज्ञक या मिश्रसंज्ञक नक्षत्रमें हो तो सूर्यसंक्रांतिके लक्षणोंसे मूल्यका समान भाव कहना ॥४९॥ जब धनसंक्रांति हो उस दिन चन्द्रमा का विचार करना चाहिये कि बृहत्संज्ञक मध्यमसंज्ञक या जघन्यसंज्ञक नक्षत्रोंमें है ॥ ५० ॥ यदि बृहत्संज्ञक नक्षत्रोंमें हो तो सुभिक्ष,मध्यम संज्ञकनक्षत्रोंमें हो तो मध्यम (समान) और जघन्यसंज्ञक नक्षत्रोंमें हो तो महँगे फल कहना ॥५१॥ जब सूर्य मेषादि राशियोंमें प्रवेश हो तब चन्द्रमा सप्तम राशि पर हो तो क्रम से तीन, दो, एक, छह, पांच और चार महीनोंमें धान्यादिकी महर्घता हो ॥५२॥

मेषकी संक्रांतिके दिन तुलाका चन्द्रमा हो तो छट्ठे महीने धान्यका लाभ हो । वृषकी संक्रांतिके दिन वृश्चिकका चन्द्रमा हो तो चौथे महीने अन्नका लाभ हो ॥५३॥ मिथुन संक्रांतिके दिन धनका चन्द्रमा हो तो तिल तेल तथा अन्नका संग्रह करने से चौथे महीने लाभ हो, परंतु क्रूरग्रहसे वेधित हो तो लाभ न हो ॥५४॥ कर्कसंक्रांतिको मकर का चन्द्रमा हो तो

"Aho Shrutgyanam"

कर्केऽर्के मकरे चन्द्रो दुर्भिक्षं कुरुते जने ।
घोरं यावच्चतुर्मासी दासीकृतधनेश्वरः ॥५५॥
षण्मासाद्द्विगुणो लाभः सिंहेऽर्के कुम्भचन्द्रतः ।
मीनेन्दुर्वक्ति कन्यार्के छत्रभङ्गेन विग्रहम् ॥५६॥
तुलार्के चन्द्रमा मेषे पञ्चमे मासि लाभदः ।
वृश्चिकेऽर्के वृषे चन्द्रे तिलतैलान्नसङ्ग्रहः ॥५७॥
प्रदत्ते द्विगुणं लाभं धान्यं मासद्वयान्तरे ।
मिथुनेन्दुर्धनुष्यर्के पञ्चमामान्नलाभदः ॥५८॥
कर्पासघृतसूत्रादेः पञ्चमे मासि लाभदः ।
मृगेऽर्के कर्कशीतांशुः पांसुलानां विनाशकः ॥५९॥
सिंहेन्दुः कुम्भभानौ चेत् तुर्ये मासेऽन्नलाभदः ।
*कन्याचन्द्रोऽपि मीनेऽर्के तादृशो धान्यसङ्ग्रहात् ॥६०॥
यद्दिने यार्कसङ्क्रान्तिस्तद्राशौ तद्दिने शशी ।

चार महीने तक लोकमें दुर्भिक्ष करे, धनवान् भी दासी भाव धारण करें ॥ ५५ ॥ सिंहसंक्रांतिको कुंभका चन्द्रमा हो तो छह महीने दूना लाभ हो । कन्यासंक्रांतिको मीनका चन्द्रमा हो तो छत्रभंग और विग्रह हो ॥ ५६ ॥ तुलासंक्रांतिको मेषका चन्द्रमा हो तो पांचवें महीने लाभ हो । वृश्चिकसंक्रांतिको वृषका चन्द्रमा हो तो तिल तेल तथा अन्नका संग्रह करना उचित है ॥ ५७ ॥ इससे दो महीने बाद दूना लाभ हो । धनसंक्रांतिको मिथुनका चन्द्रमा हो तो पांचवें महीनेमें अन्नसे लाभ हो ॥ ५८ ॥ और कपास, घी, सूत आदि से पांचवें महीने लाभ हो । मकरकी संक्रांतिको कर्कका चन्द्रमा हो तो कुलटाओंका विनाश हो ॥ ५९ ॥ कुंभसंक्रांतिको सिंहका चन्द्रमा हो तो चौथे महीने अन्नसे लाभ हो । मीनकी संक्रांतिको कन्याका चंद्रमा हो तो धान्यका संग्रह करना चाहिये ॥ ६० ॥

*टी-कन्या .... मीनेस्यायांदिचन्द्रमाः । सर्वधान्यसंग्रहेण लाभः पंचगुणः क्रमात् ॥१॥

"Aho Shrutgyanam"

जन्मवेधादयं नेष्टः श्रेष्ठः स्वसुहृदो गृहे ॥६१॥
यस्मिन् वारेऽस्ति संक्रान्तिस्तत्रैवामावसी तिथिः ।
लोके खर्प्परयोगोऽयं जीवाद्धान्याद्विनाशकः ॥६२॥
शनिः स्यादाद्यसंक्रान्तौ द्वितीयायां प्रभाकरः ।
तृतीयायां कुजे योगः खर्प्पराख्योऽतिकष्टकृत् ॥६३॥
स्यात् कार्तिके वृश्चिकसंक्रमार्के,
सूर्ये महर्घं भुवि शुक्लवस्तु ।
म्लेच्छेषु रोगान् मरणाय मन्दः,
कुजः परं धान्यरसग्रहाय ॥६४॥
लाभस्तु तस्य त्रिगुणस्त्रिमास्यां,
बुधे च पूगादिफलं महर्घम् ।
गुरौ च शुक्रे तिलतैलसूत्र-
कर्पासरूतादिमहर्घता स्यात् ॥६५॥

जिस दिन सूर्यसंक्रांति हो उस दिन उसी राशि पर चंद्रमा हो याने कोई भी संक्रांतिके दिन सूर्य और चंद्रमा एक ही राशि पर हो तो जन्म-वेध होता है वह अनिष्ट है और मित्रगृहमें हो तो श्रेष्ठ होता है ॥ ६१ ॥ जिस वार की संक्रांति हो उसी वार की अमावस भी हो तो लोक में खर्पर योग होता है यह प्राणी और धान्य आदिका नाश करता है ॥६२॥ यदि प्रथम संक्रांति को शनिवार, दूसरी को रविवार और तीसरी को मंगलवार हो तो खर्पर योग होता है यह बहुत कष्टदायक होता है ॥६३॥ यदि कार्त्तिक मासमें वृश्चिकसंक्रांति रविवार की हो तो श्वेत वस्तु महँगी हो, शनिवार की हो तो म्लेच्छोंमें रोगसे मरण हो, मंगलवार की हो तो धान्य और रसका ग्रहण करना ॥६४॥ इससे तीन महीने त्रिगुना लाभ हो। बुधवार की हो तो पूगीफल (सोपारी) आदि महँगे हों। गुरुवार और शुक्रवार की हो तो तिल तेल सूत कपास रूई आदि महँगे,

"Aho Shrutgyanam"

सोमे सर्वजने सौख्यं सन्धिः सर्वत्र भूभुजाम् ।
तद्वारग्रहवेधेऽल्प-मध्योत्कृष्टफलोदयः ॥६६॥
धनुषि तरणिभोगे मार्गशीर्षेऽर्कभौमौ,
शनिरपि यदि वारश्चौडकर्णाटगौडाः ।
सुरगिरिमलयान्ता मालवास्तेषु राज्ञां,
रणमरणविशेषाद् विग्रहाय त्रयोऽमी ॥६७॥
कर्पाससूत्रादितिलाज्यतैल-
महर्घता लाभदशासुवर्णात् ।
शैत्यप्रवृद्धिर्भुवि सोमवारे,
किञ्चिद्विनाशोऽप्यत एव धान्ये ॥६८॥
बुधे गुरौ चान्नसमर्घता स्या-
च्छुक्रे पुनर्म्लेच्छजनप्रमोदः ।
पौषे मृगेऽर्कः शनिना भयाय,
प्रभाकृता क्षत्रकुलक्षयाय ॥६९॥
बुधान् मुधा युद्धमुशन्ति बुधा-

हो ॥६५॥ सोमवारको हो तो समस्त मनुष्योंमें सुख हो और राजाओं में सब जगह संधि हो । इस संक्रांतिके वारको गृहवेध होनेसे जघन्य मध्यम और उत्कृष्ट फल होता है ॥६६॥ यदि मार्गशीर्ष मास में धनसंक्रांति को रवि मंगल या शनिवार हो तो चौड, कर्णाट, गौड, देवगिरि, मलय, मालवा आदि देशोंके राजाओंमें युद्ध मरण और विग्रह ये तीनों हों ॥६७॥ कपास, सूत, तिल, तेल, घी आदि तेज हो तथा सोना से लाभ हो । सोमवार हो तो पृथ्वीपर शीतकी वृद्धि हो इससे धान्यमें कुछ विनाश हो ॥६८॥ बुध या गुरुवार हो तो अनाज सस्ते हों शुक्रवार हो तो म्लेच्छलोगोंको आनन्द हो यदि पौष मासमें मकरसंक्रांति को शनिवार हो तो भय हो । रविवार हो तो क्षत्रिय कुलका नाश हो ॥६९॥ बुधवार हो तो विना कारण युद्ध हो ऐसे पण्डित

"Aho Shrutgyanam"

गुरौ विरोधं स्वकुले हिमास्याम् ।
युगन्धरीवल्लमसूरधान्ये,
हिमाद्विनाशश्चणकेऽपि सोमे ॥७०॥
देवे गुरौ बादर एव शुक्रे,
माघेऽथ कुम्भे दिनकृत्प्रसङ्गे ।
पृथ्वीभयं विग्रह एव घोर-
श्चतुष्पदानामतिशायि कष्टम् ॥७१॥
तथा वृषभसङ्ग्रहो महिषविक्रयो वा शनौ,
रणः स्वपरमारणः क्षितिपतिग्रहान्मङ्गले ।
रवावपि तथा कथा गुरुबुधेन्दुशुक्रागमात् ,
समानविषमा क्वचित् सकललोकनिश्शोकता ॥७२॥
कुलत्थमाषमुद्गानां विक्रयस्तुवरीकणाः ।
युगन्धरीमसुराद्याः समर्घा देशसुस्थता ॥७३॥
घृतकर्पासतैलादि गुडखण्डेक्षुशर्कराः ।
सङ्ग्रहाद्द्विगुणो लाभस्तेषां मासद्वये गते ॥७४॥

लोग कहते है । गुरुवार हो तो अपने कुल में विरोध हो । सोमवार हो तो दो महीनेमें युगंधरी (जुआर) वाल मसूर धान्य और चणो इनका हिम से विनाश हो ॥ ७० ॥ माघ मासमें कुंभसंक्रांति को गुरु या शुक्रवार हो तो पृथ्वीमें भय, घोर विग्रह और पशुओं को कष्ट हो ॥ ७१ ॥ शनिवार हो तो वृषभ का संग्रह करना और महिषको बेचना, मंगलवार तथा रवि-वार हो तो राजाओंमें अन्योऽन्य घोर युद्ध हो । गुरु बुध चंद्रमा या शुक्र-वार हो तो कचित् समान या विषम रहें, समस्त लोक शोक (चिन्ता) रहित हो ॥ ७२ ॥ कुलथी, उडद, मूंगको बेच देना चाहिये, तूअरी, युगंधरी (जुआर) मसूर आदि सस्ते हो, देश सुखी हो ॥ ७३ ॥ घी कपास तेल गुड खाड ईक्षु सक्कर आदिका संग्रह करनेसे दो महीने बाद

"Aho Shrutgyanam"

मीनेऽर्के सति फाल्गुने शनिवशात् सामुद्रिकार्थक्षयो,
भौमे हेम्नि सलाभता रणनटाः सूर्ये भटा निष्ठिताः।
तैलाज्यादिरसा महर्घविवसाश्चन्द्रे जनानां सुखं,
शुक्रे चन्द्रसुते सुभिक्षमतुलं रोगप्रयोगो गुरौ ॥७५॥
चैत्रे मेषरवौ तथा क्षितिसुते मन्दे महर्घस्थिति-
र्गोधूमे चणके तथैव शशिना कार्पासतैलादिषु ।
जीवः क्षत्रियजीवनाशनकरः शुक्रोऽथवा चन्द्रजः,
सर्वं वस्तुमहर्घमेव कुरुते वैवाहसोत्साहताम् ॥७६॥
लोके तु—चैत किसन जोइन भड्डुली, चार दिसा बारु निरमली।
मीन अर्क सनिवारे होइ, तेरसि दिन तो जीवे कोई ॥७७॥
वैशाखे वृषसंक्रमे शनिकुजादित्यादिदुर्भिक्षदा,
देशे क्लेशरुचिर्महर्घविधया प्राप्या न गोधूमकाः ।

दूना लाभ हो ॥ ७४ ॥

फाल्गुन मासमें मीनकी संक्रांति शनिवारको हो तो समुद्र से उत्पन्न होनेवाली या समुद्र में आने जानेवाली वस्तुओं में लाभ न हो । मंगलवार को हो तो सुवर्ण से लाभ हो । रविवार को हो तो योद्धाओं में वीरता हो और तेल घी आदि रस महँगे हो। सोमवारको हो तो मनुष्योंको सुख हो। शुक्र या बुधवार को हो तो बहुत सुभिक्ष हो और गुरुवारको हो तो रोग हो ॥७५॥ चैत्र मासमें मेषसंक्रांतिको मंगल या शनिवार हो तो गेहूँ चने का भाव तेज हो । सोमवारको हो तो कपास तेल आदि तेज हो । बृहस्पति हो तो क्षत्रिय और प्राणियों का नाशकारक है । शुक्र या बुधवार हो तो समस्त वस्तु महँगी हो और विवाह महोत्सव अधिक हो ॥ ७६ ॥ चैत्र कृष्णपक्षमें चारोंही दिशा निर्मल न हो और मीनसंक्रांति शनिवारको तेरस के दिन हो तो महामारी या दुष्काल हो ॥ ७७ ॥ वैशाखमें वृषसंक्रांतिको शनि मंगल या रविवार हो तो दुर्भिक्ष हो, देश में क्लेश हो, महँगाई के

"Aho Shrutgyanam"

कर्पासे फलवस्तुनीक्षुरसजे माञ्जिष्ठकेऽत्यादरः,
सोमे धान्यसमर्घता कविगुरुज्ञेषु प्रियाः स्यू रसाः ॥७८॥
ज्येष्ठे श्रीमिथुनार्कतः शनिकुजादित्येषु पापाशयो,
रोगोऽग्निज्वलनादिजं भयमपि प्रायो महर्घाः कणाः ।
सन्तुष्टा वसुधा सुधाकरसुते वस्तु प्रियं सिन्धुजं,
दुर्भिक्षं शशिजीवभार्गवबलात् सार्वत्रिकं सूच्यताम् ।७९।
आषाढे कर्कसंक्रान्तौ क्रूरवारेऽतिवर्षणम् ।
क्षत्रियाणां क्षयोऽन्योऽन्यं गुरौ तु प्रबलोऽनिलः ॥८०॥
सोमे सौम्ये तथा शुक्रे जलस्नातं भुवस्तलम् ।
धान्यं समर्घमायाति परदेशाज्जने सुखम् ॥८१॥
सिंहेऽर्के श्रावणे भौमे शनौ वा बहुवृष्टये ।
तुच्छधान्यविनाशाय वायुपीडाकरो रवौ ॥८२॥
समर्घमाज्यं देवेज्ये गुडतैलमहर्घता ।

कारण गेहूँ दुर्लभ हो, कपास, फल वस्तु, ईक्षुरस के पदार्थ, मंजीठ ये तेज हो। सोमवार हो तो धान्य सस्ते हो। शुक्र गुरु या बुधवार हो तो अच्छे मधुर रस उत्पन्न हों ॥७८॥ ज्येष्ठमासमें मिथुनसंक्रांति शनि मंगल या रविवारको हो, तो पापकारक रोग हो, अग्निका भय और प्रायः धान्य भाव तेज हो। बुधवारकों हो तो पृथ्वी संतुष्ट हो तथा सिंधुसे उत्पन्न होनेवाली वस्तुका आदर हो। चंद्रमा बृहस्पति या शुक्रवार को हो तो सर्वत्र दुर्भिक्षका सूचन है ॥७९॥ आषाढ मास में कर्कसंक्रांति क्रूर वारकी हो तो अधिक वर्षा हो, क्षत्रियों का परस्पर क्षय हो। गुरुवारकी हो तो प्रबल पवन चलें ॥ ८० ॥ सोम बुध या शुक्रवार हो तो वर्षा अच्छी हो, धान्य सस्ते हो और परदेश से लोगों को सुख हो ॥ ८१ ॥ श्रावणमास मे सिंहसंक्रांति मंगल या शनिवार की हो तो बहुत वर्षा हो और तुच्छ धान्यका नाश हो। रविवार की हो तो वायुका उपद्रव हो ॥ ८२ ॥ गुरुवार की हो तो घी सस्ते हो और गुड तेल

"Aho Shrutgyanam"

सोमे शुक्रे बुधे छत्र-भङ्गकृल्लोकतोषदः ॥८३॥
कन्यार्कतो भाद्रपदेऽल्पवृष्टिः,
शनेर्जने स्याद् बहुधान्यनाशः ।
कुजाद्रुजाद्या बहुधेतयो वा,
वृष्टिस्तदाल्पातिमहर्घताश्च ॥८४॥
जीवेन्दुशुक्रज्ञपराक्रमेण,
क्रमेण सौख्यं न बहुश्रमेण ।
असमुद्रसामुद्रकभूपयुद्धं,
किञ्चिद्विनाशोऽपि च पश्चिमायाम् ॥८५॥
आश्विने रवितुलाधिरोहिणे भास्करो द्विजगवादिदुःखदः ।
राज्यविग्रहकरः शनैश्चरः सर्पिषः खलु महर्घतां वदेत् ॥८६॥
बहुधा बहुधान्यसम्भवाद् , वसुधा पूर्णसुधा बुधाश्रयात् ।
गुरुणातिसमर्घमन्नकं, शशिना वा भृगुसूनुना तथैव ॥८७॥
कङ्गुरपङ्गुः शालिजूर्णाप्रमुखैर्वसुन्धरा पूर्णा ।

महँगे हो । सोम शुक्र या बुधवार की हो तो लोक को आनंददायक छत्रभंग हो ॥८३॥ भाद्रपदमासमें कर्कसंक्रांति रविवार को हो तो वर्षा थोड़ी हो, शनिवार को हो तो बहुत धान्यका नाश हो, मंगलवार को हो तो रोग आदि बहुत प्रकार की ईतिका उपद्रव, वर्षा थोडी और अनाज महँगे हो ॥८४॥ गुरु चंद्रमा शुक्र और बुध इनके पराक्रमसे थोडी महेनतसे क्रमसे सुख हो, समुद्रपर्यन्त राजाओंका युद्ध और पश्चिममें कुछ विनाश हो ॥८५॥ आश्विनमासमें सूर्यकी तुलासंक्रांति रविवारको हो तो ब्राह्मण गौ आदिको दुःखदायक है, शनिवारको हो तो राज्यविग्रह हो और घी महँगे हो ॥८६॥ बुधवारको हो तो बहुत प्रकार के धान्यकी प्राप्ति, तथा पृथ्वी पूर्ण अमृतरसवाली हो । गुरुवारको हो तो अनाज सस्ते हो, इसी तरह चंद्रमा और शुक्रवार होनेसे भी अनाज सस्ता हो ॥८७॥ मंगलवार हो तो कंगु अपंगु

"Aho Shrutgyanam"

विपुलाश्चपला नाम्ना कुलत्थहानिः पुनर्भौमे ॥८८॥
संक्रान्तयो द्वादश मासबद्धाः,
स्वमासमोक्षेण शुभाशुभानि ।
वारैः परं सप्तभिरादिशन्ति,
विशन्ति मासं यदि चान्यमेवम् ॥८९॥
बालबोधे पुनः–संक्रान्तिः स्याद्यदा पौषे रविवारेण संयुता ।
द्विगुणं प्राक्तनाद्धान्ये मूल्यमाहुर्महाधियः ॥९०॥
शनौ त्रिगुणता मूल्ये मङ्गले च चतुर्गुणम् ।
समानं बुधशुक्राभ्यां मूल्यार्धं गुरुसोमयोः ॥९१॥
पाठान्तरे–त्रिगुणं भूसुते सौम्ये शनिवारे चतुर्गुणम् ।
सोमे शुक्रे तुल्यमूल्यमर्द्धमूल्यं बृहस्पतौ ॥९२॥
ग्रन्थान्तरे—
"मीने रविसंकमणे ससिगुरुसुक्केहिं होइ सुभिक्खं ।
बहु पवनो रविवारे चउप्पयपरिपीडणं भोमे ॥९३॥

शालि जूर्णा आदि धान्यसे पृथ्वी पूर्ण हो, चौला बहुत और कुलथी की हानि हो ॥ ८८ ॥ जो मासबद्ध बारह संक्रांतियें हैं वे अपने २ मासको छोड़ने बाद सात वार द्वारा शुभाशुभ फलको कहती हैं, इसी तरह दूसरे मासमें प्रवेश करती है ॥ ८९ ॥

यदि पौषमासकी संक्रांति रविवार को हो तो पहलेका धान्य दूने मूल्य से बिकें ॥ ९० ॥ शनिवार हो तो तीन गुने, मंगल हो तो चौगुने, बुध या शुक्र हो तो समान और गुरु या सोमवार हो तो अर्द्धमूल से बिकें ॥ ९१ ॥ प्रकारान्तर से–मंगल या बुध हो तो त्रिगुणे, शनिवार हो तो चौगुने, सोम या शुक्र हो तो समान और गुरुवार हो तो अर्द्धमूल्य से बिकें ॥ ९२ ॥ ग्रंथान्तरमें–मीन संक्रांतिको सोम गुरु या शुक्रवार हो तो सुभिक्ष हो, रविवार हो तो पवन अधिक चले, मंगलवार हो तो पशुओं को पीडा हो ॥

"Aho Shrutgyanam"

दुब्भिक्खं सनिवारे हवइ बुधवार देवजोएण।
दुब्भिक्खं छत्तभंगा आगमसंवच्छरपरिखा" ॥९४॥
शनिभानुकुजैर्वारैर्बहवः संक्रमा यदा।
महर्घमनिलं रोगं कुर्वते राजविड्वरम् ॥९५॥
सूर्योदये विषुवती जगतो विपत्त्यै,
मध्यंदिने सकलधान्यविनाशहेतुः।
संक्रान्तिरस्तसमये धनधान्यवृद्ध्यै,
क्षेमं सुभिक्षमवनौ कुरुते निशीथे ॥९६॥
अत्र लोकः—सीयाले सूती भली, बैठी वर्षाकाल।
उन्हाले ऊभी भली, जोसी जोस संभाल ॥९७॥
सूती सूत्र कपासह पूणे, वायु करे रस सयल विधूणे।
आघकरे जग लोक संतावे, सूती संक्रांति इणि परिभावे॥
बैठीसंक्रांति ते धग बेसारे, वायुकरे चउपायु मारे।
मंदवाड करि लोग खपावे, बैठी संक्रांति इसडी आवे।९९।

९३ ॥ शनिवार हो तो दुर्भिक्ष हो, यदि दैवयोगसे बुधवार हो तो दुर्भिक्ष तथा छत्रभंग आगामि संवत्सर तक रहैं ॥ ९४ ॥ यदि शनि रवि और मंगलवारको बहुतसी संक्रांति हो तो अनाज महँगे हो, पवन की अधिकता, रोग और राज विग्रह हो ॥ ९५ ॥ यदि सूर्योदयके समय संक्रांति हो तो जगत्को विपत्तिके निमित्त हो, मध्य दिनमें हो तो सब धान्यका विनाश हो, अस्त समय हो तो धन धान्यकी वृद्धिके लिये हो, और अर्द्धरात्रिमें हो तो पृथ्वी पर क्षेम (कल्याण) और सुभिक्ष हो ॥ ९६ ॥ लोकिकमें भी कहते है कि—शीतऋतुमें सूतीसंक्रांति, वर्षाऋतुमें बैठीसंक्रांति और ग्रीष्मऋतुमें खड़ीसंक्रांति ये शुभदायक होती हैं ॥ ९७ ॥ सूतीसंक्रांति सूत कपासका नाश करे, अधिक वायु करे, समस्त रसका विनाश करें, और समस्त लोकको संताप करे ॥ ९८ ॥ बैठीसंक्रांति अधिक वायु करे, पशुओंका विनाश करे, रोगसे म-

"Aho Shrutgyanam"

उभीसंक्रांति ते उभी भावइ, बाधइ प्रजाने राजसुख पावइ।
घरि घरि मंगलतूर बजावइ, गौब्राह्मण सहु लोकसुखपावइ॥
पन्नरमुहूर्त्ती जो जगि खेलइ, तीडा मूंसा चोरह ठेलइ।
तीस मुहूर्त्ती रण उपजावे, माणस घोड़ा हाथी खपावइ।१०१।
कण सुहंगो व्यापार वधारे, करे सुभिक्षने वरस सुधारे।
पंचतालीस मुहूर्त्ती आई, घणो सुगाल नइ घणी वधाई।१०२।
मृगकर्कयजगोमीनेष्वर्को वामाङ्घ्रिणा निशि।
अह्नि सुप्तस्तु शेषेषु प्रचलेद् दक्षिणाङ्घ्रिणा॥१०३॥
स्वे स्वे राशौ स्थिते सौम्ये भवेद्दौस्थ्यं व्यतिक्रमे।
चिन्तनीयस्ततो यत्नाद्रात्र्यह्नः प्रोक्तसंक्रमः॥१०४॥
तुलाषट्कस्य संक्रान्तिः स्यादेकतिथिजा शुभा।
द्वाभ्यां विमध्यमा ज्ञेया बहुभिर्दौस्थ्यकारिणी॥१०५॥

नुष्योंका विनाश करे ॥ ९९ ॥ खड़ीसंक्रांति प्रजाकी वृद्धि, राजाको सुख, घर घर मंगलिक और गौ ब्राह्मण आदि समस्त लोक सुख पावे ॥१००॥ संक्रांति पंद्रह मुहूर्त्तकी हो तो जगत्में टिड्डी, मूंसे और चोरके उपद्रव हो तीस मुहूर्त्तकी हो तो युद्धका संभव, मनुष्य घोड़ा हाथी इनका विनाश हो ॥ १०१ ॥ पचतालीस मुहूर्त्तकी हो तो धान्य सस्ते, व्यापारकी वृद्धि, बहुत सुभिक्ष, बहुत मंगलिक और वर्ष अच्छा करे ॥ १०२ ॥ मकर कर्क मेष वृष और मीनराशिका सूर्य रात्रिमें संक्रमण हो तो बाँयी चरणसे चलता है। दिनमें संक्रमण हो तो सूर्य सुप्त माना गया है और बाकी के समय संक्रमण हो तो दक्षिण चरणसे चलता है ॥१०३॥ अपनी २ राशि पर ग्रह नियमानुसार रहे तो शुभ और विपरीत हो तो दुःख होता है। इसलिये दिनरात्रिमें कहे हुए संक्रांतिका यत्न से विचार करना चाहिये ॥ १०४ ॥ तुला आदि छः संक्रांति यदि एकही तिथिको हो तो शुभ, दो तिथिमें हो तो मध्यम और बहुत तिथिमें हो तो दुर्भिक्षकारक होती है ॥ १०५ ॥

"Aho Shrutgyanam"

रिक्तायां रविसंक्रान्त्यां दैन्यसैन्याज्जनक्षयः ।
देशक्लेशो नरेशानां मृत्युर्दुःखाकुलाऽचला ॥१०६॥
यतः—तुलासंक्रान्तिषट्कं चेत् स्वस्या स्वस्या तिथेश्चलेत् ।
तदा दुःस्थं जगत्सर्वं दुर्भिक्षं डमरादिभिः ॥१०७॥
यद्वारे रविसंक्रान्तिः पौषे तस्मिन्नमावसी ।
द्वित्रिश्चतुर्गुणो लाभस्तदा धान्ये क्रमान्मतः ॥१०८॥
शनिभौमहले मार्गे यावच्चरति भास्करः ।
अवर्षणं तदा ज्ञेयं गर्भयोगशतैरपि ॥१०९॥
यदाह लोकः—पाछइ मंगल रविघरह, जइ आसाढइ जोय ।
वरसे तिहां घण मोकलो, उपराठइ दुःख होय ॥११०॥
अग्गइ मंगल रविरहह, जइ रिक्खह भुंजेइ ।
ता नवि वरसइ अंबुहर, जा नवि पच्छइ एइ ॥१११॥
माघे कृष्णदशम्यां चेन्मकरेऽर्कः प्रवर्त्तते ।
धान्यसङ्ग्रहणाल्लाभं तदाषाढे करोत्ययम् ॥११२॥

सूर्यसंक्रांति रिक्तातिथिमें हो तो सैन्यसे मनुष्योंका क्षय हो। देशमें कलह हो, राजाका मरण और पृथ्वी दुःखसे आकुल हो ॥१०६॥ तुला आदि छः संक्रांति अपनी २ तिथिसे चलित हो तो सब जगत् दुःखी और दुर्भिक्ष हो ॥ १०७॥ पौषमासमें सूर्यसंक्रांति जिस वारको हो और उसी वार को अमावस भी हो तो क्रमसे धान्यमें दूना त्रिगुना तथा चौगुना लाभ हो ॥ १०८ ॥ शनि और मंगल का मार्गमें जितने समय सूर्य चले उतने समय सैंकडों गर्भके योग रहने पर भी वर्षा नहीं होती हैं ॥ १०९ ॥ लोकिकमें भी कहा है कि—यदि आषाढमासमें सूर्यके स्थानसे मंगल पीछे हो तो वर्षा बहुत हो और आगे हो तो दुःख हो ॥ ११० ॥ एकही नक्षत्र पर रविसे मंगल आगे हो तो वर्षा न बरसे जब तक वह पीछे न हो ॥१११॥ यदि मकरसंक्रांति माघकृष्ण दशमी के दिन हो तो धान्यका संग्रह करने से आषा-

"Aho Shrutgyanam"

वैशाखस्य तृतीयायां संक्रान्तिर्यदि जायते ।
रोगपीडैकमासे स्याद् यद्वा मेघमहोदयः ॥११३॥
श्रावणे कर्कसंक्रान्त्यां जाते मेघमहोदये ।
सप्तमासान् सुभिक्षं स्याद् नान्यथा जिनभाषितम् ॥११४॥

बालबोधे तु—

नन्दायां मेषसंक्रान्तिरल्पवृष्टिकरी मता ।
भद्रायां राजयुद्धाय जयायां व्याधये नृणाम् ॥११५॥
रिक्तायां पशुघाताय पूर्णायां धान्यवर्द्धिनी ।
इत्येतद्बालबोधोक्तं बहुशास्त्रेषु सम्मतम् ॥११६॥
चोथी नवमीने चउदसी, जो रवि संक्रम होय ।
देशभंगदलदुःख घणा, जण जण दह दिस जोय ॥११७॥

मण्डलानुसारिनक्षत्रवारयोगार्थः—

"अग्निमण्डलनक्षत्रे यदा संक्रमते रविः ।
सहितो भौमवारेण सस्पृहा धातुजातयः ॥११८॥

दमें लाभ हो ॥ ११२ ॥ वैशाख तृतीया को यदि संक्रांति हो तो एकमास रोगसे पीडा हो या मेघका उदय हो ॥ ११३ ॥ श्रावणमें कर्कसंक्रांति के दिन मेघका उदय हो तो सात मास सुभिक्ष हो यह जिन वचन अन्यथा न हो ॥ ११४ ॥ यदि मेषसंक्रांति नंदा-१-६-११ तिथि को हो तो वर्षा थोड़ी हो । भद्रा २ ७-१२ तिथि को हो तो राजयुद्ध हो । जया ३-८-१३ तिथि को हो तो मनुष्यों को रोग हो ॥ ११५ ॥ रिक्ता-४-९-१४ तिथिको हो तो पशुओंका घात हो, पूर्णा-५-१० १५ तिथिको हो तो धान्यकी वृद्धि हो । ये बालबोधमें कहा हुआ बहुतसे शास्त्रोंसे सम्मत है ॥ ११६ ॥ चोथ नवमी और चौदशके दिन सूर्यसंक्रांति हो तो देशका भंग और हरएक जगह मनुष्यों को बहुत दुःख हो ॥ ११७ ॥

यदि सूर्यसंक्रांति अग्निमंडलमें हो और साथ मंगलवार भी हो तो समस्त

"Aho Shrutgyanam"

रूप्यं सुवर्णं ताम्रादि त्रपुकांस्यानि पित्तलम् ।
धातुधिष्ण्ये तु संक्रान्तौ महर्घमादिशेच्छनौ ॥११९॥
लोहभेदा रसाः सर्वे शीघ्रं भवन्ति सस्पृहाः ।
नक्षत्रैर्वारुणैर्वापि बुधवारेण संक्रमे ॥१२०॥
पीड्यन्ते धान्यभेदाश्च रत्नान्यम्भोधिजानि च ।
नक्षत्रैः पार्थिवैर्वापि सूर्यवारसमन्वितैः ॥१२१॥
सस्पृहायै सुगन्धाढ्या वारगाद्याश्चतुष्पदाः ।
अथवा सर्वमासेषु पूर्णिमायां दिवानिशम् ॥१२२॥
अन्वेषयेत् तदुत्पातान् परिवेषादिकान् तथा ।
यस्मिन् मण्डलनक्षत्रे दुर्निमित्तं विलोक्यते ॥१२३॥
तत्तन्मण्डलवाच्यार्थाः क्षणाद्भवन्ति सस्पृहाः ।
एवं वारेण संक्रान्तेरर्घकाण्डं प्रदर्शितम् ॥१२४॥

योगचक्रम्——

"दिनयोगं च नक्षत्रं संक्रान्तेर्गृह्यते घटी ।

धातु महँगी हों ॥ ११८ ॥ धातुसंज्ञक नक्षत्रों में सूर्यसंक्रांति हो और शनिवार हो तो चांदी सोना तांबा रांगा कांसी पित्तल आदि धातु महँगी हों ॥ ११९ ॥ तथा सब प्रकारके लोहके भेद और रस महँगे हों । वारुणमण्डलनक्षत्र और बुधवारको सूर्यसंक्रांति हो ॥१२०॥ तो धान्यके भेद याने सब प्रकारके धान्य और समुद्रमें उत्पन्न होनेवाले रत्न आदि महँगे हों । पार्थिवमण्डलनक्षत्र और रविवार को हो ॥१२१॥ तो सुगंधित वस्तु और घोडा आदि पशु ये महँगे हों । अथवा समस्त मासकी पूर्णिमाको दिनरातमें कोई उत्पात तथा सूर्य चंद्रमा को परिमंडल हो तो उसका विचार करें, जिस मण्डलके नक्षत्रोंमें दुर्निमित्त हो ॥१२२॥१२३॥ तो उन २ मंडलोंमें कही हुई वस्तु शीघ्रही महँगी हो । इसी तरह संक्रांतिके वारसे अर्घकाण्ड कहा ।१२४।

दिनके योग और संक्रांतिका नक्षत्र इनको घडियों को इकट्ठा कर चार से

"Aho Shrutgyanam"

चतुर्गुणं सप्तभागं पण्डितस्तद्विचारयेत् ॥१२५॥
शून्ये भयं क्षयं रोगमेकेऽन्नं द्वितये रसः ।
त्रये रोगश्चतुर्षु स्याद् वस्त्रं महर्घमुज्वलम् ॥१२६॥
षट्पञ्चसु द्विजमुनीन् रोगेण परिपीडयेत् ।
संक्रान्तिसमये चेत्तद् विचार्यं योगचक्रकम् " ॥१२७॥

द्वादशमाससंक्रान्तिवृष्टिविचार:—

चैत्रे शनौ त्रयोदश्यां यदि मीनेऽर्कसंक्रमः ।
वत्सरः स्यात्तदा निन्द्यः सद्यो धान्यार्थनाशनः ॥१२८॥
चैत्रमासस्य संक्रान्तौ यदि वर्षति माधवः ।
तदा धान्यस्य निष्पत्तिर्लोके बहुतरं सुखम् ॥१२९॥
वैशाखज्येष्ठसंक्रान्तिवृष्टिर्मिश्रफला भवेत् ।
मध्यमं कुरुते वर्षं खण्डमण्डलवर्षणात् ॥१३०॥
यदाह रुद्रदेवः—"चैत्रे च गौरिसंक्रान्तौ यदा वर्षति माधवः ।

गुणा देना और दस गुणानफल को सात से भाग देकर शेष द्वारा विद्वान् उसका विचार करें ॥ १२५ ॥ शून्य शेष हो तो भय तथा क्षयरोग हो, एक बचे तो अन्न प्राप्ति, दो बचे तो रस प्राप्ति, तीन बचे तो रोग, चार बचे तो सफेद वस्त्र महँगे हो ॥१२६॥ छ पांच और सात बचे तो रोग से पीडा हो, संक्रांति के समय यह योगचक्रका विचार करना चाहिये ॥ १२७॥ इति योगचक्रका विचार ।

चैत्रमासमें त्रयोदशी और मीन संक्रांति शनिवारको हो तो वर्ष निन्द्य (अशुभ) जानना यह शीघ्रही धान्य का नाशकारक होता है ॥ १२८ ॥ चैत्रमासकी संक्रांतिको यदि मेघ वर्षा हो तो धान्यकी प्राप्ति तथा लोक में बहुत सुख हो ॥१२९॥ वैशाख तथा ज्येष्ठ मासकी संक्रांतिको वर्षा हो तो मिश्र (मिला हुआ) फलदायक होती है तथा खंडवर्षा होने से मध्यम वर्ष करती है ॥ १३० ॥ रुद्रदेव कहते है कि— चैत्र में मेषसंक्रांतिको तथा

"Aho Shrutgyanam"

विचित्रं जायते वर्षं वैशाखज्येष्ठयोस्तथा" ॥१३१॥
वैशाखकृष्णपक्षान्त-वृषसंक्रमणे रविः ।
वृषे चन्द्रस्तदा ज्ञेयं सर्वक्लेशक्षयात् सुखम् ॥१३२॥
यदि स्याज्ज्येष्ठपञ्चम्यां वृषसंक्रमणादनु ।
दिनद्वयान्तर्जलदस्तदा सुभिक्षनिर्णयः ॥१३३॥
आषाढे चैव संक्रान्तौ यदि वर्षति माधवः ।
व्याधिरुत्पद्यते घोरः श्रावणे शोभनं तदा ॥१३४॥
आषाढे कर्कसंक्रान्तौ शनिवारो भवेद्यति ।
तदा दुर्भिक्षमादेश्यं धान्यस्यापि महर्घता ॥१३५॥
*श्रावणे कर्कसंक्रान्तिर्दिने जलधरागमात् ।
न तीडा मूषका नैव जायन्ते तत्र वत्सरे ॥१३६॥
दशम्यां शनिना युक्तः श्रावणे सिंहसंक्रमः ।
अनन्तधान्यनिष्पत्तिर्भवेन्मेघमहोदयः ॥१३७॥

वैशाख और ज्येष्ठ की संक्रांतिको वर्षा हो तो विचित्र वर्ष होता है ॥१३१॥ वैशाख कृष्णपक्ष में वृषसंक्रांति हो उस दिन वृष का चंद्रमा भी हो तो समस्त क्लेशोंका क्षय होकर सुख होता है ॥ १३२ ॥ यदि ज्येष्ठ मासकी पंचमी को वृषसंक्रांति हो उससे दो दिन के भीतर वर्षा हो तो सुभिक्ष होता है ॥१३३॥ आषाढ मास की संक्रांति को यदि वर्षा हो तो भयंकर व्याधि हो और श्रावणमें शुभ हो ॥ १३४ ॥ आषाढ में कर्कसंक्रांति को शनिवार हो तो दुर्भिक्ष तथा धान्य महँगे हो ॥१३५॥ श्रावण की कर्कसंक्रांतिके दिन वर्षा हो तो टिड्डी आदिका उपद्रव न हो ॥१३६॥ श्रावण में दशमी और सिंहसंक्रांति शनिवारको हो तो धान्य बहुत उत्पन्न हों और मेघवर्षा हो ॥१३७॥ भाद्रपदमासमें सिंहसंक्रांतिको वर्षा हो तो आगे वर्षा

---

*टी–श्रावणे कर्कसंक्रान्तौ यदि वर्षति माधवः ।
व्याधिं स कुरुते घोरां बहुधान्यां वसुन्धराम् ॥

"Aho Shrutgyanam"

भाद्रपदसिंहसंक्रमदिने वर्षा जलदबन्धनी पुरतः ।
संक्रान्तेर्दिनयुग्मान्तरे न वृष्टिर्यदा दृष्टा ॥१३८॥
आश्विनस्यापि संक्रान्तौ दृष्टे मेघमहोदये ।
राजयुद्धं प्रजाः स्वस्था धान्यैरापूर्यते जगत् ॥१३९॥
मासे भाद्रपदे प्रासे संक्रान्तौ यदि वर्षति ।
बहुरोगाकुला लोका आश्विने शोभनं पुनः ॥१४०॥
अश्विनीमें बुध हो तो गेहूँ और यव आदिका नाश हो, ईख दूध घी आदि रस सस्ते हों ॥ १७१ ॥ भरणीमें बुध हो तो हाथियोंको पीडा, चाण्डालका नाश, तीव्र रोग, धान्य वस्तु तेज और लोकमें वैर हो ॥ १७२ ॥ कृत्तिकामें बुध हो तो ब्राह्मणको पीडा, वर्षा थोडी, अन्न थोडे, मनुष्योंमें ज्वर पीडा तथा कहीं विग्रह हो ॥ १७३ ॥ रोहिणीमें बुध हो तो कपास,

"Aho Shrutgyanam"

ब्राह्म्यां बुधे च कर्पासतिलरूतमहर्घता ।
मृगशीर्षे सुभिक्षं स्याद् वातवृष्टिर्महीयसी ॥१७४॥
गोधूमतिलमाषादिसमर्घं सुखिनो जनाः ।
आर्द्रायां वृष्टिरतुला गृहपातः प्रवाहतः ॥१७५॥
पुनर्वसौ बालपीडा कर्पासरूतमन्दता ।
जनेषु सर्वसंयोगः पुष्ये राज्ञां भयं जयः ॥१७६॥
आश्लेषायां महावृष्टिस्तुषधान्यसमुद्भवः ।
मघाबुधेऽल्पवृष्टिश्च धान्यनाशः प्रजाभयम् ॥१७७॥
पूफायां नृपसङ्ग्रामः क्षेत्रबाधान्नमन्दता ।
उफायां तु माषमुद्गाद्यल्पनिष्पत्तिमादिशेत् ॥१७८॥
हस्ते बुधे सुभिक्षं स्याद्धान्यमारोग्यमम्बुदाः ।
चित्रायां गणिकाशिल्पि-द्विजपीडाल्पवर्षणम् ॥१७९॥
स्वातौ बुधे मन्दवृष्टि-र्विशाखायां सुभिक्षता ।
व्याधिर्भयं च दुर्भिक्षं किञ्चित्कुत्रापि जायते ॥१८०॥

तिल, रूई ये महँगे हों । मृगशिरमें हो तो सुभिक्ष हो तथा वायु वर्षा अधिक हो ॥ १७४ ॥ आर्द्रामें हो तो गेहूँ, तिल, उडद आदि सस्ते हों, मनुष्य सुखी हों, वर्षा अधिक, जल प्रवाह से घरों का पात हो ॥ १७५ ॥ पुनर्वसुमें बालकों को पीडा, कपास, सूत मंदा हो । पुष्यमें मनुष्योंमें संयोग तथा राजाओं का भय तथा उनका जय हो ॥ १७६ ॥ आश्लेषामें महावर्षा और तुषधान्यकी उत्पत्ति हो । मघामें बुध हो तो वर्षा थोडी, धान्यका नाश तथा प्रजाको भय हो ॥ १७७ ॥ पूर्वाफाल्गुनी में हो तो राजाओं में संग्राम, क्षेत्रपीडा, अन्न मंदा हो । उत्तराफाल्गुनी में हो तो उडद, मूंग आदिकी प्राप्ति थोडी हो ॥ १७८ ॥ हस्तमें बुध हो तो सुभिक्ष, धान्य, आरोग्यता, और वर्षा हो । चित्रामें हो तो वेश्या, शिल्पी और ब्राह्मण इन को पीडा हो तथा वर्षा थोडी हो ॥ १७९ ॥ स्वातिमें बुध हो तो मंद वर्षा होगी

"Aho Shrutgyanam"

सुभिक्षमनुराधायां पक्षिपीडा प्रजासुखम् ।
ज्येष्ठायामिक्षुशाल्याज्य-महर्घताऽश्वरोगिता ॥१८१॥
मूले पक्षिद्विजपशु-बालपीडा विजायते ।
धान्यं मन्दं च पूषायां व्याधिर्ग्रीष्मेऽपि वर्षणम् ॥१८२॥
उषायां सस्यनिष्पत्तिरष्टवर्षशिशुक्षयम् ।
श्रुतौ गुडालसीधान्यचणकेषु हिमाद् भयम् ॥१८३॥
वासवे तु गवां पीडा वारुणे शूद्ररोगता ।
दुर्भिक्षमथ पूभायां क्षेममारोग्ययोग्यता ॥१८४॥
उभायां नृपतिक्लेश आरोग्यं पशुपक्षिणाम् ।
रेवत्यां नन्दनं चन्द्रो महर्घं कुंकुमाद्यपि ॥१८५॥

बुधोदयराशिफलम्—

मेषे बुधस्योदयतो गवादिश्चतुष्पदानां महतीह पीडा ।

विशाखामें हो तो सुभिक्ष हो कहीं किंचित् व्याधि भय और दुर्भिक्ष हो ॥ १८० ॥ अनुराधामें हो तो सुभिक्ष, पक्षियों को पीडा और प्रजा सुखी हो । ज्येष्ठामें हो तो ईख चावल घी महँगे हो और घोडे को रोग हो १८१॥ मूलमें हो तो पशु पक्षी ब्राह्मण तथा बालक इनको पीडा हो । पूर्वाषाढा में हो तो धान्य मंदा, व्याधि और ग्रीष्मकाल में भी वर्षा हो ॥ ॥१८२॥ उत्तराषाढामें हो तो धान्यकी प्राप्ति तथा आठ वर्षके बालकोंका नाश हो । श्रवणमें हो तो गुड, अलसी धान्य और चणा इनको हिमसे भय हो ॥ १८३ ॥ धनिष्ठामें हो तो गौओंको पीडा । शतभिषामें हो तो शूद्रोंको पीडा । पुर्वाभाद्रपदा में हो तो दुर्भिक्ष, चोर तथा आरोग्यता हो ॥ १८४ ॥ उत्तराभाद्रपदा में हो तो राजाको क्लेश तथा पशु पक्षीयों को आरोग्यता हो । रेवतीमें बुध हो तो कुंकुम आदि महँगे हो ॥ १८५ ॥

बुधका उदय मेषराशि में हो तो गौ आदि पशुओं को बहुत पीडा और टिड्डी आदिसे धान्य महँगे हो। वृषराशिमें हो तो अतिवृष्टि। मिथुनमें हो

"Aho Shrutgyanam"

तीडादिना धान्यमहर्घता च, वृषेऽतिवृष्टिर्मिथुने न वर्षा ।१८६।
कर्के सुखं सिंहपदे चतुष्पान् म्रियेत कन्या बहुधान्यसौख्यम् ।
भूकम्पयुद्धादितुलोदिते ज्ञे,तथाष्टमे राजभयं सुभिक्षम् ।१८७।
धनुर्बुधस्याभ्युदयात् सुखानि, मृगे मही धान्यरसादिपूर्णा ।
कुम्भेऽतिवायुः पथिभीश्च मीने,दुर्भिक्षपक्षो यदि वातिवृष्टिः॥
पौषाषाढश्रावणवैशाखेष्विन्दुजः समाघेषु ।
दृष्टो भयाय जगतः शुभफलकृत्प्रोषितस्तेषु ॥१८९॥
अन्यत्रापि—
आषाढमासे यदि शुक्लपक्षे, चन्द्रस्य पुत्रोभ्युदयं करोति ।
शुक्रस्य चेच्छ्रावणमासि चास्तं, धान्यं सुवर्णेन समं तदाप्यम् ॥
भाद्रे शुक्लचतुर्थ्यां पञ्चम्यां वोदितौ यदा ज्ञसितौ ।
धान्यं पुष्टिकाबद्धं तदा जने लभ्यमतिकष्टकृत् ॥१९१॥
लोके पुनः—"सुरगुरुबुध मेलावडो, जइ इकइए होय ।

तो वर्षा न हो ॥१८६॥ कर्कमें सुख, सिंहमें पशुओंका विनाश, कन्यामें धान्य अधिक और सुख, तुलामें भूमिकंप युद्ध आदि, वृश्चिक में राजभय और सुभिक्ष हो ॥ १८७ ॥ धनुराशिमें बुध का उदय होनेसे सुख हो । मकरराशि में धान्य, रस आदि से पृथ्वी पूर्ण हो । कुंभ में वायु अधिक चले और मार्ग में भय हो । मीनराशि में बुध का उदय हो तो दुर्भिक्ष हो अथवा अतिवृष्टि हो ॥१८८॥ पौष, आषाढ, श्रावण, वैशाख और माघ इन महीनोंमें बुधका उदय हो तो जगत् को भय हो, तथा इन महीनों में अस्त हो तो शुभ फलदायक होता है ॥१८९॥ आषाढ महीने का शुक्ल पक्षमें बुधका उदय हो और श्रावण मासमें शुक्र का अस्त हो तो सुवर्णके बराबर धान्य हो ॥ १९० ॥ भाद्र शुक्ल चतुर्थी या पंचमीको बुध और शुक्र का उदय हो तो धान्य पुष्ट हो वह मनुष्यों में बहुत कष्टकारक प्राप्त हो ॥ १९१ ॥ बृहस्पति और बुध यदि एक साथ हो तो लोक में

"Aho Shrutgyanam"

मइ तुज कहिउं भड्डुली, मेह न बरसे लोय ॥१६२॥
जइ बुध उग्गइ भद्दवे, तौ बहु भद्दवा करेइ।
अहवा आसू उगमइ, तौ काकर कमल करेइ" ॥१६३॥
शुक्रस्यास्तंगते सौम्यः प्रोदेति श्रावणे यदा।
तदा भाद्रपदे चापि मेघो नैव प्रवर्षति॥
पाठान्तरमर्द्धे-'चतुष्पदविनाशेन तकं न क्वापि लभ्यते'।१६४।
श्रीहीरसूरिकृतमेघमालायाम्—
"सिंह तणा दस दिवस वलि, घोल्या उगे बुध।
इंद महोच्छव मांडस्यइ, महीयल बरसे युध ॥१६५॥
चैत्रमासि भड्डुली सुणे, बारसि बुद्धि निहाण।
जइ शुभग्रह उगमणा हुइ, घृत मत बेचि सुजाण॥१६६॥
आसोइ बुधउगमे, तो कप्पास विणास।
अहवा तेहु आथमे, राती वस्तु विणास ॥१६७॥
कांइ तुं पूछइ भड्डुली, काती तणो विचार।
बुध ऊगे अंधारीइं, अन्न हुइ निवार ॥१६८॥

वर्षा न बरसे ॥१६२॥ यदि भाद्रपदमें बुध उदय हो तो वर्षा अधिक हो, यदि आसोज में उदय हो तो कमलकर (सूर्य) वर्षा न करे ॥ १६३ ॥ शुक्रका अस्त होने पर श्रावण में बुधका उदय हो तो भाद्रपदमें वर्षा न बरसे या पशुओंका विनाश हो जानेसे छास कहीं भी न मिले ॥१६४॥ सिंह-संक्रांति से दशवें दिन बुध का उदय हो तो इन्द्रमहोत्सव याने पृथ्वी पर वर्षा अच्छी हो ॥१६५॥ चैत्र मासमें द्वादशी को बुध को देखें यदि इस की पूर्व तरफ शुभग्रह हो तो घी नहीं बेचना चाहिये ॥१६६॥ आसोज में बुध का उदय हो तो कपासका विनाश हो, अथवा अस्त हो तो लाल वस्तुका विनाश हो ॥१६७॥ कार्त्तिक कृष्णपक्ष में बुधका उदय हो तो निवार अन्न हो ॥ १६८ ॥ कार्त्तिक शुक्लपक्षमें बुधका उदय हो तो तिल

"Aho Shrutgyanam"

तिलव्रीहिविनाशाय कार्तिकेन्दुबुधोदयः ।
मार्गशीर्षोदितः सौम्यः कर्पासस्य कियत्फलम् ।१९९।
मागसिरे बुह उगमे, अह अत्थमे जू सुक्क ।
तौ तूं मत पूछसि घणुं, चउपग चहुटइं विक्क॥२००॥
मीगसिर मास एकादशी, बुध अत्थमण हवंति ।
कपडा कारा वेचि करि, कण ते अग्घ लहंति ॥२०१॥
डमरं कुरुते पौषे माघमासोदये बुधः ।
फाल्गुने शशिपुत्रस्योदयो दुर्भिक्षकारणम् ॥२०२॥
पोसमासे बुध उगमइ, जइ अत्थमइ तिण मास ।
महाराउ तजीया चवइ, भड्डुली घणुं विमास"॥२०३॥ इति

बुधास्तफलम्—

मेषे बुधास्ते भुवने सुभिक्षं, चतुष्पदां नाशकरं वृषेऽस्तम् ।
राज्ञां तु पीडा मिथुनेऽथ कर्केऽनावृष्टये मृत्युभयं च चौराः।२०४
तथैव सिंहेऽल्पजलं युवत्यां, बुधास्तनश्चौरभयोऽतिवृष्टिः ।

व्रीहिका नाश हो । मार्गशिरमें बुधका उदय हो तो कपासकी थोड़ी प्राप्ति हो ॥१९९॥ मार्गशिर में बुधका उदय हो अथवा शुक्र का अस्त हो तो पशुओंको बेचना चाहिये ॥२००॥ मृगशिर महीनेकी एकादशी को बुध का अस्त हो तो कपडा आदि बेचकर धान्य खरीदना चाहिये ॥२०१॥ पौष तथा माघ महीने में बुधका उदय हो तो कलह करें । फाल्गुनमें बुध का उदय हो तो दुर्भिक्षकारक होता है ॥ २०२ ॥ पौष महीनेमें बुधका उदय तथा अस्त हो तो महान् राजाओं का विनाश हो ऐसा हे भड्डुली! बहुत विचार कर ॥२०३॥

बुधका अस्त मेषराशि में हो तो पृथ्वी में सुभिक्ष हो । वृषराशि में हो तो पशुओंका विनाश । मिथुनमें हो तो राजाओंको पीडा । कर्कमें हो तो अनावृष्टि मृत्युभय तथा चोरका भय हो ॥ २०४ ॥ इसी तरह सिंह-

"Aho Shrutgyanam"

क्रयाणकानां च महर्घतायै तुलाप्यलिर्धातुमहर्घतायै ॥२०५॥
राज्ञां भयं धन्विनि रोगचारो, मृगेऽल्पलाभो व्यवसायिलोके।
कुम्भेऽतिवायुर्हिमदग्धवृक्षा, मीनेऽनधीना नृपवर्गपीडा॥२०६॥

अथ शुक्रचारः ।

गुरुमन्दतमःकेतुफलं प्रागेव निश्चितम् ।
क्रमाक्रान्तस्य शुक्रस्य फलं चारगतं ब्रुवे ॥२०७॥

शुक्रचतुष्कचक्रम्——

चतुष्कं चतुष्कं ततः पञ्चकं च,
त्रिकं पञ्चकं षट्कमायाति भानाम् ।
यदा मार्गगो मार्गगोढाथ वक्रो,
निविद्धः प्रसिद्धैः परैः क्रूरखेटैः ॥२०८॥
प्रथमचतुष्के गोधनपीडा, मेघमहोदयदोऽग्रचतुष्के ।

राशि में भी फल जानना, तथा जल थोडा। कन्याराशिमें बुध अस्त हो तो चोरों का भय, अतिवर्षा और कयाणक महँगे हों। तुला और वृश्चिक में भी धातु महँगी हो ॥२०५॥ धनूराशिमें बुधका अस्त हो तो राजाओं का भय हो। मकर में व्यापारी लोगों में लाभ थोड़ा हो। कुंभ में वायु अधिक चले तथा हिम से वृक्ष नष्ट हो। मीनराशिमें बुधका अस्त हो तो पराधीन ऐसी राजवर्गको पीडा हो ॥ २०६ ॥ इति बुधचार।

गुरु, शनि, राहु और केतु इन का फल पहले कहा गया है, अब क्रमसे शुक्रचार का फल कहता हूँ ॥२०७॥ शुक्र क्रमसे चार, चार, पांच तीन, पांच और छ इन नक्षत्रों पर आता है। यदि इन नक्षत्रों पर शुक्र मार्गी हो या वक्री हो या अन्य प्रसिद्ध क्रूरग्रहों से वेधा जाता हो इस का फल कहता हूँ ॥ २०८ ॥ प्रथम चतुष्क (चार नक्षत्रों) में शुक्र हो तो गौओं को पीडा, दूसरा चार नक्षत्रों में हो तो मेघ का उदय हो, दोनों

"Aho Shrutgyanam"

पञ्चकयुग्मे धान्यविनाशी, षट्त्रिकचारी सुखकः शुक्रः ॥२०९॥
षट्त्रिकमध्ये धान्यं ग्राह्यं, पञ्चकमध्ये धान्यं देयम् ।
एवं लक्ष्मी धान्यवतां स्याद् भार्गवचारस्यैष विचारः ॥२१०॥
भरणीतः समारभ्य लभ्यमेतत्फलं जने ।
शुक्रचारे युद्धमन्ये नृपाणां प्राहुरादिमा ॥२११॥
यदाह लोकः—"बुधग्रह केरे अत्थमण, शुक्रह केरे चाल ।
खांडो जागै क्षत्रियां, कै हुइ मेह अकाल" ॥२१२॥
नंदायामसुरानन्दी समुदीतो महामुदे ।
घनाघना घना धान्यं समर्घं सुखिता जनाः ॥२१३॥
सिंहशुक्रस्तुलाभौमः कर्कजीवो यदा भवेत् ।
धूलिवर्षा महान् वायुर्भवेद्धान्यमहर्घता ॥२१४॥
पाठान्तरे—
'कर्कशुक्र सर भरिया सूकै, सिंह शुक्र जल किमे न मुकै ।

पंचक नक्षत्रोंमें शुक्र हो तो धान्य का विनाश, छः और त्रिक नक्षत्रों में शुक्र हो तो सुखदायक होता है ॥२०९॥ छः और त्रिक नक्षत्रों में शुक्र हो तो धान्यका संग्रह करना और पंचकनक्षत्रोंमें धान्य बेचना उचित है। इसी तरह धनवानोंको लक्ष्मी होती है, यह शुक्रचारका विचार है ॥२१०॥ भरणीनक्षत्रसे आरंभ कर मनुष्यों में इस का फल प्राप्त है। प्राचीन लोग शुक्रका चारमें राजाओंका युद्ध मानते है ॥२११॥ बुधग्रहका अस्तमें शुक्र का उदय हो तो युद्ध हो या अकाल वर्षा हो ॥२१२॥ नंदातिथिमें शुक्र का उदय हो तो बड़ा हर्ष, बहुत वर्षा, बहुत धान्य, सुभिक्ष और मनुष्य सुखी हो ॥ २१३ ॥ सिंहराशिके शुक्र, तुलाके मंगल और कर्कराशि के बृहस्पति यदि हो तो धूलि की वर्षा, महावायु और धान्य महँगे हो ॥ २१४॥ पाठान्तरसे— 'कर्कराशि के शुक्र हो तो भरा हुआ सरोवर सूक जाय, सिंहराशिके शुक्र हो तो जलवर्षा न हो, कन्याराशिमें मंगल हो तो धूलि

"Aho Shrutgyanam"

कन्या मंगल ए अहिनाणी, बरसै धूलि न बरसइ पाणी ॥२१५॥
मेघमालायां तु—
'सिंहशुक्र श्रावणि ले आई, तो जलहरमूलहथ्थो जाई।
बरसै मेह तो अतिवरसेइ, आसु काती रोग करेइ' ॥२१६॥
अथ शुक्रद्वाराणि—
भरण्याद्यष्टके भानां मेघद्वारं कवेः स्मृतम्।
मेघवृष्टिः प्रजानन्दः समर्घं धान्यमेव च ॥२१७॥
मघादिपञ्चके शुक्रो धूलिद्वारेऽभ्युदीयते।
प्रजादुःखाज्जलनाशात् तदोपद्रवमादिशेत् ॥२१८॥
स्वात्यादिसप्तके राजद्वारं शुक्रोदयो भवेत्।
लोके भयं छत्रपतिक्षयं तत्र निवेदयेत् ॥२१९॥
श्रुत्यादिसप्तके शुक्रोदये लोकसुखं बहु।
कनकद्वारमादिष्टं सुभिक्षं तत्र निश्चितम् ॥२२०॥
मतान्तरे-स्वात्यादित्रितये धर्मद्वारं शुक्रोदये शुभम्।

की वर्षा हो किंतु जलवर्षा न हो' ॥२१५॥ सिंहराशि पर शुक्र श्रावण मासमें आवे तो बरसातका मूलसे नाश हो, यदि बरसात बरसे तो बहुत अधिक बरसे और आसोज या कार्त्तिक महीने में रोग करें ॥२१६॥

भरणी आदि आठ नक्षत्र पर शुक्र का उदय हो तो मेघद्वार होता है, इस में मेघवृष्टि, प्रजा को आनंद और धान्य सस्ते हों ॥ २१७ ॥ मघादि पांच नक्षत्र पर शुक्र का उदय हो तो धूलिद्वार होता है, इस में प्रजा को दुःख, जल का नाश और उपद्रव होते हैं ॥ २१८ ॥ स्वाति आदि सात नक्षत्र पर शुक्रका उदय हो तो राजद्वार होता है, इसमें लोकमें भय और छत्रपति का नाश होता है ॥२१९॥ श्रवण आदि सात नक्षत्रों पर शुक्रका उदय हो तो कनकद्वार होता है, इसमें लोक बहुत सुखी हो तथा निश्चयसे सुभिक्ष हो ॥ २२० ॥ पाठान्तर से— स्वाति आदि तीन

ज्येष्ठाचतुष्टये हेमद्वारं मिश्रफलं स्मृतम् ॥२२१॥
श्रुत्यादिसप्तके वाच्यं ऋजुद्वारं भृगूदये ।
दुर्भिक्षं लोकमारककारणं सुखवारणम् ॥२२२॥
इति सुभिक्षदुर्भिक्षविग्रहदेशभंगज्ञानाय शुक्रद्वारविचारः।

शुक्रोदयमासफलम्—

शुक्रोदयात् फाल्गुनमासि वृद्धि-रर्थस्य धान्यादिषु भैक्षवृत्तिः।
चैत्रे विभूतिर्भुविमाधवे च, रणो महान् वृष्टिरतीव शुक्रे।२२३।
आषाढमासे जलदुर्लभत्वं, चतुष्पदार्तिर्नभसि प्रदिष्टा ।
समृद्धिरन्नस्य तु भाद्रमासे, तथाश्विने सम्पद एव सर्वाः ॥
शुभं परं कार्तिकमार्गमासोः, पौषे महच्छत्रविभङ्ग एव ।
माघेऽपि तद्वत्सकलं फलं स्यान्न चेत्पराब्दे जलदस्य रोधः॥
भादवडे जो ऊगमणा, सुक्कह सुक्कह वार ।
तो तूं हरखज आणजे अन्न घणा संसार ॥२२६॥

नक्षत्रों पर शुक्र का उदय हो तो धर्मद्वार, यह शुभ है। ज्येष्ठा आदि चार नक्षत्रों पर शुक्रका उदय हो तो हेमद्वार, यह मिश्रफलदायक है॥ २२१ ॥ श्रवण आदि सात नक्षत्र पर शुक्र का उदय हो तो ऋजुद्वार कहना, यह दुर्भिक्ष, लोकमें रोग और दुःखका कारक है॥२२२॥

शुक्रका उदय फाल्गुन मासमें हो तो धनकी वृद्धि और धान्यमें भिक्षा-वृत्ति रहे अर्थात् धान्य महँगे हो। चैत्र और वैशाख महीनेमें हो तो पृथ्वी में संपत्ति हो बड़ा युद्ध और बहुत वर्षा हो ॥२२३॥ आषाढ मासमें हो तो जलकी दुर्लभता, श्रावणमें हो तो पशुओं को पीडा, भाद्रपदमें हो तो अन्न की समृद्धि (वृद्धि), आश्विन में सब प्रकार की संपत्ति हो ॥२२४॥ कार्तिक और मार्गशीर्ष में हो तो शुभ, पौषमें महान् छत्रभंग , माघमें शुक्र का उदय हो तो पौषके सदृश फल जानना, यदि पीछला वर्षमें वर्षाका रोध न हो तो ॥२२५॥ भाद्रपद महीनेमें शुक्रवारके दिन शुक्रका उदय हो तो

"Aho Shrutgyanam"

शुक्रोदयराशिफलम्—

मेषे शुक्रोदये धान्यं महर्घं रोगसम्भवः।
वृषे धान्यं समर्घं स्यान्नृपास्तुष्टाः प्रजासुखम् ॥२२७॥
मिथुने लोकमरणं गोधूमा बहवो भुवि।
कर्केऽतिवृष्टिर्धान्यस्य विनाशं चौरजं भयम् ॥२२८॥
सिंहेऽपि कर्कवद्वाच्यं कन्यायां नृपपीडनम्।
स्वल्पा वृष्टिस्तुलायोगे समर्घं धान्यमाहितम् ॥२२९॥
वृश्चिके बहुला वृष्टिर्दुर्भिक्षं धान्यमल्पकम्।
धनुष्यवर्षणं धान्यं महर्घं मकरे तथा ॥२३०॥
कुम्भेऽतिविरलो मेघश्चतुष्पदविनाशनम्।
मीने सुभिक्षं लोकानां सुखं मेघमहोदयः ॥२३१॥

शुक्रनक्षत्रभोगफलम्—

शुक्रेऽश्विन्यां ब्राह्मणजातिविरोधो यवास्तिला माषाः।

संसारमें अनाज बहुत हो और आनंद हो ॥२२६॥

शुक्र का उदय मेषराशिमें हो तो धान्य महँगे और रोगकी प्राप्ति हो। वृषराशिमें हो तो धान्य सस्ते, राजा संतुष्ट और प्रजा सुखी हो ॥२२७॥ मिथुनमें हो तो लोकमें मरण हो तथा गेहूँकी प्राप्ति पृथ्वी पर बहुत हो। कर्कमें हो तो अतिवृष्टि, धान्यका विनाश और चोरोंका भय हो ॥२२८॥ सिंहराशिमें कर्कराशिकी जैसा फल समझना। कन्यामें राजाओंको पीडा हो। तुलराशिमें हो तो वर्षा थोड़ी और धान्य सस्ते हो ॥२२९॥ वृश्चिकमें हो तो वर्षा बहुत, दुर्भिक्ष और धान्यकी अल्पता हो। धनु तथा मकरराशिमें हो तो वर्षा न हो और धान्य महँगे हो ॥२३०॥ कुंभमें हो तो बहुत थोड़ी वर्षा हो और पशुओं का विनाश हो। मीनराशिमें शुक्र का उदय हो तो सुभिक्ष, लोकोंको सुख और मेघका उदय हो ॥२३१॥

शुक्रोदय अश्विनी नक्षत्रमें हो तो ब्राह्मण जातिमें विरोध, यव तिल

"Aho Shrutgyanam"

स्वल्पा भरण्यां सर्वे तुषधान्यमहर्घता च तिलनाशः ।२३२।
सर्षपमाषाल्पत्वमाग्नेये सर्वधान्यनिष्पत्तिः ।
रोहिण्यामारोग्यं मृगे महर्घाणि धान्यानि ॥२३३॥
रौद्रेऽल्पवृष्टिरन्नमधोमुखं तदपि नश्यति विशेषात् ।
पुष्ये दुर्भिक्षभयं चौराः सार्पे न वर्षा स्यात् ॥२३४॥
मघादित्रितये कष्टं हस्ते मेघमहोदयः ।
रोगा अवृष्टिश्चित्रायां स्वातौ क्षेमं सुभिक्षता ॥२३५॥
तद्वदेव विशाखायां तुषधान्यमहर्घता ।
अल्पवृष्टिश्च मैत्रर्क्षे चतुष्पदप्रपीडनम् ॥२३६॥
द्वारानुसाराच्छेषेषु फलमार्यैर्निगद्यते ।
चारानुसाराद् दुर्भिक्षं सुभिक्षं स्वल्पमादिशेत् ॥२३७॥

शुक्रोदयतिथिफलम्—

पृथ्वीसुखं स्यात्प्रतिपच्चतुष्के, चौरोदयः पञ्चमिकाचतुष्के ।

उड़द ये थोड़े हों। भरणी में हो तो तुष धान्य महँगे हों और तिल का विनाश हो ॥ २३२ ॥ कृत्तिका में हो तो सरसव, उड़द थोडे हो और सर्व प्रकारके धान्य की प्राप्ति हो। रोहिणीमें हो तो आरोग्य रहें। मृगशिरमें हो तो धान्य महँगे हो ॥२३३॥ आर्द्रा में हो तो वर्षा थोड़ी, अन्न अधोमुख हो यह भी विशेष करके नाश हो। पुष्य में दुर्भिक्ष और चोरोंका भय हो। आश्लेषामें, वर्षा न हो ॥ २३४ ॥ मघा, पुर्वाफाल्गुनी और उत्तराफाल्गुनी ये तीन नक्षत्रोंमें हो तो दुःख हो। हस्तमें, वर्षा का उदय हो। चित्रामें हो तो रोग हो तथा वर्षा न हो। स्वातिमें क्षेम और सुभिक्ष हो ॥२३५॥ विशाखामें हो तो तुष धान्य महँगे हो। अनुराधामें हो तो वर्षा थोड़ी तथा पशुओंको दुःख हो ॥२३६॥ बाकी के नक्षत्रोंका फल पहले जो द्वारोंके अनुसार कहा है इसके अनुसार सुभिक्ष या दुर्भिक्ष इनका विचार कहना ॥२३७॥

"Aho Shrutgyanam"

भूपालयुद्धं नवमीचतुष्के, दुर्भिक्षवाताद्यसुखं तु शेषे ।२३८।
लोके तु–पडिवा छट्ठि एकादशी, जो ऊगुरा शुक्र ऊगंति ।
जल बहुला अन्न मोकला, प्रजा लील करंति ॥२३९॥

शुक्रास्तमासफलम्—

शुक्रस्यास्तंगमाज्ज्येष्ठे महावृष्टेः प्रजाक्षयः ।
आषाढे जलशोषः स्याच्छ्रावणे रौरवं महत् ॥२४०॥
धनधान्यादिसम्पत्तिर्भवेद्भाद्रपदास्ततः ।
आश्विनेऽपि सुभिक्षाय कार्तिके वृष्टिहेतवे ॥२४१॥
मार्गशीर्षे भूपयुद्धं प्रजानां सुखसम्भवः ।
पौषे माघे छत्रभङ्गः फाल्गुनेऽग्निभयं महत् ॥२४२॥
षण्मासानपि दुर्भिक्षं चैत्रे वनविनाशनम् ।
फलं तथैव वैशाखे पीडा काचिच्चतुष्पदे ॥२४३॥

प्रतिपदा आदि चार तिथियों में शुक्रका उदय हो तो पृथ्वीमें सुख, पंचमी आदि चार तिथियोंमें हो तो चोरों का उपद्रव, नवमी आदि चार तिथियोंमें हो तो राजाओंमें युद्ध, और बाकीके तिथियोंमें दुर्भिक्ष, वायु और कष्ट आदि हों ॥ २३८ ॥ लोक भाषामें भी कहा है कि– पडिवा छठ और एकादशी इन तिथियोंमें शुक्रका उदय हो तो जल अधिक वर्षे और अनाज भी बहुत हो, प्रजामें आनंद रहें ॥२३९॥

ज्येष्ठमासमें शुक्रका अस्त हो तो महावर्षा हो और प्रजाका नाश हो। आषाढमें हो तो जल सूक जाय, श्रावणमें हो तो बड़ा रौरव (कष्ट) हो ॥ २४० ॥ भाद्रपदमें हो तो धन धान्यकी प्राप्ति हो। आश्विनमें हो तो सुभिक्ष, कार्तिकमें हो तो वृष्टि के लिये हो ॥२४१॥ मार्गशिर में हो तो राजाओं में युद्ध तथा प्रजा को सुख हो। पौष और माघ मास में हो तो छत्रभंग हो, फाल्गुनमें बड़ा अग्निका भय हो ॥ २४२ ॥ चैत्रमें हो तो छः महीने दुर्भिक्ष रहें तथा वनका विनाश हो। वैशाखमें हो तो दुर्भिक्ष

"Aho Shrutgyanam"

त्रैलोक्यदीपके—

'श्राविणे दधिदुग्धैस्तु भूमिं सिञ्चति मेघतः ।
भाद्रपदे धनैर्धान्यैर्मेघो हर्षात् प्रमोदयेत्' ॥२४४॥

लोके तु—'बुध ऊगमणो सुक्कत्थमणो, जइ हुव श्रावणमास ।
इम जाणे वो भड्डुली, मणुआ न पीइ छास' ॥२४५॥

हीरसूरयः—'आसोइ बुध ऊगमण, पुहवी हुइ सुगाल ।
आसोइ शुक्र आथमे, तो रौरवो दुकाल ॥२४६॥
मागसिरे सुक्कत्थमणा, अहवा उगे मज्झ ।
जो जाणे तु जुग प्रलय, गुरु आवे ए गुज्झ' ॥२४७॥

अर्घकाण्डेऽपि—'स्वात्यादिनवके ग्राह्यं भरण्यादष्टके धृतिः ।
विक्रयः शेषऋक्षेषु शुक्रास्ते फलमुत्तमम्' ॥२४८॥

पाठान्तरे—'श्रावणे कृष्णपक्षे च प्रतिपद्दिवसे धृतिः ।
विक्रयः शेषऋक्षेषु शुक्रास्ते फलमुत्तमम् ॥२४९॥

और कुछ पशुओंमें पीडा हो ॥२४३॥ श्रावणमें हो तो दही दूध अधिक हो तथा वर्षा से भूमि तृप्त हो । भाद्रपद में हो तो धन धान्य की प्राप्ति पूर्वक बरसाद हर्षसे आनंदित करता है ॥२४४॥ यदि श्रावणमासमें बुध का उदय हो और शुक्र का अस्त हो तो मनुष्य छास न पीवें अर्थात् समय अच्छा हो ॥२४५॥ आश्विन महीनेमें बुध का उदय हो तो पृथ्वी में सुकाल हो, किंतु आश्विनमें शुक्रका अस्त हो तो बड़ा भयंकर दुष्काल हो ॥ २४६ ॥ मार्गशिर में शुक्र का अस्त या उदय हो तो युग-प्रलय जानना ॥ २४७ ॥ शुक्र का अस्त स्वाति आदि नव नक्षत्रों में हो तो धान्य आदि खरीद करना, भरणी आदि आठ नक्षत्रों में हो तो संग्रह करना और बाकीके नक्षत्रोंमें हो तो बेचना; इत्यादि शुक्रास्त का उत्तम फल कहा ॥ २४८ ॥ पाठान्तरसे- शुक्रास्त में श्रावण कृष्ण पडवाके दिन संग्रह करना और बाकीके नक्षत्रोंमें बेचना अच्छा फल कहा

"Aho Shrutgyanam"

मिगसिर जइ सुक्कह गुरु, उदयत्थमणा करंति ।
तो तुं जो ए भड्डुली, पुथवी चक्क भमंति ॥२५०॥
शुक्लपक्षे यदा शुक्रस्समुदेत्यस्तमेति वा ।
राजपुत्रसहस्राणां मही पिबति शोणितम् ॥२५१॥
अत्र हीरसूरयः पौषाधिकारे इमं श्लोकमाहुस्तेन पौषस्यैवेदं फलम्
शुक्रास्तराशिफलम्-
शुक्रस्यास्तंगमान् मेषे सर्वधान्यमहर्घता ।
वृषे चतुष्पदे पीडा धान्यनिष्पत्तिरल्पिका ॥२५२॥
मैथुने वैश्यपीडा स्यादल्पवर्षा प्रजाभयम् ।
कर्कटे बहुला वृष्टिर्लघुबालव्यथा तथा ॥२५३॥
सिंहे पीडा भूपवर्गे तथानावृष्टिजं भयम् ।
कन्यायां वैद्यलोकस्य सूत्रधारस्य पीडनम् ॥२५४॥
तुलायां सिंहवत् सर्वं दुर्भिक्षं वृश्चिके मतम् ।
स्त्रीधान्यनाशो धनुषि मकरे धान्यसम्पदः ॥२५५॥

है ॥२४९॥ मार्गशिरमें यदि गुरु तथा शुक्र का उदय और अस्त हो तो पृथ्वीमें कइएक उपद्रव हो ॥२५०॥ यदि शुक्रका शुक्लपक्षमें उदय या अस्त हो तो महा युद्ध हो, हजारों वीर पुरुषोंका रुधिर पृथ्वी पीवें ॥२५१॥ शुक्रका अस्त मेषराशिमें हो तो सब प्रकारके धान्य महँगे हो। वृष में हो तो पशुओं को पीडा तथा धान्य की प्राप्ति थोडी हो ॥ २५२ ॥ मिथुनमें हो तो वैश्यको पीडा, वर्षा थोडी तथा प्रजामें भय हो। कर्क में हो तो वर्षा बहुत हो तथा बालकोंको दुःख हो ॥ २५३ ॥ सिंहराशि में हो तो राजवर्गमें पीडा तथा अनावृष्टिका भय हो। कन्या में हो तो वैद्य-लोग और सूत्रधार को पीडा हो ॥ २५४ ॥ तुलामें हो तो सब फल सिंह-राशिकी तरह जानना । वृश्चिकमें हो तो दुर्भिक्ष हो । धनुराशिमें हो तो स्त्री और धान्यका नाश हो। मकर में हो तो धान्य प्राप्ति हो ॥ २५५ ॥

"Aho Shrutgyanam"

द्विजपीडा कुम्भराशौ मीने मेघमहोदयः ।
रोगनाशः प्रजासौख्यं पृथिव्यां बहुमङ्गलम् ॥२५६॥
इतिशुक्रचारप्रकरणम् ।

अथ ग्रहयोगफलम्—

यदि तिष्ठति भौमस्य क्षेत्रे कोऽपि ग्रहस्तदा ।
षण्मासं तुषधान्यानां जायते च महर्घता ॥२५७॥
शुक्रक्षेत्रे कुजे मासद्वये नूनं महर्घता ।
चन्द्रे च दिननाथे च सर्वरोगोऽशुभं सदा ॥२५८॥
शनौ राहौ सर्वधान्यं महर्घं राजविग्रहः ।
बुधक्षेत्रे रवौ चन्द्रे विरोधः सर्वभूभुजाम् ॥२५९॥
उत्पत्तिस्तुषधान्यानां पञ्चमासान् प्रजायते ।
शुक्रक्षेत्रे बुधे भद्रं चन्द्रक्षेत्रे भृगोः सुते ॥२६०॥
पाखण्डानां भवेद्वृद्धिः धान्यानां च महर्घता ।
रविक्षेत्रे भृगोः पुत्रे पशूनां च महर्घता ॥२६१॥

कुंभराशिमें हो तो ब्राह्मणों को पीडा हो । मीनराशिमें शुक्रका अस्त हो तो मेघ का उदय, रोग का विनाश, प्रजाको सुख और पृथ्वीमें बहुम मंगल हो ॥ २५६ ॥ इति शुक्रचार ॥

यदि मंगल के क्षेत्रमें कोई भी ग्रह हो तो छः महीने तुष और धान्य महँगे हो ॥ २५७ ॥ शुक्र के क्षेत्रमें मंगल हो तो दो महीने महँगे । चंद्रमा या सूर्य हो तो सब प्रकार के रोग तथा अशुभ करें ॥ २५८ ॥ शनि या राहु हो तो सब धान्य महँगे तथा राजविग्रह हो । बुधके क्षेत्रमें रवि या चंद्रमा हो तो सब राजाओं में विरोध हो ॥ २५९ ॥ तथा तुष धान्य की उत्पत्ति पांच महीने हो । शुक्रके क्षेत्रमें बुध हो तो कल्याण हो । चंद्रमा के क्षेत्रमें शुक्र हो तो ॥ २६० ॥ पाखंडियों की वृद्धि तथा धान्य महँगे हों । रवि क्षेत्रमें शुक्र हो तो पशुओं का भाव तेज हो ॥२६१॥ बुध के क्षेत्रमें

"Aho Shrutgyanam"

बुधक्षेत्रे शनौ चन्द्रे सप्तधान्यमहर्घता ।
शुक्रक्षेत्रे गुरौ भौमे कर्पासादिमहर्घता ॥२६२॥
शनिक्षेत्रे शनौ राहौ घृतधान्यमहर्घता ।
चन्द्रभास्करयोः क्षेत्रे सुभिक्षं चन्द्रसूर्ययोः ॥२६३॥
पशुनाशो धान्यवृद्धिर्गुडादीनां महर्घता ।
गुरुक्षेत्रे शनौ राहौ पशुनाशस्तृणक्षयः ॥२६४॥
भौमे राज्ञां विरोधश्च बुधे वृष्टिस्तु भूयसी ।
भौमक्षेत्रे यदा सन्ति राहुभौमार्कभार्गवाः ॥२६५॥
षण्मासान् गुडकर्पासघृतक्षीरमहर्घता ।
मन्दक्षेत्रे यदा सन्ति मन्दराहुबुधास्तदा ॥२६६॥
चतुष्पदानां नाशश्च द्विपदे मारिविग्रहौ ।
भौमक्षेत्रे यदाऽपीयुः शुक्रभौमनिशाकराः ॥२६७॥
तदा मुक्तापशूनां च शंखस्य च महर्घता ।
भौमक्षेत्रे भार्गवे च धान्यानां च महर्घता ॥२६८॥

शनि या चंद्रमा हो तो सात प्रकारके धान्य महँगे हों । शुक्र के क्षेत्रमें गुरु या मंगल हो तो कपास आदि महँगे हों ॥२६२॥ शनि के क्षेत्रमें शनि या राहु हो तो घी और धान्य महँगे हों । चन्द्र और सूर्य के क्षेत्रमें चंद्र और सूर्य हो तो सुभिक्षहोता है ॥ २६३ ॥ तथा पशुओंका विनाश, धान्यकी वृद्धि और गुड आदि महँगे हो । गुरु के क्षेत्रमें शनि या राहु हो तो पशुओंका विनाश तथा तृण (घास) का क्षय हो ॥२६४॥ मंगल हो तो राजाओं का विरोध, बुध हो तो बहुत वर्षा हो । मंगल के क्षेत्रमें यदि राहु मंगल सूर्य और शुक्र हो तो ॥२६५॥ छः महीने गुड, कपास, घी, दूध आदि महँगे हो । शनि क्षेत्रमें यदि शनि राहु तथा बुध हो तो ॥२६६॥ पशुओंका नाश और मनुष्योंमें महामारी तथा विग्रह हो । मंगलके क्षेत्रमें शुक्र, मंगल और चंद्रमा होतो ॥ २६७ ॥ मोति, पशु और शंख की तेजी हो ।

"Aho Shrutgyanam"

शनिक्षेत्रे चन्द्रभान्वो-र्वस्त्राणां च महर्घता ।
शुक्रे भौमे गुरुक्षेत्रे प्रजापीडा प्रजायते ॥२६९॥
चन्द्रोदये कुजक्षेत्रे तुषधान्यस्य वृद्धये ।
चन्द्रोदये भृगुक्षेत्रे शुक्लवस्तूदयो भवेत् ॥२७०॥
रविक्षेत्रेऽतुलावृद्धिः शनिसोमभृगूदये ।
चन्द्रक्षेत्रे शुक्रचन्द्रबुधानामुदयो यदि ॥२७१॥
षण्मास्यां स्याच्च दुर्भिक्षमतिवृष्टिः प्रजायते ।
उदितौ च बुध क्षेत्रे यदि राहुशनैश्चरौ ॥
पशुक्षयः प्रजापीडा धान्यानां च महर्घता ॥२७२॥
शुक्रक्षेत्रे सोमसूर्यौ सूर्यपुत्रोदयो यदा ।
राजयुद्धं च धान्यानां जायतेऽतिमहर्घता ॥२७३॥
यदोदयः शनिक्षेत्रे भौमभास्करयोर्भवेत् ।
घृतादीनां तदा वृद्धिर्गुडानां रक्तवाससाम् ॥२७४॥
यदा समुदयं याति शनिक्षेत्रे शनैश्चरः ।

मंगलके क्षेत्रमें शुक्र हो तो धान्य महँगे हो ॥२६८॥ शनिके क्षेत्रमें चंद्रमा और सूर्य हो तो वस्त्र महँगे हों । गुरु क्षेत्रमें शुक्र और मंगल हो तो प्रजा को पीडा हो ॥ २६९ ॥ मंगलके क्षेत्रमें चंद्रमा का उदय हो तो तुष धान्य की वृद्धि हो । शुक्रके क्षेत्रमें चन्द्रमा का उदय हो तो शुक्ल वस्तुका उदय हो ॥२७०॥ रवि क्षेत्रमें शनि सोम और शुक्र का उदय हो तो बहुत वृद्धि हो । चंद्र क्षेत्रमें शुक्र चन्द्रमा और बुधका उदय हो तो ॥२७१॥ छः महीने दुर्भिक्ष हो तथा बहुत वर्षा हो । बुधक्षेत्रमें राहु और शनिका उदय हो तो पशुओंका क्षय, प्रजाको पीडा और धान्य महँगे हों ॥२७२॥ शुक्रके क्षेत्र में चंद्रमा सूर्य तथा शनि का उदय हो तो राजाओंका युद्ध हो तथा धान्य बहुत महँगे हों ॥२७३॥ शनि क्षेत्रमें मंगल और सूर्यका उदय हो तो घी गुड तथा लाल वस्त्र की वृद्धि हो ॥२७४॥ यदि शनिक्षेत्रमें शनि का उ-

"Aho Shrutgyanam"

तदा स्यात्तृणकाष्ठानां लोहानां च महर्घता ॥२७५॥
यदा ग्रहेण सौम्येन क्रूरेणापि च संमुखः ।
विद्धः क्रूरः शुभो वापि दुर्भिक्षं तत्र निश्चितम् ॥२७६॥
ग्रहयुद्धे भूपयुद्धं ग्रहवक्रे देशविभ्रमो भवति ।
ग्रहवेधे सति पीडा निर्दिष्टा सर्वलोकानाम् ॥२७७॥
ज्येष्ठमासे रवियुता ग्रहाः पञ्चैकराशिगाः ।
श्रावणे मेघरोधाय छत्रभङ्गाय कुत्रचित् ॥२७८॥
सप्तम्यां च शनिभौमौ भवेतां वक्रगामिनौ ।
हाहाकारस्तदा लोके विशेषाद्दक्षिणापथे ॥२७९॥
शनिः कुजो देवगुरुर्यदि शुक्रगृहे त्रयम् ।
एकत्र गुरुशुक्रौ वा तदा वृष्टी रणोऽथवा ॥२८०॥
कार्त्तिकस्य नवम्यां चेद् ग्रहाः पञ्चैकराशिगाः ।
अकालेऽपि महावृष्ट्या नद्यः पूर्णाः पयोभरैः ॥२८१॥
शनिः पञ्चग्रहैर्युक्तो मार्गशीर्षेऽतिरोगकृत् ।

दय हो तो तृण काष्ठ और लोहा ये महँगे हो ॥ २७५ ॥

यदि शुभ और क्रूरग्रह परस्पर संमुख हो याने दोनोंका परस्पर वेधहो तो निश्चयसे दुर्भिक्ष होता है ॥२७६॥ ग्रहोंका युद्ध हो तो राजाओंमें युद्ध, ग्रहोंकी वक्रतामें देशमें विभ्रम, और ग्रहोंका वेध हो तो सब लोगोंको पीडा हो ॥२७७॥ ज्येष्ठ महीनेमें सूर्यके साथ पांच ग्रह एक राशि पर हो तो श्रावणमें वर्षाका रोध हो तथा कहीं छत्रभंग हो ॥ २७८ ॥ शनि और मंगल सप्तमी के दिन वक्री हो तो लोकमें हाहाकार हो तथा विशेष करके दक्षिण देशमें हो ॥ २७९ ॥ यदि शुक्रके गृह (घर) में शनि, मंगल और गुरु ये तीन ग्रह हो अथवा गुरु और शुक्र इकट्ठे हो तो वर्षा अथवा युद्ध हो ॥२८०॥ कार्त्तिक महीने की नवमीके दिन पांच ग्रह एक राशि पर हो तो अकालमें बहुत वर्षासे नदी जलसे पूर्ण हो ॥२८१॥ मार्गशीर्षमें शनिके साथ पांचग्रह हो तो बहुत रोगकारक होते

"Aho Shrutgyanam"

मार्गस्य योगः पूर्णायां पञ्चानां रणकारणम् ॥२८२॥
मार्गशीर्षे ग्रहाः पञ्च यदि स्युरेकराशिगाः।
तदा जनेऽतिमारी स्यान्नृपस्य मरणं क्वचित् ॥२८३॥
अन्यत्रापि—असुह सुहा पंचग्गहा, इक्कह राशि मिलंति।
तहवि नराहिव कोइ मरइ, अह जलहर वरसंति ॥२८४॥
भानुवक्रतमःक्रोडास्तृतीयस्था गुरोर्यदि।
सुभिक्षं जायते तस्यामीदृशे योगसम्भवे ॥२८५॥
तमोवक्रसवित्राद्याश्चत्वारः क्रूरखेचराः।
तृतीयस्था शनेरेते सौख्यः सद्वित्यकारकाः ॥२८६॥
भानुवक्रतमःक्रोडाः पञ्चमस्था गुरोर्यदि।
दुर्भिक्षं जायते घोरं घोरयोगे समागते ॥२८७॥
तमोवक्रःसवित्राद्याश्चत्वारः क्रूरखेचराः।
पञ्चमस्थाः शनेरेते दौस्थ्यदुर्भिक्षकारकाः ॥२८८॥
मन्दराहोरपि क्रूरास्तृतीयाः सौख्यकारकाः।

हैं। मार्गशीर्षकी पूर्णिमाके दिन पांच ग्रहोंका योग हो तो युद्ध कारक होता है ॥२८२॥ मार्गशीर्षमें यदि पांच ग्रह एकराशि पर हो तो लोकमें महा मारी और क्वचित् राजाका मरण हो ॥२८३॥ यदि शुभ या अशुभ पांच ग्रह एकराशि पर हो तो कोई राजाका मरण हो और वर्षा बहुत बरसे ॥२८४॥ यदि बृहस्पति से तीसरे स्थान में रवि,मंगल, राहु और शनि, एसा योग हो तो सुभिक्ष होता है ॥२८५॥ राहु, मंगल,सूर्य आदि चार क्रूर ग्रहों हैं, ये शनिसे तीसरे स्थान में हो तो सुख और सुभिक्षकारक होते हैं ॥२८६॥ यदि बृहस्पति से पांचवें स्थान में सूर्य मंगल राहु और शनि का घोर योग हो तो दुर्भिक्ष होता है ॥ २८७ ॥ राहु केतु मंगल और सूर्य आदि चार क्रूर ग्रह शनिसे पांचवें स्थानमें हो तो दुःख और दुर्भिक्ष कारक होते हैं ॥२८८॥ शनि और राहुसे भी तीसरे स्थानमें क्रूर ग्रह हो

"Aho Shrutgyanam"

एतयो पञ्चमाः क्रूरा दुःखदुर्भिक्षहेतवे ॥२८९॥
बृहस्पतितमःसौरिमङ्गलानां यदैकक: ।
त्रिके च पञ्चके कार्यौ धान्यस्य क्रयविक्रयौ ॥२९०॥
गुरोः ससान्त्यपञ्चद्विः स्थानगा वीक्षता अपि ।
शनिराहुकुजादित्याः प्रत्येकं देशभञ्जकाः ॥२९१॥
इत्येवं ग्रहवक्रमार्गगमनांस्तत्प्रासिरूपोदया-
नाचार्याङ्घ्रिनिषेवणेन सुधिया सम्यग् विचार्यादरात् ।
वर्षे भावि शुभाशुभं फलमलं वाच्यं विविच्य स्वयं,
येन स्यात्कमला स्वपाणिकमलग्राहाय बद्धाग्रहा ॥२९२॥

इतिश्रीमेघमहोदयसाधने वर्षबोधे तपागच्छीयमहोपाध्याय-
श्रीमेघविजयगणिविरचिते ग्रहगणविमर्शनो नाम
एकादशोऽधिकारः ॥

तो सुखकारक होते हैं, और पंचम स्थान में क्रूर ग्रह हो तो दुःख और दुर्भिक्षकारक होते हैं ॥२८९॥ बृहस्पति, राहु, शनि और मंगल, इनमेंसे कोई ग्रह तृतीय और पंचममें हो तो क्रमसे धान्यका क्रय विक्रय करना याने खरीदना तथा बेचना ॥२९०॥ यदि बृहस्पति से सातवां, बारहवां, पांचवां और दूसरा इन स्थानों में शनि, राहु, मंगल और सूर्य इनमेंसे कोई ग्रह हो या उनकी दृष्टि हो तो देशका नाशकारक होते हैं ॥२९१॥

इसी तरह ग्रहों का वक्र और मार्ग गमन को तथा उसकी प्रतिरूप उदय को आचार्योंका चरण कमलकी भक्तिपूर्वक सेवा करके और बुद्धि से विचार करके भावि वर्षका शुभाशुभ फलको स्वयं विचारके ही कहना चाहिये, जिससे लक्ष्मी उसका कर कमल ग्रहण करने के लिये आग्रहवाली होती है ॥२९२॥

सौराष्ट्रराष्ट्रान्तर्गत-पादलिप्तपुरनिवासिना पण्डितभगवानदासाख्यजैनेन
विरचितया मेघमहोदये बालावबोधिन्याऽऽर्यभाषया टीकितो
ग्रहगणविमर्शननाम एकादशमोऽधिकारः ।

"Aho Shrutgyanam"

अथ द्वारचतुष्टयकथनो नाम द्वादशोऽधिकारः

वारद्वारं पुराप्रोक्तं तिथिमासनिरूपणे ।
नक्षत्रमत्र वक्ष्यामि वर्षबोधविधित्सया ॥१॥
कृत्तिकादिकनक्षत्रं त्रयोदशकमब्दतः ।
सूर्यभोग्यं भवेद् योग्य-मब्दस्येह शुभप्रदम् ॥२॥
अश्विनी धान्यनाशाय जलनाशाय रेवती ।
भरणी सर्वनाशाय यदि वर्षेन्न कृत्तिका ॥३॥
कृत्तिकायां निपतिता पञ्चषा अपि बिन्दवः ।
पूर्वपश्चाद्भवान् दोषान् हत्वा कल्याणकारिणः ॥४॥
रोहिण्यां भास्वतो भोगे निषिद्धमपि वर्षणम् ।
नद्याः प्रवाहे नो दुष्टं स्याद्वादी विजयी ततः ॥५॥
रोहिण्यां भास्वतस्तापाद्वर्षायां स्याद्घनो घनः ।
गोखुरोत्खातरजसा वृष्टिर्दुष्टा प्रकीर्तिता ॥६॥

तिथि मास का निर्णय करने के लिये वार द्वार पहले कह दिया, अब वर्षमें शुभाशुभ फल जानने के लिये नक्षत्र द्वार को कहता हूँ ॥१॥ वर्षमें सूर्य भोग्य के कृत्तिका आदि तेरह नक्षत्र वर्ष के योग्य हो तो शुभ फल दायक होते हैं ॥२॥ यदि कृत्तिका में वर्षा न हो तो अश्विनी धान्यका, रेवती जलका और भरणी सब का नाशकारक होते हैं ॥३॥ यदि कृत्तिका में जल के पांच छः भी बूंद गिरे तो पहले और पीछे होनेवाले दोषोंका नाश करके कल्याण करने वाले होते हैं ॥४॥ सूर्य रोहिणी नक्षत्र पर हो, तब वर्षाद होना अच्छा नहीं और विशेष वर्षा होकर नदियोंमें पूर आवे तो दोष नहीं ऐसा स्याद्वाद मत है ॥५॥ रोहिणी में सूर्यसे बहुत ताप (गरमी) पड़े तो आगे वर्षा बहुत अच्छी हो । गौओंके खुर से रज(शुष्क धूलि)निकल आवे ऐसी अल्प वृष्टि अच्छी नहीं ॥ ६ ॥

"Aho Shrutgyanam"

अत्र रोहिणीचक्रम्—

मेषेऽर्कसंक्रमदिने यन्नक्षत्रं प्रजायते ।
संक्रान्तिसमये देयं पूर्वाब्धौ तद्द्वयम् ॥७॥
ततः सृष्ट्याः तटे चैकमेकसन्धौ च पर्वते ।
अष्टाविंशति ऋक्षाणामेवं न्यासो विधीयते ॥८॥
सन्धयोऽष्टौ तटान्यष्ट चतुर्दिक्षु पयोधरः ।
विदिक्षु शैलाश्चत्वारस्तदन्तःस्थास्तु सन्धयः ॥९॥
रोहिणी यत्र सम्प्राप्ता स्थानं तच्च विचार्यते ।
शैले सन्धौ खण्डवृष्टिरतिवृष्टिः पयोनिधौ ॥
तटे सुभिक्षमादेश्यं रोहिण्या सति सङ्गमे ॥१०॥
सन्धौ वणिग्गृहे वासः पर्वते कुम्भकृद्गृहे ।
मालाकारगृहे सन्धौ रजकस्य गृहे तटे ॥११॥

इति वर्षावासफलम् ।

दिनार्धो मासार्धश्च—

अर्घकाण्डे त्रैलोक्यदीपककारः प्राह—

मेष संक्रांतिके दिन जो नक्षत्र हो वह संक्रांतिके समय पूर्वदक्षिणादि क्रमसे चक्रमें लिखें, समुद्रमें दो २ नक्षत्र ॥७॥ तट संधि तथा पर्वत इन प्रत्येक में एक एक ऐसे अट्ठाईस नक्षत्र लिखें ॥८॥ संधि आठ, तट आठ, चार दिशामें चार समुद्र और विदिशामें चार पर्वत इनके अंत्यमें संधि हों ऐसा चक्र बनाना ॥ ९ ॥ इस चक्र में रोहिणी जिस स्थान पर हो उसका विचार करें । पर्वत तथा संधि पर हो तो खंडवर्षा हो, समुद्र पर हो तो अति वृष्टि हो और तट पर हो तो सुभिक्ष हो ॥ १० ॥ संधि में रोहिणी हो तो वणिक् के घर, पर्वत में हो तो कुम्हार के घर, संधि में हो तो माली के घर और तटमें हो तो धोबीके घर वर्षाका वास समझना ॥ ११ ॥

"Aho Shrutgyanam"

स्वात्याद्यष्टकसंयुक्तमाश्विन्यादित्रिकं पुनः ।
त्रिकसंज्ञं बुधैर्बोध्यमर्घकाण्डविशारदैः ॥१२॥
मृगादिदशकं वापि धनिष्ठापञ्चकं तथा ।
संज्ञायां पञ्चकं ज्ञेयमर्घनिर्णयहेतुकम् ॥१३॥
त्रिकयोगे त्रिकयोगः पञ्चके पञ्चकं पुनः ।
गृह्यते त्रिकयोगेन दीयते पञ्चके धनम् ॥१४॥
त्रिके च जीवराशेश्च क्रूरा यदि त्रिके गता ।
अन्योऽन्यं च त्रिके वा स्युर्गृह्यते तत्कयाणकम् ॥१५॥
पञ्चके जीवराशेस्तु यदि गच्छंति पञ्चके ।
अन्योऽन्यं पञ्चके वा स्युर्दीयते तत्तदेव हि ॥१६॥
यदा धिष्ण्यत्रिके चन्द्रः केतव्यं तत्कयाणकम् ।
यदा च पञ्चके चन्द्रो विक्रेतव्यं तदाखिलम् ॥१७॥
जीवऋक्षे तमःशौरिर्भौमपंग्वोर्गुरुस्त्रिके ।

स्वाति आदि आठ और अश्विनी आदि तीन, इन नक्षत्रोंकी अर्घकांड के विशारद पंडितोंने त्रिक संज्ञा मानी है ॥ १२ ॥ मृगशीर्ष आदि दश और धनिष्ठा आदि पांच, इन नक्षत्रों की अर्घ का निर्णय करने के लिये पंचक संज्ञा की हैं ॥ १३ ॥ ग्रह त्रिक नक्षत्रों में हो तो त्रिकयोग और पंचक नक्षत्रों में हो तो पंचकयोग माना है । त्रिकयोगमें धन ग्रहण करना और पंचकयोगमें देना चाहिये ॥ १४ ॥ त्रिक नक्षत्रोंमें यदि जीवराशि (बृहस्पतिकी राशि)से क्रूर ग्रह त्रिक में हों या क्रूरग्रहोंसे जीवराशि त्रिकमें हो तो कयाणक ग्रहण करना याने खरीदना चाहिये ॥१५॥ इसी तरह पंचक नक्षत्र में जीवराशि तथा क्रूरग्रह ये परस्पर पंचक में हो तो खरीदी हुई वस्तुको बेचना चाहिये ॥१६॥ यदि त्रिकनक्षत्रमें चंद्रमा हो तो कयाणक को खरीदना, तथा पंचकनक्षत्रमें हो तो बेचना चाहिये ॥१७॥ बृहस्पतिके नक्षत्रोंमें राहु और शनि हो या राहु और मंगल के त्रिक में बृह-

"Aho Shrutgyanam"

अन्योऽन्यं पञ्चकेऽप्येते देहिलाहि त्रिके कणान् ॥१८॥
त्रिके यदि ग्रहाः सर्वे जीवान्मन्दतमःकुजाः ।
तदा भुवि समर्घं स्यात् तिथिवृद्धौ विशेषतः ॥१६॥
यदि स्याद्दैवयोगेन भत्रिके धिष्ण्यपञ्चकम् ।
तदा किञ्चिन्महर्घं स्यात् सौम्यवेधेऽधिकं पुनः ॥२०॥
पञ्चके चेद् ग्रहाः सर्वे संमिलन्ति यदैव हि ।
तदा भुवि महर्घं स्याद् धिष्ण्यहीनौ विशेषतः ॥२१॥
राशिपञ्चकयोगे तु धिष्ण्यत्रिकं यदा भवेत् ।
तदा किञ्चित्समर्घं स्यात् सौम्यवक्रे शुभं बहुः ॥२२॥
भंशरास्तु यदा जीवाद् राशिनक्षत्रपञ्चके ।
घोरदौस्थ्यं तदा ज्ञेयमृक्षे न्यूनेऽतिरौरवम् ॥२३॥
राशिधिष्ण्यत्रिके पूर्वे ग्रहाः सर्वे भवन्ति चेत् ।
महा सौस्थ्यं तदा भूम्यां सौम्यवक्रे महोत्सवः ॥२४॥

स्पति हो, अथवा ये ग्रह अन्योन्य पंचकमें या त्रिकमें आ जावें तो अन्न बेचदेने से लाहि (लाभ) होता है ॥१८॥ यदि सब ग्रह या बृहस्पतिसे शनि, राहु और मंगल ये त्रिकमें हो तो पृथ्वी पर धान्यादि सस्ते हो और तिथि की वृद्धि हो तो विशेष कर सस्ते हों । ॥१६ ॥ यदि दैव-योग से त्रिकनक्षत्रमें पंचकनक्षत्र हो तो कुछ महँगे हो और शुभग्रह का वेध हो तो अधिक हो ॥ २० ॥ यदि सब ग्रह एक साथ पंचकमें हो तो पृथ्वी पर महँगे हो और नक्षत्र की हानि हो तो विशेष करके महँगे हो ॥ २१॥ पंचक राशिके योग में त्रिकनक्षत्र हो तो कुछ सस्ते हो और बुधग्रह वक्री हो तो बहुत शुभ हो ॥२२॥ मंगल, शनि, राहु ये ग्रह बृहस्पतिसे एक राशि पर हो और पंचक में हो तो बड़ा दुःख जानना और नक्षत्रकी हानि हो तो बड़ा रौरव हो ॥ २३ ॥ सब ग्रह त्रिक नक्षत्र पर हो तो बड़ा सुख हो और बुध ग्रह वक्री हो तो महा उत्सव हो ॥२४॥

"Aho Shrutgyanam"

प्रकृतम्—सर्वनक्षत्रमध्ये तु रोहिणी पतिता त्रिके ।
सौम्ययोगे शुभैव स्यादशुभाः क्रूरयोगतः ॥२५॥
अतिवृष्टिरनावृष्टिर्मूषकाः शलभाः शुकाः ।
स्वचक्रं परचक्रं च मृगशीर्षे द्विकैरिदम् ॥२६॥

आर्द्राप्रवेशः—

सूर्योदये रोगकरी स्मृतार्द्रा, घटीद्वये विग्रहरोगयोगः ।
मध्याह्नकाले कृषिनाशनाय, धान्यं महर्घं च तृणस्य नाशः ।२७।
सन्ध्यास्थितार्द्रा कुरुते सुभिक्षं,रात्रौ स्थिता सर्वसुखाय लोके।
भोगं प्रदत्ते खलु मध्यरात्रे, पूर्वं सुखं दुःखमतोऽपरात्रे ।२८।
"मिगसिर वाय न वाइया, अद्द न वूठा मेह ।
इम जाणे वो भड्डुली, वरसइ दीधौ छेह" ॥२९॥

नक्षत्रद्वारः—

मघार्कदिवसं त्यक्त्वा सर्वनक्षत्रवर्षणम् ।

सब नक्षत्रोंके मध्यमें रोहिणी त्रिकमें हो और शुभग्रहों का योग हो तो शुभ और अशुभ ग्रहोंका योग हो तो अशुभ होता है ॥२५॥ मृगशीर्ष नक्षत्र पर शुभ और अशुभ ग्रह हो तो कभी अतिवृष्टि, अनावृष्टि, चूहा, कीडा, स्वचक्र, और कभी परचक्र इत्यादिके उपद्रव हो ॥२६॥

सूर्यका आर्द्रा में प्रवेश सूर्योदयमें हो तो रोग करनेवाला होता है । सूर्योदय से दो घड़ी दिन चढ़ने बाद हो तो विग्रह और रोगकारक होता है । मध्याह्न दिनमें हो तो खेतीका नाश, धान्य महँगे और तृणका नाश हो ॥२७॥ सन्ध्या समय आर्द्रा हो तो सुभिक्ष करें, रात्रिमें हो तो लोक में सब प्रकारके सुखकारक होता है । मध्यरातमें हो तो भोग प्रदान करें और पीछली शेष रात्रिमें हो तो पहला सुख और पीछे दुःख करें ॥२८॥ मृगशिर नक्षत्रमें वायु अधिक न चले तथा आर्द्रामें मेघवृष्टि न हो तो वर्षा न बरसे ॥२९॥

"Aho Shrutgyanam"

हर्षणं सर्वलोकानां कर्षणं फलदायकम् ॥३०॥
हस्तार्कसंगमे वर्षा सर्वामीतिं निवारयेत् ।
स्वातिवृष्टिर्मौक्तिकानि निष्पादयति नीरधौ ॥३१॥
सौम्यवारेऽर्कनक्षत्रे चारः शुभकरः स्मृतः ।
अर्कारमन्दवारेषु नक्षत्रभ्रमणेऽशुभम् ॥३२॥ इति ॥

अथ सर्वतोभद्रचक्रम्—

कर्पूरचक्रं प्रागुक्तं सर्वतोभद्रमुच्यते ।
तत्र नक्षत्रानुसाराद् ज्ञेयं देशशुभाशुभम् ॥३३॥
*सौम्यवेधे समर्घत्वं क्रूरवेधे महर्घता ।
देशः कालश्च वस्तूनि ग्रहवेधस्त्रिषु स्मृतः ॥३४॥

मघानक्षत्रमें सूर्य आवे उस दिनको छोड़ कर बाकीके सब नक्षत्रोंमें वर्षा हो तो सब लोगोंको हर्षदायक और किसानों को लाभदायक होता है ॥ ३० ॥ हस्त नक्षत्रमें सूर्य आवे तब वर्षा हो तो सब प्रकारकी ईतिका निवारण हो । स्वातिनक्षत्रमें सूर्य आनेसे वर्षा हो तो समुद्रमें सीपियों में मोती उत्पन्न करें ॥३१॥ शुभवारके दिन सूर्यका एक नक्षत्रसे दूसरे नक्षत्र पर गमन हो तो शुभ फलदायक होता है । रवि, मंगल और शनि इन वारोंमें सूर्यका नक्षत्र पर गमन हो तो अशुभ होता है ॥३२॥

कर्पूरचक्र पहले कहा है, अब सर्वतोभद्रचक्र कहता हूँ, इसमें नक्षत्रके वेध के अनुसार देशमें शुभाशुभ जाना जाता हैं ॥३३॥ सौम्यग्रहका वेध हो तो सस्ते और क्रूरग्रहका वेध हो तो महँगे हों। ये देश, काल और वस्तु इन

*वेध जानने का प्रकार—

यस्मिन् ऋक्षे स्थितः खेटस्ततो वेधत्रयं भवेत् ।
ग्रहदृष्टिवशेनात्र वामदक्षिणसम्मुखम् ॥१॥
वेधो ग्रहेण पुनरत्र गजेन्द्रदंष्ट्र, संस्थानदिग्द्वयगतस्य कलादिकस्य ।
वक्रोऽपरस्त्वभिमुखस्थितमध्यनासा, पर्यन्तभागयुतकेवलधिष्ण्य एव ॥२॥
कार्ये दक्षिणा दृष्टिर्वामदृष्टिश्च शीघ्रगे ।

अ	कृ	रो	मृ	आ	पु	पु	आ	आ
भ	उ	अ	व	क	ह	ड	ऊ	म
अ	ल	लृ	वृष	मिथुन	कर्क	लृ	ट	पू
रे	व	मेष	ओ	नंदा	औ	सिंह	प	उ
उ	द	मीन	रिक्ता	पूर्णा	भद्रा	कन्या	र	ह
पू	स	कुंभ	अः	जया	अं	तुला	त	चि
श	ग	ऐ	मकर	धनु	वृश्चिक	ए	[illegible]	स्वा
ध	ऋ	ख	ज	भ	य	न	ऋ	वि
ई	अ	श्र	उ	पू	मू	ज्ये	अ	ऊ

सांमुखी मध्यचारे च ज्ञेया भौमादिपञ्चके ॥२॥
राहुकेतू सदा वक्रौ शीघ्रगौ चन्द्रभास्करौ ।
गतेरेकस्वभावत्वा-देषां दृष्टित्रयं सदा ॥३॥

सर्वतोभद्रचक्रमें जिस नक्षत्र पर ग्रह स्थित हो, उस नक्षत्र के स्थानसे ग्रह दृष्टि के अनुसार वाम (बायीं) दक्षिण तथा सम्मुख, ऐसे तीन प्रकार के वेध होते हैं अर्थात् ग्रह की दृष्टि जिस तरफ हो उस तरफ वेध होता है ॥१॥ ग्रहों का वेध गजेन्द्र के दांत का संस्थान की जैसे दो तरफ याने बायीं और दक्षिणके वेधसे राशि, अक्षर स्वर तिथि और नक्षत्र ये पांचों ही वेधे जाते हैं। किंतु सम्मुख रही हुई नासिका का अग्रभाग की जैसे केवल सामने का एक नक्षत्र ही वेधा जाता है, ऐसा कईएक आचार्यों का मत

अथ नक्षत्रक्रमेण वस्तूनां नामानि देशांश्च----

व्रीहिर्यवाश्च मणयो हीरका धातवस्तिलाः ।
कृत्तिकावेधतो मासा-नष्टयाम्यदिशोऽसुखम् ॥३५॥
रोहिण्यां सर्वधान्यानि सर्वे रसाश्च धातवः ।
जीर्णाः कम्बलकाः प्राच्या-मसुखं दिनसप्तकम् ॥३६॥
मृगशीर्षेऽश्वमहिषी गावो लाक्षादिकोद्रवः ।
खरा रत्नानि तूरी चोदक्पीडा षष्टिवासरान् ॥३७॥
आर्द्रायां तैललवणासर्वक्षाररसादयः ।
श्रीखण्डादिसुगन्धीनि मासं स्यात् पश्चिमाऽसुखम् ॥३८॥

तीनोंमें ग्रहवेध द्वारा जानना ॥३४॥ कृत्तिकाके वेधसे चावल, यव, मणि हीरा , धातु और तिल इन में वेध होता है, तथा आठ महीने दक्षिण दिशा में दुःख होता है ॥ ३५ ॥ रोहिणी में वेध हो तो सब प्रकार के धान्य रस धातु और जीर्ण कंबल इन में वेध हो , तथा पुर्व दिशा में सात दिन दुःख होता है ॥ ३६ ॥ मृगशीर्ष में वेध हो तो घोड़ा, भैंस, गौ , लाख , कोद्रव , गदहा , रत्न और तुवरी इन का वेध तथा उत्तरदिशामें साठ दिन पीडा हो ॥३७॥ आर्द्राके वेधसे तेल,लवण आदि सब प्रकार के क्षार , रस और चंदन आदि सुगंधित वस्तु का वेध तथा

है, इसके लिए नरपतिजयचर्या में सर्वतोभद्र की संस्कृत टीकामें भी कहा है कि--"ग्रहः सव्यापसव्येन चक्षुषा वेधयेत् पुनः । ऋक्षाक्षरस्वरादिस्तु सम्मुखेनान्त्यभं तथा" ॥ याने बार्यी या दक्षिण ओर दृष्टि होतो राशि, नक्षत्र स्वर, व्यंजन और तिथि इन पांचों का वेध होता है। किंतु सम्मुख दृष्टि हो तो अन्त्यका एक नक्षत्र का ही वेध होता है ॥२॥ भौमादि पांच (मंगल बुध गुरु शुक्र और शनि) ग्रहों में से जो ग्रह वक्री हो उसकी दृष्टि दक्षिण ओर, शीघ्रगामी (अतिचारी) हो उसकी दृष्टि बायीं ओर और मध्यचारी हो उसकी दृष्टि सम्मुख होती है ॥३॥ राहु और केतु की सर्वदा वक्रगति तथा चंद्रमा और सूर्य की सदा शीघ्रगति है, इसलिए इन चारों ग्रह की गति सर्वदा एक ही प्रकार होने से उनकी दृष्टि भी सर्वदा तीनों ओर होती है ॥४॥

"Aho Shrutgyanam"

पुनर्वस्वोः स्वर्णरूत कर्पासश्च युगन्धरी ।
कुसुम्भः श्यामकौशेयं मासयुग्मोत्तराऽसुखम् ॥३९॥
पुष्ये स्वर्णघृतं रूप्यं शालिसौंचलसर्षपाः ।
सर्जिकातैलहिंग्वादि याम्यपीडाष्टमासिकी ॥४०॥
आश्लेषायां च मञ्जिष्ठाऽऽर्द्रकगोधूमशुंठिकाः ।
मरिचकोद्रवाः शालि-मासिकं पश्चिमासुखम् ॥४१॥
मघायां तिलतैलाज्य-प्रवालचणकातसी ।
मुद्गाः कङ्गुर्दक्षिणस्यां विग्रहश्चाष्टमासिकः ॥४२॥
पूफायां कम्बलोर्णादि-युगन्धरी तिलास्तथा ।
रजकं वस्तुपल्याणं याम्यपीडाष्टमासिकी ॥४३॥
उफायां माषमुद्गाद्यं तन्दुलाः कोद्रवाः पुनः ।
सैन्धवं लशुनं सर्जिजर्मासयुग्मोत्तरा व्यथा ॥४४॥
हस्ते श्रीखण्डकर्पूरदेवकाष्ठागरुस्तथा ।
रक्तचन्दनकन्दाद्यं मासयुग्मोत्तराऽसुखम् ॥४५॥

पश्चिमदिशामें एक महीना दुःख हो ॥३८॥ पुनर्वसुके वेधसे सोना, रूई, कपास, जूआर, कुसुंभ और कृष्ण रेशमी वस्त्र का वेध तथा दो महीने उत्तर दिशा में अशुभ रहें ॥ ३९ ॥ पुष्यमें सोना, घी, चांदी, चावल, शोचर लोन, सरसों, सज्जीखार, तेल, हिंग, तथा आठ महीने दक्षिण दिशा में पीडा रहें ॥ ४० ॥ अश्लेषामें मँजीठ आदा गेहूँ सोंठ मिर्च कोद्रवा और चावल तथा पश्चिममें एक मास दुःख रहें ॥४१॥ मघामें तिल, तेल, घी, प्रवाल(मूंगा), चने, अलसी, मूंग, और कंगु तथा दक्षिण दिशामें आठ महीने विग्रह हो ॥४२॥ पूर्वाफाल्गुनीमें कंबल, रेशमी वस्त्र, ज्वार, तिल, चांदी और दक्षिणदिशामें आठ महीने पीडा ॥ ४३ ॥ उत्तराफाल्गुनी में उडद मूंग चावल कोद्रव, सैंधव, लसून, सज्जी, और उत्तर में दो महीने पीडा ॥ ४४ ॥ हस्तमें चंदन, कपूर, देवदार, अगर, रक्तचंदन कंद आदि और

"Aho Shrutgyanam"

स्वर्णं रत्नं तु चित्रायां मुद्गमाषप्रवालकम् ।
अश्वादिवाहनं मास-द्वयं पीडोत्तरा दिशि ॥४६॥
स्वातौ पूगीमरिचं सर्षपतैलादिराजिकाहिङ्गुः ।
खर्जूरादिकपीडा सप्तदिनान्युत्तरे देशे ॥४७॥
विशाखायां यवाः शालिगोधूमा मुद्गराजिका ।
मसूरान्नमकुष्ठाश्च याम्या पीडाष्टमासिकी ॥४८॥
राधायां तुवरीसर्वविदलान्नं च तन्दुलाः ।
मकुष्टकङ्गुचणकाः प्राक्पीडा दिनसप्तकम् ॥४९॥
ज्येष्ठायां गुग्गुलं गुडं लाक्षाकर्पूरपारदाः ।
हिङ्गुहिङ्गुलुकांस्यानि प्राक्पीडा दिनसप्तकम् ॥५०॥
मूले श्वेतानि वस्तूनि रसा धान्यानि सैन्धवम् ।
कर्पासलवणाद्यं च मासिकं पश्चिमासुखम् ॥५१॥
पूषायामञ्जनतुषधान्यघृतमूलजूर्णादिः ।
वेध्यं सशालिपश्चिमदिशि मासिकमशुभमन्यद्वा ॥५२॥

उत्तरमें दो महीने पीडा ॥४५॥ चित्रा में सोना, रत्न, मूंग, उडद, मूंगा, घोडा, आदि वाहन और दो महीने उत्तर दिशा में पीडा ॥४६॥ स्वाति में सोपारी, मिर्च, सरसव, तेल, राई, हिंग खजूर आदि तथा उत्तर देश में सात दिन पीडा ॥ ४७ ॥ विशाखामें यव, चावल, गेहूँ, मूंग, राई, मसूर, वनमूंग तथा दक्षिण दिशामें आठ महीने पीडा ॥४८॥ अनुराधामें तुवरी आदि सब विदल अन्न, चावल, वनमूंग, कंगु, चने तथा पूर्वदिशाके देश में सात दिन पीडा रहें ॥४९॥ ज्येष्ठामें गुगल, गुड, लाख, कपूर, पारा, हिंग, हिंगलु और कांसी इन में वेध तथा पूर्व दिशा में सात दिन पीड रहें ॥५०॥ मूलमें सफेद वस्तु, रस, धान्य, सेंधव, कपास, लवणादि में वेध और पश्चिममें एक मास दुःख ॥५१॥ पूर्वाषाढा में अंजन तुष धान्य घी कंदमूल, जूर्ण (चावल) आदिको वेधते है तथा पश्चिम दिशामें एक

"Aho Shrutgyanam"

उषायामश्ववृषभा गजलोहादिधातवः ।
सर्वं च सारवस्त्वाज्यं प्राग्व्यथादिनसप्तकम् ॥५३॥
द्राक्षाखर्जूरपूगैला मुद्गा जातिफलं हयाः ।
अभिजिद्वेधतः पूर्वा व्यथा वा दिनसप्तकम् ॥५४॥
श्रवणेऽखोडचारोलि पिप्पली पूगवायवम् ।
तुषधान्यानि वेध्यानि प्राक्शुभं सप्तवासरान् ॥५५॥
धनिष्ठायां स्वर्णरूप्य-धातवः सर्वनाणकम् ।
मणिमौक्तिकरत्नादि सप्ताहं पूर्वतः शुभम् ॥५६॥
तैलं कोद्रवमद्यादि धातकीपत्रमूलकम् ।
छल्लिः शतभिषग्वेध्यं वारुण्यां मासिकं शुभम् ॥५७॥
प्रियङ्गुमूलजात्यादि सर्वधान्यानि धातवः ।
सर्वौषधं देवदारुर्याम्यां पीडाऽष्टमासिकी ॥५८॥
पूर्वाभाद्रपदे वेध्यमथोभावेध्यमुच्यते ।

मास अशुभ रहे ॥ ५२ ॥ उत्तराषाढा में घोडा, बैल, हाथी, लोह आदि धातु सब सार वस्तु और घीको वेधते है, तथा पूर्व में सात दिन व्यथा हो ॥ ५३ ॥ अभिजित् का वेध से द्राक्ष खजूर सोपारी इलायची मूंग जायफल और घोडा को वेधते है तथा पूर्व देश के देश में सात दिन पीडा हो ॥ ५४ ॥ श्रवण में अखरोट चीरौंजी पीपल सोपारी यव तुष धान्य इनको भी वेधते है और पूर्वमें सात दिन शुभ रहें ॥५५॥ धनिष्ठामें सोना चांदी आदि धातु, सब प्रकार के द्रव्य, मणि मोती और रत्न आदिको वेधते है तथा पूर्वमें सात दिन शुभ रहें ॥ ५६ ॥ शतभिषा में तेल कोद्रव मद्य आदि आमला के पत्र मूल और छिलका को वेधते है, तथा पश्चिम दिशा में एक मास शुभ रहें ॥ ५७ ॥ पूर्वाभाद्रपदा में वेध हो तो प्रियंगु, मूल, जायफल सब प्रकारके धान्य तथा औषध, देवदारु इनको वेधते है, तथा दक्षिणमें आठ महीने पीडा रहे ॥ ५८ ॥ उत्तरा-

"Aho Shrutgyanam"

गुडखण्डाः शर्करा च खलं तिलाश्च शालयः ॥५९॥
घृतं मणिमौक्तिकानि वारुण्यां मासिकं शुभम् ।
पौष्णे श्रीफलपूगादि मौक्तिकं मणयोऽपि च ॥
वेडा क्रयाणकं सर्वं वारुण्यां मासिकं शुभम् ॥६०॥
अश्विन्यां व्रीहयो जूर्णा वेसरोष्ट्रघृतादिकम् ।
सर्वाणि धान्यवस्त्राणि मासद्वयोत्तरा व्यथा ॥६१॥
भरण्यां तुषधान्यानि युगन्धरी च वेध्यते ।
मरिचाद्यौषधं सर्वं याम्यां पीडाष्टमासिकी ॥६२॥
इति नक्षत्रवेधे शुभाशुभफलम् ।
अथार्घं सम्प्रवक्ष्यामि यदुक्तं ब्रह्मयामले ।
एकाशीतिपदे चक्रे ग्रहवेधे शुभाशुभम् ॥६३॥
देशः कालस्तथापण्यमिति त्रेधार्घनिर्णये ।
चिन्तनीयानि विद्धानि सर्वदैव विचक्षणैः ॥६४॥

भाद्रपदमें वेध हो तो गुड, खांड, सक्कर, खली, तिल, चावल, घी, मणि, मोती इनका वेध होता है तथा पश्चिम दिशा में एक महीने शुभ रहें ॥ ५९ ॥ रेवती नक्षत्र में वेध हो तो श्रीफल, सोपारी, मोती, मणि, वेडा, क्रयाणक, वस्तुको वेध होता है तथा पश्चिममें एक महीने शुभ रहे ॥६०॥ अश्विनी में चावल, जूर्णा, वेसर, ऊंट, घी सब प्रकार के धान्य तथा वस्त्र को वेध होता है और दो महीने उत्तर में पीडा हो ॥ ६१ ॥ भरणी में तुष धान्य, ज्वार, मिर्च आदि औषध इन सब को वेधते है तथा दक्षिण में आठ महीने पीडा रहें ॥६२॥

क्रय विक्रय पदार्थों के अर्घ (मूल्य) का निर्णय जैसा ब्रह्मयामल नामक ग्रंथ में ग्रह वेधद्वारा शुभाशुभ कहा है, वैसा इस इक्यासी पद वाला सर्वतोभद्रचक्र में कहता हूँ ॥ ६३ ॥ सर्वदा विचक्षण पुरुषों को अर्घ का निर्णय करने योग्य देश, काल और पण्य ये तीनों के वेध का

"Aho Shrutgyanam"

देशकालपण्यनिर्णयः—

देशोऽथ मण्डलं स्थानमिति देशस्त्रिधोच्यते ।
वर्षं मासो दिनं चेति त्रिधा कालोऽपि कथ्यते ॥६५॥
धातुर्मूलं तथा जीव इति पण्यं त्रिधामतम् ।
अस्य त्रिकं त्रयस्यापि वक्ष्यामि स्वामिखेचरान् ॥६६॥

देशादीनां स्वामिज्ञानम्—

देशेशा राहुमन्देज्या मण्डलस्वामिनः पुनः ।
केतुसूर्यसिताः स्थाननाथाश्चन्द्रारचन्द्रजाः ॥६७॥
वर्षेशा राहुकेत्वार्किजीवा मासाधिपाः पुनः ।
भौमार्कज्ञसिता ज्ञेयाश्चन्द्रः स्याद्दिवसाधिपः ॥६८॥
धात्वीशाः सौरिराह्वारा जीवेशा ज्ञेन्दुसूरयः ।
मूलेशाः केतुशुक्रार्का इति पण्याधिपाः ग्रहाः ॥६९॥
पुंग्रहा राहुकेत्वार्कजीवभूमिसुता मताः ।

विचार करना चाहिये ॥६४॥ देश, मंडल और स्थान, इन भेदोंसे देश तीन प्रकारका है । तथा वर्ष, मास और दिन, इन भेदोंसे काल भी तीन प्रकारका कहा है ॥ ६५ ॥ धातु, मूल और जीव इन भेदों से पण्य भी तीन प्रकार का माना है । तीन प्रकारके देश, तीन प्रकारके काल और तीन प्रकारके पण्य इन तीन त्रिकोंके स्वामी ग्रहको कहता हूँ ॥६६॥

देश का स्वामी— राहु, शनि और बृहस्पति हैं । मंडल का स्वामी—केतु सूर्य और शुक्र हैं । तथा स्थान का स्वामी—चंद्रमा, मंगल और बुध हैं ॥ ६७ ॥ वर्ष के स्वामी—राहु, केतु, शनि और बृहस्पति हैं । महीने के स्वामी— मंगल सूर्य बुध और शुक्र हैं । तथा दिनका स्वामी चन्द्रमा है ॥ ६८ ॥ धातु के स्वामी— शनि, राहु और मंगल हैं । जीवके स्वामी बुध चन्द्रमा और बृहस्पति हैं । तथा मूल के स्वामी— केतु शुक्र और सूर्य हैं । ये पण्यके स्वामी ग्रह हैं ॥ ६९ ॥

"Aho Shrutgyanam"

स्त्रीग्रहौ सितशीतांशू सौरिसौम्यौ नपुंसकौ ॥७०॥
सितेन्दू सितवर्णेशौ रक्तेशौ भौमभास्करौ ।
पीतेशौ ज्ञगुरू कृष्णनाथाः केतुतमोऽर्कजाः ॥७१॥

बलवशात् स्वामिनिर्णयः—

ग्रहो वक्रोदयोच्चक्षे यो यदा स्याद् बलाधिकः ।
देशादीनां स एवैकः स्वामी खेटस्तदा मतः ॥७२॥

क्षेत्रबलम्—

स्वक्षेत्रस्थे बलं पूर्णं पादोनं मित्रभे गृहे ।
अर्द्धं समगृहे ज्ञेयं पादं शत्रुग्रहे स्थिते ॥७३॥

वक्रोदयबलम्—

वक्रोदयाहमानार्द्धे पूर्णवीर्यो ग्रहो भवेत् ।

राहु केतु सूर्य बृहस्पति और मंगल ये पुरुष संज्ञा वाले ग्रह हैं। शुक्र और चंद्रमा ये दोनों स्त्री संज्ञावाले ग्रह हैं। तथा शनि और बुध ये दोनों नपुंसक संज्ञावाले ग्रह हैं ॥७०॥ श्वेत वर्णके स्वामी– शुक्र और चंद्रमा, रक्त वर्ण के स्वामी मंगल और सूर्य, पीत वर्ण के स्वामी बुध और गुरु; तथा कृष्ण वर्णके स्वामी केतु राहु और शनि हैं ॥७१॥

